पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उक्त विषय ही अगले मंत्र में कहा है ॥

युक्तेन मनसा वयं देवस्य सवितुः सवे । स्वर्ग्याय शक्त्या ॥ २ ॥

युक्तेन । मनसा । वयम् । देवस्य । सवितुः । सवे । स्वर्ग्यायेति स्वः॑ऽग्याय । शक्त्या ॥ २ ॥

पदार्थः—(युक्तेन) कृतयोगाभ्यासेन (मनसा) विज्ञानेन (वयम्) योगिनः (देवस्य) सर्वद्योतकस्य (सवितुः) अखिलजगदुत्पादकस्य जगदीश्वरस्य (सवे) जगदाख्येऽस्मिन्नैश्वर्य्ये (स्वर्ग्याय) स्वः सुखं गच्छति येन तद्भावाय (शक्त्या) सामर्थ्येन ॥ २ ॥

अन्वयः—हे योगं तत्त्वविद्यां च जिज्ञासवो मनुष्या यथा वयं युक्तेन मनसा शक्त्या च देवस्य सवितुः सवे स्वर्ग्याय ज्योतिराभरेम तथा यूयमप्याभरत ॥ २ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यदि मनुष्याः परमेश्वरस्यसृष्टौ समाहिताः सन्तो योगं तत्त्व विद्यां च यथाशक्ति सेवेरँस्तेषु प्रकाशितात्मानः सन्तो योगं पदार्थविज्ञानं चाभ्यस्येयुस्तर्हि सिद्धीः कथं न प्राप्नुयुः ॥ २ ॥

पदार्थः—हे योग और तत्त्वविद्या को जानने की इच्छा करने हारे मनुष्यो जैसे (वयम्) हम योगी लोग (युक्तेन) योगाभ्यास किये (मनसा) विज्ञान और (शक्त्या) सामर्थ्य से (देवस्य) सब को चिताने तथा (सवितुः) समग्र संसार को उत्पन्न करने हारे ईश्वर के (सवे) जगत् रूप इस ऐश्वर्य्य में (स्वर्ग्याय) सुख

प्राप्ति के लिये प्रकाश की अधिकाई से धारण करें वैसे तुमलोग भी प्रकाश को धारण करो ॥ २ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु० जो मनुष्य परमेश्वर की इस सृष्टि में समाहित हुए योगाभ्यास और तत्वविद्या को यथाशक्ति सेवन करें उन में सुन्दर आत्मज्ञान के प्रकाश से युक्त हुए योग और पदार्थविद्या का अभ्यास करें तो अवश्य सिद्धियों को प्राप्त हो जावें ॥ २ ॥

युक्त्वायेत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । सविता देवता । निचृदनुष्टुप् छन्दः गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उक्त विषय अगले मंत्र में कहा है ॥

युक्त्वाय सविता देवान्त्स्वर्यतो धिया दिवम् ।
बृहज्ज्योतिः करिष्यतः सविता प्रसुवाति तान् ॥३॥

युक्त्वाय । सविता । देवान् । स्वः । यतः । धिया । दिवम् । बृहत् । ज्योतिः । करिष्यतः । सविता । प्र । सुवाति । तान् ॥ ३ ॥

पदार्थः—(युक्त्वाय) युक्तं कृत्वा (सविता) योगपदार्थज्ञानस्य प्रसविता (देवान्) दिव्यान् गुणान् (स्वः) सुखस्य (यतः) प्रापकान् (धिया) प्रज्ञया (दिवम्) विद्याप्रकाशम् (बृहत) महत् (ज्योतिः) विज्ञानम् (करिष्यतः) ये करिष्यन्ति तान् (सविता) प्रेरकः (प्र) (सुवाति) उत्पादयेत् (तान्) ॥३॥

अन्वयः—यान् सविता परमात्मनि मनो युक्त्वाय धिया दिवं स्वर्यतो बृहज्ज्योतिः करिष्यतो देवान् प्रसुवाति तानन्योऽपि सविता प्रसुवेत् ॥ ३ ॥

भावार्थः—ये योग पदार्थविद्ये अभ्यस्यन्ति तेऽविद्यादिक्लेशानां निवारकान् शुद्धान् गुणान् जनितुं शक्नुवन्ति । य उपदेशकाद्योगं तत्त्वज्ञानं च प्राप्यैवमभ्यस्येत्सोऽप्येतान्प्राप्नुयात् ॥ ३ ॥

पदार्थः—जिन को (सविता) योग के पदार्थों के ज्ञान के चरने हारा जन परमात्मा में मन को (युक्त्वाय) युक्त करके (धिया) बुद्धि से (दिवम्) विद्या के प्रकाश को (स्वः) सुख को (यतः) प्राप्त कराने वाले (बृहत्) बड़े (ज्योतिः) विज्ञान को (करिष्यतः) जो करेंगे उन (देवान्) दिव्य गुणों को (प्रसुवाति) उत्पन्न करे (तान्) उन को अन्य भी उत्पादक जन उत्पन्न करे ॥ ३ ॥

भावार्थः—जो पुरुष योगाभ्यास करते हैं वे अविद्या आदि क्लेशों को हटाने वाले शुद्ध गुणों को प्रकट कर सकते हैं । जो उपदेशक पुरुष से योग और तत्त्वज्ञान को प्राप्त होके ऐसा अभ्यास करे वह भी इन गुणों को प्राप्त होवे ॥ ३ ॥

युंजतइत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । सविता देवता जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

योगाभ्यासं कृत्वा मनुष्याः किं कुर्य्युरित्याह ॥

योगाभ्यास करके मनुष्य क्या करें यह वि० ॥

युञ्जते मन॑ उत युंञ्जते धियो विप्रा विप्रस्य बृहतो विपश्चितः । वि होत्रा दधे वयुनाविदेक इन्मही देवस्य सवितुः परिष्टुतिः ॥ ४ ॥

युञ्जते । मनः । उत । युञ्जते । धियः । विप्राः । विप्रस्य । बृहतः । विपश्चितइति विपःऽचितः । वि । होत्राः । दधे । वयुनावित् । वयुनाविदिति वयुनऽवित् ।

एकः । इत् । मही । देवस्य । सवितुः । परिऽस्तुतिः । परिस्तुतिरिति परिऽस्तुतिः ॥ ४ ॥

पदार्थः—(युंजते) परमात्मनि तत्त्वविज्ञाने वा समादधते (मनः) चित्तम् (उत) अपि (युंजते) (धियः) बुद्धीः (विप्राः) मेधाविनः (विप्रस्य) सर्वशास्त्रविदो मेधाविनः (बृहतः) महतो गुणान् प्राप्तस्य (विपश्चितः) अखिलविद्यायुक्तस्याप्तस्येव वर्त्तमानस्य (वि) (होत्राः) दातुं ग्रहीतुं शीलाः (दधे) (वयुनावित्) यो वयुनानि प्रज्ञानानि वेत्ति सः । अत्रान्येषामपीति दीर्घः (एकः) असहायः (इत्) एव (मही) महती (देवस्य) सर्वप्रकाशकस्य (सवितुः) सर्वस्य जगतः प्रसवितुरीश्वरस्य (परिष्टुतिः) परितः सर्वतः स्तुवन्ति यया सा ॥ ४ ॥

अन्वयः—ये होत्रा विप्रा यस्य बृहतो विपश्चित इव वर्त्तमानस्य विप्रस्य सकाशात्प्राप्तविद्याः सन्तो या सवितुर्देवस्य जगदीश्वरस्य मही परिष्टुतिरस्ति तत्र यथा मनो युंजते धियो युञ्जते तथा वयुनाविदेकोऽहं विदधे ॥ ४ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० ये युक्ताहारविहारा एकान्ते देशे परमात्मानं युंजते ते तत्वविज्ञानं प्राप्य नित्यं सुखं यान्ति ॥ ४ ॥

पदार्थः—जो (होत्राः) दान देने लेने के स्वभाव वाले (विप्राः) बुद्धिमान् पुरुष जिस (बृहतः) बड़े (विपश्चितः) सम्पूर्ण विद्याओं से युक्त आप्त पुरुष के समान वर्त्तमान (विप्रस्य) सब शास्त्रों के जानने हारे बुद्धिमान् पुरुष से विद्याओं को प्राप्त हुए विद्वानों से विज्ञान युक्त जन (सवितुः) सब जगत् को उत्पन्न और (देवस्य) सब के प्रकाशक जगदीश्वर की (मही) बड़ी (परिष्टुतिः) सब प्रकार की स्तुति है उस तत्त्वज्ञान के विषय में जैसे (मनः) अपने चित्त को (युंजते) समाधान करते और (धियः) अपनी बुद्धियों को युक्त करते हैं वैसे ही (वयुनावित्)

प्रकृष्टज्ञान वाला (एकः) अन्य के सहाय की अपेक्षा से रहित (इत्) ही मैं (विदधे) विधान करता हूं ॥ ४ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु० जो नियम से आहार विहार करने हारे जितेन्द्रिय पुरुष एकान्त देश में परमात्मा के साथ अपने आत्मा को युक्त करते हैं वे तत्वज्ञान को प्राप्त होकर नित्य ही सुख भोगते हैं ॥ ४ ॥

युजेवामित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । सविता देवता । विराडार्षी त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

मनुष्याः परब्रह्मप्राप्तिं कथं कुर्युरित्यु० ॥

मनुष्य लोग ईश्वर की प्राप्ति कैसे करें इस वि० ॥

युजे वां ब्रह्म पूर्व्यं नमोभिर्विश्लोकं एतु पथ्येव सूरेः । शृण्वन्तु विश्वे अमृतस्य पुत्रा आये धामानि दिव्यानि तस्थुः ॥ ५ ॥

युजे । वाम् । ब्रह्म । पूर्व्यम् । नमोभिरिति नमःऽभिः । वि । श्लोकः । एतु । पथ्येवेति पथ्याऽइव सूरेः । शृण्वन्तु । विश्वे । अमृतस्य । पुत्राः । आ । ये । धामानि । दिव्यानि तस्थुः ॥ ५ ॥

पदार्थः—(युजे) आत्मनि समादधे (वाम्) युवयोर्योगानुष्ठात्रुपदेशकयोः सकाशाच्छ्रुतवन्तौ (ब्रह्म) बृहद्व्यापकम् (पूर्व्यम्) पूर्वैर्योगिभिः प्रत्यक्षीकृतम् (नमोभिः) सत्कारैः (वि) विविधेऽर्थे । (श्लोकः) सत्यवाक्संयुक्तः (एतु) प्राप्नोतु (पथ्येव) यथा पथि साध्वी गतिः (सूरेः) विदुषः (शृण्वन्तु) (विश्वे) सर्वे (अमृतस्य) अविनाशिनो जगदीश्वरस्य (पुत्राः)

सुसन्ताना आज्ञापालकाइव (आ) (ये) (धामानि) स्था-
नानि (दिव्यानि) दिवि सुखप्रकाशे भवानि (तस्थुः) आस्थि-
तवन्तः ॥ ५ ॥

अन्वयः—हे योगजिज्ञासवो जना भवन्तो यथा श्लोकोऽहं नमोभिर्यत्पूर्व्यं ब्रह्म युजे तद्वां सूरेः पथ्येव व्येतु । यथा विश्वे पुत्राः प्राप्तमोक्षा विद्वांसोऽमृतस्य योगेन दिव्यानि धामान्यातस्थुस्तेभ्य एतां योगविद्यां शृण्वन्तु ॥ ५ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालंकारः । योगं जिज्ञासुभिराप्ता योगारूढा विद्वांसः संगन्तव्याः । तत्संगेन योगविधिं विज्ञाय ब्रह्माभ्यसनीयम् । यथा विद्वत्प्रकाशितो धर्ममार्गः सर्वान् सुखेन प्राप्नोति तथैव कृतयोगाभ्यासानां संगाद्योगविधिः सहजतया प्राप्नोति नहि कश्चिदेतत्संगमकृत्वा ब्रह्माभ्यासेन विनाऽऽत्मा पवित्रो भूत्वा सर्वं सुखमश्नुते । तस्माद्योगविधिना सहैव सर्वे परं ब्रह्मोपासताम् ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे योगशास्त्र के ज्ञान की इच्छा करने वाले मनुष्यो आप लोग जैसे (श्लोकः) सत्य वाणी से संयुक्त मैं (नमोभिः) सत्कारों से जिस (पूर्व्यम्) पूर्व के योगियों ने प्रत्यक्ष किये (ब्रह्म) सब से बड़े व्यापक ईश्वर को (युजे) अपने आत्मा में युक्त करता हूं वह ईश्वर (वाम्) तुम योग के अनुष्ठान और उपदेश करने हारे दोनों को (सूरेः) विद्वान् को (पथ्येव) उत्तम गति के अर्थ मार्ग प्राप्त होता है वैसे (व्येतु) विविध प्रकार से प्राप्त होवे । जैसे (विश्वे) सब (पुत्राः) अच्छे सन्तानों के तुल्य आज्ञा कारी मोक्ष को प्राप्त हुए विद्वान् लोग (अमृतस्य) अविनाशी ईश्वर के योग से (दिव्यानि) सुख के प्रकाश में होने वाले (धामानि) स्थानों को (आतस्थुः) अच्छे प्रकार प्राप्त होते हैं वैसे मैं भी उन को प्राप्त होऊं ॥ ५ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—योगाभ्यास के ज्ञान को चाहने वाले मनुष्यों को चाहिये कि योग में कुशल विद्वानों का सङ्ग करें । उन के सङ्ग से योग की

विधिको जान के ब्रह्मज्ञान का अभ्यास करें जैसे विद्वान् का प्रकाशित किया हुआ मार्ग सब को सुख से प्राप्त होता है वैसे ही योगाभ्यासियों के संग से योग विधि सहज में प्राप्त होती है । कोई भी जीवात्मा इस संग और ब्रह्मज्ञान के अभ्यास के बिना पवित्र हो कर सब सुखों को प्राप्त नहीं हो सकता इस लिये उस योगविधि के साथ ही सब मनुष्य परब्रह्म की उपासना करें ॥ ९ ॥

मनुष्याः कस्योपासनं कुर्य्युरित्याह ॥

मनुष्य किस की उपासना करें यह वि० ॥

यस्य॑ प्र॒याण॒मन्व॒न्य इद्य॒युर्दे॒वा दे॒वस्य॑ महि॒मा॒नमोज॑सा । यः पार्थि॑वानि वि॒म॒मे सऽएत॑शो रजा॑ꣳसि दे॒वः स॑वि॒ता म॑हित्व॒ना ॥ ६ ॥

यस्य॑ । प्र॒याण॒म् । प्र॒या॒न॒मिति॑ प्र॒ऽयान॑म् । अ॒नु । अ॒न्ये । इत् । य॒युः । दे॒वाः । दे॒वस्य॑ । म॒हि॒मान॑म् । ओज॑सा । यः । पार्थि॑वानि । वि॒म॒म इति॑ वि॒ऽम॒मे । सः । एत॑शः । रजा॑ꣳसि । दे॒वः । स॒वि॒ता । म॒हि॒त्व॒नेति॑ महि॒ऽत्व॒ना ॥ ६ ॥

पदार्थः—(यस्य) परमेश्वरस्य (प्रयाणम्) प्रयान्ति सर्वाणि सुखानि येन तत्प्रकृष्टं प्राणम् (अनु) पश्चात् (अन्ये) जीवादयः (इत्) एव (ययुः) प्राप्नुयुः (देवाः) विद्वांसः (देवस्य) सर्वसुखप्रदातुः (महिमानम्) स्तुतिविषयम् (ओजसा) पराक्रमेण (यः) परमेश्वरः (पार्थिवानि) पृथिव्यां विदितानि (विममे) विमानयानवन्निर्मिमीते (सः) (एतशः) सर्वं जगदितः

स्वव्याप्त्या प्राप्तः । इणस्तशतसुनौ उ० १ । १४७ (रजांसि) सर्वान् लोकान् (देवः) दिव्यस्वरूपः (सविता) सर्वस्य जगतो निर्माता (महित्वना) स्वमहिम्ना । अत्र बाहुलकादीणादिक इत्वनिः प्रत्ययः ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे योगिनो युष्माभिर्यस्य देवस्य महिमानं प्रयाणमन्वन्येदेवा ययुः । एतशः सविता देवो भगवान् महित्वनौजसापार्थिवानी रजांसि सइदेव सततमुपास्यो मन्तव्यः ॥ ६ ॥

भावार्थः—ये विद्वांसः सर्वस्य जगतोऽन्तरिक्षेऽनन्तबलेन धर्त्तारं निर्मातारं सुखप्रदं शुद्धं सर्वशक्तिमन्तं सर्वान्तर्यामिणमीश्वरमुपासते तएव सुखयन्ति नेतरे ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे योगी पुरुषो तुम को चाहिये कि (यस्य) जिस (देवस्य) सब सुख देने हारे ईश्वर के (महिमानम्) स्तुति विषय को (प्रयाणम्) कि जिस से सब सुख प्राप्त होवे उस के (अनु) पीछे (अन्ये) जीवादि और (देवाः) विद्वान् लोग (ययुः) प्राप्त होवें (यः) जो (एतशः) सब जगत् में अपनी व्याप्ति से प्राप्त हुआ (सविता) सब जगत का रचने हारा (देव) शुद्धस्वरूप भगवान् (महित्वना) अपनी महिमा और (ओजसा) पराक्रम से (पार्थिवानि) पृथिवी पर प्रसिद्ध (रजांसि) सब लोकों को (विममे) विमान आदि यानों के समान रचता है वह (इत) ही निरन्तर उपासनीय मानो ॥ ६ ॥

भावार्थः—जो विद्वान् लोग सब जगत् के बीच २ पोल में अपने अनन्त बल से धारण करने, रचने और सुख देने हारे शुद्ध सर्वशक्तिमान् सब के हृदयों में व्यापक ईश्वर की उपासना करते हैं वेही सुख पाते हैं अन्य नहीं ॥ ६ ॥

देवसवितरित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । सविता देवता । आर्षी त्रिष्टुप्छन्दः धैवतः स्वरः ॥

अथ किमर्थं परमेश्वर उपास्यः प्रार्थनीयश्चास्तीत्याह ॥

अब किस लिये परमेश्वर की उपासना और प्रार्थना करनी चाहिये यह वि० ॥

देव॑ सवितः॒ प्र सु॑व य॒ज्ञं प्र सु॑व य॒ज्ञप॑तिं॒ भगा॑य।
दि॒व्यो ग॑न्ध॒र्वः के॑त॒पूः केत॑न्नः पुनातु वा॒चस्पति॒-
र्वाचँ॑ नः स्वदतु ॥ ७ ॥

देव॑। स॒वि॒त॒रिति॑ सवितः। प्र। सु॒व। य॒ज्ञम्। प्र।
सु॒व। य॒ज्ञप॑ति॒मिति॑ य॒ज्ञऽप॑तिम्। भगा॑य। दि॒-
व्यः। ग॒न्ध॒र्वः। के॒त॒पूरिति॑ के॒त॒ऽपूः। केत॒म्। नः।
पु॒ना॒तु। वा॒चः। पतिः॑। वाच॑म्। न॒ः। स्व॒द॒तु ॥ ७ ॥

पदार्थः—(देव) दिव्य विज्ञानप्रद (सवितः) सर्वसिद्ध्युत्पादक (प्र) (सुव) उत्पादय (यज्ञम्) सुखानां संगमकं व्यवहारम् (प्र) (सुव) (यज्ञ पतिम्) एतस्य यज्ञस्य पालकम् (भगाय) अखिलैश्वर्याय (दिव्यः) दिवि शुद्धगुणकर्मसु साधुः (गन्धर्वः) यो गां पृथिवीं धरति सः (केतपूः) यः केतेन विज्ञानेन पुनाति (केतम्) विज्ञानम् (नः) अस्माकम् (पुनातु) पवित्रीकरोतु (वाचः) सत्यविद्यान्विताया वेदवाण्याः (पतिः) प्रचारेण रक्षकः (वाचम्) वाणीम् (नः) अस्माकम् (स्वदतु) स्वदतां स्वादिष्ठां करोतु अत्र व्यत्ययेन परस्मैपदम् ॥ ७ ॥

अन्वयः—हे देव सत्ययोगविद्ययोपासनीय सवितर्भगवँस्त्वं

नो भगाय यज्ञं प्रसुव यज्ञपतिं प्रसुव । गन्धर्वो दिव्यः केतपूर्भवान्नोऽस्माकं केतं पुनातु । वाचस्पतिर्भवान्नो वाचं स्वदतु ॥ ७ ॥

भावार्थः—ये सकलैश्वर्य्योपपन्नं शुद्धं ब्रह्मोपासते योगप्राप्तये प्रार्थयन्ते तेऽखिलैश्वर्य्यं शुद्धात्मानं कर्तुं योगं च प्राप्तुं शक्नुवन्ति । ये जगदीश्वरवाग्वत्स्ववाचं शुन्धन्ति ते सत्यवाचः सन्तः सर्वक्रियाफलान्याप्नुवन्ति ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे (देव) सत्ययोग विद्या से उपासना के योग्य शुद्ध ज्ञान देने (सवितः) और सब सिद्धियों को उत्पन्न करनेहारे परमेश्वर आप (नः) हमारे (यज्ञम्) सुखों को प्राप्त कराने हारे व्यवहार को (प्रसुव) उत्पन्न कीजिये तथा (यज्ञपतिम्) इस सुखदायक व्यवहार के रक्षक जन को (प्रसुव) उत्पन्न कीजिये (गन्धर्वः) पृथिवी को धरने (दिव्यः) शुद्ध गुण कर्म और स्वभावों में उत्तम और (केतपूः) विज्ञान से पवित्र करने हारे आप (नः) हमारे (केतम्) विज्ञान को (पुनातु) पवित्र कीजिये और (वाचस्पतिः) सत्य विद्याओं से युक्त वेदवाणी के प्रचार से रक्षा करने वाले आप (नः) हमारी (वाचम्) वाणी को स्वादिष्ठ अर्थात् कोमल मधुर कीजिये ॥ ७ ॥

भावार्थः—जो पुरुष सम्पूर्ण ऐश्वर्य्य से युक्त शुद्ध निर्मल ब्रह्म की उपासना और योग विद्या की प्राप्ति के लिये प्रार्थना करते हैं वे सब ऐश्वर्य्य को प्राप्त अपने आत्मा को शुद्ध और योग विद्या को सिद्ध कर सकते हैं वे सत्यवादी हो के सब क्रियाओं के फलों को प्राप्त होते हैं ॥ ७ ॥

इमं न इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । सविता देवता । शक्वरी छन्दः धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मंत्र में कहा है ॥

इमं नो देव सवितर्यज्ञं प्रणय देवाव्यꣳ सखिविदꣳ सत्राजितं धनजितꣳ स्वर्जितम् । ऋचा स्तोम-

सम॑र्धय गाय॒त्रेण॑ रथन्त॒रं बृ॒हद्गा॑य॒त्रव॑र्त्तनि॒ स्वाहा॑ ॥ ८ ॥

इ॒मम् । न॒: । दे॒व॒ । स॒वि॒त॒: । य॒ज्ञम् । प्र । न॒य॒ । दे॒वा॒व्य॒मिति॑ देव॒ऽअ॒व्य॒म् । स॒खि॒विद॒मिति॑ सखि॒ऽविद॑म् । स॒त्रा॒जित॒मिति॑ सत्रा॒ऽजित॑म् । ध॒न॒जित॒मिति॑ धन॒ऽजित॑म् । स्व॒र्जित॒मिति॑ स्व॒:ऽजित॑म् ऋ॒चा । स्तोम॑म् । सम् । अ॒र्ध॒य॒ । गा॒य॒त्रेण॑ । र॒थ॒न्त॒रमिति॑ रथम्ऽत॒रम् । बृ॒हत् । गा॒य॒त्रव॑र्त्त॒नीति॑ गाय॒त्रऽव॑र्त्तनि । स्वाहा॑ ॥ ८ ॥

पदार्थः—(इमम्) उक्तं वक्ष्यमाणं च (नः) अस्माकम् (देव) सत्यकामनाप्रद (सवितः) अन्तर्यामिरूपेण प्रेरक (यज्ञम्) विद्याधर्मसंगमयितारम् (प्र) (नय) प्रापय (देवाव्यम्) देवान् दिव्यान् विदुषो गुणान् वाऽवन्तियेन स देवावीस्तम् । अनौणादिक ईप्रत्ययः । (सखिविदम्) सखीन् सुहृदो विन्दति येन तम् (सत्राजितम्) सत्रा सत्यं जयत्युत्कर्षति येन तम् (धनजितम्) धनं जयत्युत्कर्षति येन तम् (स्वर्जितम्) स्वः सुखं जयत्युत्कर्षति येन तम् (ऋचा) ऋग्वेदेन (स्तोमम्) स्तूयते यस्तम् (सम्) (अर्धय) वर्धय (गायत्रेण) गायत्रीप्रभृतिछन्दसैव (रथन्तरम्) रथैरमणीयैर्यानैस्तरन्ति येन तत् (गायत्रवर्त्तनि)

गायत्रस्य वर्त्तनिर्मार्गो वर्त्तनं यस्मिन् तत् (बृहत्) महत् (स्वाहा) सत्यक्रियया वाचा वा ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे देव सवितर्जगदीश त्वं न इमं देवाव्यं सखिविदं सत्राजितं धनजितं स्वर्जितमृचा स्तोमं यज्ञं स्वाहा प्रणय गायत्रेण गायत्रवर्त्तनि बृहद्रथन्तरं च समर्धय ॥ ८ ॥

भावार्थः—ये जना ईर्ष्याद्वेषादिदोषान्विहायेश्वर इव सर्वैः सह सुहृद्भावमाचरन्ति ते सम्बर्धितुं शक्नुवन्ति ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे (देव) सत्य कामनाओं को पूर्ण करने और (सवितः) अन्तर्यामि रूप से प्रेरणा करने हारे जगदीश्वर आप (नः) हमारे (इमम्) पीछे कहे और आगे जिस को कहेंगे उस (देवाव्यम्) दिव्य विद्वान् वा दिव्य गुणों की जिस से रक्षा हो (सखिविदम्) मित्रों को जिस से प्राप्त हों (सत्राजितम्) सत्य को जिस से जीतें (धनजितम्) धन की जिससे उन्नति होवे (स्वर्जितम्) सुख को जिस से बढ़ावें । और (ऋचा) ऋग्वेद से जिस की (स्तोमम्) स्तुति हो उस (यज्ञम्) विद्या और धर्म का संयोग कराने हारे यज्ञ को (स्वाहा) सत्य क्रिया के साथ (प्रणय) प्राप्त कीजिये (गायत्रेण) गायत्री आदि छन्द से (गायत्रवर्त्तनि) गायत्री आदि छन्दों की गान विद्या (बृहत्) बड़े (रथन्तरम्) अच्छे २ यानों से जिस के पार हों उस मार्ग को (समर्धय) अच्छे प्रकार बढ़ाइये ॥ ८ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य ईर्ष्या द्वेष आदि दोषों को छोड़ ईश्वर के समान सब जीवों के साथ मित्र भाव रखते हैं । वे संपत्को प्राप्त होते हैं ॥ ८ ॥

देवस्येत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । सविता देवता । भुरिगतिशक्वरी छन्दः । पंचमः स्वरः ॥

मनुष्या भूमितस्त्वादिभ्यो विद्युतं स्वीकुर्य्युरित्याह ॥

मनुष्य भूमि आदि तत्वों से बिजुली का ग्रहण करें यह वि० ॥

देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्याम्। आददे गायत्रेण छन्दसाङ्गिरस्वत्पृथिव्याः सधस्थादग्निं पुरीष्यमङ्गिरस्वदाभर त्रैष्टुभेन छन्दसाङ्गिरस्वत् ॥ ९ ॥

देवस्य । त्वा । सवितुः । प्रसव इति प्रऽसवे । अश्विनोः । बाहुभ्यामिति बाहुऽभ्याम् । पूष्णः । हस्ताभ्याम् । आ । ददे । गायत्रेण । छन्दसा । अङ्गिरस्वत् । पृथिव्याः । सधस्थादिति सधऽस्थात् । अग्निम् । पुरीष्यम् । अङ्गिरस्वत् । आ । भर । त्रैष्टुभेन । त्रैस्तुभेनेति त्रैऽस्तुभेन । छन्दसा । अङ्गिरस्वत् ॥ ९ ॥

पदार्थः—(देवस्य) सूर्यादिजगते प्रदीपकस्य (त्वा) त्वाम् (सवितुः) सर्वेषामैश्वर्य्यव्यवस्थां प्रति प्रेरकस्य (प्रसवे) निष्पन्नैश्वर्ये (अश्विनोः) प्राणोदानयोः (बाहुभ्याम्) बलाकर्षणाभ्याम् (पूष्णः) पुष्टिकर्त्र्याः (हस्ताभ्याम्) धारणाकर्षणाभ्याम् (आ) (ददे) स्वीकरोमि (गायत्रेण) गायत्रीनिर्मितेनार्थेन (छन्दसा) (अङ्गिरस्वत्) अङ्गिरोभिरङ्गारैस्तुल्यम् (पृथिव्याः) (सधस्थात्) सहस्थानात्तलात् (अग्निम्) विद्युदादिस्वरूपम् (पुरीष्यम्) पुरीषउदके सा-

धुम् । अत्र पृधातोरौणादिकईपन्किच्च । पुरीषमित्युदकना० निघं १ । १२ । (अङ्गिरस्वत्) अङ्गिरोभिः प्राणैस्तुल्यम् (आ) (भर) धर (त्रैष्टुभेन) त्रिष्टुभा निर्मितेनार्थेन (छन्दसा) स्वच्छन्देन (अङ्गिरस्वत्) अङ्गिरोभिरङ्गैस्तुल्यम् ॥ ९ ॥

अन्वयः—हे विद्वन्नहं यं त्वा देवस्य सवितुःप्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्यामंगिरस्वदाददे स त्वं गायत्रेण छन्दसा पृथिव्याः सधस्थादाङ्गिरस्वत् त्रैष्टुभेन छन्दसांऽगिरस्वत्पुरीष्यमग्निमाभर ॥ ९ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालङ्कारः—मनुष्यैरीश्वरसृष्टिगुणविदं विद्वांसं संसेव्य पृथिव्यादिस्थाऽग्निः स्वीकार्य्यः ॥ ९ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् पुरुष मैं जिस (त्वा) आप को (देवस्य) सूर्य्य आदि सब जगत् के प्रकाश करने और (सवितुः) सब ऐश्वर्य्य में (अश्विनोः) प्राण और उदान के (बाहुभ्याम्) बल और आकर्षण से तथा (पूष्णः) पुष्टि कारक बिजुली के (हस्ताभयाम्) धारण और आकर्षण (अङ्गिरस्वत्) अंगारों के समान (आददे) ग्रहण करता हूं सो आप (गायत्रेण) गायत्री मंत्र से निकले (छन्दसा) आनन्द दायक अर्थ के साथ (पृथिव्याः) पृथिवी के (सधस्थात्) एकस्थान से (अङ्गिरस्वत्) प्राणों के तुल्य और (त्रैष्टुभेन) त्रिष्टुप् मंत्र से निकले (छन्दसा) स्वतंत्र अर्थ के साथ (अङ्गिरस्वत्) चिन्हों के सदृश (पुरीष्यम्) जल को उत्पन्न करने हारे (अग्निम्) बिजुली आदि तीन प्रकारके अग्नि को (आभर) धारण कीजिये ॥९॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालंकार है । मनुष्यों को चाहिये कि ईश्वर की सृष्टि के गुणों को जानने हारे विद्वान् की अच्छे प्रकार सेवा करने और पृथिवी आदि पदार्थों में रहने वाले अग्नि को स्वीकार करें ॥९॥

अभ्रिरसीत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः सविता देवता । भुरिगनुष्टुप् छन्दः । गांधारः स्वरः ॥

मनुष्यैः कथं भूम्यादेः सुवर्णादीनि प्राप्तव्यानीत्याह ॥

मनुष्य लोग भूमि आदि से सुवर्ण आदि पदार्थों को
कैसे प्राप्त होवें यह वि०॥

अभ्रिरसि नार्यसि त्वया वयमग्निꣳशकेम खनितु-
ꣳसधस्थऽआ जागतेन छन्दसाङ्गिरस्वत् ॥ १० ॥

अभ्रिः । असि । नारी । असि । त्वया । वयम् ।
अग्निम् । शकेम । खनितुम् । सधस्थइति सधऽस्थे ।
आ । जागतेन । छन्दसा । अङ्गिरस्वत् ॥ १० ॥

पदार्थः—(अभ्रिः) अयोमयं खननसाधनम् (असि) अस्ति (नारी) नरस्य स्त्रीव साध्यसाधिका (असि) अस्ति(त्वया) यया (वयम्)(अग्निम्) विद्युदादिम् (शकेम) शक्नुयाम(खनितुम्) (सधस्थे) समानस्थाने (आ) (जागतेन) जगत्या विहितेन साधनेन (छन्दसा) (अङ्गिरस्वत्)प्राणैस्तुल्यम् ॥१०॥

अन्वयः—हे शिल्पिँस्त्वया सह सधस्थे वर्त्तमाना वयं याऽभ्रिरसि नार्य्यसि यां गृहीत्वा जागतेन छन्दसाऽङ्गिरस्वदग्निं खनितुं शक्नुयाम तां त्वं निर्मिमीष्व ॥ १० ॥

भावार्थः—मनुष्यैः सुसाधनैः पृथिवीं खनित्वाऽग्निना संयो-

ज्य सुवर्णादीनि निर्मातव्यानि । परन्तु पूर्वं भूगर्भतत्त्वविद्यां प्राप्यैवं कर्त्तुं शक्यमिति वेदितव्यम् ॥ १० ॥

पदार्थः—हे कारीगर पुरुष जो (त्वया) तेरे साथ (सधस्थे) एकस्थान में वर्त्तमान (वयम्) हमलोग जो (अभ्रिः) भूमि खोदने और (नारी) विवाहित उत्तम स्त्री के समान कार्य्यों को सिद्ध करने हारी लोहे आदि की कसी (असि) है जिस से कारीगर लोग भूगर्भ विद्या को जान सकें उस को ग्रहण करके (जागतेन) जगती मंत्र से विधान किये (छन्दसा) सुखदायक स्वतन्त्र साधन से (अङ्गिरस्वत्) प्राणों के तुल्य (अग्निम्) विद्युत् आदि अग्नि को (खनितुं) खोदने के लिये (आशकेम) सब प्रकार समर्थ हों उस को तू बना ॥ १० ॥

भावार्थः—मनुष्यों को उचित है कि अच्छे खोदने के साधनों से पृथिवी को खोद और अग्नि के साथ संयुक्त कर के सुवर्ण आदि पदार्थों को बनावें । परन्तु पहिले भूगर्भ की तत्त्व विद्या को प्राप्त हो के ऐसा कर सकते हैं ऐसा निश्चित जानना चाहिये ॥ १० ॥

हस्तइत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । सविता देवता । आर्षी छन्दः । पंचमः स्वरः ॥

पुनः सएव विषय उच्यते ॥

फिर भी उसी उक्त वि० ॥

हस्त आधाय सविता बिभ्रदभ्रिꣳ हिरण्ययीम् । अग्नेर्ज्योतिर्निचाय्य पृथिव्या अध्याभरदानुष्टुभेनछन्दसाङ्गिरस्वत् ॥ ११ ॥

हस्ते । आधायेत्याऽधाय । सविता । बिभ्रत् । अभ्रिम् । हिरण्ययीम् । अग्नेः । ज्योतिः । निचाय्येति-

निचाय्येतिनिऽचाय्यं । पृथिव्याः । अधि । आ । अभरत् । आनुष्टुभेन । आनुस्तुभेनेत्यानुऽस्तुभेन । छन्दसा । अङ्गिरस्वत् ॥ ११ ॥

पदार्थः—(हस्ते) करे (आधाय) (सविता) ऐश्वर्य्यवान् (बिभ्रत) धरन् (अभ्रिम्) खननसाधकं शस्त्रम् (हिरण्ययीम्) तेजोमयीम् (अग्नेः) विद्युदादेः (ज्योतिः)द्योतमानम् (निचाय्य) (पृथिव्याः) (अधि) (आ) (अभरत्) धरेत् (आनुष्टुभेन) अनुष्टुब्विहितार्थयुक्तेन (छन्दसा) (अङ्गिरस्वत्) अङ्गिरसा प्राणेन तुल्यस्य ॥ ११ ॥

अन्वयः—सविता ऐश्वर्य्यप्रसावकः शिल्प्यानुष्टुभेन छन्दसा हिरण्ययीमभ्रिं हस्ते आधाय बिभ्रत्सन्नङ्गिरस्वदग्नेर्ज्योतिर्निचाय्य पृथिव्या अध्याभरत् ॥ ११ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्यथाऽयसि पाषाणे च विद्युद्वर्त्तते तथैव सर्वत्र पदार्थेषु प्रविष्टास्ति तद्विद्यां विज्ञाय कार्य्येषूपयुज्य भूमावाग्नेयादीन्यस्त्राणि विमानादीनि यानानि वा साधनीयानि ॥ ११ ॥

पदार्थः—(सविता) ऐश्वर्य्य का उत्पन्न करने हारा कारीगर मनुष्य (आनुष्टुभेन) अनुष्टुप् छन्द में कहे हुए (छन्दसा) स्वतंत्र अर्थ के योग से (हिरण्ययीम्) तेजोमय शुद्ध धातु से बने (अभ्रिम्) खोदने के शस्त्र को (हस्ते) हाथ में लिये हुए अङ्गिरस्वत् प्राण के तुल्य (अग्नेः) विद्युत् आदि अग्नि के (ज्योतिः) तेज को (निचाय्य) निश्चय करके (पृथिव्याः) पृथिवी के (अधि) ऊपर (आभरत्) अच्छे प्रकार धारण करे ॥ ११ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि जैसे लोहे और पत्थरों में बिजुली रहती है वैसे ही सब पदार्थों मे प्रवेश कर रही है। उस की विद्या को ठीक२ जान और कार्यों में उपयुक्त कर के इस पृथिवी पर आग्नेय आदि अस्त्र और विमान आदि यानोंको सिद्ध करें ॥ ११ ॥

प्रतूर्त्तमित्यस्यनाभानेदिष्टऋषिः। वाजी देवता। आस्तारपङ्क्तिश्छन्दः। पंचमःस्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी वही वि०॥

प्रतूर्त्तं वाजिन्ना द्रव वरिष्ठामनु सम्वतम्। दिवि ते जन्म परममन्तरिक्षे तव नाभिः पृथिव्यामधि योनिरित् ॥ १२ ॥

प्रतूर्त्तमिति प्रऽतूर्त्तम्। वाजिन्। आ। द्रव। वरिष्ठाम्। अनु। सम्वतमिति सम्ऽवतम्। दिवि। ते। जन्म। परमम्। अन्तरिक्षे। तव। नाभिः। पृथिव्याम्। अधि। योनिः। इत् ॥ १२ ॥

पदार्थः—(प्रतूर्त्तम्) अतितूर्णम् (वाजिन्)प्रशस्तज्ञानयुक्त विद्वन् (आ) (द्रव) आगच्छ (वरिष्ठाम्) अतिशयेन वरां गतिम् (अनु) (सम्वतम्) सम्यग्विभक्ताम् (दिवि) सूर्य्यप्रकाशे (ते) तव (जन्म) प्रादुर्भावः (परमम्) (अन्तरिक्षे) अवकाशे (तव) (नाभिः) (पृथिव्याम्) (अधि) उपरि (योनिः) निमित्तं प्रयोजनम् (इत्) एव ॥ १२ ॥

अन्वयः—हे वाजिन् यस्य ते तव शिल्पविद्यया दिवि परमं जन्म तवाऽन्तरिक्षे नाभिः पृथिव्यां योनिरस्ति स त्वं विमानान्यधिष्ठाय वरिष्ठां सम्वतं गतिं प्रतूर्त्तमिदन्वाद्रव ॥ १२ ॥

भावार्थः—यदा मनुष्या विद्या हस्तक्रिययोर्मध्ये परमप्रयत्नेन प्रादुर्भूत्वा विमानादीनि यानानि विधाय गतानुगतं शीघ्रं कुर्वन्ति तदा तेषां श्रीः सुलभा भवति ॥ १२ ॥

पदार्थः—हे (वाजिन्) प्रशंसित ज्ञान से युक्त विद्वान् जिस (ते) आप का शिल्प विद्या से (दिवि) सूर्य्य के प्रकाश में (परमम्) उत्तम (जन्म) प्रसिद्धि (तव) आप का (अन्तरिक्षे) आकाश में (नाभिः) बन्धन और (पृथिव्याम्) इस पृथिवी में (योनिः) निमित्त प्रयोजन है सो आप विमानादि यानों के अधिष्ठाता होकर (वरिष्ठाम्) अत्यन्त उत्तम (सम्वतम्) अच्छे प्रकार विभाग की हुई गति को (प्रतूर्त्तम्) अतिशीघ्र (इत्) ही (अनु) पश्चात् (आ) (द्रव) अच्छे प्रकार चलिये ॥ १२ ॥

भावार्थः—जब मनुष्य लोग विद्या और क्रिया के बीच में परम प्रयत्न के साथ प्रसिद्ध हो और विमान आदि यानों को रच के शीघ्र जाना आना करते हैं तब उन को धन की प्राप्ति सुगम होती है ॥ १२ ॥

युंजाथामित्यस्य कुश्रिर्ऋषिः । वाजी देवता । गायत्री छंदः । षड्जः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैः किं क्व योजनीयमित्याह ॥

फिर मनुष्यों को क्या कहां जोड़ना चाहिये यह वि० ॥

युञ्जथाᳬरासभं युवमस्मिन् यामे वृषण्वसू । अग्निं भरन्तमस्मयुम् ॥ १३ ॥

युंजाथाम् । रासभम् । युवम् । अस्मिन् । यामे । वृषण्वसूइतिवृषणऽवसू । अग्निम् । भरन्तम् । अस्मयुमित्यस्मऽयुम् ॥ १३ ॥

पदार्थः—(युंजाथाम्) (रासभम्) जलाग्न्योर्वेगगुणाख्यमश्वम् (युवम्) युवां शिल्पितत्स्वामिनौ (अस्मिन्) (यामे) यान्ति येन यानेन तस्मिन् (वृषण्वसू) वर्षकौ वसन्तौ च (अग्निम्) प्रसिद्धं विद्युतं वा (भरन्तम्) धरन्तम् (अस्मयुवम्) अस्मान् यापयितारम् । अत्रास्मदुपपदाद्याधातोरौणादिकः कुः । छान्दसो वर्णलोपो वेति दलोपः ॥ १३ ॥

अन्वयः—हे वृषण्वसू सूर्य्यवायुइव शिल्पिनौ युवमस्मिन् यामे रासभमस्मयुं भरन्तमग्निं युंजाथाम् ॥ १३ ॥

भावार्थः—यैर्मनुष्यैर्यस्मिन् याने यंत्रकलाजलाग्निप्रयोगाः क्रियन्ते ते सुखेन देशान्तरं गन्तुं शक्नुवन्ति ॥ १३ ॥

पदार्थः—हे (वृषण्वसू) सूर्य्य और वायु के समान सुख वर्षाने वा सुख में वसने हारे कारीगर तथा उस के स्वामी लोगो (युवम्) तुम दोंनो (अस्मिन्) इस (यामे) यान में (रासभम्) जल और अग्नि के बेगगुणरूप अश्व तथा (अयुस्मम्) हम को लेचलने तथा (भरन्तम्) धारण करने हारे (अग्निम्) प्रसिद्ध वा बिजुली रूप अग्नि को (युंजाथाम्) युक्त करो ॥ १३ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य इस विमान आदि यान में यंत्र कला जल और अग्नि के प्रयोग करते हैं वे सुख से दूसरे देशों में जाने को समर्थ होते हैं ॥ १३ ॥

योगेयोगइत्यस्य शुनःशेप ऋषिः क्षत्रपतिर्देवता गायत्रीछन्दः । षड्जः स्वरः ॥

प्रजाजनाः कीदृशं राजानमङ्गीकुर्य्युरित्याह ॥

प्रजाजन कैसे पुरुष को राजा मानें यह वि० ॥

योगे योगे तवस्तरं वाजेवाजे हवामहे । सखाय इन्द्रमूतये ॥ १४ ॥

योगेयोगइति योगेऽयोगे । तवस्तरमिति तवःऽतरम् । वाजेवाजइतिवाजेऽवाजे । हवामहे । सखायः । इन्द्रम् । ऊतये ॥ १४ ॥

पदार्थः—(योगेयोगे) युंजते यस्मिन् यस्मिन् (तवस्तरम्) अत्यन्तं बलयुक्तम् । तवइति बलना० निघं० २ । ९ । ततस्तरप् (वाजेवाजे) सङ्ग्रामे सङ्ग्रामे (हवामहे) आह्वयामहे (सखायः) परस्परं सुहृदः सन्तः (इन्द्रम्) परमैश्वर्य्युक्तं राजानम् (ऊतये) रक्षणाद्याय ॥ १४ ॥

अन्वयः—हे सखायो यथावयमूतये योगेयोगे वाजेवाजे तवस्तरमिन्द्रं हवामहे तथा यूयमप्येतमाह्वयत ॥ १४ ॥

भावार्थः—ये परस्परं मित्रा भूत्वाऽन्योन्यस्य रक्षार्थं बलिष्ठं धार्मिकं राजानं स्वीकुर्वन्ति ते निर्विघ्नाः सन्तः सुखमेधन्ते ॥ १४ ॥

पदार्थः—हे (सखायः) परस्पर मित्रता रखने हारे लोगो जैसे हमलोग (ऊतये) रक्षा आदि के लिये (योगेयोगे) जिस २ में (वाजेवाजे) हों सङ्ग्राम २ के बीच (तवस्तरम्) अत्यन्त बलवान् (इन्द्रम्) परमैश्वर्य युक्त पुरुष को राजा (हवामहे) मानते हैं वैसे ही तुमलोग भी मानो ॥ १४ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य परस्पर मित्र हो के एक दूसरे की रक्षा के लिये अत्यन्त बलवान् धर्मात्मा पुरुष को राजा मानते हैं वे सब विघ्नों से अलग हो के सुख की उन्नति कर सकते हैं ॥ १४ ॥

प्रतूर्वन्नित्यस्य शुनःशेप ऋषिः । गणपतिर्देवता । आर्षी जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

पुनाराजा किं कृत्वा किं प्राप्नुयादित्याह ॥

फिर राजा क्या करके किस को प्राप्त हो यह वि० ॥

प्रतूर्वन्नेह्यवक्रामन्नशस्ती रुद्रस्य गाणपत्यं मयोभूरेहि। उर्वन्तरिक्षं वीहि स्वस्तिगव्यूतिरभयानि कृण्वन्पूष्णा सयुजा सह ॥ १५ ॥

प्रतूर्वन्निति प्रऽतूर्वन् । आ । इहि । अवक्रामन्नित्यवऽक्रामन् । अशस्तीः । रुद्रस्य । गाणपत्यमिति गाणऽपत्यम् । मयोभूरिति मयःऽभूः । आ । इहि । उरु । अन्तरिक्षम् । वि । इहि । स्वस्तिगव्यूतिरितिस्वस्तिऽगव्यूतिः । अभयानि । कृण्वन् । पूष्णा । सयुजेति सऽयुजा । सह ॥ १५ ॥

पदार्थः—(प्रतूर्वन्) हिंसन् (आ) (इहि) आगच्छ (अवक्रामन्)देशाद्देशान्तरानुल्लंघयन् (अशस्तीः) अप्रशस्ताः शत्रुसेनाः (रुद्रस्य)शत्रुरोदकस्य स्वसेनापतेः (गाणपत्यम्) गणानां सेनासमूहानां पतित्वम् (मयोभूः) मयः सुखं भावयन् (आ) (इहि) (उरु) (अन्तरिक्षम्) आकाशम् (वि) (इहि) विविधतया गच्छ (स्वस्तिगव्यूतिः) स्वस्ति सुखेन सह गव्यूतिर्मार्गो यस्य सः (अभयानि) स्वराज्ये सेनायां चाविद्यमानं भयं येषु तानि (कृण्वन्) सम्पादयन् (पूष्णा) पुष्टेन स्वकीयेन सैन्येन (सयुजा)यत्समानं युनक्ति तेन सहितः (सह) साकम् ॥ १५ ॥

अन्वयः—हे राजन् स्वस्तिगव्यूतिस्त्वं पूष्णा सयुजा सहाशस्तीः प्रतूर्वन्नेहि शत्रुदेशानवक्रामन्नेहि मयोभूस्त्वं रुद्रस्य गाणपत्यमेहि । अभयानि कृण्वन् सन्नन्तरिक्षमुरु वीहि ॥ १५ ॥

भावार्थः—राजा सदैव स्वसेनां सुशिक्षितां हृष्टां पुष्टां रक्षेत् । यदाऽरिभिः सह योद्धुमिच्छेत्तदा स्वराज्यमनुपद्रवं संरक्ष्य युक्त्या बलेन च शत्रून् हिंसेत् वा श्रेष्ठान् पालयित्वा सर्वत्र सत्कीर्त्तिं प्रसारयेत् ॥ १५ ॥

पदार्थः—हे राजन् (स्वस्तिगव्यूतिः) सुख के साथ जिस का मार्ग है ऐसे आप (सयुजा) एक साथ युक्त करने वाली (पूष्णा) बल पुष्टि से युक्त अपनी सेना के (सह) साथ (अशंस्तीः) निन्दित शत्रुओं की सेनाओं को (प्रतूर्वन्) मारते हुए (एहि) प्राप्त हूजिये । शत्रुओं के देशों का (अवक्रामन्) उल्लङ्घन करते हुए (एहि) आइये (मयोभूः) सुख को उत्पन्न करते आप (रुद्रस्य) शत्रुओं को रुलाने हारे अपने सेनापति के (गाणपत्यम्) सेना समूह के स्वामी पन को (एहि) प्राप्त हूजिये। और (अभयानि) अपने राज्य में सब प्राणियों को भय रहित (कृण्वन्) करते हुए (अन्तरिक्षम्) (उरु) परिपूर्ण आकाश को (वीहि) विविध प्रकार से प्राप्त हूजिये ॥ १५ ॥

भावार्थः—राजा को अति उचित है कि अपनी सेना को सदैव अच्छी शिक्षा हर्ष उत्साह और पोषण से युक्त रक्खे । जब शत्रुओं के साथ युद्ध किया चाहे तब अपने राज्य को उपद्रव रहित कर युक्ति तथा बल से शत्रुओं को मारे और सज्जनों की रक्षा करके सर्वत्र सुन्दर कीर्त्ति फैलावे ॥ १५ ॥

पृथिव्या इत्यस्य शुनःशेप ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

मनुष्यैः कस्माद्विद्युत्स्वीकार्य्येत्याह ॥

मनुष्य किस पदार्थ से बिजुली का ग्रहण करें यह वि० ॥

पृथिव्याः सधस्थादग्निं पुरीष्यमङ्गिरस्वदाभर-

ग्निं पु॒री॒ष्य॒म॑ङ्गि॒र॒स्वद॒च्छे॑मो॒ऽग्निं पु॒री॒ष्य॒म॑ङ्गि॒र॒स्वद्भ॑रिष्यामः ॥ १६ ॥

पृ॒थि॒व्याः । स॒धस्थ॒ादिति॑स॒धऽस्थात् । अ॒ग्निम् । पु॒री॒ष्य॒म् । अ॒ङ्गि॒र॒स्वत् । आ । भ॒र । अ॒ग्निम् । पु॒री॒ष्य॒म् । अ॒ङ्गि॒र॒स्वत् । अच्छ॑ । इ॒मः । अ॒ग्निम् । पु॒री॒ष्य॒म् । अ॒ङ्गि॒र॒स्वत् । भ॒रि॒ष्या॒मः ॥ १६ ॥

पदार्थः—(पृथिव्याः) भूमेरन्तरिक्षस्य वा (सधस्थात्) सहस्थानात् (अग्निम्) भूमिस्थं विद्युतं वा (पुरीष्यम्) यः सुखं पृणाति स पुरीषस्तत्र साधुम् (अङ्गिरस्वत्) अङ्गिरसा सूर्येण तुल्यम् (आ) (भर) धर (अग्निम्) अन्तरिक्षे वाय्वादिस्थम् (पुरीष्यम्) (अङ्गिरस्वत्) (अच्छ) उत्तमरीत्या (इमः) प्राप्नुमः (अग्निम्) (पुरीष्यम्) (अङ्गिरस्वत्) (भरिष्यामः) धरिष्यामः ॥ १६ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् यथा वयं पृथिव्याः सधस्थादङ्गिरस्वत्पुरीष्यमग्निमच्छेमः । यथा चाऽङ्गिरस्वत्पुरीष्यमग्निं भरिष्यामस्तथा त्वमप्यङ्गिरस्वत्पुरीष्यमग्निमाभर ॥ १६ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलुप्तोपमालं॰—मनुष्यैर्विदुषामेवाऽनुकरणं कर्त्तव्यम् नाऽविदुषाम् । सर्वदोत्साहेनाग्न्यादिपदार्थविद्यां गृहीत्वा सुखं वर्द्धनीयम् ॥ १६ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् जैसे हम लोग (पृथिव्याः) भूमि और अन्तरिक्ष के (सधस्थात्) एक स्थान से (अङ्गिरस्वत्) प्राणों के समान (पुरीष्यम्) अच्छा सुख देने हारे (अग्निम्) भूमि मण्डल की बिजुली को (अच्छ) उत्तम रीति

से (इमः) प्राप्त होते और जैसे (अङ्गिरस्वत्) प्राणों के समान (पुरीष्यम्) उत्तम सुख दायक (अग्निम्) अन्तरिक्षस्थ बिजुली को (भरिष्यामः) धारण करें वैसे आप भी (अङ्गिरस्वत्) सूर्य्य के समान (पुरीष्यम्) उत्तम सुख देनेवाले (अग्निम्) पृथिवी पर वर्त्तमान अग्नि को (आभर) अच्छे प्रकार धारण कीजिये ॥१६॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमा और वाचकलु०—मनुष्यों को चाहिये कि विद्वानों के समान काम करें मूर्खवत् नहीं । और सब काल में उत्साह के साथ अग्नि आदि की पदार्थविद्या का ग्रहण करके सुख बढ़ाते रहें ॥ १६ ॥

अन्वग्निरित्यस्य पुरोधा ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ।

विद्वांसः किंवत्किं कुर्य्युरित्यु० ॥

विद्वान् लोग किस के समान क्या करें यह वि० ॥

अन्व॒ग्निरु॒षसा॒मग्र॑मख्य॒दन्वहा॑नि प्रथ॒मो जा॒तवे॑दाः । अनु॒ सूर्य॑स्य पुरु॒त्रा च॑ र॒श्मीननु॒ द्यावा॑पृथि॒वी आत॑तन्थ ॥ १७ ॥

अनु॑ । अ॒ग्निः । उ॒षसा॑म् । अग्र॑म् । अ॒ख्य॒त् । अनु॑ । अहा॑नि । प्र॒थ॒मः । जा॒तवे॑दा॒ इति॑ जा॒तऽवे॑दाः । अनु॑ । सूर्य॑स्य । पु॒रु॒त्रेति॑ पु॒रु॒ऽत्रा । च॒ । र॒श्मीन् । अनु॑ । द्यावा॑पृथि॒वी इति॒ द्यावा॑पृथि॒वी । आ । त॒त॒न्थ॒ ॥ १७ ॥

पदार्थः—(अनु) (अग्निः) पावकः (उषसाम्) (अग्रम्)

पूर्वम् (अख्यत) प्रख्यातो भवति (अनु) (अहानि) दिनानि (प्रथमः) (जातवेदाः) यो जातेषु विद्यते स सूर्य्यः (अनु) (सूर्य्यस्य) (पुरुत्रा) बहून् (च) (रश्मीन्) (अनु) (द्यावा) पृथिवी) (आ) (ततन्थ) तनोति ॥ १७ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् त्वं यथा प्रथमो जातवेदा अग्निरुषसामग्रमहान्यन्वख्यत् । सूर्य्यस्याग्रं पुरुत्रा रश्मीनन्वाततन्थ । द्यावापृथिवी च तथा विद्याव्यवहारानन्वातनुहि ॥ १७ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा कारणकार्य्याख्यो विद्युदग्निरनुपूर्वं सवितृषोदिनानि कृत्वा पृथिव्यादीनि प्रकाशयति तथा विद्वद्भिः सुशिक्षां कृत्वा ब्रह्मचर्य्यविद्याधर्माऽनुष्ठानसुशीलानि सर्वत्र प्रचार्य सर्वे ज्ञानानन्दाभ्यां प्रकाशनीयाः ॥ १७ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् आप जैसे (प्रथमः) (जातवेदाः) उत्पन्न हुए पदार्थों में पहिले ही विद्यमान सूर्य्य लोक और (अग्निः) (उषसाम्) उषःकाल से (अग्रम्) पहिले ही (अहानि) दिनों को (अन्वख्यात्) प्रसिद्ध करता है (सूर्य्यस्य) सूर्य्य के (अग्रम्) पहिले (पुरुत्रा) बहुत (रश्मीन्) किरणों को (अन्वाततन्थ) फैलाता तथा (द्यावापृथिवी) सूर्य और पृथिवी लोक को प्रसिद्ध करता है । वैसे विद्या के व्यवहारों की प्रवृत्ति कीजिये ॥ १७ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे कारण रूप विद्युत् और कार्य्य रूप प्रसिद्ध अग्नि क्रम से सूर्य्य,उषःकाल और दिनों को उत्पन्न करके पृथिवी आदि पदार्थों को प्रकाशित करते हैं । वैसे ही विद्वानों को चाहिये कि सुन्दर शिक्षा दे ब्रह्मचर्य्य विद्या धर्म्म के अनुष्ठान और अच्छे स्वभाव आदि का सर्वत्र प्रचार करके सब मनुष्यों को ज्ञान और आनन्द से प्रकाश युक्त करें ॥ १७ ॥

आगत्येत्यस्य मयोभूर्ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

अथ सभेशः किंवत्किं कुर्य्यादित्याह ॥

अब सभापति राजा किस के समान कर्म्म करे यह वि०

आगत्य॑ वा॒ज्यध्वा॑न॒ꣳ सर्वा॒ मृधो॒ वि धू॑नुते । अ॒ग्निꣳ स॒धस्थे॑ मह॒ति चक्षु॑षा॒ नि चि॑कीषते ॥ १८ ॥

आ॒गत्येत्या॒ऽगत्य॑ । वा॒जी । अध्वा॑नम् । सर्वाः॑ । मृधः॑ । वि । धू॒नु॒ते॒ । अ॒ग्निम् । स॒धस्थ॒ इति॑ स॒धऽस्थे॑ । म॒ह॒ति । चक्षु॑षा । नि । चि॒की॒ष॒ते॒ ॥ १८ ॥

पदार्थः—(आगत्य) (वाजी) वेगवानश्वः (अध्वानम्) मार्गम् (सर्वाः) (मृधः) सङ्ग्रामान् (वि) (धूनुते) कम्पयति (अग्निम्) (सधस्थे) सहस्थाने (महति) विशाले (चक्षुषा) नेत्रेण (नि) चिकीषते चेतुमिच्छति ॥ १८ ॥

अन्वयः—हे विद्वन्राजन् भवान् यथा वाज्यश्वोऽध्वानमागत्य सर्वा मृधो विधूनुते यथा गृहस्थश्चक्षुषा महति सधस्थेऽग्निं निचिकीषते तथा सर्वान्संग्रामान् विधूनोतु । गृहे गृहे विद्यानिचयं च करोतु ॥ १८ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—गृहस्था अश्ववद्दूत्वागत्य शत्रून् जित्वाग्नेयास्त्रादिविद्यां संपाद्य बलाबलं पर्य्यालोच्य रागद्वेषादीन् शमित्वाऽधार्मिकान् शत्रून् जयेयुः ॥ १८ ॥

पदार्थः—हे राजन् आप जैसे (वाजी) वेगवान घोड़ा (अध्वानम्) अपने मार्ग को (आगत्य) प्राप्त हो के (सर्वाः) सब (मृधः) सङ्ग्रामों को (विधूनुते)

कंपाता है और जैसे गृहस्थ पुरुष (चक्षुषा) नेत्रों से (महति) सुन्दर (सधस्थे) एक स्थान में (अग्निम्) अग्नि का (निचिकीषते) चयन किया चाहता है । वैसे सब सङ्ग्रामों को कंपाइये और घर २ में विद्या का प्रचार कीजिये ॥ १८ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—गृहस्थों को चाहिये कि घोड़ों के समान जाना आना कर, शत्रुओं को जीत, आग्नेयादि अस्त्रविद्या को सिद्ध कर, अपने बला ऽबल को विचार और राग द्वेष आदि दोषों की शान्ति करके अधर्मी शत्रुओं को जीतें ॥१८॥

आक्रम्येत्यस्य मयोभूर्ऋषिः। अग्निर्देवता। निचृदनुष्टुप् छन्दः। गान्धारः स्वरः ॥

मनुष्यजन्म प्राप्य विद्याऽधीत्यातः किं कर्त्तव्यमित्याह ॥

मनुष्य जन्म पा, और विद्या पढ़ के पश्चात् क्या करे यह वि० ॥

आक्रम्यं वाजिन्पृथिवीमग्निमिच्छ रुचा त्वम् ।
भूम्यां वृत्वायं नो ब्रूहि यतः खनेम तं वयम् ॥१९॥

आक्रम्येत्याऽक्रम्यं । वाजिन् । पृथिवीम् । अग्निम् । इच्छ । रुचा । त्वम् । भूम्याः । वृत्वायं । नः । ब्रूहि । यतः । खनेम । तम् । वयम् ॥ १९ ॥

पदार्थः—(आक्रम्य) (वाजिन्) प्रशस्तविज्ञानवन् (पृथिवीम्) भूमिराज्यम् (अग्निम्) अग्निविद्याम् (इच्छ) (रुचा) प्रीत्या (त्वम्) (भूम्याः) क्षितेर्मध्ये (वृत्वाय) स्वीकृत्य । अत्र क्त्वो यगिति यगागमः (नः) अस्मान् (ब्रूहि) भूगर्भाग्निविद्यामुपदिश (यतः) (खनेम) (तम्) भूगोलम् (वयम्) ॥ १९ ॥

अन्वयः—हे वाजिन् विद्वन्सभेश राजँस्त्वं रुचा शत्रूनाक्रम्य पृथिवीमग्निं चेच्छ भूम्या नो वृत्वाय ब्रूहि यतो वयं तं खनेम॥१९॥

भावार्थः—मनुष्यैर्भूगर्भाग्निविद्यया पार्थिवान् पदार्थान् सुपरीक्ष्य सुवर्णादीनि रत्नान्युत्साहेन प्राप्तव्यानि । ये खनितारो भृत्याः सन्ति तान् प्रति तद्विद्योपदेष्टव्या ॥ १९ ॥

पदार्थः—हे (वाजिन्) प्रशंसित ज्ञान वाले सभापति विद्वान् राजा (त्वम्) आप (रुचा) प्रीति से शत्रुओं को (आक्रम्य) पादाक्रान्त कर (पृथिवीम्) भूमि के राज्य और (अग्निम्) विद्या की (इच्छ) इच्छा कीजिये । और (भूम्याः) पृथिवी के बीच (नः) हमलोगों को (वृत्वाय) स्वीकार करके हमारे लिये (ब्रूहि) भूगर्भ और अग्नि विद्या का उपदेश कीजिये (यतः) जिस से (वयम्) हमलोग (तम्) उस विद्या में (खनेम) प्रविष्ट होवें ॥ १९ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि भूगर्भ और अग्नि विद्या से पृथिवी के पदार्थों को अच्छे प्रकार परीक्षा करके सुवर्ण आदि रत्नों को उत्साह के साथ प्राप्त होवें । और जो पृथिवी को खोदने वाले नौकर चाकर हैं उन को इस विद्या का उपदेश करें ॥ १९ ॥

द्यौस्तइत्यस्य मयोभूर्ऋषिः । क्षत्रपतिर्देवता । निचृदार्षी बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

मनुष्याः किं साध्नुयुरित्याह ॥

मनुष्य क्या करके क्या सिद्ध करें यह वि० ॥

द्यौस्ते॑ पृ॒ष्ठं पृ॑थि॒वी स॒धस्थ॑मा॒त्मान्तरि॑क्षꣳ समु॒द्रो योनिः॑ । वि॒ख्याय॒ चक्षु॑षा॒ त्वम॒भि ति॑ष्ठ पृतन्य॒तः ॥ २० ॥

द्यौः । ते॒ । पृ॒ष्ठम् । पृ॒थि॒वी । स॒धस्थ॒मिति॑ स॒ध-

ऽस्थम् । आत्मा । अन्तरिक्षम् । समुद्रः । योनिः । विख्यायेति विऽख्याय । चक्षुषा । त्वम् । अभि । तिष्ठ । पृतन्यतः ॥ २० ॥

पदार्थः—(द्यौः) प्रकाशइव विनयः (ते) तव (पृष्ठम्) अर्वाग्व्यवहारः (पृथिवी) भूमिरिव) (सधस्थम्) सहस्थानम् (आत्मा) स्वस्वरूपं (अन्तरिक्षम्) आकाशइवाक्षयोऽक्षोभः (समुद्रः) सागरइव (योनिः) निमित्तम् (विख्याय) प्रसिद्धीकृत्य (चक्षुषा) लोचनेन (त्वम्) (अभि) आभिमुख्ये (तिष्ठ) (पृतन्यतः) आत्मनः पृतनामिच्छतो जनस्य ॥ २० ॥

अन्वयः—हे विद्वन् राजन् यस्य ते तव द्यौः पृष्ठं पृथिवी सधस्थमन्तरिक्षमात्मा समुद्रो योनिरस्ति स त्वं चक्षुषा विख्याय पृतन्यतोऽभितिष्ठ ॥ २० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०--यो न्यायपथानुगामी दृढोत्साहस्थानात्मा यस्य प्रयोजनानि विवेकसाध्यानि सन्ति तस्य वीरसेना जायते स ध्रुवं विजयं कर्तुं शक्नुयात् ॥ २० ॥

पदार्थ:—हे विद्वन् राजन् जिस (ते) आप का (द्यौः) प्रकाश के तुल्य विनय (पृष्ठम्) इधर का व्यवहार (पृथिवी) भूमि के समान (सधस्थम्) साथ स्थिति (अन्तरिक्षम्) आकाश के समान अविनाशी धैर्य युक्त (आत्मा) अपना स्वरूप और (समुद्रः) समुद्र के तुल्य (योनिः) निमित्त है सो (त्वम्) आप (चक्षुषा) विचार के साथ (विख्याय) अपना ऐश्वर्य्य प्रसिद्ध कर के (पृतन्यतः) अपनी सेना को लड़ाने की इच्छा करते हुए मनुष्य के (अभि) सन्मुख(तिष्ठ) स्थित हूजिये ॥२०॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जो पुरुष न्याय मार्ग के अनुसार उत्साह स्थान, और आत्मा जिस के दृढ़ हों विचार से सिद्ध करने योग्य जिस के प्रयोजन हो उस की सेना वीर होती है वह निश्चल विजय करने को समर्थ होवे ॥ २० ॥

उत्क्रामेत्यस्य मयोभूर्ऋषिः । द्रविणोदा देवता । आर्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

मनुष्यैरिह परमपुरुषार्थेनैश्वर्य्यं जनितव्यमित्याह ॥

मनुष्यों को योग्य है कि इस संसार में परम पुरुषार्थ से ऐश्वर्य्य उत्पन्न करें यह वि० ॥

उत्क्राम महते सौभगायास्मादास्थानाद् द्रविणोदा वाजिन् । वयꣳस्याम सुमतौ पृथिव्या अग्निं खनन्तउपस्थे अस्याः ॥ २१ ॥

उत् । क्राम । महते । सौभगाय । अस्मात् । आस्थानादित्याऽस्थानात् । द्रविणोदा इति द्रविणःऽदाः । वाजिन् । वयम् । स्याम । सुमताविति सुऽमतौ । पृथिव्याः । अग्निम् । खनन्तः । उपस्थ इत्युपऽस्थे । अस्याः ॥ २१ ॥

पदार्थः—(उत्) (क्राम) (महते) (सौभगाय) शोभनैश्वर्य्याय (अस्मात्) (आस्थानात्) निवासस्थानस्य सकाशात् (द्रविणोदाः) धनप्रदः (वाजिन्) प्राप्तैश्वर्य्य (वयम्) (स्याम) (सुमतौ) शोभनप्रज्ञायाम् (पृथिव्याः) भूमेः (अग्निम्) (खनन्तः) (उपस्थे) सामीप्ये (अस्याः) ॥ २१ ॥

अन्वयः—हे वाजिन् विद्वन् यथा द्रविणोदा अस्याः पृथिव्या अस्मादास्थानादुपस्थेऽग्निं खनन्तो वयं महते सौभगाय सुमतौ प्रवृत्ताः स्याम तथा त्वमुत्क्राम ॥ २१ ॥

भावार्थः—मनुष्या इहैश्वर्य्यप्राप्तये सततमुत्तिष्ठेरन् । परस्परं सम्मत्या पृथिव्यादेः सकाशाद्रत्नानि प्राप्नुयुः ॥ २१ ॥

पदार्थः—हे (वाजिन्) ऐश्वर्य्य को प्राप्त हुए विद्वन् जैसे (द्रविणोदाः) धन दाता (अस्याः) इस (पृथिव्याः) भूमि के (अस्मात्) इस (आस्थानात्) निवास के स्थान से (उपस्थे) समीप में (अग्निम्) अग्नि विद्या का (खनन्तः) खोज करते हुए (वयम्) हम लोग (महते) बड़ (सौभगाय) सुन्दर ऐश्वर्य्य के लिये (सुमतौ) अच्छी बुद्धि में प्रवृत्त (स्याम) होवें वैसे आप (उत्क्राम) उन्नति को प्राप्त हूजिये ॥ २१ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को उचित है कि इस संसार में ऐश्वर्य्य पाने के लिये निरन्तर उद्यत रहें । और आपस में हिल मिल के पृथिवी आदि पदार्थों से रत्नों को प्राप्त होवें ॥ २१ ॥

उदक्रमीदित्यस्य मयोभूर्ऋषिः । द्रविणोदा देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

मनुष्या इह किंवद्भूत्वा किं प्राप्नुयुरित्याह ॥

मनुष्य इस संसार में किस के समान हो के किस को प्राप्त हों यह वि० ॥

उद॑क्रमीद्द्रविणो॒दा वा॒ज्यर्वाकः॒ सुलोकꣳ सुकृ॑तं पृथि॒व्याम् । तत॑: खनेम सुप्रतीक॑म॒ग्निꣳस्वो रुहा॑णा॒ अधि॒ नाक॑मुत्त॒मम् ॥ २२ ॥

उत् । अ॒क्र॒मी॒त् । द्र॒वि॒णो॒दा इति॑ द्रविणः॒ऽदाः । वा॒जी । अर्वा॑ । अ॒कः॒ इत्य॑कः । सु । लो॒कम् । सुकृ॑त॒मिति॑ सुऽकृ॑तम् । पृ॒थि॒व्याम् । तत॑: । ख॒ने॒म॒ । सु॒प्रती॑क॒मिति॑ सु॒ऽप्रती॑कम् । अ॒ग्निम् । स्वो॒ता॒ इति॒ स्वः॑ ।

रुहाणाः । अधि । नाकम् । उत्तममिति । उत्ऽतमम् ॥२२॥

पदार्थः—(उत्) (अक्रमीत्) उत्तमतया क्रमणं कुर्यात् (द्रविणोदाः) धनदाता (वाजी) बेगवान् (अर्वा) अश्वइव (अकः) कुर्यात् (सु) (लोकम्) द्रष्टव्यम् (सुकृतम्) धर्माचरणेन प्राप्यम् (पृथिव्याम्) (ततः) (खनेम) (सुप्रतीकम्) शोभना प्रीतिर्यस्य तम् (अग्निम्) व्यापकं विद्युदाख्यम् (स्वः) सुखम् (रुहाणाः) प्रादुर्भवन्तः (अधि) (नाकम्) अविद्यमानदुःखम् (उत्तमम्) अतिश्रेष्ठम् ॥ २२ ॥

अन्वयः—हे भूगर्भविद्याविद्विद्वन् द्रविणोदा भवान् यथा वाजयर्वा तथा पृथिव्यामध्युदक्रमीत् सुलोकं सुकृतमुत्तमं नाकमकः सिद्धं कुर्य्यात् । ततःस्वो रुहाणा वयमस्यां सुप्रतीकमग्निं खनेम ॥ २२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—हे मनुष्याः सर्वे वयं मिलित्वा यथा पृथिव्यामश्वोविक्रमते तथा पुरुषार्थिनो भूत्वा पृथिव्यादिविद्यां प्राप्य दुःखान्युत्क्राम्य सर्वोत्तमं सुखं प्राप्नुयामः ॥ २२ ॥

पदार्थः—हे भूगर्भ विद्या के जानने हारे विद्वान् (द्रविणोदाः) धन दाता आप जैसे (वाजी) बल वाला (अर्वा) घोड़ा ऊपर को उछलता है वैसे (पृथिव्याम्) पृथिवी के बीच (अधि) (उदक्रमीत्) सब से अधिक उन्नति को प्राप्त हूजिये (सुकृतम्) धर्माचरण से प्राप्त होने योग्य (सुलोकम्) अच्छा देखने योग्य (उत्तमम्) अतिश्रेष्ठ (नाकम्) सब दुःखों से रहित सुख को (अकः) सिद्ध कीजिये (ततः) इस के पश्चात् (स्वः) सुख पूर्वक (रुहाणाः) प्रकट होते हुए हम लोग भी इस पृथिवी पर (सुप्रतीकम्) सुन्दर प्रीति का विषय (अग्निम्) व्यापक विजुली रूप अग्नि का (खनेम) खोज करें ॥ २२ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—हे मनुष्यो जैसे पृथिवी पर घोड़े अच्छी२ चाल चलते हैं वैसे हम तुम सब मिल कर पुरुषार्थी हो पृथिवी आदि की पदार्थ विद्या को प्राप्त हों और दुःखों को दूर करके सब से उत्तम सुख को प्राप्त हों ॥ २२ ॥

आत्वेत्यस्य गृत्समदऋषिः । प्रजापतिर्देवता । आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

मनुष्या व्यापिनं वायुं केन जानीयुरित्याह ॥

मनुष्य व्यापक वायु को किस साधन से जानें यह वि० ॥

आ त्वा जिघर्मि मनसा घृतेन प्रतिक्षियन्तं भुवनानि विश्वा । पृथुं तिरश्चा वयसा बृहन्तं व्यचिष्ठमन्नैरभसं दृशानम् ॥ २३ ॥

आ । त्वा । जिघर्मि । मनसा । घृतेन । प्रतिक्षियन्तमिति प्रतिऽक्षियन्तम् । भुवनानि । विश्वा । पृथुम् । तिरश्चा । वयसा । बृहन्तम् । व्यचिष्ठम् । अन्नैः । रभसम् । दृशानम् ॥ २३ ॥

पदार्थः—(आ) (त्वा) त्वाम् (जिघर्मि) (मनसा) (घृतेन) आज्येन (प्रतिक्षियन्तम्) प्रत्यर्थं निवसन्तं (भुवनानि) भवन्ति येषु तानि वस्तूनि (विश्वा) सर्वाणि (पृथुम्) विस्तीर्णम् (तिरश्चा) येन तिरोऽञ्चति तेन (वयसा) जीवनेन (बृहन्तम्) महान्तम् (व्यचिष्ठम्) अतिशयेन विचितारं प्रक्षेप्तारम् (अन्नैः) यवादिभिः (रभसम्) वेगवन्तम् (दृशानम्) संप्रेक्षणीयम् ॥ २३ ॥

अन्वयः—हे जिज्ञासो यथाऽहं मनसा घृतेन सह विश्वा भुवनानि प्रतिक्षियन्तं तिरश्चा वयसा पृथुं बृहन्तमन्नैः सह रभसं व्यचिष्ठं दृशानं वायुमाजिघर्मि तथा त्वामप्येनं धारयामि ॥ २३ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—मनुष्या अग्निद्वारा सुगन्ध्यादीनि द्रव्याणि वायौ प्रक्षिप्य तेन युक्तसुगन्धेनारोगीकृत्य दीर्घं जीवनं प्राप्नुवन्तु ॥ २३ ॥

पदार्थः— हे ज्ञान चाहने वाले पुरुष जैसे मैं (मनसा) मन तथा (घृतेन) घी के साथ (विश्वा) सब (भुवनानि) लोकस्थ वस्तुओं में (प्रतिक्षियन्तम्) प्रत्यक्ष निवास और निश्चय कारक (तिरश्चा) तिरछे चलने रूप (वयसा) जीवन से (पृथुम्) विस्तार युक्त (बृहन्तम्) बड़े (अन्नैः) जौ आदि अन्नों के साथ (रभसम्) बल वाले (व्यचिष्ठम्) अतिशय करके फेंकने वाले (दृशानम्) देखने योग्य वायु के गुणों को (आजिघर्मि) अच्छे प्रकार प्रकाशित करताहूं वैसे (त्वाम्) आप को भी इस वायु के गुणों का धारण कराता हूं ॥ २३ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—मनुष्य अग्नि के द्वारा सुगन्धि आदि द्रव्यों को वायु में पहुंचा उस सुगन्ध से रोगों को दूर कर अधिक अवस्था को प्राप्त होवें ॥ २३ ॥

आविश्वतइत्यस्य गृत्समद ऋषिः । अग्निर्देवता । आर्षीपङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनः कीदृशौ वाय्वग्नी स्त इत्याह ॥

फिर वायु और अग्नि कैसे गुण वाले हैं इस वि० ॥

आ विश्वतः प्रत्यञ्चं जिघर्म्यरक्षसा मनसा तज्जुषेत । मर्यश्रीः स्पृहयद्वर्णो अग्निर्नाभिमृशे तन्वा जर्भुराणः ॥ २४ ॥

आ । विश्वतः । प्रत्यञ्चम् । जिघर्मि । अरक्षसा । मनसा । तत् । जुषेत । मर्य्यश्रीरिति मर्य्यऽश्रीः । स्पृहयद्वर्णइति स्पृहयत्ऽवर्णः । अग्निः । न । अभिमृशइत्यभिऽमृशे । तन्वा । जर्भुराणः ॥ २४ ॥

पदार्थः—(आ) (विश्वतः) सर्वतः (प्रत्यञ्चम्) प्रत्यगञ्चतीति शरीरस्थं वायुम् (जिघर्मि) (अरक्षसा) रक्षोवद्दुष्टतारहितेन (मनसा) चित्तेन (तत्) तेजः (जुषेत) (मर्य्यश्रीः)मर्य्याणां मनुष्याणां श्रीरिव (स्पृहयद्वर्णः) यः स्पृहयद्भिर्वर्ण्यते स्वीक्रियते सइव (अग्निः) शरीरस्था विद्युत्(न) इव (अभिमृशे)आभिमुख्येन मृशन्ति सहन्ते येन तस्मै (तन्वा) शरीरेण (जर्भुराणः) भृशं गात्राणि विनामयत् । अत्र जृभीधातोरौणादिक उरानन् प्रत्ययः ॥ २४ ॥

अन्वयः—मनुष्यो न यथा विश्वतोऽग्निर्वायुश्चाभिमृशेऽस्ति यथा तन्वा जर्भुराणः स्पृहयद्वर्णो मर्य्यश्रीरहं यं प्रत्यञ्चमरक्षसा मनसाऽऽजिघर्मि तथा तज्जुषेत ॥ २४ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलु०—हे मनुष्या यूयं लक्ष्मीप्रापकैरग्न्यादिपदार्थैर्विदितैः कार्य्येषु संयुक्तैः श्रीमन्तो भवत ॥ २४ ॥

पदार्थः—हे मनुष्य (न) जैसे (विश्वतः) सब ओर से (अग्निः) बिजुली और प्राण वायु शरीर में व्यापक होके (अभिमृशे) सहने वाले के लिये हितकारी हैं जैसे (तन्वा) शरीर से (जर्भुराणः) शीघ्र हाथ पांव आदि अङ्गों को चलाता हुआ (स्पृहयद्वर्णः) इच्छा वालों ने स्वीकार किये हुए के समान (मर्य्यश्रीः)

मनुष्यों की शोभा के तुल्य वायु के समान वेग वाला होके मैं जिस (प्रत्यञ्चम्) शरीर के वायु को निरन्तर चलाने वाली विद्युत् को (अरक्षसा) राक्षसों की दुष्टता से रहित (मनसा) चित्त से (आजिघर्मि) प्रकाशित करता हूं वैसे (तत्) उस तेज को (जुषेत) सेवन कर ॥ २४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमा और वाचकलु० । हे मनुष्यो तुम लोग लक्ष्मी प्राप्त कराने हारे अग्नि आदि पदार्थों को जान और उन को कार्यों में संयुक्त कर के धनवान् होओ ॥ २४ ॥

परिवाजपतिरित्यस्य सोमक ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनर्गृहस्थः कीदृशो भवेदित्याह ॥

फिर वह कैसा होवे यह वि० ॥

परि॒ वाज॑पतिः क॒विर॒ग्निर्ह॒व्यान्य॑क्रमीत् । दध॒द्रत्ना॑नि दा॒शुषे॑ ॥ २५ ॥

परि॑ । वाज॑पति॒रिति॒ वाज॑ऽपतिः । क॒विः । अ॒ग्निः । ह॒व्यानि॑ । अ॒क्र॒मीत् । दध॑त् । रत्ना॑नि । दा॒शुषे॑ ॥ २५ ॥

पदार्थः—(परि) सर्वतः (वाजपतिः) अन्नादिरक्षको गृहस्थइव (कविः) क्रान्तदर्शनः (अग्निः) प्रकाशमानः (हव्यानि) होतुं गृहीतुं योग्यानि वस्तूनि (अक्रमीत्) क्रामति (दधत्) धरन् (रत्नानि) सुवर्णादीनि (दाशुषे) दातुं योग्याय विदुषे ॥ २५ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् यो वाजपतिः कविर्दाता गृहस्थो दाशुषे रत्नानि दधदिवाग्निर्हव्यानि पर्य्यक्रामत्तं त्वं जानीहि ॥ २५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु॰—विद्वानग्निना पृथिवीस्थपदार्थेभ्यो धनं प्राप्य सुमार्गे सत्पात्रेभ्यो दत्त्वा विद्याप्रचारेण सर्वान् सुखयेत् ॥ २५ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् जो (वाजपतिः) अन्न आदि की रक्षा करने हारे गृहस्थों के समान (कविः) बहु दर्शी दाता गृहस्थ पुरुष (दाशुषे) दान देने योग्य विद्वान् के लिये (रत्नानि) सुवर्ण आदि उत्तम पदार्थ (दधत्) धारण करते हुए के समान (अग्निः) प्रकाशमान पुरुष (हव्यानि) देने योग्य वस्तुओं को (परि) सब ओर से (अक्रमीत्) प्राप्त होता है उस को तू जान ॥ २५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु॰—विद्वान् पुरुष को चाहिये कि अग्नि विद्या के सहाय से पृथिवी के पदार्थों से धन को प्राप्त हो अच्छे मार्ग में खर्च कर और धर्मात्माओं को दान दे के विद्या के प्रचार से सब को सुख पहुंचावे ॥ २५ ॥

परित्वेत्यस्य पायुर्ऋषिः । अग्निर्देवता । अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

कीदृशः सेनापतिः कार्य्यइत्याह ॥

कैसा सेनापति करना चाहिये इस वि॰

परि॑ त्वाग्ने॒ पुरं॑ व॒यं विप्र॑ꣳ सहस्य धीमहि । धृ॒षद्व॑र्णं दि॒वेदि॑वे ह॒न्तारं॑ भङ्गु॒राव॑ताम् ॥ २६ ॥

परि॑ । त्वा॒ । अ॒ग्ने॒ । पुर॑म् । व॒यम् । विप्र॑म् । स॒ह॒स्य॒ । धी॒म॒हि॒ । धृ॒षद्व॑र्ण॒मिति॑ धृ॒षत्ऽव॑र्णम् । दि॒वेदि॑व॒ इति॑ दि॒वेऽदि॑वे । ह॒न्तार॑म् । भ॒ङ्गु॒राव॑ता॒म् ।

भङ्गुरवंतामितिं भङ्गुरऽवंताम् ॥ २६ ॥

पदार्थः—(परि) (त्वा) त्वाम् (अग्ने) विद्यया प्रकाशमान (पुरम्) येन सर्वान् पिपर्त्ति तत् (वयम्) (विप्रम्) विद्वांसम् (सहस्य) य आत्मनः सहो बलमिच्छाति तत्सम्बुद्धौ (धीमहि) धरेम । अत्र डुधाञ् धातोर्लिङ्आर्धधातुकत्वाच्छबभावः (धृषद्वर्णम्) धृषत्प्रगल्भो दृढो वर्णो यस्य तम् (दिवेदिवे) प्रतिदिनम् (हन्तारम्) (भङ्गुरावताम्) कुत्सिता भङ्गुराः प्रहताः प्रकृतयो विद्यन्ते येषां तेषाम् ॥ २६ ॥

अन्वयः—हे सहस्याऽग्ने यथा वयं दिवेदिवे भङ्गुरावतां पुरमग्निमिव हन्तारं धृषद्वर्णं विप्रं त्वा परिधीमहि तथा त्वमस्मान्धर ॥२६॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—राजप्रजाजनैर्न्यायेन प्रजारक्षकोऽग्निवच्छत्रुहन्ता सर्वदा सुखप्रदः सेनेशो विधेयः ॥ २६ ॥

पदार्थः—हे (सहस्य) अपने को बल चाहने वाले (अग्नि) अग्निवत् विद्या से प्रकाशमान विद्वान् पुरुष जैसे (वयम्) हम लोग (दिवेदिवे) प्रतिदिन (भङ्गुरावताम्) खोटे स्वभाव वालों के (पुरम्) नगर को अग्नि के समान (हन्तारम्) मारने (धृषद्वर्णम्) दृढ़ सुन्दर वर्ण से युक्त (विप्रम्) विद्वान् (त्वा) आप को (परि) सब प्रकार से (धीमहि) धारण करें वैसे तू हम को धारण कर ॥ २६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—राजा और प्रजा के पुरुषों को चाहिये कि न्याय से प्रजा की रक्षा करने अग्नि के समान शत्रुओं को मारने और सब काल में सुख देने हारे पुरुष को सेनापति करें ॥ २६ ॥

त्वमग्नइत्यस्य गृत्समद ऋषिः । अग्निर्देवता पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनः सभेशः कीदृशो भवेदित्याह ॥

फिर सभाध्यक्ष कैसा होना चाहिये यह वि० ॥

त्वम॑ग्ने द्यु॒भि॒स्त्वमा॑शुशु॒क्षणि॒स्त्वम॒द्भ्यस्त्वमश्म॑न॒स्परि॑ ।
त्वं वने॑भ्य॒स्त्वमोष॑धीभ्य॒स्त्वं नृ॒णां नृ॑पते जायसे॒ शुचिः॑ ॥ २७ ॥

त्वम् । अ॒ग्ने॒ । द्यु॒भि॒रिति॑ द्यु॒ऽभिः॑ । त्वम् । आ॒शु॒शु॒क्षणिः॑ । त्वम् । अ॒द्भ्य इत्य॒त्ऽभ्यः । त्वम् । अश्म॑नः । परि॑ । त्वम् । वने॑भ्यः । त्वम् । ओष॑धीभ्यः । त्वम् । नृ॒णाम् । नृ॒प॒त॒ इति॒ नृऽपते । जा॒य॒से॒ । शुचिः॑ ॥ २७ ॥

पदार्थः—(त्वम्) (अग्ने) अग्निवत्प्रकाशमान न्यायाधीश राजन् (द्युभिः) दिनैरिव प्रकाशमानैर्न्यायादिगुणैः (त्वम्) (आशुशुक्षणिः) शीघ्रं २ दुष्टान् क्षणोति हिनस्तीव (त्वम्) (अद्भ्यः) वायुभ्यो जलेभ्यो वा (त्वम्) (अश्मनः) मेघात्पाषाणाद्वा । अश्मेति मेघना० निघं० १ । १० (परि) सर्वतोभावे (त्वम्) (वनेभ्यः) जङ्गलेभ्यो रश्मिभ्यो वा (त्वम्) (ओषधीभ्यः) सोमलतादिभ्यः (त्वम्) (नृणाम्) मनुष्याणाम् (नृपते) नृणां पालक (जायसे) प्रादुर्भवसि (शुचिः) पवित्रः ॥ २७ ॥

इमं मन्त्रं यास्कमुनिरेवंव्याचष्टे । त्वमग्ने द्युभिरहोभिस्त्वमाशुशुक्षणिराशुइति च शु इति च क्षिप्रनामनी भवतः क्षणिरुत्तरः

क्षणोतेराशु शुचा क्षणोतीति वा सनोती वा शुक् शोचतेः पञ्चम्य-र्थे वा प्रथमा तथाहि वाक्यसंयोग आइत्याकार उपसर्गः पुरस्ताच्चि-कीर्षितेऽनुत्तर आशुशोचयिषुरिति शुचिः शोचतेर्ज्वलतिकर्मणोऽय-मपीतरः शुचिरेतस्मादेव निष्षिक्तमस्मात्पापकमिति नैरुक्ताः । निरु० ६ । १ ॥

अन्वयः—हे नृपते अग्ने सभाध्यक्ष राजन् यस्त्वं द्युभिः सूर्यइव त्वमाशुशुक्षणिस्त्वमद्भ्यस्त्वमश्मनस्त्वं वनेभ्यस्त्वमोषधी-भ्यस्त्वं नृणां मध्ये शुचिः परिजायसे तस्मात्त्वामाश्रित्य वयमप्ये-वं भूता भवेम ॥ २७ ॥

भावार्थः—यो राजा सभ्यः प्रजाजनो वा सर्वेभ्यः पदार्थेभ्यो गुणग्रहणविद्याक्रियाकौशलाभ्यामुपकारान् ग्रहीतुं शक्नोति धर्मा-चरणेन पवित्रः शीघ्रकारी च भवति स सर्वाणि सुखानि प्राप्नोति नेतरोऽलसः ॥ २७ ॥

पदार्थः—हे (नृपते) मनुष्यों के पालने हारे (अग्ने) अग्नि के समान प्रकाशमान न्यायाधीश राजन् (त्वम्) आप (द्युभिः) दिनों के समान प्रकाशमान न्याय आदि गुणों से सूर्य्य के समान (त्वम्) आप (आशुशुक्षणिः) शीघ्र २ दुष्टों को मारने हारे (त्वम्) आप (अद्भ्यः) वायु वा जलों से (त्वम्) आप (अश्मनः) मेघ वा पाषाणादि से (त्वम्) आप (वनेभ्यः) जङ्गल वा किरणों से (त्वम्) आप (ओषधिभ्यः) सोमलता आदि ओषधियों से (त्वम्) आप (नृणाम्) मनुष्यों के बीच (शुचिः) पवित्र (परि) सब प्रकार (जायसे) प्रसिद्ध होते हो इस कारण आप का आश्रय लेके हम लोग भी ऐसे ही होवें ॥ २७ ॥

भावार्थः—जो राजा सभासद् वा प्रजा का पुरुष सब पदार्थों से गुण ग्रहण और विद्या तथा क्रिया की कुशलता से उपकार ले सकता धर्म के आचरण से पवित्र तथा

शीघ्रकारी होता है वही सब सुखों को प्राप्त होसकता है अन्य आलसी पुरुष नहीं ॥२७॥

देवस्यत्वेत्यस्य गृत्समदऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिक् प्रकृतिश्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

मनुष्याः किं कृत्वा कस्माद्विद्युतं गृह्णीयुरित्याह ॥

मनुष्य क्या करके किस पदार्थ से बिजुली का ग्रहण करें यह वि० ॥

देवस्यं त्वा सवितुः प्रसुवेऽश्विनौर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्याम् । पृथिव्याः सधस्थादग्निं पुरीष्यमङ्गिरस्वत्खनामि । ज्योतिष्मन्तं त्वाग्ने सुप्रतीकमजस्रेण भानुना दीद्यतम् । शिवं प्रजाभ्योऽहिंᳬसन्तं पृथिव्याः सधस्थादग्निं पुरीष्यमङ्गिरस्वत्खनामः ॥ २८ ॥

देवस्य । त्वा । सवितुः । प्रसव इति प्रऽसवे । अश्विनोः । बाहुभ्याम् । पूष्णः । हस्ताभ्याम् । पृथिव्याः । सधस्थादिति सधऽस्थात् । अग्निम् । पुरीष्यम् । अङ्गिरस्वत् । खनामि । ज्योतिष्मन्तम् । त्वा । अग्ने । सुप्रतीकमिति सुऽप्रतीकम् । अजस्रेण । भानुना । दीद्यतम् । शिवम् । प्रजाभ्य इति प्रऽजाभ्यः ।

अहिं॑ᳪसन्तम्। पृथि॒व्याः॥स॒धस्था॒दिति॑स॒धऽस्था॑त्॥अ॒ग्निम्॥पु॒री॒ष्य॑म्॥अ॒ङ्गि॒र॒स्वत्।ख॒ना॒मः ॥२८॥

पदार्थः—(देवस्य) प्रकाशमानस्य (त्वा) त्वाम् (सवितुः) सर्वस्योत्पादकस्येश्वरस्य (प्रसवे) प्रसूतेऽस्मिन् संसारे (अश्विनोः) द्यावापृथिव्योराकर्षणधारणाभ्यामिव (बाहुभ्याम्) (पूष्णः) प्राणस्य बलपराक्रमाभ्यामिव (हस्ताभ्याम्) (पृथिव्याः) (सधस्थात्) सहस्थानात् (अग्निम्) विद्युतम् (पुरीष्यम्) सुखैः पूरकेषु भवम् (अङ्गिरस्वत्) वायुवद्वर्त्तमानम् (खनामि) निष्पादयामि (ज्योतिष्मन्तम्) बहूनि ज्योतींषि विद्यन्ते यस्मिंस्तम् (त्वा) त्वाम् (अग्ने) भूगर्भादिविद्याविद्विद्वन् (सुप्रतीकम्) सुष्ठुप्रतियन्ति सुखानि यस्मात्तम् (अजस्रेण) निरन्तरेण (भानुना) दीप्त्या (दीद्यतम्) देदीप्यमानम् (शिवम्) मङ्गलमयम् (प्रजाभ्यः) प्रसूताभ्यः (अहिंसन्तम्) अताडयन्तम् (पृथिव्याः) अन्तरिक्षात् (सधस्थात्) सहस्थानात् (अग्निम्) वायुस्थं विद्युतम् (पुरीष्यम्) पालकेषु साधनेषु साधुम् (अङ्गिरस्वत) सूत्रात्मवायुवद्वर्त्तमानम् (खनामः) विलिखामः ॥ २८ ॥

अन्वयः—हे अग्ने शिल्पविद्याविहिद्वन्यथाऽहं सवितुर्देवस्य प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्यां त्वा पुरस्कृत्य पृथिव्याः सधस्थात्पुरीष्यं ज्योतिष्मन्तमजस्रेण भानुना दीद्यतं पुरीष्यमग्निमङ्गिरस्वत्खनामि तथा त्वामाश्रिता वयं पृथिव्याः सधस्थादङ्गिरस्वदहिंसन्तं पुरीष्यं प्रजाभ्यः शिवमग्निं खनामस्तथा सर्वे आचरन्तु॥२८॥

भावार्थः—ये राजप्रजाजनाः सर्वत्र स्थितं विद्युद्रूपमग्निं स-

वेभ्यः पदार्थेभ्यः साधनोपसाधनैः प्रसिद्धीकृत्य कार्येषु प्रयुञ्जते ते शंकरमैश्वर्यं लभन्ते । नहि किंचिदपि प्रजातं वस्तु विद्युद्व्याप्त्या विना वर्त्तत इति विजानन्तु ॥ २८ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) भूगर्भ तथा शिल्प विद्या के जानने हारे विद्वान् जैसे में (सवितुः) सब जगत के उत्पन्न करने हारे (देवस्य) प्रकाशमान ईश्वर के (प्रसवे) उत्पन्न किये संसार में (अश्विनोः) आकाश और पृथिवी के (बाहुभ्याम्) आकर्षण तथा धारण रूप बाहुओं के समान और (पूष्णः) प्राण के (हस्ताभ्याम्) बल और पराक्रम के तुल्य (त्वा) आप को आगे करके (पृथिव्याः) भूमि के (सधस्थात्) एक स्थान से (पुरीष्यम्) पूर्ण सुख देने हारे (ज्योतिष्मन्तम्) बहुत ज्योति वाले (अजस्रेण) निरन्तर (भानुना) दीप्ति से (दीद्यतम्) अत्यन्त प्रकाशमान (पुरीष्यम्) सुन्दर रक्षा करने (अग्निम्) वायु में रहने वाली बिजुली को (अङ्गिरस्वत्) वायु के समान (खनामि) सिद्ध करता हूं । और जैसे (त्वा) आप का आश्रय लेके हम लोग (पृथिव्याः) अन्तरिक्ष के (सधस्थात्) एक प्रदेश से (अङ्गिरस्वत्) सूत्रात्मवायु के समान वर्त्तमान (अहिंसन्तम्) जो कि ताड़ना न करे ऐसे (पुरीष्यम्) पालनेहारे पदार्थों में उत्तम (प्रजाभ्यः) प्रजा के लिये (शिवम्) मङ्गल कारक (अग्निम्) अग्नि को (खनामः) प्रकट करते हैं वैसे सब लोग किया करें ॥ २८ ॥

भावार्थः—जो राज्य और प्रजा के पुरुष सर्वत्र रहने वाले बिजुली रूपी अग्नि को सब पदार्थों से साधन तथा उपसाधनों के द्वारा प्रसिद्ध करके कार्यों में प्रयुक्त करते हैं वे कल्याण कारक ऐश्वर्य्य को प्राप्त होते हैं । कोई भी उत्पन्न हुआ पदार्थ बिजुली की व्याप्ति के बिना खाली नहीं रहता ऐसा तुम सब लोग जानो ॥२८॥

अपांपृष्ठमित्यस्य गृत्समदऋषिः । अग्निर्देवता । स्वराट्पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्याः कीदृशं गृह्णीयुरित्याह ॥

फिर मनुष्य कैसी बिजुली का ग्रहण करें यह वि० ॥

अपां पृष्ठमसि योनिरग्नेः समुद्रमभितः पिन्वमानम्। वर्धमानो महाँ २ आ च पुष्करे दिवो मात्रया वरिम्णा प्रथस्व ॥ २९ ॥

अपाम्। पृष्ठम्। असि। योनिः। अग्नेः। समुद्रम्। अभितः। पिन्वमानम्। वर्धमानः। महान्। आ। च। पुष्करे। दिवः। मात्रया। वरिम्णा। प्रथस्व ॥ २९ ॥

पदार्थः—(अपाम्) जलानाम् (पृष्ठम्) आधारः (असि) (योनिः) संयोगविभागवित् (अग्नेः) सर्वतोऽभिव्याप्तस्य विद्युद्रूपस्य सकाशात्प्रचलन्तम् (समुद्रम्) सम्यगूर्ध्वं द्रवन्त्यापो यस्मात्सागरात्तम् (अभितः) सर्वतः (पिन्वमानम्) सिञ्चन्तम् (वर्धमानः) यो विद्यया क्रियाकौशलेन नित्यं वर्धते (महान्) पूज्यः (आ) (च) सर्वमूर्त्तद्रव्यसमुच्चये (पुष्करे) अन्तरिक्षे वर्त्तमानायाः। पुष्करमित्यन्तरिक्षना० निघं० १।३ (दिवः) दीप्तेः (मात्रया) विभागेन (वरिम्णा) उरोर्बहोर्भावेन (प्रथस्व) विस्तृतसुखो भव ॥ २९ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् यतोऽग्नेर्योनिर्महान् वर्धमानस्त्वमसि तस्मादभितः पिन्वमानमपां पृष्ठं पुष्करे दिवो मात्रया वर्धमानं समुद्रं तत्स्थान् पदार्थांश्च विदित्वा वरिम्णाऽऽप्रथस्व ॥ २९ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या यूयं यथा मूर्त्तेषु पृथिव्यादिषु पदार्थेषु

विद्युद्वर्त्तते तथाऽप्स्वपि मत्वा तामुपकृत्य विस्तृतानि सुखानि सं-
पादयत ॥ २९ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् जिस कारण (अग्नेः) सर्वत्र अभिव्याप्त बिजुली रूप अग्नि के (योनिः) संयोग वियोगों के जानने (महान्) पूजनीय (वर्धमानः) विद्या तथा क्रिया की कुशलता से नित्य बढ़ने वाले आप (असि) हैं। इस लिये (अभितः) सब ओर से (पिन्वमानम्) जल वर्षाते हुए (अपाम्) जलों के (पृष्ठम्) आधार भूत (पुष्करे) अन्तरिक्ष में वर्त्तमान (दिवः) दीप्ति के (मात्रया) विभाग नड़े हुए (समुद्रम्) अच्छे प्रकार जिस में ऊपर को जल उठते हैं उस समुद्र (च) और वहां के सब पदार्थों को जान के (वरिम्णा) बहुत्व के साथ (आप्रथस्व) अच्छे प्रकार सुखों को विस्तार करने वाले हूजिये ॥ २९ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो तुम लोग पृथिवी आदि स्थूल पदार्थों में बिजुली जिस प्रकार वर्त्तमान है वैसे ही जलों में भी है ऐसा समझ और उस से उपकार ले के बड़े २ विस्तार युक्त सुखों को सिद्ध करो ॥ २९ ॥

शर्मचेत्यस्य गृत्समद ऋषिः । दम्पती देवते । विराडार्ष्यनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

अथ स्त्रीपुरुषाभ्यां गृहे स्थित्वा किं साधनीयमित्याह ॥

अब स्त्री और पुरुष घर में रह के क्या २ सिद्ध करें यह वि० ॥

शर्म॑ च॒ स्थो॒ वर्म॑ च॒ स्थोऽछि॑द्रे बहु॒ले उ॒भे । व्य॒चस्व॑ती॒ संव॑साथां भृ॒तम॒ग्निं पु॑री॒ष्य॒म् ॥ ३० ॥

शर्म्म॑ । च॒ । स्थः॒ । वर्म्म॑ । च॒ । स्थः॒ । अछि॑द्रे॒ इत्यछि॑द्रे । ब॒हु॒लेइति॑ब॒हु॒ले । उ॒भे । इत्यु॒भे । व्य॒चस्व॑ती॒इति॒व्य॒चस्व॑ती । सम् । व॒सा॒था॒म् । भृ॒तम् । अ॒ग्निम् । पु॒री॒ष्य॒म् ॥ ३० ॥

पदार्थः—(शर्म्म) गृहम् (च) तत्सामग्रीम् (स्थः) भवतः (वर्म्म) सर्वतो रक्षणम् (च) तत्सहायान् (स्थः) (अच्छिद्रे) अदोषे (बहुले) बहूनर्थान् लान्ति याभ्यां ते (उभे) द्वे (व्यचस्वती) सुखव्याप्तियुक्ते (सम्) (वसाथाम्) आच्छादयतम् (भृतम्) धृतम् (अग्निम्) (पुरीष्यम्) पालनेषु साधुम् ॥ ३० ॥

अन्वयः—हे स्त्रीपुरुषौ युवां शर्म्म च प्राप्तौ स्थः वर्म्म चोभे बहुले व्यचस्वती अच्छिद्रे विद्युदन्तरिक्षइव स्थः । तत्र गृहे भृतं पुरीष्यमग्निं गृहीत्वा संवसाथाम् ॥ ३० ॥

भावार्थः—गृहस्थैर्ब्रह्मचर्येण सत्करणोपकरणक्रियाकुशलतां विद्यां संगृह्यबहुद्वाराणिसर्वर्त्तुसुखप्रदानि सर्वतोभिरक्षान्वितान्यग्न्यादिसाधनोपेतानिगृहाणि निर्माय तत्र सुखेन वसितव्यम्॥ ३० ॥

पदार्थः—हे स्त्री पुरुषो तुम दोनों (शर्म) गृहाश्रम (च) और उस की सामग्री को प्राप्त हुए (स्थः) हो (वर्म) सब ओर उस के सहायकारी पदार्थों को (उभे) दो (बहुले) बहुत अर्थों को ग्रहण करने हारे (व्यचस्वती) सुख की व्याप्ति से युक्त (अच्छिद्रे) निर्दोष बिजुली और अन्तरिक्ष के समान जिस घर में धर्म अर्थ के कार्य्य (स्थः) हैं । उस घर में (भृतम्) पोषण करने हारे (पुरीष्यम्) रक्षा करने में उत्तम (अग्निम्) अग्नि को ग्रहण करके (संवसाथाम्) अच्छे प्रकार आच्छादन करके वसो ॥ ३० ॥

भावार्थः—गृहस्थ लोगों को चाहिये कि ब्रह्मचर्य्य के साथ सत्कार और उपकार पूर्वक क्रिया की कुशलता और विद्या का ग्रहण कर बहुत द्वारों से युक्त सब ऋतुओं में सुखदायक सब ओर की रक्षा और अग्नि आदि साधनों से युक्त घरों को बना के उन में सुख पूर्वक निवास करें ॥ ३० ॥

संवसाथामित्यस्य गृत्समदऋषिः । जायापती देवते । निचृदनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेवविषयमाह ॥
फिर भी वही उक्त वि० ॥

सं व॒साथा॑ᳬ स्व॒र्विदा॑ स॒मीची॒उर॑सा॒त्मना॑ । अ॒ग्निम॒न्तर्भ॑रि॒ष्यन्ती॒ ज्योति॑ष्मन्त॒मज॑स्र॒मित्॥३१॥

सम् । व॒साथा॒म् । स्व॒र्विदेति॑ स्वः॒ऽविदा॑ । स॒मी॒चीइति॑ स॒मीची॑ । उर॑सा । त्मना॑ । अ॒ग्निम् । अ॒न्तः । भ॒रि॒ष्यन्ती॒इति॑ भरि॒ष्यन्ती॑ । ज्योति॑ष्मन्तम् । अज॑स्रम् । इत् ॥ ३१ ॥

पदार्थः—(सम्) सम्यक् (वसाथाम्) आच्छादयतम् (स्वर्विदा) यौ सुखं विन्दतस्तौ (समीची) यौ सम्यगञ्चतो विजानीतस्तौ (उरसा) अन्तःकरणेन (त्मना) आत्मना (अग्निम्) विद्युतम् (अन्तः) सर्वेषां मध्ये वर्त्तमानम् (भरिष्यन्ती) सर्वान् पालयन्तौ (ज्योतिष्मन्तम्) प्रशस्तज्योतिर्युक्तम् (अजस्रम्) निरन्तरम् (इत्) एव ॥ ३१ ॥

अन्वयः—हे स्त्रीपुरुषौ युवां यदि समीची भरिष्यन्ती स्वर्विदा सन्तौ ज्योतिष्मन्तमन्तरग्निमित् त्मनोरसाऽजस्रं संवसाथां तर्हि श्रियमश्नुवाताम् ॥ ३१ ॥

भावार्थः—ये मनुष्या विद्युतमुत्पाद्य स्वीकर्त्तुं शक्नुवन्ति न च ते व्यवहारे दरिद्रा भवन्ति ॥ ३१ ॥

पदार्थः—हे स्त्री पुरुषो तुम दोनों जो (समीची) अच्छे प्रकार पदार्थों को जानने (भरिष्यन्ती) और सब का पालन करने हारे (स्वर्विदा) सुख को प्राप्त होते हुए (ज्योतिष्मन्तम्) अच्छे प्रकार से युक्त (अन्तः) सब पदार्थों के बीच वर्त्तमान (अग्निम्) बिजुली को (इत्) ही (त्मना) उरसा) अपने अन्तः करण से (अजस्रम्) निरन्तर (संवसाथाम्) अच्छीतरह आच्छादन करो तो लक्ष्मी को भोग सको ॥ ३१ ॥

भावार्थः—जो गृहस्थ मनुष्य बिजुली को उत्पन्न करके ग्रहण कर सकते हैं वे व्यवहार में दरिद्र कभी नहीं होते ॥ ३१ ॥

पुरीष्यइत्यस्य भारद्वाज ऋषिः । अग्निर्देवता । त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

विद्वान्विद्युतं कथमुत्पादयेदित्याह ॥
विद्वान् पुरुष बिजुली को कैसे उत्पन्न करे यह वि० ॥

पुरीष्योऽसि विश्वभरा अथर्वा त्वा प्रथमो निरमन्थदग्ने । त्वामग्ने पुष्करादध्यथर्वा निरमन्थत । मूर्ध्नो विश्वस्य वाघतः ॥ ३२ ॥

पुरीष्यः । असि । विश्वभराइतिविश्वऽभराः । अथर्वा । त्वा । प्रथमः । निः । अमन्थत् । अग्ने । त्वाम् । अग्ने । पुष्करात् । अधि । अथर्वा । निः । अमन्थत । मूर्ध्नः । विश्वस्य । वाघतः ॥ ३२ ॥

पदार्थः—(पुरीष्यः) पुरीषेषु पशुषु साधुः (असि) (विश्वभराः) यो विश्वं बिभर्त्ति सः (अथर्वा) अहिंसको विद्वान् (त्वा) त्वाम् (प्रथमः) आद्यः (निः) नितराम् (अमन्थत्) (अग्ने) संपादितक्रियाकौशल (त्वाम्) (अग्ने) विद्वन् (पुष्करात्) अन्तरिक्षात् (अधि) (अथर्वा) हिंसादिदोषरहितः (निः) (अमन्थत) (मूर्ध्नः) मूर्धेव वर्त्तमानस्य विश्वस्य समग्रस्य संसारस्य (वाघतः) मेधावी । वाघतइति मेधाविना० निघं० ३ । १५ । ३२ ॥

अन्वयः—हे अग्ने विद्वन् यो वाघतो भवान् पुरीष्योऽसि-

तं त्वाऽथर्वा प्रथमो विश्वभरा विश्वस्य मूर्ध्नो वर्त्तमानात्पुष्करादध्यग्निं निरमन्थत्सऐश्वर्य्यमाप्नोति ॥ ३२ ॥

भावार्थः—येऽस्मिन् जगति विद्वांसो भवेयुस्ते सुविचारपुरुषार्थाभ्यामग्न्यादिविद्यां प्रसिद्धीकृत्य सर्वेभ्यः शिक्षेरन् ॥ ३२ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) क्रिया की कुशलता को सिद्ध करने हारे विद्वन् जो (वाघतः) शास्त्रवित् आप (पुरीष्यः) पशुओं को सुख देने हारे (असि) हैं उस (त्वा) आप को (अथर्वा) रक्षक (प्रथमः) उत्तम (विश्वभराः) सब का पोषक विद्वान् (विश्वस्य) सब संसार के (मूर्ध्नः) ऊपर वर्त्तमान (पुष्करात्) अन्तरिक्षसे (अधि) समीप अग्नि को (निरमन्थत्) नित्य मन्थन करके ग्रहण करता है वह ऐश्वर्य्य को प्राप्त होता है ॥ ३२ ॥

भावार्थः—जो इस जगत् में विद्वान् पुरुष होवें वे अपने अच्छे विचार और पुरुषार्थ से अग्नि आदि की पदार्थ विद्या को प्रसिद्ध करके सब मनुष्यों को शिक्षा करें ॥ ३२ ॥

तमुत्वेत्यस्य भारद्वाज ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उक्त वि० ॥

तमु त्वा दध्यङ्ङृषिः पुत्र ईधे अथर्वणः । वृत्रहणं पुरन्दरम् ॥ ३३ ॥

तम् । ऊँइत्यूँ । त्वा । दध्यङ् । ऋषिः । पुत्रः । ईधे । अथर्वणः । वृत्रहणम् । वृत्रहनमिति वृत्रऽहनम् । पुरन्दरमिति पुरम्ऽदरम् ॥ ३३ ॥

पदार्थः—(तम्) (उ) वितर्के (त्वा) त्वाम् (दध्यङ्) यो दधीन् सुखधारकानग्न्यादिपदार्थानञ्चति सः (ऋषिः) वेदार्थवित् (पुत्रः) पवित्रः शिष्यः (ईधे) प्रदीपयेत्। अत्र लोपस्तआत्मनेपदेष्विति तकारलोपः (अथर्वणः) अहिंसकस्य विदुषः (वृत्रहणम्) यथा सूर्यो वृत्रं हन्ति तथा शत्रुहन्तारम् (पुरन्दरम्) यः शत्रूणां पुराणि दृणाति तम् ॥ ३२ ॥

अन्वयः—हे राजन्यथाऽथर्वणः पुत्रो दध्यङ्ङृषिरु सकलविद्याविद्वृत्रहणं पुरन्दरमीधे तथैतं सर्वे विद्वांसो विद्याविनयाभ्यां वर्द्धयन्तु ॥ ३२ ॥

भावार्थः—ये याश्च साङ्गोपाङ्गान् वेदानधीत्याविद्वांसो विदुष्यश्च भवेयुस्ते ताश्च राजपुत्रादीन् राजकन्यादींश्च विदुषो विदुषीश्च संपाद्य ताभिर्धर्मेण राजप्रजाव्यवहारान् कारयेयुः ॥ ३२ ॥

पदार्थः—हे राजन् जैसे (अथर्वणः) रक्षक विद्वान् का (पुत्रः) पवित्र शिष्य (दध्यङ्) सुख दायक अग्नि आदि पदार्थों को प्राप्त हुआ (ऋषिः) वेदार्थ जानने हारा (उ) तर्क वितर्क के साथ संपूर्ण विद्याओं का वेत्ता जिस (वृत्रहणम्) सूर्य्य के समान् शत्रुओं को मारने और (पुरन्दरम्) शत्रुओं के नगरों को नष्ट करने वाले आप को (ईधे) तेजस्वी करता है वैसे उन आप को सब विद्वान् लोग विद्या और विनय से उन्नति युक्त करें ॥ ३२ ॥

भावार्थः—जो पुरुष वा स्त्री साङ्गोपाङ्ग सार्थक वेदों को पढ़ के विद्वान् वा विदुषी होवें वे राजपुत्र और राजकन्याओं को विद्वान् और विदुषी करके उन से धर्मानुकूल राज्य तथा प्रजा का व्यवहार करवावें ॥ ३२ ॥

तमुत्वेत्यस्य भारद्वाज ऋषिः। अग्निर्देवता। निचृद्गायत्री छन्दः। षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उक्त वि० ॥

तमु त्वा पाथ्यो वृषा समीधे दस्युहन्तमम्। धनञ्जयꣳरणेरणे ॥ ३४ ॥

तम्। ऊइत्यूँ। त्वा। पाथ्यः। वृषा। सम्। ईधे। दस्युहन्तममिति दस्युहन्ऽतमम्। धनञ्जयमिति। धनम्ऽजयम्। रणेरणइति रणेऽरणे ॥ ३४ ॥

पदार्थः—(तम्) पूर्वोक्तं पदार्थविद्याविदम् (उ) (त्वा) त्वाम् (पाथ्यः) पाथस्सु जलान्नादिपदार्थेषु साधुः (वृषा) वीर्यवान् (सम्) (ईधे) राजधर्मशिक्षया प्रदीप्यताम् (दस्युहन्तमम्) अतिशयेन दस्यूनां हन्तारम् (धनंजयम्) यः शत्रुभ्यो धनं जयति तम् (रणेरणे) युद्धेयुद्धे ॥ ३४ ॥

अन्वयः—हे वीर यस्त्वं पाथ्यो वृषा रणेरणे विद्वान् शौर्य्यादिगुणयुक्तोऽसि तं धनंजयमुदस्युहन्तमं त्वा त्वां वीरसेनया समीधे ॥ ३४ ॥

भावार्थः—राजादयो राजपुरुषा आप्तेभ्यो विद्वद्भ्यो विनयं शुद्धविद्यां प्राप्य प्रजारक्षायै चोरान् हत्वा शत्रून् विजित्य परमैश्वर्य्यमुन्नयेयुः ॥ ३४ ॥

पदार्थः—हे वीर पुरुष जो आप (पाथ्यः) अन्न जल आदि पदार्थों की सिद्धि में कुशल (वृषा) पराक्रमी शूरता आदि युक्त विद्वान् हैं (तम्) पूर्वोक्त पदार्थ

विद्या जानने (धनंजयम्) शत्रुओं से धन जीतने (उ) और (दस्युहन्तमम्) अतिशय करके डांकुओं को मारने वाले (त्वा) आप को वीरों की सेना राज धर्म्म की शिक्षा से (समीधे)प्रदीप्त करें ॥३४ ॥

भावार्थः—राजा तथा राज पुरुषों को चाहिये कि आप्त धर्मात्मा विद्वानों से विनय और युद्ध विद्या को प्राप्त हो प्रजा की रक्षा के लिये चोरों को मार शत्रुओं को जीत कर परम ऐश्वर्य्य की उन्नति करें ॥ ३४ ॥

सीदेत्यस्य देवश्रवोदेववातावृषी । होता देवता । निचृत्त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनर्विदुषः किं कृत्यमस्तीत्याह ॥

फिर विद्वान् का क्या काम है यह वि० ॥

सीदं होतः स्वउं लोके चिकित्वान्त्सादया यज्ञꣳसुकृतस्ययोनौ । देवावीर्देवान्हविषा यजास्यग्ने बृहद्यजमाने वयोधाः ॥ ३५ ॥

सीदं । होतरितिं होतः । स्वे । ऊँइत्यूँ । लोके । चिकित्वान् । सादयं । यज्ञम् । सुकृतस्येतिसुऽकृतस्यं । योनौं । देवावीरितिं देवऽअवीः । देवान् । हविषा । यजासि । अग्ने । बृहत् । यजमाने । वयः । धाः ॥ ३५ ॥

पदार्थः—(सीद) अवस्थितो भव (होतः) दातर्ग्रहीतः (स्वे) सुखे (उ) (लोके) लोकनीये चिकित्वा विज्ञानयुक्तः (सादय) गमय । अत्र अन्येषामपीति दीर्घः (यज्ञम्) धर्म्यं राजप्रजाव्यवहारम्

(सुकृतस्य) सुष्ठुकृतस्य धार्मिकस्य (योनौ) कारणे (देवावीः) देवैरक्षितः शिक्षितश्च (देवान्) विदुषो दिव्यगुणान्वा (हविषा) दानग्रहणयोग्येन न्यायेन (यजासि) याजयेः (अग्ने) विद्वन् (बृहत्) महत् (यजमाने) राजादौ जने चिरंजीविनम् (वयः) दीर्घं जीवनम् (धाः) धेहि ॥ ३५ ॥

अन्वयः—हे अग्ने होतश्चिकित्वाँस्त्वंस्वेलोके सीद । सुकृतस्य योनौ यज्ञं सादय । देवावीः सँस्त्वं हविषा देवान् यजासि यजमाने वयोधाः ॥ ३५ ॥

भावार्थः—विद्वद्भिरस्मिन् जगति द्वे कर्मणी सततं कार्य्ये। आद्यं ब्रह्मचर्य्यजितेन्द्रियत्वादिशिक्षया शरीरारोग्यबलादियुक्तं चिरंजीवनमुत्तरं विद्याक्रियाकौशलग्रहणेनात्मबलं च संसाध्यम् यतः सर्वे मनुष्या शरीरात्मबलयुक्ताः सन्तः सर्वदानन्देयुः ॥ ३५ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) तेजस्वी विद्वन् (होतः) दान देने वाले (चिकित्वान्) विज्ञान से युक्त आप (लोके) देखने योग्य (स्वे) सुख में (सीद) स्थित हूजिये (सुकृतस्य) अच्छे करने योग्य कर्म करने हारे धर्म्मात्मा के (योनौ) कारण में (यज्ञम) धर्म युक्त राज्य और प्रजा के व्यवहार को (सादय) प्राप्त कराइये (हविषा) देने लेने योग्य न्याय से (देवान्) विद्वानों वा दिव्य गुणों को (यजासि) सत्कार सेवा संयोग कीजिये (यजमाने) राजा आदि मनुष्यों में (वयः) बड़ी उमर को (धाः) धारण कीजिये ॥ ३५ ॥

भावार्थः—विद्वान् लोगों को चाहिये कि इस जगत् में दो कर्म निरन्तर करें। प्रथम ब्रह्मचर्य्य और जितेन्द्रियता आदि की शिक्षा से शरीर को रोग रहित बल से युक्त और पूर्ण अवस्थावाला करें । दूसरे विद्या और क्रिया की कुशलता के ग्रहण से आत्मा का बल अच्छे प्रकार साधें कि जिस से सब मनुष्य शरीर और आत्मा के बल से युक्त हुए सब काल में आनन्द भोगें ॥ ३५ ॥

निहोतेत्यस्य गृत्समद ऋषिः । अग्निर्देवता । त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यकृत्यमाह ॥

फिर मनुष्यों का कर्त्तव्य अगले मन्त्र में कहा है ॥

नि होता होतृषदने विदानस्त्वेषो दीदिवाँ २ असदत्सुदक्षः । अदब्धव्रतप्रमतिर्वसिष्ठः सहस्रम्भरः शुचिजिह्वो अग्निः ॥ ३६ ॥

नि । होता । होतृषदने । होतृसदनइति होतृऽसदने । विदानः । त्वेषः । दीदिवानिति दीदिऽवान् । असदत् । सुदक्षइतिसुऽदक्षः । अदब्धव्रतप्रमतिरित्यदब्धव्रतऽप्रमतिः । वसिष्ठः । सहस्रम्भरइतिसहस्रम्ऽभरः । शुचिजिह्वइतिशुचिऽजिह्वः । अग्निः ॥ ३६ ॥

पदार्थः—(नि) नितराम् (होता) शुभगुणग्रहीता (होतृषदने) दातॄणां विदुषां स्थाने (विदानः) विविदिषुः सन् (त्वेषः) शुभगुणैर्दीप्यमानः (दीदिवान्) धर्म्यं व्यवहारं चिकीर्षुः (असदत्) सीदेत् (सुदक्षः)सुष्ठुदक्षो बलं यस्य सः (अदब्धव्रतप्रमतिः) अदब्धैराहिंसनीयैर्व्रतैर्धर्माचरणैःप्रकृष्टामतिर्मेधा यस्य सः (वसिष्ठः) अतिशयेन वसिता (सहस्रम्भरः) यः सहस्रमसंख्यं शुभगुणसमूहं बिभर्त्ति सः (शुचिजिह्वः) शुचिः पवित्रा सत्यभाषणेन जिह्वा वाग् यस्य सः (अग्निः) पावकइव वर्त्तमानः ॥ ३६ ॥

अन्वयः—यदि नरो मनुष्यजन्म प्राप्य होतृषदने दीदिवान् त्वेषो विदानः शुचिजिह्वः सुदक्षोऽदब्धव्रतप्रमतिर्वसिष्ठः सहस्रम्भरो होता सततं न्यसदत्तर्हि समग्रं सुखं प्राप्नुयात् ॥ ३६ ॥

भावार्थः — यदा मातापितरः स्वपुत्रान् कन्याश्च सुशिक्ष्य पुनर्विदुषो विदुष्यश्च समीपे चिरं संस्थाप्याध्यापयेयुस्तदा ताः सूर्य्यइव कुलदेशोद्दीपकाः स्युः ॥ ३६ ॥

पदार्थः—जो जन मनुष्यजन्म को पा के (होतृषदने) दान शील विद्वानों के स्थान में (दीदिवान्) धर्म युक्त व्यवहार का चाहने (त्वेषः) शुभ गुणों से प्रकाशमान (विदानः) ज्ञान बढ़ाने की इच्छा रखने (शुचिजिह्वः) सत्य भाषण से पवित्रवाणी युक्त (सुदक्षः) अच्छे बल वाला (अदब्धव्रतप्रमतिः) रक्षा करने योग्य धर्माचरण रूपी व्रतों से उत्तम बुद्धि युक्त (वसिष्ठः) अत्यन्त वसने (सहस्रम्भरः) असंख्य शुभगुणों को धारण करने वाला (होता) शुभगुणों का ग्राहक पुरुष निरन्तर (न्यसदत्) स्थित होवे तो वह संपूर्ण सुख को प्राप्त होजावे ॥ ३६ ॥

भावार्थः—जब माता पिता अपने पुत्र तथा कन्याओं को अच्छी शिक्षा देने पीछे विद्वान् और विदुषी के समीप बहुत काल तक स्थिति पूर्वक पढ़वावें तब वे कन्या और पुत्र सूर्य्य के समान अपने कुल और देश के प्रकाशक हों ॥ ३६ ॥

संसीदस्वेत्यस्य प्रस्कण्व ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदार्षी बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

अथेहाध्यापकः कीदृशः स्यादित्याह ॥

इस पठन पाठन विषय में अध्यापक कैसा होवे यह वि० ॥

सꣳसीदस्व महाँ२ असि शोचस्व देववीतमः ॥ विधूममग्ने अरुषं मियेध्य सृज प्रशस्त दर्शतम् ॥३७॥

सम् । सीदस्व । महान् । असि । शोचस्व । देववी-

तम॒ इति॒ दे॒व॒ऽवीत॑मः । वि । धू॒मम् । अ॒ग्ने॒ । अ॒रु॒षम् । मि॒ये॒ध्य॒ । सृ॒ज । प्र॒श॒स्तेति॑ प्रऽशस्त । द॒र्श॒तम् ॥ ३७ ॥

पदार्थः—(सम्) (सीदस्व) अध्यापने आस्व (महान्) महागुणविशिष्टः (असि) (शोचस्व) पवित्रो भव (देववीतमः) देवैर्विद्वद्भिः कमनीयतमः (विधूमम्) विगतमलम् (अग्ने) विद्वत्तम (अरुषम्) शोभनस्वरूपम् । अरुषमिति रूपना० निघं० ३ । ७ । (मियेध्य) मिनोति प्रक्षिपति दुष्टान् तत्सम्बुद्धौ । अत्र बाहुलकादौणादिक एध्य प्रत्ययः किच्च (सृज) निष्पादयस्व (प्रशस्त) श्लाघ्य (दर्शतम्) द्रष्टव्यम् ॥ ३७ ॥

अन्वयः—हे प्रशस्त मियेध्याग्ने देववीतमस्त्वं विधूमं दर्शतमरुषं सृज शोचस्व च यतस्त्वं महान् विद्वानसि तस्मादध्यापने संसीदस्व ॥ ३७ ॥

भावार्थः—यो मनुष्यो विदुषां प्रियतमः सुरूपगुणलावण्यसंपन्नः पवित्रोपचितो महानाप्तो विद्वान् भवेत्स एव शास्त्राण्यध्यापयितुं शक्नोति ॥ ३७ ॥

पदार्थः—हे (प्रशस्त) प्रशंसा के योग्य (मियेध्य) दुष्टों को पृथक् करने वाले (अग्ने) तेजस्वी विद्वान् (देववीतमः) विद्वानों को अत्यन्त इष्ट आप (विधूमम्) निर्मल (दर्शतम्) देखने योग्य (अरुषम्) सुन्दर रूप को (सृज) सिद्ध कीजिये तथा (शोचस्व) पवित्र हूजिये । जिस कारण आप (महान्) बड़े२ गुणों में युक्त विद्वान् (असि) हैं । इस लिये पढ़ाने की गद्दी पर (संसीदस्व) अच्छे प्रकार स्थित हूजिये ॥ ३७ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य विद्वानों का अत्यन्त प्रिय अच्छे रूपगुण और लावण्य से युक्त पवित्र बड़ा धर्मात्मा आप्त विद्वान् होवे वही शास्त्रों के पढ़ाने को समर्थ होता है ॥ ३७ ॥

अपोदेवीरित्यस्य सिन्धुद्वीप ऋषिः । आपो देवताः । न्यङ्कुसारिणी बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

अथ जलादिपदार्थशोधनेन प्रजासु किं जायतइत्याह ॥

आगे जल आदि पदार्थों के शोधने से प्रजा में क्या होता है इस वि० ॥

अपो देवीरुप सृज मधुमतीरयक्ष्माय प्रजाभ्यः ।
तासामास्थानादुज्जिहतामोषधयः सुपिप्पलाः॥ ३८॥

अपः । देवीः । उप । सृज । मधुमतीरिति मधुऽमतीः । अयक्ष्माय । प्रजाभ्यइतिप्रऽजाभ्यः । तासाम् । आस्थानादित्याऽस्थानात् । उत् । जिहताम् । ओषधयः । सुपिप्पला इति सुऽपिप्पलाः ॥ ३८ ॥

पदार्थः—(अपः) जलानि (देवीः) दिव्यानि पवित्राणि (उप) (सृज) निष्पादय (मधुमतीः) प्रशस्ता मधवो मधुरादयो गुणा विद्यन्ते यासु ताः (अयक्ष्माय) यक्ष्मादिरोगनिवारणाय (प्रजाभ्यः) पालनीयाभ्यः (तासाम्) अपाम् (आस्थानात्) आस्थायाः (उत्) (जिहताम्) प्राप्नुवन्तु (ओषधयः) सोमादयः (सुपिप्पलाः) शोभनानि पिप्पलानि फलानि यासां ताः ॥ ३८ ॥

अन्वयः—हे सद्वैद्य त्वं मधुमतीर्देवीरप उपसृज यतस्तासामास्थानात्सुपिप्पला ओषधयः प्रजाभ्योऽयक्ष्मायोज्जिहताम् ॥३८॥

भावार्थः—राज्ञा विविधा वैद्याः संरक्षणीयाः । एके सुगन्धादिहोमेन वायुवृष्ट्योषधीः शुद्धाः संपादयेयुः । अपरे सन्तो भिषजो विद्वांसो निदानादिद्वारा सर्वान् प्राणिनोऽरोगान् सततं रक्षयेयुः । नैतत्कर्मणा विना समष्टिसुखं कदाचित्संपद्यते ॥ ३८ ॥

पदार्थः—हे श्रेष्ठ वैद्य पुरुष आप (मधुमतीः) प्रशंसित मधुर आदि गुण युक्त (देवीः) पवित्र (अपः) जलों को (उपसृज) उत्पन्न कीजिये जिस से (तासाम्) उन जलों के (अस्थानात्) आश्रय से (सुपिप्पलाः) सुन्दर फलों वाली (ओषधयः) सोमलता आदि ओषधियों को (प्रजाभ्यः) रक्षा करने योग्य प्राणियों के (अयक्ष्माय) यक्ष्मा आदि रोगों की निवृत्ति के लिये (उज्जिहताम्) प्राप्त हूजिये ॥ ३८ ॥

भावार्थः—राजा को चाहिये कि दो प्रकार के वैद्य रक्खे । एक तो सुगन्ध आदि पदार्थों के होम से वायु वर्षा जल और ओषधियों को शुद्ध करें । दूसरे श्रेष्ठ विद्वान् वैद्य होकर निदान आदि के द्वारा सब प्राणियों को रोग रहित रक्खें । इस कर्म के विना संसार में सार्वजनिक सुख नहीं होसकता ॥ ३८ ॥

सन्तइत्यस्य सिन्धुद्वीप ऋषिः । वायुर्देवता । विराट्त्रिष्टुप् छन्दः, धैवतः स्वरः ॥

अथ स्त्रीपुरुषयोः कर्त्तव्यकर्माह ॥

अब स्त्रीपुरुष का कर्त्तव्य कर्म अगले मन्त्र में कहा है ॥

सन्ते वायुर्मातरिश्वा दधातूत्तानाया हृदयं यद्विकस्तम् । यो देवानां चरसि प्राणथेनकस्मै देव वषडस्तु तुभ्यम् ॥ ३९ ॥

सम् । ते । वायुः । मातरिश्वा । दधातु । उत्ताना-

याः । हृदयम् । यत् । विकस्तमिति विऽकस्तम् । यः । देवानाम् । चरसि । प्राणथेन । कस्मै । देव । वषट् । अस्तु । तुभ्यम् ॥ ३९ ॥

पदार्थः—(सम्) (ते) तव (वायुः) पवनः (मातरिश्वा) यो मातर्यन्तरिक्षे श्वसिति सः (दधातु) धरतु पुष्णातु वा (उत्तानायाः) उत्कृष्टस्तानः शुभलक्षणविस्तारो यस्या राज्ञ्यास्तस्याः (हृदयम्) अन्तःकरणम् (यत्) (विकस्तम्) विविधतया कस्यते शिष्यते यत् तत् (यः) विद्वान् (देवानाम्) धार्मिकाणां विदुषाम् (चरसि) गच्छसि प्राप्नोसि (प्राणथेन) येन प्राणन्ति सुखयन्ति तेन (कस्मै) सुखस्वरूपाय (देव) दिव्यसुखप्रद (वषट्) क्रियाकौशलम् (अस्तु) (तुभ्यम्) ॥ ॥३९

अन्वयः—हे पत्नि उत्तानायास्ते यद्विकस्तं हृदयं तद्यज्ञ शोधितो मातरिश्वा वायुः संदधातु हे देवपते स्वामिन् यस्त्वं प्राणथेन देवानां यद्विकस्तं हृदयं चरसि तस्मै कस्मै तुभ्यं मत्तो वषडस्तु ॥ ३९ ॥

भावार्थः—पूर्णयुवा पुरुषो ब्रह्मचारिण्या सह विवाहं कुर्यात्तस्या अप्रियं कदाचिन्नाचरेत् । या स्त्री कन्या ब्रह्मचारिणा सहोपयमं कुर्यात्तस्यानिष्टं मनसापि न चिन्तयेत् । एवं प्रमुदितौ सन्तौ परस्परं संप्रीत्या गृहकृत्यानि संसाधयेताम् ॥ ३९ ॥

पदार्थः—हे पत्नि राणी (उत्तानायाः) बड़े शुभलक्षणों के विस्तार से युक्त (ते) आप का (यत्) जो (विकस्तम्) अनेक प्रकार से शिक्षा को प्राप्त हुआ

(हृदयम्) अन्तःकरण हो उस को यज्ञ से शुद्ध हुआ (मातरिश्वा) आकाश में चलने वाला (वायुः) पवन (संदधातु) अच्छे प्रकार पुष्ट करे हे (देव) अच्छे सुख देने हारे पति स्वामी (यः) जो विद्वान् आप (प्राणथेन) सुख के हेतु प्राण वायु से (देवानाम्) धर्मात्मा विद्वानों का जिस अनेक प्रकार से शिक्षित हृदय को (चरसि) प्राप्त होते हो उस (कस्मै) सुखस्वरूप (तुभ्यम्) आप के लिये मुझ से (वषट्) क्रिया की कुशलता (अस्तु) प्राप्त होवे ॥ ३९ ॥

भावार्थः—पूर्ण जवान पुरुष जिस ब्रह्मचारिणी कुमारी कन्या के साथ विवाह करे उस के साथ विरुद्ध कभी न करे। जो कन्या पूर्ण युवती स्त्री जिस कुमार ब्रह्मचारी के साथ विवाह करे उस का अनिष्ट कभी मन से भी न विचारे इस प्रकार दोनों परस्पर प्रसन्न हुए प्रीति के साथ घर कार्य्य संभालें ॥ ३९ ॥

सुजातइत्यस्य सिन्धुद्वीप ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिगनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उक्त विषय का उपदेश अ० ॥

सुजातो ज्योतिषा सह शर्म वरूथ मासदत्स्वः । वासो अग्ने विश्वरूपꣳसंव्ययस्व विभावसो ॥४०॥

सुजातइति सुऽजातः । ज्योतिषा । सह । शर्म्म । वरूथम् । आ । असदत् । स्वरिति स्वः । वासः । अग्ने । विश्वरूपमिति विश्वऽरूपम् । सम् । व्यस्व । विभावसो इति विभाऽवसो ॥ ४० ॥

पदार्थः—(सुजातः) सुष्ठुप्रसिद्ध (ज्योतिषा) विद्याप्रकाशेन (सह) (शर्म) गृहम् (वरूथम्) वरम् (आ) (अस-

दत्) सीद (स्वः) शुखम् (वासः) वस्त्रम् (अग्ने) अग्निरिव प्रकाशमान (विश्वरूपम्) विविधस्वरुपम् (सम्) (व्ययस्व) धरस्व (विभावसो) विविधया भया दीप्त्या सहितं वसु धनं यस्य तत्सम्बुद्धौ ॥ ४० ॥

अन्वयः—हे विभावसोऽग्ने ज्योतिषा सह सुजातस्त्वं स्ववॅरूथं शर्मासदत्सीद विश्वरूपं वासो संव्ययस्व ॥ ४० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—विवाहितौ स्त्रीपुरुषौ यथा सूर्य्यो भास्वरतया सर्वं प्रकाशते तथा सुवस्त्रालंकारैरुज्ज्वलौ भूत्वा गृहादीनि वस्तूनि सदा पवित्राणि रक्षेताम् ॥ ४० ॥

पदार्थः—हे (विभावसो) प्रकाश सहित धन से युक्त (अग्ने) अग्नि के तुल्य तेजस्वी (ज्योतिषा) विद्या प्रकाश के साथ (सुजातः) अच्छे प्रसिद्ध आप (स्वः) सुखदायक (वरूथम्) श्रेष्ठ (शर्म्म) घर को (आसदत्) अच्छे प्रकार प्राप्त हूजिये (विश्वरूपम्) अनेक चित्र विचित्ररूपी (वासः) वस्त्र को (संवयस्व) धारण कीजिये ॥ ४० ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—विवाहित स्त्री पुरुषों को चाहिये कि जैसे सूर्य्य अपने प्रकाश से सब जगत् को प्रकाशित करता है वैसे ही अपने सुन्दर वस्त्र और आभूषणों से शोभायमान हो के घर आदि वस्तुओं को सदा पवित्र रक्खें ॥ ४० ॥

उदुतिष्ठेत्यस्य विश्वमना ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिगनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनर्विद्वत्कृत्यमाह ॥

फिर भी विद्वानों का कृत्यअगले मन्त्र में कहा है ॥

उदु तिष्ठ स्वध्वरावा नो देव्या धिया । दृशे च

भासा बृहता सुशुक्वनिराग्ने याहि सुशस्तिभिः॥ ४१ ॥

उत् । ऊँऽइत्यूँ । तिष्ठ । स्वध्वरेति सुऽअध्वर । अव । नः । देव्या । धिया । दृशे । च । भासा बृहता । सुशुक्वनिरिति सुऽशुक्वनिः । आ । अग्ने । याहि । सुशस्तिभिरिति सुशस्तिऽभिः ॥ ४१ ॥

पदार्थः—(उत्) (उ) (तिष्ठ) (स्वध्वर) शोभना अध्वरा अहिंसनीया माननीया व्यवहारा यस्य तत्सम्बुद्धौ (अव) रक्ष । अत्र द्व्यचोतस्तिङ इति दीर्घः (नः) अस्मान् (देव्या) शुद्धविद्या । शिक्षापन्नया (धिया) प्रज्ञया क्रियया वा (दृशे) द्रष्टुम् (च) (भासा) प्रकाशेन (बृहता) महता (सुशुक्वनिः) सुष्ठु शुचां पवित्राणां वनिः संभक्ता (आ) (अग्ने) विद्वन् (याहि) प्राप्नुहि (सुशस्तिभिः) शोभनैः प्रशंसितैर्गुणैः ॥ ४१ ॥

अन्वयः—हे स्वध्वर सज्जन विद्वन् गृहस्थ त्वं सततमुत्तिष्ठ सर्वदा प्रयतस्व । देव्या धिया नोऽव । हे अग्ने अग्निवत्प्रकाशमान सुशुक्वनिस्त्वमु दृशे बृहता भासा सूर्य्यइव सुशस्तिभिः सर्वा विद्या याहि । अस्मांश्च प्रापय ॥ ४१ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—विद्वद्भिः शुद्धविद्याप्रज्ञादानेन सर्वे सततं संरक्ष्याः । नहि सुशिक्षामन्तरा मनुष्याणां सुखायान्यत् किंचिच्छरणमस्ति तस्मादालस्यकपटादीनि कुकर्माणि विहाय विद्याप्रचाराय सदा प्रयतितव्यम् ॥ ४१ ॥

पदार्थः—हे (स्वध्वर) अच्छे माननीय व्यवहार करने वाले सज्जन विद्वन् गृहस्थ आप निरन्तर (उत्तिष्ठ) पुरुषार्थ से उन्नति को प्राप्त हो के अन्य मनुष्यों को प्राप्त सदा किया कीजिये (देव्या) शुद्ध विद्या और शिक्षा से युक्त (धिया) बुद्धि वा क्रिया से (नः) हम लोगों की (अव) रक्षा कीजिये हे (अग्ने) अग्नि के समान प्रकाशमान (सुशुक्वनिः) अच्छे पवित्र पदार्थों के विभाग करने हारे आप (उ) तर्क के साथ (दृशे) देखने को (बृहता) बड़े (भासा) प्रकाश रूप सूर्य्य के तुल्य (सुशस्तिभिः) सुन्दर प्रशंसित गुणों के साथ सब विद्याओं को (याहि) प्राप्त हूजिये । और हमारे लिये भी सब विद्याओं को प्राप्त कीजिये ॥ ४१ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—विद्वान् लोगों को चाहिये कि शुद्ध विद्या और बुद्धि के दान से सब मनुष्यों की निरन्तर रक्षा करें । क्यों कि अच्छी शिक्षा के विना मनुष्यों के सुख के लिये और कोई भी आश्रय नहीं है । इस लिये सब को उचित है कि आलस्य और कपट आदि कुकर्मों को छोड़ के विद्या के प्रचार के लिये सदा प्रयत्न किया करें ॥ ४१ ॥

ऊर्ध्वइत्यस्य कण्वऋषिः । अग्निर्देवता । उपरिष्टाद्बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनर्विद्वत्कृत्यमाह ॥

फिर भी उक्त विषय अगले मन्त्र में कहा है ॥

ऊर्ध्व ऊ षु ण ऊतये तिष्ठा देवो न सविता । ऊर्ध्वो वाजस्य सनिता यदञ्जिभिर्वाघद्भिर्विह्वयामहे ॥ ४२ ॥

ऊर्ध्वः । ऊँइत्यूँ । सु । नः । ऊतये । तिष्ठ । देवः । न । सविता । ऊर्ध्वः । वाजस्य । सनिता । यत् । अञ्जिभिरित्यञ्जिऽभिः । वाघद्भिरिति

वा॒घत्ऽभिः॑ । वि॒ह्व॒यामह॒ इति॑ वि॒ह्व॒यामहे ॥४२॥

पदार्थः—(ऊर्ध्वः) उपरिस्थः (उ) (सु) (नः) अस्माकम् (ऊतये) रक्षणाद्याय (तिष्ठ) द्व्यचोऽतस्तिङ इति दीर्घः (देवः) द्योतकः (न) इव (सविता) भास्करः (ऊर्ध्वः) उत्कृष्टः (वाजस्य) विज्ञानस्य (सनिता) संभाजकः (यत्) यः (अञ्जिभिः) व्यक्तिकारकैः किरणैः (वाघद्भिः) युद्धविद्याकुशलैर्मेधाविभिः (विह्वयामहे) विशेषेण स्पर्द्धामहे ॥ ४२ ॥

अन्वयः—हे विद्वन्नध्यापक त्वमूर्ध्वः सविता देवो न न ऊतये सुतिष्ठ सुस्थिरो भव । यद्यस्त्वमञ्जिभिर्वाघद्भिः सह वाजस्य सनिता भव तमु वयं विह्वयामहे ॥ ४२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० अध्यापकोपदेशका जना यथा सविता भूमिचन्द्रादिभ्य उपरिस्थः सन् स्वज्योतिषा सर्वं संरक्ष्य प्रकाशयति तथोत्कृष्टगुणैर्विद्यान्यायं प्रकाश्य सर्वाः प्रजाः सदा सुशोभयेयुः ॥ ४२ ॥

पदार्थः—हे अध्यापक विद्वान् आप (ऊर्ध्वः) ऊपर आकाश में रहने वाले (देवः) प्रकाशक (सविता) सूर्य्य के (न) समान (नः) हमारी (ऊतये) रक्षा आदि के लिये (सुतिष्ठ) अच्छे प्रकार स्थित हूजिये (यत्) जो आप (अञ्जिभिः) प्रकट करने हारे किरणों के सदृश (वाघद्भिः) युद्ध विद्या में कुशल बुद्धिमानों के साथ (वाजस्य) विज्ञान के (सनिता) सेवन हारे हूजिये (उ) उसी को हम लोग (विह्वयामहे) विशेष करके बुलाते हैं ॥ ४२ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—अध्यापक और उपदेशक विद्वान् को चाहिये कि जैसे सूर्य्य भूमि और चन्द्रमा आदि लोकों से ऊपर स्थित होके अपनी कि-

रश्मों से सब जगत्की रक्षा के लिये प्रकाश करता है। वैसे उत्तम गुणों से विद्या और न्याय का प्रकाश करके सब प्रजाओं को सदा सुशोभित करें ॥ ४२ ॥

सजात इत्यस्य त्रित ऋषिः । अग्निर्देवता । विराट्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ जनकापत्यव्यवहारमाह ॥

अब पिता पुत्र का व्यवहार अगले मन्त्र में कहा है ॥

सजातो गर्भो असिरोदस्योरग्नेचारुर्विभृत ओषधीषु । चित्रः शिशुः परितमांꣳस्यक्तून् प्रमातृभ्यो अधि कनिक्रदद्गाः ॥ ४३ ॥

सः । जातः । गर्भः । असि । रोदस्योः । अग्ने । चारुः । विभृतइति विऽभृतः । ओषधीषु । चित्रः । शिशुः । परि । तमांꣳसि । अक्तून् । प्र । मातृभ्यइति मातृभ्यः । अधि । कनिक्रदत् । गाः ॥ ४३ ॥

पदार्थः—(सः) (जातः) प्रसिद्धः (गर्भः) यो गीर्यते स्वीक्रियते सः (असि) (रोदस्योः) द्यावापृथिव्योः (अग्ने) विद्वन् (चारुः) सुन्दरः (विभृतः) विशेषेण धृतः पोषितो वा (ओषधीषु) सोमादिषु (चित्रः) अद्भुतः (शिशुः) बालकः (परि) (तमांसि) रात्रीः (अक्तून्) अन्धकारान् (प्र) (मातृभ्यः) मान्यकर्त्रीभ्यः (अधि) (कनिक्रदत्) गच्छन् (गाः) गच्छति। अत्राऽडभावः ॥ ४३ ॥

अन्वयः—हे अग्ने यस्त्वं यथा रोदस्योर्जातश्चारुरोषधीषु विभृ-ताश्चित्रो गर्भोऽर्को मातृभ्यस्तमांस्यक्तून् पर्य्यधिकनिक्रदत्सन् गा गच्छति तथाभूतः शिशुर्गा विद्याः प्राप्नुहि ॥ ४२ ॥

भावार्थः—यथा ब्रह्मचर्य्यादिसुनियमैर्जनितः पुत्रो विद्या अ-धीत्य पितरौ सुखयति तथैव जनकौ प्रजाः सुखयेताम् ॥ ४३ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वन् जो आप जैसे (रोदस्योः) आकाश और पृ-थिवी में (जातः) प्रसिद्ध (चारुः) सुन्दर (ओषधीषु) सोमलतादि ओषधियों में (विभृतः) विशेष करके धारण वा पोषण किया (चित्रः) आश्चर्य्य रूप (गर्भः) स्वीकार करने योग्य सूर्य्य (मातृभ्यः) मान्य करने हारी माता अर्थात् किरणों से (त-मांसि) रात्रियों तथा (अक्तून्) अन्धेरों को (पर्य्यधिकनिक्रदत्) सब ओर से अधि-क करके चलता हुआ (गाः) चलाता है वैसे ही (शिशुः) बालक (गाः) विद्या को प्राप्त होवें ॥ ॥ ४२ ॥

भावार्थः—जैसे ब्रह्मचर्य्य आदि अच्छे नियमों से उत्पन्न किया पुत्र विद्या पढ़ के माता पिता को सुख देता है वैसे ही माता पिता को चाहिये कि प्रजा को सु-ख देवें ॥ ४३ ॥

स्थिरोभवेत्यस्य त्रित ऋषिः अग्निर्देवता विराडनुष्टुप्छन्दः गान्धारः स्वरः ॥

अथ पितरौ स्वापत्यानि कथं शिक्षेयातामित्यु० ॥

अब मात पिता अपने सन्तानों को किस प्रकार शिक्षा करें यह वि० ॥

स्थिरो भव वीड्वङ्ग आशुर्भव वाज्यर्वन् । पृथुर्भव सुषदस्त्वमग्नेः पुरीषवाहणः ॥ ४४ ॥

स्थिरः । भव । वीड्वङ्गइति वीडुऽअङ्गः । आशुः ।

भव । वाजी । अर्वन् । पृथुः । भव । सुषदः ।
सुसदइति सुसदः । त्वम् । अग्नेः । पुरीषवाहणः ।
पुरीषवाहनइति पुरीषऽवाहनः ॥ ४४ ॥

पदार्थः—(स्थिरः) निश्चलः (भव) (वीडुवङ्गः) वीडूनि दृढानि बलिष्ठान्यङ्गानि यस्य सः (आशुः) शीघ्रकारी (भव) (वाजी) प्राप्तनीतिः (अर्वन्) विज्ञानयुक्त (पृथुः) विस्तृतसुखः (भव) (सुषदः) यः शोभनेषु व्यवहारेषु सीदति सः (त्वम्) (अग्नेः) पावकस्य (पुरीषवाहणः) यः पुरीषाणि पालनादीनि कर्माणि वाहयति प्रापयति सः ॥ ४४ ॥

अन्वयः—हे अर्वन् पुत्र त्वं विद्याग्रहणाय स्थिरो भव वाजी वीडुवङ्ग आशुर्भव । त्वमग्नेः सुषदःपुरीषवाहणः पृथुर्भव ॥४४॥

भावार्थः—हे सुसन्ताना युष्माभिर्ब्रह्मचर्येण शरीरबलं विद्या सुशिक्षाभ्यामात्मबलं पूर्णं दृढं कृत्वा स्थिरतया रक्षा विधेया । आग्नेयाऽस्त्रादिना शत्रुविनाशश्चेति मातापितरः स्वसन्तानान् सुशिक्षेयुः ॥ ४४ ॥

पदार्थः—हे (अर्वन्) विज्ञान युक्त पुत्र तू विद्या ग्रहण के लिये (स्थिरः) दृढ़ (भव) हो (वाजी) नीति को प्राप्त होके (वीडुवङ्गः) दृढ़ अति बलवान् अवयवों से युक्त (आशुः) शीघ्र कर्म करने वाला (भव) हो तू (अग्नेः) अग्नी संबन्धी (सुषदः) सुन्दर व्यवहारों में स्थित और (पुरीषवाहणः) पालन आदि शुभ कर्मों को प्राप्त कराने वाला (पृथुः) सुख का विस्तार करने हारा (भव) हो ॥ ४४ ॥

भावार्थः—हे अच्छे सन्तानो तुम को चाहिये कि ब्रह्मचर्य्य सेवन से शरीर का बल और विद्या तथा अच्छी शिक्षा से आत्मा का बल पूर्ण दृढ़ कर स्थिरता से

रक्षा करो और आग्नेय आदि अस्त्र विद्या से शत्रुओं का विनाश करो इस प्रकार माता पिता अपने सन्तानों को शिक्षा करें ॥ ४४ ॥

शिवइत्यस्य चित्र ऋषिः । अग्निर्देवता । विराट्पथ्या बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तैः प्रजासु कथं वर्त्तितव्यमित्याह ॥

फिर उन को प्रजा में कैसे वर्त्तना चाहिये इस वि० ॥

शिवो भव प्रजाभ्यो मानुषीभ्यस्त्वमङ्गिरः । मा द्यावापृथिवी अभि शोचीर्मान्तरिक्षं मा वनस्पतीन् ॥ ४५ ॥

शिवः । भव । प्रजाभ्यइति प्रजाऽभ्यः । मानुषीभ्यः । त्वम् । अङ्गिरः । मा । द्यावापृथिवीइति द्यावापृथिवी । अभि । शोचीः । मा । अन्तरिक्षम् । मा । वनस्पतीन् ॥ ४५ ॥

पदार्थः—(शिवः) कल्याणकरो मङ्गलमयः (भव) (प्रजाभ्यः) प्रसिद्धाभ्यः (मानुषीभ्यः) मनुष्यादिभ्यः (त्वम्) (अङ्गिरः) प्राणइव प्रिय (मा) निषेधे (द्यावापृथिवी) विद्युद्भूमी (अभि) आभ्यन्तरे (शोचीः) शोकं कुर्य्याः (मा) (अन्तरिक्षम्) अवकाशम् (मा) वनस्पतीन् वटादीन् ॥ ४५ ॥

अन्वयः—हे अङ्गिरस्त्वं मानुषीभ्यः प्रजाभ्यः शिवो भव द्यावापृथिवी माभिशोचीरन्तरिक्षं माभिशोचीर्वनस्पतीन्माभिशोचीः ॥ ४५ ॥

भावार्थः—सन्तानैः प्रजाः प्रति मङ्गलाचरणेन भूत्वा पृथिव्यादीनां मध्ये निश्शोकैः स्थातव्यम् । किन्त्वेतेषां रक्षां विधायोपकारायोत्साहतया प्रयतितव्यम् ॥ ४५ ॥

पदार्थः—हे (अङ्गिरः) प्राणों के समान प्रियसुसन्तान तू (मानुषीभ्यः) मनुष्य आदि (प्रजाभ्यः) प्रसिद्ध प्रजाओं के लिये (शिवः) कल्याणकारी मङ्गलमय (भव) हो (द्यावापृथिवी) बिजुली और भूमि के विषय में (मा). मत (अभिशोचीः) अतिशोच मत कर (अन्तरिक्षम्) अवकाश के विषय में (मा) मत शोच कर और (वनस्पतीन्) वट आदि वनस्पतियों का शोच मत कर ॥ ४५ ॥

भावार्थः—सुसन्तानों को चाहिये कि प्रजा के प्रति मङ्गलाचारी हो के पृथिवी आदि पदार्थों के विषय में शोक रहित होवें । किन्तु इन सब पदार्थों की रक्षा विधान कर उपकार के लिये उत्साह के साथ प्रयत्न करें ॥ ४५ ॥

प्रैतुवाजीत्यस्य चित ऋषिः । अग्निर्देवता । ब्राह्मी बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनः स एव विषय उपदिश्यते ॥

फिर भी उक्त वि० ॥

प्रैतु वाजी कनिक्रदन्नानदद्रासभः पत्वा । भरन्नग्निं पुरीष्यं मा पाद्यायुषः पुरा । वृषाग्निं वृषणं भरन्नपां गर्भꣳ समुद्रियम् । अग्न आयाहि वीतये ॥ ४६ ॥

प्र । एतु । वाजी । कनिक्रदत् । नानदत् । रासभः । पत्वा । भरन् । अग्निम् । पुरीष्यम् ।

मा । पा॒दि॒ । आयु॑षः । पु॒रा । वृषा॑ । अ॒ग्निम् । वृष॑णम् । भर॑न् । अ॒पाम् । गर्भ॑म् । स॒मु॒द्रिय॑म् । अग्ने॑ । आ । या॒हि॒ । वी॒तये॑ ॥ ४६ ॥

पदार्थः—(प्र) (एतु) गच्छतु (वाजी) अश्वः (कनिक्रदत्) गच्छन् (नानदत्) भृशं शब्दं कुर्वन् (रासभः) दातुं योग्यः (पत्वा) पतति गच्छतीति (भरन्) धरन् (अग्निम्) विद्युतम् (पुरीष्यम्) पुरीषेषु पालनेषु साधुम् (मा) (पादि) गच्छ (आयुषः) नियतवर्षाज्जीवनात् (पुरा) पूर्वम् (वृषा) बलिष्ठः (अग्निम्) सूर्य्याख्यम् (वृषणम्) वर्षयितारम् (भरन्) (अपाम्) जलानाम् (गर्भम्) (समुद्रियम्) समुद्रे भवम् (अग्ने) विद्वन्(आ)याहि प्राप्नुहि (वीतये) विविधसुखानां व्याप्तये॥ ४६ ॥

अन्वयः—हे अग्ने सुसन्तान भवान् कनिक्रदन्नानदद्रासभः पत्वा वाजीवायुषः पुरा मा प्रैतु । पुरीष्यमग्निं भरन्मा पादि । इतस्ततो मागच्छ वृषापां गर्भं समुद्रियं वृषणमग्निं भरन् सन् वीतय आयाहि ॥ ४६ ॥

भावार्थः—मनुष्या विषयलोलुपतात्यागेन ब्रह्मचर्य्येण पूर्णं जीवनं धृत्वाऽग्न्यादिपदार्थविज्ञानाद्धर्म्यं व्यवहारमुन्नयेयुः ॥ ४६ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वन् उत्तम सन्तान तू (कनिक्रदत्) चलते और (नानदत्) शीघ्र शब्द करते हुए (रासभः) देने योग्य (पत्वा) चलने वाले वा (वाजी) घोड़ा के समान (आयुषः) नियत वर्षों की अवस्था से (पुरा) पहिले (मा) न (प्रैतु) मरे (पुरीष्यम्) रक्षा के हेतु पदार्थों में उत्तम (अग्निम्) बिजुली (भरन्) धारण

करता हुआ (मापादि) इधर उधर मत भाग जैसे (वृषा) अतिबलवान् (अपाम्) जलों के (समुद्रियम्) समुद्र में हुए (गर्भम्) स्वीकार करने योग्य (वृषणम्) वर्षाकरने हारे (अग्निम्) सूर्य्य को (भरन्) धारणकरता हुआ (वीतये) सुखों की व्याप्ति के लिये (आयाहि)अच्छे प्रकार प्राप्त हो ॥ ४६ ॥

भावार्थः—राजा आदि मनुष्यों को योग्य है कि अपने सन्तानों को विषयों की लोलुपता से छुड़ा के ब्रह्मचर्य्य के साथ पूर्ण अवस्था को धारण कर अग्नि आदि पदार्थों के विज्ञान से धर्म्म युक्त व्यवहार की उन्नति करावें ॥ ४६ ॥

ऋतमित्यस्य चितऋषिः । अग्निर्देवता । विराड्ब्राह्मी त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

मनुष्यैः किं किमाचरणीयं किं किं च त्यक्तव्यमित्याह ॥

मनुष्यों को क्या २ आचरण करना और क्या २ छोड़ना चाहिये यह वि० ॥

ऋतꣳ सत्यमृतꣳ सत्यमग्निं पुरीष्यमङ्गिरस्वद्भरामः । ओषधयः प्रतिमोदध्वमग्निमेतꣳ शिवमायन्तमभ्यत्र युष्माः । व्यस्यन् विश्वा अनिरा अमीवा निषीदन्नो अप दुर्मतिं जहि ॥ ४७ ॥

ऋतम् । सत्यम् । ऋतम् । सत्यम् । अग्निम् । पुरीष्यम् । अङ्गिरस्वत् । भरामः । ओषधयः । प्रति । मोदध्वम् । अग्निम् । एतम् । शिवम् । आयन्तमित्याऽयन्तम् । अभि । अत्र । युष्माः । व्यस्यन्निति विऽअस्यन् । विश्वाः । अनिराः ।

अमी॑वाः । नि॒षीद॑न् । नि॒सीद॒न्निति॑ नि॒ऽसीद॑न् । न॒ः । अप॑ । दु॒र्म॒तिमिति॑ दुःऽम॒तिम् । ज॒हि॒ ॥४७॥

पदार्थः—(ऋतम्) यथार्थम् (सत्यम्) अविनश्वरम् (ऋतम्) अव्यभिचारी (सत्यम्) सत्सु पुरुषेषु साधु सत्यं मानं भाषणं कर्म च (अग्निम्) विद्युतम् (पुरीष्यम्) पालनसाधनेषु भवम् (अङ्गिरस्वत्) वायुवत् (भरामः) धरामः (ओषधयः) यवादयः (प्रति) (मोदध्वम्) सुखयत (अग्निम्) (एतम्) पूर्वोक्तम् (शिवम्) मङ्गलकारिणम् (आयन्तम्) प्राप्नुवन्तम् (अभि) आभिमुख्ये (अत्र) (युष्माः) युष्मान् । अत्र वाच्छन्दसीति शसो नादेशाभावः (व्यस्यन्) विविधतया प्रक्षिपन् (विश्वाः) सर्वाः (अनिराः) नितरां दातुमयोग्याः (अमीवाः) रोगपीडाः (निषीदन्) अवस्थितः सन् (नः) अस्माकम् (अप) दूरीकरणे (दुर्मतिम्) दुष्टां मतिम् (जहि) नाशय ॥ ४७ ॥

अन्वयः—हे सन्ताना यथा वयमृतं सत्यमृतं सत्यं पुरीष्यमग्निमङ्गिरस्वद्भरामः । एतमायन्तं शिवमग्निं भूत्वा यूयमप्यभिमोदध्वम् । या ओषधयो युष्माः प्रति प्राप्नुवन्ति ता वयं भरामः । हे वैद्य त्वं विश्वा अनिरा अमीवा व्यस्यन्नत्र निषीदन्नो दुर्मतिमपजहि दूरीकुर्वित्येनं प्रार्थयत ॥ ४७ ॥

भावार्थः—मनुष्या ऋतं सत्यं परं सत्यं कारणं ब्रह्मापरमृतं सत्यमव्यक्तं जीवाख्यं सत्यभाषणादिकं प्रकृतिजमग्न्योषधिसमूहं च

विद्यया शरीरस्य ज्वरादिरोगानात्मनोऽविद्यादींश्च निरस्य मादकद्र-व्यत्यागेन सुमतिं संपाद्य सुखं प्राप्य नित्यं मोदन्तां मा कदाचिदे तद्विपरीताचरणेन सुखं हित्वा दुःखसागरे पतन्तु ॥ ४७ ॥

पदार्थः—हे सुसन्तानो जैसे हम लोग (ऋतम्) यथार्थ (सत्यम्) नाश रहित (ऋतम्) अव्यभिचारी (सत्यम्) सत्पुरुषों में श्रेष्ठ तथा सत्य मानना बोलना और करना (पुरीष्यम्) रक्षा के साधनों में उत्तम (अग्निम्) बिजुली को (आङ्गिरस्वत्) वायु के तुल्य (भरामः) धारण करते हैं (एतम्) इस पूर्वोक्त (आयन्तम्) प्राप्त हुए (शिवम्) मङ्गल कारी (अग्निम्) बिजुली को प्राप्त हो के तुम लोग भी (अभिमोदध्वम्) आनन्दित रहो जो (ओषधयः) जौ आदि ओषधि (युष्माः) तुम्हारे (प्रति) लिये प्राप्त होवें उन को हम लोग धारण करते हैं वैसे तुम भी करो । हे वैद्य आप (विश्वाः) सब (अनिराः) जो निरन्तर देने योग्य न हों (अमीवाः) ऐसी रोगों की पीड़ा (व्यस्यन्) अनेक प्रकार से अलग करते और (अत्र) इस आयुर्वेद विद्या में (निषीदन्) स्थित हो के (नः) हम लोगों की (दुर्मतिम्) दुष्ट बुद्धि को (अपजहि) सब प्रकार दूर कीजिये इस प्रकार इस वैद्य की प्रार्थना करो ॥ ४७ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो तुम लोगों को उचित है कि यथार्थ अविनाशी परकारण ब्रह्म दूसरा कारण यथार्थ अविनाशी अव्यक्त जीव सत्य भाषणादि तथा प्रकृति से उत्पन्न हुए अग्नि और ओषधि आदि पदार्थों के धारण से शरीर के ज्वर आदि रोगों और आत्मा के अविद्या आदि दोषों को छुड़ा के मद्य आदि द्रव्यों के त्याग से अच्छी बुद्धि कर और सुख को प्राप्त हो के नित्य आनन्द में रहो । और कभी इस से विपरीत आचरण कर सुख को छोड़ के दुःख सागर में मत गिरो ॥ ४७ ॥

ओषधयइत्यस्य चित ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिगनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

स्त्रियोपि किं किमाचरेयुरित्याह ॥

स्त्रियों को क्या २ आचरण करना चाहिये यह वि० ॥

ओषधयः प्रतिगृभ्णीत पुष्पवतीः सुपिप्पलाः ।
अयं वो गर्भ ऋत्वियः प्रत्नꣳसधस्थमासदत् ॥४८॥

ओषधयः । प्रति । गृभ्णीत । पुष्पवतीरिति पुष्पऽवतीः । सुपिप्पलाइति सुऽपिप्पलाः । अयम् । वः । गर्भः । ऋत्वियः । प्रत्नम् । सधस्थमिति सधऽस्थम् । आ । असदत् ॥ ४८ ॥

पदार्थः—(ओषधयः) सोमादयः (प्रति) (गृभ्णीत) गृह्णीत (पुष्पवतीः) श्रेष्ठानि पुष्पाणि यासां ताः (सुपिप्पलाः) शोभनफलाः (अयम्) (वः) युष्माकम्) (गर्भः) (ऋत्वियः) ऋतुः प्राप्तोऽस्य सः (प्रत्नम्) पुरातनम् (सधस्थम्) सहस्थानम् (आ) (असदत्) प्राप्नुयात् ॥ ४८ ॥

अन्वयः—हे स्त्रियो यूयं या ओषधयः सन्ति याभ्योऽयमृत्वियो गर्भो वः प्रत्नं सधस्थं गर्भाशयमासदत्ताः पुष्पवतीः सुपिप्पला ओषधीः प्रति गृभ्णीत ॥ ४८ ॥

भावार्थः— मातापितृभ्यां कन्याभ्यो व्याकरणादिकमध्याप्य वैद्यकशास्त्रमप्यध्यापनीयम् । यत इमा आरोग्यकारिका गर्भसंपादिनीरोषधीर्विज्ञाय सुसन्तानान्युत्पाद्य सततं प्रमोदेरन् ॥ ४८ ॥

पदार्थः—हे स्त्रियो तुम लोग जो (ओषधयः) सोमलता आदि ओषधि हैं जिन से (अयम्) यह (ऋत्वियः) ठीक ऋतु काल को प्राप्त हुआ (गर्भः) गर्भ (वः) तुम्हारे (प्रत्नम्) प्राचीन (सधस्थम्) नियत स्थान गर्भाशय को प्राप्त

होवे उन (पुष्पवतीः) श्रेष्ठ पुष्पों वाली (सुपिप्पलाः) सुन्दर फलों से युक्त ओषधियों को (प्रतिगृभ्णीत) निश्चय करके ग्रहण करो ॥ ४८ ॥

भावार्थः—माता पिता को चाहिये कि अपनी कन्याओं को व्याकरण आदि शास्त्र पढ़ा के वैद्यक शास्त्र पढ़ावें । जिस से ये कन्या लोग रोगों का नाश और गर्भ का स्थापन करने वाली ओषधियों को जान और अच्छे सन्तानों को उत्पन्न करके निरन्तर आनन्द भोगें ॥ ४८ ॥

विपाजसेत्यस्योत्कील ऋषिः । अग्निर्देवता । त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

विवाहसमये स्त्रीपुरुषौ किं किं प्रतिजानीयातामित्यु० ॥

विवाह के समय स्त्री और पुरुष क्या २ प्रतिज्ञा करें यह वि० ॥

वि पाजसा पृथुना शोशुचानो बाधस्व द्विषो रक्षसो अमीवाः । सुशर्मणो बृहतः शर्मणि स्यामग्नेरहꣳसुहवस्य प्रणीतौ ॥ ४९ ॥

वि । पाजसा । पृथुना । शोशुचानः । बाधस्व । द्विषः । रक्षसः । अमीवाः । सुशर्म्मणइतिसुऽशर्मणः । बृहतः । शर्मणि । स्याम । अग्नेः । अहम् । सुहवस्येतिसुऽहवस्य । प्रणीतौ । प्रनीताविति प्रऽनीतौ ॥ ४९ ॥

पदार्थः—(वि) विविधेन (पाजसा) बलेन । पातेर्बले जुट् च उ० ४ । २१० । इत्यसुन् पाजइति बलना० निघं० २ । ९ (पृथुना) विस्तीर्णेन (शोशुचानः) भृशं शुचिः सन् (बाधस्व) (द्विषः)

शत्रुभूता व्यभिचारिणीर्द्वेषत्नीः (रक्षसः) दुष्टाः (अमीवाः) रोगइव प्राणिनां पीडकाः (सुशर्मणः) सुशोभितगृहस्य (बृहतः) महतः (शर्मणि) सुखकारके गृहे (स्याम्) वर्त्तेय (अग्नेः) अग्निवद्देदीप्यमानस्य (अहम्) पत्नी (सुहवस्य) शोभनो हवो ग्रहणं दानं वा यस्य तस्य (प्रणीतौ) प्रकृष्टायां धर्म्यायां नीतौ ॥ ४९ ॥

अन्वयः—हे पते यदि त्वं पृथुना विपाजसा बलेन सह शोशुचानः सदा वर्त्तेथा अमीवा रक्षसो द्विषो बाधस्व तर्हि बृहतः सुशर्मणः सुहवस्याग्नेस्ते शर्मणि प्रणीतौ चाहं पत्नी स्याम् ॥ ४९ ॥

भावार्थः—विवाहसमये पुरुषेण स्त्रिया च व्यभिचारत्यागस्य प्रतिज्ञां कृत्वा व्यभिचारिणीनां स्त्रीणां लम्पटानां पुरुषाणां च सर्वथा संगं त्यक्त्वा परस्परमप्यतिविषयासक्तिं विहाय ऋतुगामिनौ भूत्वान्योऽन्यं प्रीत्या वीर्यवन्त्यपत्यान्युत्पादयेताम् । नहि व्यभिचारेण तुल्यं स्त्रियाः पुरुषस्य चाप्रियमनायुष्यमकीर्तिकरं कर्म विद्यते तस्मादेतत्सर्वथा त्यक्त्वा धर्माचारिणौ भूत्वा दीर्घायुषौ स्याताम् ॥ ४९ ॥

पदार्थः—हे पते जो आप (पृथुना) विस्तृत (वि) विविध प्रकार के (पाजसा) बल के साथ (शोशुचानः) शीघ्र शुद्ध सदा वर्त्ते और (अमीवाः) रोगों के समान प्राणियों को पीड़ा देने हारी (रक्षसः) दुष्ट (द्विषः) शत्रु रूप व्यभिचारिणी स्त्रियों को (बाधस्व) ताड़ना देवें तो मैं (बृहतः) बड़े (सुशर्मणः) अच्छे शोभायमान (सुहवस्य) सुन्दर लेना देना व्यवहार जिस में हो ऐसे (अग्नेः) अग्नि के तुल्य प्रकाश मान आप के (शर्मणि) सुख कारक घर में और (प्रणीतौ) उत्तम धर्म युक्त नीति में आप की स्त्री (स्याम्) होऊं ॥ ४९ ॥

भावार्थः—विवाह समय में स्त्री पुरुष को चाहिये कि व्यभिचार छोड़ने की प्रतिज्ञा कर व्यभिचारिणी स्त्री और लम्पट पुरुषों का संग सर्वथा छोड़ आपस में भी

अति विषयासक्ति को छोड़ और ऋतुगामी होके परस्पर प्रीति के साथ पराक्रम वाले सन्तानों को उत्पन्न करें। क्योंकि स्त्री वा पुरुष के लिये अप्रिय आयु का नाशक निन्दा के योग्य कर्म व्यभिचार के समान दूसरा कोई भी नहीं है इस लिये इस व्यभिचार कर्म को सब प्रकार छोड़ और धर्माचरण करने वाला हो के पूर्ण अवस्था के सुख को भोगें ॥ ४९ ॥

आपोहिष्ठेत्यस्य सिन्धुद्वीप ऋषिः। आपो देवता। गायत्री छन्दः। षड्जः स्वरः॥

अथ कृतविवाहाः स्त्रीपुरुषा अन्योन्यं कथं वर्त्तेरन्नित्याह॥

अब विवाह किये स्त्री और पुरुष आपस में कैसे वर्त्तें यह वि० ॥

आपो हि ष्ठा मयोभुवस्तान ऊर्जे दधातन। महे रणाय चक्षसे ॥ ५० ॥

आपः। हि। स्थ। मयोभुव इति मयःऽभुवः। ताः। नः। ऊर्जे। दधातन। महे। रणाय। चक्षसे ॥५०॥

पदार्थः—(आपः) आपइव शुभगुणव्यापिकाः (हि) खलु (स्थ) भवत। अत्रान्येषामपीति दीर्घः (मयोभुवः) सुखं भावुकाः (ताः) (नः) अस्माकम् (ऊर्जे) बलयुक्ताय (दधातन) धरत (महे) महते (रणाय) संग्रामाय (चक्षसे) ख्यातुं योग्याय ॥५०॥

अन्वयः—हे जलवद्वर्त्तमाना आपइव याः स्त्रियो यूयं मयोभुवः स्थ ता ऊर्जे महे रणाय चक्षसे नो दधातन ॥ ५० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा स्त्रियः स्वपतीन् प्रीणयेयुस्तथैव पतयः स्वस्वस्त्रियः सदा सुखयन्तु। एते युद्धकर्मण्यपि पृथङ् न वसेयुरर्थात्सहैव सदा वर्त्तेरन् ॥ ५० ॥

पदार्थः—हे (आपः) जलों के समान शुभ गुणों में व्याप्त होने वाली श्रेष्ठ स्त्रियो जो तुम लोग (मयोभुवः) सुख भोगने वाली (स्थ) हो (ताः) वे तुम (ऊर्जे) बलयुक्त पराक्रम और (महे) बड़े २ (चक्षसे) कहने योग्य (रणाय) संग्राम के लिये (नः) हम लोगों को (हि) निश्चय करके (दधातन) धारण करो ॥ ५० ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जैसे स्त्री अपने पतियों को रक्खें वैसे पति भी अपनी २ स्त्रियों को सदा सुख देवें । ये दोनों युद्ध कर्म में भी पृथक् २ न वर्त्तें । अर्थात् इकट्ठे ही सदा वर्त्ताव रक्खें ॥ ५० ॥

योवइत्यस्य सिन्धुद्वीप ऋषिः । आपो देवताः । गायत्रीछन्दः षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी वही उक्त विषय अगले मंत्र में कहा है ॥

यो वः शिवतमो रसस्तस्य भाजयतेह नः । उशतीरिव मातरः ॥ ५१ ॥

यः । वः । शिवतमइति शिवऽतमः । रसः । तस्य । भाजयत । इह । नः । उशतीरिवेत्युशतीःऽइव । मातरः ॥ ५१ ॥

पदार्थः—(यः) (वः) युष्माकम् (शिवतमः) अतिशयेन सुखकारी (रसः) आनन्दः (तस्य) (भाजयत) सेवयत (इह) अस्मिन् गृहाश्रमे (नः) अस्माकमस्मान् वा (उशतीरिव) यथा कामयमानाः (मातरः) जनन्यः ॥ ५१ ॥

अन्वयः—हे स्त्रियो वो न इह यः शिवतमो रसोऽस्ति तस्य मातरः पुत्रानुशतीरिव भाजयत ॥ ५१ ॥

भावार्थः—स्त्रीभिर्मातापितरौ पुत्रानिव स्वंस्वं पतिं स्वा स्वा पत्नी प्रीत्या सेवताम् । एवमेव स्वां स्वां स्त्रियं पतिश्च यथा जलानि तृषातुरान् प्राणिनस्तर्प्यन्ति तथैव सुशीलतयानन्देन तृप्ताःसन्तु ॥५१॥

पदार्थः—हे स्त्रियो (वः) तुम्हारा और (नः) हमारा (इह) इस गृहाश्रम में जो (शिवतमः) अत्यन्त सुखकारी (रसः) कर्त्तव्य आनन्द है (तस्य) उस का (मातरः) (उशतीरिव) जैसे कामयमान माता अपने पुत्रों को सेवन करती हैं वैसे (भाजयत) सेवन करो ॥ ५१ ॥

भावार्थः—स्त्रियों को चाहिये कि जैसे माता पिता अपने पुत्रों का सेवन करते हैं वैसे अपने २ पतियों की प्रीति पूर्वक सेवा करें । ऐसे ही अपनी २ स्त्रियों की पति भी सेवा करें । जैसे प्यासे प्राणियों को जल तृप्त करता है वैसे अच्छे स्वभाव के आनन्द से स्त्री पुरुष भी परस्पर प्रसन्न रहें ॥ ५१ ॥

तस्माइत्यस्य सिन्धुद्वीप ऋषिः । आपो देवताः । गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उक्त विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

तस्मा अरं॑ गमाम वो॒ यस्य॒ क्षया॑य॒ जिन्व॑थ। आपो॑ जनय॑था च नः ॥ ५२ ॥

तस्मै॑ । अर॑म् । ग॒मा॒म॒ । वः॒ । यस्य॑ । क्षया॑य । जिन्व॑थ । आप॑ः । ज॒नय॑थ । च॒ । नः॒ ॥ ५२ ॥

पदार्थः—(तस्मै) वक्ष्यमाणाय (अरम्) अलम् । अत्र कपिलकादित्वाल्लत्वम् (गमाम) गच्छेम (वः) युष्मान् (यस्य) जनस्य (क्षयाय) निवासार्थाय गृहाय (जिन्वथ) प्रीणयत (आपः)

जलानीव (जनयथ) उत्पादयत । अत्रान्येषामपीति दीर्घः (च) सुखादीनांसमुच्चये (नः) अस्माकम् ॥ ५२ ॥

अन्वयः—हे आपो जलवद्वर्त्तमानाः या यूयं नः क्षयाय जिन्वथ जनयथच ता वो युष्मान्वयमरं गमाम यस्य प्रतिज्ञातस्य धर्म्यव्यवहारस्य पालिका भवत तस्यैव वयमपि भवेम ॥ ५२ ॥

भावार्थः—पुरुषो यस्याः स्त्रियः पतिर्यस्य पुरुषस्य या स्त्री पत्नी भवेत्स सा च परस्परस्यानिष्टं कदापि न कुर्य्यात् । एवं सुखसन्तानैरलंकृतौ भूत्वा धर्मेण गृहकृत्यानि कुर्य्यातां ॥ ५२ ॥

पदार्थः—हे (आपः) जलों के समान शान्त स्वभाव से वर्त्तमान स्त्रियो जो तुम लोग (नः) हम लोगों के (क्षयाय) निवासस्थान के लिये (जिन्वथ) तृप्त और (जनयथ) अच्छे सन्तान उत्पन्न करो उन (वः) तुम लोगों को हम लोग (अरम्) सामर्थ्य के साथ (गमाम) प्राप्त होवें । जिस धर्म युक्त व्यवहार की प्रतिज्ञा करो उस का पालन करने वाली होओ और उसी का पालन करने वाले हम लोग भी होवें ॥ ५२ ॥

भावार्थः—जिस पुरुष की जो स्त्री वा जिस स्त्री का जो पुरुष हो वे आपस में किसी का अनिष्ट चिन्तन कदापि न करें ऐसे ही सुख और सन्तानों से शोभायमान हो के धर्म्म से घर के कार्य्य करें ॥ ५२ ॥

मित्र इत्यस्य सिन्धुद्वीप ऋषिः । मित्रो देवता । उपरिष्टाद्बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी वही विषय अगले मन्त्र में कहा है ॥

मित्रः स॒ᳫं॑सृ॒ज्य॑ पृथि॒वीं भूमिं॑ च॒ ज्योति॑षा स॒ह । सुजा॑तं जा॒तवे॑दसमय॒क्ष्माय॑ त्वा॒ सᳫं सृ॑जामि प्र॒जाभ्यः॑ ॥ ५३ ॥

मित्रः । सᳬसृज्येति सम्ऽसृज्य । पृथिवीम् । भूमिम् । च । ज्योतिषा । सह । सुजातमिति सुऽजातम् । जातवेदसमिति जातऽवेदसम् । अयक्ष्माय । त्वा । सम् । सृजामि । प्रजाभ्यइतिप्रऽजाभ्यः ॥ ५३ ॥

पदार्थः—(मित्रः) सर्वेषां सुहृत्सन् (संसृज्य) संसर्गी भूत्वा (पृथिवीम्) अन्तरिक्षम् (भूमिम्) क्षितिम् (च) (ज्योतिषा) विद्यान्यायसुशिक्षाप्रकाशेन (सह) (सुजातम्) सुष्ठुप्रसिद्धम् (जातवेदसम्) उत्पन्नं वेद विज्ञानम् (अयक्ष्माय) अरोग्याय (त्वा) त्वाम् (सम्) (सृजामि) निष्पादयामि (प्रजाभ्यः) पालनीयाभ्यः ॥ ५३ ॥

अन्वयः—हे पते यस्त्वं मित्रः प्रजाभ्योऽयक्ष्माय ज्योतिषा सह पृथिवीं भुमिं च संसृज्य मां सुखयसि । तं सुजातं जात वेदसं त्वाऽहमप्येतदर्थं संसृजामि ॥ ५३ ॥

भावार्थः—स्त्रीपुरुषाभ्यां सद्गुणविद्वत्संगाच्छ्रेष्ठाचारं कृत्वा शरीरात्मनोरारोग्यं संपाद्य सुप्रजा उत्पादनीयाः ॥ ५३ ॥

पदार्थः—हे पते जो आप(मित्रः) सब के हो केमित्र (प्रजाभ्यः)पालने योग्य प्रजाओं को (अयक्ष्माय) आरोग्य के लिये (ज्योतिषा) विद्या और न्याय को अच्छी शिक्षा के प्रकाश के (सह) साथ (पृथिवीम्) अन्तरिक्ष (च) और (भुमिम्)पृथिवी के साथ (संसृज्य)सम्बन्ध करके मुझ का सुख देते हो। उस (सुजातम्) अच्छे प्रकार प्रसिद्ध (जातवेदसम्) वेदों के जानने हारे (त्वा) आप को मैं (संसृजामि) प्रसिद्ध करती हूं ॥ ५३ ॥

भावार्थः—स्त्रीपुरुषों को चाहिये कि श्रेष्ठ गुणवान् विद्वानों के संग से शुद्ध आचार का ग्रहण कर शरीर और आत्मा के आरोग्य को प्राप्त हो के अच्छे २ सन्तानों को उत्पन्न करें ॥ ५३ ॥

रुद्राइत्यस्य सिन्धुद्वीप ऋषिः। रुद्रा देवताः। अनुष्टुप्छन्दः। गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी वही वि० ॥

रुद्राः स॒ꣳसृज्य॑ पृथि॒वीं बृ॒हज्ज्योति॒ः समी॑धिरे।
तेषां॑ भा॒नुरज॑स्र॒ इच्छु॒क्रो दे॒वेषु॑ रोचते ॥ ५४ ॥

रु॒द्राः। स॒ꣳसृज्येति॑ स॒म्ऽसृज्य॑। पृ॒थि॒वीम्। बृ॒ह॒त्। ज्योति॑ः। सम्। ई॒धि॒रे॒। तेषा॑म्। भा॒नुः। अज॑स्रः। इत्। शु॒क्रः। दे॒वेषु॑। रो॒च॒ते॒ ॥ ५४ ॥

पदार्थः—(रुद्राः) यथा प्राणरूपा वायवः (संसृज्य) सूर्य्यमुत्पाद्य (पृथिवीम्) भूमिम् (बृहत्) महत् (ज्योतिः) प्रकाशम् (सम्) (ईधिरे) दीपयन्ति (तेषाम्) वायूनां सकाशादुत्पाद्य (भानुः) सूर्य्यः (अजस्रः) बहुरजस्रं प्रकाशो निरन्तरः विद्यते यस्मिन् सः। अत्र अर्शआदित्वादच् (इत्) इव (शुक्रः) भास्वरः (देवेषु) दिव्येषु पृथिव्यादिषु (रोचते) प्रकाशते ॥ ५४ ॥

अन्वयः—हे स्त्रीपुरुषा यथा रुद्राः सूर्य्यं संसृज्य पृथिवीं बृहज्ज्योतिः समीधिरे तेषां सकाशादुत्पन्नः शुक्रो भानुर्देवेष्वज-

स्रो रोचतइदिव विद्यान्यायार्कमुत्पाद्य प्रजाजनान् प्रकाशयते तेभ्यः प्रजासु दिव्यानि सुखानि प्रचारयत ॥ ५४ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यथा वायुः सूर्य्यस्य सूर्य्यःप्रकाशस्य प्रकाशश्चाक्षुषव्यवहारस्य च कारणमस्ति तथैव स्त्रीपुरुषाः परस्परस्य सुखस्य साधनोपसाधनकारिणो भूत्वा सुखानि साधयेयुः ॥ ५४ ॥

पदार्थः—हे स्त्रीपुरुषो (इत्) जैसे (रुद्राः) प्राण वायु के अवयव रूप समानादि वायु (संसृज्य) सूर्य्य को उत्पन्न कर के (पृथिवीम्) भूमिको (बृहत्) बड़े (ज्योतिः) प्रकाश के साथ (समीधिरे) प्रकाशित करते हैं (तेषाम्) उन से उत्पन्न हुआ (शुक्रः) कान्तिमान् (भानुः) सूर्य्य (देवेषु) दिव्य पृथिवी आदि में (अजस्रः) निरन्तर (रोचते) प्रकाश करता है वैसे ही विद्या रूपी न्याय सूर्य्य को उत्पन्न कर के प्रजा पुरुषों को प्रकाशित और उन से प्रजाओं में दिव्य सुख का प्रचार करो ॥ ५४ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—जैसे वायु सूर्य्य का सूर्य्य प्रकाश का प्रकाश नेत्रों से देखने के व्यवहार का कारण है वैसे ही स्त्री पुरुष आपस के सुख के साधन उपसाधन करने वाले हो के सुखों को सिद्ध करें ॥ ५४ ॥

संसृष्टामित्यस्य सिन्धुद्वीपऋषिः । सिनीवाली देवता । विराडनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

स्त्रीभिः किं भूताः सेविका रक्षणीयाइत्याह ॥

स्त्रियों को कैसी दासी रखनी चाहिये यह वि० ॥

स॒ꣳसृ॑ष्टां॒ वसु॑भी रु॒द्रैः धीरैः॑ कर्म॒ण्यां मृद॑म् । ह॒स्ताभ्यां॑ मृ॒द्वीं कृ॒त्वा सि॑नीवा॒ली कृ॑णोतु॒ ताम् ॥ ५५ ॥

स॒ꣳसृ॒ष्टामिति॒ सम्ऽसृ॑ष्टाम् । वसु॑भि॒रिति॒ वसु॑ऽ

रुद्रैः । धीरैः । कर्मण्याम् । मृदम् । हस्ताभ्याम् । मृद्वीम् । कृत्वा । सिनीवाली । कृणोतु । ताम् ॥ ५५ ॥

पदार्थः—(संसृष्टाम्) सम्यक् सुशिक्षया निष्पादिताम् (वसुभिः) कृतेन चतुर्विंशतिवर्षब्रह्मचर्य्येण प्राप्तविद्यैः (रुद्रैः) सेवितेन चतुश्चत्वारिंशद्वर्षब्रह्मचर्य्येण विद्याबलयुक्तैः (धीरैः) सुसंयमैः (कर्मण्याम्) या कर्मभिः संपद्यते ताम् । अत्र कर्मवेषाद्यत । अ० ५ । १ । १०० इति कर्मशब्दात् संपादिन्यर्थे यत् (मृदम्) कोमलाङ्गीम् (हस्ताभ्याम्) (मृद्वीम्) मृदुगुणस्वभावाम् (कृत्वा) (सिनीवाली) या सिनीः प्रेमबद्धाः कन्या बलयति सा (कृणोतु) करोतु (ताम्) ॥ ५५ ॥

अन्वयः—हे पते भवान् शिल्पी हस्ताभ्यां कर्मण्यां मृदामिव धीरैर्वसुभीरुद्रैर्या शिक्षया संसृष्टां मृद्वीं कृणोतु या सिनीवाली वर्त्तते तां स्त्रियं कृत्वा सुखयतु ॥ ५५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा कुलालादिभिः शिल्पिभिर्जलेन मृत्तिकां कोमलां कृत्वा तत्संभूतान् घटादीन् रचयित्वा सुखकार्य्याणि साध्नुवन्ति तथैव विद्वद्भिर्मातापितृभिः शिक्षिता हृद्याः कन्याः ब्रह्मचारिणो विवाहाय संगृह्य गृहकृत्यानि साध्नुवन्तु ॥ ५५ ॥

पदार्थः—हे पते आप जैसे कारीगर मनुष्य (हस्ताभ्याम्) हाथों से (कर्मण्याम्) क्रिया से सिद्ध की हुई (मृदम्) मट्टी को योग्य करता है वैसे (धीरैः) अच्छा

संयम रखने (वसुभिः) जो चौबीस वर्ष ब्रह्मचर्य्य के सेवन से विद्या को प्राप्त हुए (रुद्रैः) और जिन्हों ने चवालीस वर्ष ब्रह्मचर्य्य के सेवन से विद्या बल को पूर्ण किया हो उन्हों से (संसृष्टाम्) अच्छी शिक्षा को प्राप्त हुई हो उस ब्रह्मचारिणी युवती को (मृद्वीम्) कोमल गुण स्वभाव वाली (कृणोतु) कीजिये और जो स्त्री (सिनीबाली) प्रेमबद्ध कन्याओं को बलवान् करने वाली है (ताम्) उस को अपनी स्त्री करके सुखी कीजिये ॥५५॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जैसे कुम्हार आदि कारीगर लोग जल मट्टी को कोमल कर उस से घड़े आदि पदार्थ बना के सुख के काम सिद्ध करते हैं वैसे ही विद्वान् माता पिता से शिक्षा को प्राप्त हुई हृदय को प्रिय ब्रह्मचारिणी कन्याओं को पुरुष लोग विवाह के लिये ग्रहण कर के सब काम सिद्ध करें ॥ ५५ ॥

सिनीबालीत्यस्य सिन्धुद्वीप ऋषिः । अदितिर्देवता । विराडनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तदेवाह ॥

फिर भी पूर्वोक्त वि० ॥

सिनीवाली सुकपर्दा सुकुरीरा स्वौपशा । सा तुभ्यमदिते मह्योखा दधातु हस्तयोः ॥ ५६ ॥

सिनीवाली । सुकपर्देति सुऽकपर्दा । सुकुरीरेति सुऽकुरीरा । स्वौपशेति सुऽऔपशा । सा । तुभ्यम् । अदिते । महि । आ । उखाम् । दधातु । हस्तयोः ॥ ५६ ॥

पदार्थः—(सिनीवाली) प्रेमास्पदाढ्या (सुकपर्दा) सुकेशी (सुकुरीरा) शोभनानि कुरीराण्यलंकृतान्याभूषणानि यथा सा

कृञ उच्च । उ० ४ । ३४ इति । ईरन्प्रत्ययः (स्वौपशा) उप-समीपे श्यति तनूकरोति यया पाकक्रियया सोपशा तस्या इदं कर्मौपशं तच्छोभनं विद्यते यस्याः सा (सा) (तुभ्यम्) (अदिते) अखण्डितानन्दे (महि) पूज्ये (आ) (उखाम्) सूपादिसाधनीं स्थालीम् (दधातु) (हस्तयोः) ॥ ५६ ॥

अन्वयः—हे मह्यदिते या सिनीवाली सुकपर्दा सुकुरीरा स्वौपशा यस्यै तुभ्यं हस्तयोरुखां दधातु सा त्वया संसेव्या ॥ ५६ ॥

भावार्थः—सतीभिः स्त्रीभिः सुशिक्षिताश्चतुराः परिचारिका रक्षणीयाः । यतः सर्वाः पाचकादिसेवा यथाकालं स्युः ॥ ५६ ॥

पदार्थः—हे (महि) सत्कार के योग्य (अदिते) अखंडित आनन्द भोगने वाली स्त्री जो (सिनीवाली) प्रेम से युक्त (सुकपर्दा) अच्छे केशों वाली (सुकुरीरा) सुन्दर श्रेष्ठ कर्मों को सेवने हारी और (स्वौपशा) अच्छे स्वादिष्ठ भोजन के पदार्थ बनाने वाली जिस (तुभ्यम्) तेरे (हस्तयोः) हाथों में (उखाम्) दाल आदि रांधने की बटलोई को (दधातु) धारण करे (सा) उस का तू सेवन कर ॥ ५६ ॥

भावार्थः—श्रेष्ठ स्त्रियों को उचित है कि अच्छी शिक्षित चतुर दासियों को रक्खें कि जिस से सब पाक आदि की सेवा ठीक २ समय पर होती रहे ॥ ५६ ॥

उखामित्यस्य सिन्धुद्वीप ऋषिः । अदितिर्देवता । भुरिग्बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी वही वि० ॥

उखां कृणोतु शक्त्या बाहुभ्यामदितिर्धिया । माता

पुत्रं यथोपस्थे साग्निं बिभर्तु गर्भ आ मखस्य शिरोऽसि ॥ ५७ ॥

उखाम् । कृणोतु । शक्त्या । बाहुभ्यामिति बाहुऽभ्याम् । अदितिः । धिया । माता । पुत्रम् । यथा । उपस्थइत्युपऽस्थे । सा । अग्निम् । बिभर्तु । गर्भे । आ । मखस्य । शिरः । असि ॥ ५७ ॥

पदार्थः-(उखाम्) पाकस्थालीम् (कृणोतु) (शक्त्या) पाकविद्यासामर्थ्येन (बाहुभ्याम्) (अदितिः) जननी (धिया) प्रज्ञया कर्मणा वा (माता) (पुत्रम्) (यथा) (उपस्थे) स्वाङ्के (सा) पत्नी (अग्निम्) अग्निमिव वर्त्तमानं वीर्य्यम् (बिभर्तु) (गर्भे) कुक्षौ (आ) (मखस्य) यज्ञस्य (शिरः) उत्तमाङ्गवद्वर्त्तमानः (असि) ॥ ५७ ॥

अन्वयः-हे गृहस्थ यतस्त्वं मखस्य शिरोऽसि तस्माद्भवान् धिया शक्त्या बाहुभ्यामुखां कृणोतु । याऽदितिस्ते स्त्री वर्त्तते सा गर्भे यथा मातोपस्थे पुत्रं धरति तथाऽग्निमाबिभर्तु ॥ ५७ ॥

भावार्थः-अत्रोपमालं०-कुमारी कन्यावरौ ब्रह्मचर्य्येण विद्यासुशिक्षे पूर्णे कृत्वाबलबुद्धिपराक्रमयुक्तसन्तानोत्पादनाय विवाहं कृत्वा वैद्यकशास्त्ररीत्या महौषधिजं पाकं विधाय विधिवद्गर्भाधानं कृत्वोत्तरपथ्यं विदध्याताम् । परस्परं सुहृत्तया वर्त्तित्वाऽपत्यस्य गर्भाधानादिकर्माणि कुर्याताम् ॥ ५७ ॥

पदार्थः-हे गृहस्थ पुरुष जिस कारण तू (मखस्य) यज्ञ के (शिरः)

उत्तमाङ्ग के समान (असि) है इस कारण आप (धिया) बुद्धि वा कर्म से तथा (शक्त्या) पाक विद्या के सामर्थ्य और (बाहुभ्याम्) दोनों बाहुओं से (उखाम्) पकाने की बटलोई को (कृणोतु) सिद्ध कर जो (अदितिः) जननी आप की स्त्री है (सा) वह (गर्भे) अपनी कोख में (यथा) जैसे माता (उपस्थे) अपनी गोद में (पुत्रम्) पुत्र को सुख पूर्वक बैठावे वैसे (अग्निम्) अग्नि के समान तेजस्वी वीर्य्य को (बिभर्तु) धारण करे ॥ ५७ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—कुमार स्त्रीपुरुषों को योग्य है कि ब्रह्मचर्य्य के साथ विद्या और अच्छी शिक्षा को पूर्ण कर बल बुद्धि और पराक्रम युक्त सन्तान उत्पन्न होने के लिये वैद्यकशास्त्र की रीति से बड़ी २ ओषधियों से पाक बना के और विधिपूर्वक गर्भाधान करके पीछे पथ्य से रहें । और आपस में मित्रता के साथ वर्त्त के पुत्रों के गर्भाधानादि कर्म्म किया करें ॥ ५७ ॥

वसवस्त्वेत्यस्य सिंधुद्वीप ऋषिः । वसुरुद्रादित्यविश्वेदेवा देवताः । पूर्वार्द्धस्योत्तरार्द्धस्य चोत्कृती छन्दसी । षड्जः स्वरः ॥

पुनर्दम्पती किङ्कृत्वा किङ्कुर्य्यातामित्यु० ॥

फिर स्त्री पुरुष क्या कर के क्या करें यह वि० ॥

वस॑वस्त्वा कृण्वन्तु गाय॒त्रेण॒ छन्द॑साऽङ्गिर॒स्वद्ध्रु॒वासि॑ पृथि॒व्यासि॒ धार॒या मयि॑ प्र॒जाᳬं रा॒यस्पोष॑ङ्गौप॒त्यᳬं सु॒वीर्य्य॑ᳬं सजा॒तान् यज॑मानाय रु॒द्रास्त्वा॑ कृण्वन्तु त्रैष्टु॑भेन॒ छन्द॑साऽङ्गिर॒स्वद्ध्रु॒वास्य॒न्तरि॑क्षमसि॒ धार॒या मयि॑प्र॒जाᳬं रा॒यस्पोष॑ङ्गौप॒त्यᳬं सु॒वीर्य्य॑ᳬं सजा॒तान् यज॑माना॒याऽऽदि॒त्यास्त्वा॑ कृण्वन्तु जाग॑तेन॒ छन्द॑साऽङ्गिर॒स्वद्ध्रु॒वासि॒ द्यौर॑सि॒ धार॒या मयि॑प्र॒जाᳬं रा॒यस्पोष॑ङ्गौप॒त्यᳬं-

सुवीर्य्यꣳसजातान् यजमानाय विश्वे त्वा देवा
वैश्वानराः कृण्वन्त्वानुष्टुभेनछन्दसाऽङ्गिरस्वद्ध्रुवा-
सि दिशोऽसि धारया मयि प्रजाꣳरायस्पोषं-
गौपत्यꣳसुवीर्यꣳसजातान् यजमानाय ॥ ५८ ॥

वसवः । त्वा । कृण्वन्तु । गायत्रेण । छन्दसा ।
अङ्गिरस्वत् । ध्रुवा । असि । पृथिवी । असि । धारय ।
मयि । प्रजामितिप्रऽजाम् । रायः । पोषम् । गौ-
पत्यम् । सुवीर्य्यमितिसुऽवीर्य्यम् । सजातानिति-
सऽजातान् । यजमानाय । रुद्राः । त्वा । कृण्व-
न्तु । त्रैष्टुभेन । त्रैस्तुभेनेतित्रैऽस्तुभेन । छन्दसा ।
अङ्गिरस्वत् । ध्रुवा । असि । अन्तरिक्षम् । असि ।
धारय । मयि । प्रजामितिप्रऽजाम् । रायः । पोषम् ।
गौपत्यम् । सुवीर्य्यमितिसुऽवीर्य्यम् । सजाता।नि-
तिसऽजातान् । यजमानाय । आदित्याः । त्वा ।
कृण्वन्तु । जागतेन । छन्दसा । अङ्गिरस्वत् ।
ध्रुवा । असि । द्यौः । असि । धारय । मयि ।
प्रजामितिप्रऽजाम् । रायः । पोषम् । गौपत्यम् ।

सुवीर्यमितिसुऽवीर्यम्। सजातानिति सऽजातान् । यजमानाय । विश्वे । त्वा । देवाः । वैश्वानराः । कृण्वन्तु । आनुष्टुभेन । आनुस्तुभेनेत्यानुऽस्तुभेन । छन्दसा । अङ्गिरस्वत् । ध्रुवा । असि। दिशः । असि । धारय। मयि। प्रजामितिप्रऽजाम्। रायः। पोषम् । गौपत्यम् । सुवीर्यमितिसुऽवीर्यम् । सजातानिति सऽजातान् । यजमानाय ॥ ५८ ॥

पदार्थः—(वसवः) वसुसंज्ञका विद्वांसः (त्वा) त्वाम् (कृण्वन्तु) (गायत्रेण) वेदविहितेन (छन्दसा) (अङ्गिरस्वत्) धनंजयप्राणवत् (ध्रुवा) निश्चला (असि) (पृथिवी) पृथुसुखकारिणी (असि) (धारय) स्थापय । अत्रान्येषामपीति दीर्घः (मयि) त्वत्प्रीतायां पत्न्याम् (प्रजाम्) सुसन्तानम् (रायः) धनस्य (पोषम्) पुष्टिम् (गौपत्यम्) गोर्धेनोः पृथिव्या वाचो वा पतिस्तस्य भावम् (सुवीर्य्यम्) शोभनं च तद्वीर्य्यं च तत् (सजातान्) समानात्प्रादुर्भावादुत्पन्नान् (यजमानाय) विद्यासंगमयित्रआचार्य्याय (रुद्राः) रुद्रसंज्ञका विद्वांसः (त्वा) (कृण्वन्तु) (त्रैष्टुभेन) (छन्दसा) (अङ्गिरस्वत्) आकाशवत् (ध्रुवा) अक्षुब्धा (असि) (अन्तरिक्षम्) अक्षयप्रेमयुक्ता (असि) (धारय) (मयि) (प्रजाम्) सत्यबलधर्मयुक्ताम् (रायः) राजश्रियः (पोषम्) (गौपत्यम्)

अध्यापकत्वम् (सुवीर्य्यम्) सुष्ठुपराक्रमम् (सजातान्) (यजमानाय) साङ्गोपाङ्गवेदाध्यापकाय (आदित्याः) पूर्णविद्याबलप्राप्त्या विपश्चितः (त्वा) (कृण्वन्तु) (जागतेन) (छन्दसा) (अङ्गिरस्वत्) (ध्रुवा) निष्कम्पा (असि) (द्यौः) सूर्य्यइव वर्त्तमानः (असि) (धारय) (मयि) (प्रजाम्) सुप्रजाताम् (रायः) चक्रवर्त्तिराज्यलक्ष्म्याः (पोषम्) (गौपत्यम्) सकलविद्याधिस्वामित्वम् (सुवीर्य्यम्) (सजातान्) (यजमानाय) क्रियाकौशलसहितानां सर्वासां विद्यानां प्रवक्त्रे (विश्वे) सर्वे (त्वा) (देवाः) उपदेशका विद्वांसः (वैश्वानराः) ये विश्वेषु नायकेषु राजन्ते (कृण्वन्तु) (आनुष्टुभेन) (छन्दसा) (अङ्गिरस्वत्) सूत्रात्मप्राणवत् (ध्रुवा) सुस्थिरा (असि) (दिशः) सर्वासु दिक्षु व्याप्तकीर्त्तिः (असि) (धारय) (मयि) (प्रजाम्) (रायः) समग्रैश्वर्य्यस्य (पोषम्) (गौपत्यम्) वाक्चातुर्य्यम् (सुवीर्य्यम्) (सजातान्) (यजमानाय) सत्योपदेशकाय ॥ ५८ ॥

अन्वयः—हे ब्रह्मचारिणि कुमारिके या त्वमङ्गिरस्वद्ध्रुवासि पृथिव्यसि तां त्वा गायत्रेण छन्दसा वसवो मम स्त्रियं कृण्वन्तु । हे कुमार ब्रह्मचारिन् यस्त्वमङ्गिरस्वद्ध्रुवोऽसि भूमिवत् क्षमावानसि यं त्वा वसवो गायत्रेण छन्दसा मम पतिं कृण्वन्तु स त्वं मयि प्रजां रायस्पोषं गौपत्यं सुवीर्य्यं च धारय । आवां सजातान् संतानान् सर्वान्यजमानाय विद्याग्रहणार्थं समर्पयेव । हे स्त्रि या त्वमङ्गिरस्वद्ध्रुवास्यन्तरिक्षमसि तां त्वा रुद्रास्त्रैष्टुभेन छन्दसा मम पत्नी कृण्वन्तु । हे वीर यस्त्वमङ्गिरस्वद्ध्रुवोऽस्यन्तरिक्षमसि यं त्वा

रुद्रास्त्रैष्टुभेन छन्दसा मम स्वामिनं कृण्वन्तु । स त्वं मयि प्रजां रायस्पोषं गौपत्यं सुवीर्यं च धारय । आवां सजातान् सुशिक्ष्य वेदशिक्षाध्ययनाय यजमानाय प्रदद्याव । हे विदुषि या त्वमङ्गिरस्वद्ध्रुवाऽसि द्यौरसि तां त्वादित्या जागतेन छन्दसा मम भार्यां कृण्वन्तु । हे विद्वन् यस्त्वमङ्गिरस्वद्ध्रुवोऽसि द्यौरसि यं त्वादित्या जागतेन छन्दसा ममाधिष्ठातारं कृण्वन्तु । सत्वं मयि प्रजां रायस्पोषं गौपत्यं सुवीर्यं च धारय । आवां सजातान् जन्मतः सूपदिश्य सर्वविद्याग्रहणार्थं यजमानाय समर्पयेव । हे सुभगे या त्वमङ्गिरस्वद्ध्रुवासि दिशोऽसि तां त्वा वैश्वानरा विश्वे देवा आनुष्टुभेन छन्दसा मदधीनां कृण्वन्तु । हे पुरुष यस्त्वमङ्गिरस्वद्ध्रुवोऽसि दिशोऽसि यं त्वा वैश्वानरा विश्वे देवा मदधीनं कृण्वन्तु स त्वं मयि प्रजां रायस्पोषं गौपत्यं सुवीर्यं च धारय । आवां सूपदेशार्थं सजातान् यजमानाय समर्पयेव ॥ ५८ ॥

भावार्थः—अत्रोपमाल० ।—यदा स्त्रीपुरुषौ परस्परं परीक्षां कृत्वाऽन्योन्यं दृढप्रीतौ स्याताम् । तदा वेदविधिना यज्ञं प्रतत्य वेदोक्तनियमान् स्वीकृत्य विवाहं विधाय धर्मेण संतानान्युत्पाद्य यावदष्टवार्षिकाः पुत्राः पुत्र्यश्च भवेयुस्तावन्मातापितरौ तान् सुशिक्षेतामतऊर्ध्वं ब्रह्मचर्यं ग्राहयित्वा विद्याध्ययनाय स्वगृहाददतिदूरे आप्तानां विदुषांविदुषीणां च पाठशालासु प्रेषयेताम् । अत्र यावतो धनस्य व्ययः कर्त्तुं योग्योऽस्ति तावन्तं कुर्य्याताम् । नहि संतानानां विद्यादानमन्तरा कश्चिदुपकारो धर्मश्चास्ति । तस्मादेतत्सततं समाचरेताम् ॥ ५८ ॥

पदार्थः—हे ब्रह्मचारिणी कुमारी स्त्री जो तू (अंगिरस्वत्) धनंजय प्राण वा

यु के समतुल्य (ध्रुवा) निश्चल (असि) है और (पृथिव्यसि) विस्तृत सुख करने हारी है उस (त्वा) तुझ को (गायत्रेण) वेद में विधान किये (छन्दसा) गायत्री आदि छन्दों से (वसवः) चौबीसवर्ष ब्रह्मचर्य्य रहने वाले विद्वान् लोग मेरी स्त्री (कृण्वन्तु) करें। हे कुमार ब्रह्मचारी पुरुष जो तू (अंगिरस्वत्) प्राण वायु के समान निश्चल है और (पृथिवी) पृथिवी के समान क्षमा युक्त (असि) है जिस (त्वा) तुझ को (वसवः) उक्त वसु संज्ञक विद्वान् लोग (गायत्रेण) वेद में प्रतिपादन किये (छन्दसा) गायत्री आदि छन्दों से मेरा पति (कृण्वन्तु) करें। सो तू (मयि) अपनी प्रिय पत्नी मुझ में (प्रजाम्) सुन्दर सन्तानों (रायः) धन की (पोषम्) पुष्टि (गौपत्यम्) गौ पृथिवी वा वाणी के स्वामीपन और (सुवीर्य्यम्) सुन्दर पराक्रम को (धारय) स्थापन कर। मैं तू दोनों (सजातान्) एक गर्भाशय से उत्पन्न हुए सब सन्तानों को (यजमानाय) विद्या देने हारे आचार्य को विद्या ग्रहण के लिये समर्पण करें। हे स्त्रि जो तू (अङ्गिरस्वत्) आकाश के समान (ध्रुवा) निश्चल (असि) है और (अन्तरिक्षम्) अविनाशी प्रेम युक्त (असि) है उस (त्वा) तुझ को (रुद्राः) रुद्र संज्ञक चवालीशवर्ष ब्रह्मचर्य्यसेवने हारे विद्वान् लोग (त्रैष्टुभेन) वेद में कहे हुए (छन्दसा) त्रिष्टुप्छन्द से मेरी स्त्री (कृण्वन्तु) करें। हे वीर पुरुष जो तू आकाश के समान निश्चल है और दृढ़ प्रेम से युक्त है जिस तुझ को चवालीसवर्षब्रह्मचर्य करने हारे विद्वानलोग वेद में प्रतिपादन किये त्रिष्टुप्छन्द से मेरा स्वामी करें। वह तू (मयि) अपनी प्रिय पत्नी मुझ में (प्रजाम्) बल तथा सत्य धर्म से युक्त सन्तानों (रायः) राज्यलक्ष्मी की (पोषम्) पुष्टि (गौपत्यम्) पढ़ाने के अधिष्ठातृत्व और (सुवीर्य्यम्) अच्छे पराक्रम को (धारय) धारण कर मैं तू दोनों (सजातान्) एक उदर से उत्पन्न हुए सब सन्तानों को अच्छी शिक्षा देकर वेद विद्या की शिक्षा होने के लिये (यजमानाय) अङ्ग उपाङ्गों के सहित वेद पढ़ाने हारे अध्यापक को देवें। हे विद्वान् स्त्री जो तू (अंगिरस्वत्) आकाश के समान (ध्रुवा) अचल (असि) है (द्यौः) सूर्य्य के सदृश प्रकाशमान (असि) है उस (त्वा) तुझ को (आदित्याः) अड़तालीशवर्ष ब्रह्मचर्य्य कर के पूर्ण विद्या और बल की प्राप्ति से आप्त सत्यवादी धर्मात्मा विद्वान् लोग (जागतेन) वेद में कहे (छन्दसा) जगती छन्द से मेरी पत्नी (कृण्वन्तु) करें। हे विद्वान् पुरुष जो तू आकाश के तुल्य दृढ़ और सूर्य्य के तुल्य तेजस्वी है उस तुझ को अड़तालीशवर्ष ब्रह्मचर्य्य सेवने वाले पूर्ण विद्या से युक्त धर्मात्मा विद्वान्। लोग वेदोक्त

जगती छन्द से मेरा पति करें। वह तू (मयि) अपनी प्रिय भार्य्या मुझ में (प्रजाम्) शुभ गुणों से युक्त सन्तानों (रायः) चक्रवर्त्ति राज्य लक्ष्मी को (पोषम्) पुष्टि (गौपत्यम्) संपूर्ण विद्या के स्वामीपन और (सुवीर्यम्) सुन्दर पराक्रम को (धारय) धारण कर। मैं तू दोनों (सजातान्) अपने सन्तानों को जन्म से उपदेश करके सब विद्या ग्रहण करने के लिये (यजमानाय) क्रिया कौशल के सहित सब विद्याओं के पढ़ाने हारे आचार्य को समर्पण करें । हे सुन्दर ऐश्वर्य्य युक्त पत्नि जो तू (अङ्गिरस्वत्) सूत्रात्मा प्राण वायु के समान (ध्रुवा) निश्चल (असि) है और (दिशः) सब दिशाओं में कीर्त्तिवाली (असि) है । उस तुझ को (वैश्वानराः) सब मनुष्यों में शोभायमान (विश्वे) सब (देवाः) उपदेशक विद्वान् लोग (आनुष्टुभेन) वेद में कहे (छन्दसा) अनुष्टुप्छन्द से मेरे आधीन (कृण्वन्तु) करें । हे पुरुष जो तू सूत्रात्मा वायु के सदृश स्थित है (दिशः) सब दिशाओं में कीर्त्तिवाला (असि) है जिस (त्वा) तुझ को सब प्रजा में शोभायमान सब विद्वान् लोग मेरे आधीन करें । सो आप (मयि) मुझ में (प्रजाम्) शुभ लक्षण युक्त सन्तानों (रायः) सब ऐश्वर्य्य की (पोषम्) पुष्टि (गौपत्यम्) वाणी की चतुराई और (सुवीर्य्यम्) सुन्दर पराक्रम को (धारय) धारण कर। मैं तू दोनों जने अच्छा उपदेश होने के लिये (सजातान्) अपने सन्तानों को (यजमानाय) सत्य के उपदेशक अध्यापक के समीप समर्पण करें ॥ ५८ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालंकार है । जब स्त्री पुरुष एक दूसरे की परीक्षा करके आपस में दृढ़ प्रीति वाले होवें । तब वेदोक्त रीति से यज्ञ का विस्तार और वेदोक्त नियमाऽनुसार विवाह करके धर्म से सन्तानों को उत्पन्न करें। जब कन्या पुत्र आठ वर्ष के हों तब माता पिता उनको अच्छी शिक्षा देवें । इसके पीछे ब्रह्मचर्य्य धारण करा के विद्या पढ़ने के लिये अपने घर से बहुत दूर आप्त विद्वान् पुरुषों और आप्त विद्वान् स्त्रियों की पाठशालाओं में भेज देवें । वहां पाठशाला में जितने धन का खर्च करना उचित हो उतना करें । क्योंकि सन्तानों को विद्या दान के विना कोई उपकार वा धर्म नहीं बन सकता । इस लिये इस का निरन्तर अनुष्ठान किया करें ॥ ५८ ॥

अदित्या इत्यस्य सिन्धुद्वीप ऋषिः । अदितिर्देवता । आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी वही वि० ॥

अदि॑त्यै रास्ना॒स्यदि॑तिष्टे॒ बिलं॑ गृभ्णातु । कृ॒त्वा॑य॒ सा म॒हीमु॒खाम्मृ॒न्मयीं॒ योनि॑म॒ग्नये॑ । पु॒त्रेभ्यः॒ प्राय॑च्छ॒ददि॑तिः श्र॒पया॒निति॑ ॥ ५९ ॥

अदि॑त्यै । रास्ना॑ । अ॒सि॒ । अदि॑तिः । ते॒ । बिल॑म् । गृ॒भ्णा॒तु॒ । कृ॒त्वाय॑ । सा । म॒हीम् । उ॒खाम् । मृ॒न्मयी॒मिति॑मृत्ऽमयी॑म् । योनि॑म् । अ॒ग्नये॑ । पु॒त्रेभ्य॑ः । प्र । अ॒य॒च्छ॒त् । अदि॑तिः । श्र॒पया॑न् । इति॑ ॥ ५९ ॥

पदार्थः—(अदित्यै) दिवे विद्याप्रकाशाय (रास्ना) दात्री (असि) (अदितिः) पुत्रः पुत्री च (ते) तव सकाशात् (बिलम्) भरणं धारणम् । बिलं भरं भवति बिभर्तेः । निरु० २ । १७ (गृभ्णातु) गृह्णातु (कृत्वाय) (सा) (महीम्) महतीम् (उखाम्) पाकस्थालीम् (मृन्मयीम्) मृद्विकाराम् (योनिम्) मिश्रिताम् (अग्नये) अग्निसम्बन्धे स्थापनाय (पुत्रेभ्यः) सन्तानेभ्यः (प्र) (अयच्छत्) दद्यात् (अदितिः) माता (श्रपयान्) श्रपयन्तु परिपाचयन्तु (इति) अनेन प्रकारेण ॥ ५९ ॥

अन्वयः—हे अध्यापिके विदुषि यतस्त्वमदित्यै रास्नासि तस्मात्ते तव सकाशाद्विलं ब्रह्मचर्य्यधारणं कृत्वायादितिर्विद्या गृभ्णातु साऽदितिर्भवती मृन्मयीं योनिं महीमुखामग्नये पुत्रेभ्यश्च

प्रायच्छत् । विद्यासुशिक्षाभ्यां युक्ता भूत्वोखामिति अपयानन्नादि पाकं कुर्वन्तु ॥ ५९ ॥

भावार्थः—कुमाराः पुरुषशालां कुमार्य्यश्च स्त्रीशालां गत्वा ब्रह्मचर्य्यं विधाय सुशीलतया विद्याः पाकविधिं च गृह्णीयुः । आहारविहारानपि सुनियमेन सेवयेयुः । न कदाचिद्विषयकथां शृणुयुः । मद्यमांसालस्यातिनिद्रां विहायाध्यापकसेवानुकूलताभ्यां वर्त्तित्वा सुव्रतानि धरेयुः ॥ ५९ ॥

पदार्थः—हे पढ़ाने हारी विद्वान् स्त्री जिस कारण तू (अदित्यै) विद्या प्रकाश के लिये (रास्ना) दानशील (असि) है इस लिये (ते) तुझ से (बिलम्) ब्रह्मचर्य्य को धारण (कृत्वाय) करके (अदितिः) पुत्र और कन्या विद्या को (गृभ्णातु) ग्रहण करें सो (सा) तू (अदितिः) माता (मृन्मयीम्) मट्टी की (योनिम्) मिली और पृथक् (महीम्) बड़ी (उखाम्) पकाने की बटलोई को (अग्नये) अग्नि के निकट (पुत्रेभ्यः) पुत्रों को (प्रायच्छत्) देवे विद्या और अच्छी शिक्षा से युक्त हो कर बटलोई में (इति) इस प्रकार (अपयान्) अन्नादि पदार्थों को पकाओ ॥ ५९ ॥

भावार्थः—लड़के पुरुषों और लड़कियां स्त्रियों की पाठशाला में जा ब्रह्मचर्य की विधिपूर्वक सुशीलता से विद्या और भोजन बनाने की क्रिया सीखें और आहार विहार भी अच्छे नियम से सेवें । कभी विषय की कथा न सुनें । मद्य मांस आलस्य और अत्यन्त निद्रा को त्याग के पढ़ाने वाले की सेवा और उस के अनुकूल वर्त्त के अच्छे नियमों को धारण करें ॥ ५९ ॥

वसवस्त्वेत्यस्य सिन्धुद्वीप ऋषिः । वस्वादयो मन्त्रोक्ता देवताः । स्वराट् संकृतिश्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनर्विद्वांसोऽध्येतॄनुपदेश्यान्मनुष्यान् कथं २ शोधयेयुरित्याह ॥

फिर विद्वान् लोग पढ़ने हारे और उपदेश के योग्य मनुष्यों को कैसे शुद्ध करें यह वि० ॥

वसवस्त्वा धूपयन्तु गायत्रेण छन्दसाङ्गिरस्वद्रुद्रास्त्वा धूपयन्तु त्रैष्टुभेन छन्दसाऽङ्गिरस्वदादित्यास्त्वा धूपयन्तु जागतेन छन्दसाऽङ्गिरस्वत्। विश्वे त्वा देवा वैश्वानरा धूपयन्त्वानुष्टुभेन छन्दसाङ्गिरस्वदिन्द्रस्त्वा धूपयतु वरुणस्त्वा धूपयतु विष्णुस्त्वा धूपयतु ॥ ६० ॥

वसवः। त्वा। धूपयन्तु। गायत्रेण। छन्दसा। अङ्गिरस्वत्। रुद्राः। त्वा। धूपयन्तु। त्रैष्टुभेन। त्रैस्तुभेनेति त्रैऽस्तुभेन। छन्दसा अङ्गिरस्वत्। आदित्याः। त्वा। धूपयन्तु। जागतेन। छन्दसा। अङ्गिरस्वत्। विश्वे। त्वा। देवाः। वैश्वानराः। धूपयन्तु। आनुष्टुभेन। आनुस्तुभेनेत्यानुऽस्तुभेन। छन्दसा। अंगिरस्वत्। इन्द्रः। त्वा। धूपयतु। वरुणः। त्वा। धूपयतु। विष्णुः। त्वा। धूपयतु ॥ ६० ॥

पदार्थः—(वसवः) आदिमा विद्वांसः (त्वा) त्वाम् (धूपयन्तु) सुगन्धाद्यादिभिः संस्कुर्वन्तु (गायत्रेण) वेदस्थेन (छन्दसा) (अङ्गिग-

रस्वत्) प्राणैस्तुल्यम् (रुद्राः) मध्यमा विपश्चितः (त्वा) (धूपयन्तु) विद्यासुशिक्षाभ्यां संस्कुर्वन्तु (त्रैष्टुभेन) (छन्दसा) (अङ्गिरस्वत्) विज्ञानवत् (आदित्याः) उत्तमाविद्वांसोऽध्यापकाः (त्वा) (धूपयन्तु) सत्यव्यवहारग्रहणेन संस्कर्वन्तु (जागतेन) (छन्दसा) (अङ्गिरस्वत्) ब्रह्माण्डस्थशुद्धवायुवत् (विश्वे) सर्वे (त्वा) (देवाः) सत्योपदेशका विद्वांसः (वैश्वानराः) सर्वेषु मनुष्येष्विमे सत्यधर्मविद्याप्रकाशकाः (धूपयन्तु) सत्योपदेशेन संस्कुर्वन्तु (आनुष्टुभेन) (छन्दसा) (अङ्गिरस्वत्) विद्युद्वत् (इन्द्रः) परमैश्वर्य्यवान् राजा (त्वा) (धूपयतु) राजविद्यया संस्करोतु (वरुणः) वरो न्यायाधीशः (त्वा)(धूपयतु) राजनीत्या संस्करोतु (विष्णुः) सकलविद्यायोगाङ्गव्यापी योगिराजः (त्वा) (धूपयतु) योगविद्याङ्गैः संस्करोतु ॥ ६० ॥

अन्वयः—हे ब्रह्मचारिन् हे ब्रह्मचारिणि वा ये वसवो गायत्रेण छन्दसा त्वाङ्गिरस्वद् धूपयन्तु । रुद्रास्त्रैष्टुभेन छन्दसा त्वाङ्गिरस्वद् धूपयन्तु । आदित्या जागतेन छन्दसा त्वाङ्गिरस्वद् धूपयन्तु । वैश्वानरा विश्वे देवा आनुष्टुभेन छन्दसा त्वाङ्गिरस्वद् धूपयन्तु । इन्द्रस्त्वा धूपयतु । वरुणस्त्वा धूपयतु । विष्णुस्त्वा धूपयत्वेतांस्त्वं सततं सेवस्व ॥ ६० ॥

भावार्थः—सर्वेऽध्यापका अखिला अध्यापिकाश्च सर्वाभिः सत्क्रियाभिर्ब्रह्मचारिणो ब्रह्मचारिणीश्च विद्यासुशिक्षाभ्यां युक्ताः सद्यः संपादयेयुः । यतएते कृतपूर्णब्रह्मचर्य्या गृहाश्रमादीन् यथाकालमाचरेयुः ॥ ६० ॥

पदार्थः—हे ब्रह्मचारिणि जो (वसवः) प्रथम विद्वान्लोग (गायत्रेण) वेद के (छन्दसा) गायत्री छन्द से (त्वा) तुझ को (अङ्गिरस्वत्) प्राणों के तुल्य सुगन्धित अन्नादि पदार्थों के समान (धूपयन्तु) संस्कार युक्त करें (रुद्राः) मध्यम विद्वान् लोग (त्रैष्टुभेन) वेदोक्त (छन्दसा) त्रिष्टुप्छन्द से (अङ्गिरस्वत्) विज्ञान के समान (त्वा) तेरा (धूपयन्तु) विद्या और अच्छी शिक्षा से संस्कार करें । (आदित्याः) सर्वोत्तम अध्यापक विद्वान् लोग (जागतेन) (छन्दसा) वेदोक्त जगती छन्द से (अङ्गिरस्वत्) ब्रह्माण्ड के शुद्ध वायु के सदृश (त्वा) तेरा (धूपयन्तु) धर्म युक्त व्यवहार के ग्रहण से संस्कार करें (वैश्वानराः) सब मनुष्यों में सत्य धर्म और विद्या के प्रकाश करने वाले (विश्वे) सब (देवाः) सत्योपदेष्टा विद्वान् लोग (आनुष्टुभेन) वेदोक्त अनुष्टुप् (छन्दसा) छन्द से (अङ्गिरस्वत्) बिजुली के समान (त्वा) तेरा (धूपयन्तु) सत्योपदेश से संस्कार करें (इन्द्रः) परम ऐश्वर्य्य युक्त राजा (त्वा) तेरा (धूपयतु) राजनीति विद्या से संस्कार करे । (वरुणः) श्रेष्ठ न्यायाधीश (त्वा) तुझ को (धूपयतु) न्याय क्रिया से संयुक्त करे । और (विष्णुः) सब विद्या और योगाङ्गों का वेत्ता योगी जन (त्वा) तुझ को (धूपयतु) योग विद्या से संस्कार युक्त करे तू इन सब की सेवा किया कर ॥ ६० ॥

भावार्थः—सब अध्यापक स्त्री और पुरुषों को चाहिये कि सब श्रेष्ठ क्रियाओं से कन्या पुत्रों को विद्या और शिक्षा से युक्त शीघ्र करें । जिस से ये पूर्ण ब्रह्मचर्य्य ही कर के गृहाश्रम आदि का यथोक्त काल में आचरण करें ॥ ६० ॥

अदितिष्ट्वेत्यस्य सिन्धुद्वीप ऋषिः । अदित्यादयो लिंगोक्ता देवताः । भुरिक्कृतिश्छन्दः । निषादः स्वरः । उखेवरुत्रीत्युत्तरस्य प्रकृतिश्छन्दः । धैवत स्वरः ॥

विदुष्यः स्त्रियः कन्याः सुशिक्ष्य धार्मिकीर्विदुषीः कृत्वैहिकपारलौकिकसुखे प्रापयेयुरित्याह ॥

विद्वान् स्त्रियों कन्याओं को उत्तम शिक्षा से धर्मात्मा विद्या युक्त कर के इस लोक और परलोक के सुखों को प्राप्त करावें यह वि० ॥

अदितिष्ट्वा देवी विश्वदेव्यावती पृथिव्याः सधस्थे अङ्गिरस्वत्खनत्ववट देवानां त्वा पत्नीर्देवीर्विश्वदेव्यावतीः पृथिव्याःसधस्थे अङ्गिरस्वद्दधतूखे ॥ धिषणास्त्वा देवीर्विश्वदेव्यावतीः पृथिव्याः सधस्थे अङ्गिरस्वदभीन्धतामुखे वरूत्रीष्ट्वा देवीर्विश्वदेव्यावतीः पृथिव्याः सधस्थे अङ्गिरस्वच्छ्रपयन्तूखे ग्नास्त्वा देवीर्विश्वदेव्यावतीः पृथिव्याः सधस्थे अङ्गिरस्वत्पचन्तूखे जनयस्त्वाऽछिन्नपत्रा देवीर्विश्वदेव्यावतीः पृथिव्याः सधस्थेअङ्गिरस्वत्पचन्तूखे ॥ ६१ ॥

अदितिः । त्वा । देवी । विश्वदेव्यावती । विश्वदेव्यवतीतिविश्वदेव्यऽवती । पृथिव्याः । सधस्थइति सधऽस्थे । अङ्गिरस्वत् । खनतु । अवट । देवानाम् । त्वा । पत्नीः । देवीः । विश्वदेव्यावतीः । विश्वदेव्यवतीरितिविश्वदेव्यऽवतीः । पृथिव्याः । सधस्थइतिसधऽस्थे । अंगिरस्वत् । दधतु । उखे ।

धिषणाः । त्वा । देवीः । विश्वदेव्यावतीः । विश्वदेव्यवतीरिति विश्वदेव्यऽवतीः । पृथिव्याः । सधस्थेइतिसधऽस्थे । अंगिरस्वत् । अभि । इन्धताम् । उखे । वरूत्रीः । त्वा । देवीः । विश्वदेव्यावतीः । विश्वदेव्यवतीरितिविश्वदेव्यऽवतीः । पृथिव्याः । सधस्थेइतिसधस्थे । अंगिरस्वत् । श्रपयन्तु । उखे । ग्नाः । त्वा । देवीः । विश्वदेव्यावतीः । विश्वदेव्यवतीरितिविश्वदेव्यऽवतीः । पृथिव्याः । सधस्थेइतिसधस्थे । अंगिरस्वत् । पचन्तु । उखे । जनयः । त्वा । अच्छिन्नपत्राइत्यच्छिन्नऽपत्राः । देवीः । विश्वदेव्यावतीः । विश्वदेव्यावती रितिविश्वदेव्यऽवतीः । पृथिव्याः सधस्थइतिसधऽस्थे । अंगिरस्वत् । पचन्तु । उखे ॥ ६१ ॥

पदार्थः—(अदितिः) अध्यापिका (त्वा) त्वाम् (देवी) विदुषी (विश्वदेव्यावती) विश्वेषु देवेषु विद्वत्सु भवं विज्ञानं प्रशस्तं विद्यते यस्यां सा । अत्र सोमाश्वेन्द्रियविश्वदेव्यस्य मतौ । अ० ६ । ३ । १३१ इति दीर्घत्वम् (पृथिव्याः) भूमेः (सधस्थे) सहस्थाने (अङ्गिरस्वत्) अग्निवत् (खनतु) भूमिं खनित्वा

कूपजलवद्विद्यायुक्तान्निष्पादयतु (अवट) अपरिभाषितानिन्दित (देवानाम्) विदुषाम् (त्वा) (पत्नीः) स्त्रीः (देवीः) विदुषीः (विश्वदेव्यावतीः) (पृथिव्याः) (सधस्थे) (अङ्गिरस्वत्) प्राणवत् (दधतु) (उखे) ज्ञानयुक्ते (धिषणाः) प्रशंसितवाग्युक्ता धियः (त्वा) (देवीः) विद्यायुक्ताः (विश्वदेव्यावतीः) (पृथिव्याः) (सधस्थे) (अङ्गिरस्वत्) (अभि) आभिमुख्ये (इन्धताम्) प्रदीपयन्तु (उखे) विज्ञानमिच्छुके (वरूत्रीः) वराः (त्वा) (देवीः) कमनीयाः (विश्वदेव्यावतीः) (पृथिव्याः) (सधस्थे) (अङ्गिरस्वत्) आदित्यवत् (श्रपयन्तु) पाचयन्तु (उखे) अन्नाधारास्थालीव विद्याधारे (ग्नाः) वेदवाचः । ग्नाइति वाङ्ना० निघं० १ । ११ (त्वा) (देवीः) दिव्यविद्यासम्पन्नाः (विश्वदेव्यावतीः) (पृथिव्याः) अन्तरिक्षस्य (सधस्थे) (अङ्गिरस्वत्) विद्युद्वत् (पचन्तु) परिपक्वां कुर्वन्तु (उखे) ज्ञानयुक्ते (जनयः) शुभगुणैः प्रसिद्धाः (त्वा) (अच्छिन्नपत्राः) अखण्डितानि पत्राणि वस्त्राणि यानानि वा यासां ताः (देवीः) दिव्यगुणप्रदाः (विश्वदेव्यावतीः) (पृथिव्याः) (सधस्थे) (अङ्गिरस्वत्) ओषधिरसवत् (पचन्तु) (उखे) जिज्ञासो ॥ ६१ ॥

अन्वयः—हे अवट शिशो विश्वदेव्यावत्यदितिर्देवी पृथिव्याः सधस्थे त्वाङ्गिरस्वत्खनतु । हे उखे कन्ये देवानां पत्नीर्विश्वदेव्यावतीर्देवीः पृथिव्याः सधस्थे त्वाङ्गिरस्वद्दधतु । हे उखे विश्वदेव्यावतीर्धिषणा देवीः पृथिव्याः सधस्थे त्वाङ्गिरस्वदभीन्धताम् । हे उखे

विश्वदेव्यावतीर्वरूत्रीर्देवीः पृथिव्याः सधस्थे त्वाङ्गिरस्वच्छूपयन्तु । हे उखे विश्वदेव्यावतीर्देवीर्ग्नाः पृथिव्याः सधस्थे त्वाङ्गिरस्वत् पचन्तु । हे उखे विश्वदेव्यावतीरच्छिन्नपत्रा जनयो देवीः पृथिव्याः सधस्थे त्वाङ्गिरस्वत् पचन्तु । हे उखे त्वमेताभ्यः सर्वाभ्यो ब्रह्मचर्येण विद्यां गृहाण ॥ ६१ ॥

भावार्थः—मातापित्राचार्यातिथिभिर्यथा चतुराः पाचकाः स्थाल्यादिष्वन्नादीनि संस्कृत्योत्तमानि संपादयन्ते तथैव बाल्यावस्थामारभ्य विवाहात् पूर्वं कुमाराः कुमार्यश्चात्युत्तमा भावयन्तु ॥ ६१ ॥

पदार्थः—हे (अवट) बुराई और निन्दा रहित बालक (विश्वदेव्यावती) सम्पूर्ण विद्वानों में प्रशस्त ज्ञानवाली (अदितिः) अखण्ड विद्या पढ़ाने हारी (देवी) विद्वान् स्त्री (पृथिव्याः) भूमि के (सधस्थे) एक शुभस्थान में (त्वा) तुझ को (अङ्गिरस्वत्) अग्नि के समान (खनतु) जैसे भूमि को खोद के कूप जल निष्पन्न करते हैं वैसे विद्यायुक्त करे । हे (उखे) ज्ञानयुक्त कुमारी (देवानाम्) विद्वानों की (पत्नीः) स्त्री जो (विश्वदेव्यावतीः) संपूर्ण विद्वानों में अधिक विद्यायुक्त (देवीः) विदुषी (पृथिव्याः) पृथिवी के (सधस्थे) एक स्थान में (अङ्गिरस्वत्) प्राण के सदृश (त्वा) तुझ को (दधतु) धारण करें । हे (उखे) विज्ञान की इच्छा करने वाली (विश्वदेव्यावतीः) सब विद्वानों में उत्तम (धिषणाः) प्रशंसित वाणीयुक्त बुद्धिमती (देवीः) विद्यायुक्त स्त्री लोग (पृथिव्याः) पृथिवी के (सधस्थे) एक स्थान में (त्वा) तुझ को (अङ्गिरस्वत्) प्राण के तुल्य (अभीन्धताम्) प्रदीप्त करें। हे (उखे) अन्न आदि पकाने की बटलोई के समान विद्या को धारण करने हारी कन्ये (विश्वदेव्यावतीः) उत्तम विदुषी (वरूत्रीः) विद्या ग्रहण के लिये स्वीकार करने योग्य (देवीः) रूपवती स्त्री लोग (पृथिव्याः) भूमि के (सधस्थे) एक शुद्ध स्थान में (त्वा) तुझ को (अङ्गिरस्वत्) सूर्य के तुल्य (श्रपयन्तु) शुद्ध तेजस्विनी करें। हे (उखे) ज्ञान चाहने हारी कुमारी (विश्वदेव्यावतीः) बहुत विद्यावानों में उत्तम (देवीः) शुद्ध विद्या से युक्त (ग्नाः) वेदवाणी को जानने वाली स्त्री लोग (पृथिव्याः) भूमि के एक (सधस्थे) उत्तम स्थान में (त्वा) तुझ को (अङ्गिरस्वत्) बिजुली

के तुल्य (पचन्तु) दृढ़ बलधारिणी करें । हे (उखे) ज्ञान की इच्छा रखने वाली कुमारी (विश्वदेव्यावतीः) उत्तम विद्या पढ़ी (अच्छिन्नपत्राः) अखण्डित नवीन शुद्ध वस्त्रों को धारने वा यानों में चलने वाली (जनयः) शुभगुणों से प्रसिद्ध (देवीः) दिव्य गुणों की देने हारी स्त्री लोग (पृथिव्याः) पृथिवी के (सधस्थे) उत्तम प्रदेश में (त्वा) तुझ को (अङ्गिरस्वत्) ओषधियों के रस के समान (पचन्तु) संस्कार युक्त करें । हे कुमारि कन्ये तू इन पूर्वोक्त सब स्त्रियों से ब्रह्मचर्य के साथ विद्या ग्रहण कर ॥ ६१ ॥

भावार्थः—माता पिता आचार्य और अतिथि अर्थात् भ्रमणशील विरक्त पुरुषों को चाहिये कि जैसे रसोइया बटलोई आदि पात्रों में अन्न का संस्कार कर के उत्तम सिद्ध करते हैं। वैसे ही बाल्यावस्था से लेके विवाह से पहिले २ लड़कों और लड़कियों को उत्तम विद्या और शिक्षा से सम्पन्न करें ॥ ६१ ॥

मित्रस्येत्यस्य विश्वामित्र ऋषिः । मित्रो देवता । निचृद्गायत्रीछन्दः । षड्जः स्वरः ॥

या यस्य स्त्री भवेत्सा तस्यैश्वर्यं सततं रक्षेदित्याह ॥

जो जिस पुरुष की स्त्री होवे वह उस के ऐश्वर्य की निरन्तर रक्षा करे यह वि० ॥

मित्रस्य चर्षणीधृतोऽवो देवस्य सानसि । द्युम्नं चित्रश्रवस्तमम् ॥ ६२ ॥

मित्रस्य । चर्षणीधृत इति चर्षणिऽधृतः । अवः । देवस्य । सानसि । द्युम्नम् । चित्रश्रवस्तममिति चित्रश्रवःऽतमम् ॥ ६२ ॥

पदार्थः—(मित्रस्य) सुहृदः (चर्षणीधृतः) सुशिक्षया मनुष्याणां धर्त्तुः (अवः) रक्षा (देवस्य) कमनीयस्य द्रष्टुः (सानसि) संभक्तव्यं पुराणम् (द्युम्नम्) धनम् (चित्रश्रवस्तमम्) चित्राण्या-

आश्चर्यभूतानि श्रवांस्यन्नादीनि यस्मात् तम् ॥ ६२ ॥

अन्वयः—हे स्त्रि त्वं चर्षणीधृतो मित्रस्य देवस्य पत्युश्चित्रश्रवस्तमं सानसि द्युम्नमवः ॥ ६२ ॥

भावार्थः—गृहकृत्यकुशलया स्त्रिया सर्वाण्यन्तर्गृहकृत्यानि स्वाधीनानि रक्षित्वा यथावदुन्नेयानि ॥ ६२ ॥

पदार्थः—हे स्त्री तू (चर्षणीधृतः) अच्छी शिक्षा से मनुष्यों का धारण करने हारे (मित्रस्य) मित्र (देवस्य) कमनीय अपने पति के (चित्रश्रवस्तमम्) आश्चर्य रूप अन्नादि पदार्थ जिस से हों ऐसे (सानसि) सेवने योग्य प्राचीन (द्युम्नम्) धन की (अवः) रक्षा कर ॥ ६२ ॥

भावार्थः—घर के काम करने में कुशल स्त्री को चाहिये कि घर के भीतर के सब काम अपने आधीन रख के ठीक २ बढ़ाया करे ॥ ६२ ॥

देवस्त्वेत्यस्य विश्वामित्र ऋषिः । सविता देवता । भुरिग्बृहतीछन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी वही विषय अगले मन्त्र में कहा है ॥

देवस्त्वा॑ सवि॒तोद्व॑पतु सुपा॒णिः स्व॑ङ्गुरिः सु॑बा॒हुरु॒त शक्त्या॑ । अव्य॑थमाना पृथि॒व्यामाशा॒ दिश॒ऽआपृ॑ण ॥ ६३ ॥

देवः । त्वा॒ । स॒वि॒ता । उत् । व॒प॒तु॒ । सु॒पा॒णिरिति॑सुऽपा॒णिः । स्व॒ङ्गु॒रिरिति॑सुऽअ॒ङ्गु॒रिः । सु॒बा॒हुरिति॑सुऽबा॒हुः । उ॒त । शक्त्या॑ । अव्य॑थमाना । पृ॒थि॒व्याम् । आशाः॑ । दिशः॑ । आ । पृ॒ण ॥ ६३ ॥

पदार्थः—(देवः) दिव्यगुणकर्मस्वभावः पतिः (त्वा) त्वाम् (सविता) सूर्यइवैश्वर्य्यप्रदः (उत्) उत्कृष्टतया (वपतु) बीजवत् संतनोतु (सुपाणिः) प्रशस्तहस्तः(स्वङ्गुरिः) शोभना: अङ्गुलयो यस्य सः । कपिलकादित्वाल्लत्वम् (सुबाहुः) शोभनभुजः (उत) अपि (शक्त्या) सामर्थ्येन सह वर्त्तमानो वर्त्तमाना वा (अव्यथमाना) अभीताऽचलिता सती (पृथिव्याम्) पृथिवीस्थायाम् (आशाः) इच्छाः (दिशः) काष्ठाः (आ) (पृण) पिपूर्द्धि ॥ ६३ ॥

अन्वयः—हे स्त्रि सुबाहुः सुपाणिः स्वङ्गुरिः सवितेव देवः पतिः शक्त्या पृथिव्यां त्वोद्वपतु शक्त्याऽव्यथमाना सती त्वं पत्युः सेवनेन स्वकीया आशा यशसा दिशश्च आपृण ॥ ६३ ॥

भावार्थः—स्त्रीपुरुषौ परस्परं प्रीतौ हृद्यौ सुपरीक्षितौ स्वेच्छया स्वयम्वरं विवाहं कृत्वाऽतिविषयासक्तिं विहाय ऋतुगामिनौ सन्तौ सामर्थ्यहानिं कदाचिन्न कुर्य्याताम् । नहि जितेन्द्रिययोः स्त्रीपुरुषयो- रोगप्रादुर्भावो बलहानिश्च जायते । तस्मादेतदनुतिष्ठेताम् ॥ ६३ ॥

पदार्थः—हे स्त्रि (सुबाहुः) अच्छे जिस के भुजा (सुपाणिः) सुन्दर हाथ और (स्वङ्गुरिः) शोभायुक्त जिस की अंगुली हों ऐसा (सविता) सूर्य के समान ऐश्वर्य दाता (देवः) अच्छे गुण कर्म्म और स्वभावों से युक्त पति (शक्त्या) अपने सामर्थ्य से (पृथिव्यां) पृथिवी पर स्थित (त्वा) तुझ को (उद्वपतु) वृद्धि के साथ गर्भवती करे । और तू भी अपने सामर्थ्य से (अव्यथमाना) निर्भय हुई पति के सेवन से अपनी (आशाः) इच्छा और कीर्त्ति से सब (दिशः) दिशाओं को (आपृण) पूर्ण कर ॥ ६३ ॥

भावार्थः—स्त्रीपुरुषों को चाहिये कि आपस में प्रसन्न एक दूसरे को हृदय से चाहने वाले परस्पर-परीक्षा कर-अपनी २ इच्छा से स्वयम्वर विवाह-कर-अत्यन्त

विषयासक्ति को त्याग ऋतु काल में गमन करने वाले हो कर अपने सामर्थ्य की हानि कभी न करें। क्योंकि इसी से जितेन्द्रिय स्त्री पुरुषों के शरीर में कोई रोग प्रगट और बल की हानि भी नहीं होती। इस लिये इस का अनुष्ठान अवश्य करना चाहिये॥ ६३॥

उत्थायेत्यस्य विश्वामित्र ऋषिः। अनुष्टुप्छन्दः। गान्धारः स्वरः॥

पुनः सा कीदृशीत्यु०

फिर वह कैसी होवे यह वि०॥

उ॒त्थाय॑ बृह॒ती भ॒वोदु॑ तिष्ठ ध्रु॒वा त्वम्। मित्रै॒तां त॑ उ॒खां परि॑ ददा॒म्यभि॑त्या ए॒षा मा भे॑दि॥ ६४॥

उ॒त्थाय॑। बृ॒ह॒ती। भ॒व॒। उत्। ऊँइत्यूँ। ति॒ष्ठ॒। ध्रु॒वा। त्वम्। मित्र॑। ए॒ताम्। ते॒। उ॒खाम्। परि॑। द॒दा॒मि॒। अभि॑त्यै। ए॒षा। मा। भे॒दि॒॥ ६४॥

पदार्थः—(उत्थाय) आलस्यं विहाय (बृहती) महापुरुषार्थयुक्ता (भव) (उत)(उ) (तिष्ठ) (ध्रुवा) मङ्गलकार्येषु कृतनिश्चया (त्वम्) (मित्र) सुहृद् (एताम्) (ते) तुभ्यम् (उखाम्) प्राप्तव्यां कन्याम् (परि) सर्वतः (ददामि) (अभित्यै) भयराहित्याय (एषा) प्राप्तप्राप्ता पत्नी (मा) निषेधे (भेदि) भिद्यताम्॥ ६४॥

अन्वयः—हे विदुषि कन्ये त्वं ध्रुवा बृहती भव विवाहायोत्तिष्ठ। उत्थायैतं पतिं स्वीकुरु। हे मित्र त एतामुखामभित्यै परिददामि। उतश्चैषा मा भेदि॥ ६४॥

भावार्थः— कन्या वरश्च स्वप्रियं पुरुषं स्वकान्तां कन्यां च

स्वयं परीक्ष्य स्वीकर्त्तुमिच्छेत् । यदा द्वयोर्विवाहकरणे निश्चयः स्यात् तदैव मातापित्राचार्यादय एतयोर्विवाहं कुर्युरेतौ परस्परं भेदभावं व्यभिचारं च कदाचिन्न कुर्याताम् । किं तु स्वस्त्रीव्रतः पुमान् स्वपतिव्रता स्त्री च संगतौ स्याताम् ॥ ६४ ॥

पदार्थः—हे विदुषि कन्ये तू (ध्रुवा) मङ्गल कार्यों में निश्चित बुद्धिवाली और (बृहती) बड़े पुरुषार्थ से युक्त (भव) हो । विवाह करने के लिये (उत्तिष्ठ) उत्तिष्ठ उद्यत हो (उत्थाय) आलस्य छोड़ के उठ कर इस पति का स्वीकार कर । हे (मित्र) मित्र (ते) तेरे लिये (एताम्) इस (उखाम्) प्राप्त होने योग्य कन्या को (अभित्यै) भयरहित होने के लिये (परिददामि) सब प्रकार देता हूं (उ) इस लिये तू (एषा) इस प्रत्यक्ष प्राप्त हुई स्त्री को (मा भेदि) भिन्न मत कर॥६४॥

भावार्थः—कन्या और वर को चाहिये कि अपनी २ प्रसन्नता से कन्या पुरुष की और पुरुष कन्या की आप ही परीक्षा कर के ग्रहण करने की इच्छा करें जब दोनों का विवाह करने में निश्चय होवे तभी माता पिता और आचार्य आदि इन दोनों का विवाह करें और ये दोनों आपस में भेद वा व्यभिचार कभी न करें । किन्तु अपनी स्त्री के नियम में पुरुष और पतिव्रता स्त्री हो कर मिल के चलें ॥ ६४ ॥

वसवस्त्वेत्यस्य विश्वामित्रऋषिः । वस्वादयो लिङ्गोक्ता देवताः । धृतिश्छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तौ स्त्रीपुरुषौ प्रति विद्वांसः किं कुर्युरित्याह ॥

फिर उन स्त्री पुरुषों के प्रति विद्वान् लोग क्या करें इस वि० ॥

वस॑वस्त्वा छृन्दन्तु गाय॒त्रेण॒ छन्द॑साऽङ्गिर॒स्वद्रु॒द्रास्त्वा॑ छृन्दन्तु त्रैष्टु॑भेन॒ छन्द॑साऽङ्गिर॒स्वदा॑दि॒त्यास्त्वा॑ छृन्दन्तु जाग॑तेन॒ छन्द॑साऽङ्गिर॒स्वद्विश्वे॑ त्वा दे॒वा वै॑श्वान॒रा आ छृन्दन्त्वानु॑ष्टुभेन॒ छन्द॑साऽङ्गिर॒स्वत् ॥ ६५ ॥

वसवः । त्वा । आ । छृन्दन्तु । गायत्रेण । छन्दसा । अङ्गिरस्वत् । रुद्राः । त्वा । आ । छृन्दन्तु । त्रैष्टुभेन । त्रैस्तुभेनेति त्रैऽस्तुभेन । छन्दसा । अङ्गिरस्वत् । आदित्याः । त्वा । आ । छृन्दन्तु । जागतेन । छन्दसा । अङ्गिरस्वत् । विश्वे । त्वा । देवाः । वैश्वानराः । आ । छृन्दन्तु । आनुष्टुभेन । आनुस्तुभेनेत्यानुऽस्तुभेन । छन्दसा । अङ्गिरस्वत् ॥ ६५ ॥

पदार्थः-(वसवः) आदिमा विद्वांसः (त्वा) त्वां पुमांसं स्त्रियं च (आ) समन्तात् (छृन्दन्तु) प्रदीप्यन्ताम् (गायत्रेण) गायन्ति सद्विद्याः येन तेन वेदस्थाविभक्तेन स्तोत्रेण (छन्दसा) (अङ्गिरस्वत्) अग्निवत् (रुद्राः) मध्यमा विद्वांसः (त्वा) (आ) (छृन्दन्तु) (त्रैष्टुभेन) त्रीणि कर्मोपासनाज्ञानानि स्तोभन्ते स्थिरी कुर्वन्ति येन (छन्दसा) (अङ्गिरस्वत्) प्राणवत् (आदित्याः) उत्तमा विपश्चितः(त्वा) (आ) (छृन्दन्तु) (जागतेन) जगद् विद्याप्रकाशकेन(छन्दसा) (अङ्गिरस्वत्) सूर्यवत् (विश्वे) सर्वे (त्वा) (देवाः)सदुपदेशप्रदातारः (वैश्वानराः) सर्वेषु नरेषु राजन्तः(आ) (छृन्दन्तु) (आनुष्टुभेन) विद्यां गृहीत्वा पश्चाद्दुःखानि स्तभ्नुवन्ति येन तेन (छन्दसा) अङ्गिरस्वत्) समस्तौषधिरसवत् ॥ ६५॥

अन्वयः-हे स्त्रि पुरुष वा वसवो गायत्रेण छन्दसा यां यं त्वाऽङ्गिरस्वदाछृन्दन्तु रुद्रास्त्रैष्टुभेन छन्दसा त्वाऽङ्गिरस्वदाछृन्दन्तु । आ-

दित्या जागतेन छन्दसा त्वाऽङ्गिरस्वदाछन्दन्तु । वैश्वानरा विश्वेदेवा आनुष्टुभेन छन्दसा त्वाऽङ्गिरस्वदाछन्दन्तु ॥ ६५ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—हे स्त्रीपुरुषौ युवां ये याश्च विद्वांसः विदुष्यश्च शरीरात्मबलकारोपदेशेन सुशोभयेयुस्तेषामेव सेवासङ्गौ सततं कुर्यातम् । नेतरेषां क्षुद्राणाम् ॥ ६५ ॥

पदार्थः—हे स्त्रि वा पुरुष (वसवः) प्रथम विद्वान् लोग (गायत्रेण) श्रेष्ठ विद्याओं का जिस से गान किया जावे उस वेद के विभाग रूप स्तोत्र (छन्दसा) गायत्री छन्द से जिस (त्वा) तुझ को (अङ्गिरस्वत्) अग्नि के तुल्य (आच्छन्दन्तु) प्रकाशमान करें (रुद्राः) मध्यम विद्वान् लोग (त्रैष्टुभेन) कर्म उपासना और ज्ञान जिस से स्थिर हों उस (छन्दसा) वेद के स्तोत्र भाग से (अङ्गिरस्वत्) प्राण के समान (त्वा) तुझ को (आच्छन्दन्तु) प्रज्वलित करें (आदित्याः) उत्तम विद्वान् लोग (जागतेन) जगत् की विद्या प्रकाश करने हारे (छन्दसा) वेद के स्तोत्र भाग से (त्वा) तुझ को (अङ्गिरस्वत्) सूर्य्य के सदृश तेज धारी (आच्छन्दन्तु) शुद्ध करें (वैश्वानराः) सम्पूर्ण मनुष्यों में शोभायमान (देवाः) सत्य उपदेश देने हारे (विश्वे) सब विद्वान् लोग (आनुष्टुभेन) विद्या ग्रहण के पश्चात् जिस से दुःखों को छुड़ावें उस (छन्दसा) वेद भाग से (त्वा) तुझ को (अङ्गिरस्वत्) समस्त ओषधियों के रस के समान (आछन्दन्तु) शुद्ध संपादित करें ॥ ६५ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—हे स्त्रीपुरुषो तुम दोनों को चाहिये कि जो विद्वान् स्त्री लोग तुम को शरीर और आत्मा का बल कराने हारे उपदेश से सुशोभित करें उन की सेवा और सत्सङ्ग निरन्तर करो और अन्य तुच्छ बुद्धि वाले पुरुषों वा स्त्रियों का सङ्ग कभी मत करो ॥ ६५ ॥

आकूतिमित्यस्य विश्वामित्र ऋषिः । अग्न्यादयो मंत्रोक्ता देवताः । विराड्ब्राह्मी त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्ते स्त्रीपुरुषाः किं कुर्य्युरित्याह ॥

फिर वे स्त्री पुरुष क्या करें इस वि० ॥

आकूतिमग्निम्प्रयुजꣳस्वाहा मनो मेधामग्निम्प्रयुजꣳस्वाहा चित्तं विज्ञातमग्निं प्रयुजꣳस्वाहा वाचो विधृतिमग्निम्प्रयुजꣳस्वाहा । प्रजापतये मनवे स्वाहाऽग्नये वैश्वानराय स्वाहा ॥ ६६ ॥

आकूतिमित्याऽकूतिम् । अग्निम् । प्रयुजमिति प्रऽयुजम् । स्वाहा । मनः । मेधाम् । अग्निम् । प्रयुजमिति प्रऽयुजम् । स्वाहा । चित्तम् । विज्ञातमिति विऽज्ञातम् । अग्निम् । प्रयुजमिति प्रऽयुजम् । स्वाहा । वाचः । विधृतिमिति विऽधृतिम् । अग्निम् । प्रयुजमिति प्रऽयुजम् । स्वाहा । प्रजापतय इति प्रजाऽपतये । मनवे । स्वाहा । अग्नये । वैश्वानराय । स्वाहा ॥ ६६ ॥

पदार्थः—(आकूतिम्) उत्साहकारिकां क्रियाम् (अग्निम्) प्रसिद्धं पावकम् (प्रयुजम्) यः सर्वान् युनक्ति तम् (स्वाहा) सत्यया क्रियया (मनः) इच्छासाधनम् (मेधाम्) प्रज्ञाम् (अग्निम्) विद्युतम् (प्रयुजम्) (स्वाहा) सत्यया वाचा (चित्तम्) चेतति येन तत् (विज्ञातम्) (अग्निम्) अग्निमिव भास्वरम् (प्रयुजम्) व्यवहारेषु प्रयुक्तम् (स्वाहा) सत्येन व्यवहारेण (वाचः) वाण्याः

(विधृतिम्) विविधं धारणम् (अग्निम्) योगाभ्यासजनितां विद्युतम् (प्रयुजम्) संप्रयुक्तम् (स्वाहा) क्रियायोगरीत्या (प्राजापतये) प्रजास्वामिने (मनवे) मननशीलाय (स्वाहा) सत्यां वाणीम् (अग्नये) विज्ञानस्वरूपाय (वैश्वानराय) विश्वेषु नरेषु राजमानाय जगदीश्वराय (स्वाहा) धर्म्यां क्रियाम् ॥ ६६ ॥

अन्वयः—हे स्त्रीपुरुषा भवन्तो वेदस्थैर्गायत्र्याभिश्छन्दोभिः स्वाहा आकूतिं प्रयुजमग्निं स्वाहा मनो मेधां प्रयुजमग्निं स्वाहा चित्तं विज्ञातं प्रयुजमग्निं मनवे प्रजापतये स्वाहाऽग्नये वैश्वानराय स्वाहा च प्रापय्य सततमाछृन्दन्तु ॥ ६६ ॥

भावार्थः—अत्राऽऽछृन्दन्त्विति पदं पूर्वमन्त्रादनुवर्त्तते । मनुष्याः पुरुषार्थेन वेदादिशास्त्राण्यधीत्योत्साहादीनुन्नीय व्यवहारपरमार्थक्रियाप्रयोगेणाभ्युदयिकनिःश्रेयसे समाप्नुवन्तु ॥ ६६ ॥

पदार्थः—हे स्त्री पुरुषो तुम लोग वेद के गायत्री आदि मंत्रों से (स्वाहा) सत्य क्रिया से (आकूतिम्) उत्साह देने वाली क्रिया के (प्रयुजम्) प्रेरणा करने हारे (अग्निम्) प्रसिद्ध अग्नि को (स्वाहा) सत्यवाणी से (मनः) इच्छा के साधन को (मेधाम्) बुद्धि और (प्रयुजम्) सम्बन्ध करने हारी (अग्निम्) बिजुली को (स्वाहा) सत्य व्यवहारों से (विज्ञातम्) जाने हुए विषय के (प्रयुजम्) व्यवहारों में प्रयोग किये (अग्निम्) अग्नि के समान प्रकाशित (चित्तम्) चित्त को (स्वाहा) योग क्रिया की रीति से (वाचः) वाणियों को (विधृतिम्) विविध प्रकार की धारणा को (प्रयुजम्) संप्रयोग किये हुए (अग्निम्) योगाभ्यास से उत्पन्न हुई बिजुली को (प्रजापतये) प्रजा के स्वामी (मनवे) मननशील पुरुष के लिये (स्वाहा) सत्यवाणी को और (अग्नये) विज्ञान स्वरूप (वैश्वानराय) सब मनुष्यों के बीच प्रकाशमान जगदीश्वर के लिये (स्वाहा) धर्म युक्त क्रिया को युक्त करा के निरन्तर (आछृन्दन्तु) अच्छे प्रकार शुद्ध करो ॥ ६६ ॥

भावार्थः—यहां पूर्व मंत्र से (आछृन्दन्तु) इस पद की अनुवृत्ति आती है। मनुष्यों को चाहिये कि पुरुषार्थ से वेदादि शास्त्रों को पढ़ और उत्साह आदि को बढ़ा कर व्यवहार परमार्थ की क्रियाओं के सम्बन्ध से इस लोक और परलोक के सुखों को प्राप्त हों ॥ ६६ ॥

विश्वो देवस्येत्यस्यात्रेयऋषिः। सविता देवता। अनुष्टुप्छन्दः। गान्धारः स्वरः ॥

पुनर्गृहस्थैः किं कार्य्यमित्याह ॥

फिर गृहस्थों को क्या करना चाहिये यह वि० ॥

विश्वो॑ दे॒वस्य॑ ने॒तुर्मर्तो॑ वुरीत स॒ख्यम्। विश्वो॑ रा॒य इ॑षुध्यति द्यु॒म्नं वृ॑णीत पु॒ष्यसे॒ स्वाहा॑ ॥ ६७ ॥

विश्वः॑। दे॒वस्य॑। ने॒तुः। मर्त्तः॑। वु॒री॒त॒। स॒ख्यम्। विश्वः॑। रा॒ये। इ॒षु॒ध्य॒ति॒। द्यु॒म्नम्। वृ॒णी॒त॒। पु॒ष्यसे॑। स्वाहा॑ ॥ ६७ ॥

पदार्थः—(विश्वः) सर्वः (देवस्य) सर्वजगत्प्रकाशकस्य परमेश्वरस्य (नेतुः) सर्वनायकस्य (मर्त्तः) मनुष्यः (वुरीत) स्वीकुर्यात् (सख्यम्) सख्युर्भावं कर्म वा (विश्वः) अखिलः (राये) श्रियै (इषुध्यति) शरादीनि शस्त्राणि धरेत्। लेट्प्रयोगोऽयम् (द्युम्नम्) प्रकाशयुक्तं यशोऽन्नं वा। द्युम्नं द्योततेर्यशोऽन्नं वा। निरु० ५। ५ (वृणीत) स्वीकुर्य्यात् (पुष्यसे) पुष्टो भवेः (स्वाहा) सत्यां वाचम् ॥ ६७ ॥

अन्वयः—यथा विद्वाँस्तथा विश्वो मर्त्तो नेतुर्देवस्य सख्यं वुरीत विश्वो मनुष्यो राय इषुध्यति। स्वाहा द्युम्नं वृणीत यथा चैतेन त्वं पुष्यसे तथा वयमपि भवेम ॥ ६७ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०— गृहस्थैर्मनुष्यैः परमेश्वरेण सह मैत्रीं कृत्वा सत्येन व्यवहारेण श्रियं प्राप्य यशस्वीनिकर्माणि नित्यं कार्य्याणि ॥ ६७ ॥

पदार्थः—जैसे विद्वान् लोग ग्रहण करते हैं (विश्वः) सब (मर्त्तः) मनुष्य (नेतुः) सब के नायक (देवस्य) सब जगत् का प्रकाशक परमेश्वर के (सख्यम्) मित्रता को (वुरीत) स्वीकार करें (विश्वः) सब मनुष्य (राये) शोभा वा लक्ष्मी के लिये (इषुध्यति) बाणादि आयुधों को धारण करें (स्वाहा) सत्य वाणी और (द्युम्नम्) प्रकाश युक्त यश वा अन्न को (वृणीत) ग्रहण करें । और जैसे इस से तू (पुष्यसे) पुष्ट होता है वैसे हम लोग भी होवें ॥ ६७ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०— गृहस्थ मनुष्य को चाहिये कि परमेश्वर के साथ मित्रता कर सत्य व्यवहार से धन को प्राप्त हो के कीर्त्ति कराने हारे कर्मों को नित्य किया करें ॥ ६७ ॥

मासुभित्थेत्यस्य आत्रेयऋषिः । अम्बा देवता । गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनर्मातापितरौ प्रति पुत्रादयः किं किं ब्रूयुरित्याह ॥

फिर माता पिता के प्रति पुत्रादि क्या २ कहें यह वि०॥

मा सु भित्था मा सु रिषोऽम्ब धृष्णु वीरयस्व सु । अग्निश्चेदं करिष्यथः ॥ ६८ ॥

मा । सु । भित्थाः । मा । सु । रिषिः । अम्ब । धृष्णु । वीरयस्व । सु । अग्निः । च । इदम् । करिष्यथः ॥ ६८ ॥

पदार्थः—(मा) (सु) (भित्थाः) भेदं कुर्याः (मा) (सु) (रिषः) हिंस्याः (अम्ब) मातः (धृष्णु) दृढकर्मं (वीर-

है । उस से तू मुझ पति को (इंहस्व) उन्नति दे (अरिष्टा) हिंसा रहित हुई (अस्मिन्) इस (यज्ञे) संग करने योग्य गृहाश्रम में (उदिहि) प्रकाश को प्राप्त हो जो तू ने (जुष्टम्) सेवन किया (इदम्) यह (हव्यम्) देने लेने योग्य पदार्थ है वह (देवेभ्यः) विद्वानों वा उत्तम गुण होने के लिये (अस्तु) होवे ॥६९ ॥

भावार्थः—जो स्त्री पति को प्राप्ति हो के घर में वर्त्तती है वह अच्छी बुद्धि से सुख के लिये प्रयत्न करे । सब अन्न आदि खाने पीने के पदार्थ रुचि कारक बनवावे वा बनावे । और किसी को दुःख वा किसी को साथ वैरबुद्धि कभी न करे ॥६९॥

द्रवन्नइत्यस्य सोमाहुतिर्ऋषिः । अग्निर्देवता । विराड्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनः सा स्वभर्त्तारं प्रति कथं कथं संवदेतेत्याह ॥

फिर वह स्त्री अपने पति से कैसे २ कहै यह वि० ॥

द्रवन्नः सर्पिरासुतिः प्रत्नो होता वरेण्यः । सहसस्पुत्रो अद्भुतः ॥ ७० ॥

द्रवन्न इति द्रुऽअन्नः । सर्पिरासुतिरिति सर्पिःऽआसुतिः । प्रत्नः । होता । वरेण्यः । सहसः । पुत्रः । अद्भुतः ॥ ७० ॥

पदार्थः—(द्रवन्नः) द्रवो वृक्षादय ओषधयोऽन्नानि वा यस्य सः (सर्पिरासुतिः) सर्पिषो घृतादेरासुतिः सवनं यस्य सः (प्रत्नः) पुरातनः (होता) दाता गृहीता (वरेण्यः) स्वीकर्त्तुमर्हः (सहसः) बलवतः (पुत्रः) अपत्यम् (अद्भुतः) आश्चर्यगुणकर्मस्वभावः ॥ ७० ॥

अन्वयः—हे पते द्रून्नः सर्पिरासुतिः प्रत्नो होता वरेण्यः सहसस्पुत्रोऽद्भुतस्त्वं स्वस्तयेऽस्मिन् यज्ञ उदिहि उदितो भव ॥७०॥

भावार्थः—अत्र स्वस्तये अस्मिन् यज्ञ उदिहीति पदचतुष्टयं पूर्वतोऽनुवर्त्तते । कन्यया यस्य पिता कृतब्रह्मचर्यो बलवान् भवेद्यः पुरुषार्थेन बहून्यन्नादीन्यर्जयितुं शक्नुयात् । पवित्रस्वभावः पुरुषो भवेत्तेन साकं विवाहं कृत्वा सततं सुखं भोक्तव्यम् ॥७०॥

पदार्थः—हे पते (द्रून्नः) वृक्षादि ओषधि ही जिन के अन्न हैं ऐसे (सर्पिरासुतिः) घृत आदि पदार्थों को शोधने वाले (प्रत्नः) सनातन (होता) देने लेने हारे (वरेण्यः) स्वीकार करने योग्य (सहसः) बलवान् के (पुत्रः) पुत्र (अद्भुतः) आश्चर्य्य गुण कर्म और स्वभाव से युक्त आप सुख होने के लिये इस गृहाश्रम के बीच शोभायमान हूजिये ॥ ७० ॥

भावार्थः—यहां पूर्व मंत्र से (स्वस्तये) (अस्मिन्) (यज्ञे) (उदिहि) इन चार पदों की अनुवृत्ति आती है । कन्या को उचित है कि जिस का पिता ब्रह्मचर्य्य से बलवान् हो और जो पुरुषार्थ से बहुत अन्नादि पदार्थों को इकट्ठा कर सके उस शुद्ध स्वभाव से युक्त पुरुष के साथ विवाह करके निरन्तर सुख भोगे ॥७०॥

परस्या इत्यस्य त्रिरूप ऋषिः । अग्निर्देवता । विराड्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनः पतिः स्वपत्नीं प्रति किं किमुपदिशेदित्याह ॥

फिर पति अपनी स्त्री को क्या २ उपदेश करे यह वि० ॥

परस्या अधि संवतोऽवराँ २ ।। अभ्यातर । यत्राहमस्मि ताँ २ ।। अव ॥ ७१ ॥

परस्याः । अधि । सम्वत इति सम्ऽवतः । अवरान् ।

अ॒भि । आ । त॒र॒ । यत्र॑ । अ॒हम् । अस्मि॑ । ता-
न् । अ॒व ॥ ७१ ॥

पदार्थः—(परस्याः) प्रकृष्टयायाः कन्यायाः (अधि) (सम्वतः) संविभक्तान् (अवरान्) नीचाननुत्कृष्टगुणस्वभा-वान् (अभि) (आ) (तर) प्लव (यत्र) (अहम्) (अ-स्मि) (तान्) (अव) ॥ ७१ ॥

अन्वयः—हे कन्ये यस्याः परस्यास्तवाहमधिष्ठाता भवितुमि-च्छामि सा त्वं सम्वतोऽवरानभ्यातर यत्र कुलेऽहमस्मि तानव ॥७१॥

भावार्थः—कन्यया स्वस्या उत्कृष्टस्तुल्यो वा वरः स्वीका-र्यः न नीचः । यस्य पाणिग्रहणं कुर्य्यात्तस्य सम्बन्धिनो मित्रा-णि च सर्वदा सन्तोषणीयानि ॥ ७१ ॥

पदार्थः—हे कन्ये जिस (परस्याः) उत्तम कन्या तेरा मैं (अधि) स्वामी हुआ चाहता हूं सो तू (सम्वतः) संविभाग को प्राप्त हुए (अवरान्) नीच स्वभावों का (अभ्यातर) उल्लंघन और (यत्र) जिस कुल में (अहम्) मैं (अस्मि) हूं (तान्) उन उत्तम् मनुष्यों की (अव) रक्षा कर ॥ ७१ ॥

भावार्थः—कन्या को चाहिये कि अपने से अधिक बल और विद्या वाले वा बराबर के पति को स्वीकार करे किन्तु छोटे वा न्यून विद्या वाले को नहीं । जिस के साथ विवाह करे उस के सम्बन्धी और मित्रों को सब काल में प्रसन्न रक्खे ॥७१॥

परमस्याइत्यस्य वारुणिर्ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिगुष्णिक् छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

पुनः सा स्वस्वामिनं प्रति किंकिमादिशेदित्याह ॥

फिर वह स्त्री अपने स्वामी से क्या २ कहे इस वि० ॥

प॒र॒मस्याः॑ परा॒वतो॑ रो॒हिद॑श्व इ॒हा ग॑हि । पु॒री॒ष्यः॑

पुरुप्रियोऽग्ने त्वं तरा मृधः ॥ ७२ ॥

परमस्याः । पराक्तइतिपराऽवतः । रोहिदश्वइतिरोहित्ऽअश्वः । इह । आ । गहि । पुरीष्यः । पुरुप्रियइतिपुरुऽप्रियः । अग्ने । त्वम् । तर । मृधः ॥७२॥

पदार्थः—(परमस्याः) अनुत्तमगुणरूपशीलायाः(परावतः) दूरदेशात् (रोहिदश्वः) रोहितोऽग्न्यादयोऽश्वावाहनानि यस्य सः (इह) (आ) (गहि) आगच्छ (पुरीष्यः) पुरीषेषु पालनेषु साधुः (पुरुप्रियः) पुरूणां बहूनां जनानां मध्ये प्रियः प्रीतः (अग्ने) अग्निप्रकाशवद्विज्ञानयुक्त (त्वम्) (तर) उल्लंघ । अत्र द्व्यचोतस्तिङइति दीर्घः (मृधः) परपदार्थाभिकांक्षिणः शत्रून् ॥७२॥

अन्वयः—हे अग्ने पावक इव तेजस्विन् स्वामिन् रोहिदश्वः पुरीष्यः पुरुप्रियस्त्वमिह परावतो देशात् परमस्याः कन्यायाः कीर्तिं श्रुत्वाऽऽगहि तया प्राप्तया सह मृधस्तर ॥ ७२ ॥

भावार्थः—मनुष्यैः स्वस्याः कन्यायाः पुत्रस्य वा समीपदेशे विवाहः कदाचिन्नैव कार्य्यः । यावद्दूरे विवाहः क्रियते तावदेवाऽधिकं सुखं जायेत निकटे कलह एव ॥ ७२ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) पावक के समान तेजस्विन् विज्ञान युक्त पते (रोहिदश्वः) अग्नि आदि पदार्थों से युक्त वाहनों से युक्त (पुरीष्यः) पालने में श्रेष्ठ (पुरुप्रियः) बहुत मनुष्यों की प्रीति रखने वाले (त्वम्) आप (इह) इस गृहाश्रम में (परावतः) दूर देश से (परमस्याः) अति उत्तम गुण रूप और स्वभाव वाली कन्या की कीर्ति सुन के (आगहि) आइये और उस के साथ (मृधः) दूसरों के पदार्थों की आकांक्षा करने हारे शत्रुओं का (तर) तिरस्कार कीजिये ॥ ७२ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि अपनी कन्या वा पुत्र का समीप देश में विवाह कभी न करें। जितना ही दूर विवाह किया जावे उतना ही अधिक सुख होवे निकट करने में कलह ही होता है ॥ ७२ ॥

यदग्ने इत्यस्य जमदग्निर्ऋषिः। अग्निर्देवता। निचृदनुष्टुप् छन्दः। गांधारः स्वरः ॥

पुनः स्त्री पुरुषौ प्रति सम्बन्धिनः किं किं प्रतिजानीरन्नित्याह ॥

फिर स्त्रीपुरुषों के प्रति सम्बन्धी लोग क्या २ प्रतिज्ञा करें और करावें यह वि० ॥

यद॑ग्ने॒ कानि॒ कानि॑ चि॒दा ते॒ दारू॑णि द॒ध्मसि॑। सर्वं॒ तद॑स्तु ते घृ॒तं तज्जु॑षस्व यविष्ठ्य ॥ ७३ ॥

यत्। अ॒ग्ने॒। कानि॑। कानि॑। चि॒त्। आ। ते॒। दारू॑णि। द॒ध्मसि॑। सर्व॑म्। तत्। अ॒स्तु॒। ते॒। घृ॒तम्। तत्। जु॒ष॒स्व॒। य॒वि॒ष्ठ्य॒ ॥ ७३ ॥

पदार्थः—(यत्) (अग्ने) अग्निरिव वर्तमान (कानि) (कानि) (चित्) अपि (आ) (ते) तुभ्यं तव वा (दारुणि) काष्ठे (दध्मसि) धरामः (सर्वम्)(तत्) (अस्तु) (ते) तव (घृतम्) आज्यम् (तत्) (जुषस्व) (यविष्ठ्य) अतिशयेन युवा यविष्ठः स एव तत्सम्बुद्धौ ॥ ७३ ॥

अन्वयः—हे यविष्ठ्याग्ने विद्वान् पते स्त्रि वा यथा कानि कानि चिद्वस्तूनि ते सन्ति तद्वयं दारुण्यादध्मसि। यदस्माकं

वस्त्वस्ति तत्सर्वं तेऽस्तु यदस्माकं घृतं तत्त्वं जुषस्व। यत्ते वस्त्वस्ति तत्सर्वमस्माकमस्तु। यत्ते घृतादिकं वस्त्वस्ति यद्वयं गृह्णीमः॥७३॥

भावार्थः—ब्रह्मचार्य्यादिभिर्मनुष्यैः स्वकीयाः सर्वे पदार्थाः सर्वार्था निधातव्याः। न कदाचिदीर्ष्यया परस्परं भेत्तव्यं यतः सर्वेषां सर्वाणि सुखानि वर्धेरन् विघ्नाश्च नोत्तिष्ठेरन्नेवं स्त्रीपुरुषावपि परस्परं वर्त्तेयाताम्॥ ७३॥

पदार्थः—हे (यविष्ठ्य) अत्यन्त युवावस्था को प्राप्त हुए (अग्ने) अग्नि के समान तेजस्वी विद्वान् पुरुष वा स्त्री आप जैसे (कानि कानि चित्) कोई २ भी वस्तु (ते) तेरी हैं वे हम लोग (दारुणि) काष्ठ के पात्र में (दध्मसि) धारण करें। (यत्) जो कुछ हमारी चीज़ है (तत्) सो (सर्वम्) सब (ते) तेरी (अस्तु) होवे जो हमारा (घृतम्) घृतादि उत्तम पदार्थ है (तत्) उस को तू (जुषस्व) सेवन कर। जो कुछ तेरा पदार्थ है सो सब हमारा हो जो तेरा घृतादि पदार्थ है उस को हम ग्रहण करें॥ ७३॥

भावार्थः—ब्रह्मचारी आदि मनुष्य अपने सब पदार्थ सब के उपकार के लिये रक्खें। किन्तु ईर्ष्या से आपस में कभी भेद न करें जिस से सब के लिये सब सुखों की वृद्धि होवे। और विघ्न न उठें इसी प्रकार स्त्री पुरुष भी परस्पर वर्त्तें॥ ७३॥

यदत्तीत्यस्य जमदग्निर्ऋषिः। अग्निर्देवता। विराडनुष्टुप् छन्दः। गांधारः स्वरः॥

पुनस्तमेव विषयमाह॥

फिर भी वही विषय अगले मंत्र में कहा है॥

यदत्त्युपजिह्विका यद्वम्रो अतिसर्पति। सर्वं तदस्तु ते घृतं तज्जुषस्व यविष्ठ्य॥ ७४॥

यत्। अत्ति। उपजिह्विकेत्युपऽजिह्विका। यत्।

वृम्रः । अतिसर्पतीत्य॑तिऽसर्पति । सर्व॑म् । तत् । अस्तु । ते । घृतम् । तत् । जुषस्व । यविष्ठ्य ॥ ७४ ॥

पदार्थः—(यत्) (अत्ति) भुङ्क्ते (उपजिह्विका) उपगताऽनुकूला जिह्वा यस्याः पत्न्याः सा (यत्) (वम्रः) उद्गालितोदानः (अतिसर्पति) अतिशयेन गच्छति (सर्वम्) (तत्) (अस्तु) (ते) (घृतम्) (तत्) (जुषस्व) (यविष्ठ्य)॥७४॥

अन्वयः—हे यविष्ठ्य त्वमुपजिह्विका च यदत्ति वम्रो यदत्ति सर्पति तत्सर्वं तेऽस्तु यत्ते घृतमस्ति तत्त्वं जुषस्व ॥ ७४ ॥

भावार्थः—यत्प्रति पतिः प्रवर्त्तते स्त्री वा तदनुकूलौ दम्पती स्याताम् । यत्स्त्रियाः स्वं तत्पुरुषस्य यत्पुरुषस्य तत्स्त्रिया भवतु नात्र कथं चिद्द्वेषो विधेयः किंतु परस्परं मिलित्वाऽऽनन्दं भुंजीयाताम् ॥ ७४ ॥

पदार्थः—हे (यविष्ठ्य) अत्यन्त युवावस्था को प्राप्त होए पते आप और (उपजिह्विका) जिस की जिह्वा इन्द्रिय अनुकूल अर्थात् वश में हो ऐसी स्त्री (यत्) जो (अत्ति) भोजन करे (यत्) जो (वम्रः) मुख से बाहर निकाला प्राण वायु (अतिसर्पति) अत्यन्त चलता है (तत्) वह (सर्वम्) सब (ते)तेरा (अस्तु) होवे । जो तेरा (घृतम्) घी आदि उत्तम पदार्थ है (तत्) उस को (जुषस्व) सेवन किया कर ॥ ७४ ॥

भावार्थः—जिस पुरुष से पुरुष वा स्त्री का व्यवहार सिद्ध होता हो उस के अनुकूल स्त्री पुरुष दोनों वर्त्तें । जो स्त्री का पदार्थ है वह पुरुष का और जो पुरुष का है वह स्त्री का भी होवे । इस विषय में कभी द्वेष नहीं करना चाहिये किन्तु आपस में मिल के आनन्द भोगें ॥ ७४ ॥

अहरहरित्यस्य नाभानेदिष्ठ ऋषिः। अग्निर्देवता। विराट्त्रिष्टुप्छन्दः। धैवतः स्वरः॥

पुनर्गृहस्थाः परस्परं कथं वर्त्तेरन्नित्याह ॥

फिर गृहस्थ लोग आपस में कैसे वर्त्ते यह वि० ॥

अहरहरप्रयावं भरन्तोऽश्वायेव तिष्ठते घासमस्मै। रायस्पोषेण समिषा मदन्तोऽग्ने मा ते प्रतिवेशा रिषाम ॥ ७५ ॥

अहरहरित्यहःऽअहः। अप्रयावमित्यप्रऽयावम्। भरन्तः। अश्वायेवेत्यश्वायऽइव। तिष्ठते। घासम्। अस्मै। रायः। पोषेण। सम्। इषा। मदन्तः। अग्ने। मा। ते। प्रतिवेशा इति प्रतिऽवेशाः। रिषाम ॥ ७५ ॥

पदार्थः-(अहरहः) प्रतिदिनम् (अप्रयावम्) प्रयुवन्त्यायं यस्मिन् स प्रयावो न विद्यते प्रयावो यस्मिन् गृहाश्रमे तम् (भरन्तः) धरन्तः (अश्वायेव) यथाऽश्वाय (तिष्ठते) वर्त्तमानाय (घासम्) भक्ष्यम् (अस्मै) गृहाश्रमाय (रायः) धनस्य (पोषेण) पुष्ट्या (सम्) (इषा) अन्नादिना (मदन्तः) हर्षन्तः (अग्ने) विद्वन् (मा) (ते) तव (प्रतिवेशाः) प्रतीता वेशा धर्मप्रवेशा येषां ते (रिषाम) हिंस्याम। अत्र लिङर्थे लुङ् ॥ ७५ ॥

अन्वयः-हे अग्नेऽहरहस्तिष्ठतेऽश्वायेवास्मा अप्रयावं घासं

भरन्तो रायस्पोषेणेषा संमदन्तः प्रतिवेशाः सन्तो वयं ते ऐश्वर्य्यं मा- रिषाम ॥ ७५ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०— गृहस्था यथा अश्वादि पशूनां भोजनार्थं यवदुग्धादिकमश्वपालकाः नित्यं संचिन्वन्ति तथैश्वर्य्यं समुन्नीय सुखयेयुः । धनमदेन कंन चित्सहेर्ष्यां कदाचिन्ना कुर्य्युः परस्योत्कर्षं श्रुत्वा दृष्ट्वा च सदा हर्षयेयुः ॥ ७५ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वन्पुरुष (अहरहः) नित्यप्रति (तिष्ठते) वर्त्तमान (अश्वायेव) जैसे घोड़े के लिये घास आदि खाने का पदार्थ आगे धरते हैं वैसे (अस्मै) इस गृहस्थ पुरुष के लिये (अप्रयावम्) अन्याय से पृथक् गृहाश्रम के योग्य (धासम्) भोगने योग्य पदार्थों को (भरन्तः) धारण करते हुए (रायः) धन की (पोषेण) पुष्टि तथा (इषा) अन्नादि से (संमदन्तः) सम्यक् आनन्द को प्राप्त हुए (प्रतिवेशाः) धर्म्म विषयक प्रवेश के निश्चित हम लोग (ते) तेरे ऐश्वर्य्य को (मारिषाम) कभी नष्ट न करें ॥ ७५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—गृहस्थ मनुष्यों को चाहिये कि जैसे घोड़े आदि पशुओं के खाने के लिये जो दूध आदि पदार्थों का पशुओं के पालक नित्य इकट्ठे करते हैं वैसे अपने ऐश्वर्य्य को बढ़ा के सुख देवें । और धन के अहंकार से किसी के साथ ईर्ष्या कभी न करें किन्तु दूसरों की वृद्धि वा धन देख के सदा आनन्द मानें ॥ ७५ ॥

नाभेत्यस्य नाभानेदिष्ठऋषिः । अग्निर्देवता । स्वराडार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनरेते परस्परं कथं संवदेरन्नित्याह ॥

फिर ये मनुष्य लोग आपस में कैसे संवाद करें यह वि० ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि प्रथम ब्रह्मचर्य्याश्रम के सहित विद्या तथा शिक्षा का ग्रहण दूसरे गृहाश्रम से धनका संचय तीसरे वानप्रस्थ आश्रम से तप का आचरण और चौथे संन्यास लेकर वेदविद्या और धर्म का नित्य प्रकाश करें ॥ १८ ॥

विद्मातइत्यस्य वत्सप्री ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी वही वि० ॥

विद्मा ते॑ अग्ने त्रेधा त्र॒याणि॑ वि॒द्मा ते॒ धाम॒ विभृ॑ता पुरु॒त्रा । वि॒द्मा ते॒ नाम॑ पर॒मं गुहा॒ यद्वि॒द्मा तमुत्सं॒ यत॑ आज॒गन्थ॑ ॥ १९ ॥

वि॒द्म । ते॒ । अ॒ग्ने॒ । त्रे॒धा । त्र॒याणि॑ । वि॒द्म । ते॒ । धाम॑ । विभृ॒तेति॒ विभृ॑ऽता । पु॒रु॒त्रेति॑ पु॒रु॒ऽत्रा । वि॒द्म । ते॒ । नाम॑ । प॒र॒मम् । गुहा॑ । यत् । वि॒द्म । तम् । उत्स॑म् । यत॑ः । आ॒ज॒ग॒न्थेत्या॑ऽज॒गन्थ॑ ॥ १९ ॥

पदार्थः—(विद्म) जानीयाम । अत्र चतसृषु क्रियासु संहितायां द्व्यचोऽतस्तिङ इति दीर्घः । विदोलटोवेति णलादयश्चादेशाः (ते) तव (अग्ने) विद्वन् (त्रेधा) त्रिभिः प्रकारैः (त्रयाणि) त्रीणि (विद्म) (ते) तव (धाम) धामानि (विभृता) विशेषेण धर्त्तुं योग्यानि (पुरुत्रा) पुरूणि बहूनि (विद्म) (ते) (नाम) (परमम्) (गुहा) गुहायां स्थितं गुप्तम् (यत्) (विद्म) (तम्) (उत्सम्) कूपइवार्द्रीकरम् । उत्सइति कूपना० निघं० ३ । २३ (यतः) यस्मात् (आजगन्थ) आगच्छेः ॥ १९ ॥

अन्वयः—हे अग्ने ते तव यानि त्रेधा त्रयाणि कर्माणि सन्ति तानि वयं विद्म । हे स्थानेश ते यानि विभृता पुरुत्रा धाम

सन्ति तानि वयं विद्म । हे विद्वँस्ते तव यद्गुहा परमं नामास्ति तद्वयं विद्म । यतस्त्वमाजगन्थ तं त्वामुत्समिव विद्म विजानीमः ॥ १९ ॥

भावार्थः—प्रजास्थैर्जनैराज्ञा च राजनीतिकर्माणि स्थानानि सर्वेषां नामानि च विज्ञेयानि । यथा कृषीवलाः कूपाज्जलमुत्कृष्य क्षेत्रादीनि तर्पयन्ति तथैव प्रजास्थैर्धनादिभीराजा तर्पणीयो राज्ञा प्रजाश्च तर्पणीयाः ॥ १९ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वान् पुरुष (ते) आप के जो (त्रेधा) तीन प्रकार से (त्रयाणि) तीन कर्म हैं उन को हम लोग (विद्म) जानें । हे स्थानों के स्वामी (ते) आप के जो (विभृत) विशेष कर के धारण करने योग्य (पुरुत्रा) बहुत (धाम) नाम जन्म और स्थान रूप हैं उन को हम लोग (विद्म) जानें, हे विद्वान् पुरुष (ते) आप का (यत्) जो (गुहा) बुद्धि में स्थित गुप्त (परमम्) श्रेष्ठ (नाम) नाम है उस को हम लोग (विद्म) जानें (यतः) जिस कारण आप (आजगन्थ) अच्छे प्रकार प्राप्त होवें (तम्) उस (उत्सम्) कूप के तुल्य तर करने हारे आप को (विद्म) हम लोग जानें ॥ १९ ॥

भावार्थः—प्रजा के पुरुष और राजा को योग्य है कि राजनीति के कामों सब स्थानों और सब पदार्थों के नामों को जानें । जैसे कुए से जल निकाल खेत आदि को तृप्त करते हैं वैसे ही धनादि पदार्थों से प्रजा राजा को और राजा प्रजाओं को तृप्त करे ॥ १९ ॥

समुद्रइत्यस्य वत्सप्री ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनाराजप्रजासम्बन्धमाह ॥

फिर भी राजा और प्रजा के सम्बन्ध का उप० ॥

समुद्रे त्वा नृमणा अप्स्वन्तर्नृचक्षा ईधे दिवो अग्न ऊधन् । तृतीये त्वा रजसि तस्थिवांसमपामुपस्थे महिषा अवर्धन् ॥ २० ॥

समुद्रे । त्वा । नृमणाः । नृमना इति नृऽमनाः । अप्स्वित्यप्ऽसु । अन्तः । नृचक्षा इति नृऽचक्षाः । ईधे । दिवः । अग्ने । ऊधन् । तृतीये । त्वा । रजसि । तस्थिवांसमिति तस्थिऽवांसम् । उपस्थ इत्युपऽस्थे । महिषाः । अवर्धन् ॥ २० ॥

पदार्थः—(समुद्रे) अन्तरिक्षे (त्वा) त्वाम् (नृमणाः) नायकेषु मनो यस्य सः (अप्सु) अन्नेषु जलेषु वा (अन्तः) मध्ये (नृचक्षाः) नृषु मनुष्येषु चक्षो दर्शनं यस्य सः (ईधे) प्रदीपये (दिवः) सूर्यप्रकाशस्य (अग्ने) विद्वान् (ऊधन्) ऊधनि उषसि। ऊधइत्युषसोना० निघं० १ । ८ (तृतीये) त्रयाणां पूरके (त्वा) त्वाम् (रजसि) लोके (तस्थिवांसम्) तिष्ठन्तम् (अपाम्) जलानाम् (उपस्थे) समीपे (महिषाः) महान्तो विद्वांसः । महिषइति । महन्ना० निघं ३ । ३ (अवर्धन्) वर्धेरन् ॥ २० ॥

अन्वयः—हे अग्ने नृमणा अहं यं त्वा समुद्रेऽग्निमिवेधे नृचक्षा अहमप्स्वन्तरीधे दिवऊधन्नीधे तृतीये रजसि तस्थिवांसं सूर्यमिव यं त्वामपामुपस्थे महिषा अवर्धन् स त्वमस्मान् सततं वर्धय ॥ २० ॥

भावार्थः—प्रजासु वर्त्तमानाः सर्वे प्रधानपुरुषा राजवर्गं नित्यं वर्द्धयेयुः । राजपुरुषा प्रजापुरुषांश्च ॥ २० ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वान् पुरुष (नृमणाः) नायक पुरुषों को विचारने वाला मैं जिस (त्वा) आप को (समुद्रे) आकाश में अग्नि के समान (ईधे) प्रदीप्त करता हूं (नृचक्षाः) बहुत मनुष्यों का देखने वाला मैं (अप्सु) अन्न वा जलों के (अन्तः) बीच प्रकाशित करता हूं (दिवः) सूर्य के प्रकाश के (ऊधन्) प्रातःकाल में प्रकाशित करता हूं (तृतीये) तीसरे (रजसि) लोक में (तस्थिवांसम्) स्थित हुए सूर्य के तुल्य जिस आप को (अपाम्) जलों के (उपस्थे) समीप (महिषः) महात्मा विद्वान् लोग (अवर्धन्) उन्नति को प्राप्त करें सो आप हम लोगों की निरन्तर उन्नति कीजिये ॥ २० ॥

भावार्थः—प्रजा के बीच वर्त्तमान सब श्रेष्ठ पुरुष राजकार्यों को और राजपुरुष प्रजा पुरुषों को नित्य बढ़ाते रहैं ॥ २० ॥

अक्रन्ददित्यस्य वत्सप्रीऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ मनुष्याः कीदृशा भवेयुरित्यु० ॥

अब मनुष्यों को कैसा होना चाहिये यह वि० ॥

अक्रन्ददग्निस्तनयन्निव द्यौः क्षामा रेरिहद्वीरुधः समञ्जन् । सद्यो जज्ञानो वि हीमिद्धो अख्यदा रोदसी भानुना भात्यन्तः ॥ २१ ॥

अक्रन्दत् । अग्निः । स्तनयन्निवेति स्तनयन्ऽइव । द्यौः । क्षामा । रेरिहत् । वीरुधः । समञ्जन्निति सम्ऽअञ्जन् । सद्यः । जज्ञानः । वि । हि । ईम् । इद्धः । अख्यत् । आ । रोदसीइतिरोदसी

भानुना । भाति । अन्तरित्यन्तः ॥ २१ ॥

पदार्थः—(अक्रन्दत) गमयति (अग्निः) विद्युत् (स्तनयन्निव) यथा शब्दयन् (द्यौः) सूर्यः) क्षामाः) पृथिवीम् । अत्रान्येषामपीत्युपधादीर्घः । सुपामिति विभक्तिलोपः (रेरिहत्) ताडयति (वीरुधः) ओषधीः । वीरुधश्रोषधयो भवन्ति विरोहणात् । निरु० ६ । ३ (समञ्जन्) प्रकटयन् (सद्यः) शीघ्रम् (जज्ञानः) जायमानः (वि) (हि) प्रसिद्धौ (ईम्) सर्वतः (इद्धः) प्रदीप्यमानः (अख्यत्) ख्याति (आ) (रोदसी) प्रकाशभूमी (भानुना) किरणसमूहेन (भाति) राजति (अन्तः) मध्ये ॥ २१ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं यथा द्यौः सूर्योऽग्निस्तनयन्निव वीरुधः समञ्जन् सन् सद्योऽह्यक्रन्दत् । क्षामा रेरिहदयं जज्ञानइद्धः सन् भानुना रोदसी ई व्यख्यत् । ब्रह्माण्डस्यान्तराभातीति तथा भवत ॥ २१ ॥

भावार्थः—ईश्वरेण यदर्थः सूर्य उत्पादितः स विद्युदिव सर्वान् लोकानाकृष्य संप्रकाश्यौषध्यादिवृद्धिहेतुः सन् सर्वभूगोलानां मध्ये यथा विराजते तथा राजादिभिर्भवितव्यम् ॥ २१ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे (द्यौः) सूर्य लोक (अग्निः) विद्युत अग्नि (स्तनयन्निव) शब्द करते हुए के समान (वीरुधः) ओषधियों को (समञ्जन्) प्रकट करता हुआ (सद्यः) शीघ्र (हि) ही (अक्रन्दत्) पदार्थों को इधर-उधर चलाता (क्षामा) पृथिवी को (रेरिहत्) कंपाता और यह (जज्ञानः) प्रसिद्ध हुआ (इद्धः) प्रकाशमान हो कर (भानुना) किरणों के साथ (रोदसी) प्रकाश

और पृथिवी को (ईम्) सब ओर से (व्यख्यत्) विख्यात करता है । और ब्रह्माण्ड के (अन्तः) बीच (आभाति) अच्छे प्रकार शोभायमान होता है । वैसे तुम लोग भी होओ ॥ २१ ॥

भावार्थः—ईश्वर ने जिस लिये सूर्य लोक को उत्पन्न किया है इसी लिये यह विजुली के समान सब लोकों का आकर्षण कर और ओषधि आदि पदार्थों को बढ़ाने का हेतु और सब भूगोलों के बीच जैसे शोभायमान होता है वैसे राजा आदि पुरुषों को भी होना चाहिये ॥ २१ ॥

श्रीणामित्यस्य वत्सप्रीऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदार्षीत्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अत्र राजकर्मणि कीदृग्जनोऽभिषेचनीयइत्याह ॥

इन राजकार्यों में कैसे पुरुष को राजा बनावें यह वि० ॥

श्रीणामुदारो धरुणो रयीणां मनीषाणां प्रार्पणः सोमगोपाः । वसुः सूनुः सहसो अप्सु राजा वि भात्यग्र उषसामिधानः ॥ २२ ॥

श्रीणाम् । उदारइत्युत्ऽआरः । धरुणः । रयीणाम् । मनीषाणाम् । प्रार्पणइति प्रऽअर्पणः । सोमगोपाइतिसोमऽ गोपाः । वसुः । सूनुः । सहसः । अप्स्वित्यप्ऽसु । राजा । वि । भाति । अग्रे । उषसाम् । इधानः ॥ २२ ॥

पदार्थः—(श्रीणाम्) लक्ष्मीणां मध्ये (उदारः) य उत्कृष्टम् परीक्ष्य ऋच्छति ददाति (धरुणः) धर्त्ताऽऽधारभूतः (रयीणाम्) धनानाम् (मनीषाणाम्)प्रज्ञानाम्। याभिर्मन्यन्ते जानन्ति ता मनीषाः प्रज्ञास्तासाम् (प्रार्पणः) प्रापकः (सोमगोपाः) सोमानामोषधीनामैश्वर्य्याणां वा रक्षकः (वसुः) कृतब्रह्मचर्य्यः (सूनुः) सुतः (सहसः) बलवतः पितुः (अप्सु) प्राणेषु(राजा) प्रकाशमानः (वि) (भाति) प्रदीप्यते (अग्रे) संमुखे (उषसाम्) प्रभातानाम् (इधानः) प्रदीप्यमानः ॥ २२ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं यो जन उषसामग्र इधानः सूर्य इव श्रीणामुदारो रयीणां धरुणो मनीषाणां प्रार्पणः सोमगोपाः सहसः सूनुर्वसुः सन्नप्सु राजा विभाति तं सर्वाध्यक्षं कुरुत ॥ २२ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्यः सुपात्रेभ्यो दाता धनस्य व्यर्थव्ययस्याकर्त्ता सर्वेषां विद्याबुद्धिप्रदः कृतब्रह्मचर्यस्य जितेन्द्रियस्य तनयो योगाङ्गानुष्ठानेन प्रकाशमानः सूर्यवत् शत्रुगुणकर्मस्वभावानां मध्ये देदीप्यमानो पितृवत् प्रजापालको जनोऽस्ति स राज्यकरणायाभिषेचनीयः ॥ २२ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुम लोगों को चाहिये कि जो पुरुष (उषसाम्)प्रभात समय के (अग्रे) आरम्भ में (इधानः)प्रदीप्यमान सूर्य के समान (श्रीणाम्) सब उत्तम लक्ष्मियों के मध्य (उदारः)परीक्षित पदार्थों का देने (रयीणाम्) धनों का (धरुणः)धारण करने (मनीषाणाम्) बुद्धियों का (प्रार्पणः)प्राप्त कराने और (सोमगोपाः) ओषधियों वा ऐश्वर्यों की रक्षा करने (सहसः) ब्रह्मचर्य किये जितेन्द्रिय बलवान् पिता का (सूनुः) पुत्र (वसुः) ब्रह्मचर्याश्रम करता हुआ (अप्सु) प्राणों में (राजा)प्र-

काशयुक्त हो कर (विभाति) शुभ गुणों का प्रकाश करता हो उस को सब का अ-ध्यक्ष करो ॥ २२ ॥

भावार्थः—सब मनुष्यों को उचित है कि सुपात्रों को दान देने धन का व्यर्थ खर्च न करने सब को विद्या बुद्धि देने जिस ने ब्रह्मचर्याश्रम सेवन किया हो अपने इन्द्रिय जिस के वश में हो योग के यम आदि आठ अङ्गों के सेवन से प्रकाशमान सूर्य के समान अच्छे गुण कर्म्म और स्वभावों से सुशोभित और पिता के समान अच्छे प्रजाओं का पालन करने हारा पुरुष हो उस को राज्य करने के लिये स्थापित करें ॥ २२ ॥

विश्वस्येत्यस्य वत्सप्रीर्ऋषिः । अग्निर्देवता । आर्चीत्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी वही वि० ॥

विश्वस्य केतुर्भुवनस्य गर्भ आ रोदसी अपृणाज्जायमानः । वीडुं चिदद्रिमभिनत् परायन् जना यदग्निमयजन्त पञ्च ॥ २३ ॥

विश्वस्य । केतुः । भुवनस्य । गर्भः । आ । रोदसी इति रोदसी । अपृणात् । जायमानः । वीडुम् । चित् । अद्रिम् । अभिनत् । परायन्निति पराऽयन् । जनाः । यत् । अग्निम् । अयजन्त । पञ्च ॥ २३ ॥

पदार्थः—(विश्वस्य) (केतुः) (भुवनस्य) भवन्ति भूतानि यस्मिँस्तस्य लोकमात्रस्य (गर्भः) अन्तःस्थः (आ) (रोदसी) प्रकाशभूमी (अपृणात्) प्रपूर्यात् (जायमानः) उत्पद्यमानः (वीडुम्) दृढबलम् (चित्) इव (अद्रिम्) मेघम् (अभिनत्)

भिन्द्यात् (परायन्) परेतः सन् (जनाः) (यत्) यः (अग्निम्) विद्युतम् (अयजन्त) संगमयन्ति (पञ्च) प्राणाः ॥ २३ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यो विद्वान् विश्वस्य भुवनस्य केतुर्गर्भो जायमानः परायन् रोदसी आपृणाद्वीडुमद्रिमभिनत् पञ्चजना अग्निमयजन्त चिदिव विद्यादिशुभगुणान् प्रकाशयेत्तं न्यायाधीशं मन्यध्वम् ॥ २३ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यथा भुवनस्य मध्ये सूर्य्य आकर्षणेन सर्वविद्याप्रापको राज्यधर्त्ता शत्रूच्छेदकः सुखानां जनयिता गर्भस्य मातेव प्रजापालको विद्वान् भवेत् तं राज्याधिकारिणं कुर्यात् ॥ २३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुम लोग (यत्) जो विद्वान् (विश्वस्य) सब (भुवनस्य) लोकों का (केतुः) पिता के समान रक्षक प्रकाशने हारा (गर्भः) उन के मध्य में रहने (जायमानः) उत्पन्न होने वाला (परायन्) शत्रुओं को प्राप्त होता हुआ (रोदसी) प्रकाश और पृथिवी को (आपृणात्) पूरण कर्त्ता हो (वीडुम्) अत्यन्त बलवान् (अद्रिम्) मेघ को (अभिनत्) छिन्न भिन्न करे (पंच) पांच (जनाः) प्राण (अग्निम्) बिजुली को (अयजन्त) संयुक्त करते हैं (चित्) इसी प्रकार जो विद्या आदि शुभ गुणों का प्रकाश करे उस को न्यायाधीश राजा मानो ॥ २३ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—जैसे ब्रह्माण्ड के बीच सूर्य लोक अपनी आकर्षण शक्ति से सब का धारण करता और मेघ को काटने वाला तथा प्राणों से प्रसिद्ध हुए के समान सब विद्याओं को जताने और जैसे माता गर्भ की रक्षा करे वैसे प्रजा का पालने हारा विद्वान् पुरुष हो उस को राज्याधिकार देना चाहिये ॥ २३ ॥

उशिगित्यस्य वत्सप्री ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैः किं कर्त्तव्यमित्याह ॥

फिर मनुष्यों को क्या करना चाहिये यह वि० ॥

उशिक् पा॑वको अ॑र॒तिः सु॑मे॒धा मर्त्ये॑ष्व॒ग्निर॒मृ-
तो॒ नि॑धा॒यि । इय॑र्त्ति धू॒मम॑रु॒षम्भरि॑भ्र॒दुच्छु॒क्रेण॑
शो॒चिषा॒ द्यामिन॑क्षन् ॥ २४ ॥

उ॒शिक् । पा॒व॒कः । अ॒र॒तिः । सु॒मे॒धा इति॑ सु॒ऽमे॒धाः ।
मर्त्ये॑षु । अ॒ग्निः । अ॒मृत॑ः । नि । धा॒यि॒ । इय॑र्त्ति ।
धू॒मम् । अ॒रु॒षम् । भरि॑भ्रत् । उत् । शु॒क्रेण॑ । शो॒-
चिषा॑ । द्याम् । इन॑क्षन् ॥ २४ ॥

पदार्थः—(उशिक्) कामयमानः (पावकः) पवित्रकर्त्ता (अरतिः) ज्ञाता (सुमेधाः) शोभनप्रज्ञः (मर्त्येषु) (अग्निः) कारणाख्यः (अमृतः) अविनाशी (नि) (धायि) निधीयते (इयर्त्ति) प्राप्नोति (धूमम्) (अरुषम्) रूपम् (भरिभ्रत्) अत्यन्तं धरन् पुष्यन् (उत्) (शुक्रेण) आशुकरेण (शोचिषा) दीप्त्या (द्याम्) सूर्यम् (इनक्षन्) व्याप्नुवन् । इनक्षतीति व्याप्तिकर्म० निघं० २।१८॥२४॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयमीश्वरेण मर्त्येषु य उशिक् पावको-ऽरतिः सुमेधाऽमृतोऽग्निर्निधायि यः शुक्रेण शोचिषा द्यामिनक्षन् धूममरुषं भरिभ्रदुदियर्त्ति तमीश्वरमुपाध्वमुपकुरुत वा ॥ २४ ॥

भावार्थः—मनुष्यैरीश्वरसृष्टानां पदार्थानां कारणकार्यपुरस्सरं विज्ञानं कृत्वा प्रज्ञोन्नेया ॥ २४ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुम लोग ईश्वर ने (मर्त्येषु) मनुष्यों में जो (उशिक्) मानने योग्य (पावकः) पवित्र करने हारा (अरतिः) ज्ञान वाला (सुमेधाः) अच्छी बुद्धि से युक्त (अमृतः) मरण धर्म रहित (अग्निः) आकाररूप ज्ञान का प्रकाश (निधायि) स्थापित किया है जो (शुक्रेण) शीघ्रकारी (शोचिषा) प्रकाश से (द्याम्) सूर्यलोक को (इनक्षन्) व्याप्त होता हुआ (धूमन्) धुए (अरुषम्) रूप को (भरिभ्रत्) अत्यन्त धारण वा पुष्ट करता हुआ (उदियर्त्ति) प्राप्त होता है उसी ईश्वर की उपासना करो वा उस अग्नि से उपकार लेओ ॥ २४ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि कार्य्य कारण के अनुसार ईश्वर के रचे हुए सब पदार्थों को ठीक २ जान के अपनी बुद्धि बढावें ॥ २४ ॥

दृशानइत्यस्य वत्सप्रीऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिक्पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनर्नरैः किं किं वेद्यमित्याह ॥

फिर मनुष्यों को क्या २ जानना चाहिये यह वि० ॥

दृशानो रुक्म उर्व्या व्यद्यौद्दुर्मर्षमायुः श्रिये रुचानः । अग्निरमृतो अभवद्वयोभिर्यदेनं द्यौरजनयत्सुरेताः ॥ २५ ॥

दृशानः । रुक्मः । उर्व्या । वि । अद्यौत् । दुर्मर्षमिति दुःऽमर्षम् । आयुः । श्रिये । रुचानः । अग्निः । अमृतः । अभवत् । वयोभिरिति वयःऽभिः । यत् । एनम् । द्यौः । अजनयत् । सुरेता इति सुऽरेताः ॥ २५ ॥

पदार्थः—(दृशानः) दर्शकः (रुक्मः) (उर्व्या) पृथिव्या सह (वि) (अद्यौत्) प्रकाशयति (दुर्मर्षम्) दुर्गतो मर्षः

सेचनं यस्मात्तत् (आयुः) जीवनम् (श्रिये) शोभायै (रुचानः) प्रदीपकः (अग्निः) तेजः (अमृतः) नाशरहितः (अभवत्) (वयोभिः) व्यापकैर्गुणैः (यत्) यस्मात् (एनम्) (द्यौः) स्वप्रकाशः (अजनयत्) जनयति (सुरेताः) शोभनानि रेतांसि वीर्याणि यस्य सः ॥ २५ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं यद्यो दृशानो रुक्मः श्रिये रुचानोऽमृतो दुर्मर्षमायुः कुर्वन्नमृतोऽग्निरुर्व्यासह व्यद्यौद्वयोभिः सहाभवत् । तद्द्यौः सुरेता जगदीश्वरो यदेनमजनयत्तं तत्तां च विजानीत ॥ २५ ॥

भावार्थः—ये मनुष्या जगत्स्रष्टारमनादिमीश्वरमनादिजगत् कारणं गुणकर्मस्वभावैः सह विज्ञायोपासत उपयुञ्जते च ते दीर्घायुषः श्रीमन्तो जायन्ते ॥ २५ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुमलोग (यत्) जिस कारण (दृशानः) दिखाने हारा (रुक्मः) रुचिका हेतु (श्रिये) शोभा का (रुचानः) प्रकाशक (दुर्मर्षम्) सब दुःखों से रहित (आयुः) जीवन करता हुआ (अमृतः) नाशरहित (अग्निः) तेजस्वरूप (उर्व्या) पृथिवी के साथ (व्यद्यौत्) प्रकाशित होता है (वयोभिः) व्यापक गुणों के साथ (अभवत्) उत्पन्न होता और जो (द्यौः) प्रकाशक (सुरेताः) सुन्दर पराक्रम वाला जगदीश्वर (यत्) जिस के लिये (एनम्) इस अग्नि को (अजनयत्) उत्पन्न करता है उस ईश्वर आयु और विद्युत् रूप अग्नि को जानो ॥ २५ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य गुण कर्म और स्वभावों के सहित जगत् रचने वाले अनादि ईश्वर और जगत् के कारण को ठीक २ जान के उपासना करते और उपयोग लेते हैं वे चिरंजीव होकर लक्ष्मी को प्राप्त होते हैं ॥ २५ ॥

यस्तइत्यस्य वत्सप्रीऋषिः । अग्निर्देवता । विराडार्षी त्रिष्टुप्छन्दः धैवतः स्वरः ॥

पुनर्विद्वद्भिः कीदृशः पाचकः स्वीकार्यइत्याह ॥

फिर विद्वान् लोग कैसे रसोइया का स्वीकार करें यह वि०

यस्ते॑ऽअ॒द्य कृ॒णव॑द्भद्रशोचेऽपू॒पं दे॑व घृ॒तव॑न्तमग्ने । प्र तं न॑य प्रत॒रं वस्यो॒ऽअच्छा॒भि सु॒म्नं दे॒वभ॑क्तं यविष्ठ ॥ २६ ॥

यः । ते॒ । अ॒द्य । कृ॒णव॑त् । भ॒द्र॒शो॒च॒ इति॑ भद्रऽशोचे । अ॒पू॒पम् । दे॒व॒ । घृ॒तव॑न्त॒मिति॑ घृ॒तऽव॑न्तम् । अ॒ग्ने॒ । प्र । तम् । न॒य॒ । प्र॒त॒रमिति॑ प्रऽत॒रम् । वस्यः॑ । अच्छ॑ । अ॒भि । सु॒म्नम् । दे॒वभ॑क्त॒मिति॑ दे॒वऽभ॑क्तम् । य॒वि॒ष्ठ॒ ॥ २६ ॥

पदार्थः—(यः) (ते) तव (अद्य) (कृणवत्) कुर्यात् (भद्रशोचे) भद्रा भजनीया शोचिर्दीप्तिर्यस्य तत्सम्बुद्धौ (अपूपम्) (देव) दिव्यभोगप्रद (घृतवन्तम्) बहु घृतं विद्यते यस्मिन् तम् (अग्ने) विद्वन् (प्र) (तम्) (नय) प्राप्नुहि (प्रतरम्) पाकस्य संतारकम् (वस्यः) अतिशयितं वसु तत् (अच्छ) (अभि) (सुम्नम्) सुखस्वरूपम् (देवभक्तम्) देवैर्विद्वद्भिः सेवितम् (यविष्ठ) अतिशयेन युवन् ॥ २६ ॥

अन्वयः—हे भद्रशोचे यविष्ठ देवाग्ने यस्ते तव घृतवन्तमभिसुम्नं वस्यो देवभक्तमपूपमच्छ कृणवत्तं प्रतरं पाककर्त्तारं त्वमद्य प्रणय ॥ २६ ॥

भावार्थः–मनुष्यैर्विद्वत्सुशिक्षितोऽत्युत्तमानां व्यञ्जनानां सुस्वादिष्ठानामन्नानां रुचिकराणां निर्माता पाककर्त्ता संग्राह्यः ॥ २६ ॥

पदार्थः—हे (भद्रशोचे) सेवने योग्य दीप्ति से युक्त (यविष्ठ) तरुण अवस्था वाले (देव) दिव्य भोगों के दाता (अग्ने) विद्वान् पुरुष (यः) जो (ते) आपका (घृतवन्तम्) बहुत घृत आदि पदार्थों से संयुक्त (अभि) सब प्रकार से (सुम्नम्) सुखरूप (देवभक्तम्) विद्वानों के सेवने योग्य (अपूपम्) भोजन के योग्य पदार्थों वाला (वस्यः) अत्यन्त भोग्य (अच्छ) अच्छे२ पदार्थों को (कृणवत्) बनावे (तम्) उस (प्रतरम्) पाक बनाने हारे पुरुष को आप (अद्य) आज (प्रयाय) प्राप्त हूजिये ॥ २६ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि विद्वानों से अच्छी शिक्षा को प्राप्त हुए अति उत्तम व्यञ्जन और शष्कुली आदि तथा शाक आदि स्वाद से युक्त रुचिकारक पदार्थों को बनाने वाले पाचक पुरुष का ग्रहण करें ॥ २६ ॥

आतमित्यस्य वत्सप्रीऋषिः । अग्निर्देवता । विराडार्षी त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर वही वि०

आतं भज सौश्रवसेष्वग्न उक्थउक्थ आ भज शस्यमाने । प्रियः सूर्य्ये प्रियो अग्ना भवात्युज्जातेन भिनददुज्जनित्वैः ॥ २७ ॥

आ । तम् । भज । सौश्रवसेषु । अग्ने । उक्थउक्थइत्युक्थेऽउक्थे । आ । भज । शस्यमाने । प्रियः । सूर्य्ये । प्रियः । अग्ना । भवाति । उत् । जातेन ।

भिनदत् । उत । जनित्वैरिति जनिऽत्वैः ॥ २७ ॥

पदार्थः—(आ) (तम्) (भज) सेवस्व (सौश्रवसेषु) (अग्ने) विद्वन् (उक्थउक्थे) वक्तुं योग्ये २ व्यवहारे (आ) (भज) (शस्यमाने) स्तूयमाने (प्रियः) कान्तः (सूर्य्ये) सूरिषु स्तोतृषु भवे (प्रियः) सेवनीयः (अग्ना) अग्नौ (भवाति) भवेत् (उत) (जातेन) (भिनदत्) भिन्द्यात् (उत) (जनित्वैः) जनिष्यमाणैः ॥ २७ ॥

अन्वयः—हे अग्ने विद्वंस्त्वं यः सौश्रवसेषु वर्त्तमानस्तमाभज यः शस्यमानउक्थउक्थे प्रियः सूर्येऽग्ना च प्रियो जातेन जनित्वैः सहोद्भवात्युद्भिनदत्तं त्वमाभज ॥ २७ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्यः पाककरणे साधुः सर्वस्य प्रियोऽन्नव्यञ्जनानां भेदकः पाचको भवेत्स स्वीकर्त्तव्यः ॥ २७ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वान् पुरुष आप जो (सौश्रवसेषु) सुन्दर धनवालों में वर्त्तमान हो (तम्) उस को (आभज) सेवन कीजिये जो (शस्यमाने) स्तुति के योग्य (उक्थे उक्थे) अत्यन्त कहने योग्य व्यवहार में (प्रियः) प्रीति रक्खे (सूर्य्ये) स्तुति कारक पुरुषों में हुए व्यवहार (अग्ना) और अग्नि विद्या में (प्रियः) सेवने योग्य (जातेन) उत्पन्न हुए और (जनित्वैः) उत्पन्न होने वालों के साथ (उद्भवाति) उत्पन्न होवे और शत्रुओं को (उद्भिनदत्) उच्छिन्न भिन्न करे (तम्) उस को आप (आभज) सेवन कीजिये ॥ २७ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि जो पाक करने में साधु सब का हितकारी अन्न और व्यंजनों को अच्छे प्रकार बनावे उस को अवश्य ग्रहण करें ॥ २७ ॥

त्वामग्नइत्यस्य वत्सप्री ऋषिः । अग्निर्देवता । विराडार्षी त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैर्विद्याः कथं वर्द्धनीयाइत्याह ॥
फिर मनुष्य लोग विद्या को किस प्रकार बढ़ावें इस वि०

त्वामग्ने यजमाना अनु द्यून् विश्वा वसु दधिरे वार्य्याणि । त्वया सह द्रविणमिच्छमाना ब्रजं गोमन्तमुशिजो विवब्रुः ॥ २८ ॥

त्वाम् । अग्ने । यजमानाः । अनु । द्यून् । विश्वा । वसु । दधिरे । वार्याणि । त्वया । सह । द्रविणम् । इच्छमानाः । ब्रजम् । गोमन्तमिति गोऽमन्तम् । उशिजः । वि । वव्रुः ॥ २८ ॥

पदार्थः—(त्वाम्) (अग्ने) विद्वन् (यजमानाः) संगन्तारः (अनु) (द्यून्) दिनानि (विश्वा) सर्वाणि (वसु) वसूनि द्रव्याणि (दधिरे) धरेयुः (वार्याणि) स्वीकर्त्तुमर्हाणि (त्वया) (सह) साकम् (द्रविणम्) धनम् (इच्छमानाः) व्यत्ययेनाऽऽत्मनेपदम् (ब्रजम्) मेघम् (गोमन्तम्) प्रशस्ता गावः किरणा यस्मिन्तम् (उशिजः) मेधाविनः । उशिगिति मेधाविना० निघं० ३ । १५ (वि) (वव्रुः) वृणुयुः ॥ २८ ॥

अन्वयः—हे अग्ने विद्वन् यन्त्वामाश्रित्योशिजो यजमानास्त्वया सह याननुद्यून् विश्वा वार्याणि वसु दधिरे द्रविणमिच्छमाना गोमन्तं ब्रजं विवव्रुस्तथा भूता वयमपि भवेम ॥ २८ ॥

भावार्थः—मनुष्यैः प्रयतमानानां विदुषां संगात्पुरुषार्थेन प्रतिदिनं विद्यासुखे वर्द्धनीये ॥ २८ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वान् पुरुष जिस (त्वम्) आपका आश्रय ले कर (उशिजः) बुद्धिमान् (यजमानाः) संगतिकारक लोग (त्वया) आप के (सह) साथ (विश्वा) सब (वार्याणि) ग्रहण करने योग्य (अनुद्यून्) दिनों में (वसु) द्रव्यों को (दधिरे) धारण करें (द्रविणम्) धन की (इच्छमानाः) इच्छा करते हुए (गोमन्तम्) सुन्दर किरणों के रूप से युक्त (व्रजम्) मेघ वा गोस्थान को (विवव्रुः) विविध प्रकार से ग्रहण करें वैसे हम लोग भी होवें ॥ २८ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि प्रयत्नशील विद्वानों के सङ्ग से पुरुषार्थ के साथ विद्या और सुख को नित्य प्रति बढ़ाते जावें ॥ २८ ॥

अस्तावीत्यस्य वत्सप्रीऋषिः । अग्निर्देवता । विराडार्षी त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तत्संगेन किं भवतीत्याह ॥

फिर उन विद्वानों के संग से क्या होता है यह वि० ॥

अस्ताव्यग्निर्नराᳪसुशेवो वैश्वानर ऋषिभिः सोमगोपाः । अद्वेषे द्यावापृथिवी हुवेम देवा धत्त रयिमस्मे सुवीरम् ॥ २९ ॥

अस्तावि । अग्निः । नराम् । सुशेवइतिसुऽशेवः । वैश्वानरः । ऋषिभिरित्यृषिऽभिः । सोमगोपाइतिसोमऽगोपाः । अद्वेषेइत्यद्वेषे । द्यावापृथिवीइति द्यावापृथिवी । हुवेम । देवाः । धत्त । रयिम् । अस्मेइत्यस्मे । सुवीरमिति सुऽवीरम् ॥ २९ ॥

पदार्थः—(अस्तावि) स्तूयते (अग्निः) परमेश्वरः (नराम्) नायकानां विदुषाम् (सुशेवः) सुष्ठुसुखः । शेवमितिसुखना० निघं० ३ । ६ ।(वैश्वानरः) विश्वे सर्वे नरा यस्मिन् सएव (ऋषिभिः) वेदविद्भिर्विद्वद्भिः (सोमगोपाः) ऐश्वर्यपालकाः (अद्वेषे) द्वेष्टुमनर्हे प्रीतिविषये (द्यावापृथिवी) राजनीतिभूराज्ये (हुवेम) स्वीकुर्याम (देवाः)शत्रून् विजिगीषमाणाः (धत्त) धरत (रयिम्) राज्यश्रियम् (अस्मे) अस्मभ्यम् (सुवीरम्) शोभना वीरा यस्मात्तम् ॥२९॥

अन्वयः—हे देवा यैर्युष्माभिर्ऋषिभिर्यो नरां सुशेवो वैश्वानरोऽग्निरस्तावि ये यूयमस्मे सुवीरं धत्त तदाश्रिताः सोमगोपा वयमद्वेषे द्यावापृथिवी हुवेम ॥ २९ ॥

भावार्थः—ये सच्चिदानन्दस्वरूपेश्वरसेवका धार्मिका विद्वांसः सन्ति ते परोपकारकत्वादाप्ता भवन्ति नहीदृशानां संगमन्तरा सुस्थिरे विद्याराज्ये कर्त्तुं शक्नुवन्ति ॥ २९ ॥

पदार्थः—हे (देवाः) शत्रुओं को जीतने की इच्छा वाले विद्वानो जिन (ऋषिः) ऋषि तुम लोगोंने (नराम्) नायक विद्वानों में (सुशेवः) सुन्दरसुख युक्त (वैश्वानरः) सब मनुष्यों के आधार (अग्निः) परमेश्वर की (अस्तावि) स्तुति की है जो तुम लोग (अस्मे) हमारे लिये (सुवीरम्) जिस से सुन्दर वीर पुरुष हों उस (रयिम्) राज्यलक्ष्मी को (धत्त) धारण करो उस के आश्रित (सोमगोपाः) ऐश्वर्य के रक्षक हम लोग (अद्वेषे) द्वेष करने के अयोग्य प्रीति के विषय में (द्यावापृथिवी) प्रकाश रूप राजनीति और पृथिवी के राज्य का (हुवेम) ग्रहण करें ॥ २९ ॥

भावार्थः—जो सच्चिदानन्द स्वरूप ईश्वर के सेवक धर्मात्मा विद्वान् लोग हैं वे परोपकारी होने से आप्त यथार्थ वक्ता होते हैं ऐसे पुरुषों के सत्संग के विना स्थिर विद्या और राज्य को कोई भी नहीं कर सकता ॥ २९ ॥

समिधाग्निमित्यस्य विरूपाक्षऋषिः । अग्निर्देवता । गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्याणां के सेवनीयाः सन्तीत्याह ॥

फिर मनुष्य किन का सेवन करें यह वि० ॥

समिधाग्निं दुवस्यत घृतैर्बोधयतातिथिम् । आस्मिन् हव्या जुहोतन ॥ ३० ॥

समिधेति सम्ऽइधा । अग्निम् । दुवस्यत । घृतैः । बोधयत । अतिथिम् । आ । अस्मिन् । हव्या । जुहोतन ॥ ३० ॥

पदार्थः—(समिधा) सम्यगग्निसंस्कृतेनान्नादिना (अग्निम्) उपदेशकं विद्वांसम् (दुवस्यत) सेवध्वम् (घृतैः) घृतादिभिः (बोधयत) चेतयत (अतिथिम्) अनियततिथिमुपदेशकम् (आ)(अस्मिन्)(हव्या)दातुमर्हाणि(जुहोतन)दत्त ॥ ३० ॥

अन्वयः—हे गृहस्था यूयं समिधाग्निमिवान्नादिनोपदेशकं दुवस्यत घृतैरतिथिं बोधयत । अस्मिन् हव्याजुहोतन ॥ ३० ॥

भावार्थः—मनुष्यैः सत्पुरुषाणामेव सेवा कार्या सत्पात्रेभ्य एव दानं च देयम् । यथाग्नौ घृतादिकं हुत्वा संसारोपकारं जनयन्ति तथैव विद्वत्सूत्तमानि दानानि संस्थाप्यैतैर्जगति विद्यासुशिक्षे वर्धनीये ॥ ३० ॥

पदार्थः—हे गृहस्थो तुमलोग जैसे (समिधा) अच्छे प्रकार इन्धनों से (अग्निम्) अग्नि को प्रकाशित करते हैं वैसे उपदेश करनेवाले विद्वान् पुरुष को (दुवस्यत) सेवा करो और जैसे सुसंस्कृत अन्न तथा (घृतैः) घी आदि पदार्थों से अग्नि में होम करके जगदुपकार करते हैं वैसे (अतिथिम्) जिस के आने जाने के समय का नियम न हो उस उपदेशक पुरुष को (बोधयत) स्वागत उत्साहादि से चैतन्य करो और (अस्मिन्) इस जगत् में (हव्या) देने योग्य पदार्थों को (आजुहोतन) अच्छे प्रकार दिया करो ॥ ३० ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि सत्पुरुषों ही की सेवा और सुपात्रों ही को दान दिया करें जैसे अग्नि में घी आदि पदार्थों का हवन करके संसार का उपकार करते हैं वैसे ही विद्वानों में उत्तम पदार्थों का दान करके जगत् में विद्या और अच्छी शिक्षा को बढ़ा के विश्व को सुखी करें ॥ ३० ॥

उदुत्वेत्यस्य तापसऋषिः । अग्निर्देवता । विराडनुष्टुप् छन्दः । गांधारः स्वरः ॥

विद्वान् स्वतुल्यानन्यान् विदुषः कुर्यात् ॥

विद्वान् पुरुष को चाहिये कि अपने तुल्य अन्य मनुष्यों को विद्वान् करे यह वि०

उदु त्वा विश्वे देवा अग्ने भरन्तु चित्तिभिः । स नो भव शिवस्त्वꣳसुप्रतीको विभावसुः ॥ ३१ ॥

उत् । ऊँइत्यूँ । त्वा । विश्वे । देवाः । अग्ने । भरन्तु । चित्तिभिरिति चित्तिऽभिः । सः । नः । भव । शिवः । त्वम् । सुप्रतीकइति सुऽप्रतीकः विभावसुरितिविभाऽवसुः ॥ ३१ ॥

पदार्थः—(उत) (उ) (त्वा) (विश्वे) सर्वे (देवाः) विद्वांसः (अग्ने) विद्वन् (भरन्तु) पुष्णन्तु (चित्तिभिः) सम्यग् विज्ञानैस्सह (सः) (नः) अस्मभ्यम् (भव) (शिवः) मङ्गलोपदेष्टा (त्वम्) (सुप्रतीकः) शोभनानि प्रतीकानि लक्षणानि यस्य सः (विभावसुः) येन विविधा भा विद्यादीप्तिर्वास्यते ॥ ३१ ॥

अन्वयः—हे अग्ने विद्वन् यं त्वा विश्वे देवाश्चित्तिभिरुद्भरन्तु स विभावसुः सुप्रतीकस्त्वं नः शिवो भव ॥ ३१ ॥

भावार्थः—यो यथा विद्वद्भ्यो विद्यां संचिनोति तथैवान्यान् विद्यासंचितान् संपादयेत् ॥ ३१ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वन् जिस (त्वा) आप को (विश्वे) सब (देवाः) विद्वान् लोग (चित्तिभिः) अच्छे विज्ञानों के साथ अग्नि के समान (उद्भरन्तु) पुष्ट करें (सः) सो (विभावसुः) जिन से विविध प्रकार की शोभा वा विद्या प्रकाशित हों (सुप्रतीकः) सुन्दर लक्षणों से युक्त (त्वम्) आप (नः) हम लोगों के लिये (शिवः) मङ्गलमय वचनों के उपदेशक (भव) हूजिये ॥ ३१ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य जैसे विद्वानों से विद्या का संचय करता है वह वैसे ही दूसरों के लिये विद्या का प्रचार करे ॥ ३१ ॥

प्रेदग्न इत्यस्य तापस ऋषिः । अग्निर्देवता । विराडनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनाराजा किंकृत्वा किं प्राप्नुयादित्याह ॥

फिर राजा क्या करके किस को प्राप्त होवे यह वि० ॥

प्रेद॑ग्ने॒ ज्योति॑ष्मान् याहि शि॒वेभि॑र॒र्चिभि॒ष्ट्वम् । बृ॒हद्भि॑र्भा॒नुभि॒र्भास॒न् । मा हि॑ꣳसीस्त॒न्वा॒ प्र॒जाः ॥ ३२ ॥

प्र । इत् । अग्ने । ज्योतिष्मान् । याहि । शिवेभिः । अर्चिभिरित्यर्चिऽभिः । त्वम् । बृहद्भिरिति बृहत्ऽभिः । भानुभिरिति भानुऽभिः । भासन् । मा । हिंसीः । तन्वा । प्रजाइतिप्रऽजाः ॥ ३२ ॥

पदार्थः—(प्र) (इत्) (अग्ने) विद्याप्रकाशक (ज्योतिष्मान्) बहूनि ज्योतींषि विज्ञानानि विद्यन्ते यस्य सः (याहि) प्राप्नुहि (शिवेभिः) मङ्गलकारकैः (अर्चिभिः) पूजितैः (त्वम्) (बृहद्भिः) महद्भिः (भानुभिः) विद्याप्रकाशकैर्गुणैः (भासन्) प्रकाशकः सन् (मा) (हिंसीः) हिंस्याः (तन्वा) शरीरेण (प्रजाः) पालनीयाः ॥ ३२ ॥

अन्वयः—हे अग्ने विद्वंस्त्वं यथा ज्योतिष्मान् सूर्य्यः शिवेभिरर्चिभिर्बृहद्भिर्भानुभिरिदेव भासन्वर्त्तते तथा प्रयाहि तन्वा प्रजा माहिंसीः ॥ ३२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—हे सराजपुरुषराजंस्त्वं शरीरेणानपराधिनः कस्यापि प्राणिनो हिंसामकृत्वा विद्यान्यायप्रकाशेन प्रजाः पालयन् जीवन्नभ्युदयं मत्वा मुक्तिसुखं प्राप्नुयाः ॥ ३२ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्या प्रकाश करने हारे विद्वन् (त्वम्) तू जैसे (ज्योतिष्मान्) सूर्य्य ज्योतियों से युक्त (शिवेभिः) मंगलकारी (अर्चिभिः) सत्कार के साधन (बृहद्भिः) बड़े २ (भानुभिः) प्रकाशगुणों से (इत्) ही (भासन्) प्रकाशमान् है वैसे (प्रयाहि) सुखों को प्राप्त हूजिये और (तन्वा) शरीर से (प्रजाः) पालने योग्य प्राणियों को (मा) मत (हिंसीः) मारिये ॥ ३२ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—हे सेनापति आदि राज पुरुषों के सहित राजन् आप अपने शरीर से किसी अनपराधी प्राणी को न मार के विद्या और न्याय के प्रकाश से प्रजाओं का पालन करके जीवते हुए संसार के सुख को और शरीर छूटने के पश्चात् मुक्ति के सुख को प्राप्त हूजिये ॥ ३२ ॥

अक्रन्ददित्यस्य वत्सप्रीर्ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

राज्यप्रबन्धः कथं कार्य्य इत्यु० ॥

राज्य का प्रबन्ध कैसे करे यह वि० ॥

अक्रन्ददग्निस्तनयन्निव द्यौः क्षामा रेरिहद्वीरुधः समञ्जन् । सद्यो जज्ञानो वि हीमिद्धो अख्यदा रोदसी भानुना भात्यन्तः ॥ ३३ ॥

अक्रन्दत् । अग्निः । स्तनयन्निवेति स्तनयन्ऽइव । द्यौः । क्षामा । रेरिहत् । वीरुधः । समञ्जन्निति सम्ऽअञ्जन् । सद्यः । जज्ञानः । वि । हि । ईम् । इद्धः । अख्यत् । आ । रोदसीइति रोदसी । भानुना । भाति । अन्तरित्यन्तः ॥ ३३ ॥

पदार्थः—(अक्रन्दत्) विजानाति (अग्निः) शत्रुदाहको विद्वान् (स्तनयन्निव) विद्युद्वद्गर्जयन् (द्यौः) विद्यान्यायप्रकाशकः (क्षामा) भूमिम् (रेरिहत्) भृशं युध्यस्व (वीरुधः) वनस्थान् वृक्षान् (समञ्जन्) सम्यक् रक्षन् (सद्यः) तूर्णम् (जज्ञानः) राजनीत्या प्रादुर्भूतः (वि) (हि) खलु (ईम्) सर्वतः (इद्धः) शुभलक्षणैः प्रकाशितः (अख्यत्) धर्म्यानुपदेशान् प्रकथयेः (आ)

(रोदसी) अग्निभूमी (भानुना) पुरुषार्थप्रकाशेन (भाति) (अन्तः) राजधर्म्ममध्ये स्थितः ॥ ३३ ॥

अन्वयः—हे प्रजाजना युष्माभिर्यथा द्यौरग्निः स्तनयन्निवाक्रन्दद्वीरुधः समंजन् क्षामा रेरिहत् जज्ञानइद्धः सद्यो व्यख्यत् भानुना हि रोदसी अन्तराभाति तथा स राजा भवितुं योग्योऽस्तीति वेद्यम् ॥ ३३ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलु०—नहि वनरक्षरक्षणेन वृष्टिबाहुल्यमारोग्यं तडिद्व्यवहारवद्दूरसमाचारग्रहणेन शत्रुविनाशनेन राज्ये विद्यान्यायप्रकाशेन च बिना सुराज्यं च जायते ॥ ३३ ॥

पदार्थः—हे प्रजा के लोगो तुम लोगों को चाहिये कि जैसे (द्यौः) सूर्यप्रकाश कर्त्ता है वैसे विद्या और न्याय का प्रकाश करने और (अग्निः) पावक के तुल्य शत्रुओं का नष्ट करने हारा विद्वान् (स्तनयन्निव) बिजुली के समान (अक्रन्दत्) गर्जता और (वीरुधः) वन के वृक्षों की (समञ्जन्) अच्छे प्रकार रक्षा करता हुआ (क्षामा) पृथिवी पर (रेरिहत्) युद्ध करे (जज्ञानः) राजनीति से प्रसिद्ध हुआ (इद्धः) शुभ लक्षणों से प्रकाशित (सद्यः) शीघ्र (व्यख्यत्) धर्मयुक्त उपदेश करे तथा (भानुना) पुरुषार्थ के प्रकाश से (हि) ही (रोदसी) अग्नि और भूमि को (अन्तः) राजधर्म में स्थिर करता हुआ (आभाति) अच्छे प्रकार प्रकाश करता है वह पुरुष राजा होने के योग्य है ऐसा निश्चित जानो ॥ ३३ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमा और वाचकलु०—वन के वृक्षों की रक्षा के बिना बहुत वर्षा और रोगों की न्यूनता नहीं होती और बिजुली के तुल्य दूर के समाचारों से शत्रुओं को मारने और विद्या तथा न्याय के प्रकाश के बिना अच्छा स्थिर राज्य ही नहीं हो सकता ॥ ३३ ॥

प्रप्रायमित्यस्य वसिष्ठऋषिः । अग्निर्देवता । आर्षीत्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनः कीदृशं जनं राजव्यवहारे नियुञ्जीरन्नित्याह ॥

फिर कैसे पुरुष को राजव्यवहार में नियुक्त करें यह वि० ॥

प्रप्रायमग्निर्भरतस्य शृण्वे वि यत्सूर्यो न रोचते बृहद्भाः । अभि यः पूरुं पृतनासु तस्थौ दीदाय दैव्यो अतिथिः शिवो नः ॥ ३४ ॥

प्रप्रेतिप्रऽप्र । अयम् । अग्निः । भरतस्य । शृण्वे । वि । यत् । सूर्यः । न । रोचते । बृहत् । भाः । अभि । यः । पूरुम् । पृतनासु । तस्थौ । दीदाय । दैव्यः । अतिथिः । शिवः । नः ॥ ३४ ॥

पदार्थः—(प्रप्र) अतिप्रकर्षेण (अयम्) (अग्निः) सेनेशः (भरतस्य) पालितव्यस्य राजस्य (शृण्वे) (वि) (यत्) यः (सूर्यः) सविता (न) इव (रोचते) प्रकाशते (बृहद्भाः) महाप्रकाशः (अभि) (यः) (पूरुम्) पूर्णबलं सेनाध्यक्षम् । पूरवइति मनुष्य ना० निघं० २ । ३ (पृतनासु) सेनासु (तस्थौ) तिष्ठेत् (दीदाय) धर्मं प्रकाशयेत् (दैव्यः) देवेषु विद्वत्सु प्रीतः (अतिथिः) नित्यं भ्रमणकर्त्ता विद्वान् (शिवः) मङ्गलप्रदः (नः) अस्मान् ॥ ३४ ॥

अन्वयः—हे राजप्रजाजना यूयं यथोऽयमग्निः सूर्यो न बृहद्भाः प्रप्ररोचते । यो नः पृतनासु पूरुमभि तस्थौ दैव्योऽतिथिः शिवो

विद्या दीदाय । यत्तेविजयो विद्या च श्रूयेत स लब्धलक्षः कुलीनः सेनाया योधयिताऽधिकर्त्तव्यः ॥ ३४ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यस्य पुण्यकीर्त्तेः पुरुषस्य शत्रुषु विजयो विद्याप्रचारश्च श्रूयते सकुलीनः सेनाया योधयिताऽधिकर्त्तव्यः ॥ ३४ ॥

पदार्थः—हे राजा और प्रजा के पुरुषो तुम लोगों को चाहिये कि (यत्) जो (अयम्) यह (अग्निः) सेनापति (सूर्य्यः) सूर्य्य के (न) समान (बृहद्भाः) अत्यन्त प्रकाश से युक्त (प्रम) अतिप्रकर्ष के साथ (रोचते) प्रकाशित होता है (यः) जो (नः) हमारी (पृतनासु) सेनाओं में (पूरुम्) पूर्णबल युक्त सेनाध्यक्ष के निकट (अभितस्थौ) सब प्रकार स्थित होवे (दैव्यः) विद्वानों का प्रिय (अतिथिः) नित्य भ्रमण करने हारा अतिथि (शिवः) मङ्गलदाता विद्वान् पुरुष (दीदाय) विद्या और धर्म को प्रकाशित करे जिस को मैं (भरतस्य) सेवने योग्य राज्य का रक्षक (शृण्वे) सुनता हूं । उस को सेना का अधिपति करो ॥ ३४ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—मनुष्यों को चाहिये कि जिस पुण्यकीर्ति पुरुष का शत्रुओं में विजय और विद्याप्रचार सुनाजावे उस कुलीन पुरुष का सेना को युद्ध कराने हारा अधिकारी करें ॥ ३४ ॥

आपइत्यस्य वशिष्ठऋषिः । आपो देवताः । आर्षीत्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ सर्वैर्मनुष्यैः स्वयंवरो विवाहः कार्यइत्याह ॥

अब सब मनुष्यों को स्वयम्बर विवाह करना चाहिये यह वि० ॥

आपो॑ देवीः प्रति॑गृभ्णीत॒ भस्मै॒तत्स्यो॒ने कृ॑णु॒ध्व॑ꣳ सुर॒भाउ॑ लो॒के । तस्मै॑ नमन्ता॒ञ्जन॑यः सु॒पत्नी॑र्मा॒तेव॑ पु॒त्रं बि॑भृता॒प्स्वे॑नत् ॥ ३५ ॥

आपः । देवीः । प्रति । गृभ्णीत । भस्म । एतत् । स्योने । कृणुध्वम् । सुरभौ । ऊँइत्यूँ । लोके । तस्मै । नमन्ताम् । जनयः । सुपत्नीरितिसुऽपत्नीः मातेवेतिमाताऽइव । पुत्रम् । बिभृत । अप्स्वित्यप्ऽसु । एनत् ॥ ३५ ॥

पदार्थः—(आपः)पवित्रजलानीव सकलशुभगुणव्यापिकाः कन्याः (देवीः) दिव्यरूपसुशीलाः (प्रति) (गृभ्णीत) स्वीकुर्वीत (भस्म) प्रदीपकं तेजः (एतत्) (स्योने) सुसुखकारिके (कृणुध्वम्) सुरभौ) ऐश्वर्य्यप्रकाशके । अत्र षुर ऐश्वर्य्यदीप्त्योरित्यस्माद्बाहुलकादौणादिकोऽभिच् प्रत्ययः (उ) (लोके) द्रष्टव्ये (तस्मै) (नमन्ताम्) नम्राः सन्तु (जनयः) विद्यासुशिक्षया प्रादुर्भूताः (सुपत्नीः) शोभनाश्च ताः पत्न्यश्च ताः (मातेव) (पुत्रम्) (बिभृत) धरत (अप्सु) प्राणेषु (एनत्) अपत्यम् ॥ ३५ ॥

अन्वयः—हे विद्वांसो मनुष्या या आपो देवीः सुरभौ लोके पतीन् सुखिनः कुर्वन्ति ताः प्रतिगृभ्णीतेताः सुखिनीः कृणुध्वम् । यदेतद्भस्मास्तितस्मै याः सुपत्नीर्जनयो नमन्ति ताः प्रतिभवन्तो ऽपि नमन्तामुभये मिलित्वा पुत्रं मातेवाप्स्वेनद्बिभृत ॥ ३५ ॥

भावार्थः—अत्रोपमाल०—मनुष्यैः परस्परं प्रसन्नतया स्वयम्वरं विवाहं विधाय धर्मेण सन्तानानुत्पाद्यैतान्विदुषः कृत्वा गृहाश्रमैश्वर्य्यमुन्नेयम् ॥ ३५ ॥

पदार्थः—हे विद्वान् मनुष्यो जो (आपः) पवित्र जलों के तुल्य संपूर्ण शुभगुण और विद्याओं में व्याप्त बुद्धि (देवीः) सुन्दर रूप और स्वभाव वाली कन्या (सुरभौ) ऐश्वर्य्य के प्रकाश से युक्त (लोके) देखने योग्य लोकों में अपने पतिओं

को प्रसन्न करें उन को (प्रतिगृभ्णीत) स्वीकार करो तथा उन को सुख युक्त (कृणुध्वम्) करो जो (एतत्) यह (भस्म) प्रकाशक तेज है (तस्मै) उस के लिये जो (सुपत्नीः) सुन्दर (जनयः) विद्या और अच्छी शिक्षा से प्रसिद्ध हुई स्त्री नमती हैं उन के प्रति आप लोग भी (नमन्ताम्) नम्र हूजिये (उ) और तुम स्त्रीपुरुष दोनों मिल के (पुत्रम्) पुत्र को (मातेव) माता के तुल्य (अप्सु) प्राणों में (एनत्) इस पुत्र को (बिभृत) धारण करो ॥ ३५ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०–मनुष्यों को चाहिये कि परस्पर प्रसन्नता के साथ स्वयंवर विवाह धर्म के अनुसार पुत्रों को उत्पन्न और उन को विद्वान् करके गृहाश्रम के ऐश्वर्य्य की उन्नति करें ॥ ३५ ॥

अप्स्वग्नइत्यस्य विरूप ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

अथ जीवाः कथं २ पुनर्जन्मप्राप्नुवन्तीत्याह ॥

अब जीव किस २ प्रकार पुनर्जन्म को प्राप्त होते हैं यह वि० ॥

अप्स्वग्ने सधिष्टव सौषधीरनुरुध्यसे । गर्भे सन् जायसे पुनः ॥ ३६ ॥

अप्स्वित्यप्ऽसु । अग्ने । सधिः । तव । सः । ओषधीः । अनु । रुध्यसे । गर्भे । सन् । जायसे । पुनरितिपुनः ॥ ३६ ॥

पदार्थः—(अप्सु) जलेषु (अग्ने) अग्निवद्वर्त्तमान विद्वन् (सिधिः) षोढा । अत्र वर्णव्यत्ययेन हस्य धः । इश्वप्रत्ययः (तव) (सः) सोऽचिलोपे चेत्पादपूरणमिति सन्धिः(ओषधीः)सोमादीन् (अनु) (रुध्यसे) (गर्भे) कुक्षौ (सन्) (जायसे) (पुनः) ॥ ३६ ॥

अन्वयः—हे अग्ने अग्निरिव जीव सधिर्यस्त्वमप्सु गर्भे ओषधीरनुरुध्यसे स त्वं गर्भे स्थितः सन् पुनर्जायसे । इमावेकक्रमानुक्रमौ तव स्त इति जानीहि ॥ ३६ ॥

भावार्थः—ये जीवाः शरीरं त्यजन्ति ते वाय्वावोषध्यादिषु च भ्रान्त्वा गर्भं प्राप्य यथासमयं सशरीरा भूत्वा पुनर्जायन्ते ॥ ३६ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) अग्नि के तुल्य विद्वन् जीव जो तू (सधिः) सहनशील (अप्सु) जलों में (ओषधीः) सोमलता आदि ओषधियों को (अनुरुध्यसे) प्राप्त होता है (सः) गर्भ में (सन्) स्थित हो कर (पुनः) फिर २ जन्म मरण (तव) तेरे हैं ऐसा जान ॥ ३६ ॥

भावार्थः—जो जीव शरीर को छोड़ते हैं वे वायु और ओषधि आदि पदार्थों में भ्रमण करते २ गर्भाशय को प्राप्त होके नियत समय पर शरीर धारण कर के प्रकट होते हैं ॥ ३६ ॥

गर्भोऽअसीत्यस्य विरूप ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिगार्ष्युष्णिक् छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

पुनर्जीवस्य क २ गतिर्भवतीत्याह ॥

फिर जीव कहां २ जाता है यह वि० ॥

गर्भो अस्योषधीनां गर्भो वनस्पतीनाम् । गर्भो विश्वस्य भूतस्याग्ने गर्भो अपामसि ॥ ३७ ॥

गर्भः । असि । ओषधीनाम् । गर्भः । वनस्पतीनाम् । गर्भः । विश्वस्य । भूतस्य । अग्ने । गर्भः । अपाम् । असि ॥ ३७ ॥

पदार्थः—(गर्भः) योऽनर्थान् गिरति विनाशयति सः । गर्भो

गृभेर्गृणात्यर्थे गिरत्यनर्थानिति यदा हि स्त्री गुणान् गृह्णाति गुणाश्चास्या गृह्यन्तेऽथ गर्भो भवति । निरु० १० । २३ (असि) (ओषधीनाम्) सोमयवादीनाम् (गर्भः) (वनस्पतीनाम्) अश्वत्थादीनाम् (गर्भः) (विश्वस्य) सर्वस्य (भूतस्य) उत्पन्नस्य (अग्ने) देहान्तप्रापक जीव (गर्भः) (अपाम्) प्राणानां जलानां वा (असि) ॥ ३७ ॥

अन्वयः—हे अग्ने अग्नितुल्यजीव यतस्त्वमग्निरिवौषधीनां गर्भो वनस्पतीनां गर्भः । विश्वस्य भूतस्य गर्भोऽपां गर्भश्चासि तस्मात्त्वमजोऽसि ॥ ३७ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०— हे मनुष्या ये विद्युद्वत्सर्वान्तर्गता जीवा जन्मवन्तः सन्ति तान् जानन्त्विति ॥ ३७ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) दूसरे शरीर को प्राप्त होने वाले जीव जिस से तू-अग्नि के समान जो (ओषधीनाम्) सोमलता आदि वा यवादि ओषधियों के (गर्भः) दोषों के मध्य (गर्भ) गर्भ (वनस्पतीनाम्) पीपल आदि वनस्पतियों के बीच (गर्भः) शोधक (विश्वस्य) सब (भूतस्य) उत्पन्न हुए संसार के मध्य (गर्भः) ग्रहण करने हारा और जो (अपाम्) प्राण वा जलों का (गर्भः) गर्भ रूप भीतर रहने हारा (असि) है इस लिये तू अज अर्थात् स्वयं जन्म रहित (असि) है ॥ ३७ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—हे मनुष्यो तुम लोगों को चाहिये कि जो बिजुली के समान सब के अन्तर्गत जीव जन्म लेने वाले हैं उन को जानो ॥ ३७ ॥

प्रसद्येत्यस्य विरूपऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदार्ष्यनुष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

मरणान्ते शरीरस्य का गतिः कार्य्येत्याह ॥

मरण समय में शरीर का क्या होना चाहिये यह वि० ॥

प्रसद्य॒ भस्म॑ना॒ योनि॑म॒पश्च॑ पृथि॒वीम॑ग्ने ।

स॑ᳫँसृज्य॑ मातृभिष्ट्वं ज्योति॑ष्मान्पुन॒रास॑दः॥३८॥

प्र॒सद्येति॑प्र॒ऽसद्य॑ । भस्म॑ना । योनि॑म् । अ॒पः । च॒ । पृ॒थि॒वीम् । अग्ने॑ । स॒ᳫँसृज्येति॑स॒म्ऽसृज्य॑ । मा॒तृभि॒रिति॑मा॒तृऽभिः॑ । त्वम् । ज्योति॑ष्मान् । पुन॒रिति॒ पुनः॑ । आ । अ॒सदः॑ ॥ ३८ ॥

पदार्थः—(प्रसद्य) प्रगत्य (भस्मना) दग्धेन (योनिम्) देहधारणकारणम् (अपः) (च) अग्न्यादिकम् (पृथिवीम्) (अग्ने) प्रकाशमान (संसृज्य) संसर्गीभूत्वा (मातृभिः) (त्वम्) (ज्योतिष्मान्) प्रशस्तप्रकाशयुक्तः (पुनः) पश्चात् (आ) (असदः) प्राप्नोषि ॥ ३८ ॥

अन्वयः—हे अग्ने सूर्यइव ज्योतिष्माँस्त्वं भस्मना पृथिवीं चापश्च योनिं प्रसद्य मातृभिः सह संसृज्य पुनरासदः ॥ ३८ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—हे जीवा भवन्तो यदा शरीरं त्यजत तदैतद्भस्मीभूतं सत्पृथिव्यादिना सह संयुनक्तु यूयमात्मानश्चाऽऽकाशरीरेषु गर्भाशयं प्रविश्य पुनः सशरीराः सन्तो विद्यमाना भवन्त्विति ॥ ३८ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) प्रकाशमान पुरुष सूर्य्य के समान (ज्योतिष्मान्) प्रशंसित प्रकाश से युक्त जीव तू (भस्मना) शरीर दाह के पीछे (पृथिवीम्) पृथिवी (च) अग्नि आदि और (अपः) जलों के बीच (योनिम्) देह धारण के कारण

को (प्रसद्य) प्राप्त हो और (मातृभिः) माताओं के उदर में वास करके (पुनः) फिर (आसदः) शरीर को प्राप्त होता है ॥ ३८ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—हे जीवो तुमलोग जब शरीर को छोड़ो तब यह शरीर राख रूप करके पृथिवी आदि पांच भूतों के साथ युक्त करो। तुम और तुम्हारे आत्मा माता के शरीर में गर्भाशय में पहुंच फिर शरीर धारण किये हुए विद्यमान होते हो ॥ ३८ ॥

पुनरासद्येत्यस्य विरूपऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदनुष्टुप्-छन्दः । गांधारः स्वरः ॥

अथ मातापित्रपत्यानि परस्परं कथं वर्त्तेरन्नित्याह ॥

अब माता पिता और पुत्र आपस में कैसे वर्त्तें यह वि० ॥

पुन॑रा॒सद्य॒ सद॑नम॒पश्च॑ पृथि॒वीम॑ग्ने । शेषे॑ मा॒तु-र्यथो॒पस्थे॒ऽन्तर॑स्या॒ᳬशि॒वत॑मः ॥ ३९ ॥

पुन॒रिति॒ पुनः॑ । आ॒सद्येत्या॒ऽसद्य॑ । सद॑नम् । अ॒पः । च॒ । पृ॒थि॒वीम् । अ॒ग्ने॒ । शेषे॑ । मा॒तुः । यथा॑ । उ॒प॒स्थ इत्यु॒प॒ऽस्थे॑ । अ॒स्याम् । शि॒वत॑म॒ इति॑ शि॒वऽत॑मः ॥ ३९ ॥

पदार्थः—(पुनः) (आसद्य) आगत्य (सदनम्) गर्भस्थानम् (अपः) (च) भोजनादिकम् (पृथिवीम्) भूमितलम् (अग्ने) इच्छादिगुणप्रकाशित (शेषे) स्वपिषि (मातुः) जनन्याः (यथा) (उपस्थे) उत्संगे (अन्तः) आभ्यन्तरे (अस्याम्) मातरि (शिवतमः) अतिशयेन मङ्गलकारी ॥ ३९ ॥

अन्वयः—हे अग्ने यतस्त्वमपः पृथिवीं च सदनं पुनरासद्य स्यामन्तः शिवतमः सन् यथा बालो मातुरुपस्थे शेषे तस्मादस्यां शिवतमो भव ॥ ३९ ॥

भावार्थः—पुत्रैर्यथा मातरः स्वापत्यानि सुखयन्ति तथैवानुकूलया सेवया स्वमातरः सततमानंदयितव्याः । न कदाचिन्मातापितृभ्यां विरोधः समाचरणीयः । न च मातापितृभ्यामेतेऽधर्मकुशिक्षायुक्ताः कदाचित्कार्य्याः ॥ ३९ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) इच्छा आदि गुणों से प्रकाशित जन जिस कारण तू (पुनः) फिर२ (आसद्य) प्राप्त हो के (अस्याम्) इस माता के (अन्तः) गर्भाशय में (शिवतमः) मंगलकारी हो के (यथा) जैसे बालक (मातुः) माता की (उपस्थे)गोद में (शेषे) सोता है वैसे ही माता की सेवा में मङ्गलकारी हो ॥३९॥

भावार्थः—पुत्रों को चाहिये कि जैसे माता अपने पुत्रों को सुख देती है वैसे ही अनुकूल सेवा से अपनी माताओं को निरन्तर आनंदित करें । और माता पिता के साथ विरोध कभी न करें । और माता पिता को भी चाहिये कि अपने पुत्रों को अधर्म और कुशिक्षा से युक्त कभी न करें ॥ ३९ ॥

पुनरूर्जेत्यस्य वत्सप्रीऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदार्षीगायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनर्जनकजनन्यां परस्परं वर्त्तमानं योग्यं कार्य्यमित्याह ॥

फिर पुत्रों को माता पिता के विषय में परस्पर योग्यवर्त्तमान करना चाहिये यह वि० ॥

पुन॑रू॒र्जा निव॑र्त्तस्व॒ पुन॑रग्नइ॒षायु॑षा । पुन॑र्नः पा॒हि॒ꣳहसः॑ ॥ ४० ॥

पुन॒रिति॒ पुनः॑ । ऊ॒र्जा । नि । व॒र्त्त॒स्व॒ । पुनः॑ । अ॒ग्ने॒ । इ॒षा ।

आयुषा । पुनः । नः । पाहि । अꣳहसः ॥ ४० ॥

पदार्थः-(पुनः) (ऊर्जा) पराक्रमेण (नि) (वर्तस्व) (पुनः) (अग्ने) (इषा) अन्नेन (आयुषा) जीवनेन (पुनः) (नः) अस्मभ्यम् (पाहि) (अंहसः) पापाचरणात् ॥ ४० ॥

अन्वयः-हे अग्ने मातः पितश्च त्वमिषायुषा सह नो वर्धय पुनरंहसः पाहि । हे पुत्र त्वमूर्जा सह निवर्त्तस्व । पुनर्नोऽस्मानंहसः पाहि ॥ ४० ॥

भावार्थः-यथा विद्वांसो मातापितरः सुसन्तानान् विद्यया सुशिक्षया दुष्टाचारात् पृथग्रक्षेयुस्तथाऽपत्यान्यप्येतान् पापाचरणात्सततं पृथग्रक्षेयुः । नैवं विना सर्वे धर्माचारिणो भवितुं शक्नुवन्ति ॥ ४० ॥

पदार्थः-हे (अग्ने) तेजस्विन् माता पिता आप (इषायुषा) अन्न और जीवन के साथ (नः) हम लोगों को बढ़ाइये (पुनः) वारंवार (अंहसः) दुष्ट आचरणों से (पाहि) रक्षा कीजिये । हे पुत्र तू(ऊर्जा)पराक्रम के साथ पापों से (निवर्त्तस्व) अलग हूजिये और (पुनः)फिर हम लोगों को भी पापों से पृथक् रखिये ॥४०॥

भावार्थः-जैसे विद्वान् माता पिता अपने सन्तानों को विद्या और अच्छी शिक्षा से दुष्टाचारों से पृथक् रक्खें वैसे ही सन्तानों को भी चाहिये कि इन माता पिताओं को बुरे व्यवहारों से निरन्तर बचावें । क्योंकि इस प्रकार किये विना सब मनुष्य धर्म्मात्मा नहीं हो सकते ॥ ४० ॥

सह रय्येत्यस्य वत्सप्री ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

विद्वद्भिः कथं वर्त्तितव्यमित्याह ॥

विद्वानों को कैसे वर्त्तना चाहिये यह० ॥

सह॒रय्या निवर्त्तस्वाग्ने॒पिन्व॑स्व॒ धार॑या वि॒श्वप्स्न्या॑ वि॒श्वत॒स्परि॑ ॥ ४१ ॥

स॒ह । र॒य्या । नि । व॒र्त्त॒स्व॒ । अग्ने॑ । पिन्व॑स्व धार॑या । वि॒श्वप्स्न्येति॑ वि॒श्वऽप्स्न्या॑ । वि॒श्वतः॑ । परि॑ ॥ ५१ ॥

पदार्थः—(सह) (रय्या) प्राप्तश्रीापिकया (नि) (वर्त्तस्व) (अग्ने) विद्वन् (पिन्वस्व) सेवस्व(धारया) सुसंस्कृतया वाचा (विश्वप्स्न्या)विश्वान् सर्वान् भोगान् यया प्साति तया(विश्वतः) सर्वस्य जगतः (परि) मध्ये ॥ ४१ ॥

अन्वयः—हे अग्ने त्वं विश्वप्स्न्या रय्या धारया सह विश्वतस्परि निवर्त्तस्वास्मान् पिन्वस्व च ॥ ४१ ॥

भावार्थः—विद्वद्भिर्मनुष्यैरस्मिन् जगति सुबुद्ध्या पुरुषार्थेन श्रीमन्तो भूत्वाऽन्येपि धनवन्तः संपादनीयाः ॥ ४१ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वान् पुरुष आप (विश्वप्स्न्या) सब पदार्थों के भोगने का साधन (धारया) अच्छी संस्कृतवाणी के (सह) साथ (विश्वतस्परि) सब संसार के बीच (नि) निरन्तर (वर्तस्व) वर्तमान हूजिये और हम लोगों का (पिन्वस्व) सेवन कीजिये ॥ ४१ ॥

भावार्थः—विद्वान् मनुष्यों को चाहिये कि इस जगत् में अच्छी बुद्धि और पुरुषार्थ के साथ श्रीमान् हो कर अन्य मनुष्यों को भी धनवान् करें ॥ ४१ ॥

बोधामइत्यस्य दीर्घतमाऋषिः । अग्निर्देवता । विराडार्षी त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

मनुष्याः परस्परमध्ययनाध्यापनं कथं कुर्युरित्याह ॥

मनुष्य लोग आपस में कैसे पढ़ें और पढ़ावें इस वि०॥

बोधा मे अस्य वचसो यविष्ठ मꣳहिष्ठस्य प्रभृतस्य स्वधावः । पीयति त्वो अनु त्वो गृणाति वन्दारुष्टेतन्वं वन्दे अग्ने ॥ ४२ ॥

बोध । मे । अस्य । वचसः । यविष्ठ । मꣳहिष्ठस्य । प्रभृतस्येति प्रऽभृतस्य । स्वधावइति स्वधाऽवः । पीयति । त्वः । अनु । त्वः । गृणाति । वन्दारुः । ते तन्वम् । वन्दे । अग्ने ॥ ४२ ॥

पदार्थः—(बोध) अवगच्छ । अत्र द्व्चोऽतस्तिङइति दीर्घः (मे) मम (अस्य) वर्त्तमानस्य (वचसः) (यविष्ठ) अतिशयेन युवन् (मंहिष्ठस्य) अतिशयेन भाषितुं योग्यस्य महतः (प्रभृतस्य) प्रकर्षेण धारकस्य पोषकस्य वा (स्वधावः) प्रशस्ता स्वधा बहून्यन्नानि विद्यन्ते यस्य सः (पीयति) निन्देत् । अत्रानेकार्थाअपि धातवोभवन्तीति निन्दार्थः (त्वः) कश्चित् निन्दकः अनु पश्चात् (त्वः) कश्चित् (गृणाति) स्तुयात् (वन्दारुः) अभिवादनशीलः (ते) तव (तन्वम्) शरीरम् (वन्दे) स्तुवे (अग्ने) श्रोतः ॥ ४२ ॥

अन्वयः—हे यविष्ठ स्वधावोऽग्ने त्वं मे मम प्रभृतस्य मंहिष्ठस्यास्य वचसोऽभिप्रायं बोध । यदि त्वो यं त्वां पीयति निन्देत्त्वोऽनुगृणाति स्तुयात् तस्य ते तव तन्वं वन्दारुरहं वन्दे ॥ ४२ ॥

भावार्थः—यदा कश्चित्कंचिदध्यापयेदुपदिशेद्वा तदाऽध्येता श्रोता च ध्यानं दत्वाऽधीयीत शृणुयाच्च यदा सत्यासत्ययोर्निर्णयः स्यात्तदा सत्यं गृह्णीयादसत्यं त्यजेदेवं कृते सति कश्चिन्निन्द्यात् कश्चित्स्तुयात्तथापि कदाचित्सत्यं न त्यजेदनृतं च न भजेदिदमेव मनुष्यस्यासाधारणो गुणः ॥ ४२ ॥

पदार्थः—हे (यविष्ठ) अत्यन्त ज्वान (स्वधावः) प्रशंसित बहुत अन्नों-वाले (अग्ने) उपदेश के योग्य श्रोता जन तू (मे) मेरे (प्रभृतस्य) अच्छे प्रकार से धारण वा पोषण करने वाले (मंहिष्ठस्य) अत्यन्त कहने योग्य बड़े तेरी जो (त्वः) यह निन्दक पुरुष (पीयति) निन्दा करे (त्वः) कोई (अनु) परोक्ष में (गृणाति) स्तुति करे उस (ते) आप के (तन्वम्) शरीर को (वन्दारुः) अभिवादन शील मैं स्तुति करता हूं ॥ ४२ ॥

भावार्थः—जब कोई किसी को पढ़ावे वा उपदेश करे तब पढ़ने वाला ध्यान देकर पढ़े वा सुने । जब सत्य वा मिथ्या का निश्चय हो जावे तब सत्य ग्रहण और असत्य का त्याग कर देवे । ऐसे करने में कोई निन्दा और कोई स्तुति करे तो कभी न छोड़े और मिथ्या का ग्रहण कभी न करे । यही मनुष्यों के लिये विशेष गुण है ॥४२॥

स बोधीत्यस्य सोमाहुतिर्ऋषिः । अग्निर्देवता । आर्चीपंक्तिश्छन्दः । पंचमः स्वरः ॥

मनुष्याः किं कृत्वा किं प्राप्नुयुरित्याह ॥

मनुष्य लोग क्या करके किस को प्राप्त हों यह वि० ॥

सबोधि सूरिर्मघवा वसुपते वसुदावन् । युयोध्यस्मद्द्वेषांꣳसि विश्वकर्मणे स्वाहा ॥ ४३ ॥

सः । बोधि । सूरिः । मघवेतिमघऽवा । वसुपतऽइति वसुऽपते । वसुदावन्निति वसुऽदावन् । युयोधि । अस्मत् । द्वेषांꣳसि । विश्वकर्मणऽइति विश्वऽकर्मणे । स्वाहा ॥ ४३ ॥

पदार्थः—(सः) श्रोता वक्ता च (बोधि) बुध्येत (सूरिः) मेधावी (मघवा) पूजितविद्यायुक्तः (वसुपते) वसूनां धनानां पालक (वसुदावन्) वसूनि धनानि सुपात्रेभ्यो ददाति तत्संबुद्धौ (युयोधि) वियोजय (अस्मत्) अस्माकं सकाशात् (द्वेषांसि) द्वेषयुक्तानि कर्माणि (विश्वकर्मणे) अखिलशुभकर्मानुष्ठानाय (स्वाहा) सत्यां वाणीम् ॥ ४३ ॥

अन्वयः—हे वसुपते वसुदावन् यो मघवा सूरिर्भवान्सत्यं बोधि स विश्वकर्मणे स्वाहा मुपदिशन्संस्त्वमस्मद्द्वेषांसि वियुयोधि सततं दूरीकुरु ॥ ४३ ॥

भावार्थः—ये मनुष्या ब्रह्मचर्येण जितेन्द्रिया भूत्वा द्वेषं विहाय धर्मेणोपदिश्य श्रुत्वा च प्रयतन्ते तएव धार्मिका विद्वांसोऽखिलं सत्यासत्यं ज्ञातुमुपदेष्टुं चार्हन्ति नेतरे हठाभिमानयुक्ताः क्षुद्राशयाः ॥ ४३ ॥

पदार्थः—हे (वसुपते) धनों के पालक (वसुदावन्) सुपुत्रों के लिये धन देने वाले जो (मघवा) प्रशंसित विद्या से युक्त (सूरिः) बुद्धिमान् आप सत्य को (बोधि) जानें (सः) सो आप (विश्वकर्म्मणे) संपूर्ण शुभ कर्मों के अनुष्ठान के लिये (स्वाहा) सत्य वाणी का उपदेश करते हुए आप (अस्मत) हम से (द्वेषांसि) द्वेष युक्त कर्मों को (वियुयोधि) पृथक् कीजिये ॥ ४३ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य ब्रह्मचर्य्य के साथ जितेन्द्रिय हो द्वेष को छोड़ धर्मानुसार उपदेश कर और सुन के प्रयत्न करते हैं वे ही धर्मात्मा विद्वान् लोग संपूर्ण सत्य असत्य के जानने और उपदेश करने के योग्य होते हैं और अन्य हठ अभिमान युक्त क्षुद्र पुरुष नहीं ॥ ४३ ॥

पुनस्त्वेत्यस्य सोमाहुतिर्ऋषिः । अग्निर्देवता । स्वराडार्षी त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

कीदृशा मनुष्याः सत्यसंकल्पा भवन्तीत्यु० ॥

कैसे मनुष्यों के संकल्प सिद्ध होते हैं इस वि० ॥

पुन॑स्त्वाऽऽदि॒त्या रु॒द्रा वस॑वः समि॑न्धतां पुन॑र्ब्र॒ह्माणो॑ वसुनीथ य॒ज्ञैः । घृ॒तेन॒ त्वं त॒न्वं॒ वर्धयस्व स॒त्याः स॑न्तु यज॑मानस्य॒ कामाः॑ ॥ ४४ ॥

पुन॒रिति॒पुनः॑ । त्वा॒ । आ॒दि॒त्याः रु॒द्राः । वस॑वः । सम् । इ॒न्ध॒ता॒म् । पुनः॑ । ब्र॒ह्माण॑ः । व॒सु॒नी॒थे॒ति॒वसु॑ऽनीथ । य॒ज्ञैः । घृ॒तेन॑ । त्वम् । त॒न्व॒म् । वर्धयस्व । स॒त्याः । स॒न्तु । यज॑मानस्य । कामाः॑ ॥ ४४ ॥

पदार्थः—(पुनः) अध्ययनाध्यापनाभ्यां पश्चात् (त्वा) त्वाम् (आदित्याः) पूर्णविद्याबलयुक्ताः (रुद्राः) मध्यस्थाः (वसवः) प्रथमे च विद्वांसः (सम्) (इन्धताम्) प्रकाशयन्तु (पुनः) (ब्रह्माणः) चतुर्वेदाध्ययनेन ब्रह्माइति संज्ञां प्राप्ताः (वसुनीथ) वेदादिशास्त्रबोधाख्यं सुवर्णादिधनं च यो नयति तत्सम्बुद्धौ (यज्ञैः) अध्य-

यनाध्यापनादिक्रियामयैः (घृतेन) सुसंस्कृतेनाज्यादिना जलेन वा (त्वम्) अध्यापकः श्रोता वा (तन्वम्) शरीरम् (वर्धयस्व) (सत्याः) सत्सु धर्मेषु साधवः (सन्तु) भवन्तु (यजमानस्य) यष्टुं संगन्तुं विदुषः पूजितुं च शीलं यस्य तस्य (कामाः) अभिलाषाः ॥४४॥

अन्वयः—हे वसुनीथ त्वं यज्ञैर्घृतेन च तन्वं शरीरं नित्यं वर्धयस्व पुनस्त्वामादित्या रुद्रा वसवो ब्रह्माणः समिन्धताम्। एवमनुष्ठानाद्यजमानस्य कामाः सत्याः सन्तु ॥ ४४ ॥

भावार्थः—ये प्रयत्नेन सर्वा विद्या अधीत्याध्याप्य च पुनः पुनः सत्संगं कुर्वन्ति। कुपथ्यविषयत्यागेन शरीरात्मनोरारोग्यं वर्धयित्वा नित्यं पुरुषार्थमनुतिष्ठन्ति तेषामेव संकल्पाः सत्याः भवन्ति नेतरेषाम् ॥ ४४ ॥

पदार्थः—हे (वसुनीथ) वेदादि शास्त्रों के बोधरूप और सुवर्णादि धन प्राप्त कराने वाले आप (यज्ञैः) पढ़ने पढ़ाने आदि क्रियारूप यज्ञों और (घृतेन) अच्छे संस्कार किये हुए घी आदि वा जल से (तन्वम्) शरीर को नित्य (वर्धयस्व) बढ़ाइये (पुनः) पढ़ने पढ़ाने के पीछे (त्वा) आप को (आदित्याः) पूर्ण विद्या के बल से युक्त (रुद्राः) मध्यस्थ विद्वान् और (वसवः) प्रथम विद्वान् लोग (ब्रह्माणः) चार वेदों को पढ़ के ब्रह्मा की पदवी को प्राप्त हुए विद्वान् (समिन्धताम्) सम्यक् प्रकाशित करें। इस प्रकार के अनुष्ठान से (यजमानस्य) यज्ञ सत्संग और विद्वानों का सत्कार करने वाले पुरुष की (कामाः) कामना (सत्याः) सत्य (सन्तु) होवें ॥ ४४ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य प्रयत्न के साथ सब विद्याओं को पढ़ और पढ़ा के बारंवार सत्संग करते हैं कुपथ्य और विषय के त्याग से शरीर तथा आत्मा के रोग को हटा के नित्य पुरुषार्थ का अनुष्ठान करते हैं उन्हीं के संकल्प सत्य होते हैं दूसरों के नहीं ॥ ४४ ॥

अपेतेत्यस्य सोमाहुतिर्ऋषिः । पितरो देवताः । निचृदार्षी त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ जन्यजनकाः किं किं कर्माचरेयुरित्याह ॥

सन्तान और पिता माता परस्पर किन२ कर्मों का आचरण करें यह वि०

अपेतवीत वि च सर्पतातो येऽत्र स्थ पुराणा ये च नूतनाः । अदाद्यमोऽवसानं पृथिव्या अक्रन्निमं पितरो लोकमस्मै ॥ ४५ ॥

अप । इत । वि । इत । वि । च । सर्पत । अतः । ये । अत्र । स्थ । पुराणाः । ये । च । नूतनाः । अदात् । यमः । अवसानमित्यवऽसानम् । पृथिव्याः । अक्रन् । इमम् । पितरः । लोकम् । अस्मै ॥ ४५ ॥

पदार्थः—(अप) (इत) त्यजत (वि) (इत) विविधतया प्राप्नुत (वि) (च) (सर्पत) गच्छत (अतः) कारणात् (ये) (अत्र) अस्मिन्समये (स्थ) भवथ (पुराणाः) प्रागधीतविद्याः(ये) (च) (नूतनाः) संप्रतिगृहीतविद्याः (अदात्) दद्यात् (यमः) उपरतः परीक्षकः (अवसानम्) अवकाशमधिकारं वा (पृथिव्याः) भूमेर्मध्ये वर्त्तमानाः (अक्रन्)कुर्वन्तु (इमम्) प्रत्यक्षम् (पितरः) जनका अध्यापका उपदेशकाः परीक्षका वा (लोकम्) आर्षं दर्शनम् (अस्मै) सत्यसंकल्पाय ॥ ४५ ॥

अन्वयः—हे विद्वांसो येऽत्र पृथिव्या मध्ये पुराणा ये च नूतनाः पितरः स्थ तेऽस्मै इमं लोकमक्रन् । यान्युष्मान्यमोऽवसान-

मदात्ते यूयमतोऽधर्मादपेतधर्म्मं वीतात्रैव च विसर्पत ॥ ४५ ॥

भावार्थः—अयमेव मातापित्राचार्य्याणां परमो धर्मोऽस्ति यत्सन्तानेभ्यो विद्यासुशिक्षाप्राप्तिकारणं येऽधर्मान्मुक्ता धर्मेण युक्ताः परोपकारप्रिया वृद्धा युवानश्च विद्वांसः सन्ति ते सततं सत्योपदेशेनाविद्यां निवर्त्य विद्यां जनयित्वा कृतकृत्या भवन्तु ॥४५॥

पदार्थः—हे विद्वान् लोगो (ये) जो (अत्र) इस समय (पृथिव्याः) भूमि के बीच वर्त्तमान (पुराणाः) प्रथम विद्या पढ़ चुके (च) और (ये) जो (नूतनाः) वर्त्तमान समय में विद्याभ्यास करने हारे (पितरः) पिता पढ़ने उपदेश करने और परीक्षा करने वाले (स्थ) होवें (ते) वे (अस्मै) इस सत्यसंकल्पी मनुष्य के लिये (इमम्) इस (लोकम्) वैदिक ज्ञान सिद्ध लोक को (अक्रन्) सिद्ध करें जिन तुम लोगों को (यमः) प्राप्त हुआ परीक्षक पुरुष (अवसानम्) अवकाश वा अधिकार को (अदात्) देवे वे तुम लोग (अतः) इस अधर्म से (अपेत) पृथक् रहो और धर्म्म को (वीत) विशेष कर प्राप्त होओ (अत्र) और इसी में (विसर्पत) विशेषता से गमन करो ॥ ४५ ॥

भावार्थः—माता पिता और आचार्य्य का यही परम धर्म है जो सन्तानों के लिये विद्या और अच्छी शिक्षा का प्राप्त कराना। जो अधर्म से पृथक् और धर्म्म से युक्त परोपकार में प्रीति रखने वाले वृद्ध और ज्वान विद्वान् लोग हैं वे निरन्तर सत्य उपदेश से अविद्या का निवारण और विद्या की प्रवृत्ति करके कृतकृत्य होवें ॥ ४५ ॥

संज्ञानमित्यस्य सोमाहुतिर्ऋषिः। अग्निर्देवता।
भुरिगार्षी त्रिष्टुप्छन्दः। धैवतः स्वरः॥
अथाध्येत्रध्यापकाः किं कृत्वा सुखिनः स्युरित्याह॥
पढ़ने पढ़ाने वाले क्या करके सुखी हों इस वि० ॥

संज्ञानमसि कामधरणं मयि ते कामधरणं भूयात्। अग्नेर्भस्मास्यग्नेः पुरीषमसि चितस्थ परिचितं ऊर्ध्वचितः श्रयध्वम् ॥ ४६ ॥

संज्ञानमितिसम्ऽज्ञानम्। असि। कामधरणमिति-कामऽधरणम्। मयि। ते। कामधरणमिति कामऽ-धरणम्। भूयात्। अग्नेः। भस्म। असि। अग्नेः। पुरीषम्। असि। चितः। स्थ। परिचितइति प-रिऽचितः। ऊर्ध्वचितइत्यूर्ध्वऽचितः। श्रयध्वम् ॥४६॥

पदार्थः—(संज्ञानम्) सम्यग्विज्ञानम् (असि) (कामधरणम्) संकल्पानामाधरणम् (मयि) (ते) तव (कामधरणम्) (भूयात्) (अग्नेः) पावकस्य (भस्म) दग्धदोषः (असि) (अग्नेः) विद्युतः (पुरीषम्) पूर्णं बलम् (असि) (चितः) संचिताः (स्थ) भवत (परिचितः) परितः सर्वतः संचेतारः (ऊर्ध्वचितः) ऊर्ध्वं संचिन्वन्तः (श्रयध्वम्) सेवध्वम् ॥ ४६ ॥

अन्वयः—हे विद्वंस्त्वं यत्संज्ञानं प्राप्तोऽसि। यत्त्वमग्नेर्भस्मास्याग्नेर्यत्पुरीषमाप्तोऽसि तन्मां प्रापय। यस्य ते तव यत्कामधरणमस्ति तत्कामधरणं मयि भूयाद्यथा यूयं विद्यादिशुभगुणैश्चितः परिचित ऊर्ध्वचितः स्थ पुरुषार्थं चाश्रयध्वं तथा वयमपि भवेम ॥ ४६ ॥

भावार्थः—जिज्ञासवः सदा विदुषां सकाशाद्विद्याः प्रार्थ्य पृच्छेयुर्यावद्युष्मासु पदार्थविज्ञानमस्ति तावत्सर्वमस्मासु धत्त। यावतीर्हस्तक्रिया भवन्तो जानन्ति तावतीरस्मान् शिक्षत यथा वयं भवदाश्रिता भवेम तथैव भवन्तोऽप्यस्माकमाश्रयाः सन्तु ॥ ४६॥

पदार्थः—हे विद्वन् आप जिस (संज्ञानम्) पूरे विज्ञान को प्राप्त (असि) हुए हो जो आप (अग्नेः) अग्नि से हुई (भस्म) राख के समान दोषों को भस्म करता (असि) हो (अग्नेः) बिजुली के जिस (पुरीषम्) पूर्ण बल को प्राप्त हुए (असि) हो उस विज्ञान भस्म और बल को मेरे लिये भी दीजिये जिस (ते) आप का जो (कामधरणम्) संकल्पों का आधार अन्तःकरण है वह (कामधरणम्) कामना का आधार (मयि) मुझ में (भूयात्) होवे। जैसे तुम लोग विद्या आदि शुभगुणों से (चितः) इकट्ठे हुए (परिचितः) सब पदार्थों को सब ओर से इकट्ठे करने हारे (ऊर्ध्वचितः) उत्कृष्ट गुणों के संचय कर्त्ता पुरुषार्थ को (श्रयध्वम्) सेवन करो वैसे हमलोग भी करें ॥ ४६ ॥

भावार्थः—जिज्ञासु मनुष्यों को चाहिये कि सदैव विद्वानों से विद्याकी इच्छा कर प्रश्न किया करें कि जितना तुम लोगों में पदार्थों का विज्ञान है उतना सब तुम लोग हम लोगों में धारण करो। और जितनी हस्तक्रिया आप जानते हैं उतनी सब हम लोगों को दिखाइये ॥ ४६ ॥

अयंसइत्यस्य विश्वामित्र ऋषिः। अग्निर्देवता। आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

मनुष्यैरुत्तमाचरणानुकरणं कार्य्यमित्याह ॥

मनुष्यों को उत्तम आचरणों के अनुसार वर्त्तना चाहिये यह वि० ॥

अयꣳसो अग्निर्यस्मिन्त्सोममिन्द्रः सुतं दधे जठरे वावशानः। सहस्रियं वाजमत्यं न सप्तिꣳससवान्त्सन्त्स्तूयसे जातवेदः ॥ ४७ ॥

अयम्। सः। अग्निः। यस्मिन्। सोमम्। इन्द्रः। सुतम्। दधे। जठरे। वावशानः। सहस्रियम्। वाजम्। अत्यम्। न। सप्तिम्।

सुसवानितिं सुसुऽवान् । सन् । स्तूयसे । जातवे-
द इतिं जातऽवेदः ॥ ४७ ॥

पदार्थः—(अयम्) (सः) (अग्निः) (यस्मिन्) (सोमम्) सर्वौषध्यादिरसम् (इन्द्रः) सूर्य्यः (सुतम्) निष्पन्नम् (दधे) धरे (जठरे) उदरे। जठरमुदरम् भवति जग्धमस्मिन् ध्रियते धीयते वा। निरु० ४ । ७ (वावशानः) भृशं कामयमानः (सहस्त्रियम्) सहप्राप्ताम् भार्य्याम् (वाजम्) अन्नादिकम् (अत्यम्) अतितुं व्याप्तुं योग्यम् (न) इव (सप्तिम्) अश्वम् (ससवान्) ददत् (सन्) (स्तूयसे) प्रशस्यसे (जातवेदः) उत्पन्नविज्ञान ॥४७॥

अन्वयः—हे जातवेदो यथा ससवान्संस्त्वं स्तूयसेऽयमग्निरिन्द्रश्च यस्मिन् सोमं दधाति यं सुतं जठरेऽहं दधे। सोऽहं वावशानः सन् सहस्त्रियं दधे । त्वया सह वाजमत्यं न सप्तिं दधे । तादृशस्त्वं भव ॥ ४७ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलु०—यथा विद्युत्सूर्यौ सर्वान् रसान् गृहीत्वा जगद्रसयतो यथा पत्या सह स्त्री स्त्रिया सह पतिश्चानन्दं भुङ्क्ते तथाऽहमेतद्दधे। यथा सद्गुणैर्युक्तस्त्वं स्तूयसे तथाऽहमपि प्रशंसितो भवेयम् ॥ ४७ ॥

पदार्थः—हे (जातवेदः) विज्ञान को प्राप्त हुए विद्वान् जैसे (ससवान्) दान देते (सन्) हुए आप (स्तूयसे) प्रशंसा के योग्य हो (अयम्) यह (अग्निः) अग्नि और (इन्द्रः) सूर्य्य (यस्मिन्) जिस में (सोमम्) सब ओषधियों के रस को धारण करता है जिस (सुतम्) सिद्ध हुए पदार्थ को (जठरे) पेट में मैं (दधे) धारण करता हूं (सः) वह मैं (वावशानः) शीघ्र कामना करता हुआ (सहस्त्रियम्) साथ

वर्त्तमान अपनी स्त्री को धारण करता हूं आप के साथ (वाजम्) अन्न आदि पदार्थों को (अत्यम्) व्याप्त होने योग्य के (न) समान (सप्तिम्) घोड़े को (दधे) धारण करता हूं वैसा ही तू भी हो ॥ ४७ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलुप्तोप०और उपमालं०—जैसे बिजुली और सूर्य, सब रसों का ग्रहण कर जगत् को रसयुक्त करते हैं या जैसे पति के साथ स्त्री और स्त्री के साथ पति आनन्द भोगते हैं वैसे मैं इस सब का धारण करता हूं जैसे श्रेष्ठ गुणों से युक्त आप प्रशंसा के योग्य हो वैसे मैं भी प्रशंसा के योग्य होऊं ॥ ४७ ॥

अग्नेयत्त इत्यस्य विश्वामित्र ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिगार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥ ४७ ॥

अध्यापकैर्निष्कपटत्वेन सर्वे विद्यार्थिनः पाठनीयाइत्याह ॥

अध्यापक लोगों को निष्कपट से सब विद्यार्थीजन पढाने चाहिये यह वि० ॥

अग्ने यत्ते दिवि वर्चः पृथिव्यां यदोषधीष्वप्स्वा यंजत्र । येनान्तरिक्षमुर्वाततन्थं त्वेषःस भानुरर्णवो नृचक्षाः ॥ ४८ ॥

अग्ने । यत् । ते । दिवि । वर्चः । पृथिव्याम् । यत् । ओषधीषु । अप्स्वित्यप्ऽसु । आ । यजत्र । येन । अन्तरिक्षम् । उरु । आततन्थेत्याऽततन्थ । त्वेषः । सः । भानुः । अर्णवः । नृचक्षा इति नृऽचक्षाः ॥४८॥

पदार्थः—(अग्ने) विद्वन् (यत्) यस्य (ते) तव (दिवि) द्योतनात्मके विद्युदादौ (वर्चः) विज्ञानप्रकाशः (पृथिव्याम्) भूमौ (यत्) (ओषधीषु) यवादिषु (अप्सु) प्राणेषु जलेषु वा (आ)

(यजत्र) संगन्तुं योग्य (येन) (अन्तरिक्षम्) आकाशम् (उरु) बहु(आ,ततन्थ) समन्तात्तनु (त्वेषः) प्रकाशः (सः) (भानुः) प्रभाकरः (अर्णवः) अर्णांसि बहून्युदकानि विद्यन्ते यस्मिन् सः। अर्णसो लोपश्च । अ० । ५ । २ । १०९ इति मत्वर्थे वः सलोपश्च (नृचक्षाः) यो नॄन् चक्षते सः ॥ ४८ ॥

अन्वयः—हे यजत्राग्ने यद्यस्य ते तवाऽग्नेरिव दिवि वर्चः यत् पृथिव्यामोषधीष्वप्सु वर्चोऽस्ति येन नृचक्षा भानुरर्णवो येनान्तरिक्षमुर्वाततन्थ तथा स त्वं तदस्मासु धेहि ॥ ४८ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—अस्मिन् जगति यस्य सृष्टिपदार्थविज्ञानं यादृशं स्यात्तादृशं सद्योऽन्यान् ग्राहयेत् । यदि न ग्राहयेत्तर्हि तन्नष्टं सदन्यैः प्राप्तुमशक्यं स्यात् ॥ ४८ ॥

पदार्थः—हे (यजत्र) संगम करने योग्य (अग्ने) विद्वन् (यत्) जिस (ते) आप का अग्नि के समान (दिवि) द्योतन शील आत्मा में (वर्चः) विज्ञान का प्रकाश (यत्) जो (पृथिव्याम्) पृथिवी (ओषधिषु) यवादि ओषधीयों और (अप्सु) प्राणों वा जलों में (वर्चः) तेज है (येन) जिस से (नृचक्षाः) मनुष्यों को दिखाने वाला (भानुः) सूर्य (अर्णवः) बहुत जलों को वर्षाने हारा (त्वेषः) प्रकाश है (येन) जिस से (अन्तरिक्षम्) आकाश को (उरु) बहुत (आ, ततन्थ) विस्तार युक्त करते हो (सः) सो आप वह सब हम लोगों में धारण कीजिये ॥ ४८ ॥

भावार्थः—यहां वाचकलु०—इस जगत् में जिस को सृष्टि के पदार्थों का विज्ञान जैसा होवे वैसा ही शीघ्र दूसरों को बतावे जो कदाचित् दूसरों को न बतावे तो वह नष्ट हुआ किसी को प्राप्त नहीं हो सके ॥ ४८ ॥

अग्नेदिवइत्यस्य विश्वामित्रऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिगार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर वही वि० ॥

अग्ने दिवो अर्णमच्छा जिगास्यच्छा देवाँ ॥२॥ ऊंचिषे धिष्ण्या ये । या रोचने परस्तात्सूर्यस्य या श्चावस्तादुपतिष्ठन्त आपः ॥ ४९ ॥

अग्ने । दिवः । अर्णम् । अच्छ । जिगासि । अच्छ । देवान् । ऊचिषे । धिष्ण्याः । ये । याः । रोचने । परस्तात् । सूर्यस्य । याः । च । अवस्तात् । उपतिष्ठन्त इत्युपऽतिष्ठन्ते । आपः ॥ ४९ ॥

पदार्थः—(अग्ने) विद्वन् (दिवः) प्रकाशात् (अर्णम्) विज्ञानम् (अच्छ) (जिगासि) स्तौषि (अच्छ) (देवान्) दिव्यगुणान् विदुषो विद्यार्थिनो वा (ऊचिषे) वक्षि (धिष्ण्याः) ये दिधिषन्ति ब्रुवन्ति ते धिषणास्तेषु साधवः । अत्र धिधातोर्बाहुलकादौणादिकः कनिन् ततो यत् (ये) (याः)(रोचने) प्रकाशे (परस्तात्)पराः (सूर्यस्य) (याः) (च) (अवस्तात्) अधःस्थाः(उपतिष्ठन्ते)(आपः) प्राणा जलानि वा ॥४९॥

अन्वयः—हे अग्ने यस्त्वं दिवोर्णं या आपः सूर्यस्य रोचने परस्ताद्याश्चावस्तादुपतिष्ठन्ते ता अच्छ जिगासि । ये धिष्ण्याः सन्ति तान् देवान् प्रत्यर्णमच्छोचिषे स त्वमस्माकमुपदेष्टा भव॥४९॥

भावार्थः—ये सुविचारेण विद्युतः सूर्य्यकिरणेषूपर्य्यधःस्थानां

जलानां वायूनां च बोधं यथा प्राप्नुवन्ति तेऽन्यान् प्रति सम्यगुपदिशन्तु ॥ ४९ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वान् जो आप (दिवः) प्रकाश से (अर्णम्) विज्ञान को (याः) जो (आपः) प्राण वा जल (सूर्य्यस्य) सूर्य्य के (रोचने) प्रकाश में (परस्तात्) पर है (च) और (याः) जो (अवस्तात्) नीचे (उपतिष्ठन्ते) समीप में स्थित हैं उन को (अच्छ) सम्यक् (जिगासि) स्तुति करते हो (ये) जो (धिष्णयाः) बोलने वाले हैं उन (देवान्) दिव्यगुण विद्यार्थियों वा विद्वानों के प्रति विज्ञानको(अच्छ)अच्छे प्रकार (ऊचिषे) कहते हो सो आप हमारे लिये उपदेश कीजिये ॥४९॥

भावार्थः—जो अच्छे विचार से बिजुली और सूर्य के किरणों में ऊपर नीचे रहने वाले जलों और वायुओं के बोध को प्राप्त होते हैं वे दूसरों को निरन्तर उपदेश करें ॥ ४९ ॥

पुरीष्यास इत्यस्य विश्वामित्र ऋषिः । अग्निर्देवता । आर्ची पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

मनुष्यैर्द्वेषादिकं विहायानन्दितव्यमित्यु० ॥

मनुष्यों को द्वेषादिक छोड़ के आनन्द में रहना चाहिये इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

पुरीष्यासो अग्नयः प्रावणेभिः सजोषसः। जुषन्तां यज्ञमद्रुहोऽनमीवा इषो महीः ॥ ५० ॥

पुरीष्यासः । अग्नयः । प्रवणेभिरिति प्रऽवणेभिः । सजोषसइति सऽजोषसः । जुषन्ताम् । यज्ञम् । अद्रुहः । अनमीवाः । इषः । महीः ॥ ५० ॥

पदार्थः—(पुरीष्यासः) पूर्णासु गुणक्रियासु भवाः (अग्नयः) वह्नय इव वर्त्तमाना विद्वांसः (प्रावणेभिः) विज्ञानैः । अत्रान्येषामपीति दीर्घत्वम् (सजोषसः) समानसेवाप्रीतयः (जुषन्ताम्) सेवन्ताम् (यज्ञम्) विद्याविज्ञानदानग्रहणाख्यम् (अद्रुहः) द्रोहरहिताः (अनमीवाः) अरोगाः (इषः) इच्छाः (महीः) महतीः ॥५०॥

अन्वयः—सर्वे मनुष्याः प्रावणेभिः सह वर्तमाना अनमीवा अद्रुहः सजोषसः पुरीष्यासोऽग्नय इव सन्तो यज्ञं महीरिषो जुषन्ताम् ॥ ५० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०-यथा विद्युदविरुद्धा सती समानसत्तथा सर्वान् पदार्थान् सेवते तथैव रोगद्रोहादिदोषैरहिताः परस्परं प्रीतिमन्तो भूत्वा विज्ञानवृद्धिकरं यज्ञं प्रतत्य महान्ति सुखानि सततं भुञ्जीरन् ॥ ५० ॥

पदार्थः—सब मनुष्यों को चाहिये कि (प्रावणेभिः) विज्ञानों के साथ वर्तमान हुए (अनमीवाः) रोगरहित (अद्रुहः) द्रोह से पृथक् (सजोषसः) एक प्रकार की सेवा और प्रीति वाले (पुरीष्यासः) पूर्ण गुणक्रियाओं में निपुण (अग्नयः) अग्नि के समान वर्तमान तेजस्वी विद्वान् लोग (यज्ञम्) विद्याविज्ञान दान और ग्रहणरूप यज्ञ और (महीः) बड़ी २ (इषः) इच्छाओं को (जुषन्ताम्) सेवन करें ॥ ५० ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जैसे बिजुली अनुकूल हुई समान भाव से सब पदार्थों का सेवन करती है वैसे ही रोग द्रोहादि दोषों से रहित आपस में प्रीति वाले हो के विद्वान् लोग विज्ञान बढाने वाले यज्ञ को विस्तृत करके बड़े २ सुखों को निरन्तर भोगें ॥ ५० ॥

इडामग्न इत्यस्य विश्वामित्र ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिगार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

मनुष्यैर्गर्भाधानादिसंस्कारैरपत्यानि संस्कर्त्तव्यानीत्याह ॥

मनुष्य गर्भाधानादि संस्कारों से बालकों का संस्कार करें इस वि० ॥

इडामग्ने पुरुदꣳसꣳसनिं गोः शश्वत्तमꣳ हवमानाय साध । स्यान्नः सूनुस्तनयो विजावाऽग्ने सा ते सुमतिर्भूत्वस्मे ॥ ५१ ॥

इडाम् । अग्ने । पुरुदꣳसमिति पुरुऽदꣳसम् । सनिम् । गोः । शश्वत्तममिति शश्वत्ऽतमम् । हवमानाय । साध । स्यात् । नः । सूनुः । तनयः । विजावेति विजाऽवा । अग्ने । सा । ते । सुमतिरिति सुऽमतिः । भूतु । अस्मे इत्यस्मे ॥ ५१ ॥

पदार्थः-(इडाम्) स्तोतुमर्हां वाचम् (अग्ने) विद्वन् (पुरुदंसम्) पुरूणि बहूनि दंसानि कर्माणि भवन्ति यस्मात् (सनिम्) संविभागम् (गोः) वाचः (शश्वत्तमम्) अतिशयितमनादिरूपं वेदबोधम् (हवमानाय) विद्यां स्पर्द्धमानाय (साध) साध्नुहि । अत्र व्यत्ययेन शप् (स्यात्) भवेत् (नः) अस्माकं (सूनुः) उत्पन्नः (तनयः) पुत्रः (विजावा) विविधैश्वर्य्यजनकः (अग्ने) अध्यापक (सा) (ते) तव (सुमतिः) शोभना प्रज्ञा (भूतु) भवतु । अत्र शपो लुक् । भूसुवोस्तिङीति गुणाभावः (अस्मे) अस्माकम् ॥ ५१ ॥

अन्वयः-हे अग्ने ते सा सुमतिरस्मे भूतु यया ते नोऽस्माकं

च यो विजावा तनयः स्यात् । तया त्वं तस्मै हवमानायेडां गोः शश्वत्तमं पुरुदंसं सनिं साधाग्ने वयं च साधुयाम ॥ ५१ ॥

भावार्थः—मातापितृभ्यामाचार्य्येण च सावधानतया गर्भाधानादिसंस्काररीत्या सुसन्तानानुत्पाद्य वेदेश्वरविद्यायुक्ता धीरुत्पाद्या। नहीदृशोऽन्यो धर्मोऽपत्यसुखनिधि र्वर्त्तत इति निश्चेतव्यम्॥५१॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वान् (ते) आप की (सा) वह (सुमतिः) सुन्दर बुद्धि (अस्मे) हम लोगों के लिये (भूतु) हो वे जिस से आपका (नः) और हमारा जो (विजावा) विविध प्रकार के ऐश्वर्यों का उत्पादक (सूनुः) उत्पन्न होने वाला (तनयः) पुत्र (स्यात्) होवे उस बुद्धि से उस (हवमानाय) विद्या ग्रहण करते हुए के लिये (इडाम्) स्तुति के योग्य वाणी को (गोः) वाणी के संबन्धी (शश्वत्तमम्) अनादि रूप अत्यन्त वेदज्ञान को और (पुरुदंसम्) बहुत कर्म जिस से सिद्ध हों ऐसे (सनिम्) ऋग्वेदादि वेदविभाग को (साध) सिद्ध कीजिये और हे अध्यापक हम लोग भी सिद्ध करें ॥ ५१ ॥

भावार्थः—माता पिता और आचार्य्य को चाहिये कि सावधानी से गर्भाधान आदि संस्कारों की रीति के अनुकूल अच्छे सन्तान उत्पन्न करके उन में वेद ईश्वर और विद्या युक्त बुद्धि उत्पन्न करें क्योंकि ऐसा अन्यधर्म अपत्य सुख का हितकारी कोई नहीं है ऐसा निश्चय रखना चाहिये ॥ ५१ ॥

अयं त इत्यस्य विश्वामित्र ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदार्ष्यनुष्टुप्छन्दः । गांधारः स्वरः ॥

अथ जन्यजनकानां कर्त्तव्यं कर्माह ॥

अब माता पिता और पुत्रादिकों को परस्पर क्या करना चाहिये यह वि० ॥

अयन्ते योनिर्ऋत्वियो यतो जातो अरोचथाः। तं जानन्नग्न आ रोहाथानो वर्धया रयिम् ॥ ५२ ॥

अयम् । ते । योनिः । ऋत्वियः । यतः । जातः । अरोचथाः । तम् । जानन् । अग्ने । आ । रोह । अथ । नः । वर्धय । रयिम् ॥ ५२ ॥

पदार्थः—(अयम्) (ते) तव (योनिः) दुःखवियोजकः सुखसंयोजको व्यवहारः (ऋत्वियः) ऋतुसमयोऽस्य प्राप्तः । अत्र छन्दसि घसिति घस् प्रत्ययः (यतः) यस्मात् (जातः) प्रादुर्भूतः सन् (अरोचथाः) प्रदीप्येथाः (तम्) (जानन्) (अग्ने) अग्निरिव स्वच्छात्मन् (आ) (रोह) आरुढो भव (अथ) आनन्तरम् । अत्र निपातस्य चेति संहितायां दीर्घः (नः) अस्मभ्यम् (वर्धय) अत्रान्येषामपीति संहितायां दीर्घत्वम् (रयिम्) प्रशस्तां श्रियम् ॥ ५२ ॥

अन्वयः—हे अग्ने त्वं यस्ते तव ऋत्वियोऽयं योनिरस्ति यतो जातस्त्वमरोचथाः । तं जानँस्त्वमारोहाथ नो रयिं वर्धय ॥ ५२ ॥

भावार्थः—हे मातापित्राचार्य्या यूयं पुत्रान् पुत्रींश्च धर्म्येण ब्रह्मचर्य्येण सेवितेन सद्विद्या जनयित्वोपदिशत । हे सन्ताना यूयं सद्विद्यया सदाचारेणास्मान् सुसेवया धनेन च सततं सुखयतेति॥५२॥

पदार्थः—हे (अग्ने) अग्नि के समान शुद्ध अन्तःकरण वाले विद्वान् पुरुष जो (ते) आप का (ऋत्वियः) ऋतु काल में प्राप्त हुआ (अयम्) यह प्रत्यक्ष (योनिः) दुःखों का नाशक और सुखदायक व्यवहार है (यतः) जिस से (जातः) उत्पन्न हुए आप (अरोचथाः) प्रकाशित होवें (तम्) उस को (जानन्) जानते हुए आप (आरोह) शुभगुणों पर आरूढ़ हूजिये (अथ) इस के पश्चात् (नः) हम लोगों के लिये (रयिम्) प्रशंसित लक्ष्मी को (वर्धय) बढ़ाइये ॥ ५२ ॥

भावार्थः—हे माता पिता और आचार्य्य ! तुम लोग पुत्र और कन्याओं को धर्मानुकूल-सेवन किये ब्रह्मचर्य से श्रेष्ठविद्या को प्रसिद्ध कर उपदेश करो । हे सन्तानो ! तुम लोग सत्यविद्या और सदाचार के साथ हम को अच्छी सेवा और धन से निरन्तर सुख युक्त करो ॥ ५२ ॥

चिदसीत्यस्य विश्वामित्र ऋषिः । अग्निर्देवता स्वराडनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

कन्याभिः किं कृत्वा किं कार्य्यमित्याह ॥

कन्याओं को क्या करके क्या करना चाहिये यह वि० ॥

चिदसि तया देवतयाङ्गिरस्वद् ध्रुवा सीद ।
परिचिदसि तया देवतयाङ्गिरस्वद् ध्रुवा सीद ॥५३॥

चित् । असि । तया । देवतया । अङ्गिरस्वत् । ध्रुवा । सीद । परिचिदिति परिऽचित् । असि । तया । देवतया । अङ्गिरस्वत् । ध्रुवा । सीद ॥५३॥

पदार्थः—(चित्) संज्ञता (असि) (तया) (देवतया) दिव्यगुणप्रापिकया (अङ्गिरस्वत्) प्राणवत् (ध्रुवा) निश्चला (सीद) भव (परिचित्) विद्यापरिचयं प्राप्ता (असि) (तया) धर्मानुष्ठानयुक्तया क्रियया-(देवतया) दिव्यसुखप्रदया (अङ्गिरस्वत्) हिरण्यगर्भवत् (ध्रुवा) निष्कम्पा (सीद) अवतिष्ठस्व ॥ ५३ ॥

अन्वयः—हे कन्ये या चिदसि सा त्वं तया देवतया सहाङ्गि-

रस्वत् ध्रुवा सीद । हे ब्रह्मचारिणि या त्वं परिचिदसि सा तया देवतया सहाङ्गिरस्वद् ध्रुवा सीद ॥ ५३ ॥

भावार्थः—सर्वैर्मातापित्रादिभिरध्यापिकाभिर्विदुषीभिश्च कन्याः संबोधनीयाः भो कन्या यूयं यदि पूर्णेनाखण्डितेन ब्रह्मचर्य्येणाखिलाविद्याः सुशिक्षाः प्राप्य युवतयो भूत्वा स्वसदृशैर्वरैः स्वयंवरं विवाहं कृत्वा गृहाश्रमं कुर्यात तर्हि सर्वाणि सुखानि लभेध्वम् सन्तानाश्च जायेरन् ॥ ५३ ॥

पदार्थः—हे कन्ये जो तू (चित्) चिताई (असि) हुई (तया) उस (देवतया) दिव्यगुण प्राप्त कराने हारी विद्वान् स्त्री के साथ (अङ्गिरस्वत्) प्राणों के तुल्य (ध्रुवा) निश्चल (सीद)स्थिर हो । हे ब्रह्मचारिणी जो तू (परिचित्) विविध विद्या को प्राप्त हुई (असि) है सो तू (तया) उस (देवतया) धर्मानुष्ठान से युक्तदिव्यसुखदायक क्रिया के साथ (अङ्गिरस्वत्) ईश्वर के समान (ध्रुवा) अचल (सीद) अवस्थित हो ॥ ५३ ॥

भावार्थः—सब माता पिता और पढ़ानेहारी विद्वान् स्त्रियों को चाहिये कि कन्याओं को सम्यक् बुद्धिमती करें । हे कन्यालोगो तुम जो पूर्ण अखंडित ब्रह्मचर्य से संपूर्ण विद्या और अच्छी शिक्षा को प्राप्त युवति होकर अपने तुल्य वरों के साथ स्वयंवर विवाह करके गृहाश्रम का सेवन करो तो सब सुखों को प्राप्त हो और सन्तान भी अच्छे होवें ॥ ५३ ॥

लोकंपृणेत्यस्य विश्वामित्र ऋषिः । अग्निर्देवता । विराडनुष्टुप् छन्दः गांधारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी वही विषय अगले मंत्र में कहा है ॥

लोकं पृण छिद्रं पृणाथो सीद ध्रुवा त्वम् । इन्द्राग्नी त्वा बृहस्पतिरस्मिन् योनावसीषदन् ॥ ५४ ॥

लोकम् । पृण । छिद्रम् । पृण । अथोइत्य-थो । सीद । ध्रुवा । त्वम् । इन्द्राग्नी इतीन्द्राग्नी । त्वा । बृहस्पतिः । अस्मिन् । योनौ । असीषद-न् । असीषदन्नित्यसीसदन् ॥ ५४ ॥

पदार्थः—(लोकम्) संप्रेक्षितव्यम् (पृण) तर्पय (छि-द्रम्) छिनत्ति यत्तत् (पृण) पिपूर्द्धि (अथो) (सीद) (ध्रु-वा) दृढनिश्चया (त्वम्) (इन्द्राग्नी) मातापितरौ (त्वा) त्वाम् (बृहस्पतिः) बृहत्या वेदवाचः पालिकाध्यापिका (अ-स्मिन् विद्याबोधे (योनौ) बन्धच्छेदके मोक्षप्रापके (असीष-दन्) प्रापयन्तु ॥ ५४ ॥

अन्वयः—हे कन्ये यां त्वा योनावस्मिन्निन्द्राग्नी बृहस्पतिश्चा-सीषदन् तस्मिन् त्वं ध्रुवा सीदाथो छिद्रं पृण लोकं पृण ॥५४॥

भावार्थः—मातापिताचार्यैरीदृशी धर्म्या विद्याशिक्षा क्रियेत यां स्वीकृत्य सर्वाः कन्या निश्चिन्ता भूत्वा सर्वाणि दुर्व्यसनानि त्यक्त्वा समावर्त्तनानन्तरं स्वयंवरं विवाहं कृत्वा सुपुरुषार्थेनान-न्दयेयुः ॥ ५४ ॥

पदार्थः—हे कन्ये जिस (त्वा) तुझ को (योनौ) बन्ध के छेदक मोक्ष प्राप्ति के हेतु (अस्मिन्) इस विद्या के बोध में (इन्द्राग्नी) माता पिता तथा (बृहस्पतिः) बड़ी २ वेदवाणियों की रक्षा करने वाली अध्यापिका स्त्री (असीषदन्) प्राप्त करावें उस में (त्वम्) तू (ध्रुवा) दृढ़ निश्चय के साथ (सीद) स्थित हो (अथो) इस के अनन्तर (छिद्रम्) छिद्र को (पृण) पूर्ण कर और (लोकम्) देखने योग्य प्राणियों को (पृण) तृप्त कर ॥ ५४ ॥

भावार्थः—माता पिता और आचार्यों को चाहिये कि इस प्रकार की धर्मयुक्त विद्या और शिक्षा करें कि जिस को ग्रहण कर कन्या लोग चिन्ता रहित हों सब बुरे व्यसनों को त्याग और समावर्तन संस्कार के पश्चात् स्वयंवर विवाह करके पुरुषार्थ के साथ आनन्द में रहें ॥ ५४ ॥

ताअस्येत्यस्य प्रियमेधा ऋषिः । आपो देवता । विराडनुष्टुप् छन्दः गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

ता अस्य सूददोहसः सोमꣳ श्रीणन्ति पृश्नयः । जन्मन्देवानां विशस्त्रिष्वा रोचने दिवः ॥ ५५ ॥

ताः । अस्य । सूददोहस इति सूदऽदोहसः । सोमम् । श्रीणन्ति । पृश्नयः । जन्मन् । देवानाम् । विशः । त्रिषु । आ । रोचने । दिवः ॥५५ ॥

पदार्थः—(ताः) ब्रह्मचारिणीः (अस्य) गृहाश्रमस्य (सूददोहसः) सूदाः सुष्ठु पाचका दोहसो गवादिदोग्धारश्च यासां ताः (सोमम्) सोमरसान्वितं पाकम् (श्रीणन्ति) परिपक्वं कुर्वन्ति (पृश्नयः) सुस्पर्शास्तन्वङ्ग्यः । अत्र स्पृशधातोर्निः प्रत्ययः सलोपश्च (जन्मन्) जन्मनि प्रादुर्भावे (देवानाम्) दिव्यानां विदुषां

पतीनाम् (विशः) प्रजाः (त्रिषु) भूतभविष्यद्वर्तमानेषु कालावयवेषु (आ) (रोचने) रुचिकरे व्यवहारे (दिवः) दिव्यस्य ॥ ५५ ॥

अन्वयः—या देवानां सूददोहसः पृश्नयः पत्न्यो जन्मन् द्वितीये विद्याजन्मनि विदुष्यो भूत्वा दिवोऽस्य सोमं श्रीणन्ति ता आरोचने त्रिषु सुखदा भवन्ति विशश्च प्राप्नुवन्ति ॥ ५५ ॥

भावार्थः—यदा सुशिक्षितानां विदुषां यूनां स्वसदृशा रूपगुणसम्पन्नाः स्त्रियो भवेयुस्तदा गृहाश्रमे सर्वदा सुखं सुसन्तानाश्च जायेरन् । नह्येवं विना वर्त्तमानेऽभ्युदयो मरणानन्तरं निःश्रेयसं च प्राप्तुं शक्यम् ॥ ५५ ॥

पदार्थः—जो (देवानाम्) दिव्य विद्वान् पतियों की (सूददोहसः) सुन्दर रसोया और गौ आदि के दुहने वाले सेवकों वाली (पृश्नयः) कोमल शरीर सूक्ष्म अङ्ग युक्त स्त्री दूसरे (जन्मन्) विद्यारूप जन्म में विदुषी हो के (दिवः) दिव्य (अस्य) इस गृहाश्रम के (सोमम्) उत्तम ओषधियों के रस से युक्त भोजन (श्रीणन्ति) पकाती हैं (ताः) वे ब्रह्मचारिणी (आरोचने) अच्छी रुचिकारक व्यवहार में (त्रिषु) तीनों-अर्थात् गत आगामी और वर्त्तमान काल विभागों में सुख देने वाली होती तथा (विशः) उत्तम सन्तानों को भी प्राप्त होती हैं ॥ ५५ ॥

भावार्थः—जब अच्छी शिक्षा को प्राप्त हुए युवा विद्वानों की अपने सदृश रूप और गुण से युक्त स्त्री होवें तो गृहाश्रम में सर्वदा सुख और अच्छे सन्तान उत्पन्न होवें । इस प्रकार किये विना संसार का सुख और शरीर छूटने के पश्चात् मोक्ष कभी प्राप्त नहीं हो सकता ॥ ५५ ॥

इन्द्रं विश्वेत्यस्य सुतजेतृमधुच्छन्दा ऋषिः । इन्द्रो देवता । निचृदनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

कुमारकुमारीभिरित्थं कर्त्तव्यमित्याह ॥

कुमार और कुमारियों को इस प्रकार करना चाहिये यह विषय अगले मंत्र में कहा है ॥

इन्द्रं विश्वा॑ अवीवृधन्त्समुद्रव्य॑चसं गिर॑: । र॒थीत॑मꣳ र॒थीनां॒ वाजा॑नाꣳ सत्प॑तिं॒ पति॑म् ॥ ५६ ॥

इन्द्र॑म् । विश्वा॑: । अवी॑वृधन् । स॒मु॒द्रव्य॑चस॒मिति॑ स॒मु॒द्रऽव्य॑चसम् । गिर॑: । र॒थीत॑मम् । र॒थित॑म॒मिति॑ र॒थिऽत॑मम् । र॒थीना॑म् । र॒थिना॒मिति॑ र॒थिना॑म् । वाजा॑नाम् । सत्प॑ति॒मिति॒ सत्ऽप॑तिम् । पति॑म् ॥ ५६ ॥

पदार्थः—(इन्द्रम्) परमैश्वर्य्यम् (विश्वाः) अखिलाः (अवीवृधन्) वर्धेयुः (समुद्रव्यचसम्) समुद्रस्य व्यचसो व्याप्तय इव यस्मिँस्तम् (गिरः) वेदविद्यासंस्कृता वाचः (रथीतमम्) अतिशयेन प्रशस्तरथयुक्तम् (रथीनाम्) प्रशस्तानां वीराणाम् । अत्र छन्दसीवनिपावितीकारः (वाजानाम्) संग्रामाणां मध्ये (सत्पतिम्) सत ईश्वरस्य वेदस्य धर्मस्य जनस्य वा पालकम् (पतिम्) अखिलैश्वर्य्यस्वामिनम् ॥ ५६ ॥

अन्वयः—हे स्त्रीपुरुषा यूयं यथा विश्वा गिरः समुद्रव्यचसं वाजानां रथीनां मध्ये रथीतमं सत्पतिं पतिमवीवृधँस्तथा सर्वान्वर्धयत ॥ ५६ ॥

भावार्थः—ये कुमारा याश्च कुमार्य्यो दीर्घेण ब्रह्मचर्य्येण सांगोपाङ्गान् वेदानधीत्य स्वप्रसन्नतया स्वयंवरं विवाहं कृत्वैश्वर्य्याय प्रयतेरन् । धर्म्येणव्यवहारेणाव्यभिचारतया सुसन्तानानुत्पाद्य परोपकारे प्रवर्त्तेरँस्त इहामुत्र सुखमश्नुवीरन् नचेतरेऽविद्वांसः ॥५६॥

पदार्थः—हे स्त्री पुरुषो जैसे (विश्वाः) सब (गिरः) वेदविद्या से संस्कार की हुई वाणी (समुद्रव्यचसम्) समुद्र की व्याप्ति के समान व्याप्ति जिस में हो उन (वाजानाम्) संग्रामों और (रथीनाम्) प्रशंसित रथों वाले वीर पुरुषों में (रथीतमम्) अत्यन्त प्रशंसित रथवाले (सत्पतिम्) सत्य ईश्वर वेद धर्म वा श्रेष्ठ पुरुषों के रक्षक (पतिम्) सब ऐश्वर्य के स्वामि को (अवीवृधन्) बढ़ावें और (इन्द्रम्) परम ऐश्वर्य को बढ़ावें वैसे सब प्राणियों को बढ़ाओ ॥ ५६ ॥

भावार्थः—जो कुमार और कुमारी दीर्घ ब्रह्मचर्य सेवन से साङ्गोपाङ्ग वेदों को पढ़ और अपनी २ प्रसन्नता से स्वयंवर विवाह करके ऐश्वर्य के लिये प्रयत्न करें। धर्मयुक्त व्यवहार से व्यभिचार को छोड़ के सुन्दर सन्तानों को उत्पन्न करके परोपकार करने में प्रयत्न करें वे इस संसार और परलोक में सुख भोगें। और इन से विरुद्ध जनों को नहीं हो सकता ॥ ५६ ॥

समितमित्यस्य मधुच्छन्दा ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिगुष्णिक् छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

अथ विवाहं कृत्वा कथं वर्त्तितव्यमित्याह ॥

पश्चात् विवाह करके कैसे वर्त्तें इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

समितꣳसंकल्पेथाꣳसंप्रियौ रोचिष्णू सुमनस्यमानौ । इषमूर्जमभि संवसानौ ॥ ५७ ॥

सम् । इतम् । सम् । कल्पेथाम् । संप्रियाविति सम्ऽप्रियौ । रोचिष्णू इति रोचिष्णू । सुमनस्यमानाविति सुऽमनस्यमानौ । इषम् । ऊर्जम् । अभि । संवसानाविति सम्ऽवसानौ ॥ ५७ ॥

पदार्थः—(सम्) एकीभावम् (इतम्) प्राप्नुतम् (सम्) समानाभिप्राये (कल्पेथाम्) समर्थयताम् (संप्रियौ) परस्परं

सम्यक्प्रीतियुक्तौ (रोचिष्णू) विषयासक्तिविरहत्वेन देदीप्यमानौ (सुमनस्यमानौ) सुमनसौ सखायौ विद्वांसाविवाचरन्तौ (इषम्) इच्छाम् (ऊर्जम्) पराक्रमम् (संवसानौ) सम्यक्सुवस्त्रालंकारैराच्छादितौ ॥ ५७ ॥

अन्वयः—हे विवाहितौ स्त्री पुरुषौ युवां संप्रियौ रोचिष्णू सुमनस्यमानौ संवसानौ सन्ताविषं समितमूर्जमभि संकल्पेथाम् ॥ ५७ ॥

भावार्थः—यदि स्त्रीपुरुषौ सर्वथा विरोधं विहायान्योन्यस्य प्रियाचरणे रतौ विद्याविचारयुक्तौ सुवस्त्रालंकृतौ भूत्वा प्रयतेतां तदा गृहे कल्याणमारोग्यं वर्धेताम् । यदि च विद्वेषिणौ भवेतां तदा दुःखसागरे संमग्नौ भवेताम् ॥ ५७ ॥

पदार्थः—हे विवाहित स्त्रीपुरुषो तुम (संप्रियौ) आपस में सम्यक् प्रीति वाले (रोचिष्णू) विषयासक्ति से पृथक् प्रकाशमान (सुमनस्यमानौ) मित्र विद्वान् पुरुषों के समान वर्त्तमान (सम्वसानौ) सुन्दर वस्त्र और आभूषणों से युक्त हुए (इषम्) इच्छा को (समितम्) इकट्ठे प्राप्त होओ और (ऊर्जम्) पराक्रम को (अभि) सन्मुख (संकल्पेथाम्) एक अभिप्राय में समर्पित करो ॥ ५७ ॥

भावार्थः—जो स्त्रीपुरुष सर्वथा विरोध को छोड़ के एक दूसरे की प्रीति में तत्पर, विद्या के विचार से युक्त तथा अच्छे २ वस्त्र और आभूषण धारण करने वाले हो के प्रयत्न करें तो घर में कल्याण और आरोग्य बढ़े । और जो परस्पर विरोधी हों तो दुःखसागर में अवश्य डूबें ॥ ५७ ॥

संवामित्यस्य मधुच्छन्दा ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिगुपरिष्टाद्बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

अध्यापकोपदेशका यावत्सामर्थ्यं तावद् वेदाध्ययनोपदेशौ कुर्युरित्याह ॥

अध्यापक और उपदेशक लोगों को चाहिये कि जितना सामर्थ्य हो उतना ही वेदों को पढ़ावें और उपदेश करें यह विषय अगले मंत्र में कहा है ॥

सं वां मनां॑ᳯसि॒ सं व्र॒ता सम॑ु चि॒त्तान्याक॑रम् ।

अग्ने पुरीष्याधिपा भव त्वं न इषमूर्जं यजमानाय धेहि ॥ ५८ ॥

सम् । वाम् । मनांसि । सम् । व्रता । सम् । ऊँ इत्यूँ । चित्तानि । आ । अकरम् । अग्ने । पुरीष्य । अधिपा इत्यधिऽपाः । भव । त्वम् । नः इषम् । ऊर्जम् । यजमानाय । धेहि ॥ ५८ ॥

पदार्थः—(सम्) एकस्मिन् धर्मे (वाम्) युवयोः (मनांसि) संकल्पविकल्पाद्या अन्तःकरणवृत्तयः (सम्) (व्रता) सत्यभाषणादीनि (सम्) (उ) समुच्चये (चित्तानि) संज्ञातानि धर्म्याणि कर्माणि (आ) समन्तात् (अकरम्) कुर्याम् (अग्ने) उपदेशकाचार्य (पुरीष्य) पुरीषेषु पालकेषु व्यवहारेषु भवस्तत्संबुद्धौ (अधिपाः) अधिकः पालकः (भव) (त्वम्) (नः) अस्माकम् (इषम्) अन्नादिकम् (ऊर्जम्) शरीरात्मबलम् (यजमानाय) धर्मेण संगन्तुं शीलाय (धेहि) ॥ ५८ ॥

अन्वयः—हे स्त्रीपुरुषौ यथाऽहमाचार्यो वां संमनांसि संव्रतो संचित्तान्याकरं तथा युवां मम प्रियमाचरेतं हे पुरीष्याग्ने त्वं नोऽधिपा भव यजमानायेषमूर्जं च धेहि ॥ ५८ ॥

भावार्थः—उपदेशका यावच्छक्यन्तावत् सर्वेषामेकधर्म्यमेककर्म्यमेकनिष्ठां तुल्यसुखदुःखे यथा स्यात्तथा शिक्षयेयुः । सर्वे स्त्रीपुरुषा आप्तविद्वांसमेवोपदेष्टारमध्यापकं सेवेरन् स चैतेषामे-

श्वर्यपराक्रमवृद्धिं कुर्यात् । नैकधर्मादिभिर्विनाऽऽत्मसु सौहार्दं जायते । नैतेन विना सततं सुखं च ॥ ५८ ॥

पदार्थः—हे स्त्रीपुरुषो जैसे मैं आचार्य (वाम्) तुम दोनों के (संमनांसि) एकधर्म्म में तथा संकल्प विकल्प आदि अन्तःकरण की वृत्तियों को (संव्रता) सत्यभाषणादि (उ) और (सम्, चित्तानि) सम्यक् जाने हुए कर्मों में (आ) अच्छे प्रकार (अकरम्) करूं । वैसे तुम दोनों मेरी प्रीति के अनुकूल विचारो हे (पुरीष्य) रक्षा के योग्य व्यवहारों में हुए (अग्ने) उपदेशक आचार्य वा राजन् (त्वम्)आप (नः) हमारे (अधिपाः) अधिक रक्षा करने हारे (भव) हूजिये (यजमानाय) धर्मानुकूल सत्संग के स्वभाव वाले पुरुष वा ऐसी स्त्री के लिये (इषम्) अन्न आदि उत्तम पदार्थ और (ऊर्जम्) शरीर तथा आत्मा के बल को (धेहि) धारण कीजिये ॥ ५८ ॥

भावार्थः—उपदेशक मनुष्यों को चाहिये कि जितना सामर्थ्य हो उतना सब मनुष्यों का एक धर्म्म एक कर्म्म एक प्रकार की चित्तवृत्ति और बराबर सुख दुःख जैसे हों वैसे ही शिक्षा करें । सब स्त्री पुरुषों को योग्य है कि आप्त विद्वान् ही को उपदेशक और अध्यापक मान के सेवन करें और उपदेशक वा अध्यापक इन के ऐश्वर्य्य और पराक्रम को बढ़ावें । और सब मनुष्यों के एक धर्म आदि के विना आत्माओं में मित्रता नहीं होती और मित्रता के विना निरन्तर सुख भी नहीं हो सकता ॥ ५८ ॥

अग्ने त्वमित्यस्य मधुच्छन्दा ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिगुष्णिक् छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

केऽध्यापनोपदेशाय नियोजनीया इत्याह ॥

किन को पढ़ाने और उपदेश के लिये नियुक्त करना चाहि० ॥

अग्ने त्वं पुरीष्यो रयिमान् पुष्टिमाँ २ ॥ असि शिवाः कृत्वा दिशः सर्वाः स्वं योनिमिहासदः ॥५९॥

अग्ने । त्वम् । पुरीष्यः । रयिमानिति रयिऽमान् । पुष्टिमानिति पुष्टिऽमान् । असि । शिवाः । कृत्वा । दिशः । सर्वाः । स्वम् । योनिम् । इह । आ । असदः ॥ ५९ ॥

पदार्थः—(अग्ने) उपदेशक विद्वन् (त्वम्) (पुरीष्यः) ऐकमत्यपालनेषु भवः (रयिमान्) विद्याविज्ञानधनयुक्तः (पुष्टिमान्) प्रशस्तशरीरात्मबलसहितः (असि) (शिवाः) कल्याणोपदेशयुक्ताः (कृत्वा) (दिशः) उपदेष्टव्याः प्रजाः (सर्वाः) समग्राः (स्वम्) स्वकीयम् (योनिम्) सुखसाधकं दुःखविच्छेदकमुपदेशम् (इह) अस्मिन् संसारे (आ) (असदः) आस्व ॥ ५९ ॥

अन्वयः—हे अग्ने यतस्त्वमिह पुरीष्यो रयिमान् पुष्टिमानसि तस्मात्सर्वा दिशः शिवाः कृत्वा स्वं योनिमासदः ॥ ५९ ॥

भावार्थः—राजप्रजाजनै येऽत्र जितेन्द्रिया धार्मिकाः परोपकारप्रिया विद्वांसो भवेयुस्ते प्रजासु धर्मोपदेशाय नियोजनीयाः । उपदेशकाश्च प्रयत्नेन सर्वान् शिक्षयैकधर्मयुक्तान् सततमविरोधिनः सुखिनः संपादयेयुः ॥ ५९ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) उपदेशक विद्वन् जिस से (त्वम्) आप (इह) इस संसार में (पुरीष्यः) एक मत के पालने में तत्पर (रयिमान्) विद्या विज्ञान और धन से युक्त और (पुष्टिमान्) प्रशंसित शरीर और आत्मा के बल से सहित (असि) हैं इस लिये (सर्वाः) सब (दिशः) उपदेश के योग्य प्रजा (शिवाः) कल्याणरूपी उपदेश से युक्त (कृत्वा) करके (स्वम्) अपने (योनिम्) सुखदायक दुःखनाशक उपदेश के घर को (आसदः) प्राप्त हूजिये ॥ ५९ ॥

भावार्थः—राजा और प्रजाजनों को चाहिये कि जो जितेन्द्रिय धर्मात्मा परोपकार में प्रीति रखने वाले विद्वान् होवें उन को प्रजा में धर्मोपदेश के लिये नियुक्त करें और उपदेशकों को चाहिये कि प्रयत्न के साथ सब को अच्छी शिक्षा से एकधर्म में निरन्तर विरोध को छोड़ के सुखी करें ॥ ५९ ॥

भवतन्न इत्यस्य मधुच्छन्दा ऋषिः । दम्पती देवता । आर्षी पङ्क्तिश्छन्दः पञ्चमः स्वरः ॥

पुनः सर्वैर्विद्याप्रदानायाप्ता विद्वांसः प्रार्थनीया इत्याह ॥

फिर सब को चाहिये कि विद्या देने के लिये आप्त विद्वानों की प्रार्थना करें इस वि० ॥

भवतन्नः समनसौ सचेतसावरेपसौ । मा यज्ञꣳ हिꣳसिष्टं मा यज्ञपतिं जातवेदसौ शिवौ भवतमद्य नः ॥ ६० ॥

भवतम् । नः । समनसाविति सऽमनसौ । सचेतसाविति सऽचेतसौ । अरेपसौ । मा । यज्ञम् । हिꣳसिष्टम् । मा । यज्ञपतिमिति यज्ञऽपतिम् । जातवेदसाविति जातऽवेदसौ । शिवौ । भवतम् । अद्य । नः ॥ ६० ॥

पदार्थः—(भवतम्) (नः) अस्मभ्यम् (समनसौ) समानविचारौ (सचेतसौ) समानसंज्ञानौ (अरेपसौ) अनपराधिनौ (मा) (यज्ञम्) संगन्तव्यं धर्मम् (हिंसिष्टम्) हिंस्याताम् (मा) (यज्ञपतिम्) उपदेशेन धर्मरक्षकम् (जातवेदसौ) उत्पन्नाऽखिलविज्ञानौ (शिवौ) मंगलकारिणौ (भवतम्) (अद्य) (नः) अस्मभ्यम् ॥ ६० ॥

अन्वयः—हे विवाहितौ स्त्रीपुरुषौ युवां नः समनसौ सचेतसावरेपसौ भवतम् । यज्ञं माहिंसिष्टं यज्ञपतिं मा हिंसिष्टम् । अद्य नो जातवेदसौ शिवौ भवतम् ॥ ६० ॥

भावार्थः—स्त्रीपुरुषजनैः सत्योपदेशायाध्यापनाय पूर्णविद्याः प्रगल्भाः निष्कपटा आप्ता नित्यं प्रार्थनीया विद्वांसस्तु सर्वेभ्य एव मुपदिशेयुर्यतः सर्वे धर्माचारिणः स्युः ॥ ६० ॥

पदार्थः—हे विवाह किये हुए स्त्रीपुरुषो तुम दोनों (नः) हम लोगों के लिये (समनसौ) एक से विचार और (सचेतसौ) एक से बोध वाले (अरेपसौ) अपराध रहित (भवतम्) हूजिये (यज्ञम्) प्राप्त होने योग्य धर्म को (मा) मत (हिंसिष्टम्) बिगाड़ो और (यज्ञपतिम्) उपदेश से धर्म के रक्षक पुरुष को (मा) मत मारो (अद्य) आज (नः) हमारे लिये (जातवेदसौ) संपूर्ण विज्ञान को प्राप्त हुए (शिवौ) मंगलकारी (भवतम्) हूजिये ॥ ६० ॥

भावार्थः—स्त्रीपुरुषजनों को चाहिये कि सत्य उपदेश और पढ़ाने के लिये सब विद्याओं से युक्त प्रगल्भ निष्कपट धर्मात्मा सत्यप्रिय पुरुषों की नित्य प्रार्थना और उन की सेवा करें । और विद्वान् लोग सब के लिये ऐसा उपदेश करें कि जिस से सब धर्माचरण करने वाले हो जावें ॥ ६० ॥

मातेवेत्यस्य मधुच्छन्दा ऋषिः । पत्नीदेवता । आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

माता किंवत्संतानान् पालयतीत्याह ॥

माता किस के तुल्य सन्तानों को पालती है यह वि० ॥

मातेव पुत्रं पृथिवी पुरीष्यमग्निᳬं स्वे योनावभारुखा । तां विश्वैर्देवैर्ऋतुभिः संविदानः

प्रजापतिर्विश्वकर्म्मा वि मुञ्चतु ॥ ६१ ॥

मातेवेतिमाताऽइव । पुत्रम् । पृथिवी । पुरीष्यम् । अग्निम् । स्वे । योनौ । अभाः । उखा । ताम् । विश्वैः । देवैः । ऋतुभिरित्यृतुऽभिः । संविदान इति सम्ऽविदानः । प्रजापतिरिति प्रजाऽपतिः । विश्वकर्म्मेति विश्वऽकर्मा । वि । मुञ्चतु ॥ ६१ ॥

पदार्थः—(मातेव) (पुत्रम्) (पृथिवी) भूमिवद्वर्त्तमाना विदुषी स्त्री (पुरीष्यम्) पुष्टिकरेषु गुणेषु भवम् (अग्निम्) विद्युतमिव सुप्रकाशम् (स्वे) स्वकीये (योनौ) गर्भाशये (अभाः) पुष्णाति धरति वा (उखा) ज्ञातुमर्हा (ताम्) (विश्वैः) सर्वैः (देवैः) दिव्यैर्गुणैः सह (ऋतुभिः) वसन्ताद्यैः (संविदानः) सम्यग्ज्ञापयन् (प्रजापतिः) परमेश्वरः (विश्वकर्म्मा) अखिलोत्तमक्रियाः (वि) विरुद्धार्थे (मुञ्चतु) ॥ ६१ ॥

अन्वयः—योखा पृथिवीवद्वर्त्तमाना स्त्री स्वे योनौ पुरीष्यमग्निं पुत्रं मातेवाभा धरति तां संविदानो विश्वकर्मा प्रजापतिर्विश्वैर्देवैर्ऋतुभिः सह सततं दुःखाद्विमुञ्चतु पृथग्रक्षतु ॥ ६१ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यथा जननी सन्तानानुत्पाद्य पालयति तथैव पृथिवीकारणस्था विद्युतं प्रकटय्य रक्षति यथा परमेश्वरो याथातथ्येन पृथिव्यादिगुणान् जानाति प्रतिनियतसमयम्-

त्वादीन् पृथिव्यादींश्च धृत्वा स्वस्वनियतपरिधौ चालयित्वा प्रलय-समये भिनत्ति तथैव विद्वद्भिर्यथाबुद्ध्येतान् विदित्वा कार्य्यसिद्धये प्रयतितव्यम् ॥ ६१ ॥

पदार्थः—जो (उखा) जानने योग्य (पृथिवी) भूमि के समान वर्त्तमान विद्वान् स्त्री (स्वे) अपने (योनौ) गर्भाशय में (पुरीष्यम्) पुष्टि कारक गुणों में हुए (अग्निम्) बिजुली के तुल्य अच्छे प्रकाश से युक्त गर्भरूप (पुत्रम्) पुत्र को (मातेव) माता के समान (अभाः) पुष्ट वा धारण करती है (ताम्) उस को (संविदानः) सम्यक् बोध करता हुआ (विश्वकर्मा) सब उत्तम कर्म करने वाला (प्रजापतिः) परमेश्वर (विश्वैः) सब (देवैः) दिव्य गुणों और (ऋतुभिः) वसन्त आदि ऋतुओं के साथ निरन्तर दुःख से (वि,मुञ्चतु) छुड़ावे ॥ ६१ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—जैसे माता सन्तानों को उत्पन्न कर पालती है वैसे ही पृथिवी कारण रूप बिजुली को प्रसिद्ध करके रक्षा करती है । जैसे परमेश्वर ठीक २ पृथिवी आदि के गुणों को जानता और नियत समय पर मरे हुओं और पृथिवी आदि को धारण कर अपने २ नियत परिधि से चला के प्रलय समय में सब को भिन्न करता है वैसे ही विद्वानों को चाहिये कि अपनी बुद्धि के अनुसार इन सब पदार्थों को जान के कार्य्यसिद्धि के लिये प्रयत्न करें ॥ ६१ ॥

असुन्वतमित्यस्य मधुच्छन्दा ऋषिः । निर्ऋतिर्देवता । निचृत्त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

स्त्रियः कीदृशान्पतीन्नेच्छेयुरित्याह ॥

स्त्री लोग कैसे पतियों की इच्छा न करें यह वि० ॥

असुन्वन्तमयजमानमिच्छ स्तेनस्येत्यामन्विहि तस्करस्य । अन्यमस्मदिच्छ सा त इत्या नमो देवि निर्ऋते तुभ्यमस्तु ॥ ६२ ॥

असुन्वन्तम् । अयजमानम् । इच्छ । स्तेनस्य । इत्याम् । अनु । इहि । तस्करस्य । अन्यम् । अस्मत् । इच्छ । सा । ते । इत्या । नमः । देवि । निर्ऋतइति निःऽऋते । तुभ्यम् । अस्तु ॥६२॥

पदार्थः—(असुन्वन्तम्) अभिषवादिक्रियानुष्ठानरहितम् (अयजमानम्) अदातारम् (इच्छ) (स्तेनस्य) अप्रसिद्धचोरस्य (इत्याम्) एतुमर्हां क्रियाम् (अनु) (इहि) गच्छ (तस्करस्य) प्रसिद्धचोरस्य(अन्यम्) भिन्नम् (अस्मत्) (इच्छ) (सा) (ते) तव (इत्या) एतुमर्हा क्रिया (नमः) अन्नम् (देवि) विदुषि (निर्ऋते) नित्ये सत्याचारे पृथिवीवद्वर्त्तमाने (तुभ्यम्) (अस्तु) भवतु ॥६२॥

अन्वयः—हे निर्ऋते देवि त्वमस्मत्स्तेनस्य तस्करस्य सम्बन्धिनं विहायान्यमिच्छासुन्वन्तमयजमानं मेच्छ । यामित्यामन्विहि सेत्या तेऽस्तु नमश्च तस्यै तुभ्यमस्तु ॥ ६२ ॥

भावार्थः—हे स्त्रियो यूयमपुरुषार्थिनः स्तेनसंबन्धिनः पुरुषान् पतीन् मेच्छत । आप्तनीतीन् गृह्णीत यथा-पृथिव्यनेकोत्तमफलप्रदानेन जनान् रञ्जयति तथा भवत । एवंभूताभ्यो युष्मभ्यं वयं नमः कुर्मः । यथा वयमलसेभ्यः स्तेनेभ्यश्च पृथग् वर्त्तेमहि तथा यूयमपि वर्त्तध्वम् ॥ ६२ ॥

पदार्थः—हे (निर्ऋते) पृथिवी के तुल्य वर्त्तमान (देवि) विद्वान् स्त्री तू (अस्मत्) हम से भिन्न (स्तेनस्य) अप्रसिद्ध चोर और (तस्करस्य) प्रसिद्ध चोर के सम्बन्धी को छोड़ के (अन्यम्) भिन्न की (इच्छ) इच्छा कर और (असुन्वन्तम्)

अभिषव आदि क्रियाओं के अनुष्ठान से रहित (अयजमानम्) दान धर्म से रहित पुरुष की (इच्छ) इच्छा मत कर और तू जिस (इत्याम्) प्राप्त होने योग्य क्रिया को (अन्विहि) ढूंढ़े (सा) वह (इत्या) क्रिया (ते) तेरी हो तथा उस (तुभ्यम्) तेरे लिये (नमः) अन्न वा सत्कार (अस्तु) होवे ॥ ६२ ॥

भावार्थः—हे स्त्रियो तुम लोगों को चाहिये कि पुरुषार्थरहित चोरों के सम्बन्धी पुरुषों को अपने पति करने की इच्छा न करो । आप्त पुरुषों की नीति के तुल्य नीति वाले पुरुषों को ग्रहण करो । जैसे पृथिवी अनेक उत्तम फलों के दान से मनुष्यों को संयुक्त करती है वैसी होओ । ऐसे गुणों वाली तुम को हम लोग नमस्कार करते हैं । जैसे हमलोग आलसी चोरों के साथ न वर्त्तें वैसे तुम लोग भी मत वर्त्तो ॥ ६२ ॥

नमःसुत इत्यस्य मधुच्छन्दा ऋषिः । निर्ऋतिर्देवता । भुरिगार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनरेताः कथं भवेयुरित्याह ॥

फिर ये स्त्री कैसी हों इस विषय का उपदेश अगले मन्त्र में किया है ॥

नमः सु ते निर्ऋते तिग्मतेजोऽयस्मयं विचृता बन्धमेतम् । यमेन त्वं यम्या संविदानोत्तमे नाके अधि रोहयैनम् ॥ ६३ ॥

नमः । सु । ते । निर्ऋत इति निःऽऋते । तिग्मतेज इति तिग्मऽतेजः । अयस्मयम् । वि । चृत । बन्धम् । एतम् । यमेन । त्वम् । यम्या । संविदानेति समऽविदाना । उत्तम इत्युत्ऽतमे । नाके । अधि । रोहय । एनम् ॥ ६३ ॥

पदार्थः—(नमः) अन्नादिकम् (सु) (ते) तव (निर्ऋते) नितरामृतं सत्यं यस्यां तत्सम्बुद्धौ (तिग्मतेजः) तीव्राणि तेजांसि यस्मात्तत् (अयस्मयम्) सुवर्णादिप्रकृतम् । अयइति हिरण्यना० निघं० १ । २ (वि)(चृत) विमुञ्च द्व्यचोऽतस्तिङ इति दीर्घः (बन्धम्) बध्नाति येन तं (एतम्) यमेन न्यायाधीशेन (त्वम्) (यम्या) न्यायकर्त्र्या (संविदाना) सम्यक्कृतप्रतिज्ञा (उत्तमे) (नाके) आनन्दे भोक्तव्ये सति (अधि) (रोहय) (एनम्) ॥ ६३ ॥

अन्वयः—हे निर्ऋते यस्यास्ते तिग्मतेजोऽयस्मयं नमोऽस्ति सा त्वमेतं बन्धं सुविचृत । यमेन यम्या सह च संविदाना सत्येनं पतिमुत्तमे नाकेऽधिरोहय ॥ ६३ ॥

भावार्थः—हे स्त्रियो यूयं यथेयं पृथिवी तेजः सुवर्णान्नादिसंबन्धास्ति तथा भवत यथा युष्माकं पतयो न्यायाधीशा भूत्वा सापराधानपराधिनां सत्यन्यायेन विवेचनं कृत्वा सापराधान् दण्डयन्ति निरपराधिनः सत्कुर्वन्ति युष्माननुत्तमानानन्दान् प्रददति तथा यूयमपि भवत ॥ ६३ ॥

पदार्थः—हे (निर्ऋते) निरन्तर सत्य आचरणों से युक्त स्त्री जिस (ते) तेरे (तिग्मतेजः) तीव्र तेजों वाले (अयस्मयम्) सुवर्णादि और (नमः) अन्नादि पदार्थ हैं सो (त्वम्) तू (एतम्) इस (बन्धम्) बांधने के हेतु अज्ञान का (सुविचृत) अच्छे प्रकार (यमेन) न्यायाधीश तथा (यम्या) न्याय करने हारी स्त्री के साथ (संविदाना) सम्यक् बुद्धि युक्त हो कर (एनम्) इस अपने पति को (उत्तमे) उत्तम (नाके) आनन्द भोगने में (अधिरोहय) आरूढ़ कर ॥ ६३ ॥

भावार्थः—हे स्त्रियो तुम को चाहिये कि जैसे यह पृथिवी अग्नि तथा सुवर्ण अन्नादि पदार्थों से संबन्ध रखती है वैसे तुम भी होओ। जैसे तुम्हारे पति न्यायाधीश हो कर अपराधी और अपराधरहित मनुष्यों का सत्य न्याय से विचार कर के अपराधियों को दण्ड देते और अपराधरहितों का सत्कार करते हैं तुम लोगों के लिये अत्यन्त आनन्द देते हैं वैसे तुम लोग भी होओ ॥ ६३ ॥

यस्यास्त इत्यस्य मधुच्छन्दा ऋषिः। निर्ऋतिर्देवता।
आर्षी त्रिष्टुप्छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

कस्मै प्रयोजनाय दम्पती भवेतामित्युपदिश्यते ॥

किस प्रयोजन के लिये स्त्रीपुरुष संयुक्त होवें यह विषय अगले मंत्र में कहा है ॥

यस्यास्ते घोर आसन् जुहोम्येषां बन्धानामवसर्जनाय। यां त्वा जनो भूमिरिति प्रमन्दते निर्ऋतिं त्वाहं परि वेद विश्वतः ॥ ६४ ॥

यस्याः। ते। घोरे। आसन्। जुहोमि। एषाम्। बन्धानाम्। अवसर्जनायेत्यवऽसर्जनाय। याम्। त्वा। जनः। भूमिः। इति। प्रमन्दत इति प्रऽमन्दते। निर्ऋतिमिति निःऽऋतिम्। त्वा। अहम्। परि। वेद। विश्वतः ॥ ६४ ॥

पदार्थः—(यस्याः) सुव्रतायाः स्त्रियाः (ते) तव (घोरे) भयानके (आसन्) आस्ये मुखे (जुहोमि) ददामि (एषाम्) वर्त्तमानानाम् (बन्धानाम्) दुःखकारकत्वेन निरोधकानाम् (अवसर्जनाय)

त्यागाय (याम्) (त्वा) त्वाम् (जनः) (भूमिः) (इतिं) इव (प्रमन्दते) आनन्दयति (निर्ऋतिम्) भूमिमिव (त्वा) (अहम्) (परि) सर्वतः (वेद)जानीयाम् (विश्वतः) सर्वतः ॥ ६४ ॥

अन्वयः—हे घोरेपत्नि यस्यास्त आसन्नेषां बन्धानामवसर्जनायामृतात्मकमन्नादिकं जुहोमि यो जनो भूमिरिति यां त्वा प्रमन्दते तामहं विश्वतो निर्ऋतिमिव त्वा परि वेद सा त्वमित्थं मां विद्धि ॥ ६४ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलुप्तोपमालं०—यथा पतयः स्वानन्दाय स्त्रियो गृह्णन्ति तथैव तस्मै स्त्रियोपि पतीन् गृह्णीयुः। अत्र गृहाश्रमे पतिव्रता स्त्री स्त्रीव्रतः पतिश्च सुखनिधिरिव भवति क्षेत्रभूता स्त्री बीजरूपः पुमान् । यद्येतयोः शुद्धयोर्बलवतोः समागमेनोत्तमा विविधाः प्रजा जायेरँस्तर्हि सर्वदा भद्रं भवतीति वेद्यम् ॥ ६४ ॥

पदार्थः—हे (घोरे) दुष्टों को भय करने हारी स्त्री (यस्याः) जिस सुन्दर नियम युक्त (ते) तेरे (आसन्) सुख में (एषाम्) इन (बन्धानाम्) दुःख देते हुए रोकने वालों के (अव,सर्जनाय) त्याग के लिये अमृतरूप अन्नादि पदार्थों को (जुहोमि) देताहूं जो (जनः) मनुष्य (भूमिरिति) पृथिवी के समान (याम्) जिस (त्वां) तुझ को (प्रमन्दते) आनन्दित करता है उस तुझ को (अहम्) मैं (विश्वतः) सब ओर से (निर्ऋतिम्) पृथिवी के समान (त्वा) (परि) सब प्रकार से (वेद) जानूं । सो तू भी इस प्रकार मुझ को जान ॥ ६४ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमा और वाचकलु०—जैसे पति अपने आनन्द के लिये स्त्रियों का ग्रहण करते हैं। वैसे ही स्त्री भी पतियों का ग्रहण करें इस गृहाश्रम में पतिव्रता स्त्री और स्त्रीव्रत पति सुख का कोश होता है। खेतरूप स्त्री और

बीजरूप पुरुष जो इन शुद्ध बलवान् दोनों के समागम से उत्तम विविध प्रकार के सन्तान हों तो सर्वदा कल्याण ही बढ़ता रहता है ऐसा जानना चाहिये ॥ ६४ ॥

यं ते देवीत्यस्य मधुच्छन्दा ऋषिः । यजमानो देवता ।

आर्षी जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

विवाहसमये कीदृशीः प्रतिज्ञाः कुर्य्युरित्याह ॥

विवाह समय में कैसी २ प्रतिज्ञा करें इस वि० ॥

यन्ते देवी निर्ऋतिराबबन्ध पाशं ग्रीवास्वविचृत्यम् । तं ते विष्याम्यायुषो न मध्यादथैतं पितुमद्धि प्रसूतः । नमो भूत्यै येदं चकार ॥६५॥

यम् । ते । देवी । निर्ऋतिरिति निःऽऋतिः । आबबन्धेत्याऽबबन्ध । पाशम् । ग्रीवासु । अविचृत्यमित्यविऽचृत्यम् । तम् । ते । वि । स्यामि । आयुषः । न । मध्यात् । अथ । एतम् । पितुम् । अद्धि । प्रसूतइतिप्रऽसूतः । नमः । भूत्यै । या । इदम् । चकार ॥ ६५ ॥

पदार्थः—(यम्) (ते) तव (देवी) दिव्या स्त्री (निर्ऋतिः) पृथिवीव (आबबन्ध) समन्ताद्बध्नामि (पाशम्) धर्म्यं बन्धनम् (ग्रीवासु) कण्ठेषु (अविचृत्यम्) अमोचनीयम् (तम्) (ते) तव (वि) (स्यामि) प्रविशामि (आयुषः) जीवनस्य (न) इव (मध्यात्) (अथ) आनन्तर्ये (एतम्) (पितुम्) अन्नादिकम् (अद्धि) भुङ्क्ष्व

(प्रसूतः) उत्पन्नः सन् (नमः) सत्कारे (भूत्यै) ऐश्वर्यकारिकायै (या) (इदम्) प्रत्यक्षं नियमनम् (चकार)कुर्यात् ॥ ६५ ॥

अन्वयः—हे पते निर्ऋतिरिवाहं ते तव यं ग्रीवास्वविचृत्यं पाशमाबबन्ध तं ते तवाप्यहं विष्यामि । आयुषोऽन्नस्य न विष्यामि । अथावयोर्मध्यात्कश्चिदपि नियमात् पृथङ् न गच्छेत् । यथाऽहमेतं पितुमद्मि तथा प्रसूतः सँस्त्वमेनमद्धि । हे स्त्रि या त्वमिदं पतिव्रताधर्मेण सुसंस्कृतं चकार तस्यै भूत्यै नमोऽहं करोमि ॥ ६५ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—विवाहसमये यानव्यभिचाराख्यादीन् नियमान् कुर्युस्तेभ्योऽन्यथा कदाचिन्नाचरेयुः । कुतः यदा पाणिं गृह्णन्ति तदा पुरुषस्य यावत्स्वं तावत्सर्वं स्त्रिया यावत् स्त्रियास्तावदखिलं पुरुषस्यैव भवति यदि पुरुषो विवाहितां विहायाऽन्यस्त्रीगो भवेत् स्त्री च परपुरुषगामिनी स्यात्तावुभौ स्तेनवत्पापात्मानौ स्याताम् । अतो स्त्रिया अनुमतिमन्तरा पुरुषः पुरुषाज्ञया च विना स्त्री किंचिदपि कर्म न कुर्यात् इदमेव स्त्रीपुरुषयोः प्रीतिकरं कर्म यदव्यभिचरणमिति ॥ ६५ ॥

पदार्थः—स्त्री कहे कि हे पते (निर्ऋतिः) पृथिवी के समान मैं (ते) तेरे (ग्रीवासु) कण्ठों में(अविचृत्यम्) न छोड़ने योग्य (यम्) जिस (पाशम्) धर्म युक्त बन्धन को (आबबन्ध) अच्छे प्रकार बांधती हूं (तम्) उस को (ते) तेरे लिये भी प्रवेश करती हूं (आयुषः) अवस्था के साधन अन्न के (न) समान (वि,स्यामि) प्रविष्ट होती हूं (अथ) इस के पश्चात् (मध्यात्) मैं, तू दोनों में से कोई भी नियम से विरुद्ध न चले जैसे मैं (एतम्) इस (पितुम्) अन्नादि पदार्थ को भोगती हूं वैसे (प्रसूतः) उत्पन्न हुआ तू इस अन्नादि को (अद्धि) भोग । हे स्त्री (या) जो (देवी) दिव्यगुण वाली तू

(इदम्) इस पतिव्रत रूप धर्म से संस्कार किये हुए प्रत्यक्ष नियम को (चकार) करे उस (भूत्यै) ऐश्वर्य करने हारी तेरे लिये (नमः) अन्नादि पदार्थ को देताहूं ॥ ६५ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—विवाहसमय में जिन व्यभिचार के त्याग आदि नियमों को करें उन से विरुद्ध कभी न चले क्योंकि पुरुष जब विवाह समय में स्त्री का हाथ ग्रहण करता है तभी पुरुष का जितना पदार्थ है वह सब स्त्री का और जितना स्त्री का है वह सब पुरुष का समझा जाता है । जो पुरुष अपनी विवाहित स्त्री को छोड़ अन्य स्त्री के निकट जावे वा स्त्री दूसरे पुरुष की इच्छा करे तो वे दोनों चोर के समान पापी होते हैं इसलिये स्त्री की सम्मति के विना पुरुष और पुरुष की आज्ञा के विना स्त्री कुछ भी काम न करें यही स्त्री पुरुषों में परस्पर प्रीति बढ़ने वाला काम है कि जो व्यभिचार को सब समय में त्यागदें ॥ ६५ ॥

निवेशन इत्यस्य विश्वावसुर्ऋषिः । अग्निर्देवता । विराडार्षी त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

कीदृशाः स्त्रीपुरुषा गृहाश्रमं कर्त्तुं योग्याः सन्तीत्याह ॥

कैसे स्त्रीपुरुष गृहाश्रम करने के योग्य होते हैं यह विषय अगले मंत्र में कहा है ॥

निवेशनः सङ्गमनो वसूनां विश्वा रूपाऽभि चष्टे शचीभिः । देवइव सविता सत्यधर्मेन्द्रो न तस्थौ समरे पथीनाम् ॥ ६६ ॥

निवेशन इति निऽवेशनः । सङ्गमन इति सम्ऽगमनः । वसूनाम् । विश्वा । रूपा । अभि । चष्टे । शचीभिः । देव इवेति देवःऽइव । सविता । सत्यधर्मेति सत्यधर्मा । इन्द्रः । न । तस्थौ । समर इति । समऽअरे । पथीनाम् ॥ ६६ ॥

पदार्थः—(निवेशनः) यः स्त्रियां निविशते (संगमनः) सम्यग्गन्ता (वसूनाम्) पृथिव्यादीनां पदार्थानाम् (विश्वा) सर्वाणि (रूपा) रूपाणि (अभि) (चष्टे) पश्यति (शचीभिः) प्रज्ञाभिः कर्म्मभिर्वा (देवइव) यथेश्वरः (सविता) सकलजगतः प्रसविता (सत्यधर्मा) सत्यो धर्मो यस्य सः (इन्द्रः) सूर्यः (न) इव (तस्थौ) तिष्ठेत् (समरे) संग्रामे । समर इति संग्रामना० २ । १७ (पथीनाम्) गच्छताम् ॥ ६६ ॥

अन्वयः—यः सत्यधर्मा सविता देवइव निवेशनः संगमनः शचीभिर्वसूनां विश्वा रूपाऽभिचष्टे । इन्द्रो न समरे पथीनां सम्मुखे तस्थौ स एव गृहाश्रमाय योग्यो जायते ॥ ६६ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—मनुष्या यथेश्वरेण मनुष्योपकाराय कारणात्कार्य्याख्या अनेके पदार्था रचिता उपयुज्यन्ते यथा सूर्यो मेघेन सह युद्धाय वर्त्तते तथा सृष्टिक्रमविज्ञानेन सुक्रियया च भूम्यादिपदार्थेभ्योऽनेके व्यवहाराः संसाधनीयाः ॥ ६६ ॥

पदार्थः—जो (सत्यधर्मा) सत्य धर्म से युक्त (सविता) सब जगत् के रचने वाले (देवइव) ईश्वर के समान (निवेशनः) स्त्री का साथी (सङ्गमनः) शीघ्रगति से युक्त (शचीभिः) बुद्धि वा कर्मों से (वसूनाम्) पृथिवी आदि पदार्थों के (विश्वा) सब (रूपा) रूपों को (अभिचष्टे) देखता है (इन्द्रः) सूर्य्य के (न) समान (समरे) युद्ध में (पथीनाम्) चलते हुए मनुष्यों के सम्मुख (तस्थौ) स्थित होवे वही गृहाश्रम के योग्य होता है ॥ ६६ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में दो उपमालं०—मनुष्यों को योग्य है कि जैसे ईश्वर ने सब के उपकार के लिये कारण से कार्यरूप अनेक पदार्थ रच के उपयुक्तकरे

हैं। जैसे सूर्य मेघ के साथ युद्ध करके जगत् का उपकार करता है वैसे रचना क्रम के विज्ञान सुन्दर क्रिया से पृथिवी आदि पदार्थों से अनेक व्यवहार सिद्ध कर प्रजा को सुख देवें ॥ ६६ ॥

सीरा इत्यस्य विश्वावसुर्ऋषिः । कृषीवलाः कवयो देवताः । गायत्रीच्छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

अथ कृषियोगविद्या माह ॥

अब खेती करने की विद्या अगले मंत्र में कही हैं ॥

सीरा॑ युञ्जन्ति क॒वयो॑ यु॒गा वि त॑न्वते॒ पृथ॑क् । धीरा॑ दे॒वेषु॑ सुम्न॒या ॥ ६७ ॥

सीरा॑ । यु॒ञ्ज॒न्ति॒ । क॒वय॑: । यु॒गा । वि । त॒न्व॒ते॒ । पृथ॑क् । धीरा॑: । दे॒वेषु॑ । सु॒म्न॒येति॑ सुम्न॒ऽया ॥ ६७ ॥

पदार्थः—(सीरा) सीराणि हलानि (युञ्जन्ति) युञ्जन्तु (कवयः) मेधाविनः । कविरिति मेधाविना० ३ । १५ (युगा) युगानि (वि) (तन्वते) विस्तृणन्ति (पृथक्) (धीराः) ध्यानवन्तः (देवेषु) विद्वत्सु (सुम्नया) सुम्नेन सुखेन । अत्र तृतीयैकवचनस्यायादेशः ॥ ६७ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा धीराः कवयः सीरा युगा च युञ्जन्ति सुम्नया देवेषु पृथग् वितन्वते तथा सर्वैरेतदनुष्ठेयम् ॥ ६७ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०— मनुष्यैरिह विद्वच्छिक्षया कृषिकर्मोन्नेयं यथा योगिनो नाडीषु परमेश्वरं समाधियोगेनोपकुर्वन्ति तथैव कृषिकर्मद्वारा सुखोपयोगः कर्त्तव्यः ॥ ६७ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे (धीराः) ध्यानशील (कवयः) बुद्धिमान् लोग (सीराः) हलों और (युगा) जुआ आदि को (युञ्जन्ति) युक्त करते और (सुम्नया) सुख के साथ (देवेषु) विद्वानों में (पृथक्) अलग (वितन्वते) विस्तार युक्त करते वैसे सब लोग इस खेती कर्म का सेवन करें ॥ ६७ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—मनुष्यों को चाहिये कि विद्वानों की शिक्षा से कृषिकर्म की उन्नति करें । जैसे योगी नाड़ियों में परमेश्वर को समाधियोग से प्राप्त होते हैं । वैसे ही कृषिकर्मद्वारा सुखों को प्राप्त होवें ॥ ६७ ॥

युनक्तेत्यस्य विश्वावसुर्ऋषिः । कृषीवलाः कवयो वा देवताः ।
विराडार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी वही विषय अगले मंत्र में कहा है ॥

युनक्त सीरा वि युगा तनुध्वं कृते योनौ वपतेह बीजम् । गिरा च श्रुष्टिः सभरा असन्नो नेदीय इत्सृण्यः पक्वमेयात् ॥ ६८ ॥

युनक्त । सीरा । वि । युगा । तनुध्वम् । कृते । योनौ । वपत । इह । बीजम् । गिरा । च । श्रुष्टिः । सभरेति सऽभराः । असत् । नः । नेदीयः । इत् । सृण्यः । पक्वम् । आ । इयात् ॥ ६८ ॥

पदार्थः—(युनक्त) युङ्ध्वम् (सीरा) हलादीनि कृष्युपकारणानि नाडीर्वा (वि) विविधार्थे (युगा) युगानि (तनुध्वम्)

विस्तृणीत (कृते) हलादिभिः कर्षिते योगाङ्गैर्निष्पादितेऽन्तः-करणे वा (योनौ) क्षेत्रे (वपत) (इह) अस्यां भूमौ बुद्धौ वा (बीजम्) यवादिकं सिद्धिमूलं वा (गिरा) कृषियोगकर्मोपयुक्तया सुशिक्षितया वाचा (च) स्वसुविचारेण (श्रुष्टिः) शीघ्रम् । श्रुष्टीति क्षिप्रनामा शु अष्टीति निरु० ६ । १२ (सभराः) समानधारणपोषणाः (असत्) अस्तु (नः) अस्मान् (नेदीयः) अतिशयेनान्तिकम् (इत्) एव (सृण्यः)याः क्षेत्रयोगान् गता यवादिजातयः (पक्वम्) (आ) (इयात्) प्राप्नुयात् ॥ ६८ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयमिह साधनानि वितनुध्वं सीरा युगा युनक्त । कृते योनौ बीजं वपत गिरा च सभराः श्रुष्टिर्भवत याः सृण्यः सन्ति ताभ्यो यन्नेदीयोऽसत् पक्वं भवेत्तदिदेव न एयात्॥६८॥

भावार्थः—हे मनुष्या यूयं विद्वद्भ्यः कृषीवलेभ्यश्च कृषियोग कर्मशिक्षां प्राप्यानेकानि साधनानि संपाद्य कृषिं योगं च कुरुत । तस्माद्यद्यत्पक्वं स्यात्तत्तद्गृहीत्वोपभुङ्ग्ध्वं भोजयत वा ॥ ६८ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुमलोग (इह) इस पृथिवी वा बुद्धि में साधनों को (वितनुध्वम्) विविध प्रकार से विस्तार युक्त करो (सीरा) खेती के साधन हल आदि वा नाड़ियां और (युगा) जुआओं को (युनक्त) युक्त करो (कृते) हल आदि से जोते वा योग के अंगों से शुद्ध किये अन्तःकरण (योनौ) खेत में (बीजम्) यव आदि वा सिद्धि के मूल को (वपत) बोया करो (गिरा) खेती विषयक कर्मों की उपयोगी सुशिक्षित वाणी (च) और अच्छे विचार से (सभराः) एक प्रकार के धारण और पोषण में युक्त (श्रुष्टिः) शीघ्र हूजिये जो (सृण्यः) खेतों में उत्पन्न हुए यव आदि अन्न जाति के पदार्थ हैं उन में जो (नेदीयः) अत्यन्त समीप (पक्वम्) पकाहुआ (असत्) होवे वह (इत्) ही (नः) हमलोगों को (आ) (इयात्) प्राप्त होवे ॥ ६८ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो तुम लोगों को उचित है कि विद्वानों से योगाभ्यास और खेती करने हारों से कृषि कर्म की शिक्षा को प्राप्त हो और अनेक साधनों को बना के खेती और योगाभ्यास करो। इस से जो २ अन्नादि पका हो उस २ का ग्रहण कर भोजन करो और दूसरों को कराओ ॥ ६८ ॥

शुनमित्यस्य कुमारहारित ऋषिः। कृषीवला देवताः। त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी वही वि० ॥

शुनꣳ सुफाला वि कृषन्तु भूमिꣳ शुनं कीनाशा अभि यन्तु वाहैः। शुनासीरा हविषा तोशमाना सुपिप्पला ओषधीः कर्त्तनास्मै ॥ ६९ ॥

शुनम्। सु। फालाः। वि। कृषन्तु। भूमिम्। शुनम्। कीनाशाः। अभि। यन्तु। वाहैः। शुनासीरा। हविषा। तोशमाना। सुपिप्पला इति सुऽपिप्पलाः। ओषधीः। कर्त्तन। अस्मै इत्यस्मै ॥ ६९ ॥

पदार्थः—(शुनम्) सुखम् । शुनमिति सुखना० निघं० ३। ६ (सु) (फालाः) फलन्ति विस्तीर्णां भूमिं कुर्वन्ति ये ते (वि) (कृषन्तु) विलिखन्तु (भूमिम्) (शुनम्) सुखम् (कीनाशाः) ये श्रमेण क्लिश्यन्ति ते कृषीवलाः । अत्र क्लिशेरीच्चोपधायाः कन् लोपश्च लोनाम् च । उ० ५ । ५६ क्लिश

धातोः कनि प्रत्यये लोप उपधाया ईत्वं धातोर्नामागमश्च (अभि) (यन्तु) प्राप्नुवन्तु (वाहैः) वहन्ति यैस्तैर्वृषभादिवाहनैः (शुनासीरा) यथा वायुसूर्यौ । शुनासीरौ शुनोवायुः सरत्यन्तरिक्षे सीर आदित्यः सरणात् । निरु० ९ । ४० (हविषा) संस्कृतेन घृतादिना संस्कृतौ (तोशमाना) सन्तुष्टिकारौ । अत्र वर्णव्यत्ययेन शः । विकरणात्मनेपदव्यत्ययौ च (सुपिप्पलाः) शोभनानि पिप्पलानि फलानि यासु ताः (ओषधीः) यवादीन् (कर्त्तन) कुर्वन्तु (अस्मे) अस्मभ्यम् ॥ ६९ ॥

अन्वयः—ये कीनाशास्ते फाला वाहैः सह वर्त्तमानैर्हलादिभिर्भूमिं विकृषन्तु शुनमभियन्तु । हविषा तोशमाना शुनासीरेवास्मे सुपिप्पला ओषधीः कर्त्तन ताभिः सु शुनं च ॥ ६९ ॥

भावार्थः—ये चतुराः कृषिकारा गोवृषभादीन् संरक्ष्य विचारेण कृषिं कुर्वन्ति तेऽत्यन्तं सुखं लभन्ते । नात्र क्षेत्रेऽमेध्यं किंचित्प्रक्षेप्यम् । किन्तु बीजान्यपि सुगन्धयादियुक्तानि कृत्वैव वपन्तु यतोऽन्नान्यारोग्यकराणि भूत्वा बलबुद्धी वर्धयेयुः ॥ ६९ ॥

पदार्थः—जो (कीनाशाः) परिश्रम से क्लेशभोक्ता खेती करने हारे हैं वे (फालाः) जिन से पृथिवी को जोतें उन फालों से (वाहैः) बैल आदि के साथ वर्तमान हल आदि से (भूमिम्) पृथिवी को (विकृषन्तु) जोतें और (शुनम्) सुख को (अभियन्तु) प्राप्त होवें (हविषा) शुद्ध किये घी आदि से शुद्ध (तोशमाना) सन्तोषकारक (शुनासीरा) वायु और सूर्य्य के समान खेती के साधन (अस्मे) हमारे लिये (सुपिप्पलाः) सुन्दर फलों से युक्त (ओषधीः) जौ आदि (कर्त्तन) करें और उन ओषधियों से (सु) सुन्दर (शुनम्) सुख भोगें ॥ ६९ ॥

भावार्थः—जो चतुर खेती करने हारे गौ और बैल आदि की रक्षा करके विचार के साथ खेती करते हैं वे अत्यन्त सुख को प्राप्त होते हैं। इन खेतों में विष्ठा आदि मलीन पदार्थ नहीं डालने चाहियें किन्तु बीज सुगन्धि आदि से युक्त करके ही बोवें कि जिस से अन्न भी रोग रहित उत्पन्न होकर मनुष्यादि की बुद्धि को बढ़ावें ॥ ६९ ॥

घृतेनेत्यस्य कुमारहारित ऋषिः। कृषीवला देवताः। आर्षी त्रिष्टुप्छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी वही विषय अगले मन्त्र में कहा है ॥

घृतेन सीता मधुना समज्यतां विश्वैर्देवैरनुमता मरुद्भिः। ऊर्जस्वती पयसा पिन्वमानास्मान्त्सीते पयसाभ्या ववृत्स्व ॥ ७० ॥

घृतेन। सीता। मधुना। सम्। अज्यताम्। विश्वैः। देवैः। अनुमतेत्यनुऽमता। मरुद्भिरिति मरुत्ऽभिः। ऊर्जस्वती। पयसा। पिन्वमाना। अस्मान्। सीते। पयसा। अभि। आ। ववृत्स्व ॥ ७० ॥

पदार्थः—(घृतेन) आज्येन (सीता) सायन्ति क्षेत्रस्थलोष्टान् क्षयन्ति यया सा काष्ठपट्टिका (मधुना) क्षौद्रेण शर्करादिना वा (सम्) एकीभावे (अज्यताम्) संयुज्यताम् (विश्वैः) सर्वैः (देवैः) अन्नादिकामयमानैर्विद्वद्भिः (अनुमता) अनुज्ञापिता (मरुद्भिः) मनुष्यैः (ऊर्जस्वती) ऊर्जः पराक्रमसंबन्धो विद्यते यस्याः सा (पयसा) जलेन दुग्धेन वा (पिन्वमाना)

सिक्ता सेविता (अस्मान्) (सीते) सीता (पयसा)जलेन(अ-भि) (आ) (ववृत्स्व) वर्त्तिता भवतु ॥ ७० ॥

अन्वयः—विश्वेर्देवैर्मरुद्भिर्युष्माभिरनुमता पयसोर्जस्वती पिन्वमाना सीता घृतेन मधुना समज्यताम् । सा सीते सीतास्मान् घृतादिना संयोक्ष्यतीति पयसाऽभ्याववृत्स्व अभ्यावर्त्यताम् ॥७०॥

भावार्थः—सर्वे विद्वांसः कृषीवला विद्ययानुज्ञाता घृतमधुजलादिना सुसंस्कृतामनुमतां क्षेत्रभूमिमन्नसुसाधिकां कुर्वन्तु यथा सुगन्धादियुक्तानि बीजानि कृत्वा वपन्ति तथैव तामपि सुगन्धेन संस्कृतां कुर्वन्तु ॥ ७० ॥

पदार्थः—(विश्वैः) सब (देवैः) अन्नादिपदार्थों की इच्छा करने वाले विद्वान् (मरुद्भिः) मनुष्यों की (अनुमता) आज्ञा से प्राप्त हुआ (पयसा) जल वा दुग्ध से (ऊर्जस्वतीः) पराक्रम संबन्धी (पिन्वमाना) सींचा वा सेवन किया हुआ (सीता) पटेला (घृतेन) घी तथा (मधुना) सहत वा शक्कर आदि से(समज्यताम्) संयुक्त करो (सीते) पटेला (अस्मान्) हम लोगों को घी आदि पदार्थों से संयुक्त करेगा इस हेतु से (पयसा) जल से (अभ्याववृत्स्व) वार २ वर्त्ताओ ॥ ७० ॥

भावार्थः—सब विद्वानों को चाहिये कि किसान लोग विद्या के अनुकूल घी मीठा और जल आदि से संस्कार कर स्वीकार की हुई खेत की पृथिवी को अन्न को सिद्ध करने वाली करें । जैसे बीज सुगन्धि आदि युक्त करके बोते हैं वैसे इस पृथिवी को भी संस्कार युक्त करें ॥ ७० ॥

लाङ्गलमित्यस्य कुमारहारित ऋषिः । कृषीवला देवताः । विराट् पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

लाङ्गलं पवीरवत्सुशेवꣳ सोमपित्सरु । तदुद्वपति गामविं प्रफर्व्यं च पीवरीं प्रस्थावद्रथवाहनम् ॥७१॥

लाङ्गलम् । पवीरवत् । सुशेवमिति सुऽशेवम् । सोमपित्सर्विति सोमपित्ऽसरु । तत् । उत् । वपति । गाम् । अविम् । प्रफर्व्यमिति प्रऽफर्व्यम् । च । पीवरीम् । प्रस्थावदिति प्रस्थाऽवत् । रथवाहनम् । रथवाहनमिति रथऽवाहनम् ॥ ७१ ॥

पदार्थः—(यः) जो (सत्यधर्मा) सत्यधर्म वाला जगदीश्वर (पृथिव्याः) पृथिवी का (जनिता) उत्पन्न करने वाला (वा) अथवा (यः) जो (दिवम्) सूर्य आदि जगत् को (च) और (पृथिवी) तथा (अपः) जल और वायु को (व्यानट्) उत्पन्न करके व्याप्त होता है (चन्द्राः) और जो चन्द्रमा आदि लोकों को (जजान) उत्पन्न करता है । जिस (कस्मै) सुखस्वरूप सुख करने हारे (देवाय) दिव्य सुखों के दाता विज्ञानस्वरूप ईश्वर का (हविषा) ग्रहण करने योग्य भक्तियोग से हम लोग (विधेम) सेवन करें । वह जगदीश्वर (मा) मुझ को (मा) नहीं (हिंसीत्) कुसंग से ताड़ित न होने देवे ॥ १०२ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि सत्यधर्म की प्राप्ति और ओषधि आदि के विज्ञान के लिये परमेश्वर की प्रार्थना करें ॥ १०२ ॥

अभ्यावर्त्तस्वेत्यस्य हिरण्यगर्भ ऋषिः । अग्निर्देवता ।
निचृदुष्णिक् छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

भूस्थपदार्थविज्ञानं कथं कर्त्तव्यमित्याह ॥
पृथिवी के पदार्थों का विज्ञान कैसे करना चाहिये यह वि० ॥

अभ्यावर्त्तस्व पृथिवि यज्ञेन पयसा सह वपान्ते । अग्निरिषितो अरोहत् ॥ १०३ ॥

अभि । आ । वर्त्तस्व । पृथिवि । यज्ञेन । पयसा । सह । वपाम् । ते । अग्निः । इषितः । अरोहत् ॥ १०३ ॥

पदार्थः—(अभि) (आ)(वर्त्तस्व) वर्त्तने वा (पृथिवि) भूमिः

(यज्ञेन) संगमनेन (पयसा) जलेन (सह) (वपाम्) वपनम् (ते) तव (अग्निः) (इषितः) प्रेरितः (अरोहत्) रोहति ॥ १०२ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या त्वं या पृथिवि भूमिर्यज्ञेन पयसा सह वर्त्तते तामभ्यावर्त्तस्वाभिमुख्येनावर्तते यया ते वपामिषितोऽग्निररोहत्स गुणकर्मस्वभावतः सर्वैर्वेदितव्यः ॥ १०२ ॥

भावार्थः—या भूमिः सर्वस्याधारा रत्नाकरा जीवनप्रदा विद्युद्युक्ताऽस्ति तस्या विज्ञानं भूगर्भविद्यातः सर्वैर्मनुष्यैः कार्यम्॥१०२॥

पदार्थः—हे मनुष्य! तू जो (पृथिवि) भूमि (यज्ञेन) संगम के योग्य (पयसा) जल के (सह) साथ वर्त्तती है उस को (अभ्यावर्तस्व)दोनों ओर से शीघ्र वर्ताव कीजिये जो (ते) आप के (वपाम्) बोने को (इषितः) प्रेरणा किया (अग्निः) अग्नि (अरोहत्) उत्पन्न करता है वह अग्नि गुण कर्म और स्वभाव के साथ सब को जानना चाहिये ॥ १०२ ॥

भावार्थः—जो पृथिवी सब का आधार उत्तम रत्नादि पदार्थों की दाता जीवन का हेतु, बिजुली से युक्त है उस का विज्ञान भूगर्भविद्या से सब मनुष्यों को करना चाहिये ॥ १०२ ॥

अग्ने यत्त इत्यस्य हिरण्यगर्भ ऋषिः । अग्निर्देवता ।
भुरिग् गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

किमर्थाऽग्निविद्यान्वेषणीया इत्याह ॥

किस लिये अग्निविद्या की खोज करनी चाहिये यह वि० ॥

अग्ने यत्ते शुक्रं यच्चन्द्रं यत्पूतं यच्च यज्ञियम् ।
तद्देवेभ्यो भरामसि ॥ १०४ ॥

अग्ने । यत् । ते । शुक्रम् । यत् । चन्द्रम् ।

यत् । पूतम् । यत् । च । यज्ञियम् । तत् । देवेभ्यः । भरामसि ॥ १०४ ॥

पदार्थः—(अग्ने) विद्वन् (यत्) (ते) तुभ्यम् (शुक्रम्) आशुकरम् (यत्) (चन्द्रम्) हिरण्यवदानन्दप्रदम् (यत्) (पूतम्) पवित्रम् (यत्) (च) (यज्ञियम्) यज्ञानुष्ठानार्हं स्वरूपम् (तत्) (देवेभ्यः) गुणेभ्यः (भरामसि) भरेम ॥ १०४ ॥

अन्वयः—हे अग्ने विद्वन् यत्पावकस्य शुक्रं यच्चन्द्रं यत्पूतं यच्च यज्ञियं स्वरूपमस्ति तत्ते देवेभ्यश्च वयं भरामसि ॥ १०४ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्दिव्यगुणकर्म्मसिद्धये विद्युदादेरग्नेर्विद्यासंप्रेक्षणीया ॥ १०४ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वन् पुरुष (यत्) जो अग्नि का (शुक्रम्) शीघ्रकारी (यत्) जो (चन्द्रम्) सुवर्ण के समान आनन्द देने हारा (यत्) जो (पूतम्) पवित्र (च) और (यत्) जो (यज्ञियम्) यज्ञानुष्ठान के योग्य स्वरूप है (तत्) वह (ते) आप के और (देवेभ्यः) दिव्यगुण होने के लिये (भरामसि) हमलोग धारण करें ॥ १०४ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि श्रेष्ठ गुण और कर्मों की सिद्धि के लिये बिजुली आदि अग्निविद्या को विचारें ॥ १०४ ॥

इषमूर्जमित्यस्य हिरण्यगर्भ ऋषिः । विद्वान् देवता । विराट् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ युक्ताहारविहारौ कुर्य्युरित्याह ॥

अब ठीक २ आहार विहार करें यह वि० ॥

इषमूर्जमहमित आदमृतस्य योनिं महिषस्य

धाराम् । आ मा गोषु विशत्वा तनूषु जहामि सेदिमनिराममीवाम् ॥ १०५ ॥

इषम् । ऊर्जम् । अहम् । इतः । आदम् । ऋतस्य । योनिम् । महिषस्य । धाराम् । आ । मा । गोषु । विशतु । आ । तनूषु । जहामि । सेदिम् । अनिराम् । अमीवाम् ॥ १०५ ॥

पदार्थः—(इषम्) अन्नम् (ऊर्जम्) पराक्रमम् (अहम्) (इतः) अस्मात्पूर्वोक्ताद् विद्युत्स्वरूपात् (आदम्) अत्तुं योग्यम् (ऋतस्य) सत्यस्य (योनिम्) कारणम् (महिषस्य) महतः (धाराम्) धारिकां वाचम् (आ) (मा) माम् (गोषु) इन्द्रियेषु (विशतु) प्रविशतु (आ) (तनूषु) शरीरेषु (जहामि) (सेदिम्) हिंसाम्। सादिमनि० अ० ३ । २ । १७१ इति वार्त्तिकेनास्य सिद्धिः (अनिराम्) अविद्यमाना इराऽन्नभुक्तिर्यस्यां ताम् (अमीवाम्) रोगोत्पन्नां पीडाम् ॥ १०५ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथाऽहमित आदमिषमूर्जं महिषस्यर्त्तस्य योनिं धारां प्राप्नुयां यथेयमिडूर्क् मा मामाविशतु । येन मम गोषु तनूषु प्रविष्टां सेदिमनिराममीवां जहामि त्यजामि तथा यूयमपि कुरुत ॥ १०५ ॥

भावार्थः—मनुष्या अग्नेर्यच्छुद्धादियुक्तं स्वरूपं तेन रोगान् हन्युः । इन्द्रियाणि शरीराणि च स्वस्थान्यरोगाणि कृत्वा कार्य्यकारणज्ञापिकां विद्यावाचं प्राप्नुवन्तु । युक्त्याहारविहारौ च कुर्य्युः ॥ १०५ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे (अहम्) मैं (इतः) इस पूर्वोक्त विद्युत्स्वरूप से (आदम्) भोगने योग्य (इषम्) अन्न (ऊर्ज्जम्) पराक्रम (महिषस्य) बड़े (ऋतस्य)

सत्य के (योनिम्) कारण (धाराम्) धारण करने वाली वाणी को प्राप्त होऊं जैसे अन्न और पराक्रम (मा) मुझ को (आविशतु) प्राप्त हो जिस से मेरे (गोषु) इन्द्रियों और (तनूषु) शरीर में प्रविष्ट हुई (सेदिम्) दुःख का हेतु (अनिराम्) जिस में अन्न का भोजन भी न कर सकें ऐसी (अमीवाम्) रोगों से उत्पन्न हुई पीड़ा को (आ,जहामि) छोड़ता हूं वैसे तुम लोग भी करो ॥ १०५ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि अग्नि का जो वीर्य्य आदि से युक्त स्वरूप है उस को प्रदीप्त करने से रोगों का नाश करें । इन्द्रिय और शरीर को स्वस्थ रोगरहित करके कार्य्य कारण की जानने हारी विद्यायुक्त वाणी को प्राप्त होवें और युक्ति से आहार विहार भी करें ॥ १०५ ॥

अग्ने तवेत्यस्य पावकाग्निर्ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृत्पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

मनुष्यैः कथं भवितव्यमित्याह ॥

मनुष्यों को कैसा होना चाहिये यह वि० ॥

अग्ने तव श्रवो वयो महि भ्राजन्ते अर्चयो विभावसो । बृहद्भानो शवसा वाजमुक्थ्यं दधासि दाशुषे कवे ॥ १०६ ॥

अग्ने । तव । श्रवः । वयः । महि । भ्राजन्ते । अर्चयः । विभावसो इति विभाऽवसो । बृहद्भानो इति बृहत्ऽभानो । शवसा । वाजम् । उक्थ्यम् । दधासि । दाशुषे । कवे ॥ १०६ ॥

पदार्थः—(अग्ने) पावकइव वर्त्तमान विद्वन् (तव) (श्रवः) श्रवणम् (वयः) जीवनम् (महि) पूज्यं महत् (भ्राजन्ते) (अर्चयः) दीप्तयः (विभावसो) यो विविधायां भायां वसति तत्सम्बुद्धौ

(बृहद्भानो) अग्निवद्बृहन्तो महान्तो भानवो विद्याप्रकाशा यस्य तत्सम्बुद्धौ (शवसा) बलेन (वाजम्) विज्ञानम् (उकृथ्यम्) वक्तुंयोग्यम् (दधासि) (दाशुषे) दातुं योग्याय विद्यार्थिने (कवे) विक्रान्तप्रज्ञ ॥ १०६ ॥

अन्वयः—हे बृहद्भानो विभावसो कवेऽग्ने विद्वन् यतस्त्वं शवसा दाशुष उकृथ्यं वाजं दधासि तस्मात्तवाग्नेरिव महि श्रवो वयोऽर्चयश्च भ्राजन्ते ॥ १०६ ॥

भावार्थः—येमनुष्या अग्निवद्गुणिन आप्तवत्सत्कीर्त्तयः प्रकाशन्ते ते परोपकारायान्येभ्यो विद्याविनयधर्मान् सततमुपदिशेयुः॥१०६॥

पदार्थः—हे (बृहद्भानो) अग्नि के समान अत्यन्त विद्याप्रकाश से युक्त (विभावसो) विविधप्रकार की कान्ति में वसने हारे (कवे) अत्यन्तबुद्धिमान् (अग्ने) अग्नि के समान वर्त्तमान विद्वान् पुरुष जिस से आप (शवसा) बल के साथ (दाशुषे) दान के योग्य विद्यार्थी के लिये (उकृथ्यम्) कहने योग्य (वाजम्) विज्ञान को (दधासि) धारण करते हो इस में (तव) आप का अग्नि के समान (महि) अतिपूजने योग्य (श्रवः) सुनने योग्य शब्द (वयः) यौवन और (अर्चयः) दीप्ति (भ्राजन्ते) प्रकाशित होती है ॥ १०६ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य अग्नि के समान गुणी और आप्तों के तुल्य श्रेष्ठ कीर्त्तियों से प्रकाशित होते हैं वे परोपकार के लिये दूसरों को विद्याविनय और धर्म का निरन्तर उपदेश करें ॥ १०६ ॥

पावकवर्चेत्यस्य पावकाग्निर्ऋषिः विद्वान् देवता ।

भुरिगार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

जनकजनन्यौ सन्तानान् प्रति किं किं कुर्यातामित्याह ॥

माता पिता सन्तानों के प्रति क्या २ करें यह विषय अगले मंत्र में कहा है ॥

पावकवर्चाः शुक्रवर्चा अनूनवर्चा उदियर्षि

भानुना । पुत्रो मातरा विचरन्नुपावसि पृणक्षि रोदसी उभे ॥ १०७ ॥

पावकवर्चाइति पावकऽवर्चाः । शुक्रवर्चाइति शुक्रऽवर्चाः । अनूनवर्चा इत्यनूनऽवर्चाः । उत् । इयर्षि । भानुना । पुत्रः । मातरा । विचरन्निति विऽचरन् । उप । अवसि । पृणक्षि । रोदसीइति रोदसी । उभेइत्युभे ॥ १०७ ॥

पदार्थः—(पावकवर्चाः) पवित्रीकारिकाया विद्युतो वर्चो दीप्तिरिव वर्चोऽध्ययनं यस्य सः (शुक्रवर्चाः) शुक्रस्य सूर्यस्य प्रकाश इव वर्चो न्यायाचरणं यस्य सः (अनूनवर्चाः) न विद्यते ऊनं न्यूनं यस्य सः (उत्) (इयर्षि) प्राप्नोषि (भानुना) धर्मप्रकाशेन (पुत्रः) (मातरा) मातापितरौ (विचरन्) (उप) (अवसि) रक्षसि (पृणक्षि) संबध्नासि (रोदसी) द्यावापृथिव्यौ (उभे) ॥ १०७ ॥

अन्वयः—हे जन यस्त्वं यथा पुत्रो ब्रह्मचर्यादिषु विचरन् सन् विद्यामाप्नोति यथा सूर्यविद्युतौ भानुना पावकवर्चाः शुक्रवर्चाः अनूनवर्चा न्यायं करोति यथा संबध्नीत तथा विद्यामियर्षि राज्यं पृणक्षि । मातरोपाऽवसि तस्माद्धार्मिकोऽसि ॥ १०७ ॥

भावार्थः—मातापितॄणामिदमत्युचितमस्ति यत्सन्तानानुत्पाद्य बाल्यावस्थायां स्वयं सुशिक्ष्य ब्रह्मचर्यं कारयित्वाऽऽचार्यकुले वि-

थाग्रहणाय संप्रेष्य विद्यायोगकरणम् । अपत्यानां चेदं समुचितं वर्तते यद्विद्यासुशिक्षायुक्ता भूत्वा पुरुषार्थेनैश्वर्यमुन्नीय निरभिमानमत्सरया प्रीत्या मातापितॄणां मनसा वाचा कर्मणा यथावत् परिचर्यानुष्ठानं कर्त्तव्यमिति ॥ १०७ ॥

पदार्थः—हे मनुष्य जैसे (पुत्रः) पुत्र ब्रह्मचर्य्यादि आश्रमों में (विचरन्) विचरता हुआ विद्या को प्राप्त होता और (भानुना) प्रकाश से (पावकवर्चाः, शुक्रवर्चाः) विजुली और सूर्य के प्रकाश के समान न्याय करने और (अनूनवर्चाः) पूर्ण विद्याऽभ्यास करने हारा और जैसे (उभे) दोनों (रोदसी) आकाश और पृथिवी परस्पर सम्बन्ध करते हैं जैसे (इयर्षि) विद्या को प्राप्त होता राज्य का (पृणक्षि) संबन्ध कर्त्ता और (मातरा) माता पिता की (उपावसि) रक्षा कर्त्ता है इससे तू धर्मात्मा है ॥१०७॥

भावार्थः—मातापिताओं को यह अति उचित है कि सन्तानों को उत्पन्न कर बाल्यावस्था में आप शिक्षा दे ब्रह्मचर्य्य करा आचार्य के कुल में भेज के विद्यायुक्त करें। संतानों को चाहिये कि विद्या और अच्छी शिक्षा से युक्त हो और पुरुषार्थ से ऐश्वर्य्य को बढ़ा के अभिमान और मत्सरतारहित प्रीति से माता पिता की मन वाणी और कर्म्म से यथावत्सेवा करें ॥ १०७ ॥

ऊर्जोनपादित्यस्य पावकाग्निर्ऋषिः । अग्निर्देवता ।

निचृत् पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

मातापितृसन्तानाः कीदृशा भवेयुरित्याह ॥

माता पिता और पुत्र कैसे हों इस विषय का उप० ॥

ऊर्जो नपाज्जातवेदः सुशस्तिभिर्मन्दस्व धीतिभिर्हितः । त्वे इषः संदधुर्भूरिवर्पसश्चित्रोतयो वामजाताः ॥ १०८ ॥

ऊर्जः । नपात् । जातवेद इति जातऽवेदः ।

सुशस्तिभिरिति सुशस्तिऽभिः । मन्दस्व । धीतिभिरिति धीतिऽभिः । हितः । त्वे इति त्वे । इषः । सम् । दधुः । भूरिवर्पस इति भूरिऽवर्पसः । चित्रोतय इति चित्रऽऊतयः । वामजाता । इति वामऽजाताः ॥ १०८ ॥

पदार्थः—(ऊर्जः) पराक्रमस्य (नपात्) न विद्यते पातो धर्मात्पतनं यस्य सः (जातवेदः) जातप्रज्ञान जातवित्त (सुशस्तिभिः) शोभनाभिः प्रशंसाभिः क्रियाभिः सह (मन्दस्व) आनन्द (धीतिभिः) स्वाङ्गुलीभिः । धीतय इत्यङ्गुलिनाम० निघं० २ । ५ (हितः) सर्वस्य हितं दधन् (त्वे) त्वयि (इषः) अन्नादीनि (सम्) (दधुः) दधतु (भूरिवर्पसः) बहूनि प्रशंसनीयानि वर्पांसि रूपाणि यासु ताः । वर्पइति रूपना० निघं० ३ । ७ । (चित्रोतयः) चित्रा आश्चर्य्यवद्रक्षणाद्याः क्रिया यासु ताः (वामजाताः) वामेषु प्रशस्येषु कर्मसु वा जाताः प्रसिद्धाः । वाम इति प्रशस्यना० निघं० ३ । ८ ॥ १०८ ॥

अन्वयः—हे जातवेद स्तनय यस्मिँस्त्वे त्वयि भूरिवर्पसश्चित्रोतयो जाता मात्रादयोऽध्यापिका इषः संदधुः स सुशस्तिभिर्धीतिभिराहूत ऊर्ज्जो नपाद्धितः सदा मन्दस्व ॥ १०८ ॥

भावार्थः—येषां कुमाराणां कुमारीणां मातरो विद्याप्रिया विदुष्यः सन्तु त एव सततं सुखमाप्नुवन्ति । यासां मातॄणां येषां पितॄणां चापत्यानि विद्यासुशिक्षाब्रह्मचर्य्यैः शरीरात्मबलयुक्तानि धर्माचारीणि सन्ति तएव सदा सुखिनः स्युः ॥ १०८ ॥

पदार्थः—हे (जातवेदः) बुद्धि और धन से युक्त पुत्र जिस (त्वे) तुझ में (भूरिवर्पसः) बहुत प्रशंसा के योग्य रूपों से युक्त (चित्रोतयः) आश्चर्य्य के तुल्य रक्षा आदि कर्म करने वाली (वामजाताः) प्रशंसा के योग्य कुलों वा कर्मों में प्रसिद्ध विद्याप्रिय अध्यापक माता आदि विद्वान् स्त्रियें (इषः) अन्नों को (संदधुः) धरें भोजन करावें सो तू (सुशस्तिभिः) उत्तमप्रशंसायुक्त क्रियाओं के साथ (धीतिभिः) अङ्गुलियों से बुलाया हुआ (ऊर्जः) (नपात्) धर्म के अनुकूल पराक्रमयुक्त सब के हित को धारण सदा किये हुए (मन्दस्व) आनन्द में रह ॥ १०८ ॥

भावार्थः—जिन कुमार और कुमारियों की माता विद्याप्रिय विद्वान् हों वे ही निरन्तर सुख को प्राप्त होते हैं और जिन माता पिताओं के सन्तान विद्या अच्छी शिक्षा और ब्रह्मचर्य्य सेवन से शरीर और आत्मा के बल से युक्त धर्म का आचरण करने वाले हैं वे ही सदा सुखी हों ॥१०८॥

इरज्यन्नित्यस्य पावकाग्निर्ऋषिः । अग्निर्देवता

निचृदार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

मनुष्यः कीदृशो भवेदित्याह ॥

मनुष्य कैसा हो यह विषय अगले मंत्र में कहा है ॥

इरज्यन्नग्ने प्रथयस्व जन्तुभिरस्मे रायो अमर्त्य । स दर्शतस्य वपुषो विराजसि पृणक्षि सानसिं क्रतुम् ॥ १०९ ॥

इरज्यन् । अग्ने । प्रथयस्व । जन्तुभिरिति जन्तुऽभिः । अस्मे इत्यस्मे । रायः । अमर्त्य । सः । दर्शतस्य । वपुषः । वि । राजसि । पृणक्षि । सानसिम् । क्रतुम् ॥ १०९ ॥

पदार्थः—(इरज्यन्) ऐश्वर्यं कुर्वन् । इरज्यतीति ऐश्वर्यकर्मा० नि० २ । २१ (अग्ने) अग्निवत्प्राप्तपुरुषार्थ (प्रथयस्व) विस्तारय (जन्तुभिः) मनुष्यादिभिः (अस्मे) अस्मभ्यम् (रायः) श्रियः (अमर्त्य) नाशप्राकृतमनुष्यस्वभावरहित (सः) (दर्शतस्य) द्रष्टुं योग्यस्य (वपुषः) रूपस्य । वपुरितिरूपना० निघं० ३ । ७ (वि) (राजसि) (पृणक्षि) संबध्नासि (सानसिम्) सनातनीम् (क्रतुम्) प्रज्ञाम् ॥ १०९ ॥

अन्वयः—हे अमर्त्याग्ने य इरज्यंस्त्वं दर्शतस्य वपुषः सानसिं क्रतुं पृणक्षि तत्रैव विराजसि सोऽस्मे जन्तुभीरायः प्रथयस्व ॥१०९॥

भावार्थः—यो मनुष्येभ्यः सनातनीं वेदविद्यां ददाति सुरूपाचारे विराजते स एवैश्वर्यं लब्ध्वाऽन्येभ्यःप्रापयितुं शक्नोति ॥१०९॥

पदार्थः—हे (अमर्त्य) नाश और संसारी मनुष्यों के स्वभाव से रहित (अग्ने) अग्नि के समान पुरुषार्थी जो (इरज्यन्) ऐश्वर्य्य का संचय करते हुए आप (दर्शतस्य) देखने योग्य (वपुषः) रूप की (सानसिम्) सनातन (क्रतुम्) बुद्धि का (पृणक्षि) संबन्ध करते हो और उसी बुद्धि में विशेष करके (विराजसि) शोभित होतेहो (सः) सो आप (अस्मे) हम लोगों के लिये (जन्तुभिः) मनुष्यादि प्राणियों से (रायः) धनों का (प्रथयस्व) विस्तार कीजिये ॥ १०९ ॥

भावार्थः—जो पुरुष मनुष्यों के लिये सनातन वेदविद्या को देता और सुन्दर आचार में विराजमान हो वही ऐश्वर्य्य को प्राप्त हो के दूसरों के लिये प्राप्त करा सकता है ॥ १०९ ॥

इष्कर्त्तारमित्यस्य पावकाग्निर्ऋषिः । विद्वान् देवता ।
आर्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

कः परोपकारी जायत इत्याह ॥

कौन पुरुष परोपकारी होता है इस विषय का उप० ॥

इ॒ष्क॒र्त्तार॑मध्व॒रस्य॒ प्रचे॑तसं॒ क्षय॑न्त॒ꣳ राध॑सो

महः। रातिं वामस्य सुभगां महीमिषं दधासि सानसिꣳ रयिम् ॥ ११० ॥

इष्कर्त्तारम्। अध्वरस्य। प्रचेतसमिति प्रऽचेतसम्। क्षयन्तम्। राधसः। महः। रातिम्। वामस्य सुभगामिति सुऽभगाम्। महीम् इषम्। दधासि। सानसिम्। रयिम् ॥ ११० ॥

पदार्थः—(इष्कर्त्तारम्) निष्कर्त्तारं संसाधकम्। अत्र छान्दसो वर्णलोप इति नलोपः (अध्वरस्य) अहिंसनीयस्य वर्धितुं योग्यस्य यज्ञस्य (प्रचेतसम्) प्रकृतप्रज्ञम्। चेता इति प्रज्ञाना० नि० ३। ९ (क्षयन्तम्) निवसन्तम् (राधसः) धनस्य (महः) महतः (रातिम्) दातारम् (वामस्य) प्रशस्यस्य (सुभगाम्) सुष्ठ्वैश्वर्यप्रदाम् (महीम्) पृथिवीम् (इषम्) अन्नादिकम् (दधासि) (सानसिम्) पुराणम् (रयिम्) धनम् ॥ ११० ॥

अन्वयः—हे विद्वन् यस्त्वमध्वरस्येष्कर्त्तारं प्रचेतसं वामहो राधसो रातिं सुभगां महीमिषं सानसिं रयिं च दधासि। तस्मादस्माभिः पूज्योऽसि ॥ ११० ॥

भावार्थः—मनुष्यो यथा स्वार्थं सुखमिच्छेत्तथा परार्थं च एवाप्तः पूज्यो भवेत् ॥ ११० ॥

पदार्थः—हे विद्वान् पुरुष जो आप (अध्वरस्य) बढ़ाने योग्य यज्ञ के (इष्कर्त्तारम्) सिद्ध करने वाले (प्रचेतसम्) उत्तम बुद्धिमान् (वामस्य) प्रशंसित

(महः) बड़े (राधसः) धन के (रातिम्) देने और (क्षयन्तम्) निवास करने वाले पुरुष और (सुभगाम्) सुन्दर ऐश्वर्य्य की देने हारी (महीम्) पृथिवी तथा (इषम्) अन्न आदि को और (सानसिम्) प्राचीन (रयिम्) धन को (दधासि) धारण करते हो इस से हम लोगों को सत्कार करने योग्य हों ॥ ११० ॥

भावार्थः—जो मनुष्य जैसे अपने लिये सुख की इच्छा करे वैसे ही दूसरों के लिये भी करे वही आप्त सत्कार के योग्य होवे ॥ ११० ॥

ऋतावानमित्यस्य पावकाग्निर्ऋषिः । अग्निर्देवता ।
स्वराडार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

मनुष्यैः केषामनुकरणं कार्यमित्याह ॥

मनुष्यों को किन का अनुहार करना चाहिये यह विषय अगले मन्त्र में कहा है ॥

ऋतावानं महिषं विश्वदर्शतमग्निꣳसुम्नाय दधिरे पुरो जनाः । श्रुत्कर्णꣳ सप्रथस्तमं त्वा गिरा दैव्यं मानुषा युगा ॥ १११ ॥

ऋतावानम् । ऋतवानमित्यृतऽवानम् । महिषम् । विश्वदर्शतमिति विश्वऽदर्शतम् । अग्निम् । सुम्नाय । दधिरे । पुरः । जनाः । श्रुत्कर्णमिति श्रुत्ऽकर्णम् । सप्रथस्तममिति सप्रथःऽतमम् । त्वा । गिरा । दैव्यम् । मानुषा । युगा ॥ १११ ॥

पदार्थः—(ऋतावानम्) ऋतं बहु सत्यं विद्यते यस्मिँस्तम् । अत्र छन्दसीवनिपाविति वार्तिकेन वनिप् (महिषम्) महान्तम्

(विश्वदर्शतम्) सर्वविद्याबोधस्य द्रष्टारम् (अग्निम्) विद्वांसम् (सुम्नाय) सुखाय (दधिरे) हितवन्तः) (पुरः) पुरस्तात् (जनाः) विद्याविज्ञानेन प्रादुर्भूता मनुष्याः (श्रुत्कर्णम्) श्रुतौ श्रवणसाधकौ करणौ यस्य बहुश्रुतस्य तम् (सप्रथस्तमम्) प्रथसा विस्तरेण सह वर्त्तमानः सप्रथास्तमतिशयितम् (त्वा) त्वाम् (गिरा) वाचा (दैव्यम्) देवेषु विद्वत्सु कुशलम् (मानुषा) मनुष्याणामिमानि (युगा) युगानि वर्षाणि ॥ १११ ॥

अन्वयः—हे मनुष्य! यथा जना गिरा सुम्नाय दैव्यम् श्रुत्कर्णं विश्वदर्शतं सप्रथस्तममृतावानं महिषमग्निं विद्वांसं मानुषा युगा च पुरो दधिरे तथैवं विद्वांसमेतानि च त्वं धेहीति त्वां शिक्षयामि ॥ १११ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—ये सत्पुरुषा अतीतास्तेषामेवानुकरणं मनुष्याः कुर्युर्नेतरेषामधार्मिकाणाम् ॥ १११ ॥

पदार्थः—हे मनुष्य जैसे (जनाः) विद्या और विज्ञान से प्रसिद्ध मनुष्य (गिरा) वाणी से (सुम्नाय) सुख के लिये (दैव्यम्) विद्वानों में कुशल (श्रुत्कर्णम्) बहुश्रुत (विश्वदर्शतम्) सब देखने हारे (सप्रथस्तमम्) अत्यन्तविद्या के विस्तार के साथ वर्त्तमान (ऋतावानम्) बहुत सत्याचरण से युक्त (महिषम्) बड़े (अग्निम्) विद्वान् को (मानुषा) मनुष्यों के (युगा) वर्ष वा सत्ययुग आदि (पुरः) प्रथम (दधिरे)धारण करते हुए वैसे विद्वान् को और इन वर्षों को तू भी धारण कर यह (त्वां) तुझे सिखाता हूं ॥ १११ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०— जो सत्पुरुष हो चुके हों उन्हीं का अनुकरण मनुष्य लोग करें अन्य अधर्मियों का नहीं ॥ १११ ॥

आप्यायस्वेत्यस्य गोतम ऋषिः । सोमो देवता ।
निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥
राजजनाः किं कृत्वा कीदृशा भवेयुरित्याह ॥
राजपुरुष क्या करके कैसे हों यह वि० ॥

आ प्यायस्व समेतु ते विश्वतः सोम वृष्ण्यम् ।
भवा वाजस्य सङ्गथे ॥ ११२ ॥

आ । प्यायस्व । सम् । एतु । ते । विश्वतः । सोम । वृष्ण्यम् । भव । वाजस्य । सङ्गथइति सम्ऽगथे ॥ ११२ ॥

पदार्थः-(आ)(प्यायस्व)वर्धस्व(सम्)(एतु) संगच्छेताम्(ते) तुभ्यम्(विश्वतः)सर्वतः (सोम)चन्द्रइव वर्तमान (वृष्ण्यम्) वृष्णो वीर्यवतःकर्म (भव) द्व्यचोऽतस्तिङ इति दीर्घः (वाजस्य) विज्ञान वेगयुक्तस्य स्वामिन आज्ञया (संगथे) संग्रामे ॥ ११२ ॥

अन्वयः-हे सोम तादृशस्य विदुषः संगात्ते वृष्ण्यं विश्वतः समेतु तेन त्वमाप्यायस्व वाजस्य वेत्ता सन् विजयी भव ॥११२॥

भावार्थः-राजपुरुषैर्नित्यं वीर्य्यं वर्धयित्वा विजयेन भवितव्यम् ॥ ११२ ॥

पदार्थः-हे (सोम) चन्द्रमा के समान कान्ति युक्त राजपुरुष जैसे सोम गुण युक्त विद्वान् के संग से (ते) तेरे लिये (वृष्ण्यम्) वीर्य्यपराक्रम वाले पुरुष के कर्म को (विश्वतः) सब ओर से (समेतु) संगत हो उस से आप (आप्यायस्व)

बढ़िये (वाजस्य) विज्ञान और वेग से संग्राम के जानने हारे (संगथे) युद्ध में विजय करने वाले (भव) हूजिये ॥ ११२ ॥

भावार्थः—राजपुरुषों को नित्य पराक्रम बढ़ा के शत्रुओं से विजय को प्राप्त होना चाहिये ॥ ११२ ॥

सन्त इत्यस्य गोतम ऋषिः । सोमो देवता ।
भुरिगार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

शरीरात्मबलयुक्ताः किमाप्नुवन्तीत्याह ॥
शरीर और आत्मा के बल से युक्त पुरुष किस को प्राप्त होते हैं यह वि० ॥

सन्ते पयाᳬसि समु यन्तु वाजाः संवृष्ण्यान्यभिमातिषाहः । आप्यायमानो अमृताय सोम दिवि श्रवाᳬस्युत्तमानि धिष्व ॥ ११३ ॥

सम् । ते । पयाᳬसि । सम् । ऊँइत्यूँ । यन्तु । वाजाः । सम् । वृष्ण्यानि । अभिमातिषाहः । अभिमातिसह इत्यभिमातिऽसहः । आप्यायमान इत्याऽप्यायमानः । अमृताय । सोम । दिवि । श्रवाᳬसि । उत्तमानीत्युत्ऽतमानि । धिष्व ॥ ११३ ॥

पदार्थः—(सम्) (ते) तुभ्यम् (पयांसि) जलानि दुग्धानि वा (सम्) (उ) (यन्तु) प्राप्नुवन्तु (वाजाः) धनुर्वेदबोधजा वेगाः (सम्) (वृष्ण्यानि) वीर्य्याणि (अभिमातिषाहः) येऽभिमातीनभिमानयुक्तान् शत्रून् सहन्ते निवारयन्ति (आप्यायमानः) समन्ताद्वर्धमानः (अमृताय) मोक्षसुखाय (सोम) ऐश्वर्य्ययुक्त (दिवि)

द्योतनात्मके परमेश्वरे (श्रवांसि) अन्नानि श्रवणानि वा (उत्तमानि) (धिष्व) धत्स्व ॥ ११३ ॥

अन्वयः—हे सोम यस्मै ते पयांसि संयन्त्वभिमातिषाहो वाजाः संयन्तु वृष्ण्यानि संयन्तु स आप्यायमानस्त्वं दिव्यमृतायोत्तमानि श्रवांसि धिष्व ॥ ११३ ॥

भावार्थः—ये मनुष्याः शरीरात्मबलं नित्यं वर्धयन्ति ते योगाभ्यासेन परमात्मनि मोक्षानन्दं लभन्ते ॥ ११३ ॥

पदार्थः—हे (सोम) शान्तियुक्त पुरुष जिस (ते) तुम्हारे लिये (पयांसि) जल वा दुग्ध (संयन्तु) प्राप्त होवें (अभिमातिषाहः) अभिमानयुक्त शत्रुओं को सहने वाले (वाजाः) धनुर्वेद के विज्ञान (सम्) प्राप्त होवें (उ) और (वृष्ण्यानि) पराक्रम (सम्) प्राप्त होवें सो (आप्यायमानः) अच्छे प्रकार बढ़ते हुए आप (दिवि) प्रकाश स्वरूप ईश्वर में (अमृताय) मोक्ष के लिये (उत्तमानि, श्रवांसि) उत्तम श्रवणों को (धिष्व) धारण कीजिये ॥ ११३ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य शरीर और आत्मा के बल को नित्य बढाते हैं वे योगाभ्यास से परमेश्वर में मोक्ष के आनन्द को प्राप्त होते हैं ॥ ११३ ॥

आप्यायस्वेत्यस्य गोतम ऋषिः । सोमो देवता ।
आर्ष्युष्णिक् छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

कोऽत्र वर्द्धत इत्याह ॥

संसार में कौन वृद्धि को प्राप्त होता है यह वि० ॥

आप्यायस्व मदिन्तम सोम विश्वेभिरꣳशुभिः ।
भवा नः सप्रथस्तमः सखा वृधे ॥ ११४ ॥

आ । प्यायस्व । मदिन्तमेति मदिन्ऽतम । सोम । विश्वेभिः । अꣳशुभिरित्यꣳशुऽभिः । भव ।

नः। सप्रथस्तम इति सप्रथःऽतमः। सखा। वृधे ॥११४॥

पदार्थः—(आ) (प्यायस्व) (मदिन्तम) अतिशयेन मदितुं हर्षितुं शील (सोम) ऐश्वर्य्ययुक्त (विश्वेभिः) सर्वैः(अंशुभिः) किरणैः (भव) द्व्यचोऽतस्तिङ इति दीर्घः (नः) अस्माकम् (सप्रथस्तमः) अतिशयेन विस्तृतसुखकारकः (सखा) मित्रः (वृधे) वर्धनाय ॥ ११४ ॥

अन्वयः—हे मदिन्तम सोम त्वमंशुभिः किरणैः सूर्य्य इव विश्वेभिः साधनैराप्यायस्व सप्रथस्तमः सखा सन् नो वृधे भव ॥११४॥

भावार्थः—इह सर्वहितकारी सर्वतो वर्धते नेर्ष्यकः ॥ ११४ ॥

पदार्थः—हे (मदिन्तम) अत्यन्त आनन्दी (सोम) ऐश्वर्य्य वाले पुरुष आप (अंशुभिः) किरणों से सूर्य्य के समान (विश्वेभिः) सब साधनों से (आप्यायस्व) वृद्धि को प्राप्त हूजिये (सप्रथस्तमः) अत्यन्तविस्तारयुक्त सुख करने हारे (सखा) मित्र हुए (नः) हमारे (वृधे) बढ़ाने के लिये (भव) तत्पर हूजिये ॥ ११४ ॥

भावार्थः—इस संसार में सब का हित करने हारा पुरुष सब प्रकार से वृद्धि को प्राप्त होता है ईर्ष्या करने वाला नहीं ॥ ११४ ॥

आ त इत्यस्य वत्सार ऋषिः अग्निर्देवता । निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

मनुष्याः किं किं वशीकृत्यानन्दं प्राप्नुवन्त्वित्याह ॥

मनुष्यलोग किस को वश में करके आनन्द को प्राप्त होवें यह वि० ॥

आ ते वत्सो मनो यमत्परमाच्चित्सधस्थात् ।
अग्ने त्वांकामया गिरा ॥ ११५ ॥

आ। ते। वत्सः। मनः। यमत्। परमात्। चित्।

सधस्थादिति सधऽस्थात् । अग्ने । त्वाङ्कामयेति त्वाम्ऽकामया । गिरा ॥ ११५ ॥

पदार्थः—(आ) (ते) तव (वत्सः) (मनः) चित्तम् (यमत्) उपरमेत (परमात्) उत्कृष्टात् (चित्) अपि (सधस्थात्) समानस्थानात् (अग्ने) विद्वन् (त्वाङ्कामया) यया त्वां कामयते तया। अत्र द्वितीयैकवचनस्यालुक् (गिरा) ॥ ११५ ॥

अन्वयः—हे अग्ने सोमविद्वँस्त्वांकामया गिरा परमात्सधस्थाच्चिद्वत्सो गोरिवायमत्तस्त्वं मुक्तिं कथन्नाप्नुयाः ॥ ११५ ॥

भावार्थः—मनुष्यैः सदैव मनः स्ववशं विधेयं वाणी च ॥ ११५ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) अग्नि के समान तेजस्वी विद्वान्पुरुष (त्वाङ्कामया) तुझ को कामना करने के हेतु (गिरा) वाणी से जिस (ते) तेरा (मनः) चित्त जैसे (परमात्) अच्छे (सधस्थात्) एक से स्थान से (चित्) भी (वत्सः) बछड़ा गौ को प्राप्त होवे वैसे (आ, यमत्) स्थिर होता है सो तू मुक्ति को क्यों न प्राप्त होवे ॥ ११५ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि मन और वाणी को सदैव अपने वश में रक्खें ॥ ११५ ॥

तुभ्यन्ता इत्यस्य विरूप ऋषिः । अग्निर्देवता ।
गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

अथ राजा किंकुर्यादित्याह ॥

अब राजा क्या करे यह विषय अगले मंत्र में कहा है ॥

तुभ्यं ता अङ्गिरस्तम विश्वाः सुक्षितयः पृथक् । अग्ने कामाय येमिरे ॥ ११६ ॥

तुभ्यम् । ताः । अङ्गिरस्तमेत्यङ्गिरःऽतम । विश्वाः । सुक्षितय इति सुऽक्षितयः । पृथक् । अग्ने । कामाय । येमिरे ॥ ११६ ॥

पदार्थः—(तुभ्यम्) (ताः) (अङ्गिरस्तम) अतिशयेन सारग्राहिन् (विश्वाः) अखिलाः (सुक्षितयः) श्रेष्ठमनुष्याः प्रजाः (पृथक्) (अग्ने) प्रकाशमान राजन् (कामाय) इच्छासिद्धये (येमिरे) प्राप्नुवन्तु ॥ ११६ ॥

अन्वयः—हे अङ्गिरस्तमाग्ने राजन् या विश्वाः सुक्षितयः प्रजाः पृथक् कामाय तुभ्यं येमिरे तास्त्वं सततं रक्ष ॥ ११६ ॥

भावार्थः—यत्र प्रजा धार्मिकं राजानं प्राप्य स्वां स्वामभिलाषां प्राप्नुवन्ति तत्र राजा कथं न वर्द्धेत ॥ ११६ ॥

पदार्थः—हे (अङ्गिरस्तम) अतिशय करके सार के ग्राहक (अग्ने) प्रकाशमान राजन् जो (विश्वाः) सब (सुक्षितयः) श्रेष्ठ मनुष्यों वाली प्रजा (पृथक्) अलग (कामाय) इच्छा के साधक (तुभ्यम्) तुम्हारे लिये (येमिरे) प्राप्त होवे (ताः) उन प्रजाओं की आप निरन्तर रक्षा कीजिये ॥ ११६ ॥

भावार्थः—जहां प्रजा के लोग धर्मात्मा राजा को प्राप्त हो के अपनी २ इच्छा पूरी करते हैं वहां राजा की वृद्धि क्यों न होवे ॥ ११६ ॥

अग्निरित्यस्य प्रजापति ऋषिः । अग्निर्देवता । गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्याः कीदृशा भूत्वा किं कुर्युरित्याह ॥

फिर मनुष्य लोग कैसे होकर क्या २ करें इस वि० ॥

अग्निः प्रियेषु धामसु कामो भूतस्य भव्यस्य । सम्राडेको विराजति ॥ ११७ ॥

अ॒ग्निः । प्रि॒येषु॑ । धाम॒स्विति॒धाम॑ऽसु । काम॑ः । भू॒तस्य॑ । भव्य॑स्य । स॒म्राडिति॑ स॒म्ऽराट् । एक॑ः । वि । रा॒ज॒ति॒ ॥ ११७ ॥

पदार्थः—(अग्निः) पावक इव वर्त्तमानः (प्रियेषु) इष्टेषु (धामसु) जन्मस्थाननामसु (कामः) यः काम्यते सः (भूतस्य) अतीतस्य (भव्यस्य) आगामिसमयस्य (सम्राट्) सम्यक् प्रकाशकः (एकः) अद्वितीयः परमेश्वरः (वि) (राजति) ॥११७॥

अन्वयः—यो मनुष्यः सम्राडेकः कामोऽग्निः सभेशः परमेश्वर इव भूतस्य भव्यस्य प्रियेषु धामसु विराजति स एव राज्याभिषेचनीयः ॥ ११७ ॥

भावार्थः-अत्र वाचकलु०—ये मनुष्याः परमात्मनो गुणकर्मस्वभावानुकूलान् स्वगुणकर्मस्वभावान् कुर्वन्ति त एव साम्राज्यं भोक्तुमर्हन्तीति ॥ ११७ ॥

अत्र स्त्रीपुरुषराजप्रजाकृष्यध्ययनाध्यापनादिकर्मवर्णनादेतदर्थस्य पूर्वाऽध्यायार्थेन सह संगतिरस्तीति बोध्यम् ॥

पदार्थः—जो मनुष्य (सम्राट्) सम्यक् प्रकाशक (एकः) एक ही असहाय परमेश्वर के सदृश (कामः) स्वीकार के योग्य (अग्निः) अग्नि के समान वर्त्तमान सभापति (भूतस्य) हो चुके और (भव्यस्य) आने वाले समय के (प्रियेषु) इष्ट (धामसु) जन्म स्थान और नामों में (विराजति) प्रकाशित होवे वही राज्य का अधिकारी होने योग्य है ॥ ११७ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जो मनुष्य परमात्मा के गुण कर्म और स्वभावों के अनुकूल अपने गुण कर्म और स्वभाव करते हैं वे ही चक्रवर्ती राज्य भोगने के योग्य होते हैं ॥ ११७ ॥

इस अध्याय में स्त्री, पुरुष, राजा, प्रजा, खेती और पठन, पाठन आदि कर्म का वर्णन है इस से इस अध्याय के अर्थ की पूर्व अध्याय के अर्थ के साथ संगति समझनी चाहिये ॥

इति श्रीमत्परिव्राजकाचार्यपरमविदुषां श्री विरजानन्द-सरस्वतीस्वामिनां शिष्येण श्रीमद्दयानन्दसरस्वती स्वामिना निर्मिते संस्कृतार्य्यभाषाभ्यां भूषिते सुप्रमाणयुक्ते यजुर्वेदभाष्ये द्वादशोऽध्यायः संपूर्णः ॥ १२ ॥

॥ अथ त्रयोदशाऽध्यायारम्भः ॥

ओ३म् विश्वा॑नि देव सवितर्दुरि॒तानि॒ परा॑सुव।
यद् भ॒द्रं तन्न॒ आ सु॑व ॥

तत्र मयि गृह्णामीत्याद्यस्य वत्सार ऋषिः। अग्निर्देवता
आर्ची पङ्क्तिश्छन्दः। पञ्चमः स्वरः ॥

मनुष्यैरादिमाऽवस्थायां किं किं कार्य्यमित्याह ॥

अब तेरहवें अध्याय का प्रारम्भ है उस के प्रथम मन्त्र में मनुष्यों को पहिली अवस्था में क्या २ करना चाहिये यह विषय कहा है ॥

मयि॑ गृह्णाम्यग्रे॑ अ॒ग्निꣳ रा॒यस्पोषा॑य सुप्र॒जास्त्वाय॑ सु॒वीर्य्या॑य। मामु॑ दे॒वताः॑ सचन्ताम् ॥१॥

मयि॑। गृ॒ह्णा॒मि॒। अग्ने॑। अ॒ग्निम्। रा॒यः। पोषा॑य। सु॒प्र॒जा॒स्त्वायेति॑ सुप्रजाःऽत्वाय॑। सु॒वी॒र्य्यायेति॑ सु॒ऽवी॒र्य्या॑य। माम्। उ॒ इत्यूँ॑। दे॒वताः॑। सच॒न्ता॒म् ॥ १ ॥

पदार्थः—(मयि) आत्मनि (गृह्णामि) (अग्ने) (अग्निम्) परमविद्वांसम् (रायः) विज्ञानादिधनस्य (पोषाय) पुष्टये (सुप्रजास्त्वाय) शोभनाश्च ताः प्रजाः सुप्रजास्तासां भावाय (सुवीर्य्याय) आरोग्येणसुष्ठुपराक्रमाय (माम्) (उ) (देवताः) दिव्या विद्वांसो गुणा वा (सचन्ताम्) समवयन्तु ॥ १ ॥

अन्वयः—हे कुमाराः कुमार्य्यश्च यथाऽहमग्ने मयि रायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय सुवीर्य्यायाग्निं गृह्णामि येन मामु देवताः सचन्तां तथा यूयमपि कुरुत ॥ १ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—मनुष्याणामिदं समुचितमस्ति ब्रह्मचर्यकुमारावस्थायां वेदाद्यध्ययनेन पदार्थविद्या ब्रह्मकर्म ब्रह्मोपासनां ब्रह्मज्ञानं स्वीकुर्युर्येन दिव्यान् गुणानाप्तान् विदुषश्च प्राप्योत्तमश्रीप्रजापराक्रमान् प्राप्नुयुरिति ॥ १ ॥

पदार्थः—हे कुमार वा कुमारियो जैसे मैं (अग्ने) पहिले (मयि) मुझ में (रायः) विज्ञान आदि धन के (पोषाय) पुष्टि (सुप्रजास्त्वाय) सुन्दर प्रजा होने के लिये और (सुवीर्य्याय) रोगरहित सुन्दर पराक्रम होने के अर्थ (अग्निम्) उत्तम विद्वान् को (गृह्णामि) ग्रहण करता हूं जिस से (माम्) मुझ को (उ) ही (देवताः) उत्तम विद्वान् वा उत्तम गुण (सचन्ताम्) मिलें वैसे तुम लोग भी करो ॥ १ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—मनुष्यों को यह उचित है कि ब्रह्मचर्य्ययुक्तकुमारावस्था में वेदादि शास्त्रों के पढ़ने से पदार्थ विद्या उत्तमकर्म और ईश्वर की उपासना तथा ब्रह्मज्ञान को स्वीकार करें। जिस से श्रेष्ठ गुण और आप्त विद्वानों को प्राप्त होके उत्तम धन सन्तानों और पराक्रम को प्राप्त होवें ॥ १ ॥

अपां पृष्ठमित्यस्य वत्सार ऋषिः। अग्निर्देवता। विराट् त्रिष्टुप्छन्दः। धैवतः स्वरः॥

अथ परमेश्वरोपासनाविषयमाह ॥

अब परमेश्वर की उपासना का वि० ॥

अपां पृष्ठमसि योनिरग्ने समुद्रमभितः पिन्व-

मानम् । वर्धमानो महाँ २॥ आ च पुष्करे दिवो मात्रया वरिम्णा प्रथस्व ॥ २ ॥

अपाम् । पृष्ठम् । असि । योनिः । अग्नेः । समुद्रम् । अभितः । पिन्वमानम् । वर्धमानः । महान् । आ । च । पुष्करे । दिवः । मात्रया । वरिम्णा । प्रथस्व ॥ २ ॥

पदार्थः—(अपाम्) व्यापकानां प्राणानां जलानां वा (पृष्ठम्) अधिकरणम् (असि) (योनिः) कारणम् (अग्ने) विद्युदादेः (समुद्रम्) अन्तरिक्षमिव सागरम् (अभितः) सर्वतः (पिन्वमानम्) सिञ्चमानम् (वर्धमानः) सर्वथोत्कृष्टः (महान्) सर्वेभ्यो वरीयान् सर्वैः पूज्यश्च (आ) (च) (पुष्करे) अन्तरिक्षे । पुष्करमित्यन्तरिक्षनाम० निघं० १ । ३ (दिवः) द्योतमानस्य (मात्रया) यया सर्वं मिमीते (वरिम्णा) अतिशयेनोरुर्बहुस्तेन व्यापकत्वेन (प्रथस्व) प्रख्यातो भव ॥ २ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् यस्त्वमभितोऽपां पृष्ठं समुद्रं पिन्वमानमग्नेर्योनिर्दिवो मात्रया पुष्करे वर्धमानो महाँश्चासि सोऽस्मासु वरिम्णा प्रथस्व ॥ २ ॥

भावार्थः—मनुष्यै र्यत् सच्चिदानन्दस्वरूपमखिलस्य जगतो निर्मातृ सर्वत्राभिव्याप्तं सर्वेभ्यो वरं सर्वशक्तिमद् ब्रह्मैवोपास्य सकलविद्याः प्राप्यन्ते तत् कथं न सेवितव्यं स्यात् ॥ २ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् पुरुष जो तू (अभितः) सब ओर से (अपाम्) सर्वत्र व्यापक परमेश्वर आकाश दिशा बिजुली और प्राणों वा जलों के (पृष्ठम्) अधिकरण (समुद्रम्) आकाश के समान सागर (पिन्वमानम्) सींचते हुए समुद्र को (अग्नेः) बिजुली आदि अग्नि के (योनिः) कारण (दिवः) प्रकाशित पदार्थों का (मात्रया) निर्माण करने हारी बुद्धि से (पुष्करे) हृदयरूप अन्तरिक्ष में (वर्धमानः) उन्नति को प्राप्त हुए (च) और (महान्) सब श्रेष्ठ वा सब के पूज्य (असि) हो सो आप हमारे लिये (वरिम्णा) व्यापकशक्तिसे (आ,प्रथस्व) प्रसिद्ध हूजिये ॥ २ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को जिस सत्, चित् और आनन्दस्वरूप, सब जगत् का रचने हारा, सर्वत्र व्यापक, सब से उत्तम और सर्वशक्तिमान् ब्रह्म की उपासना से संपूर्ण विद्यादि अनन्त गुण प्राप्त होते हैं उस का सेवन क्यों न करना चाहिये ॥ २ ॥

ब्रह्मजज्ञानमित्यस्य वत्सार ऋषिः । आदित्यो देवता ।
आर्षी त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

किं स्वरूपं ब्रह्म जनैरुपास्यमित्याह ॥

मनुष्यों को किस स्वरूप वाला ब्रह्म उपासना के योग्य है यह वि० ॥

ब्रह्म॑ ज॒ज्ञा॒नं प्र॑थ॒मं पु॒रस्ता॒द्वि सी॑म॒तः सु॒रुचो॑ वे॒न आ॑वः। स बु॒ध्न्या॒ उप॒मा अ॑स्य वि॒ष्ठाः स॒तश्च॒ योनि॒मस॑तश्च॒ वि वः॑ ॥ ३ ॥

ब्रह्म॑ । ज॒ज्ञा॒नम् । प्र॒थ॒मम् । पु॒रस्ता॑त् । वि । सी॒म॒तः । सु॒रुच॒ इति॑ सु॒ऽरुचः॑ । वे॒नः । आ॒व॒रित्या॑वः । सः । बु॒ध्न्याः॑ । उ॒प॒मा इत्यु॑प॒ऽमाः । अ॒स्य । वि॒ष्ठाः । वि॒स्था इति॑ वि॒ऽस्थाः । स॒तः । च॒ । योनि॑म् । अस॑तः । च॒ । वि । व॒रिति॑ वः ॥ ३ ॥

पदार्थः—(ब्रह्म) सर्वेभ्यो बृहत् (जज्ञानम्) सर्वस्य जनकं विज्ञातृ (प्रथमम्) विस्तृतं विस्तारयितृ (पुरस्तात्) सृष्ट्यादौ (वि) (सीमतः) सीमातो मर्य्यादातः (सुरुचः) सुप्रकाशमानः सुष्ठुरुचिविषयश्च (वेनः) कमनीयः । वेनतीति कान्तिकर्म्मा० निघं० २ । ६ (आवः) आवृणवन्ति स्वव्याप्त्याच्छादयन्ति ताः (सः) (बुध्न्याः) बुध्ने जलसंबन्धेऽन्तरिक्षे भवाः सूर्य्यचन्द्रपृथिवीतारकादयो लोकाः (उपमाः) उपमिमते याभिस्ताः (अस्य) जगदीश्वरस्य (विष्ठाः) या विविधेषु स्थानेषु तिष्ठन्ति ताः (सतः) विद्यमानस्य व्यक्तस्य (च) अव्यक्तस्य (योनिम्) स्थानमाकाशम् (असतः) अविद्यमानस्यादृश्यस्याव्यक्तस्य कारणस्य (च) महत्तत्त्वादेः (विवः) विवृणोति । अत्र मंत्रेघसेति च्लेर्लुगडभावश्च ॥३॥

अत्राह यास्कमुनिः—विसीमतः सुरुचो वेन आवरितिच व्यवृणोत्सर्वत आदित्यः सुरुच आदित्यरश्मयः सुरोचनादपि वासीमेत्येतदनर्थकमुपबन्धमाददीत पंचमीकर्माणं सीम्नः सीमतः सीमातो मर्य्यादातः सीमा मर्य्यादा विषीव्यति देशाविति ॥ निरु० १ । ७

अन्वयः—यज्जज्ञानं प्रथमं ब्रह्म यः सुरुचो वेनो यस्यास्य बुध्न्या विष्ठा उपमाः सन्ति स सर्वमावः स विसीमतः सतश्चासतश्च योनिं विवस्तत्सर्वैरुपासनीयम् ॥ ३ ॥

भावार्थः—यस्य ब्रह्मणो विज्ञानाय प्रसिद्धाऽप्रसिद्धलोका दृष्टान्ताः सन्ति यत्सर्वत्राभिव्याप्तं सत्सर्वमावृणोति सर्वं विकाशयति सुनियमेन स्वस्वकक्षायां विचालयति तदेवान्तर्य्यामि ब्रह्म सर्वैर्मनुष्यैरुपास्यं नातो पृथग्वस्तु भजनीयम् ॥ ३ ॥

पदार्थः—जो (पुरस्तात्) सृष्टि की आदि में (जज्ञानम्) सब का उत्पादक और ज्ञाता (प्रथमम्) विस्तार युक्त और विस्तार कर्त्ता (ब्रह्म) सब से बड़ा जो (सुरुचः) सुन्दर प्रकाशयुक्त और सुन्दर रुचि का विषय (वेनः) ग्रहण के योग्य जिस (अस्य) इस के (बुध्न्याः) जल सम्बन्धी आकाश में वर्त्तमान सूर्य्य, चन्द्रमा, पृथिवी और नक्षत्र आदि (विष्ठाः) विविधस्थलों में स्थित (उपमाः) ईश्वर ज्ञान के दृष्टान्त लोक हैं उन सब को (सः) वह (आवः) अपनी व्याप्ति से आच्छादन करता है वह ईश्वर (विसीमतः) मर्य्यादा से (सतः) विद्यमान देखने योग्य (च) और (असतः) अव्यक्त (च) और कारण के (योनिम्) आकाशरूप स्थान को (विवः) ग्रहण करता है उसी ब्रह्म की उपासना सब लोगों को नित्य अवश्य करनी चाहिये ॥ ३ ॥

भावार्थः—जिस ब्रह्म के जानने के लिये प्रसिद्ध और अप्रसिद्ध सब लोक दृष्टान्त हैं जो सर्वत्र व्याप्त हुआ सब का आवरण और सभा का प्रकाश करता है और सुन्दर नियम के साथ अपनी २ कक्षा में सब लोकों को रखता है वही अन्तर्य्यामी परमात्मा सब मनुष्यों के निरन्तर उपासना के योग्य है इस से अन्य कोई पदार्थ सेवने योग्य नहीं ॥ ३ ॥

हिरण्यगर्भइत्यस्य हिरण्यगर्भ ऋषिः । प्रजापतिर्देवता ।

आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तत् कीदृशमित्याह ॥

फिर वह कैसा है इस विषय का उपदेश अगले मन्त्र में किया है ॥

हिरण्यगर्भः समवर्त्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत् । स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥ ४ ॥

हिरण्यगर्भ इति हिरण्यऽगर्भः । सम् । अवर्त्तत । अग्रे । भूतस्य । जातः । पतिः । एकः । आसीत् । सः । दाधार । पृथिवीम् । द्याम् । उत । इमाम् । कस्मै । देवाय । हविषा । विधेम ॥ ४ ॥

पदार्थः—(हिरण्यगर्भः) हिरण्यानि सूर्यादीनि तेजांसि गर्भे मध्ये यस्य सः । ज्योतिर्वै हिरण्यम् । शत० हिरण्यं कस्मा-द्धियत आयम्यमानमिति वा ह्रियते जनाज्जनमिति वा हितरमणम् भवतीति वा हर्यतेर्वा स्यात् प्रेप्साकर्मणः । निरु० २ । १० । (सम्) (अवर्त्तत) (अग्रे) सृष्टेः प्राक् (भूतस्य) उत्पन्नस्य (जातः) जनकः (पतिः) पालकः (एकः) असहायोऽद्वितीयः (आसीत्) (सः) (दाधार) धृतवान् (पृथिवीम्) प्रकाशरहितं भूगोलादिकम् (द्याम्) प्रकाशमयं सूर्यादिकम् (उत) (इमाम्) वर्त्तमानां सृष्टिम् (कस्मै) सुखस्वरूपाय प्रजापतये (देवाय) प्रकाशमानाय (हविषा) आत्मादिसामग्र्या (विधेम) परिचरेम विधेमेति परिचरणकर्मा निघं० ३ । ५ । निरुक्तकारमेवमाह हिरण्यगर्भो हिरण्यमयोगर्भो हिरण्मयो गर्भोऽस्येति वा गर्भो गृभेर्गृणात्यर्थे गिरत्यनर्थानिति वा यदाहि स्त्री गुणान् गृह्णाति गुणाश्चास्या गृह्यन्तेऽथ गर्भो भवति । समभवदग्रेभूतस्य जातः पतिरेको बभूव स धारयति पृथिवीं दिवं च कस्मै देवाय हविषा विधेमेति व्याख्यातं विधतिर्दानकर्मा० निरु० १० । २३ ॥ ४ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा वयं योऽस्य भूतस्य जातः पतिरेको हिरण्यगर्भोऽग्रे समवर्त्ततासीत्स इमां सृष्टिं रचयित्वोतापि पृथिवीं द्यां दाधार तस्मै कस्मै सुखस्वरूपाय देवाय परमेश्वराय हविषा विधेम तथा यूयमप्येनं सेवध्वम् ॥ ४ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या यूयमस्या व्यक्तायाः सृष्टेः प्राक् परमेश्वर एव जागरूक आसीद्येनेमे लोका धृता प्रलयसमये भिद्यन्ते तमेवोपास्यं मन्यध्वम् ॥ ४ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे हम लोग जो इस (भूतस्य) उत्पन्न हुए संसार का (जातः) रचने और (पतिः) पालन करने हारा (एकः) सहाय की अपेक्षा से रहित (हिरण्यगर्भः) सूर्य्यादितेजोमय पदार्थों का आधार (अग्रे) जगत् रचने के पहिले (समवर्त्तत) वर्त्तमान (आसीत्) था (सः) वह (इमाम्) इस संसार को रचके (उत) और (पृथिवीम्) प्रकाशरहित और (द्याम्) प्रकाशसहित सूर्य्यादिलोकों को (दाधार) धारण करता हुआ उस (कस्मै) सुखरूप प्रजापालने वाले (देवाय) प्रकाशमान परमात्मा की (हविषा) आत्मादि सामग्री से (विधेम) सेवामें तत्पर हों। वैसे तुम लोग भी इस परमात्मा का सेवन करो ॥ ४ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो तुम को योग्य है कि इस प्रसिद्ध सृष्टि के रचने से प्रथम परमेश्वर ही विद्यमान था जीव गाढ़ निद्रा सुषुप्ति में लीन और जगत् का कारण अत्यन्त सूक्ष्मावस्था में आकाश के समान एकरस स्थिर था जिसने सब जगत् को रचके धारण किया और अन्त्यसमय में प्रलय करता है उसी परमात्मा को उपासना के योग्य मानो ॥ ४ ॥

द्रप्स इत्यस्य हिरण्यगर्भ ऋषिरीश्वरो देवता।
विराडार्षी त्रिष्टुप्छन्दः। गान्धारः स्वरः ॥

पुनः स कीदृश इत्याह ॥

फिर वह कैसा है यह वि० ॥

द्रप्सश्चस्कन्द पृथिवीमनु द्यामिमं च योनिमनु यश्च पूर्वः। समानं योनिमनु संचरन्तं द्रप्सं जुहोम्यनु सप्त होत्राः ॥ ५ ॥

द्रप्सः। चस्कन्द। पृथिवीम्। अनु। द्याम्। इमम्। च। योनिम्। अनु। यः। च। पूर्वः। समानम्। योनिम्। अनु। संचरन्तमिति सम्ऽचरन्तम्। द्रप्सम्। जुहोमि। अनु। सप्त। होत्राः ॥ ५ ॥

पदार्थः—(द्रप्सः) हर्ष उत्साहः । अत्र दृप विमोहनहर्षणयोरित्यत औणादिकः सः किञ्च (चस्कन्द) प्राप्नोति (पृथिवीम्) भूमिम् (अनु) (द्याम्) प्रकाशम् (इमम्) (च) (योनिम्) कारणम् (अनु) (यः) (च) (पूर्वः) पूर्णः (समानम्) (योनिम्) स्थानम् (अनु) (संचरन्तम्) (द्रप्सम्) आनन्दम् (जुहोमि) गृह्णामि (अनु)(सप्त) पञ्च प्राणा मन आत्मा चेति (होत्राः) आदातारः ॥५॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथाहं यस्य सप्त होत्राऽनुग्रहीतारो य इमां पृथिवीं द्यां योनिं चानु यः पूर्वो द्रप्सो नुचस्कन्द तस्य योनिमनु संचरन्तं समानं द्रप्सं सर्वत्राभिव्याप्तमानन्दमनुजुहोमि तथैनमादत्त ॥ ५ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या यूयं यस्य जगदीश्वरस्य सानन्दं स्वरूपं सर्वत्रोपलभ्यते तत्प्राप्तये योगमभ्यस्यत ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जैसे मैं जिस के (सप्त) पांच प्राण मन और आत्मा ये सात (होत्राः) अनुग्रहणकरने हारे (यः) जो (इमाम्) इस (पृथिवीम्) पृथिवी (द्याम्) प्रकाश (च) और (योनिम्) कारण के अनुकूल जो (पूर्वः) सम्पूर्ण स्वरूप (द्रप्सः) आनन्द और उत्साह को (अनु) अनुकूलता से (चस्कन्द) प्राप्त होता है उस (योनिम्) स्थान के (अनु) अनुसार (संचरन्तम्) संचारी (समानम्) एक प्रकार के (द्रप्सम्) सर्वत्र अभिव्याप्त आनन्द को मैं (अनुजुहोमि) अनुकूल ग्रहण करता हूं वैसे तुम लोग भी ग्रहण करो ॥ ५ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो तुम को चाहिये कि जिस जगदीश्वर के आनन्द और स्वरूप का सर्वत्र लाभ होता है उस की प्राप्ति के लिये योगाभ्यास करो ॥ ५ ॥

नमोऽस्त्वित्यस्य हिरण्यगर्भ ऋषिर्देवता च ।
भुरिगुष्णिक् छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

मनुष्यैरत्र कथं वर्त्तितव्यमित्याह ॥

मनुष्यों को संसार में कैसे वर्त्तना चाहिये यह विष० ॥

नमोऽस्तु सर्पेभ्यो ये के च पृथिवीमनु । ये अ-

न्तरि॑क्षे॒ ये दि॒वि तेभ्य॑: स॒र्पेभ्यो॒नम॑: ॥ ६ ॥

नम॑: । अ॒स्तु॒ । स॒र्पेभ्य॑: । ये । के । च॒ । पृ॒थि॒वीम् । अनु॑ । ये । अ॒न्तरि॑क्षे । ये । दि॒वि । तेभ्य॑: । स॒र्पेभ्य॑: । नम॑: ॥ ६ ॥

पदार्थः—(नमः) अन्नम्। नम इत्यन्ननाम० निघं० २।७ (अस्तु) (सर्पेभ्यः) ये सर्पन्ति गच्छन्ति ते लोकास्तेभ्यः । इमे वै लोकाः सर्पास्तेह्यानेन सर्वेण सर्पन्ति । शत० ७ । ३ । १ । २५ (ये) (के) (च) (पृथिवीम्) भूमिम् (अनु) (ये) (अन्तरिक्षे) आकाशे (ये) (दिवि) सूर्यादिलोके (तेभ्यः) (सर्पेभ्यः) प्राणिभ्यः (नमः) अन्नम् ॥६॥

अन्वयः—ये के चात्र सर्पाः सन्ति तेभ्यः सर्पेभ्यो नमोऽस्तु । येऽन्तरिक्षे ये दिवि ये च पृथिवीमनुसर्पन्ति तेभ्यः सर्पेभ्योनमोस्तु ॥ ६ ॥

भावार्थः—यावन्त इमे लोका दृश्यन्ते ये च न दृश्यन्ते ते सर्वे स्वस्वकक्षायामीश्वरेण नियताःसन्त आकाशे भ्रमन्ति तेषु सर्वेषु लोकेषु ये प्राणिनश्चलन्ति तदर्थमन्नमपीश्वरेण रचितं यत एतेषां जीवनं भवति यूयं विजानीत ॥ ६ ॥

पदार्थः—जो (के) कोई इस जगत् में लोक लोकान्तर और प्राणी हैं (तेभ्यः) उन (सर्पेभ्यः) लोकों के जीवों के लिये (नमः) अन्न(अस्तु)हो (ये) जो (अन्तरिक्षे) आकाश में (ये) जो (दिवि) प्रकाशमान सूर्य्य आदि लोकों में (च) और (ये) जो (पृथिवीम्) भूमि के (अनु) ऊपर चलते हैं उन (सर्पेभ्यः) प्राणियों के लिये (नमः) अन्न प्राप्त होवे ॥ ६ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो जितने लोक दीख पड़ते हैं और जो नहीं दीख पड़ते हैं वे सब अपनी २ कक्षा में नियम से स्थिर हुए आकाश मार्ग में घूमते हैं उनसबों में जो प्राणी चलते हैं उन के लिये अन्न भी ईश्वरने रचा है कि जिस से इन सब का जीवन होता है इस बात को तुम लोग जानो ॥ ६ ॥

या इषव इत्यस्य हिरण्यगर्भ ऋषिः । स एव देवता च । अनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तैः कथं भवितव्यमित्युपदिश्यते ॥

फिर मनुष्यों को कैसा होना चाहिये इस विषय का उप० ॥

या इषवो यातुधानानां ये वा वनस्पतीँ॥ रनु । ये वावटेषु शेरते तेभ्यः सर्पेभ्यो नमः ॥ ७ ॥

याः । इषवः । यातुधानानामिति यातुऽधानानाम् । ये । वा । वनस्पतीन् । अनु । ये । वा । अवटेषु । शेरते । तेभ्यः । सर्पेभ्यः । नमः ॥ ७ ॥

पदार्थः—(याः)(इषवः) गतयः (यातुधानानाम्) ये यान्ति परपदार्थान् दधति तेषाम् (ये) (वा) (वनस्पतीन्) वटादीन् (अनु) (ये) (वा) (अवटेषु) अपरिभाषितेषु मार्गेषु (शेरते) (तेभ्यः) (सर्पेभ्यः) (नमः) वज्रम् ॥ ७ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं या यातुधानानामिषवो ये वा वनस्पतीननुवर्त्तन्ते ये वाऽवटेषु शेरते तेभ्यः सर्पेभ्यो नमः प्रक्षिपत ॥ ७ ॥

भावार्थः—मनुष्या ये मार्गेषु वनेषूत्कोचका दिवसे एकान्ते स्वपन्ति तान् दस्यून्नागांश्च शस्त्रौषधादिना निवारयन्तु ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! तुम लोग (याः) जो (यातुधानानाम्) पराये पदार्थों को प्राप्त हो के धारण करने वाले जनों की (इषवः) गति हैं (वा) अथवा (ये)

जो (वनस्पतीन्) वट आदि वनस्पतियों के (अनु) आश्रित रहते हैं और (ये) जो (वा) अथवा (अवटेषु) गुप्तमार्गों में (शेरते) सोते हैं (तेभ्यः) उन (सर्पेभ्यः) चंचल दुष्ट प्राणियों के लिये (नमः) वज्र चलाओ ॥ ७ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि जो मार्गों और वनों में उनके दुष्ट प्राणी एकान्त में दिन के समय सोते हैं उन डाकुओं और सर्पों को शस्त्र, ओषधि आदि से निवारण करें ॥ ७ ॥

ये वामीत्यस्य हिरण्यगर्भ ऋषिः । सूर्यो देवता । निचृदनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैः कण्टकाः कथं बाधनीया इत्याह ॥

फिर मनुष्यों को कंटक और दुष्ट प्राणी कैसे हटाने चाहिये यह वि० ॥

ये वामी रोचने दिवो ये वा सूर्यस्य रश्मिषु । येषामप्सु सदस्कृतं तेभ्यः सर्पेभ्यो नमः ॥८॥

ये । वा । अमीइत्यमी । रोचने । दिवः । ये । वा । सूर्यस्य । रश्मिषु । येषाम् । अप्स्वित्यप्सु । सदः । कृतम् । तेभ्यः । सर्पेभ्यः । नमः ॥८॥

पदार्थः—(ये) (वा) (अमी) (रोचने) दीप्तौ (दिवः) विद्युतः (ये) (वा) (सूर्यस्य) (रश्मिषु) (येषाम्) (अप्सु) (सदः) सदनम् (कृतम्) निष्पन्नम् (तेभ्यः) (सर्पेभ्यः) दुष्टप्राणिभ्यः (नमः) वज्रम् ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या येऽमी दिवो रोचने ये वा सूर्यस्य रश्मिषु येषां वाप्सु सदस्कृतमस्ति तेभ्यः सर्पेभ्यो नमो दत्त ॥८॥

भावार्थः—मनुष्यैर्ये जलेष्वन्तरिक्षे सर्पा निवसन्ति ते वज्र-प्रहारेण निवर्त्तनीयाः ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो (ये) जो (अमी) वे परोक्ष में रहने वाले (दिवः) बिजुली के (रोचने) प्रकाश में (वा) अथवा (ये) जो (सूर्य्यस्य) सूर्य्य की (रश्मिषु) किरणों में (वा) अथवा (येषाम्) जिन का (अप्सु) जलों में (सदः) स्थान (कृतम्) बना है (तेभ्यः) उन (सर्पेभ्यः) दुष्ट प्राणियों को (नमः) वज्र से मारो ॥ ८ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि जो जलों में आकाश में दुष्ट प्राणी वा सर्प रहते हैं उन को शस्त्रों से निवृत्त करें ॥ ८ ॥

कृणुष्वेत्यस्य वामदेव ऋषिः । अग्निर्देवता ।
भुरिक् पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

राजपुरुषैः कथं शत्रवो बन्धनीया इत्याह ॥

राजपुरुषों को शत्रु कैसे बांधने चाहिये यह वि० ॥

कृणुष्व पाजः प्रसितिं न पृथ्वीं याहि राजेवामवाँ२ ॥ इभेन । तृष्वीमनु प्रसितिं द्रूणानोऽस्तासि विध्य रक्षसस्तपिष्ठैः ॥ ९ ॥

कृणुष्व । पाजः । प्रसितिमिति प्रऽसितिम् । न । पृथ्वीम् । याहि । राजेवेति राजाऽइव । अमवानित्यमऽवान् । इभेन । तृष्वीम् । अनु । प्रसितिमिति प्रऽसितिम् । द्रूणानः । अस्ता । असि । विध्य । रक्षसः । तपिष्ठैः ॥ ९ ॥

पदार्थः—(कृणुष्व) कुरुष्व (पाजः) बलम् । पातेर्बले जुट् च उ० ४। २१० इत्यसुन् (प्रसितिम्) जालम् । प्रसितिः प्रसयनात्तन्तुर्वा जालं वा नि० ६ । १२ (न) इव (पृथ्वीम्) भूमिम् (याहि) प्राप्नुहि (राजेव) (अमवान्) बहवः सचिवा विद्यन्ते यस्य तद्वत् (इभेन) हस्तिना (तृष्वीम्) क्षिप्रगतिम् । तृष्विति क्षिप्रनाम० निघं० २ । १५ ततो वोतोगुणवचनादिति ङीप् (अनु) (प्रसितिम्) बन्धनं जालम् (द्रूणानः) हिंसन् (अस्ता) प्रक्षेप्ता (असि) विध्य ताडय (रक्षसः) शत्रून् (तपिष्ठैः) अतिशयेन संतापकरैः शस्त्रैः । अयं मन्त्रः । नि० ६ । १२ । व्याख्यातः ॥ ९ ॥

अन्वयः—हे सेनापते त्वं पाजः कृणुष्व प्रसितिं न पृथ्वीं याहि । यत स्त्वमस्तासि तस्मादिभेनामवान् राजेव तपिष्ठैःप्रसितिं संसाध्य रक्षसश्च द्रूणानस्तृष्वीमनुविध्य ॥ ९ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—राजवत्सेनापतिः पूर्णं बलं संपाद्या-नेकैः पाशैः शत्रून् बध्वा शरादिभिर्विध्वा कारागृहे संस्थाप्य श्रे-ष्ठान् पालयेत् ॥ ९ ॥

पदार्थः—हे सेनापते आप (पाजः) बल को (कृणुष्व) कीजिये (प्रसितिम्) जाल के (न) समान (पृथ्वीम्) भूमि को(याहि) प्राप्त हूजिये जिस से आप (अस्ता) फेंकने वाले (असि) हैं इस से (इभेन) हाथी के साथ (अमवान्) बहुत दूतों वाले (राजेव) राजा के समान (तपिष्ठैः) अत्यन्तदुःखदायी शस्त्रों से (प्रसितिम्) फांसी को सिद्धकर (रक्षसः) शत्रुओं को (द्रूणानः)मारते हुए (तृष्वीम्) शीघ्र (अनु) सन्मुख होकर (विध्य) ताड़ना कीजिये ॥ ९ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—सेनापति को चाहिये कि राजाके समान पूर्ण बल से युक्त हो अनेक फांसियों से शत्रुओं को बांध उन को बाण आदि शस्त्रों से ताड़ना दे और बंदीगृह में बन्द करके श्रेष्ठ पुरुषों को पाले ॥ ९ ॥

तव भ्रमास इत्यस्य वामदेव ऋषिः । अग्निर्देवता ।

भुरिक् पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनः स किं कुर्य्यादित्युपदिश्यते ॥

फिर वह सेनापति क्या करे यह वि० ॥

तव॑ भ्र॒मास॑ आशु॒या प॑त॒न्त्यनु॑ स्पृश धृष॒ता शोशु॑चानः । तपू॑ᳬंष्यग्ने जु॒ह्वा पत॒ङ्गानस॑न्दितो॒ विसृ॑ज॒ विष्व॑गु॒ल्काः ॥ १० ॥

तव॑ । भ्र॒मासः॑ । आ॒शु॒येत्या॑शु॒या । प॒त॒न्ति॒ । अनु॑ । स्पृ॒श॒ । धृ॒ष॒ता । शोशु॑चानः । तपू॑ᳬंषि । अ॒ग्ने॒ । जु॒ह्वा । प॒त॒ङ्गान् । अस॑न्दित॒ इत्यस॑म्ऽदितः । वि । सृ॒ज॒ । विष्व॑क् । उ॒ल्काः ॥ १० ॥

पदार्थः—(तव) (भ्रमासः) भ्रमणशीला वीराः (आशुया) शीघ्रगमनाः । अत्र जसः स्थाने यादेशः (पतन्ति) श्येनवच्छत्रुदले संचरन्ति (अनु) (स्पृश) अनुगतो भव (धृषता) दृढेन सैन्येन (शोशुचानः) भृशं पवित्राचरणः (तपूंषि) तापाः (अग्ने) अग्निरिव वर्त्तमान (जुह्वा) आज्यहवनसाधनया (पतङ्गान्)अश्वान् । पतङ्गा इत्यश्वना० निघं० १ । १४ (असंदितः) अखण्डितः(वि) (सृज) निष्पादय (विष्वक्) सर्वतः (उल्काः) विद्युत्पाताः ॥ १० ॥

अन्वयः—हे सेनापतेऽग्ने शोशुचानस्त्वं ये तव भ्रमासो यथा विष्वगाशुयोल्कास्तथा शत्रुषु पतन्ति तान् धृषताऽनुस्पृश । अस्खण्डितः सन् जुह्वाग्नेस्तपूंषीव शत्रूणामुपरि सर्वतो विद्युतो विसृज पतङ्गान् सुशिक्षितानश्वान् कुरु ॥ १० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—राजसेनापतिसेनाभृत्यैः परस्परं प्रीत्या बलं संवर्ध्य वीरान् हर्षयित्वा संयोध्याग्न्याद्यस्त्रैः शतघ्न्यादिभिश्च शत्रूणामुपरि विद्युद्वृष्टिः कार्य्या यतः सद्यो विजयः स्यात्॥१०॥

पदार्थः—हे (अग्ने) अग्नि के समान तेजस्वी सेनापते (शोशुचानः) अत्यन्त पवित्र आचरण करने हारे आप जो (तव) आप के (भ्रमासः) भ्रमण शील वीर पुरुष जैसे (विष्वक्) सब ओर से (आशुया) शीघ्र चलने हारी (उल्काः) बिजुली की गतियां वैसे (पतन्ति) श्येनपक्षी के समान शत्रुओं के दल में तथा शत्रुओं में गिरते हैं उन को (धृषता) दृढ़ सेना से (अनु) अनुकूल (स्पृश) प्राप्त हूजिये और (असन्दितः) अखण्डित हुए (जुह्वा) घी के हवन का साधन लपट अग्नि के (तपूंषि) तेज के समान शत्रुओं के ऊपर सब ओर से बिजुली को (विसृज) छोड़िये और (पतङ्गान्) घोड़ों को सुन्दर शिक्षा युक्त कीजिये ॥ १० ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—सेनापति और सेना के भृत्यों को चाहिये कि आपस में प्रीति के साथ बल बढ़ा वीर पुरुषों को हर्ष दे और सम्यक् युद्ध करा के अग्नि आदि अस्त्रों और भुसुंडी आदि शस्त्रों से शत्रुओं के ऊपर बिजुली की वृष्टि करें जिस से शीघ्र विजय हो ॥ १० ॥

प्रतिस्पश इत्यस्य वामदेव ऋषिः । अग्निर्देवता ।
निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
पुनः स कीदृशो भवेदित्युपदिश्यते ॥
फिर वह कैसा हो इस वि० ॥

प्रति स्पशो वि सृज तूर्णितमो भवा पायुर्विशो

अस्या अदब्धः । यो नो दूरे अघशंसो योऽन्त्यग्ने माकिष्टे व्यथिरादधर्षीत् ॥ ११ ॥

प्रति । स्पशः । वि । सृज । तूर्णितम इति तूर्णिऽतमः । भव । पायुः । विशः । अस्याः । अदब्धः । यः । नः । दूरे । अघशंस इत्यघऽशंसः । यः । अन्ति । अग्ने । माकिः । ते । व्यथिः । आ । दधर्षीत् ॥ ११ ॥

पदार्थः—(प्रति) (स्पशः) बाधनानि (वि) (सृज) (तूर्णितमः) अतिशयेन त्वरिता (भव) द्व्यचोऽतस्तिङ इति दीर्घः (पायुः) रक्षकः (विशः) प्रजायाः (अस्याः) वर्त्तमानायाः (अदब्धः) अहिंसकः (यः) (नः) अस्माकम् (दूरे) विप्रकृष्टे (अघशंसः) योऽघं पापं कर्त्तुं शंसति स स्तेनः (यः) (अन्ति) निकटे (अग्ने) अग्निवच्छत्रुदाहक (माकिः) निषेधे । अत्र माकि धातोर्बाहुलकादिञ् नुमभावश्च (ते) तव (व्यथिः) व्यथकः शत्रुः (आ) (दधर्षीत्) धर्षेत् । अत्र वाच्छन्दसीति द्विर्वचनम् ॥ ११ ॥

अन्वयः—हे अग्ने ते तव नोऽस्माकं च यो व्यथिरघशंसो दूरे योऽन्त्यस्ति यथा सोऽस्मान्माकिरादधर्षीत् तं प्रति त्वं तूर्णितमः सन् स्पशो विसृज अस्या विशः पायुरदब्धो भव ॥ ११ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—ये निकटदूरस्थाः प्रजाभ्यो दुःख-

प्रदा दस्यवः सन्ति तान् राजादयः सामदामदण्डभेदैः सद्यो वशं नीत्वा दयान्यायाभ्यां धार्मिकीः प्रजाः सततं पालयेयुः ॥ ११ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) अग्नि के समान शत्रुओं के जलाने वाले पुरुष (ते) आप का और (नः) हमारा (यः) जो (व्यथिः) व्यथा देने हारा (अघशंसः) पाप करने में प्रवृत्त चोर शत्रु जन (दूरे) दूर तथा (यः) जो (अन्ति) निकट है जैसे वह हम लोगों को (माकिः) नहीं (आ,दधर्षीत) दुःख देवे उस शत्रु के (प्रति) प्रति आप (तूर्णितमः) शीघ्र दण्ड दाता होके (स्पशः) बन्धनों को (विसृज) रचिये और (अस्याः) इस वर्त्तमान (विशः) प्रजा के (पायुः) रक्षक (अदब्धः) हिंसा रहित (भव) हूजिये ॥ ११ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जो समीप वा दूर रहने वाले प्रजाओं के दुःख दायी डांकू हैं उन को राजा आदि पुरुष साम, दाम, दण्ड और भेद से शीघ्र वश में लाके दया और न्याय से धर्मयुक्त प्रजाओं की निरन्तर रक्षा करें॥ ११॥

उदग्न इत्यस्य वामदेव ऋषिः । अग्निर्देवता ।

भुरिगार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनः स किं कुर्यादित्याह ॥

फिर वह क्या करे इस वि० ॥

उदग्ने तिष्ठ प्रत्या तनुष्व न्यमित्राँ २ ॥ओषतात्तिग्महेते । यो नो अरातिᳬं समिधान चक्रे नीचा तं धक्ष्यत सं न शुष्कम् ॥ १२ ॥

उत् । अग्ने । तिष्ठ । प्रति । आ । तनुष्व । नि । अमित्रान् । ओषतात् । तिग्महेत इति तिग्मऽहेते । यः । नः । अरातिम् । समिधानेति समऽ-

इधान । चक्रे । नीचा । तम् । धक्षि । अतसम् । न । शुष्कम् ॥ १२ ॥

पदार्थः—(उत्) (अग्ने) सभाध्यक्ष (तिष्ठ) (प्रति) (आ) (तनुष्व) (नि) (अमित्रान्) धर्मद्वेष्टॄन् शत्रून् (ओषतात्) दह (तिग्महेते) तिग्मस्तीव्रो हेतिर्वज्रो दण्डो यस्य सः । हेतिरिति वज्रना० निघं० २ । २० (यः) (नः) अस्माकम् (अरातिम्) शत्रुम् (समिधान) सम्यक् तेजस्विन् (चक्रे) करोति (नीचा) न्यग्भूतं कृत्वा (तम्) (धक्षि) दह । अत्र विकरणलुक् (अतसम्)काष्ठम् (न) इव (शुष्कम्) अनार्द्रम्॥१२॥

अन्वयः—हे अग्ने त्वं राजधर्म उत्तिष्ठ धार्मिकान् प्रत्यातनुष्व । हे तिग्महेतेऽमित्रान्न्योषतात् । हे समिधान यो नोऽरातिं चक्रे तं नीचा शुष्कमतसं न धक्षि ॥ १२ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—राजादयः सभ्या धर्मे विनये समाहिता भूत्वा जलमिव मित्रान् शीतयेयुः । अग्निरिव शत्रून् दहेयुः। य उदासीनः स्थित्वाऽस्माकं शत्रूनुत्पादयेत्तं दृढं बन्धं बध्वा निष्कण्टकं राज्यं कुर्युः ॥ १२ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) तेजधारी सभा के स्वामी आप राजधर्म के बीच (उत्तिष्ठ) उन्नति को प्राप्त हूजिये धर्मात्मा पुरुषों के (प्रति) लिये (आतनुष्व) सुखों का विस्तार कीजिये । हे (तिग्महेते) तीव्रदण्ड देने वाले राजपुरुष (अमित्रान्) धर्म के द्वेषी शत्रुओं को (न्योषतात्) निरन्तर जलाइये । हे (समिधान) सम्यक् तेजधारी जन (यः) जो (नः) हमारे (अरातिम्) शत्रु को उत्साही (चक्रे) करता है (तम्) उस को (नीचा) नीची दशा में करके (शुष्कम्) सूखे (अतसम्) काष्ठ के (न) समान (धक्षि) जलाइये ॥ १२ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—राजा आदि सभ्यजनों को चाहिये कि धर्म और विनय में समाहित हो के जल के समान मित्रों को शीतल करें। अग्नि के समान शत्रुओं को जलावें। जो उदासीन हो कर हमारे शत्रुओं को बढ़ावे उस को दृढबन्धनों से बांध के निष्कण्टक राज्य करें ॥ १२ ॥

ऊर्ध्वो भवेत्यस्य वामदेव ऋषिः। अग्निर्देवता। निचृदार्ष्यतिजगती छन्दः। निषादः स्वरः ॥

पुनः स कीदृशो भवेदित्याह ॥

फिर वह राजा किस प्रकार का हो इस वि० ॥

ऊर्ध्वो भ॑व॒ प्रति॑ वि॒ध्याध्य॒स्मदा॒विष्कृ॑णुष्व॒ दैव्या॑न्यग्ने। अव॑ स्थि॒रा त॑नुहि यातु॒जूनां॑ जा॒मिमजा॑मिं॒ प्र मृ॑णीहि॒ शत्रू॑न्॥ अ॒ग्नेष्ट्वा॒ तेज॑सा सादयामि ॥ १३ ॥

ऊ॒र्ध्वः। भ॒व॒। प्रति॑। वि॒ध्य॒। अधि॑। अ॒स्मत्। आ॒विः। कृ॒णु॒ष्व॒। दैव्या॑नि। अ॒ग्ने॒। अव॑। स्थि॒रा। त॒नु॒हि॒। या॒तु॒जूना॒मिति॑ यातु॒ऽजूना॑म्। जा॒मिम्। अजा॑मिम्। प्र। मृ॒णी॒हि॒। शत्रू॑न्। अ॒ग्नेः। त्वा॒। तेज॑सा। सा॒द॒या॒मि॒ ॥ १३ ॥

पदार्थः—(ऊर्ध्वः) उत्कृष्टः (भव) (प्रति) (विध्य) ताडय (अधि) (अस्मत्) (आविः) प्राकट्ये (कृणुष्व) (दैव्यानि) देवैर्विद्वद्भिर्निर्वृत्तानि वस्तूनि (अग्ने) (अव) (स्थिरा) निश्चलानि

(तनुहि) विस्तृणुहि (यातुजूनाम्) ये यांति ये च जवन्ते तेषाम् (जामिम्) भोजनयुक्तम् (अजामिम्) भोजनरहितं स्थानम् । अत्र जमुधातोर्वपादिभ्य इतीञ् (प्र) (मृणीहि) हिन्धि (शत्रून्) अरीन् (अग्नेः) पावकस्य (त्वा) त्वाम् (तेजसा) प्रकाशेन सह (सादयामि) स्थापयामि ॥ १३ ॥

अन्वयः—हे अग्ने विद्वन्राजन् यतस्त्वमूर्ध्वो भव शत्रून् प्रति विध्यास्मत् स्थिरा दैव्यान्याकृणुष्व । सुखानि तनुहि यातुजूनां जामिमजामिमवतनुहि विनाशय । शत्रून् प्रमृणीहि तस्मादहं त्वाग्नेस्तेजसाधिसादयामि ॥ १३ ॥

भावार्थः—मनुष्या राज्यैश्वर्यं प्राप्योत्तमगुणकर्मस्वभावा भवेयुः प्रजाभ्यो दरिद्रेभ्यश्च सततं सुखं दद्युः । धर्मे स्थिराः सन्तो दुष्टाधर्माचारिणो मनुष्यान् सततं शिक्षयेयुः । सर्वोत्कृष्टं सभापतिं च मन्येरन् ॥ १३ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) तेजस्विन् विद्वान् पुरुष जिस लिये आप (ऊर्ध्वः) उत्तम (भव) हूजिये धर्म के (प्रति) अनुकूल होके (विध्य) दुष्ट शत्रुओं को ताड़ना दीजिये (अस्मत्) हमारे (स्थिरा) निश्चल (दैव्यानि) विद्वानों के रचे पदार्थों को (आविः) प्रकट (कृणुष्व) कीजिये सुखों को (तनुहि) विस्तारिये (यातुजूनाम्) परपदार्थों को प्राप्त होने और वेग वाले शत्रुजनों के (जामिम्) भोजन के और (अजामिम्) अन्य व्यवहार के स्थान को (अव) अच्छे प्रकार विस्तार पूर्वक नष्ट कीजिये और (शत्रून्) शत्रुओं को (प्रमृणीहि) बल के साथ मारिये इसलिये मैं (त्वा) आप को (अग्नेः) अग्नि के (तेजसा) प्रकाश के (अधि)सम्मुख (सादयामि) स्थापन करता हूं ॥ १३ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि राज्य के ऐश्वर्य्य को पाके उत्तम गुण,

कर्म, और स्वभावों से युक्त होवें प्रजाओं और दरिद्रों को निरन्तर सुख देवें । दुष्ट अधर्माचारी मनुष्यों को निरन्तर शिक्षा करें । और सब से उत्तम पुरुष को सभापति मानें ॥ १३ ॥

अग्निर्मूर्द्धेत्यस्य वामदेव ऋषिः । अग्निर्देवता ।

भुरिगनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनः स कीदृशो भवेदित्याह ॥

फिर वह राजपुरुष कैसा हो यह वि० ॥

अग्निर्मूर्द्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम् । अपाᳬं रेताᳬंसि जिन्वति । इन्द्रस्य त्वौजसा सादयामि ॥ १४ ॥

अग्निः । मूर्द्धा । दिवः । ककुत् । पतिः । पृथिव्याः । अयम् । अपाम् । रेताᳬंसि । जिन्वति । इन्द्रस्य । त्वा । ओजसा । सादयामि ॥ १४ ॥

पदार्थः—(अग्निः) सूर्य्यः (मूर्द्धा) सर्वेषां शिर इव(दिवः) प्रकाशयुक्तस्याकाशस्यमध्ये (ककुत्) महान् ककुह इति महन्ना० निघं० ३ । ३ । अस्यान्त्यलोपो वर्णव्यत्ययेन हस्य दः (पतिः) पालकः (पृथिव्याः) भूमेः (अयम्) (अपाम्) जलानाम् (रेतांसि) वीर्य्याणि (जिन्वति) प्रीणाति तर्पयति (इन्द्रस्य) सूर्यस्य (त्वा) त्वाम् (ओजसा) पराक्रमेण (सादयामि) ॥ १४ ॥

अन्वयः—हे राजन् यथाऽयमग्निर्दिवः पृथिव्या मूर्द्धा ककुत्पतिरपां रेतांसि जिन्वति तथा त्वं भव । अहं त्वा त्वामिन्द्रस्यौजसा सह राज्याय सादयामि ॥ १४ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यो मनुष्यः सूर्यवद् गुणकर्मस्वभावो न्यायेन प्रजापालनतत्परो धार्मिको विद्वान् भवेत्तं राजत्वेन सर्वे मनुष्याः स्वीकुर्य्युः ॥ १४ ॥

पदार्थः—हे राजन् जैसे (अयम्) यह (अग्निः) सूर्य्य (दिवः) प्रकाशयुक्त आकाश के बीच और (पृथिव्याः) भूमि का (मूर्द्धा) सब प्राणियों के शिरके समान उत्तम (ककुत्) सब से बड़ा (पतिः) सब पदार्थों का रक्षक (अपाम्) जलों के (वीर्याणि) सारों से प्राणियों को (जिन्वति) तृप्त करता है वैसे आप भी हूजिये । मैं (त्वा) आप को (इन्द्रस्य) सूर्य के (ओजसा) पराक्रम के साथ राज्य के लिये (सादयामि) स्थापन करता हूं ॥ १४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जो मनुष्य सूर्य्य के समान गुण कर्म्म और स्वभाव वाला न्याय से प्रजा के पालन में तत्पर धर्मात्मा विद्वान् हो उस को राज्याधिकारी सब लोग मानें ॥ १४ ॥

भुवो यज्ञस्येत्यस्य त्रिशिरा ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनः स कीदृशो भवेदित्याह ॥

फिर वह कैसा हो इस विषय का उपदेश अगले मन्त्र में किया है ॥

भुवो॑ य॒ज्ञस्य॒ रज॑सश्च ने॒ता यत्रा॑ नि॒युद्भिः॒ सच॑से शि॒वाभिः॑ । दि॒वि मू॒र्द्धानं॑ दधिषे स्व॒र्षां जि॒ह्वाम॑ग्ने चकृषे हव्य॒वाह॑म् ॥ १५ ॥

भुव॑ः । य॒ज्ञस्य॑ । रज॑सः । च॒ । ने॒ता । यत्र॑ । नि॒युद्भि॒रिति॑ नि॒युत्ऽभिः॑ । सच॑से । शि॒वाभिः॑ । दि॒वि । मू॒र्द्धान॑म् । द॒धि॒षे॒ । स्व॒र्षाम् । स्व॒ःसामिति॑

स्वःसाम् । जिह्वाम् । अग्ने । चकृषे । हव्यवाहमिति हव्यऽवाहम् ॥ १५ ॥

पदार्थः—(भुवः) पृथिव्याः (यज्ञस्य) राजधर्मस्य (रजसः) लोकस्यैश्वर्यस्य वा (च) पश्वादीनाम् (नेता) नयनकर्त्ता (यत्र) राज्ये । अत्र निपातस्य चेति दीर्घः (नियुद्भिः) वायोर्वेगादिगुणैः सह (सचसे) समवैषि (शिवाभिः) कल्याणकारिकाभिर्नीतिभिः (दिवि) न्यायप्रकाशे (मूर्द्धानम्) शिरः (दधिषे) धरसि (स्वर्षाम्) स्वः सुखानि सनन्ति भजन्ति यया ताम् (जिह्वाम्) जोहवीति यया तां वाचम् (अग्ने) विद्वन् (चकृषे) करोषि (हव्यवाहम्) हव्यानि होतुं दातुमर्हाणि प्रज्ञानानि यया ताम् ॥ १५ ॥

अन्वयः—हे अग्ने विद्वन् यथाऽग्निर्नियुद्भिः सह वायू रजसो नेता सन् दिवि मूर्द्धानं धरति तथा यत्र शिवाभिः सह भुवो यज्ञस्य सचसे राज्यं दधिषे हव्यवाहं स्वर्षां जिह्वाञ्चकृषे तत्र सर्वाणि सुखानि वर्द्धन्त इति विजानीहि ॥ १५ ॥

भावार्थः—यस्मिन् राज्ये राजादयः सर्वे धार्मिका मङ्गलचारिणो धर्मेण प्रजाः पालयेयुस्तत्र विद्यासुशिक्षाजानि सुखानि कुतो न वर्द्धेरन् ॥ १५ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वान् पुरुष (यत्र) जिस राज्य में आप जैसे (नियुद्भिः) वेग आदि गुणों के साथ वायु (रजसः) लोकों वा ऐश्वर्य्य का (नेता) चलाने हारा (दिवि) न्याय के प्रकाश में (मूर्द्धानम्) शिर को धारण करता है वैसे (यत्र) जहां (शिवाभिः) कल्याणकारक नीतियों के साथ (भुवः)

अपनी पृथिवी के (यज्ञस्य) राजधर्म के पालन करने हारे हों के (सचसे) संयुक्त होता अच्छे पुरुषों से राज्य को (दधिषे) धारण और (हव्यवाहम्) देने योग्य विद्वानों की प्राप्ति का हेतु (स्वर्षाम्) सुखों का सेवन कराने हारी (जिह्वाम्) अच्छे विषयों की ग्राहक वाणी को (चकृषे) करते हो वहां सब सुख बढ़ते हैं यह निश्चित जानिये ॥ १५ ॥

भावार्थः—जिस राज्य में राजा आदि सब राजपुरुष मंगलाचरण करने हारे धर्मात्मा होके धर्मानुकूल प्रजाओं का पालन करें वहां विद्या और अच्छी शिक्षा से होने वाले सुख क्यों न बढ़ें ॥ १५ ॥

ध्रुवासीत्यस्य त्रिशिरा ऋषिः । अग्निर्देवता ।
स्वराडार्ष्यनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनः सा कीदृशी भवेदित्याह ॥
फिर वह राजपत्नी कैसी होवे यह वि० ॥

ध्रुवासि धरुणास्तृता विश्वकर्मणा । मा त्वा समुद्र उद् वधीन्मा सुपर्णो अव्यथमाना पृथिवीं दृꣳह ॥ १६ ॥

ध्रुवा । असि । धरुणा । आस्तृतेत्याऽस्तृता । विश्वकर्मणेति विश्वऽकर्मणा । मा । त्वा । समुद्रः । उत् । वधीत् । मा । सुपर्ण इति सुऽपर्णः । अव्यथमाना । पृथिवीम् । दृꣳह ॥ १६ ॥

पदार्थः—(ध्रुवा) निष्कम्पा (असि) (धरुणा) विद्याधर्मधर्त्री (आस्तृता) वस्त्रालंकारशुभगुणैः सम्यगाच्छादिता (विश्वकर्मणा)

विश्वानि समग्राणि धर्म्यकर्माणि यस्य पत्युस्तेन (मा) (त्वा) त्वाम् (समुद्रः) समुद्द्रवन्ति कामुका यस्मिन् व्यवहारे सः (उत्) (वधीत्) हन्यात् (मा) (सुपर्णः) शोभनानि पर्णानि पालितान्यङ्गानि यस्य सः (अव्यथमाना) पीडामप्राप्ता (पृथिवीम्) स्वराज्यभूमिम् (दृंह) वर्धय ॥ १६ ॥

अन्वयः—हे राजपत्नि यतो विश्वकर्मणा पत्या सह वर्त्तमानाऽऽस्तृता धरुणा ध्रुवाऽसि साऽव्यथमाना सती त्वं पृथिवीमुद्दृंह त्वा समुद्रो मावधीत् सुपर्णश्च मा वधीत् ॥ १६ ॥

भावार्थः—यादृशीं राजनीतिविद्यां राजाऽधीतवान् भवेत् तादृशीमेव राज्ञ्यप्यधीतवती स्यात् । सदैवेमौ पतिव्रतास्त्रीव्रतौ भूत्वा न्यायेन पालनं कुर्य्याताम् । व्यभिचारकामव्यथारहितौ भूत्वा धर्मेण सन्तानानुत्पाद्य स्त्रीन्यायं स्त्री पुरुषन्यायं पुरुषश्च कुर्य्यात् ॥ १६ ॥

पदार्थः—हे राजा की स्त्री जिस कारण (विश्वकर्मणा) सब धर्मयुक्त काम करने वाले अपने पति के साथ वर्त्तती हुई (आस्तृता) वस्त्र आभूषण और श्रेष्ठ गुणों से ढपी हुई (धरुणा) विद्या और धर्म की धारणा करने हारी (ध्रुवा) निश्चल (असि) है सो तू (अव्यथमाना) पीड़ा से रहित हुई (पृथिवीम्) अपनी राज्यभूमि को (उद्दृंह) अच्छे प्रकार बढ़ा (त्वा) तुझ को (समुद्रः) जार लोगों का व्यवहार (मा) मत (वधीत्) सतावे और (सुपर्णः) सुन्दर रक्षा किये अवयवों से युक्त तेरा पति (मा) नहीं मारे ॥ १६ ॥

भावार्थः—जैसी राजनीति विद्या को राजा पढ़ा हो वैसी ही उस की राणी भी पढ़ी होनी चाहिये सदैव दोनों परस्पर पतिव्रता स्त्रीव्रत हो के न्यायसे पालन करें । व्यभिचार और काम की व्यथा से रहित हो कर धर्मानुकूल पुत्रों को उत्पन्न करके स्त्रियों का स्त्री राणी और पुरुषों का पुरुष राजा न्याय करे ॥ १६ ॥

प्रजापतिष्ट्वेत्यस्य विशिरा ऋषिः । प्रजापतिर्देवता ।
अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनः पतिस्तां कथं वर्त्तयेदित्याह ॥
फिर राजा अपनी राणी को कैसे वर्त्तावे यह० ॥

प्रजापतिष्ट्वा सादयत्वपां पृष्ठे संमुद्रस्येमन् ।
व्यचस्वतीं प्रथस्वतीं प्रथस्व पृथिव्यसि ॥ १७ ॥

प्रजापतिरिति प्रजाऽपतिः । त्वा । सादयतु ।
अपाम् । पृष्ठे । समुद्रस्य । एमन् । व्यचस्वतीम् ।
प्रथस्वतीम् । प्रथस्व । पृथिवी । असि ॥ १७ ॥

पदार्थः—(प्रजापतिः) प्रजायाः स्वामी (त्वा) त्वाम् (सादयतु) स्थापयतु (अपाम्) जलानाम् (पृष्ठे) उपरि (समुद्रस्य) सागरस्य (एमन्) प्राप्तव्ये स्थाने । अत्र सप्तम्या लुक् । अत्र एमन्नादिषु छन्दसि पररूपमिति वार्त्तिकेन पररूपम् (व्यचस्वतीम्) बहु व्यचो व्यञ्चनं विद्यागमनं सत्करणं वा विद्यते यस्यास्ताम् (प्रथस्वतीम्) प्रथाः प्रख्याता कीर्त्तिर्विद्यते यस्यास्ताम् (प्रथस्व) प्रख्याता भव (पृथिवी) भूमिरिव सुखप्रदा (असि) ॥ १७ ॥

अन्वयः—हे विदुषि प्रजापालिके राज्ञि यथा प्रजापतिः समुद्रस्यापामेमन् पृष्ठे नौकेव व्यचस्वतीं प्रथस्वतीं त्वा त्वां सादयतु यतस्त्वं पृथिव्यसि तस्मात् स्त्रीन्यायकरणे प्रथस्व तथा ते पतिर्भवेत् ॥ १७ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—राजपुरुषादयः स्वयं यस्मिन्

राजकर्मणि प्रवर्त्तेरँस्तस्मिन् स्वां स्वां स्त्रियं स्थापयेयुः। यः पुरुषः पुरुषाणां न्यायाधिकारे तिष्ठेत्तस्य स्त्री स्त्रीणां न्यायासने स्थिता भवेत् ॥ १७ ॥

पदार्थः—हे विदुषि स्त्रि जैसे (प्रजापतिः) प्रजा का स्वामी (समुद्रस्य) समुद्र के (अपाम्) जलों के (एमन्) प्राप्त होने योग्य स्थान के (पृष्ठे) ऊपर नौका के समान (व्यचस्वतीम्) बहुतविद्या की प्राप्ति और सत्कार से युक्त (प्रथस्वतीम्) प्रशंसित कीर्त्ति वाली (त्वा) तुझ को (सादयतु) स्थापन करे । जिस कारण तू (पृथिवी) भूमि के समान सुख देने वाली (असि) है इसलिये स्त्रियों के न्याय करने में (प्रथस्व) प्रसिद्ध हो वैसे तेरा पति पुरुषों का न्याय करे ॥१७॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—राजपुरुष आदि को चाहिये कि आप जिस २ राज कार्य्य में प्रवृत्त हों उस २ कार्य में अपनी २ स्त्रियों को भी स्थापन करें जो २ राजपुरुष जिन २ पुरुषों का न्याय करे उस २ की स्त्री स्त्रियों का न्याय किया करें ॥ १७ ॥

भूरसीत्यस्य त्रिशिरा ऋषिः । अग्निर्देवता ।
प्रस्तारपङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनः सा कीदृशी भवेदित्याह ॥

फिर वह राणी कैसी हो यह वि० ॥

भूर॑सि भूमि॑र॒स्यदि॑तिरसि वि॒श्वधा॑या वि॒श्व॑स्य॒ भुव॑नस्य ध॒र्त्री । पृ॒थि॒वीं य॑च्छ पृ॒थि॒वीं दृ॑ꣳह पृ॒थि॒वीं मा हि॑ꣳसीः ॥ १८ ॥

भूः । अ॒सि॒ । भूमि॑ः । अ॒सि॒ । अदि॑तिः । अ॒सि॒ । वि॒श्वधा॑या॒ इति॑ वि॒श्वऽधा॑याः । वि॒श्व॑स्य । भुव॑-

नस्य । धर्त्री । पृथिवीम् । यच्छ । पृथिवीम् । दृꣳह । पृथिवीम् । मा । हिꣳसीः ॥ १८ ॥

पदार्थः—(भूः) भवतीति भूः (असि) (भूमिः) पृथिवीवत् (असि) (अदितिः) अखण्डितैश्वर्य्यमन्तरिक्षमिवाक्षुब्धा (असि) (विश्वधायाः) या विश्वं सर्वं गृह्णाति गृहाश्रमी राजव्यवहारं दधाति सा (विश्वस्य) सर्वस्य (भुवनस्य) भवन्ति भूतानि यस्मिन्राज्ये तस्य (धर्त्री) धारिका (पृथिवीम्) (यच्छ) निगृहाण (पृथिवीम्) (दृंह) वर्धय (पृथिवीम्) (मा) (हिंसीः) हिंस्याः ॥ १८ ॥

अन्वयः—हे राजपत्नि यतस्त्वं भूरिवासि तस्मात् पृथिवीं यच्छ । यतस्त्वं विश्वधाया विश्वस्य भुवनस्य धर्त्री भूमिरिवासि तस्मात् पृथिवीं दृंह । यतस्त्वमदितिरिवासि तस्मात् पृथिवीं मा हिंसीः ॥ १८ ॥

भावार्थः—या राजकुलस्त्रियः पृथिव्यादिवद्धैर्यादिगुणयुक्ताः सन्ति ता एव राज्यं कर्त्तुमर्हन्ति ॥ १८ ॥

पदार्थः—हे राणी जिस से तू (भूः) भूमि के समान (असि) है इस कारण (पृथिवीम्) पृथिवी को (यच्छ) निरन्तर ग्रहण कर जिस लिये तू (विश्वधायाः) सब गृहाश्रम के और राजसम्बन्धी व्यवहारों और (विश्वस्य) सब (भुवनस्य) राज्य को (धर्त्री) धारण करने हारी (भूमिः) पृथिवी के समान (असि) है इस लिये (पृथिवीम्) पृथिवी को (दृंह) बढ़ा और जिस कारण तू (अदितिः) अखण्ड ऐश्वर्य्य वाले आकाश के समान क्षोभरहित (असि) है इस लिये (पृथिवीम्) भूमि को (मा) मत (हिंसीः) बिगाड़ ॥ १८ ॥

भावार्थः—जो राजकुल की स्त्री पृथिवी आदि के समान धीरज आदि गुणों से युक्त हो तो वेही राज्य करने के योग्य होती हैं ॥ १८ ॥

विश्वस्मा इत्यस्य त्रिशिरा ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिगति जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

पुनस्तौ परस्परं कथं वर्त्तेयातामित्याह ॥

फिर वे स्त्री पुरुष आपस में कैसे वर्त्तें यह विषय० ॥

विश्वस्मै प्राणायापानाय व्यानायोदानाय प्रतिष्ठायै चरित्राय । अग्निष्ट्वाभिपातु मह्या स्वस्त्या छर्दिषा शन्तमेन तया देवतयाङ्गिरस्वद् ध्रुवा सीद ॥ १९ ॥

विश्वस्मै । प्राणाय । अपानायेत्यपऽआनाय । व्यानायेति विऽआनाय । उदानयेत्युत् ऽआनाय । प्रतिष्ठायै । प्रतिस्थाया इतिप्रतिऽस्थायै । चरित्राय । अग्निः । त्वा । अभि । पातु । मह्या । स्वस्त्या । छर्दिषा । शन्तमेनेति शम्ऽतमेन । तया । देवतया । अङ्गिरस्वत् । ध्रुवा । सीद ॥ १९ ॥

पदार्थः—(विश्वस्मै) संपूर्णाय (प्राणाय) जीवनहेतवे (अपानाय) दुःखनिवारणाय (व्यानाय) विविधोत्तमव्यवहा-

(उदानाय) उत्कृष्टाय बलाय (प्रतिष्ठायै) सत्कृतये (चरित्राय) धर्माचरणाय (अग्निः) विज्ञानवान् पतिः (त्वा) त्वाम् (अभि) आभिमुख्यतया (पातु) रक्षतु (मह्या) महत्या (स्वस्त्या) प्रापकसुखक्रियया (छर्दिषा) प्रदीप्तेन (शन्तमेन) अत्यन्तसुख रूपेण कर्मणा (तया) (देवतया) विवाहितपतिरूपया सुखप्रदया (अङ्गिरस्वत्) कारणवत् (ध्रुवा) निश्चलस्वरूपा (सीद) अवस्थिता भव ॥ १९ ॥

अन्वयः—हे स्त्रि योऽग्निस्ते पतिर्मह्या स्वस्त्या शन्तमेनच्छर्दिषा विश्वस्मै प्राणायापानाय व्यानायोदानाय प्रतिष्ठायै चरित्राय यां त्वाभिपातु सा त्वं तया देवतया सहाऽङ्गिरस्वद् ध्रुवा सीद ॥ १९ ॥

भावार्थः—पुरुषाः स्वस्वस्त्रीणां सत्कारसुखाभ्यामव्यभिचारेण च प्रियाचरणं पालनादिकं च सततं कुर्युः स्त्रियोऽप्येवमेव न स्वस्त्रियं विहायान्यां पुरुषः स्वपुरुषं विहायान्यं स्त्री च संगच्छेत । एवं परस्परस्य प्रियाचरणावुभौ सदा वर्त्तेयाताम् ॥ १९ ॥

पदार्थः—हे स्त्रि जो (अग्निः) विज्ञानयुक्त तेरा पति (मह्या) बड़ी (स्वस्त्या) सुख प्राप्त कराने हारी क्रिया और (छर्दिषा) प्रकाशयुक्त (शन्तमेन) अत्यन्तसुखदायक कर्म के साथ (विश्वस्मै) सम्पूर्ण (प्राणाय) जीवन के हेतु प्राण (अपानाय) दुःखों की निवृत्ति (व्यानाय) अनेक प्रकार के उत्तम व्यवहारों की सिद्धि (उदानाय) उत्तम बल (प्रतिष्ठायै) सत्कार और (चरित्राय) धर्म का आचरण करने के लिये जिस (त्वा) तेरी (अभिपातु) सन्मुख होकर रक्षा करे सो तू (तया) उस (देवतया) दिव्यस्वरूप पति के साथ (आङ्गिरस्वत्) जैसे कार्य्य कारण का संबन्ध है वैसे (ध्रुवा) निश्चल हो के (सीद) प्रतिष्ठायुक्त हो ॥ १९ ॥

भावार्थः—पुरुषों को योग्य है कि अपनी २ स्त्रियों के सत्कार से सुख और

व्यभिचार से रहित होके प्रीतिपूर्वक आचरण और उन की रक्षा आदि निरन्तर करें और इसी प्रकार स्त्री लोग भी रहें। अपनी स्त्री को छोड़ अन्यस्त्री की इच्छा न पुरुष और न अपने पति को छोड़ दूसरे पुरुष का संग स्त्री करे। ऐसे ही आपस में प्रीतिपूर्वक ही दोनों सदा वर्त्तें ॥ १९ ॥

काण्डात्काण्डादित्यस्याऽग्निर्ऋषिः। पत्नी देवता।

अनुष्टुप्छन्दः। गान्धारः स्वरः ॥

पुनः सा कीदृशी भवेदित्याह ॥

फिर वह स्त्री कैसी हो इस विषय का उपदेश अगले मंत्र में किया है ॥

काण्डा॑त्काण्डात्प्र॒रोह॑न्ती॒ परु॑षः परुष॒स्परि॑। ए॒वा नो॑ दूर्वे॒ प्र त॑नु स॒हस्रे॑ण श॒तेन॑ च ॥२०॥

काण्डा॑त्काण्डा॒दिति॒ काण्डा॑त्ऽकाण्डात्। प्र॒रोह॒न्तीति॑ प्र॒ऽरोह॑न्ती। परु॑षः परुष॒ इति॒ परु॑षःऽपरुषः। परि॑। ए॒व। नः॒। दू॒र्वे॒। प्र। त॒नु॒। स॒हस्रे॑ण। श॒तेन॑। च॒ ॥ २० ॥

पदार्थः—(काण्डात्काण्डात्) ग्रन्थेर्ग्रन्थेः(प्ररोहन्ती) प्रकृष्टतया वर्द्धमाना (परुषः परुषः) मर्मणो मर्मणः (परि) सर्वतः (एवा) निपातस्य चेति दीर्घः (नः) अस्मान् (दूर्वे) दूर्वाव द्वर्त्तमाने (प्र) (तनु) विस्तृणुहि (सहस्रेण) असंख्यातेन (शतेन) अनेकैः (च) ॥ २० ॥

अन्वयः—हे स्त्रि त्वं यथा सहस्रेण शतेन च काण्डात्काण्डात्परुषः परुषस्परि प्ररोहन्ती दूर्वौषधी वर्त्तते तथैव नोऽस्मान् पुत्रपौत्रैश्वर्यादिभिः प्रतनु ॥ २० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा दूर्वौषधी रोगप्रणाशिका सुखवर्द्धिका सुविस्तीर्णा चिरं स्थात्री तथा सती विदुषी स्त्री कुलं शतधा सहस्रधा वर्धयेत् तथा पुरुषोपि प्रयतेत ॥ २० ॥

पदार्थः—हे स्त्रि तू जैसे (सहस्रेण) असंख्यात (च) और (शतेन) बहुत प्रकार के साथ (काण्डात्काण्डात्) सब अवयवों और (परुषः परुषः) गांठ २ से (परि) सब ओर से (प्ररोहन्ती) अत्यन्त बढ़ती हुई (दूर्वे) दूर्वा घास होती है वैसे (एव) ही (नः) हम को पुत्र पौत्र और ऐश्वर्य से (प्रतनु) विस्तृत कर ॥ २० ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जैसे दूर्वा औषधी रोगों का नाश और सुखों को बढ़ाने हारी सुन्दर विस्तार युक्त होती हुई बढ़ती है । वैसे ही विद्वान् स्त्री को चाहिये कि बहुत प्रकार से अपने कुल को बढ़ावे ॥ ३० ॥

या शतेनेत्यस्याग्निर्ऋषिः । पत्नी देवता । निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनः सा कीदृशी भवेदित्याह ॥

फिर वह कैसी हो यह वि० ॥

या शतेन प्रतनोषि सहस्रेण विरोहसि । तस्यास्ते देवीष्टके विधेम हविषा वयम् ॥ २१ ॥

या । शतेन । प्रतनोषीति प्रऽतनोषि । सहस्रेण । विरोहसीति विऽरोहसि । तस्याः । ते । देवि । इष्टके । विधेम । हविषा । वयम् ॥ २१ ॥

पदार्थः—(या) (शतेन) असंख्यातेन (प्रतनोषि) (सहस्रेण) असंख्यातेन (विरोहसि) विविधतया वर्धसे (तस्याः)

(ते) तव (देवि) देदीप्यमाने (इष्टके) इष्टकेव शुभैर्गुणैः सुशोभिते (विधेम) परिचरेम (हविषा) होतुमर्हेण (वयम्) ॥ २१ ॥

अन्वयः–हे इष्टके इष्टकावद्दृढाङ्गे देवि स्त्रि यथेष्टका शतेन प्रतनोति सहस्रेण विरोहति तथा या त्वमस्मान् शतेन प्रतनोषि सहस्रेण च विरोहसि तस्यास्ते तव हविषा वयं विधेम त्वां परिचरेम ॥ २१ ॥

भावार्थः–अत्र वाचकलु०–यथा शतशः सहस्राणीष्टका गृहाकारा भूत्वा सर्वान् सुखयन्ति तथैव याः साध्व्यः स्त्रियः पुत्रपौत्रभृत्यादिभिः सर्वानानन्दयेयुस्ताः पुरुषाः सततं सत्कुर्युर्नहि सत्पुरुषस्त्रीसमागमेन विना शुभगुणाढ्यान्यपत्यानि जायेरन् । एवंभूतैः सन्तानैर्विना मातापितॄणां कुतः सुखं जायेत ॥ २१ ॥

पदार्थः—हे (इष्टके) ईंट के समान दृढ़ अवयवों से युक्त शुभ गुणों से शोभायमान (देवि) प्रकाश युक्त स्त्री जैसे ईंट सैकड़ों संख्या से मकान आदि का विस्तार और हजारह से बहुत बढ़ा देती है वैसे (या) जो तू हम लोगों को (शतेन) सैकड़ों पुत्र पौत्रादि सम्पत्ति से (प्रतनोषि) विस्तार युक्त करती और (सहस्रेण) हजारह प्रकार के पदार्थों से (विरोहसि) विविध प्रकार बढ़ाती है (तस्याः) उस (ते) तेरी (हविषा) देने योग्य पदार्थों से (वयम्) हम लोग (विधेम) सेवा करें ॥ २१ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे सैकड़ों प्रकार से हजारह ईंटें घर रूप बन के सब प्राणियों को सुख देती हैं वैसे जो श्रेष्ठ स्त्री लोग पुत्र पौत्र ऐश्वर्य्य और भृत्य आदि से सब को आनन्द देवें उन का पुरुष लोग निरन्तर सत्कार करें क्यों कि श्रेष्ठ पुरुष और स्त्रियों के संग के विना शुभ गुणों से युक्त सन्तान कभी नहीं हो सकते । और ऐसे सन्तानों के विना माता पिता को सुख कब मिल सकता है ॥ २१ ॥

यास्त इत्यस्येन्द्राग्नी ऋषी । अग्निर्देवता ।

भुरिगनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनः सा कीदृशी भवेदित्युपदिश्यते ॥

फिर वह स्त्री कैसी हो वे यह वि० ॥

यास्ते अग्ने सूर्य्ये रुचो दिवमातन्वन्ति र-श्मिभिः । ताभिर्नो अद्य सर्वाभी रुचे जनाय नस्कृधि ॥ २२ ॥

याः । ते । अग्ने । सूर्य्ये । रुचः । दिवम् । आतन्वन्तीत्यातन्वन्ति । रश्मिभिरिति रश्मिऽभिः । ताभिः । नः । अद्य । सर्वाभिः । रुचे । जनाय । नः । कृधि ॥ २२ ॥

पदार्थः—(याः) (ते) तव (अग्ने) अग्निरिव वर्त्तमाने (सूर्य्ये) अर्के (रुचः) दीप्तयः (दिवम्) प्रकाशम् (आतन्वन्ति) समन्ताद्विस्तृणवन्ति (रश्मिभिः) किरणैः (ताभिः) रुचिभिः (नः) अस्मान् (अद्य) (सर्वाभिः) (रुचे) रुचिकारकाय (जनाय) प्रसिद्धाय (नः) अस्मान् (कृधि) कुरु । अत्र विकरणलुक् ॥ २२ ॥

अन्वयः—हे अग्ने विदुष्यध्यापिके स्त्रि यास्ते रुचयः सन्ति

ताभिः सर्वाभिर्नो यथा रुचः सूर्य्ये रश्मिभिर्दिवमातन्वन्ति तथा त्वमातनु अद्य रुचे जनाय नः प्रीतान् कृधि ॥ २२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा ब्रह्माण्डे सूर्यस्य दीप्तयः सर्वाणि वस्तूनि प्रकाश्य रोचयन्ति तथैव विदुष्यः साध्व्यः पतिव्रताः स्त्रियः सर्वाणि गृहकर्माणि प्रकाशयन्ति । यत्र स्त्रीपुरुषौ परस्परं प्रीतिमन्तौ स्यातां तत्र सर्वं कल्याणमेव ॥ २२ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) अग्नि के समान तेजधारिणी पढ़ाने हारी विद्वान् स्त्री (याः) जो (ते) तेरी रुचि हैं (ताभिः) उन (सर्वाभिः) सब रुचियों से युक्त (नः) हम को जैसे (रुचः) दीप्तियां (सूर्य्ये) सूर्य्य में (रश्मिभिः) किरणों से (दिवम्) प्रकाश को (आतन्वन्ति) अच्छे प्रकार विस्तार युक्त करती हैं वैसे तू भी अच्छे प्रकार विस्तृत सुख युक्त कर और (अद्य) आज (रुचे) रुचि कराने हारे (जनाय) प्रसिद्ध मनुष्य के लिये (नः) हम लोगों को प्रीति युक्त (कृधि) कर ॥२२॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जैसे ब्रह्माण्ड में सूर्य्य की दीप्ति सब वस्तुओं को प्रकाशित कर रुचि युक्त करती हैं वैसे ही विदुषी श्रेष्ठ पतिव्रता स्त्रियां घर के सब कार्यों का प्रकाश करती हैं । जिस कुल में स्त्री और पुरुष आपस में प्रीतियुक्त हों वहां सब विषयों में कल्याण ही होता है ॥ २२ ॥

या वो देवा इत्यस्येन्द्राग्नी ऋषी । बृहस्पतिर्देवता ।

अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

अथ स्त्रीपुरुषैः कथं विज्ञानं संपाद्यमित्याह ॥

अब स्त्री पुरुषों को विज्ञान की सिद्धि कैसे करनी चाहिये यह विषय० ॥

या वो॑ दे॒वाः सूर्य्ये॒ रुचो॒ गोष्वश्वे॑षु॒ या रुचः॑ ।

इन्द्रा॑ग्नी॒ ताभि॒ः सर्वा॑भी॒ रुचं॑ नो धत्त बृहस्पते ॥२३॥

याः । वः । देवाः सूर्ये । रुचः । गोषु । अश्वेषु । याः । रुचः । इन्द्राग्नी । ताभिः । सर्वाभिः । रुचम् । नः । धत्त । बृहस्पते ॥ २३ ॥

पदार्थः—(याः) (वः) युष्माकम् (देवाः) विद्वांसः (सूर्ये) सवितरि (रुचः) रुचयः (गोषु) धेनुषु (अश्वेषु) गवादिषु (याः) (रुचः) प्रीतयः (इन्द्राग्नी) विद्युत्सूर्य्यवदध्यापकापदेशकौ (ताभिः) (सर्वाभिः) (रुचम्) कामनाम् (नः) अस्माकं मध्ये (धत्त) (बृहस्पते) बृहतां विदुषां पालक ॥ २३ ॥

अन्वयः—हे देवा यूयं या वः सूर्ये रुचो या गोष्वश्वेषु रुचश्चेव रुचः सन्ति ताभिः सर्वाभीरुग्भिर्नो रुचमिन्द्राग्नी इव धत्त हे बृहस्पते परीक्षक भवानस्माकं परीक्षां कुरु ॥ २३ ॥

भावार्थः—यावन्मनुष्याणां विद्वत्सङ्ग ईश्वरेऽस्य सृष्टौ च रुचिः परीक्षा च न जायते तावद्विज्ञानं न वर्द्धते ॥ २३ ॥

पदार्थः—हे (देवाः) विद्वानो तुम सब लोग (याः) जो (वः) तुम्हारी (सूर्य्ये) सूर्य्य में (रुचः) रुचि और (याः) जो (गोषु) गौओं और (अश्वेषु) घोड़ों आदि में (रुचः) प्रीतियों के समान प्रीति हैं (ताभिः) उन (सर्वाभिः) सब रुचियों से (नः) हमारे बीच (रुचम्) कामना को (इन्द्राग्नी) बिजली और सूर्य्यवत् अध्यापक और उपदेशक जैसे धारण करें वैसे (धत्त) धारण करो हे (बृहस्पते) पक्षपात छोड़ के परीक्षा करने हारे पूर्णविद्यायुक्त आप (नः) हमारी परीक्षा कीजिये ॥ २३ ॥

भावार्थः—जबतक मनुष्य लोगों की विद्वानों के सङ्ग ईश्वर उसकी रचना में रुचि और परीक्षा नहीं होती तबतक विज्ञान कभी नहीं बढ़सकता ॥ २३ ॥

विराड्ज्योतिरित्यस्येन्द्राग्नी ऋषी । प्रजापतिर्देवता ।

निचृद्बृहतीछन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

दम्पती अन्योऽन्यं कथं वर्त्तेयातामित्याह ॥

स्त्री पुरुष आपस में कैसे वर्त्तें यह विषय अगले मंत्र में कहा है ॥

विराड्ज्योतिरधारयत्स्वराड्ज्योतिरधारयत् । प्रजापतिष्ट्वा सादयतु पृष्ठे पृथिव्या ज्योतिष्मतीम् विश्वस्मै प्राणायापानाय व्यानाय विश्वं ज्योतिर्यच्छ अग्निष्टेऽधिपतिस्तया देवतयाङ्गिरस्वद् ध्रुवासीद ॥ २४ ॥

विराडिति विऽराट् । ज्योतिः । अधारयत् । स्वराडिति स्वऽराट् । ज्योतिः । अधारयत् । प्रजापतिरिति प्रजाऽपतिः । त्वा । सादयतु । पृष्ठे । पृथिव्याः । ज्योतिष्मतीम् । विश्वस्मै । प्राणाय । अपानायेत्यपऽआनाय । व्यानायेति विऽआनाय । विश्वम् । ज्योतिः । यच्छ । अग्निः । ते । अधिपतिरित्यधिऽपतिः । तया । देवतया । अङ्गिरस्वत् । ध्रुवा । सीद ॥ २४ ॥

पदार्थः—(विराट्) या विविधासु राजते (ज्योतिः) विद्याप्रकाशम् (अधारयत्) धारयेत् (स्वराट्) सर्वेषु धर्माचरणेषु स्वयं राजते (ज्योतिः) विद्युदादिप्रकाशम् (अधारयत्) (प्रजापतिः) प्रजायाः पालकः (त्वा) त्वाम् (सादयतु) संस्थापयतु (पृष्ठे) तले (पृथिव्याः) भूमेः (ज्योतिष्मतीम्) प्रशस्तं ज्योतिर्विद्याविज्ञानं विद्यते यस्यास्ताम् (विश्वस्मै) अखिलाय (प्राणाय) प्राणिति सुखं येन तस्मै (अपानाय) अपानिति दुःखं येन तस्मै (व्यानाय) व्यानिति सर्वान् शुभगुणकर्मस्वभावान् येन तस्मै (विश्वम्) समग्रम् (ज्योतिः) विज्ञानम्(यच्छ) गृहाण (अग्निः) विज्ञानवान् (ते) तव (अधिपतिः) स्वामी (तया) (देवतया) दिव्यया (अङ्गिरस्वत्) सूत्रात्मवत्(ध्रुवा) निष्कम्पा (सीद) स्थिरा भव ॥ २४ ॥

अन्वयः—या विराट् स्त्री ज्योतिरधारयत् सा सचाऽखिलं सुखं प्राप्नुयात् । हे स्त्रि योऽग्निस्तेऽधिपतिरस्ति तया देवतया सह त्वमङ्गिरस्वद् ध्रुवा सीद । हे पुरुष याऽग्निस्तवाऽधिपत्न्यस्ति तया देवतया सह त्वमङ्गिरस्वद् ध्रुवः सीद । हे स्त्रि यः प्रजापतिः पृथिव्याः पृष्ठे विश्वस्मै प्राणायापानाय व्यानाय ज्योतिष्मतीं विद्युतामिव त्वा सादयतु सा त्वं विश्वं ज्योतिर्यच्छैतस्मा एनं पतिं त्वं सादय॥२४॥

भावार्थः—ये स्त्रीपुरुषाः सत्संगविद्याभ्यासाभ्यां विद्युदादिपदार्थविद्यां वर्द्धयन्ते त इह सुखिनो भवन्ति । पतिः स्त्रियं सदा सत्कुर्यात् स्त्री पतिञ्च कुर्य्यात् । एवं परस्परं प्रीत्या सहैव सुखं भुञ्जाताम् ॥ २४ ॥

पदार्थः—जो (विराट्) अनेक प्रकार की विद्याओं में प्रकाशमान स्त्री (ज्योतिः) विद्या की उन्नति को (अधारयत्) धारण करे करावे जो (स्वराट्) सब धर्म्मयुक्त व्यवहारों में शुद्धाचारी पुरुष (ज्योतिः) बिजुली आदि के प्रकाश को

(अधारयत्) धारण करे करावे वे दोनों स्त्री पुरुष संपूर्ण सुखों को प्राप्त होवें। हे स्त्रि जो (अग्निः) अग्नि के समान तेजस्वी विज्ञानयुक्त (ते) तेरा (अधिपतिः) स्वामी है (तया) उस (देवतया) सुन्दर देवस्वरूप पति के साथ तू (अङ्गिरस्वत्) सूत्रात्मा वायु के समान (ध्रुवा) दृढ़ता से (सीद) हो। हे पुरुष जो अग्नि के समान तेजधारिणी तेरी रक्षा के करने हारी स्त्री है उस देवी के साथ तू प्राणों के समान प्रीति पूर्वक निश्चय करके स्थित हो। हे स्त्रि (प्रजापतिः) प्रजा का रक्षक तेरा पति (पृथिव्याः) भूमि के (पृष्ठे) ऊपर (विश्वस्मै) सब (प्राणाय) सुख की चेष्टा के हेतु (अपानाय) दुःख हटाने के साधन (व्यानाय) सब सुन्दर गुण कर्म और स्वभावों के प्रचार के हेतु प्राण विद्या के लिये जिस (ज्योतिष्मतीम्) प्रशंसित विद्या के ज्ञान से युक्त (त्वा) तुझ को (सादयतु) उत्तम अधिकार पर स्थापित करे सो तू (विश्वम्) समग्र (ज्योतिः) विज्ञान को (यच्छ) ग्रहण कर और इस विज्ञान की प्राप्ति के लिये अपने पति को स्थिर कर ॥ २४ ॥

भावार्थः—जो स्त्री पुरुष सत्संग और विद्या के अभ्यास से विद्युत् आदि पदार्थ विद्या और प्रीति को नित्य बढ़ाते हैं वे इस संसार में सुख भोगते हैं। पति स्त्री का और स्त्री पति का सदा सत्कार करे इस प्रकार आपस में प्रीतिपूर्वक मिल के ही सुख भोगें ॥ २४ ॥

मधुश्चेत्यस्येन्द्राग्नी ऋषी। ऋतवो देवताः। पूर्वस्य भुरिगतिजगती छन्दः। निषादः स्वरः॥
ये अग्नय इत्युत्तरस्य भुरिग्ब्राह्मी बृहती छन्दः।
मध्यमः स्वरः॥

अथ वसन्तर्तुवर्णनमाह ॥

अब अगले मंत्र में वसन्त ऋतु का वर्णन किया है ॥

मधुश्च माधवश्च वासन्तिकावृतूऽअग्नेरन्तःश्लेषोऽसि कल्पेतां द्यावापृथिवी कल्पन्तामापऽओषधयः कल्पन्तामग्नयः पृथङ् मम ज्यैष्ठ्याय सव्रताः। ये अग्नयः समनसोऽन्तरा द्यावापृथिवी इमे वासं-

न्तिकावृतू अभि कल्पमाना इन्द्रमिव देवा अभि-
संविशन्तु तया देवतयाङ्गिरस्वद् ध्रुवे सीदतम्॥२५॥

मधुः । च । माधवः । च । वासन्तिकौ । ऋतू
इत्यृतू । अग्नेः । अन्तःश्लेषइत्यन्तःऽश्लेषः । अ-
सि । कल्पेताम् । द्यावापृथिवी इति द्यावापृथिवी
कल्पन्ताम् । आपः । ओषधयः । कल्पन्ताम् ।
अग्नयः । पृथक् । मम । ज्यैष्ठ्याय । सव्रता इति
सऽव्रताः । ये । अग्नयः । समनस इति सऽमनसः ।
अन्तरा । द्यावापृथिवी इति द्यावापृथिवी । इमे
इतीमे । वासन्तिकौ । ऋतू इत्यृतू । अभिकल्प-
माना इत्यभिऽ कल्पमानाः । इन्द्रमिवेतीन्द्रम्ऽ-
इव । देवाः । अभि संविशन्त्वित्यभिऽसंविशन्तु ।
तया । देवतया । अङ्गिरस्वत् । ध्रुवे इति ध्रुवे
सीदतम् ॥ २५ ॥

पदार्थः—(मधुः) मधुरसुगन्धयुक्तश्चैत्रः (च) (माधवः) मधुरादिफलनिमित्तो वैशाखः (च) (वासन्तिकौ) वसन्ते भवौ (ऋतू) सर्वान् प्रापकौ (अग्नेः) उष्णत्वनिमित्तस्य (अन्तःश्लेषः) आभ्यन्तरे सम्बन्धः (असि) भवति । अत्र व्यत्ययः (कल्पेताम्) समर्थयतः

(द्यावापृथिवी) सूर्यभूमी (कल्पन्ताम्) समर्थयन्तु (आपः) जलानि (ओषधयः) यवादयः सोमादयश्च (कल्पन्ताम्) (अग्नयः) पावकाः (पृथक्) (मम) (ज्यैष्ठ्याय) ज्येष्ठे मासि भवाय व्यवहाराय मम वृद्धत्वाय वा (सव्रताः) व्रतैः सत्यैर्व्यवहारैः सह वर्त्तमानाः (ये) (अग्नयः) पावक इव कालविदो विद्वांसः (समनसः) (समानविज्ञानाः (अन्तरा) मध्ये (द्यावापृथिवी) प्रकाशान्तरिक्षे (इमे) प्रत्यक्षे (वासन्तिकौ) (ऋतू) (अभिकल्पमानाः) आभिमुख्येन समर्थयन्तः (इन्द्रमिव) यथापरमैश्वर्य्यम् (देवाः) (अभिसंविशन्तु) (तया) (देवतया) परमपूज्यया परमेश्वराख्यया (अङ्गिरस्वत्) प्राणवत् (ध्रुवे) निश्चिते दृढे (सीदतम्) भवेताम्। अत्र पुरुषव्यत्ययः ॥२५॥

अन्वयः—यथा मम ज्यैष्ठ्याय यावग्नेरुत्पद्यमानौ ययोरन्तः श्लेषोऽसि भवति तौ मधुश्च माधवश्च वासंतिकावृतू सुखाय कल्पेतां याभ्यां द्यावापृथिवी चापः कल्पन्ताम् पृथगोषधयः कल्पन्ता मग्नयश्च। हे सव्रताः समनसो देवा वासन्तिकावृतू येऽत्रान्तराग्नयश्च सन्ति तांश्चाभिकल्पमानाः सन्तो भवन्त इन्द्रमिवाभिसंविशन्तु यथेमे द्यावापृथिवी तया देवतया सहाङ्गिरस्वद् ध्रुवे वर्त्तेते तथा युवां स्त्रीपुरुषौ निश्चलौ सीदतम् ॥ २५ ॥

भावार्थः--हे मनुष्या यूयं यस्मिन् वसन्ततौं श्लेष्मोत्पद्यते यस्मिन् तीव्रप्रकाशः पृथिवी शुष्का आपो मध्यस्था ओषधयो नूतनपुष्पपत्रान्विता अग्निज्वाला इव भवन्ति तं युक्त्या सेवित्वा पुरुषार्थेन सर्वाणि सुखान्याप्नुत। यथा विद्वांसः परमप्रयत्नेनान्वृतुसुखायैश्वर्य्यमुन्नयन्ति तथैव प्रयतध्वम् ॥ २५ ॥

पदार्थः—जैसे (मम) मेरे (ज्यैष्ठ्याय) ज्येष्ठ महीने में हुए व्यवहार वा मेरी श्रेष्ठता के लिये जो (अग्नेः) गरमीके निमित्त अग्नि से उत्पन्न होने वाले जिन के (अन्तःश्लेषः) भीतर बहुत प्रकार के वायु का सम्बन्ध (असि) होता है वे (मधुः) मधुरसुगंधयुक्त चैत्र (च) और (माधवः) मधुर आदि गुण का निमित्त वैशाख (च) इन के सम्बन्धी पदार्थ युक्त (वासंतिकौ) वसन्त महीनों में हुए (ऋतू) सब को सुखप्राप्ति के साधन ऋतु सुख के लिये (कल्पेताम्) समर्थ होवें जिन चैत्र और वैशाख महीनों के आश्रय से (द्यावापृथिवी) सूर्य और भूमि (आपः) जल भी भोग में (कल्पन्ताम्) आनन्ददायक हों (पृथक्) भिन्न २ (ओषधयः) जौ आदि वा सोम लता आदि ओषधि और (अग्नयः) बिजुली आदि अग्नि भी (कल्पन्ताम्) कार्य्यसाधक हों हे (सव्रताः) निरन्तर वर्त्तमान सत्यभाषणादि व्रतों से युक्त (समनसः) विज्ञान वाले (देवाः) विद्वान् (ये) जो लोग (वासन्तिकौ) (ऋतू) वसन्तऋतु में हुए चैत्र वैशाख और पूर्वक से (अन्तरा) बीच में हुए (अग्नयः) अग्नि हैं उन को (अभिकल्पमानाः) सन्मुख होकर कार्य में युक्त करते हुए आप लोग (इन्द्रमिव) जैसे उत्तम ऐश्वर्य्य प्राप्त हों वैसे (अभिसंविशन्तु) सब ओर से प्रवेश करो जैसे (इमे) ये (द्यावापृथिवी) प्रकाश और भूमि (तया) उस (देवतया) परमपूज्य परमेश्वररूप देवता के सामर्थ्य के साथ (अङ्गिरस्वत्) प्राण के समान (ध्रुवे) दृढ़ता से वर्त्तते हैं वैसे तुम दोनों स्त्री पुरुष सदा संयुक्त (सीदतम्) स्थिर रहो ॥ २५ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो तुम को चाहिये कि जिस वसन्त ऋतु में फल फूल उत्पन्न होता है और जिस में तीव्र प्रकाश रूखी पृथिवी जल मध्यम ओषधियां फल और फूलों से युक्त और अग्नि की ज्वाला भिन्न २ होती हैं उस को युक्ति पूर्वक सेवन कर पुरुषार्थ से सब सुखों को प्राप्त होओ जैसे विद्वान् लोग अत्यन्त प्रयत्नके साथ सब ऋतुओं में सुख के लिये सम्पत्ति को बढ़ाते हैं वैसा तुम भी प्रयत्नकरो ॥ २५ ॥

अषाढासीत्यस्य सविता ऋषिः । क्षत्रपतिर्देवता ।
निचृदनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
पुनः सा कीदृशी भवेदित्याह ॥
फिर वह कैसी हो यह वि०

अषाढासि सहमाना सहस्वारातीः सहस्व पृतनायतः । सहस्रवीर्य्यासि सा मा जिन्व ॥ २६ ॥

अषाढा । असि । सहमाना । सहस्व । अरातीः सहस्व । पृतनायत इति पृतनाऽयतः । सहस्रवीर्य्येति सहस्रऽवीर्य्या । असि । सा । मा । जिन्व ॥ २६ ॥

पदार्थः—(अषाढा) शत्रुभिरसह्यमाना (असि) (सहमाना) पत्यादीन् सोढुमर्हा (सहस्व) (अरातीः) शत्रून् (सहस्व) (पृतनायतः) आत्मनः पृतनां सेनामिच्छतः (सहस्रवीर्य्या) असंख्यातपराक्रमा (असि) (सा) (मा) माम् (जिन्व) प्रीणीहि ॥ २६ ॥

अन्वयः—हे पत्नि या त्वमषाढासि सा त्वं सहमाना सती पतिं मां सहस्व । या त्वं सहस्रवीर्य्याऽसि सा त्वं पृतनायतोऽरातीः सहस्व यथाहं त्वां प्रीणामि पतिं तथा मा च जिन्व ॥ २६ ॥

भावार्थः—या कृतदीर्घब्रह्मचर्य्यबलिष्ठा जितेन्द्रिया वसन्ताद्यृतुकृत्यविचक्षणापत्यपराधक्षमाकारिणी शत्रुनिवारिकोत्तमपराक्रमा स्त्री नित्यं स्वस्वामिनं प्रीणाति तां पतिरपि नित्यमानन्दयेत् ॥ २६ ॥

पदार्थः—हे पत्नी जो तू (अषाढा) शत्रु के असहने योग्य (असि) है तू (सहमाना) पति आदि का सहन करती हुई अपने के उपदेश का (सहस्व) सहन कर जो तू (सहस्रवीर्य्या) असंख्यात प्रकार के पराक्रमों से युक्त (असि) है (सा) सो तू (पृतनायतः) अपने आप सेना से युद्ध की इच्छा करते हुए (अरातीः) शत्रुओं को (सहस्व) सहन कर और जैसे मैं तुझ को प्रसन्न रखता हूं वैसे (मा) मुझ पति को (जिन्व) तृप्त किया कर ॥ २६ ॥

भावार्थः—जो बहुत काल तक ब्रह्मचर्य्याश्रम से सेवन की हुई अत्यन्त बलवान् जितेन्द्रिय वसन्त आदि ऋतुओं के पृथक् २ काम जानने पति के अपराध क्षमा और शत्रुओं का निवारण करने वाली उत्तम पराक्रम से युक्त स्त्री अपने स्वामि पति को तृप्त करती है उसी को पति भी नित्य आनन्दित करता ही है ॥ २६ ॥

मधुवाता इत्यस्य गोतम ऋषिः । विश्वेदेवा देवताः ।

निचृद्गायत्रीछन्दः । षड्जः स्वरः ॥

अथ वसन्तर्त्तोर्गुणान्तरानाह ॥

आगे के मंत्र में वसन्त ऋतु के अन्य गुणों का वर्णन किया है ॥

मधुवाता ऋतायते मधु क्षरन्ति सिन्धवः । माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः ॥ २७ ॥

मधु । वाताः । ऋतायते । ऋतयत इत्यृतऽयते । मधु । क्षरन्ति । सिन्धवः । माध्वीः । नः । सन्तु । ओषधीः ॥ २७ ॥

पदार्थः—(मधु) मधुरं यथा स्यात्तथा (वाताः) वायवः (ऋतायते) ऋतमुदकमिवाचरन्ति । अत्र वचनव्यत्ययेन बहुवचनस्थान एकवचनम् । ऋतमित्युदकनामसु पठितम् । निघं० १ । १२ । न छन्दस्यपुत्रस्येतीत्वाभावः । अन्येषामपीति दीर्घः (मधु) (क्षरन्ति) वर्षन्ति (सिन्धवः) नद्यः समुद्रा वा । सिन्धव इति नदीनाम० निघं० १ । १३ (माध्वीः) माध्व्यो मधुरगुणयुक्ताः । अत्र ऋत्व्यवास्त्वय० इति मधुशब्दादणि यणादेशनिपातः (नः) अस्मभ्यम् (सन्तु) (ओषधीः) ओषधयः ॥ २७ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा वाता वसन्ते नो मधु ऋतायते सिन्धवो मधु क्षरन्ति ओषधीर्नो माध्वीः सन्तु तथा वयमनु तिष्ठेम ॥२७॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यदा वसन्त आगच्छति तदा पुष्पादिसुगन्धयुक्ता वायवादयः पदार्था भवन्ति तस्मिन् भ्रमणं पथ्यं वर्त्तत इति वेद्यम् ॥ २७ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे वसन्त ऋतु में (नः) हम लोगों के लिये (वातः) वायु (मधु) मधुरता के साथ (ऋतायते) जल के समान चलते हैं (सिन्धवः) नदियां वा समुद्र (मधु) कोमलता पूर्वक (क्षरन्ति) वर्षते हैं और (ओषधीः) ओषधियां (माध्वीः) मधुर रस के गुणों से युक्त (सन्तु) होवें वैसा प्रयत्न हम किया करें ॥ २७ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जब वसन्त ऋतु आता है तब पुष्प आदि के सुगन्धों से युक्त वायु आदि पदार्थ होते हैं उस ऋतु में घूमना डोलना पथ्य होता है ऐसा निश्चित जानना चाहिये ॥ २७ ॥

मधुनक्तमित्यस्य गोतम ऋषिः । विश्वे देवा देवताः ।
गायत्रीछन्दः । षड्जः स्वरः ॥
पुनः स एव विषय उपदिश्यते ॥
फिर भी वही विषय अगले मंत्र में कहा है ॥

मधु नक्तमुतोषसो मधुमत्पार्थिवꣳ रजः । मधु द्यौरस्तु नः पिता ॥ २८ ॥

मधु । नक्तम् । उत । उषसः । मधुमदिति मधुऽमत् । पार्थिवम् । रजः । मधु । द्यौः । अस्तु । नः । पिता ॥ २८ ॥

पदार्थः—(मधु) (नक्तम्) रात्रिः (उत) अपि (उषसः) प्रातर्मुखानि दिनानि (मधुमत्) मधुरगुणयुक्तम् (पार्थिवम्) पृथिव्या विकारः (रजः) द्व्यणुकादिरेणु (मधु) (द्यौः) प्रकाशः (अस्तु) (नः) अस्मभ्यम् (पिता) पालकः ॥२८॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा वसन्ते नक्तं मधूताप्युषसो मधु पार्थिवं रजो मधुमद् द्यौर्मधु पिता नोऽस्तु तथा यूयमप्येतं युक्त्या सेवध्वम् ॥ २८ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—प्राप्ते वसन्ते पक्षिणोऽपि मधुरं स्वनन्ति । हर्षिताः प्राणिनश्च जायन्ते ॥ २८ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे वसन्त ऋतु में (नक्तम्) रात्रि (मधु) कोमलता से युक्त (उत) और (उषसः) प्रातःकाल से ले कर दिन मधुर (पार्थिवम्) पृथिवी का (रजः) द्व्यणुक वा त्रसरेणु आदि (मधुमत्) मधुरगुणों से युक्त और (द्यौः) प्रकाश भी (मधु) मधुरतायुक्त (पिता) रक्षा करने हारे के समान समय (नः) हमारे लिये (अस्तु) होवे वैसे युक्ति से उस वसन्त ऋतु का सेवन तुम भी किया करो ॥ २८ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जब वसन्त ऋतु आता है तब पक्षी भी कोमल मधुर २ शब्द बोलते और अन्य सब प्राणी आनन्दित होते हैं ॥ २८ ॥

मधुमानित्यस्य गोतम ऋषिः । विश्वे देवा देवताः ।

निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

अथ वसन्ते जनैः किमाचरणीयमित्याह ॥

अब वसन्त ऋतु में मनुष्यों को कैसा आचरण करना चाहिये इस वि० ॥

मधु॑मान्नो॒ वन॒स्पति॒र्मधु॑माँ २ ॥ अस्तु॒ सूर्य्यः॑ । माध्वी॒र्गावो॑ भवन्तु नः ॥ २९ ॥

मधुमानिति मधुऽमान् । नः । वनस्पतिः ।
मधुमानिति मधुऽमान् । अस्तु । सूर्यः । माध्वीः ।
गावः । भवन्तु । नः ॥ २९ ॥

पदार्थः—(मधुमान्) प्रशस्ता मधवो गुणा विद्यन्ते यस्मिन् सः (नः) अस्मभ्यम् (वनस्पतिः) अश्वत्थादिः (मधुमान्) प्रशस्तो मधुः प्रतापो विद्यते यस्य सः (अस्तु) भवतु (सूर्य्यः) सविता (माध्वीः) मधुरा गुणा विद्यन्ते यासु ताः (गावः) धेनव इव किरणाः (भवन्तु) (नः) अस्मभ्यम् ॥ २९ ॥

अन्वयः—हे विद्वांसो यथा वसन्ते नो वनस्पतिर्मधुमान् सूर्य्यश्च मधुमानस्तु । नो गावो माध्वीर्भवन्तु तथोपदिशत ॥ २९ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या यूयं वसन्तमृतुं प्राप्य यादृग्द्रव्यहोमेन वनस्पत्यादयो मधुरादिगुणाः स्युः तादृशं यज्ञमाचरतेत्थं वासन्तिकं सुखं सर्वे यूयं प्राप्नुत ॥ २९ ॥

पदार्थः—हे विद्वान् लोगो जैसे वसन्त ऋतु में (नः) हमारे लिये (वनस्पतिः) पीपल आदि वनस्पति (मधुमान्) प्रशंसित कोमल गुणों वाले और (सूर्य्यः) सूर्य्य भी (मधुमान्) प्रशंसित कोमलतापयुक्त (अस्तु) होवे और (नः) हमारे लिये (गावः) गौओं के समान (माध्वीः) कोमल गुणों वाली किरणें (भवन्तु) हों वैसा ही उपदेश करो ॥ २९ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो तुम लोग वसन्त ऋतु को प्राप्त होकर जिस प्रकार के पदार्थों के होम से वनस्पति आदि कोमल गुणयुक्त हों ऐसे यज्ञ का अनुष्ठान करो और इस प्रकार वसन्त ऋतु के सुख को सब जने तुम लोग प्राप्त होओ ॥ २९ ॥

अपामित्यस्य गोतमऋषिः । प्रजापतिर्देवता ।

आर्षीपङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी वही वि० ॥

अपां गम्भन्त्सीद॒ मा त्वा सूर्यो॑ऽभिताप्सी॒न्मा-
ऽग्निर्वैश्वान॒रः । अच्छिन्नपत्राः प्र॒जा अनुवीक्ष॒-
स्वानु॑त्वा दि॒व्या वृष्टिः सचताम् ॥ ३० ॥

अपाम् । गम्भन् । सी॒द॒ । मा । त्वा॒ । सूर्यः ।
अ॒भि । ता॒प्सी॒त् । मा । अ॒ग्निः । वै॒श्वा॒न॒रः ।
अच्छिन्नपत्रा इत्यच्छिन्नऽपत्राः । प्र॒जा इति॑ प्र॒ऽ-
जाः । अ॒नु॒वी॒क्ष॒स्वेत्य॑नु॒ऽवीक्ष॑स्व । अनु॑ । त्वा॒ ।
दि॒व्या । वृष्टिः । स॒च॒ताम् ॥ ३० ॥

पदार्थः—(अपाम्) जलानाम् (गम्भन्) गम्भनि धारके मेघे अत्र गमधातोरौणादिको बाहुलकाद् भनिः प्रत्ययः । सप्तम्या लुक् च (सीद) आस्व (मा) (त्वा) (सूर्यः) मार्तण्डः (अभि) (ताप्सीत्) तपेत् (मा) (अग्निः) (वैश्वानरः) विश्वेषु नरेषु राजमानः (अच्छिन्नपत्राः) अच्छिन्नानि पत्राणि यासां ताः (प्रजाः) (अनुवीक्षस्व) आनुकूल्येन विशेषतः सं-प्रेक्षस्व (अनु) (त्वा) त्वाम् (दिव्या) शुद्धगुणसम्पन्ना (वृष्टिः) (सचताम्) समवैतु ॥ ३० ॥

अन्वयः—हे मनुष्य त्वं वसन्तेऽपां गम्भन्निव सीद यतः सूर्य्यस्त्वामाऽभितापसीत् । वैश्वानरोऽग्निस्त्वामाभितापसीदच्छिन्नपत्राः प्रजा अनु त्वा दिव्या वृष्टिः सचतां तथा त्वमनुवीक्षस्व ॥३०॥

भावार्थः—वसन्तग्रीष्मयोर्मध्ये मनुष्या जलाशयस्थं शीतलं स्थानं संसेवन्ताम् । येन तापाऽभितप्ता न स्युः येन यज्ञेन पुष्कला वृष्टिः स्यात् प्रजानन्दश्च तं सेवध्वम् ॥ ३० ॥

पदार्थः—हे मनुष्य तू वसन्त ऋतु में (अपाम्) जलों के (गम्भन्) आधार कर्त्ता मेघ में (सीद) स्थिर हो जिस से (सूर्य्यः) सूर्य्य (त्वा) मुझ को (मा) न (अभितापसीत्) तपावे (वैश्वानरः) सब मनुष्यों में प्रकाशमान (अग्निः) अग्नि बिजुली (त्वा) तुझ को (मा) न (अभितापसीत्) तप्त करे (अच्छिन्नपत्राः) सुन्दर पूर्ण अवयवों वाली (प्रजाः) प्रजा (अनुत्वा) तेरे अनुकूल और (दिव्या) शुद्ध गुणों से युक्त (वृष्टिः) वर्षा (सचताम्) प्राप्त होवे वैसे (अनुवीक्षस्व) अनुकूलता से विशेष करके विचार कर ॥ ३० ॥

भावार्थः—मनुष्य वसन्त और ग्रीष्म ऋतु के बीच जलाशयस्थ शीतल स्थान का सेवन करें जिस से गर्मी से दुःखित न हों और जिस यज्ञ से वर्षा भी ठीक २ हो और प्रजा आनन्दित हो उस का सेवन करो ॥ ३० ॥

त्रींस्समुद्रानित्यस्य गोतम ऋषिः । वरुणो देवता ।
त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ जनैस्तत्र सुखप्राप्तये किमाचरणीयमित्याह ॥

अब मनुष्यों को उस वसन्त में सुखप्राप्ति के लिये क्या करना चाहिये
यह विषय अगले मन्त्र में कहा है ॥

त्रीन्त्स॑मु॒द्रान्त्सम॑सृपत्स्व॒र्गान॒पांपति॑र्वृष॒भ इष्ट॑कानाम् । पुरी॑षं॒ वसा॑नः सुकृ॒तस्य॑ लो॒के तत्र॑ गच्छ॒ यत्र॒ पूर्वे॒ परे॑ताः ॥ ३१ ॥

त्रीन् । समुद्रान् । सम् । असृपत् । स्वर्गानिति स्वःऽगान् । अपाम् । पतिः । वृषभः । इष्टकानाम् । पुरीषम् । वसानः । सुकृतस्येति सुऽकृतस्य । लोके । तत्र । गच्छ । यत्र । पूर्वे । परेता इति पराऽइताः ॥ ३१ ॥

पदार्थः—(त्रीन्) अधोमध्योर्ध्वस्थान् (समुद्रान्) समुद्द्रवन्ति पदार्था येषु तान् भूतभविष्यद्वर्त्तमानान् समयान् (सम्) (असृपत्) सर्पति (स्वर्गान्) स्वःसुखं गच्छन्ति प्राप्नुवन्ति येभ्यस्तान् (अपाम्) प्राणानाम् (पतिः) रक्षकः (वृषभः) वर्षकः श्रेष्ठो वा (इष्टकानाम्) इज्यन्ते संगम्यन्ते कामा यैः पदार्थैस्तेषाम् (पुरीषम्) पूर्णसुखकरमुदकम् (वसानः) वासयन् (सुकृतस्य) सुष्ठु कृतो धर्मो येन तस्य (लोके) द्रष्टव्ये स्थाने (तत्र) (गच्छ) धर्म्ये मार्गे (पूर्वे) प्राक्तना जनाः (परेताः) सुखं प्राप्ताः ॥ ३१ ॥

अन्वयः—हे विद्वंस्त्वं यथाऽपांपतिर्वृषभः पुरीषं वसानः सन्निष्टकानां त्रीन् समुद्रांल्लोकान् स्वर्गान् समसृपत् । संसर्पति तथा सर्प यत्र सुकृतस्य लोके मार्गे पूर्वे परेतास्तत्र त्वमपि गच्छ॥३१॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—मनुष्यैर्धार्मिकाणां मार्गेण गच्छद्भिः शारीरिकवाचिकमानसानि त्रिविधानि सुखानि प्राप्तव्यानि । यत्र कामा अलं स्युस्तत्र प्रयतितव्यं यथा वसन्तादय ऋत-

वः क्रमेण वर्त्तित्वा स्थानि २ लिंगान्यभिपद्यन्ते तथर्त्वनुकूलान् व्यवहारान् कृत्वाऽऽनन्दयितव्यम् ॥ ३१ ॥

पदार्थः—हे विद्वान् पुरुष जैसे (अपाम्) प्राणों का (पतिः) रक्षकः (वृषभः) वर्षा का हेतु (पुरीषम्) पूर्णसुखकारक जल को (वसानः) धारण करता हुआ सूर्य (इष्टकानाम्) कामनाओं की प्राप्ति के हेतु पदार्थों के आधार रूप (त्रीन्) ऊपर नीचे और मध्य में रहने वाले तीन प्रकार के (समुद्रान्) सब पदार्थों के स्थान भूत भविष्यत् और वर्त्तमान (स्वर्गान्) सुख प्राप्त कराने हारे लोकों को (समसृपत्) प्राप्त होता है वैसे आप भी प्राप्त हूजिये (यत्र) जिस धर्म युक्त वसन्त के मार्ग में (सुकृतस्य) सुन्दर धर्म करने हारे पुरुष के (लोके) देखने योग्य स्थान वा मार्ग में (पूर्वे) प्राचीन लोग (परेताः) सुख को प्राप्त हुए (तत्र) उसी वसन्त के सेवनरूप मार्ग में आप भी (गच्छ) चलिये ॥ ३१ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—मनुष्यों को चाहिये कि धर्मात्माओं के मार्ग से चलते हुए शारीर वाचिक और मानस तीनों प्रकार के सुखों को प्राप्त होवें। और जिस में कामना पूरी हों वैसा प्रयत्न करें। जैसे वसन्त आदि ऋतु अपने क्रम से वर्त्तते हुए अपने २ चिन्ह प्राप्त करते हैं वैसे ऋतुओं के अनुकूल व्यवहार के आनन्द को प्राप्त होवें ॥ ३१ ॥

महीद्यौरित्यस्य गोतम ऋषिः । द्यावापृथिव्यौ देवते ।
निचृद् गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

मातापितृभ्यां स्वसंतानाः कथं शिक्ष्या इत्याह ॥
माता पिता अपने सन्तानों को कैसी शिक्षा करें इस वि० ॥

मही द्यौः पृथिवी च न इमं यज्ञं मिमिक्षताम्। पिपृतां नो भरीमभिः ॥ ३२ ॥

मही । द्यौः । पृथिवी । च । नः । इमम् । यज्ञम् । मिमिक्षताम् । पिपृताम् । नः । भरीमभिरिति भरीमऽभिः ॥ ३२ ॥

पदार्थः—(मही) महती (द्यौः) सूर्यः (पृथिवी) भूमिः (च) (नः) अस्माकम् (इमम्) (यज्ञम्) सङ्गन्तव्यं गृहाश्रमव्यवहारम् (मिमिक्षताम्) सेक्तुमिच्छेताम् (पिपृताम्) पालयतम् (नः) अस्मान् (भरीमभिः) धारणपोषणाद्यैः कर्मभिः ॥ ३२ ॥

अन्वयः—हे मातापितरौ यथा मही द्यौः पृथिवी च सर्वं सिञ्चतः पालयतस्तथा युवां न इमं यज्ञं मिमिक्षताम् भरीमभिर्नः पिपृताम् ॥ ३२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा भूमिसूर्यौ सर्वेषां धारणं प्रकाशं पालनञ्च कुरुतस्तथा मातापितरः स्वसन्तानेभ्योऽन्नं विद्यादानं सुशिक्षां च कृत्वा पूर्णान् विदुषः पुरुषार्थिनः संपादयेयुः ॥ ३२ ॥

पदार्थः—हे मातापिता जैसे (मही) बड़ा (द्यौः) सूर्य्यलोक (च) और (पृथिवी) भूमि सब संसार को सींचते और पालन करते हैं वैसे तुम दोनों (नः) हमारे (इमम्) इस (यज्ञम्) सेवने योग्य विद्याग्रहणरूप व्यवहार को (मिमिक्षताम्) सेचन अर्थात् पूर्ण होने की इच्छा करो और (भरीमभिः) धारण पोषण आदि कर्मों से (नः) हमारा (पिपृताम्) पालन करो ॥ ३२ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे वसन्त ऋतु में पृथिवी और सूर्य्य सब संसार का धारण प्रकाश और पालन करते हैं वैसे माता पिता को चाहिये कि अपने सन्तानों के लिये वसन्तादि ऋतुओं में अन्न विद्यादान और अच्छी शिक्षा करके पूर्ण विद्वान् पुरुषार्थी करें ॥ ३२ ॥

विष्णोः कर्माणीत्यस्य गोतम ऋषिः । विष्णुर्देवता ।
निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

विद्वद्वदितरैर्जनैराचरणीयमित्याह ॥

विद्वानों के तुल्य अन्य मनुष्यों को आचरण करना चाहिये इसी वि० ॥

विष्णोः कर्माणि पश्यत यतो व्रतानि पस्पशे ।
इन्द्रस्य युज्यः सखा ॥ ३३ ॥

विष्णोः । कर्माणि । पश्यत । यतः । व्रतानि ।
पस्पशे । इन्द्रस्य । युज्यः । सखा ॥ ३३ ॥

पदार्थः—(विष्णोः) व्यापकेश्वरस्य (कर्माणि) जगत्सृष्टिपालनप्रलयकरणन्यायादीनि (पश्यत) संप्रेक्षध्वम् (यतः) (व्रतानि) नियतानि सत्यभाषणादीनि (पस्पशे) स्पृशति (इन्द्रस्य) परमैश्वर्यमिच्छुकस्य जीवस्य युक्तस्य (युज्यः) उपयुक्तानन्दप्रदः (सखा) मित्र इव वर्त्तमानः ॥ ३३ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या य इन्द्रस्य जीवस्य युज्यः सखास्ति यतोऽयं विष्णोः कर्माणि व्रतानि च पस्पशे तस्मादेतस्यैतानि यूयमपि पश्यत ॥ ३३ ॥

भावार्थः—यथा परमेश्वरस्य सुहृदुपासको धार्मिको विद्वानस्य गुणकर्मस्वभावक्रमानुसाराणि सृष्टिक्रमाणि कुर्याज्जानीयात् तथैवेतरे मनुष्याः कुर्युर्जानीयुश्च ॥ ३३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जो (इन्द्रस्य) परमैश्वर्य्य की इच्छा करनेहारे जीव का (युज्यः) उपासना करने योग्य (सखा) मित्र के समान वर्त्तमान है (यतः) जिस के प्रताप से यह जीव (विष्णोः) व्यापक ईश्वर के (कर्माणि) जगत् की रचना पालन प्रलय करने और न्याय आदि कर्मों और (व्रतानि) सत्यभाषणादि नियमों को (पस्पशे) स्पर्श करता है इस लिये इस परमात्मा के इन कर्मों और व्रतों को तुम लोग भी (पश्यत) देखो धारण करो ॥ ३३ ॥

भावार्थः—जैसे परमेश्वर का मित्र उपासक धर्मात्मा विद्वान्पुरुष परमात्मा के गुण कर्म और स्वभावों के अनुसार सृष्टि के क्रमों के अनुकूल आचरण करे और जाने वैसे ही अन्य मनुष्य करें और जानें ॥ ३३ ॥

ध्रुवासीत्यस्य गोतम ऋषिः । जातवेदा देवता ।
भुरिक्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
विद्वत्स्त्रीभिरप्युपदेष्टव्यमित्याह ॥
विद्वान् पुरुषों के समान विद्वान् स्त्रियां भी उपदेश करें यह वि० ॥

ध्रुवासि धरुणेतो जज्ञे प्रथममेभ्यो योनिभ्यो अधि जातवेदाः । स गायत्र्या त्रिष्टुभाऽनुष्टुभा च देवेभ्यो हव्यं वहतु प्रजानन् ॥ ३४ ॥

ध्रुवा । असि । धरुणा । इतः । जज्ञे । प्रथमम् । एभ्यः । योनिभ्य इति योनिऽभ्यः । अधि । जातवेदा इति जातऽवेदाः । सः । गायत्र्या । त्रिष्टुभा । त्रिस्तुभेति त्रिऽस्तुभा । अनुष्टुभा । अनुस्तुभेत्यनुऽस्तुभा । च । देवेभ्यः । हव्यम् । वहतु । प्रजानन्निति प्रऽजानन् ॥ ३४ ॥

पदार्थः -(ध्रुवा) (स्थिरा) (असि) (धरुणा) धर्त्री (इतः) कर्मणः (जज्ञे) प्रादुर्भवति (प्रथमम्) आदिमं कार्यम् (एभ्यः) (योनिभ्यः) कारणेभ्यः (अधि) (जातवेदाः) यो जातेषु विद्यते सः (सः) (गायत्र्या) गायत्रीनिष्पादितया विद्यया (त्रिष्टुभा) (अनुष्टुभा) (च) (देवेभ्यः) दिव्यगुणेभ्यो विद्वद्भ्यो वा (हव्यम्) होतुमादातुमर्हं विज्ञानम् (वहतु) प्राप्नोतु (प्रजानन्) प्रकृष्टतया जानन् ॥ ३४ ॥

अन्वयः—हे स्त्रि यथा त्वं धरुणा ध्रुवासि यथैभ्यो योनिभ्यः

स जातवेदाः प्रथममधिजज्ञे तथेतोऽधिजायस्व । यथा स तव पतिर्गायत्र्या त्रिष्टुभानुष्टुभा च प्रजानन् देवेभ्यो हव्यं वहतु तथैतया प्रजानन्ती ब्रह्मचारिणी कन्या भवन्तीभ्यः स्त्रीभ्यो विज्ञानं प्राप्नोतु॥३४॥

भावार्थः—मनुष्या जगदीश्वरस्य सृष्टिक्रमनिमित्तानि विदित्वा विद्वांसो भूत्वा यथा पुरुषेभ्यः शास्त्रोपदेशान् कुर्वन्ति तथैव स्त्रियोऽप्येतानि विदित्वा स्त्रीभ्यो वेदार्थनिष्कर्षोपदेशान् कुर्वन्तु ॥ ३४ ॥

पदार्थः—हे स्त्रि जैसे तू (धरुणा) शुभगुणों का धारण करने हारी (ध्रुवा) स्थिर (असि) है जैसे (एभ्यः) इन (योनिभ्यः) कारणों से (सः) वह (जातवेदाः) प्रसिद्ध पदार्थों में विद्यमान वायु (प्रथमम्) पहिले (अधिजज्ञे) अधिकता से प्रकट होता है वैसे (इतः) इस कर्म के अनुष्ठान से सर्वोपरि प्रसिद्ध हूजिये जैसे तेरा पति (गायत्र्या) गायत्री (त्रिष्टुभा) त्रिष्टुप् (च) और (अनुष्टुभा) अनुष्टुप् मन्त्र से सिद्ध हुई विद्या से (प्रजानन्) बुद्धिमान् होकर (देवेभ्यः) अच्छे गुण वा विद्वानों से (हव्यम्) देने लेने योग्य विज्ञान (वहतु) प्राप्त होवे वैसे इस विद्या से बुद्धिमती होके आप स्त्री लोगों से ब्रह्मचारिणी कन्या विज्ञान को प्राप्त होवें ॥ ३४ ॥

भावार्थः—मनुष्य जगत् में ईश्वर की सृष्टि के कामों के निमित्तों को जान विद्वान् होकर जैसे पुरुषों को शास्त्रों का उपदेश करते हैं वैसे ही स्त्रियों को भी चाहिये कि इन सृष्टिक्रम के निमित्तों को जान के स्त्रियों को वेदार्थसारोपदेशों को करें ॥३४॥

इषे राय इत्यस्य गोतम ऋषिः । जातवेदा देवता ।
निचृद्बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

अथ जायापती उद्वाहं कृत्वा कथं वर्त्तेयातामित्याह ॥
अब स्त्री पुरुष विवाह करके कैसे वर्त्तें इस वि० ॥

इषे राये रमस्व सहसे द्युम्न ऊर्जे अपत्याय । सम्राडसि स्वराडसि सारस्वतौ त्वोत्सौ प्रावताम् ॥ ३५ ॥

इषे। राये। रमस्व। सहसे। द्युम्ने। ऊर्जे। अपत्याय। सम्राडिति। सम्ऽराट्। असि। स्वराडिति। स्वराट्। असि। सारस्वतौ। त्वा। उत्सौ। प्र। अवताम् ॥ ३५ ॥

पदार्थः—(इषे) विज्ञानाय (राये) श्रिये (रमस्व) क्रीडस्व (सहसे) बलाय (द्युम्ने) यशसेऽन्नाय वा द्युम्नं द्योततेर्यशो वाऽन्नं वा। निरु० ५। ५। (ऊर्जे) पराक्रमाय (अपत्याय) संतानाय (सम्राट्) यः सम्यग्राजते सः (असि) (स्वराट्) या स्वयं राजते सा (असि) (सारस्वतौ) सरस्वत्यां वेदवाचि कुशलावुपदेशकोपदेष्ट्र्यौ (त्वा) त्वाम् (उत्सौ) कूपोदकमिवार्द्रीभूतौ (प्र) (अवताम्) रक्षणादिकं कुरुताम् ॥ ३५ ॥

अन्वयः—हे पुरुष यस्त्वं सम्राडसि हे स्त्रि या त्वं स्वराडसि स त्वं चेषेराये सहसे द्युम्न ऊर्जेऽपत्याय रमस्व। उत्साविव सारस्वतौ सन्तावेतानि प्रावतामिति त्वां पुरुषं स्त्रियं चोपदिशामि ॥ ३५ ॥

भावार्थः—कृतविवाहौ स्त्रीपुरुषौ परस्परं प्रीत्या विद्वांसौ सन्तौ वसन्ते पुरुषार्थेन श्रीमन्तौ सद्गुणौ परस्परस्य रक्षां कुर्वन्तौ धर्मेणापत्यान्युत्पाद्यास्मिन् संसारे नित्यं क्रीडेताम् ॥ ३५ ॥

पदार्थः—हे पुरुष जो तू (सम्राट्) विद्यादिशुभगुणों से स्वयं प्रकाशमान (असि) है। हे स्त्रि जो तू (स्वराट्) अपने आप विज्ञान सत्याचार से शोभायमान (असि) है सो तुम दोनों (इषे) विज्ञान (राये) धन (सहसे) बल (द्युम्ने) यश और अन्न (ऊर्जे) पराक्रम और (अपत्याय) सन्तानों की प्राप्ति के लिये (रमस्व) यत्न करो तथा (उत्सौ) कूपोदक के समान कोमलता को प्राप्त होकर

सारस्वतौ) वेदवाणी के उपदेश में कुशल होके तुम दोनों स्त्री पुरुष इन स्वशरीर और अन्नादि पदार्थों की (प्रावताम्) रक्षा आदि करो यह (त्वा) तुम को उपदेश देताहूं ॥३५॥

भावार्थः—विवाह कर के स्त्री पुरुष दोनों आपस में प्रीति के साथ विद्वान् हो कर पुरुषार्थ से धनवान् श्रेष्ठगुणों से युक्त होके एक दूसरे की रक्षा करते हुए धर्म्मानुकूलता से वर्त्त के सन्तानों को उत्पन्न कर इस संसार में नित्य क्रीड़ा करें ॥३५॥

अग्नेयुक्ष्वेत्यस्य भरद्वाज ऋषिः । अग्निर्देवता ।
निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

अथ शत्रुविजयःकथं कर्त्तव्य इत्याह ॥
अब शत्रुओं को कैसे जीतना चाहिये यह वि० ॥

अग्ने युक्ष्वाहि ये तवाश्वासो देव साधवः । अरं वहन्ति मन्यवे ॥ ३६ ॥

अग्ने । युक्ष्व । हि । ये । तव । अश्वासः । देव । साधवः । अरम् । वहन्ति । मन्यवे ॥ ३६ ॥

पदार्थः—(अग्ने) विद्वन् (युक्ष्व) अत्र द्व्यचोऽतस्तिङ इति दीर्घः । विकरणस्य लुक् च (हि) खलु (तव) (अश्वासः) सुशिक्षितास्तुरङ्गाः (देव) दिव्यविद्यायुक्त (साधवः) अभीष्टं साध्नुवन्तः (अरम्) अलम् (वहन्ति) रथादीनि यानानि प्रापयन्ति (मन्यवे) शत्रूणामुपरिक्रोधाय ॥ ३६ ॥

अन्वयः—हे देवाऽग्ने ये तव साधवोऽश्वासो मन्यवेऽरं वहन्ति तान् हि त्वं युक्ष्व ॥ ३६ ॥

भावार्थः—राजमनुष्यैर्वसन्ते प्रथममश्वान् सुशिक्ष्य सारथींश्च रथेषु नियोज्य शत्रुविजयाय गन्तव्यम् ॥ ३६ ॥

पदार्थः—हे (देव) श्रेष्ठविद्या वाले (अग्ने) तेजस्वी विद्वान् (ये) जो (तव) आप के (साधवः) अभीष्ट साधने वाले (अश्वासः) शिक्षित घोड़े (मन्यवे) शत्रुओं के ऊपर क्रोध के लिये (अरम्) सामर्थ्य के साथ (वहन्ति) रथ आदि यानों को पहुंचाते हैं उन को (हि) निश्चय कर के (युङ्क्ष्व) संयुक्त कीजिये ॥ ३६ ॥

भावार्थः—राजादिमनुष्यों को चाहिये कि वसन्त ऋतु में पहिले घोड़ों को शिक्षा दे और रथियों को रथों पर नियुक्त कर के शत्रुओं के जीतने के लिये यात्रा करें ॥ ३६ ॥

युक्ष्वाहीत्यस्य विरूप ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

अथ राजपुरुषकृत्यमाह ॥

अब राजपुरुषों को क्या करना चाहिये यह वि० ॥

युक्ष्वा हि देवहूतमाँ२॥ अश्वाँ२॥ अग्ने रथीरिव । नि होता पूर्व्यः सदः ॥ ३७ ॥

युक्ष्व । हि । देवहूतमानिति देवऽहूतमान् । अश्वान् । अग्ने । रथीरिवेति रथीःऽइव । नि । होता । पूर्व्यः । सदः ॥ ३७ ॥

पदार्थः—(युक्ष्व) अत्रापि दीर्घः (हि) किल (देवहूतमान्) देवैर्विद्वद्भिः स्पर्द्धितान् (अश्वान्) (अग्ने) (रथीरिव) यथा शत्रुभिः सह बहुरथादिसेनाङ्गवान् योद्धा युध्यति तथा (नि) नितराम् (होता) दाता (पूर्व्यः) पूर्वैर्विद्वद्भिः कृतशिक्षः (सदः) सीद । अत्र लडर्थे लङ् अडभावः ॥ ३७ ॥

अन्वयः—हे अग्ने पूर्व्यो होता त्वं देवहूतमानश्वान् रथीरिव युक्ष्व हि न्यायासने निषदः ॥ ३७ ॥

भावार्थः—सेनापत्यादिराजपुरुषैर्महारथिवदश्वादीनि सेनाङ्गानि कार्य्येषु संयोजनीयानि । सभापत्यादयो न्यायासने स्थित्वा धर्म्यं न्यायमाचरन्तु ॥ ३७ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वान् पुरुष (पूर्व्यः) पूर्व विद्वानों से शिक्षा को प्राप्त (होता) दानशील आप (देवहूतमान्) विद्वानों से स्पर्द्धा वा शिक्षा किये (अश्वान्) घोड़ों को (रथीरिव) शत्रुओं के साथ बहुत रथादि सेना अंगयुक्त योद्धा के समान (युक्ष्व) युक्त कीजिये (हि) निश्चय करके न्यायासन पर (निषदः) निरन्तर स्थित हूजिये ॥ ३७ ॥

भावार्थः—सेनापति आदि राजपुरुषों को चाहिये कि बड़े सेना के अंगयुक्त रथ वाले के समान घोड़े आदि सेना के अवयवों को कार्यों में संयुक्त करें। और सभापति आदि को चाहिये कि न्यायासन पर बैठ कर धर्मयुक्त न्याय किया करें ॥३७॥

सम्यक्स्रवन्तीत्यस्य विरूप ऋषिः । अग्निर्देवता ।

त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

मनुष्यैः किं भूत्वा वाग्धार्य्येत्याह ॥

मनुष्यों को कैसे होके वाणी धारण करनी चाहिये यह वि० ॥

सम्यक्स्रवन्ति सरितो न धेना अन्तर्हृदा मनसा पूयमानाः । घृतस्य धारा अभि चाकशीमि हिरण्ययो वेतसो मध्ये अग्नेः ॥ ३८ ॥

सम्यक् । स्रवन्ति । सरितः । न । धेनाः । अन्तः । हृदा । मनसा । पूयमानाः । घृतस्य । धाराः । अभि । चाकशीमि । हिरण्ययः । वेतसः । मध्ये । अग्नेः ॥ ३८ ॥

पदार्थः—(सम्यक्)(स्रवन्ति) गच्छन्ति (सरितः) नद्यः सरित इति नदीनाम० निघं० १ । १३ (न) इव (धेनाः) वाचः । धेना इति वाङ्नाम० निघं० १ । ११ (अन्तः) आभ्यन्तरे (हृदा) हृदयेन (मनसा) विज्ञानवता चित्तेन (पूयमानाः) पवित्राः (घृतस्य) उदकस्य (धाराः) (अभि) आभिमुख्ये (चाकशीमि) भृशं प्राप्नोमि (हिरण्ययः) यशस्वी (वेतसः) वेगवत्यः । अत्र वीधातोर्बाहुलकादौणादिकस्तसिः प्रत्ययः (मध्ये) (अग्नेः) विद्युतः ॥ ३८ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथाऽग्नेर्मध्ये हिरण्ययइव वर्त्तमानोहं या घृतस्य वेतसो धाराः सरितो नान्तर्हृदा मनसा पूयमाना धेनाः सम्यक् स्रवन्ति ता अभिचाकशीमि तथा यूयमप्येताः प्राप्नुत ॥ ३८ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—मनुष्यैर्यथा समं विषमं चलन्त्यः शुद्धाः सत्यो नद्यः समुद्रं प्राप्य स्थिरत्वं प्राप्नुवन्ति तथैव विद्यासुशिक्षाधर्मैः पवित्रीभूता वाण्यो निश्चलाः प्राप्तव्याः प्रापयितव्याश्च ॥ ३८ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे (अग्नेः) बिजुली के (मध्ये) बीच में वर्त्तमान (हिरण्ययः) तेजोभाग के समान तेजस्वी कीर्त्ति चाहने और विद्या की इच्छा रखने वाला मैं जो (घृतस्य) जल की (वेतसः) वेगवाली (धाराः) प्रवाहरूप

(सरितः) नदियों के (न) समान (अन्तः) भीतर (हृदा) अन्तःकरण के (मनसा) विज्ञान रूप वाले चित्त से (पूयमानाः) पवित्र हुई (घेनाः) वाणी (सम्यक्) अच्छे प्रकार (स्रवन्ति) चलती हैं उन को (अभिचाकशीमि) सन्मुख होकर सब के लिये शीघ्र प्रकाशित करता हूं वैसे तुम लोग भी इन वाणियों को प्राप्त होओ ॥ ३८ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—मनुष्यों को योग्य है कि जैसे अधिक वा कम चलती शुद्ध हुई नदियां समुद्र को प्राप्त हो कर स्थिर होती हैं वैसेही विद्या शिक्षा और धर्म से पवित्र हुई निश्चल वाणी को प्राप्त होकर अन्यों को प्राप्त करावें॥३८॥

ऋचे त्वेत्यस्य विरूपऋषिः । अग्निर्देवता । निचृद्बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

विद्वद्भ्य इतरैरपि विज्ञानं प्राप्यमित्याह ॥

विद्वानों से अन्य मनुष्यों को भी ज्ञान लेना चाहिये इस वि० ॥

ऋचे त्वा रुचे त्वा भासे त्वा ज्योतिषे त्वा । अभूदिदं विश्वस्य भुवनस्य वाजिनमग्नेर्वैश्वानरस्य च ॥ ३९ ॥

ऋचे । त्वा । रुचे । त्वा । भासे । त्वा । ज्योतिषे । त्वा । अभूत् । इदम् । विश्वस्य । भुवनस्य । वाजिनम् । अग्नेः । वैश्वानरस्य । च ॥३९॥

पदार्थः—(ऋचे) स्तुतये (त्वा) त्वाम् (रुचे) प्रीतये (त्वा) (भासे) विज्ञानाय (त्वा) (ज्योतिषे) न्यायप्रकाशाय (त्वा) (अभूत्) भवेत् (इदम्) (विश्वस्य) सर्वाधिकारस्य जगतः (वाजिनम्) वाजिनां विज्ञानवतामिदमवयवभूतं विज्ञानम् (अग्नेः) विद्युदाख्यस्य (वैश्वानरस्य) अखिलेषु नरेषु राजमानस्य (च) ॥ ३९ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् यस्य तव विश्वस्य भुवनस्य वैश्वानरस्याग्नेश्च वाजिनमिदं विज्ञानमभूत् जातं तमृचे त्वा रुचे त्वा भासे त्वा ज्योतिषे त्वा वयमाश्रयेम ॥ ३९ ॥

भावार्थः—यस्य मनुष्यस्य सर्वेषां जगत्पदार्थानां यथार्थो बोधः स्यात्तमेव सेवित्वा पदार्थविज्ञानं सर्वैर्मनुष्यैः प्राप्तव्यम् ॥३९॥

पदार्थः—हे विद्वान् पुरुष जिस तुझ को (विश्वस्य) समस्त (भुवनस्य) संसार के सब पदार्थों (च) और (वैश्वानरस्य) संपूर्ण मनुष्यों में शोभायमान (अग्नेः) बिजुली रूप (वाजिनम्) ज्ञानी लोगों का अवयव रूप (इदम्) यह विज्ञान (अभूत्) प्रसिद्ध हुआ है उस (ऋचे) स्तुति के लिये (त्वा) तुझ को (रुचे) प्रीति के वास्ते (त्वा) तुझ को (भासे) विज्ञान की प्राप्ति के अर्थ (त्वा) तुझ को और (ज्योतिषे) न्याय के प्रकाश के लिये भी (त्वा) तुझ को हम लोग आश्रय करते हैं ॥ ३९ ॥

भावार्थः—जिस मनुष्य को जगत् के पदार्थों का यथार्थ बोध होवे उसी के सेवन से सब मनुष्य पदार्थविद्या को प्राप्त होवें ॥ ३९ ॥

अग्निर्ज्योतिषेत्यस्य विरूप ऋषिः । अग्निर्देवता ।
निचृदुष्णिक्छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

पुनः स एव विषय उपदिश्यते ॥

फिर भी उक्त विषय का उपदेश अगले मन्त्र में किया है ॥

अग्निर्ज्योतिषा ज्योतिष्मान् रुक्मो वर्चसा वर्चस्वान् । सहस्रदा असि सहस्राय त्वा ॥ ४० ॥

अग्निः । ज्योतिषा । ज्योतिष्मान् । रुक्मः । वर्चसा । वर्चस्वान् । सहस्रदा इति सहस्रऽदाः । असि । सहस्राय । त्वा ॥ ४० ॥

पदार्थः—(अग्निः) पावकः (ज्योतिषा) दीप्त्या (ज्योति-

पदार्थः—हे स्त्रि जो तू (साधुया) श्रेष्ठ धर्म के साथ (उख्यस्य) बटलोई में पकाये अन्न की संबन्धी और (प्रथमम्) विस्तारयुक्त (केतुम्) बुद्धि को (जुषाणा) प्रीति से सेवन करती हुई (ध्रुवक्षितिः) निश्चल वास करने और (ध्रुवयोनिः) निश्चल घर में रहने वाली (ध्रुवा) दृढधर्म्म से युक्त (असि) है सो तू (ध्रुवम्) निश्चल (योनिम्) घर में (आसीद) स्थिर हो (त्वा) तुझ को (इह) इस गृहाश्रम में (अध्वर्यू) अपने लिये रक्षणीय गृहाश्रम आदि यज्ञ के चाहने हारे (अश्विना) सब विद्याओं में व्यापक अध्यापक और उपदेशक (सादयताम्) अच्छे प्रकार स्थापित करें ॥ १ ॥

भावार्थः—विद्वान् पढ़ाने और उपदेश करने हारी स्त्रियों को योग्य है कि कुमारी कन्याओं को ब्रह्मचर्य अवस्था में गृहाश्रम और धर्म्मशिक्षा दे के इन को श्रेष्ठ करें ॥ १ ॥

कुलायिनीत्यस्योशना ऋषिः । अश्विनौ देवते । ब्राह्मी बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनः स एव विषय उपदिश्यते ॥

फिर पूर्वोक्त विषय का अगले मन्त्र में उपदेश किया है ॥

कुलायिनी घृतवती पुरन्धिः स्योने सीद सदने पृथिव्याः । अभि त्वा रुद्रा वसवो गृणन्त्विमा ब्रह्म पीपिहि सौभगायाश्विनाध्वर्यू सादयतामिह त्वा ॥ २ ॥

कुलायिनी । घृतवतीति घृतऽवती । पुरन्धिरिति पुरम्ऽधिः । स्योने । सीद । सदने । पृथिव्याः । अभि । त्वा रुद्राः । वसवः । गृणन्तु । इमा । ब्रह्म । पीपिहि । सौभगाय । अश्विना । अध्वर्यू इत्यध्वर्यू । सादयताम् । इह । त्वा ॥ २ ॥

पदार्थः—(कुलायिनी) कुलं यदेति तत्कुलायं तत्प्रशस्तं विद्यते यस्याः सा (घृतवती) घृतं बहूदकमस्ति यस्याः सा (पुरन्धिः) या पुरूणि बहूनि सुखानि दधाति सा (स्योने) सुख-

कारिके (सीद) (सदने) गृहे (पृथिव्याः) भूमेः (अभि) (त्वा) त्वाम् (रुद्राः) मध्या विद्वांसः (वसवः) आदिमाविपश्चितः (गृणन्तु) प्रशंसन्तु (इमा) इमानि (ब्रह्म) विद्याधनम् (पीपिहि) प्राप्नुहि । अत्रापि गताविस्यस्माच्छपः श्लुः । तुजादित्वादभ्यासदीर्घश्च (सौभगाय) शोभनैश्वर्य्याणां भावाय (अश्विना) (अध्वर्यू) (सादयताम्) (इह) (त्वा) त्वाम् ॥ २ ॥

अन्वयः—हे स्योने यां त्वां वसवो रुद्राश्चेमा ब्रह्मदातॄन् गृहीतॄनभिगृणन्तु सा त्वं सौभगायैतानि पीपिहि । घृतवती पुरन्धिः कुलायिनी सती पृथिव्याः सदने सीद । अध्वर्यू अश्विना त्वेह सादयताम् ॥ २ ॥

भावार्थः—स्त्रियः साङ्गोपाङ्गागमैश्वर्यसुखभोगायस्वसदृशान् पतीनुपयम्य विद्यासुवर्णादि धनं प्राप्य सर्वर्त्तुसुखसाधकेषु गृहेषु निवसन्तु । विदुषां सङ्गं शास्त्राभ्यासं च सततं कुर्युः ॥ २ ॥

पदार्थः—हे (स्योने) सुख करने हारी जिस (त्वा) तुझ को (वसवः) प्रथम कोटि के विद्वान् और (रुद्राः) मध्य कक्षा के विद्वान् (इमा) इन (ब्रह्म) विद्या धनों के देने वाले गृहस्थों की (अभि) अभिमुख होकर (गृणन्तु) प्रशंसा करें सो तू (सौभगाय) सुन्दर संपत्ति होने के लिये इन विद्या धन को (पीपिहि) अच्छे प्रकार प्राप्त हो (घृतवती) बहुत जल और (पुरन्धिः) बहुत सुख धारण करने वाली (कुलायिनी) प्रशंसित कुल की प्राप्ति से युक्त हुई (पृथिव्याः) अपनी भूमि के (सदने) घर में (सीद) स्थित हो (अध्वर्यू) अपने लिये रक्षणीय गृहाश्रम आदि यज्ञ चाहने वाले (अश्विना) सब विद्याओं में व्यापक और उपदेशक पुरुष (त्वा) तुझ को (इह) इस गृहाश्रम में (सादयताम्) स्थापित करें ॥ २ ॥

भावार्थः—स्त्रियों को योग्य है कि साङ्गोपाङ्ग पूर्ण विद्या और धन ऐश्वर्य

का सुख भोगने के लिये अपने सदृश पतियों से विवाह करके विद्या और सुवर्ण आदि धन को पाके सब ऋतुओं में सुख देने हारे घरों में निवास करें तथा विद्वानों का संग और शास्त्रों का अभ्यास निरन्तर किया करें ॥ २ ॥

स्वैर्दक्षैरित्यस्योशना ऋषिः । अश्विनौ देवते । निचृद् ब्राह्मी बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी पूर्वोक्त विषय को ही अगले मन्त्र में कहा है ॥

स्वैर्दक्षैर्दक्षपितेह सीद देवानांᳬं सुम्ने बृहते रणाय । पितेवैधि सूनव आसुशेवा स्वावेशा तन्वा संविशस्व । अश्विनाध्वर्यू सादयतामिह त्वा ॥ ३ ॥

स्वैः । दक्षैः । दक्षपितेति दक्षऽपिता । इह । सीद । देवानाम् । सुम्ने । बृहते रणाय । पितेवेति पिताऽइव । एधि । सूनवे । आ । सुशेवेति सुऽशेवा । स्वावेशेति सुऽआवेशा । तन्वा । सम् । विशस्व । अश्विना । अध्वर्यू इत्यध्वर्यू । सादयताम् । इह । त्वा ॥ ३ ॥

पदार्थः—(स्वैः) स्वकीयैः (दक्षैः) बलैश्चतुरैर्भृत्यैर्वा (दक्षपिता) दक्षस्य बलस्यचतुराणां भृत्यानां वा पिता पालकः (इह) अस्मिन् लोके (सीद) (देवानाम्) धार्मिकाणां विदुषां मध्ये (सुम्ने) सुखे (बृहते) महते (रणाय) संग्रामाय (पितेव) (एधि) भव (सूनवे) अपत्याय (आ) (सुशेवा) सुष्ठु सुखा (स्वावेशा) सुष्ठु समन्ताद् वेशो यस्याः सा (तन्वा)

शरीरेण (सम्) एकीभावे (विशस्व) (अश्विना) (अध्वर्यू (सादयताम्) (इह) (त्वा) त्वाम् ॥ ३ ॥

अन्वयः— हे स्त्रि त्वं यथा स्वैर्दक्षैः सह वर्तमानो देवानां बृहते रणाय सुम्ने दक्षपिता विजयेन वर्धते तथेहैधि सुम्न आसीद पितेव सूनवे सुशेवा स्वावेशा सती तन्वा संविशस्व अध्वर्यू अश्विना त्वेह सादयताम् ॥ ३ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—स्त्रियो युद्धेपि पतिभिः सह तिष्ठेयुः स्वकीयभृत्य पुत्रपश्वादीन् पितरइवपालयेयुः। सदैवात्युत्तमैर्वस्त्रभूषणैः शरीराणिःसंसृज्य वर्तेरन्। विद्वांसश्चैवमेताःस दोपदिशेयुः स्त्रियोऽप्येतांश्च ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे स्त्रि तू जैसे (स्वैः) अपने (दक्षैः) बलों और भृत्यों के साथ वर्तता हुआ (देवानाम्) धर्म्मात्मा विद्वानों के मध्य में वर्तमान (बृहते) बड़े (रणाय) संग्राम के लिये (सुम्ने) सुख के विषय (दक्षपिता) बलों वा चतुर भृत्यों का पालन करने हारा हो के विजय से बढ़ता है वैसे (इह) इस लोक के मध्य में (एधि) बढ़ती रह (सुम्ने) सुख में (आसीद) स्थिर हो और (पितेव) जैसे पिता (सूनवे) अपने पुत्र के लिये सुन्दर सुख देता है वैसे (सुशेवा) सुन्दर सुख से युक्त (स्वावेशा) अच्छी प्रीति से सुन्दर शुद्ध शरीर वस्त्र अलंकार को धारण करती हुई अपने पति के साथ प्रवेश करने हारी हो के (तन्वा) शरीर के साथ प्रवेश कर और (अध्वर्यू) गृहाश्रमादि यज्ञ की अपने लिये इच्छा करने वाले (अश्विना) पढ़ाने और उपदेश करने हारे जन (त्वा) तुझ को (इह) इस गृहाश्रम में (सादयताम्) स्थित करें ॥ ३ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—स्त्रियों को चाहिये कि युद्ध में भी अपने पतियों के साथ स्थित रहैं। अपने नौकर पुत्र और पशु आदि की पिता के समान रक्षा करें। और नित्य ही वस्त्र और आभूषणों से अपने शरीरों को संयुक्त करके बर्तें। विद्वान् लोग भी इन को सदा उपदेश करें और स्त्री भी इन विद्वानों के लिये सदा उपदेश करें ॥ ३ ॥

पृथिव्याः पुरीषमित्यस्योशना ऋषिः । अश्विनौ देवते । स्वराड्ब्राह्मी बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी वही विषय अगले मन्त्र में कहा है ॥

पृथिव्याः पुरीषमस्यप्सो नाम तां त्वा विश्वे अभि गृणन्तु देवाः । स्तोमपृष्ठा घृतवतीह सीद प्रजावदस्मे द्रविणा यजस्व अश्विनाध्वर्यू सादयतामिह त्वा ॥ ४ ॥

पृथिव्याः । पुरीषम् । असि । अप्सः । नाम । ताम् । त्वा । विश्वे । अभि । गृणन्तु । देवाः । स्तोमपृष्ठेति स्तोमऽपृष्ठा । घृतवतीति घृतवती । इह । सीद । प्रजावदिति प्रजाऽवत् । अस्मे इत्यस्मे । द्रविणा । आ । यजस्व । अश्विना । अध्वर्यू इत्यध्वर्यू । सादयताम् । इह । त्वा ॥ ४ ॥

पदार्थः—(पृथिव्याः) (पुरीषम्) पालनम् (असि) (अप्सः) रूपम् (नाम) आख्याम् (ताम्) (त्वा) त्वाम् (विश्वे) सर्वे (अभि) (गृणन्तु) अर्चन्तु सत्कुर्वन्तु । गृणातीत्यर्चतिकर्मा० निघं० ३ । १४ (देवाः) विद्वांसः (स्तोमपृष्ठा)

स्तोमानां पृष्ठं ज्ञीप्सा यस्याः सा (घृतवती) प्रशस्तान्याज्यादीनि विद्यन्ते यस्याः सा (इह) गृहाश्रमे (सीद) वर्त्तस्व (प्रजावत्) प्रशस्ताः प्रजा भवन्ति यस्मात्तत् (अस्मे) अस्मभ्यम् (द्रविणा) धनानि । अत्र सुपां सुलुगित्याकारादेशः (आ) समन्तात् (यजस्व) देहि (अश्विना) (अध्वर्यू) (सादयताम्) (इह) सत्ये व्यवहारे (त्वा) त्वाम् ॥ ४ ॥

अन्वयः—हे स्त्रि या स्तोमपृष्ठा त्वमिह पृथिव्याः पुरीषमप्सो नाम च घृतवत्यसितां त्वा विश्वे देवा अभिगृणन्त्विह सीद त्वाऽध्वर्यू अश्विनेहासादयतां सा त्वमस्मे प्रजावद् द्रविणा यजस्व ॥ ४ ॥

भावार्थः—याः स्त्रियो गृहाश्रमविद्याक्रियाकौशलयोर्विदुष्यः स्युस्ता एव सर्वेभ्यः सुखानि दातुमर्हन्ति ॥ ४ ॥

पदार्थः—हे स्त्रि जो (स्तोमपृष्ठा) स्तुतियों को जानने की इच्छा युक्त तू (इह) इस गृहाश्रम में (पृथिव्याः) पृथिवी की (पुरीषम्) रक्षा (अप्सः) सुन्दररूप और (नाम) नाम और (घृतवती) बहुत घी आदि प्रशंसित पदार्थों से युक्त (असि) है (ताम्) उस (त्वा) तुझ को (विश्वे) सब (देवाः) विद्वान् लोग (अभिगृणन्तु) सत्कार करें (इह) इसी गृहाश्रम में (सीद) वर्त्तमान रह और जिस (त्वा) तुझ को (अध्वर्यू) अपने लिये रक्षणीय गृहाश्रमादि यज्ञ चाहने वाले (अश्विना) व्यापक बुद्धि पढ़ाने और उपदेश करने हारे (इह) इस गृहाश्रम में (सादयताम्) स्थित करें सो तू (अस्मे) हमारे लिये (प्रजावत्) प्रशंसित सन्तान होने का साधन (द्रविणा) धन (यजस्व) दे ॥ ४ ॥

भावार्थः—जो स्त्री गृहाश्रम की विद्या और क्रिया कौशल में विद्वान् हों वे ही सब प्राणियों को सुख दे सकती हैं ॥ ४ ॥

अदित्यास्त्वेत्यस्योशना ऋषिः । अश्विनौ देवते । स्वराड् ब्राह्मी बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमवे विषयमाह ॥

फिर भी पूर्वोक्त विषय ही अगले मन्त्र में कहा है ॥

अदित्यास्त्वा पृष्ठे सादयाम्यन्तरिक्षस्य धर्त्रीं विष्टम्भनीं दिशामधिपत्नीं भुवना नाम्। ऊर्मिर्द्रप्सो अपामसि विश्वकर्मा त ऋषिरश्विनाध्वर्यू सादयतामिह त्वा ॥ ५ ॥

अदित्याः । त्वा । पृष्ठे । सादयामि । अन्तरिक्षस्य । धर्त्रीम् । विष्टम्भनीम् । दिशाम् । अधिपत्नीमित्यधिऽपत्नीम् । भुवनानाम् । ऊर्मिः । द्रप्सः । अपाम् । असि । विश्वकर्मेति विश्वऽकर्मा । ते । ऋषिः । अश्विना । अध्वर्यू इत्यध्वर्यू । सादयताम् । इह । त्वा ॥ ५ ॥

पदार्थः—(आदित्याः) भूमेः (त्वा) त्वाम् (पृष्ठे) उपरि (सादयामि) स्थापयामि (अन्तरिक्षस्य) अन्तरक्षयविज्ञानस्य (धर्त्रीम्) (विष्टम्भनीम्) (दिशाम्) पूर्वादीनाम् (अधिपत्नीम्) अधिष्ठातृत्वेन पालयिकाम् (भुवनानाम्) भवन्ति भूतानि येषु तेषां गृहाणाम् (ऊर्मिः) तरङ्ग इव (द्रप्सः) हर्षः (अपाम्) जलानाम् (असि) (विश्वकर्मा) शुभाखि-

त्वकर्मा (ते) तव (ऋषिः) विज्ञापकः पतिः (अश्विना) (अ-ध्वर्यू) (सादयताम्) (इह) (त्वा) त्वाम् ॥ ५ ॥

अन्वयः—हे स्त्रि यस्ते विश्वकर्मर्षिः पतिरहमन्तरिक्षस्य धर्त्रीं दिशां विष्टम्भनीं भुवनानामधिपत्नीं सूर्य्यामिव त्वादित्याः पृष्ठे सादयामि योपामूर्मिरिव ते द्रप्स आनन्दस्तेन युक्तासि तां त्वेहाध्वर्यू अश्विना सादयताम् ॥ ५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—याः स्त्रियोऽक्षयसुखकारिण्यः प्रसिद्धदिक्कीर्त्तयो विद्वत्पतयः सदानन्दिताः सन्ति ता एव गृहाश्रमधर्मपालनोन्नतये प्रभवन्ति । मधुश्चेति मंत्रमारभ्यैतन्मंत्रपर्य्यन्तं वसन्तर्त्तुगुणव्याख्यानं प्राधान्येन कृतमिति ज्ञेयम् ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे स्त्रि जो (ते) तेरा (विश्वकर्मा) सब शुभ कर्मों से युक्त (ऋषिः) विज्ञान दाता पति मैं (अन्तरिक्षस्य) अन्तःकरण के नाश रहित विज्ञान को (धर्त्रीम्) धारण करने (दिशाम्) पूर्वादि दिशाओं की (विष्टम्भनीम्) आधार और (भुवनानाम्) सन्तानोत्पत्ति के निमित्त घरों की (अधिपत्नीम्) अधिष्ठाता होने से पालन करने वाली (त्वा) तुझ को सूर्य्य की किरण के समान (अदित्याः) पृथिवी के (पृष्ठे) पीठ पर (सादयामि) घर की अधिकारिणी स्थापित करता हूं जो तू (अपाम्) जलों की (ऊर्मिः) तरङ्ग के सदृश (द्रप्सः) आनन्दयुक्त (असि) है उस (त्वा) तुझ को (इह) इस गृहाश्रम में (अध्वर्यू) रक्षा के निमित्त यज्ञ को करने वाले (अश्विना) विद्या में व्याप्त बुद्धि अध्यापक और उपदेशक पुरुष (सादयताम्) स्थापित करें ॥ ५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जो स्त्री अविनाशी सुख देनेहारी सब दिशाओं में प्रसिद्ध कीर्ति वाली विद्वान् पतियों से युक्त सदा आनंदित हैं वेही गृहाश्रम का धर्म पालने और उस की उन्नति के लिये समर्थ होती हैं तेरहवें अध्याय

में जो (मधुश्च०) कहा है वहां से यहांतक वसंत ऋतु के गुणों की प्रधानता से व्याख्यान किया है ऐसा जनना चाहिये ॥ ५ ॥

शुक्रश्चेत्यस्योशना ऋषिः । ग्रीष्मर्तुर्देवता । निचृदुत्कृतिश्छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी ग्रीष्म ऋतु का व्याख्यान अगले मन्त्र में कहा है ॥

शुक्रश्च शुचिश्च ग्रैष्मावृतू अग्नेरन्तःश्लेषोऽसि कल्पेताम् द्यावापृथिवी कल्पन्तामाप ओषधयः कल्पन्तामग्नयः पृथङ्मम ज्यैष्ठ्याय सव्रताः । ये अग्नयः समनसोऽन्तरा द्यावापृथिवी इमे ग्रैष्मावृतू अभिकल्पमाना इन्द्रमिव देवा अभिसंविशन्तु तया देवतयाऽङ्गिरस्वद्ध्रुवे सीदतम् ॥६॥

शुक्रः । च । शुचिः । च । ग्रैष्मौ । ऋतू । अग्नेः । अन्तःश्लेष इत्यन्तःऽश्लेषः । असि । कल्पेताम् द्यावापृथिवीइतिद्यावापृथिवी । कल्पन्ताम् । आपः । ओषधयः । कल्पन्ताम् । अग्नयः । पृथक् । मम । ज्यैष्ठ्याय । सव्रता इतिसऽव्रताः । ये । अग्नयः । समनस इति सऽमनसः । अन्तरा । द्यावापृथिवी इति द्यावाऽपृथिवी । इमे इतीमे ।

ग्रैष्मौ । ऋतू इत्यृतू । अभिकल्पमाना इत्यभि- ऽकल्पमानाः । इन्द्रमिवेतीन्द्रम्ऽइव । अभिसंविशन्त्वित्यभिऽसंविशन्तु । तया । देवतया । अङ्गिरस्वत् । ध्रुवे इति ध्रुवे । सीदतम् ॥ ६ ॥

पदार्थः—(शुक्रः) य आशु पांसुवर्षातीव्रतापाभ्यामन्तरिक्षं मलिनं करोति स ज्येष्ठः (च) (शुचिः) पवित्रकारक आषाढः (च) (ग्रैष्मौ) ग्रीष्मे भवौ (ऋतू) यावृच्छतस्तौ (अग्नेः) पावकस्य (अन्तःश्लेषः) मध्य आलिङ्गनम् (असि) अस्ति (कल्पेताम्) समर्थयेताम् (द्यावापृथिवी) प्रकाशान्तरिक्षे (कल्पन्ताम्) (आपः) जलानि (ओषधयः) यवसोमाद्याः (कल्पन्ताम्) (अग्नयः) पावकाः (पृथक्) (मम) (ज्यैष्ठ्याय) अतिशयेन प्रशस्यस्य भावाय (सव्रताः) सत्यैर्नियमैः सह वर्त्तमानाः (ये) (अग्नयः) (समनसः) मनसा सह वर्त्तमानाः (अन्तरा) मध्ये (द्यावापृथिवी) (इमे) (ग्रैष्मौ) (ऋतू) (अभिकल्पमानाः) आभिमुख्येन समर्थयन्तः (इन्द्रमिव) यथा विद्युतम (देवाः) विद्वांसः (अभिसंविशन्तु) अभितः सम्यक् प्रविशन्तु (तया) (देवतया) दिव्यगुणया (अङ्गिरस्वत्) अङ्गानां रसः कारणं तद्वत् (ध्रुवे) निश्चले (सीदतम्) विजानीतम् ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे स्त्रीपुरुषौ यथा मम ज्यैष्ठ्याय यौ शुक्रश्च शुचिश्च ग्रैष्मावृतू ययोरग्नेरन्तः श्लेषोऽस्यसि यास्यां द्यावापृथिवी कल्पेतामापः कल्पन्तामोषधयोऽग्नयश्च पृथक् कल्पन्तां यथा समनसः सव्रता अग्नयोऽन्तरा कल्पन्ते तैर्ग्रैष्मावृतू अभिकल्पमाना देवा भवन्त इन्द्रमिव तानग्नीनभिसंविशन्तु तथा तया देवतया सह युवामि मे द्यावापृथिवी ध्रुवे एतौ चाङ्गिरस्वत् सीदतम् ॥ ६ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—वसन्तर्त्तुव्याख्यानानन्तरं ग्रीष्मर्त्तुर्व्याख्यायते । हे मनुष्या यूयं ये पृथिव्यादिस्थाः शारीरात्ममानसाश्चाग्नयो वर्त्तन्ते यैर्विना ग्रीष्मर्त्तुसंभवो न जायते तां विज्ञायोपयुज्य सर्वेभ्यः सुखं प्रयच्छत ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे स्त्रीपुरुषो जैसे (मम) मेरे (ज्यैष्ठ्याय) प्रशंसा के योग्य होने के लिये जो (शुक्रः) शीघ्र धूली की वर्षा और तीव्र ताप से आकाश को मलीन करने हारा ज्येष्ठ (च) और (शुचिः) पवित्रता का हेतु आषाढ़ (च) ये दोनों मिल के प्रत्येक (ग्रैष्मी) ग्रीष्म (ऋतू) ऋतु कहाते हैं जिस (अग्नेः) अग्नि के (अतःश्लेषः) मध्य में कफ के रोग का निवारण (असि) होता है जिस से ग्रीष्म ऋतु के महीनों से (द्यावापृथिवी) प्रकाश और अन्तरिक्ष (कल्पेताम्) समर्थ होवें (आपः) जल (कल्पन्ताम्) समर्थ हों (ओषधयः) यव वा सोमलता आदि ओषधियां और (अग्नयः) बिजुली आदि अग्नि (पृथक्) अलग २ (कल्पन्ताम्) समर्थ होवें जैसे (समनसः) विचारशील (सव्रताः) सत्याचरणरूप नियमों से युक्त (अग्नयः) अग्नि के तुल्य तेजस्वी को (अन्तरा) (ग्रैष्मी) (ऋतू) (अभिकल्पमानाः) सन्मुख होकर समर्थ करते हुए (देवाः) विद्वान् लोग (इन्द्रमिव) बिजुली के समान उन अग्नियों की विद्या में (अभिसंविशन्तु) सब ओर से अच्छे प्रकार प्रवेश करें वैसे (तया) उस (देवतया)

परमेश्वर देवता के साथ तुम दोनों (इमे) इन (द्यावा पृथिवी) प्रकाश और पृथिवी को (ध्रुवे) निश्चल स्वरूप से इन का भी (अंगिरस्वत्) अवयवों के कारण रूप रस के समान (सीदतम्) विशेष करके ज्ञान कर प्रवर्त्तमान रहो ॥ ६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—वसन्त ऋतु के व्याख्यान के पीछे ग्रीष्म ऋतु की व्याख्या करते हैं । हे मनुष्यो तुम लोग जो पृथिवी आदि पंच भूतों के शरीर सम्बन्धी वा मानस अग्नि हैं कि जिन के विना ग्रीष्म ऋतु नहीं हो सकता उन को जान और उपयोग में ला के सब प्राणियों को सुख दिया करो ॥ ६ ॥

सजूर्ऋतुभिरित्यस्य विश्वे देवा ऋषयः । वस्वादयो मन्त्रोक्ता देवताः । सजूर्ऋतुभिरित्यस्य भुरिक्कृतिश्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥ सजूर्ऋतुभिरिति द्वितीयस्य स्वराट्पङ्क्तिश्छन्दः । सजूर्ऋतुभिरिति तृतीयस्य निचृदाकृतिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरश्च ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर वही विषय अगले मन्त्र में कहा है ॥

सजूर्ऋतुभिः सजूर्विधाभिः सजूर्देवैः सजूर्वैर्योनाधैरग्नये त्वा वैश्वानरायाश्विनाध्वर्यू सादयतामिह त्वा । सजूर्ऋतुभिः सजूर्विधाभिः सजूर्वसुभिः सजूर्देवैर्वयोनाधैरग्नये त्वा वैश्वानरायाश्विनाऽध्वर्यू सादयतामिह त्वा सजूर्ऋतुभिः सजूर्विधाभिः सजूरुद्रैः सजूर्देवैर्वयोनाधैरग्नये त्वा वैश्वानरायाश्विनाध्वर्यू सादयतामिह त्वा सजूर्ऋतुभिः सजूर्वि-

धाभिः सजूरादित्यैः सजूर्देवैर्वयोनाधैरग्नये त्वा वैश्वानरायाश्विनाध्वर्यू सादयतामिह त्वा सजूर्ऋतुभिः सजूर्विधाभिः सजूर्विश्वैर्देवैः सजूर्देवैर्वयोनाधैरग्नये त्वा वैश्वानरायाश्विनाध्वर्यू सादयतामिह त्वा ॥ ७ ॥

सजूरिति सऽजूः । ऋतुभिरित्यृतुऽभिः । सजूरिति सऽजूः । विधाभिरिति विऽधाभिः । सजूरिति सऽजूः । देवैः । सजूरिति सऽजूः । वयोनाधैरिति वयःऽनाधैः । अग्नये । त्वा । वैश्वानराय । अश्विना । अध्वर्यू इत्यध्वर्यू । सादयताम् । इह । त्वा । सजूरिति सऽजूः । ऋतुभिरित्यृतुऽभिः । सजूरिति सऽजूः । विधाभिरिति विऽधाभिः । सजूरिति सऽजूः । वसुभिरिति वसुऽभिः । सजूरिति सऽजूः । देवैः । वयोनाधैरिति वयःऽनाधैः । अग्नये । त्वा । वैश्वानराय । अश्विना । अध्वर्यू इत्यध्वर्यू । सादयताम् । इह । त्वा । सजूरिति सऽजूः । ऋतुभिरित्यृतुऽभिः । सऽजूरिति सऽजूः । विधाभिरिति विऽधाभिः । सजूरिति सऽजूः । रुद्रैः ।

सजूरितिं सऽजूः । देवैः । वयोनाधैरिति वयःऽनाधैः । अग्नयें । त्वा । वैश्वानरायं । अश्विनां । अध्वर्यू इत्यंध्वर्यू । सादयताम् । इह । त्वा । सजूरितिं सऽजूः । ऋतुभिरित्यृतुऽभिंः । सजूरिति सऽजूः । विधाभिरिति विऽधाभिंः । सजूरिति सऽजूः । आदित्यैः । सजूरिति सऽजूः । देवैः । वयोनाधैरिति वयःऽनाधैः । अग्नयें । त्वा । वैश्वानराय । अश्विनां । अध्वर्यू इत्यंध्वर्यू । सादयताम् । इह । त्वा । सजूरितिं सऽजूः । ऋतुभिरित्यृतुऽभिंः । सजूरिति सऽजूः । विधाभिरिति विऽधाभिंः । सजूरिति सऽजूः । विश्वैः । देवैः । सजूरिति सऽजूः । देवैः । वयोनाधैरिति वयःऽनाधैः । अग्नयें । त्वा । वैश्वानरायं । अश्विनां । अध्वर्यू इत्यंध्वर्यू । सादयताम् । इह । त्वा ॥ ७ ॥

पदार्थः—(सजूः) यः समानं प्रीणाति सेवते वा (ऋतुभिः) वसन्तादिभिश्च सह (सजूः) (विधाभिः) अद्भिः (सजूः) (देवैः) दिव्यैर्गुणैः (सजूः) दिव्यसुखप्रदैः (वयोनाधैः) वयांसि जीवनादीनि गायत्र्यादिछन्दांसि वा नह्यन्ति यैः प्राणैस्तैः (अग्नये) पावकाय (त्वा) त्वाम् (वैश्वानराय) अखिलानां

पदार्थानां नयनाय प्रापणाय (अश्विना) (अध्वर्यू) (सादयताम्) (इह) (त्वा) त्वाम् स्त्रियं पुरुषं वा (सजूः) (ऋतुभिः) (सजूः) (विधाभिः) (सजूः) (वसुभिः) अग्न्यादिभिरष्टभिः (सजूः) (देवैः) दिव्यैः (वयोनाधैः) वयांसि विज्ञानानि नह्यन्ति यैर्विद्वद्भिः (अग्नये) विज्ञानाय (त्वा) (वैश्वानराय) विश्वस्य सर्वस्य जगतो नायकाय (अश्विना) (अध्वर्यू) (सादयताम्) (इह) (त्वा) (सजूः) (ऋतुभिः) (सजूः) (विधाभिः) विविधानि वस्तूनि दधति याभिः प्राणचेष्टाभिस्ताभिः (सजूः) (रुद्रैः) प्राणचेष्टाभिः ताभिः (सजूः) (रुद्रैः) प्राणापानव्यानोदानसमाननागकूर्मकृकलदेवदत्तधनंजयजीवैः (सजूः) (देवैः) विद्वद्भिः (वयोनाधैः) वेदादिशास्त्रप्रज्ञापनप्रबन्धकैः (अग्नये) शास्त्रविज्ञानाय (त्वा) (वैश्वानराय) विश्वेषां नराणामिदं सुखसाधकं तस्मै (अश्विना) (अध्वर्यू) (सादयताम्) (इह) (त्वा) (सजूः) (ऋतुभिः) सह चरितैः सुखैः (सजूः) (विधाभिः) विविधाभिः सत्यक्रियाधारिकाभिः क्रियाभिः (सजूः) (आदित्यैः) संवत्सरस्य द्वादशमासैः (सजूः) (देवैः) पूर्णविद्यैः (वयोनाधैः) पूर्णविद्याविज्ञानप्रचारप्रबन्धकैः (अग्नये) पूर्णाय विज्ञानाय (त्वा) (वैश्वानराय) विश्वेषां नराणामिदंपूर्णसुखसाधनंतस्मै (अश्विना) (अध्वर्यू) (सादयताम्) (इह) (त्वा) (सजूः) (ऋतुभिः) सर्वैः कालावयवैः (सजूः) (विधाभिः) समस्ताभिः सुखव्यापिकाभिः (सजूः) (विश्वैः) समस्तैः(देवैः) परोपकाराय सत्यासत्यविज्ञापयितृभिः (सजूः) (देवैः)

(वयोनाधैः) ये वयः कामयमानं जीवनं नह्यन्ति तैः (अग्नये) सुशिक्षाप्रकाशाय (त्वा) (वैश्वानराय) विश्वेषां नराणामिदं हितं तस्मै (अश्विना) (अध्वर्यू) (सादयताम्) (इह) (त्वा) ॥ ७ ॥

अन्वयः—हे स्त्रि पुरुष वा यं त्वा त्वामिहाध्वर्यू अश्विना वैश्वानरायाग्नये सादयतां वयं च यं त्वा सादयेम स त्वमृतुभिः सह सजूर्विधाभिः सह सजूर्देवैस्सह सजूर्वयोनाधैर्देवैः सह सजूश्चभव हे पुरुषार्थयुक्ते स्त्रि वा पुरुष यं त्वा त्वामिह वैश्वानरायाग्नयेऽध्वर्यू अश्विना सादयतां यं त्वा वयं च सादयेम स त्वमृतुभिः सह सजूर्विधाभिः सह सजूर्वसुभिः सह सजूर्वयोनाधैर्देवैः सहच सजूर्भव हे विद्याध्ययनाय प्रवृत्ते ब्रह्मचारिणि वा ब्रह्मचारिन् यं त्वेह वैश्वानरायाग्नयेऽध्वर्यू अश्विना सादयतां यं त्वा वयं च सादयेम स त्वमृतुभिः सह सजूर्विधाभिः सह सजू रुद्रैः सह सजूर्वयोनाधैर्देवैः सह च सजूर्भव हे पूर्णविद्ये स्त्रि पुरुष वा यं त्वेह वैश्वानरायाग्नयेऽध्वर्यू अश्विनासादयतां यं त्वा वयं च सादयेम स त्वमृतुभिः सह सजूर्विधाभिः सह सजूरादित्यैः सह सजूर्वयोनाधैर्देवैः सह च सजूर्भव हे सत्यार्थोपदेशिके स्त्रि पुरुष वा यं त्वेह वैश्वानरायाग्नयेऽध्वर्यू अश्विना सादयतां यं त्वा वयं च सादयेम स त्वमृतुभिः सह सजूर्विधाभिः सह सजूर्विश्वैर्देवैः सह सजूर्वयोनाधैर्देवैः सह च सजूर्भव ॥ ७ ॥

भावार्थः—अस्मिन् जगति मनुष्यजन्म प्राप्य स्त्रियो विदुष्यः पुरुषा विद्वांसश्च भूत्वा येषु ब्रह्मचर्यविद्यासुशिक्षाग्रहणादिषु शुभेषु

कर्मसु स्वयं प्रवृत्ता भूत्वा यानन्यान् प्रवर्त्तयेयुस्तेऽत्र प्रवर्त्तित्वा परमेश्वरमारभ्य पृथिवीपर्य्यन्तानां पदार्थानां यथार्थेन विज्ञानेनोपयोगं संगृह्य सर्वेष्वृतुषु स्वयं सुखयन्त्वन्यांश्च ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे स्त्रि वा पुरुष जिस (त्वा) तुझ को (इह) इस जगत् में (अध्वर्यू) रक्षा करने हारे (अश्विना) सब विद्याओं में व्यापक पढ़ाने और उपदेश करने वाले पुरुष और स्त्री (वैश्वानराय) संपूर्ण पदार्थों की प्राप्ति के निमित्त (अग्नये) अग्निविद्या के लिये (सादयताम्) नियुक्त करें और हम लोग भी जिस (त्वा) तुझ को स्थापित करें सो तूं (ऋतुभिः) वसन्त और वर्षा आदि ऋतुओं के साथ (सजूः) एकसी तृप्ति वा सेवा से युक्त (विधाभिः) जलों के साथ (सजूः) प्रीतियुक्त (देवैः) अच्छे गुणों के साथ (सजूः) प्रीति वाली वा प्रीति वाला और (वयोनाधैः) जीवन आदि वा गायत्री आदि छन्दों के साथ सम्बन्ध के हेतु (देवैः) दिव्य सुख देने हारे प्राणों के साथ (सजूः) समान सेवन से युक्त हो। हे पुरुषार्थ युक्त स्त्री वा पुरुष जिस (त्वा) तुझ को (इह) इस गृहाश्रम में (वैश्वानराय) सब जगत् के नायक (अग्नये) विज्ञानदाता ईश्वर की प्राप्ति के लिये (अध्वर्यू) रक्षक (अश्विना) सब विद्याओं में व्याप्त अध्यापक और उपदेशक (सादयताम्) स्थापित करें और जिस (त्वा) तुझ को हम लोग नियत करें सो तू (ऋतुभिः) ऋतुओं के साथ (सजूः) पुरुषार्थी (विधाभिः) विविध प्रकार के पदार्थों के धारण के हेतु प्राणों की चेष्टाओं के साथ (सजूः) समान सेवन वाले (वसुभिः) अग्नि आदि आठ पदार्थों के साथ (सजूः) प्रीति युक्त और (वयोनाधैः) विज्ञान का सम्बन्ध कराने हारे (देवैः) सुन्दर विद्वानों के साथ (सजूः) समान प्रीति वाले हों। हे विद्या पढने के लिये प्रवृत्त हुए ब्रह्मचारिणी वा ब्रह्मचारी जिस (त्वा) तुझ को (इह) इस ब्रह्मचर्य्याश्रम में (वैश्वानराय) सब मनुष्यों के सुख के साधन (अग्नये) शास्त्रों के विज्ञान के लिये (अध्वर्यू) पालने हारे (अश्विना) पूर्ण विद्या युक्त अध्यापक और उपदेशक लोग (सादयताम्) नियुक्त करें और जिस (त्वा) तुझ को हम लोग स्थापित करें सो तू (ऋतुभिः) ऋतुओं के साथ (सजूः) अनुकूल सेवन वाले (विधाभिः) विविध प्रकार के पदार्थों के धारण

के निमित्त प्राण की चेष्टाओं से (सजूः) समान प्रीति वाले (रुद्रैः) प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान, नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त, धनंजय और जीवात्मा इन ग्यारहों के (सजूः) अनुसार सेवा करने हारे और (वयोनाधैः) वेदादि शास्त्रों के जनाने का प्रबन्ध करने हारे (देवैः) विद्वानों के साथ (सजूः) बराबर प्रीति वाले हों हे पूर्ण विद्या वाले स्त्री वा पुरुष जिस (त्वा) तुझ को (इह) इस संसार में (वैश्वानराय) सब मनुष्यों के लिये पूर्ण सुख के साथ (अग्नये) पूर्ण विज्ञान के लिये (अध्वर्यू) रक्षक (अश्विना) शीघ्र ज्ञानदाता लोग (सादयताम्) स्थित करें और जिस (त्वा) तुझ को हम नियुक्त करें सो तू (ऋतुभिः) ऋतुओं के साथ (सजूः) अनुकूल आचरण वाले (विधाभिः) विविध प्रकार की सत्य क्रियाओं के साथ (सजूः) समान प्रीति वाले (आदित्यैः) वर्ष के बारह महीनों के साथ (सजूः) अनुकूल आहार विहार युक्त और (वयोनाधैः) पूर्ण विद्या के विज्ञान और प्रचार के प्रबन्ध करने हारे (देवैः) पूर्ण विद्या युक्त विद्वानों के (सजूः) अनुकूल प्रीति वाले हों। हे सत्य अर्थों का उपदेश करने हारी स्त्री वा पुरुष जिस (त्वा) तुझ को (इह) इस जगत् में (वैश्वानराय) सब मनुष्यों के हितकारी (अग्नये) अच्छी शिक्षा के प्रकाश के लिये (अध्वर्यू) ब्रह्मविद्या के रक्षक (अश्विना) शीघ्र पढ़ाने और उपदेश करने हारे लोग (सादयताम्) स्थित करें और जिस (त्वा) तुझ को हम लोग नियत करें सो तू (ऋतुभिः) काल क्षण आदि सब अवयवों के साथ (सजूः) अनुकूल सेवी (विधाभिः) सुखों में व्यापक सब क्रियाओं के (सजूः) अनुसार हो कर (विश्वैः) सब (देवैः) सत्योपदेशक पतियों के साथ (सजूः) समान प्रीति वाले और (वयोनाधैः) कामयमान जीवन का सम्बन्ध कराने हारे (देवैः) परोपकार के लिये सत्य असत्य के जनाने वाले जनों के साथ (सजूः) समान प्रीति वाले हों ॥ ७ ॥

भावार्थः—इस संसार में मनुष्य का जन्म पा के स्त्री तथा पुरुष विद्वान् हो कर जिन ब्रह्मचर्य्य सेवन विद्या और अच्छी शिक्षा के ग्रहण आदि शुभ गुण कर्मों में आप प्रवृत्त हो कर जिन अन्य लोगों को प्रवृत्त करें वे उन में प्रवृत्त हो कर परमेश्वर से ले के पृथिवी पर्यन्त पदार्थों के यथार्थ विज्ञान से उपयोग ग्रहण करके सब ऋतुओं में आप सुखी रहें और अन्यों को सुखी करें ॥ ७ ॥

प्राणम्म इत्यस्य विश्वदेव ऋषिः। दम्पती देवते।
निचृदातिजगती छन्दः। निषादः स्वरः॥

पुनस्तमेव विषयमाह॥

फिर भी वही विषय अगले मंत्र में कहा है॥

प्राणम्मे पाह्यपानम्मे पाहि व्यानम्मे पाहि चक्षुर्मे उर्व्या वि भाहि श्रोत्रम्मे श्लोकय। अपः पिन्वौषधीर्जिन्व द्विपादव चतुष्पात्पाहि दिवो वृष्टिमेरय॥ ८॥

प्राणम्। मे। पाहि। अपानमित्यपऽआनम्। मे। पाहि। व्यानमिति विऽआनम्। मे। पाहि। चक्षुः। मे। उर्व्याः। वि। भाहि। श्रोत्रम्। मे। श्लोकय। अपः। पिन्व। ओषधीः। जिन्व। द्विपादिति द्विऽपात्। अव। चतुष्पात्। चतुःपादिति चतुःऽपात्। पाहि। दिवः। वृष्टिम्। आ। ईरय॥८॥

पदार्थः—(प्रमाणम्) नाभेरूर्द्ध्वगामिनम् (मे) मम (पाहि) रक्ष (अपानम्) यो नाभेरर्वाग्गच्छति तम् (मे) मम (पाहि) (व्यानम्) यो विविधेषु शरीरसंधिष्वनिति तम् (मे) (पाहि) (चक्षुः) नेत्रम् (मे) (उर्व्या) बहुरूपयोत्तमफलप्रदया पृथिव्या सह उर्वीति पृथिवी ना० निघं० १।१ (वि)

(भाहि) (श्रोत्रम्) (मे) (श्लोकय) शास्त्रश्रवणाय सम्बन्धय (अपः) प्राणान् (पिन्व) पुष्णीहि सिंच (ओषधीः) सोमयवादीन् (जिन्व) प्राप्नुहि । जिन्वतीति गतिकर्म्मा ॰ निघं ॰ २ । १४ (द्विपात्) मनुष्यादीन् (अव) रक्ष (चतुष्पात्) गवादीन् (पाहि) (दिवः) सूर्य्यप्रकाशात् (वृष्टिम्) (आ) (ईरय) प्रेरय ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे पते स्त्रि पुरुष वा त्वमुर्व्या सह मे प्राणं पाहि मेऽपानं पाहि मे व्यानं पाहि मे चक्षुर्विभाहि मे श्रोत्रं श्लोकयापः पिन्वौषधीर्जिन्व द्विपादव चतुष्पात् पाहि यथा सूर्यो दिवो वृष्टिं करोति तथा गृहकृत्यमेरय ॥ ८ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु॰—स्त्रीपुरुषौ स्वयंवरं विवाहं विधायातिप्रेम्णा परस्परं प्राणप्रियाचरणं शास्त्रश्रवणमोषध्यादिसेवनं कृत्वा यज्ञावृष्टिं च कारयेताम् ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे पते वा स्त्रि तू (उर्व्या) बहुत प्रकार की उत्तम क्रिया से (मे) मेरे (प्राणम्) नाभि से ऊपर को चलने वाले प्राणवायु की (पाहि) रक्षा कर (मे) मेरे (अपानम्) नाभि के नीचे गुह्येन्द्रिय मार्ग से निकलने वाले अपान वायु की (पाहि) रक्षाकर (मे) मेरे (व्यानम्) विविध प्रकार की शरीर की संधियों में रहने वाले व्यान वायु की (पाहि) रक्षाकर (मे) मेरे (चक्षुः) नेत्रों को (विभाहि) प्रकाशित कर (मे) मेरे (श्रोत्रम्) कानों को (श्लोकय) शास्त्रों के श्रवण से संयुक्त कर (अपः) प्राणों को (पिन्व) पुष्ट कर (ओषधीः) सोमलता वा यव आदि ओषधियों को (जिन्व) प्राप्त हो (द्विपात्) मनुष्यादि दो पग वाले प्राणियों की (अव) रक्षा कर (चतुष्पात्) चार पग वाले गौ आदि की (पाहि) रक्षा कर और जैसे सूर्य्य (दिवः) अपने प्रकाश से (वृष्टिम्) वर्षा करता है वैसे घर के कार्यों को (एरय) अच्छे प्रकार प्राप्त कर ॥ ८ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—स्त्री पुरुषों को चाहिये कि स्वयंवर विवाह करके अति प्रेम के साथ आपस में प्राण के समान प्रियाचरण शास्त्रों का सुनना ओषधि आदि का सेवन और यज्ञ के अनुष्ठान से वर्षा करावें ॥ ८ ॥

मूर्धा वय इत्यस्य विश्वे देवा ऋषयः । प्रजापत्यादयो देवताः ।
पूर्वस्य निचृद्ब्राह्मी पङ्क्तिः । पुरुष इत्युत्तरस्य
ब्राह्मी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी वही विषय अगले मन्त्र में कहा है ॥

मूर्धा वयः॑ प्रजाप॑तिश्छन्दः॑ क्षत्रं वयो॒ मय॑न्दं॒ छन्दो॑ विष्टम्भो वयोऽधि॑पतिश्छन्दो॑ विश्वक॑र्मा वयः॑ परमे॒ष्ठी छन्दो॑ ब॒स्तो वयो॑ विब॒लं छन्दो॑ वृष्णि॒र्वयो॑ विशा॒लं छन्दः॒ पुरु॑षो वय॑स्त॒न्द्रं छन्दो॑ व्या॒घ्रो वयो॒ नाधृ॑ष्टं॒ छन्दः॒ सि॒ꣳहो वय॑श्छ॒दिश्छन्दः॑ पष्ठवाड्वयो॑ बृह॒ती छन्द॑ उ॒क्षा वयः॑ क॒कुप् छन्द॑ ऋष॒भो वयः॑ स॒तो बृ॑ह॒ती छन्दः॑ ॥ ९ ॥

मूर्धा । वयः॑ । प्र॒जाप॑ति॒रिति॑ प्र॒जाऽप॑तिः । छन्दः॑ । क्ष॒त्रम् । वयः॑ । मय॑न्दम् । छन्दः॑ । वि॒ष्टम्भः॑ । वयः॑ । अधि॑प॒ति॒रित्यधि॑ऽपतिः । छन्दः॑ । वि॒श्वक॒र्म्मेति॑ वि॒श्वऽक॑र्म्मा । वयः॑ । प॒र॒मे॒ष्ठी । प॒र॒मे॒स्थीति॑ परमे-

ऽस्थी । छन्दः । वस्तः । वयः । विबलमिति विऽबलम् ।
छन्दः । वृष्णिः । वयः । विशालमिति विऽशालम् ।
छन्दः । पुरुषः । वयः । तन्द्रम् । छन्दः । व्याघ्रः ।
वयः । अनाधृष्टम् । छन्दः । सिꣳहः । वयः । छदिः ।
छन्दः । पृष्ठवाडिति पष्ठऽवाट् । वयः । बृहती ।
छन्दः । उक्षा । वयः । ककुप् । छन्दः । ऋषभः ।
वयः । सतोबृहतीति सतःऽबृहती । छन्दः ॥ ९ ॥

पदार्थः—(मूर्धा) मूर्धावदुत्तमं ब्राह्मणकुलम् (वयः) कमनीयम् (प्रजापतिः) प्रजापालकः (छन्दः) विद्याधर्मशमादिकर्म (क्षत्रम्) क्षत्रियकुलम् (वयः) न्यायविनयपराक्रमव्याप्तम् (मयन्दम्) यन्मयं सुखं ददाति तत् (छन्दः) बलयुक्तम् (विष्टम्भः) विशो वैश्यस्य विष्टम्भो रक्षणं येन (वयः) प्रजनकः (अधिपतिः) अधिष्ठाता (छन्दः) स्वाधीनः (विश्वकर्मा) अखिलोत्तमकर्मकर्त्ता राजा (वयः) कमिता (परमेष्ठी) सर्वेषां स्वामी (छन्दः) स्वाधीनः (वस्तः) व्यवहारैराच्छादितो युक्तः (वयः) विविधव्यवहारव्यापी (विबलम्) विविधं बलं यस्मात् (छन्दः) (वृष्णिः) सुखसेचकः (वयः) सुखप्रापकम् (विशालम्) विस्तीर्णम् (छन्दः) स्वाच्छन्द्यम् (पुरुषः) पुरुषार्थयुक्तः (वयः) कमनीयं कर्म (तन्द्रम्) कुटुम्बधारणम् । अत्र तन्त्रिकुटुम्बधारण इत्यस्मादच् वर्णव्यत्ययेन तस्य दः (छन्दः) बलम् (व्याघ्रः) यो विविधान् समन्ताज्जिघ्रति

(वयः) कमनीयम् (अनाधृष्टम्) धार्ष्ट्यम् (छन्दः) बलम् (सिंहः) यो हिनस्ति पश्वादीन् सः (वयः) पराक्रमम् (छदिः) अपवारणम् (छन्दः) प्रदीपनम् (पष्ठवाट्) यः पष्ठेन पृष्ठेन वहत्युष्ट्रादिः । वर्णव्यत्ययेन ऋकारस्याऽऽकारादेशः (वयः) बलवान् (बृहती) महत्त्वम् (छन्दः) पराक्रमम् (उक्षा) सेचको वृषभः (वयः) बलिष्ठः (ककुप्) दिशः (छन्दः) आनन्दम् (ऋषभः) गतिमान् पशुः (वयः) बलिष्ठः (सतोबृहती) (छन्दः) स्वातन्त्र्यम् ॥ ९ ॥

अन्वयः—हे स्त्रि पुरुष वा मूर्धा प्रजापतिरिव त्वं वयो मयन्दं छन्दः क्षत्रमेरय विष्टम्भोऽधिपतिरिव त्वं वयश्छन्द एरय विश्वकर्म्मा परमेष्ठीव त्वं वयश्छन्द एरय वस्त इव त्वं वयो विबलं छन्द एरय वृष्णिरिव त्वं विशालवयश्छन्द एरय । पुरुष इव त्वं वयस्तन्द्रं छन्द एरय व्याघ्र इव त्वं वयोनाधृष्टं छन्द एरय सिंह इव त्वं वयश्छदिश् छन्द एरय पष्ठवाडिव त्वं बृहती वयश्छन्द एरयोक्षेव त्वं वयः ककुप्छन्द एरय । ऋषभ इव त्वं वयः सतो बृहती छन्द एरय प्रेरय ॥ ९ ॥

भावार्थः—अत्र श्लेषवाचकलु०—एरयेति पूर्वस्मान्मन्त्रादनुवर्त्तते । स्त्रीपुरुषैर्ब्राह्मणादिवर्णान् स्वच्छन्दान् संपाद्य वेदादीन् प्रचार्य्यालस्यादिकं त्यक्त्वा शत्रून्निवार्य्य महद्बलं सदा वर्द्धनीयम् ॥ ९ ॥

पदार्थः—हे स्त्रि वा पुरुष (मूर्धा) शिर के तुल्य उत्तम ब्राह्मण का कुल (प्रजापतिः) प्रजा के रक्षक राजा के समान तू (वयः) कामना के योग्य (मयन्दम्) सुखदायक (छन्दः) बलयुक्त (क्षत्रम्) क्षत्रिय कुल को प्रेरणा कर (विष्टम्भः)

वैश्यों की रक्षा का हेतु (अधिपतिः) अधिष्ठाता पुरुष नृप के समान तू (वयः) न्याय विनय को प्राप्त हुए (छन्दः) स्वाधीन पुरुष को प्रेरणा कर (विश्वकर्म्मा) सब उत्तम कर्म करने हारे (परमेष्ठी) सब के स्वामी राजा के समान तू (वयः) चाहने योग्य (छन्दः) स्वतंत्रता को (एरय) बढ़ाइये (वस्तः) व्यवहारों से युक्त पुरुष के समान तू (वयः) अनेक प्रकार के व्यवहारों में व्यापी (विबलम्) विविध बल के हेतु (छन्दः) आनन्द को बढ़ा (वृष्णिः) सुख के सेचने वाले के सदृश तू (विशालम्) विस्तार युक्त (वयः) सुखदायक (छन्दः) स्वतंत्रता को बढ़ा (पुरुषः) पुरुषार्थ युक्त जन के तुल्य तू (वयः) चाहने योग्य (तन्द्रम्) कुटुम्ब के धारण रूप कर्म्म और (छन्दः) बल को बढ़ा (व्याघ्रः) जो विविध प्रकार के पदार्थों को अच्छे प्रकार सूंघता है उस जन्तु के तुल्य राजा तू (वयः) चाहने योग्य (अनाधृष्टम्) दृढ़ (छन्दः) बल को बढ़ा (सिंहः) पशु आदि को मारने हारे सिंह के समान पराक्रमी राजा तू (वयः) पराक्रम के साथ (छदिः) निरोध और (छन्दः) प्रकाश को बढ़ा (पष्ठवाट्) पीठ से बोझ उठाने वाले ऊंट आदि के सदृश वैश्य तू (बृहती) बड़े (वयः) बलयुक्त (छन्दः) पराक्रम को प्रेरणा कर (उक्षा) सींचने हारे बैल के तुल्य शूद्र तू (वयः) अति बल का हेतु (ककुप्) दिशाओं और (छन्दः) आनन्द को बढ़ा (ऋषभः) शीघ्र गंता पशु के तुल्य भृत्य तू (वयः) बल के साथ (सतोबृहती) उत्तम बड़ी (छन्दः) स्वतंत्रता की प्रेरणा कर ॥ ९॥

भावार्थः—इस मन्त्र में श्लेष और वाचकलु०—और पूर्व मन्त्र से एरय पद की अनुवृत्ति आती है स्त्री पुरुषों को चाहिये कि ब्राह्मण आदि वर्णों को स्वतंत्र वेदादि शास्त्रों का प्रचार आलस्यादि त्याग और शत्रुओं का निवारण करके बड़े बल को सदा बढ़ाया करें ॥ ९ ॥

अनड्वानित्यस्य विश्वदेव ऋषिः । विद्वांसो देवताः ।
स्वराड्ब्राह्मी बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी वही विषय अगले मन्त्र में कहा है ॥

अनड्वान्वयः पङ्क्तिश्छन्दो धेनुर्वयो जगती छन्द-

स्त्र्यविर्वयस्त्रिष्टुप् छन्दो दित्यवाड् वयो विराट् छन्दः पंचाविर्वयो गायत्री छन्दस्त्रिवत्सो वय उष्णिक् छन्दस्तुर्य्यवाड् वयोऽनुष्टुप् छन्दः ॥ १० ॥

अनड्वान्। वयः। पंक्तिः। छन्दः। धेनुः। वयः। जगती। छन्दः। त्र्यविरिति त्रिऽअविः। वयः। त्रिष्टुप्। त्रिस्तुविति त्रिऽस्तुप्। छन्दः। दित्यवाडिति दित्यऽवाट्। वयः। विराडिति। विऽराट्। छन्दः। पंचाविरिति पंचऽअविः। वयः। गायत्री। छन्दः। त्रिवत्स इति त्रिऽवत्सः। वयः। उष्णिक्। छन्दः। तुर्यवाडिति तुर्यऽवाट्। वयः। अनुष्टुप्। अनुस्तुवित्यनुऽस्तुप्। छन्दः ॥ १० ॥

पदार्थः—(अनड्वान्) वृषभः (वयः) बलम् (पंक्तिः) (छन्दः) (धेनुः) दुग्धप्रदा (वयः) कामनाम् (जगती) जगदुपकारकम् (छन्दः) आह्लादनम् (त्र्यविः) त्रयोऽव्यादयो यस्मात्तम् (वयः) प्रजननम् (त्रिष्टुप्) त्रीणि कर्मोपासनाज्ञानानि स्तुवन्ति यया सा (छन्दः) (दित्यवाट्) दितिभिः खण्डैर्निर्वृत्तान् यवादीन् वहति (वयः) प्रापणम् (विराट्) (छन्दः) आनन्दकरम् (पंचाविः) पंचेन्द्रियाण्यवन्ति येन सः (वयः) विज्ञानम् (गायत्री) (छन्दः) (त्रिवत्सः) त्रयः

कर्मोपासनाज्ञानानि वत्सा इव यस्य सः (वयः) पराक्रमम् (उष्णिक्) यद्दुःखानि दहति तम् (छन्दः) (तुर्यवाट्) तुर्यान् चतुरो वेदान् वहति येन सः (अनुष्टुप्) अनुस्तौति यया सा (छन्दः) सुखसाधकम् । अत्र पूर्ववत् मंत्रत्रयप्रतीकानि लोकन्ता इन्द्रमिति लिखितानि निवारितानि ॥ १० ॥

अन्वयः - हे स्त्रि पुरुष वाऽनड्वानिव त्वं पंक्तिश्छन्दो वय एरय धेनुरिव त्वं जगती छन्दो वय एरय त्र्यविरिव त्वं त्रिष्टुप् छन्दो वय एरय दित्यवाडिव त्वं विराट् छन्दो वय एरय पंचाविरिव त्वं गायत्री छन्दो वय एरय त्रिवत्स इव त्वमुष्णिक् छन्दो वय एरय तुर्य्यवाडिव त्वमनुष्टुप्छन्दो वय एरय ॥ १० ॥

भावार्थः—अत्र श्लेषवाचकलु०—एरयपदानुवृत्तिश्च. यथाऽनडुहादीनां रक्षणेन कृषीवला अन्नादीन्युत्पाद्य सर्वान् सुखयन्ति तथैव विद्वांसः स्त्रीपुरुषा विद्याः प्रचार्य्य सर्वानानन्दयन्ति ॥ १० ॥

पदार्थः—हे स्त्रि वा पुरुष (अनड्वान्) गौ और बैल के समान बलवान् हो के तू (पंक्तिः) प्रकट (छन्दः) स्वतंत्र (वयः) बल की प्रेरणा कर (धेनुः) दूध देने हारी गौ के समान तू (जगती) जगत् के उपकारक (छन्दः) आनन्द की (वयः) कामना को बढ़ा (त्र्यविः) तीन भेड़ बकरी और गौ के अध्यक्ष के तुल्य वृद्धि युक्त हो के तू (त्रिष्टुप्) कर्म्म उपासना और ज्ञान की स्तुति के हेतु (छन्दः) स्वतंत्र (वयः) उत्पत्ति को बढ़ा (दित्यवाड्)पृथिवी खोदने से उत्पन्न हुए जौ आदि को प्राप्त कराने हारी क्रिया के तुल्य तू (विराट्) विविध प्रकाश युक्त (छन्दः) आनन्द कारक (वयः) प्राप्ति को बढ़ा (पंचाविः) पंच इन्द्रियों की रक्षा के हेतु ओषधि के समान तू (गायत्री) गायत्री (छन्दः) मन्त्र के (वयः) विज्ञान को बढ़ा (त्रिवत्सः) कर्म उपासना और ज्ञान को चाहने हारे के तुल्य तू

(उष्णिक्) दुःखों के नाशक (छन्दः) स्वतन्त्र (वयः) पराक्रम को बढ़ा और (तुर्य्यवाट्) चारों वेदों की प्राप्ति कराने हारे पुरुष के समान तू (अनुष्टुप्) अनुकूल स्तुति का निमित्त (छन्दः) सुखसाधक (वयः) इच्छा को प्रतिदिन बढ़ाया कर ॥ १० ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में श्लेष और वाचकलु०—जैसे खेती करने हारे लोग बैल आदि साधनों की रक्षा से अन्नादि पदार्थों को उत्पन्न करके सब को सुख देते हैं वैसे ही विद्वान् लोग विद्या का प्रचार करके सब प्राणियों को आनन्द देते हैं ॥ १० ॥

इन्द्राग्नी इत्यस्य विश्वदेवा ऋषयः। इन्द्राग्नी देवते। भुरिगनुष्टुप्छन्दः। गान्धारः स्वरः॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी वही विषय अगले मन्त्र में कहा है ॥

इन्द्राग्नी अव्यथमानामिष्टकां दृꣳहतं युवम्। पृष्ठेन द्यावापृथिवी अन्तरिक्षं च वि बाधसे ॥११॥

इन्द्राग्नी इतीन्द्राग्नी। अव्यथमानाम्। इष्टकाम्। दृꣳहतम्। युवम्। पृष्ठेन। द्यावापृथिवी इति द्यावापृथिवी। अन्तरिक्षम्। च। वि। बाधसे ॥११॥

पदार्थः—(इन्द्राग्नी) इन्द्रो विद्युदग्निः सूर्यश्चेव (अव्यथमानाम्) अपीडितामचलिताम् (इष्टकाम्) इष्टं कर्म यस्यास्ताम् (दृंहतम्) वर्धेताम् (युवम्) युवाम् (पृष्ठेन)

(द्यावापृथिवी) प्रकाशभूमी (अन्तरिक्षम्) आकाशम् (च) (वि) (बाधसे) ॥ ११ ॥

अन्वयः—हे इन्द्राग्नी इव वर्त्तमानौ स्त्रीपुरुषौ युवं युवामव्यथमानां प्रज्ञां प्राप्येष्टकामिव गृहाश्रमं दृंहतम् । यथा द्यावापृथिवी पृष्ठेनान्तरिक्षं बाधेते तथा दुःखानि शत्रूंश्च बाधेथाम् । हे पुरुष यथा त्वमेतस्याः स्वपत्न्याः पीडां विबाधसे तथा चेयमपि तव पीडां बाधताम् ॥ ११ ॥

भावार्थः—अत्र श्लेषवाचकलु०—यथा विद्युत्सूर्यावपो वर्षित्वौषध्यादीन् वर्धयतस्तथैव स्त्रीपुरुषौ कुटुम्बं वर्धयेताम् । यथा प्रकाशः पृथिवी आकाशमाच्छादयतस्तथैव गृहाश्रमव्यवहारमलंकुर्याताम् ॥ ११ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्राग्नी) बिजुली और सूर्य्य के समान वर्त्तमान स्त्री पुरुषो (युवम्) तुम दोनों (अव्यथमानाम्) जमी हुई बुद्धि को प्राप्त हो के (इष्टकाम्) ईंट के समान गृहाश्रम को (दृंहतम्) दृढ़ करो जैसे (द्यावापृथिवी) प्रकाश और भूमि (पृष्ठेन) पीठ से आकाश को बाधते हैं वैसे तुम दुःख और शत्रुओं की बाधा करो हे पुरुष जैसे तू इस अपनी स्त्री की पीड़ा को (विबाधसे) विशेष करके हटाता है वैसे यह स्त्री भी तेरी सकल पीड़ा को हरा करै ॥ ११ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में श्लेष और वाचकलु०—जैसे बिजुली और सूर्य्य जल वर्षा के ओषधि आदि पदार्थों को बढ़ाते हैं वैसे ही स्त्री पुरुष कुटुम्ब को बढ़ावें जैसे प्रकाश और पृथिवी आकाश का आवरण करते हैं वैसे ही गृहाश्रम के व्यवहारों को पूर्ण करें ॥ ११ ॥

विश्वकर्मेत्यस्य विश्वकर्मर्षिः । वायुर्देवता । विकृतिश्छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर वही विषय अगले मंत्र में उपदेश किया है ॥

विश्वकर्मा त्वा सादयत्वन्तरिक्षस्य पृष्ठे व्यचस्वतीं प्रथस्वतीमन्तरिक्षं यच्छान्तरिक्षं दृꣳहान्तरिक्षं मा हिꣳसीः । विश्वस्मै प्राणायाऽपानाय व्यानायोदानाय प्रतिष्ठायै चरित्राय वायुष्ट्वाऽभिऽपातु मह्या स्वस्त्या छर्दिषा शन्तमेन तया देवतयाङ्गिरस्वद् ध्रुवा सीद ॥ १२ ॥

विश्वकर्मेति विश्वऽकर्मा । त्वा । सादयतु । अन्तरिक्षस्य । पृष्ठे । व्यचस्वतीमिति व्यचःऽवतीम् । प्रथस्वतीम् । अन्तरिक्षम् । यच्छ । अन्तरिक्षम् । दृꣳह । अन्तरिक्षम् । मा । हिꣳसीः । विश्वस्मै । प्राणाय । अपानाय । व्यानाय । उदानाय । प्रतिष्ठायै । चरित्राय । वायुः । त्वा । अभि । पातु । मह्या । स्वस्त्या । छर्दिषा । शन्तमेन । तया । देवतया । अङ्गिरस्वत् । ध्रुवा । सीद ॥ १२ ॥

पदार्थः—(विश्वकर्मा) अखिलशुभक्रियाकुशलः (त्वा) त्वाम् (सादयतु) संस्थापयतु (अन्तरिक्षस्य) आकाशस्य (पृष्ठे) भागे (व्यचस्वतीम्) प्रशस्तं व्यचो विज्ञानं सत्करणं विद्यते यस्यास्ताम् (प्रथस्वतीम्) उत्तमविस्तीर्णविद्यायुक्ताम् (अन्तरिक्षम्) जलम् । अन्तरिक्षमित्युदकनाम० निघं० १।१२ (यच्छ) (अन्तरिक्षम्) प्रशस्तं शोधितमुदकम् (दृंह) (अन्तरिक्षम्) मधुरादिगुणयुक्तं रोगनाशकमुदकम् (मा) (हिंसीः) हिंस्याः (विश्वस्मै) समग्राय (प्राणाय) (अपानाय) (व्यानाय) (उदानाय) (प्रतिष्ठायै) (चरित्राय) शुभकर्माचाराय (वायुः) प्राण इव (त्वा) (अभि) (पातु) (मह्या) महत्या (स्वस्त्या) सुखक्रियया (छर्दिषा) प्रकाशेन (शन्तमेन) अतिशयेन सुखकारकेण (तया) (देवतया) दिव्यसुखप्रदानक्रियया सह (अङ्गिरस्वत्) सूत्रात्मवायुवत् (ध्रुवा) निश्चलज्ञानयुक्ता (सीद) स्थिरा भव ॥ १२ ॥

अन्वयः—हे स्त्रि विश्वकर्मा पतिर्यां व्यचस्वतीं प्रथस्वतीमन्तरिक्षस्य पृष्ठे त्वा सादयतु । सा त्वं विश्वस्मै प्राणायाऽपानाय व्यानायोदानाय प्रतिष्ठायै चरित्रायान्तरिक्षं यच्छाऽन्तरिक्षं दृंहान्तरिक्षं माहिंसीः यो वायुः प्राण इव प्रियस्तव स्वामी मह्या स्वस्त्या छर्दिषा शन्तमेन त्वामभिपातु सा त्वं तया पत्याख्यया देवतया सहाङ्गिरस्वद् ध्रुवा सीद ॥ १२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा पुरुषः स्त्रियं सत्कर्मसु नियोजयेत्तथा स्त्र्यपि स्वपतिं च प्रेरयेत् यतः सततमानन्दो वर्द्धेत ॥ १२ ॥

पदार्थः—हे स्त्रि (विश्वकर्मा) संपूर्ण शुभ कर्म करने में कुशल पति जिस (व्यचस्वतीम्) प्रशंसित विज्ञान वा सत्कार से युक्त (प्रथस्वतीम्) उत्तम विस्तृत विद्या वाली (अन्तरिक्षस्य) प्रकाश के (पृष्ठे) एक भाग में (त्वा) तुझ को (सादयतु) स्थापित करे सो तू (विश्वस्मै) सब (प्राणाय) प्राण (अपानाय) अपान (व्यानाय) व्यान और (उदानाय) उदानरूप शरीर के वायु तथा (प्रतिष्ठायै) प्रतिष्ठा (चरित्राय) और शुभ कर्मों के आचरण के लिये (अन्तरिक्षम्) जलादि को (यच्छ) दिया कर (अन्तरिक्षम्) प्रशंसित शुद्ध किये जल से युक्त अन्न और धनादि को (दृंह) बढ़ा और (अन्तरिक्षम्) मधुरता आदि गुण युक्त रोग नाशक आकाशस्थ सब पदार्थों को (माहिंसीः) नष्ट मत कर जिस (त्वा) तुझ को (वायुः) प्राण के तुल्य प्रिय पति (मह्या) बड़ी (स्वस्त्या) सुख रूप क्रिया (छर्दिषा) प्रकाश और (शन्तमेन) अति सुख दायक विज्ञान से तुझ को (अभिपातु) सब ओर से रक्षा करे सो तू (तया) उस (देवतया) दिव्य सुख देने वाली क्रिया के साथ वर्त्तमान पति रूप देवता के साथ (अंगिरस्वत्) व्यापक वायु के समान (ध्रुवा) निश्चल ज्ञान से युक्त (सीद) स्थिर हो ॥ १२ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में श्लेष और वाचकलु०—जैसे पुरुष स्त्री को अच्छे कर्मों में नियुक्त करे वैसे स्त्री भी अपने पति को अच्छे कर्मों में प्रेरणा करे जिस से निरन्तर आनन्द बढ़े ॥ १२ ॥

राज्ञ्यसीत्यस्य विश्वदेव ऋषिः । दिशो देवताः ।

विराट् पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह

फिर वही विषय अगले मन्त्र में कहा है ॥

राज्ञ्यसि प्राची दिग्विराडसि दक्षिणा दिक् सम्राडसि प्रतीची दिक् स्वराडस्युदीची दिगधिपत्न्यसि बृहती दिक् ॥ १३ ॥

राज्ञी । असि । प्राची । दिक् । विराडिति वि-ऽराट् । असि । दक्षिणा । दिक् । सम्राडिति सम्ऽराट् । असि । प्रतीची । दिक् । स्वराडिति स्वऽराट् । असि । उदीची । दिक् । अधिपत्नीत्यधिऽपत्नी । असि । बृहती । दिक् ॥ १३ ॥

पदार्थः—(राज्ञी) राजमाना (असि) (प्राची) पूर्वा (दिक्) दिगिव (विराट्) विविधविनयविद्याप्रकाशयुक्ता (असि) (दक्षिणा) (दिक्) दिगिव (सम्राट्) सम्यक् सुखे भूगोले राजमाना (असि) (प्रतीची) पश्चिमा (दिक्) (स्वराट्) या स्वयं राजते सा (असि) (उदीची) उत्तरा (दिक्) (अधिपत्नी) गृहेऽधिकृता स्त्री (असि) (बृहती) महती (दिक्) अथ ऊर्ध्वा ॥ १३ ॥

अन्वयः—हे स्त्रि या त्वं प्राची दिगिव राड्यसि दक्षिणा दिगिव विराडसि प्रतीची दिगिव सम्राडस्युदीची दिगिव स्वराडसि बृहती दिगिवाधिपत्न्यसि सा त्वं सर्वान् पत्यादीन् प्रीणीहि ॥ १३ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा दिशः सर्वतोऽभिव्याप्ता विज्ञापिका अनुब्धाः सन्ति तथैव स्त्री शुभगुणकर्मस्वभावैः सहिता स्यात् ॥ १३ ॥

पदार्थः—हे स्त्रि जो तू (प्राची) पूर्व (दिक्) दिशा के तुल्य (राज्ञी) प्रकाशमान (असि) है (दक्षिणा) दक्षिण (दिक्) दिशा के समान (विराट्) अनेक प्रकार का विनय और विद्या के प्रकाश से युक्त (असि) है (प्रतीची) पश्चिम

(दिक्) दिशा के सदृश (सम्राट्) चक्रवर्ती राजा के सदृश अच्छे सुखयुक्त पृथिवी पर प्रकाशमान (असि) है (उदीची) उत्तर (दिक्) दिशा के तुल्य (स्वराट्) स्वयं प्रकाशमान (असि) है (बृहती) बड़ी (दिक्) ऊपर नीचे की दिशा के तुल्य (अधिपत्नी) घर में अधिकार को प्राप्त हुई (असि) है सो तू सब पति आदि को तृप्त कर ॥ १३ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जैसे दिशा सब ओर से अभिव्याप्त बोध करने हारी चंचलतारहित हैं वैसे ही स्त्री शुभ गुणकर्म और स्वभावों से युक्त होवे ॥ १३ ॥

विश्वकर्मेत्यस्य विश्वेदेवा ऋषयः । वायुर्देवता । स्वराड् ब्राह्मी बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उक्तविषय ही अगले मंत्र में कहा है ॥

विश्वकर्मा त्वा सादयत्वन्तरिक्षस्य पृष्ठे ज्योतिष्मतीम् । विश्वस्मै प्राणायापानाय व्यानाय विश्वं ज्योतिर्यच्छ । वायुष्टेऽधिपतिस्तया देवतयाङ्गिरस्वद् ध्रुवा सीद ॥ १४ ॥

विश्वकर्मेति विश्वऽकर्मा । त्वा । सादयतु । अन्तरिक्षस्य । पृष्ठे । ज्योतिष्मतीमिति ज्योतिःऽमतीम् । विश्वस्मै । प्राणाय । अपानाय । व्यानाय । विश्वम् । ज्योतिः । यच्छ । वायुः । ते । अधिपतिरित्यधिऽपतिः । तया । देवतया । अङ्गिरस्वत् । ध्रुवा । सीद ॥ १४ ॥

पदार्थः—(विश्वकर्मा) सकलेष्टक्रियः (त्वा) त्वाम् (सादयतु) (अन्तरिक्षस्य) जलस्य (पृष्ठे) उपरिभागे (ज्योतिष्मतीम्) बहु ज्योतिर्विद्यते यस्यास्ताम् (विश्वस्मै) सर्वस्मै (प्राणाय) (अपानाय) (व्यानाय) (विश्वम्) संपूर्णम् (ज्योतिः) विज्ञानम् (यच्छ) गृहाण (वायुः) प्राण इव प्रियः (ते) तव (अधिपतिः) (तया) (देवतया) (अङ्गिरस्वत्) सूर्यवत् (ध्रुवा) दृढा (सीद) ॥ १४ ॥

अन्वयः—हे स्त्रि या ज्योतिष्मतीं त्वा विश्वस्मै प्राणायाऽपानाय व्यानायाऽन्तरिक्षस्य पृष्ठे विश्वकर्मा सादयतु सा त्वं विश्वं ज्योतिर्यच्छ यो वायुरिव तेऽधिपतिरस्ति तया देवतया सह ध्रुवांगिरस्वत् सीद ॥ १४ ॥

भावार्थः—स्त्री ब्रह्मचर्येण स्वयं विदुषी भूत्वा शरीरात्मबलवर्द्धनाय स्वापत्येभ्यो विज्ञानं सततं प्रदद्यादिति ग्रीष्मर्तुव्याख्यालंकृतम् ॥ १४ ॥

पदार्थः—हे स्त्रि जिस (ज्योतिष्मतीम्) बहुत विज्ञान वाली (त्वा) तुझ को (विश्वस्मै) सब (प्राणाय) प्राण (अपानाय) अपान और (व्यानाय) व्यान की पुष्टि के लिये (अन्तरिक्षस्य) जल के (पृष्ठे) ऊपरले भाग में (विश्वकर्मा) सब शुभ कर्मों का चाहने हारा पति (सादयतु) स्थापित करे सो तू (विश्वम्) संपूर्ण (ज्योतिः) विज्ञान को (यच्छ) ग्रहण कर जो (वायुः) प्राण के समान प्रिय (ते) तेरा (अधिपतिः) स्वामी है (तया) उस (देवतया) देवस्वरूप पति के साथ (ध्रुवा) दृढ़ (अङ्गिरस्वत्) सूर्य्य के समान (सीद) स्थिर हो ॥ १४ ॥

भावार्थः—स्त्री को उचित है कि ब्रह्मचर्य्याश्रम के साथ आप विद्वान् हो

के शरीर आत्मा का बल बढ़ाने के लिये अपने सन्तानों को निरन्तर विज्ञान देवे। यहां तक ग्रीष्म ऋतु का व्याख्यान पूरा हुआ ॥ १४ ॥

नभश्चेत्यस्य विश्वदेव ऋषिः। ऋतवो देवताः।

स्वराडुत्कृतिश्छन्दः। षड्जः स्वरः ॥

अथ वर्षर्त्तुर्व्याख्यायते ॥

अब वर्षा ऋतु का व्याख्यान अगले मन्त्र में कहा है ॥

नभश्च नभस्यश्च वार्षिकावृतू अग्नेरन्तःश्लेषोऽसि कल्पेतां द्यावापृथिवी कल्पन्तामाप ओषधयः कल्पन्तामग्नयः पृथङ्मम ज्यैष्ठ्याय सव्रताः। ये अग्नयः समनसोऽन्तरा द्यावापृथिवी इमे वार्षिकावृतू अभिकल्पमाना इन्द्रमिव देवा अभिसंविशन्तु तया देवतयाऽङ्गिरस्वद् ध्रुवे सीदतम् ॥ १५ ॥

नभः। च। नभस्यः। च। वार्षिकौ। ऋतू इत्यृतू। अग्नेः। अन्तःश्लेष इत्यन्तःश्लेषः। असि। कल्पेताम्। द्यावापृथिवी इति द्यावापृथिवी। कल्पन्ताम्। आपः। ओषधयः। कल्पन्ताम्। अग्नयः। पृथक्। मम। ज्यैष्ठ्याय। सव्रता इति सऽव्रताः। ये। अग्नयः। समनस इति सऽमनसः। अन्तरा। द्यावापृथिवी

इति द्यावापृथिवी । इमे इतीमे । वार्षिकौ । ऋतू इत्यृतू । अभिकल्पमाना इत्यभिऽकल्पमानाः । इन्द्रमिवेतीन्द्रम्ऽइव । अभिसंविशन्त्वित्यभिऽसंविशन्तु । तया । देवतया । अङ्गिरस्वत् । ध्रुवे इति ध्रुवे । सीदतम् ॥ १५ ॥

पदार्थः—(नभः) नह्यन्ति घना यस्मिन् स श्रावणो मासः (च) (नभस्यः) नभस्सु भवो भाद्रपदः (च) (वार्षिकौ) वर्षासु भवौ (ऋतू) वर्षर्तुसम्बंधिनौ (अग्नेः) ऊष्मणः (अन्तःश्लेषः) मध्ये स्पर्शो यस्य (असि) असि (कल्पेताम्) (द्यावापृथिवी) (कल्पन्ताम्) (आपः) (ओषधयः) (कल्पन्ताम्) (अग्नयः) (पृथक्) (मम) (ज्यैष्ठ्याय) प्रशस्यभावाय (सव्रताः) समानानि व्रतानि नियमा येषान्ते (ये) (अग्नयः) (समनसः) समानं मनो ज्ञानं येभ्यस्ते (अन्तरा) मध्ये (द्यावापृथिवी) (इमे) (वार्षिकौ) वर्षासु भवौ (ऋतू) वृष्टिप्रापकौ (अभिकल्पमानाः) अभितः सुखाय समर्थयन्तः (इन्द्रमिव) यथा विद्युतम् (अभिसंविशन्तु) आभिमुख्येन सम्यक् प्रविशन्तु (तया) (देवतया) (अङ्गिरस्वत्) (ध्रुवे) (सीदतम्) ॥ १५ ॥

अन्वयः—हे स्त्रीपुरुषौ युवां यौ नभश्च नभस्यश्च वार्षिकावृतू मम ज्यैष्ठ्याय कल्पेताम् ययोरग्नेरन्तः श्लेषोऽस्यसि याभ्यां सह द्यावापृथिवी कल्पेतां ताभ्यां युवां कल्पेतां यथाप ओषधयश्च कल्पन्तामग्नयः पृथक् कल्पन्ते तथा सव्रताः समनसोऽग्नयः कल्पन्तां ये इमे द्यावापृथिवी कल्पेते तौ वार्षिकावृतू अभिकल्पमाना देवा इन्द्रमिव तया देवतया सहाऽभिसंविशन्तु तयोरन्तराङ्गिरस्वद्ध्रुवे सीदतम् ॥ १५ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलु०—मनुष्यैर्विद्वद्वर्षासु सामग्री संग्राह्या यतो वर्षतौ सर्वाणि सुखानि भवेयुः ॥ १५ ॥

पदार्थः—हे स्त्री पुरुषो तुम दोनों जो (नभः) प्रबंधित मेघोंवाला श्रावण (च) और (नभस्यः) वर्षा का मध्य भागी भाद्रपद (च) ये दोनों (वार्षिकौ) वर्षा (ऋतू) ऋतु के महीने (मम) मेरे (ज्यैष्ठ्याय) प्रशंसित होने के लिये हैं जिन में (अग्नेः) उष्ण तथा (अन्तश्श्लेषः) जिन के मध्य में शीत का स्पर्श (असि) होता है जिन के साथ (द्यावापृथिवी) आकाश और भूमि समर्थ होते हैं उन के योग में तुम दोनों (कल्पेताम्) समर्थ हो जैसे ऋतु योग से (आपः) जल और (ओषधयः) ओषधी वा (अग्नयः) अग्नि (पृथक्) जल से अलग समर्थ होते हैं वैसे (सव्रताः) एक प्रकार के श्रेष्ठ नियम (समनसः) एक प्रकार का ज्ञान देने हारे (अग्नयः) तेजस्वी लोग (कल्पन्ताम्) समर्थ होवें (ये) जो (इमे) (द्यावापृथिवी) आकाश और भूमि वर्षा ऋतु के गुणों में समर्थ होते हैं उन को (वार्षिकौ) (ऋतू) वर्षाऋतुरूप (अभिकल्पमानाः) सब ओर से सुख के लिये समर्थ करते हुए विद्वान् लोग (इन्द्रमिव) बिजुली के समान प्रकाश और बल को (तया) उस (देवतया) दिव्य वर्षा ऋतु के साथ (अभिसंविशन्तु) सन्मुख हो कर अच्छे प्रकार स्थित होवें (अन्तरा) उन दोनों महीनों में प्रवेश करके (अङ्गिरस्वत्) प्राण के समान परस्पर प्रेम युक्त (ध्रुवे) निश्चल (सीदतम्) रहो ॥ १५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमा और वाचकलु०—सब मनुष्यों को चाहिये कि विद्वानों के समान वर्षा ऋतु में वह सामग्री ग्रहण करें जिस से सब सुख होवें ॥१५॥

इषश्चेत्यस्य विश्वे देवा ऋषयः। ऋतवो देवताः।

भुरिगुत्कृतिश्छन्दः। षड्जः स्वरः॥

अथ शरदृतुर्व्याख्यायते॥

अब शरद ऋतु का व्याख्यान अगले मन्त्र में किया है॥

इषश्चोर्जश्च शारदावृतू अग्नेरन्तः श्लेषोऽसि कल्पेतां द्यावापृथिवी कल्पन्तामाप ओषधयः कल्पन्तामग्नयः पृथङ् मम ज्यैष्ठ्याय सव्रताः। ये अग्नयः समनसोऽन्तरा द्यावापृथिवी इमे शारदावृतू अभिकल्पमाना इन्द्रमिव देवा अभिसंविशन्तु तया देवतयाङ्गिरस्वद्ध्रुवे सीदताम्॥ १६॥

इषः। च। ऊर्जः। च। शारदौ। ऋतू इत्यृतू। अग्नेः। अन्तः श्लेष इत्यन्तःऽश्लेषः। असि। कल्पेताम्। द्यावापृथिवी इति द्यावापृथिवी। कल्पन्ताम्। आपः। ओषधयः। कल्पन्ताम्। अग्नयः। पृथक्। मम। ज्यैष्ठ्याय। सव्रता इति सऽव्रताः। ये। अग्नयः। समनस इति सऽमनसः। अन्तरा। द्यावा-

पृथिवी इति द्यावापृथिवी । इमे इतीमे । शारदौ । ऋतू इत्यृतू । अभिकल्पमाना इत्यभिऽकल्पमानाः । इन्द्रमिवेतीन्द्रम्ऽइव । अभिसंविशन्त्वित्यभिसंविशन्तु । तया । देवतया । अङ्गिरस्वत् । ध्रुवे इति ध्रुवे । सीदतम् ॥ १६ ॥

पदार्थः—(इषः) इष्यतेऽसावाश्विनो मासः (च) (ऊर्जः) ऊर्जन्ति सर्वे पदार्था यस्मिन् स कार्त्तिकः (च) (शारदौ) शरदि भवौ (ऋतू) बलप्रदौ (अग्नेः) (अन्तःश्लेषः) मध्यस्पर्शः (असि) अस्ति (कल्पेताम्) (द्यावापृथिवी) (कल्पन्ताम्) (आपः) (ओषधयः) (कल्पन्ताम्) (अग्नयः) बहिःस्थाः (पृथक्) (मम) (ज्यैष्ठ्याय) प्रशस्तसुखभावाय (सव्रताः) सनियमाः (ये) (अग्नयः) शरीरस्थाः (समनसः) मनसा सह वर्त्तमानाः (अन्तरा) मध्ये (द्यावापृथिवी) (इमे) (शारदौ) (ऋतू) (अभिकल्पमानाः) (इन्द्रमिव) (देवाः) (अभिसंविशन्तु) (तया) (देवतया) सह (अङ्गिरस्वत्) आकाशवत् (ध्रुवे) निश्चलसुखे (सीदतम्) सीदतः । अत्र पुरुषव्यत्ययः ॥ १६ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या या विषश्चोर्जश्च शारदावृतू यथा मम ज्यैष्ठ्याय भवतो ययोरग्नेरन्तःश्लेषोऽस्यस्ति । तौ द्यावापृथिवी कल्पेतामाप ओषधयश्च कल्पन्ताम् । सव्रता अग्नयः पृथक् कल्प-

न्ताम् । येऽन्तरा समनसोऽग्नय इमे द्यावापृथिवी कल्पेताम् । शारदा-वृतू इन्द्रमिवाभि कल्पमाना देवा अभिसंविशन्तु तया तया देव-तया सह ध्रुवे सीदतं गच्छतः ॥ १६ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—हे मनुष्या ये शरद्युपयुक्ताः पदार्थाः सन्ति तान् यथायोग्यं संस्कृत्य सेवध्वम् ॥ १६ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे (इषः) चाहने योग्य क्वार महीना (च) और (ऊर्जः) सब पदार्थों के बलवान् होने का हेतु कार्त्तिक (च) ये दोनों (शारदौ) शरद् (ऋतू) ऋतु के महीने (मम) मेरे (ज्यैष्ठ्याय) प्रशंसित सुख होने के लिये होते हैं जिन के (अन्तःश्लेशः) मध्य में किंचित् शीतस्पर्श (असि) होता है वे (द्यावापृथिवी) अवकाश और पृथिवी को (कल्पेताम्) समर्थ करें (आपः) जल और (ओषधयः) ओषधियां (कल्पन्ताम्) समर्थ होवें (सव्रताः) सब कार्यों के नियम करने हारे (अग्नयः) शरीर के अग्नि (पृथक्) अलग (कल्पन्ताम्) समर्थ हों (ये) जो (अन्तरा) बीच में (समनसः) मन के सम्बन्धी (अग्नयः) बाहर के भी अग्नि (इमे) इन (द्यावापृथिवी) आकाश भूमि को (कल्पेताम्) समर्थ करें (शारदौ) शरद (ऋतू) ऋतु के दोनों महीनों में (इन्द्रमिव) परमैश्वर्य के तुल्य (अभिकल्पमानाः) सब ओर से आनन्द की इच्छा करते हुए (देवाः) विद्वान् लोग (अभिसंविशन्तु) प्रवेश करें (तया) उस (देवतया) दिव्य शरदऋतु रूप देवता के नियम के साथ (ध्रुवे) निश्चल सुख वाले (सीदतम्) प्राप्त होते हैं वैसे तुम लोगों को (ज्यैष्ठ्याय) प्रशंसित सुख होने के लिये भी होने योग्य हैं ॥ १६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—हे मनुष्यो जो शरद ऋतु में उपयोगी पदार्थ हैं उन का यथायोग्य शुद्ध करके सेवन करो ॥ १६ ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी पूर्वोक्त विषय अगले मन्त्र में कहा है ॥

आयुर्मे पाहि प्राणं मे पाह्यपानं मे पाहि व्यानं मे पाहि चक्षुर्मे पाहि श्रोत्रं मे पाहि वाचम्मे

पिन्वमनो मे जिन्वात्मानम् मे पाहि ज्योतिर्मे यच्छ ॥ १७ ॥

आयुः । मे । पाहि । प्राणम् । मे । पाहि । अपानमित्यपऽआनम् । मे । पाहि । व्यानमितिविऽआनम् । मे । पाहि । चक्षुः । मे । पाहि । श्रोत्रम् । मे । पाहि । वाचम् । मे । पिन्व । मनः । मे । जिन्व । आत्मानम् । मे । पाहि । ज्योतिः । मे । यच्छ ॥ १७ ॥

पदार्थः—(आयुः) जीवनम् (मे) मम (पाहि) (प्राणम्) (मे) (पाहि) (अपानम्) (मे) (पाहि) (व्यानम्) (मे) (पाहि) (चक्षुः) दर्शनम् (मे) (पाहि) (श्रोत्रम्) श्रवणम् (मे) (पाहि) (वाचम्) वाणीम् (मे) (पिन्व) सुशिक्षया सिंच (मनः) (मे) (जिन्व) प्रीणीहि (आत्मानम्) चेतनम् (मे) पाहि (ज्योतिः) विज्ञानम् (मे) मह्यम् (यच्छ) देहि ॥ १७ ॥

अन्वयः—हे स्त्रि पुरुष वा त्वं शरद्दतावायुर्मे पाहि प्राणम् मे पाह्यपानं मे पाहि व्यानं मे पाहि चक्षुर्मे पाहि श्रोत्रं मे पाहि वाचं मे पिन्व मनो मे जिन्वात्मानं मे पाहि ज्योतिर्मे यच्छ ॥ १७ ॥

भावार्थः—स्त्री पुरुषस्य पुरुषः स्त्रियाश्च यथाऽऽयुरादीनां वृद्धिः स्यात्तथैव नित्यमाचरेताम् ॥ १७ ॥

पदार्थः—हे स्त्री वा पुरुष तू शरद ऋतु में (मे) मेरी (आयुः) अवस्था की (पाहि) रक्षा कर (मे) मेरे (प्राणम्) प्राण की (पाहि) रक्षा कर (मे) मेरे (अपानम्) अपान वायु की (पाहि) रक्षा कर (मे) मेरे (व्यानम्) व्यान की (पाहि) रक्षा कर (मे) मेरे (चक्षुः) नेत्रों की (पाहि) रक्षा कर (मे) मेरे (श्रोत्रम्) कानों की (पाहि) रक्षा कर (मे) मेरी (वाचम्) वाणी को (पिन्व) अच्छी शिक्षा से युक्त कर (मे) मेरे (मनः) मन को (जिन्व) तृप्त कर (मे) मेरे (आत्मानम्) चेतन आत्मा की (पाहि) रक्षा कर और (मे) मेरे लिये (ज्योतिः) विज्ञान का (यच्छ) दान कर ॥ १७ ॥

भावार्थः—स्त्री पुरुष का और पुरुष स्त्री की जैसे अवस्था आदि की वृद्धि होवे वैसे परस्पर नित्य आचरण करें ॥ १७ ॥

माच्छ इत्यस्य विश्वदेव ऋषिः। छन्दांसि देवताः। भुरिगति जगती छन्दः। निषादः स्वरः ॥

स्त्री पुरुषैः कथं विज्ञानं वर्द्धनीयमित्याह ॥

स्त्री पुरुषों को कैसे विज्ञान बढ़ाना चाहिये इस वि० ॥

माच्छन्दः प्रमाच्छन्दः प्रतिमाच्छन्दो अस्त्रीवयश्छन्दः पंक्तिश्छन्दः उष्णिक् छन्दो बृहती छन्दोऽनुष्टुप्छन्दो विराट् छन्दो गायत्री छन्दस्त्रिष्टुप्छन्दो जगती छन्दः ॥ १८ ॥

मा। छन्दः। प्रमेति प्रऽमा। छन्दः। प्रतिमेति प्रतिऽमा। छन्दः। अस्त्रीवयः। छन्दः। पंक्तिः। छन्दः।

उष्णिक् । छन्दः । बृहती । छन्दः । अनुष्टुप् । अनुस्तुवित्यनुऽस्तुप् । छन्दः । विराडिति विऽराट् । छन्दः । गायत्री । छन्दः । त्रिष्टुप् । त्रिस्तुविति त्रिऽस्तुप् । छन्दः । जगती । छन्दः ॥ १८ ॥

पदार्थः—(अग्ने) विद्वन् (त्वम्) (नः) अस्माकम् (अन्तमः) अतिशयेनान्तिकः । अन्तमानामित्यन्तिकना० निघं० २ । १६ । (उत) अपि (त्राता) रक्षकः (शिवः) मङ्गलकारी (भव) द्व्यचोऽतस्तिङ इति दीर्घः (वरूथ्यः) वरः (वसुः) धनप्रदः (अग्निः) प्रापकः (वसुश्रवाः) वसूनि धनानि श्रवांस्यन्नानि च यस्मात्सः (अच्छ) अत्र संहितायामिति दीर्घः (नक्षि) प्राप्नोमि । अत्र णक्ष गतावित्यस्माल्लङुत्तमैकवचनेऽड्विकरणयोरभावः (द्युमत्तमम्) प्रशस्ता दिवः प्रकाशा कामना वा विद्यन्ते यस्मिन् सोऽतिशयितस्तम् (रयिम्) धनम् (दाः) ददाति । अत्राप्यडभावः (तम्) (त्वा) त्वाम् (शोचिष्ठ) अतिशयेन तेजस्विन् (दीदिवः) ये दीदयन्ति ते दीदयः प्रकाशास्ते बहवो विद्यन्ते यस्मिन् तत्सम्बुद्धौ (सुम्नाय) सुखाय (नूनम्) निश्चितम् (ईमहे) याचामहे (सखिभ्यः) मित्रेभ्यः ॥ ४८ ॥

अन्वयः—हे अग्ने त्वं यथाऽयं वसुर्वसुश्रवा अग्नी रयिन्दा ददाति तथा नोऽस्माकमन्तमस्त्राता वरूथ्य उतापि शिवो भव । हे शोचिष्ठ दीदिवो विद्वन् यथा वयं त्वा सखिभ्यः सुम्नाय नून-

मीमहे तथा तं त्वां सर्वे मनुष्या याचन्ताम्। यथाऽहं द्युमत्तमं त्वामच्छ नक्षि प्राप्नोमि तथात्वमस्मान्प्राप्नुहि ॥ ४८ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा सुहृदो मित्राणीच्छन्त्युन्नयन्ति तथा विद्वान् सर्वस्य मित्रः सर्वान्सुखिनः सम्पादयेत् ॥४८॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वान् (त्वम्) आप जैसे यह (वसुः) धनदाता (वसुश्रवाः) अन्न और धन का हेतु (अग्निः) अग्नि (रयिम्) धन को (दाः) देता है वैसे (नः) हमारे (अन्तमः) अत्यन्त समीप (त्राता) रक्षक (वरूथ्यः) श्रेष्ठ (उत) और (शिवः) मंगलकारी (भव) हूजिये हे (शोचिष्ठ) अतितेजस्वी (दीदिवः) बहुत प्रकाशों से युक्त वा कामना वाले विद्वान् जैसे हम लोग (त्वा) तुझ को (सखिभ्यः) मित्रों से (सुम्नाय) सुख के लिये (नूनम्) निश्चय (ईमहे) मांगते हैं वैसे (तम्) उस तुझ को सब मनुष्य चाहैं जैसे मैं (द्युमत्तमम्) प्रशंसित प्रकाशों से युक्त तुझ को (अच्छ) अच्छे प्रकार (नक्षि) प्राप्त होता हूं वैसे तू हम को प्राप्त हो ॥ ४८ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे मित्र अपने मित्रों को चाहते और उन की उन्नति करते हैं वैसे विद्वान् सब का मित्र सब को सुख देवे ॥ ४८ ॥

येन ऋषय इत्यस्य परमेष्ठी ऋषिः। अग्निर्देवता ॥
आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

येन॒ ऋष॑यस्तप॑सा स॒त्रमाय॒न्निन्धा॑ना अ॒ग्निं स्व॑राभर॑न्तः। तस्मि॑न्न॒हं नि द॑धे॒ नाके॑ अ॒ग्निं यमा॒हुर्मन॑वस्ती॒र्णब॑र्हिषम् ॥ ४९ ॥

येन॑। ऋष॑यः। तप॑सा। स॒त्रम्। आय॑न्। इन्धा॑-

नाः। अग्निम्। स्वः। आऽभरन्तः। तस्मिन्। अहम्। नि। दधे। नाके। अग्निम्। यम्। आहुः। मनवः। स्तीर्णबर्हिषमिति स्तीर्णऽबर्हिषम् ॥ ४९ ॥

पदार्थः—(येन) कर्मणा (ऋषयः) वेदार्थवेत्तारः (तपसा) धर्माऽनुष्ठानेन (सत्रम्) सत्रा सत्यं विद्यते यस्मिन् विज्ञाने तत् (आयन्) प्राप्नुयुः (इन्धानाः) प्रकाशमानाः (अग्निम्) विद्युदादिम् (स्वः) सुखम् (आभरन्तः) समन्ताद्धरन्तः (तस्मिन्) (अहम्) (निदधे) (नाके) अविद्यमानदुःखे सुखे प्राप्तव्ये सति (अग्निम्) उक्तम् (यम्) (आहुः) वदन्ति (मनवः) मननशीला विद्वांसः (स्तीर्णबर्हिषम्) स्तीर्णमाच्छादितं बर्हिरन्तरिक्षं येन तम् ॥४९॥

अन्वयः—येन तपसेन्धानाः स्वराभरन्त ऋषयः सत्रमग्निमायँस्तस्मिन्नाके मनवो यं स्तीर्णबर्हिषमग्निमाहुस्तमहं निदधे ॥४९॥

भावार्थः—येन प्रकारेण वेदपारगाः सत्यमनुष्ठाय विद्युदादिपदार्थान् सम्प्रयुज्य समर्था भवन्ति तेनैव मनुष्यैः सम्राड्भियुक्तैर्भवितव्यम् ॥ ४९ ॥

पदार्थः—(येन) जिस (तपसा) धर्मानुष्ठानरूप कर्म से (इन्धानाः) प्रकाशमान (स्वः) सुख को (आभरन्तः) अच्छे प्रकार धारण करते हुए (ऋषयः) वेद का अर्थ जानने वाले ऋषि लोग (सत्रम्) सत्य विज्ञान से युक्त (अग्निम्) विद्युत् आदि अग्नि को (आयन्) प्राप्त हों (तस्मिन्) उस कर्म के होते (नाके) दुःखरहित प्राप्त होने योग्य सुख के निमित्त (मनवः) विचारशील विद्वान् लोग (यम्) जिस (स्तीर्णबर्हिषम्) आकाश को आच्छादन करने वाले (अग्निम्) अग्नि को (आहुः) कहते हैं उस को (अहम्) मैं (नि, दधे) धारण करता हूं ॥ ४९ ॥

भावार्थः—जिस प्रकार से वेदपारग विद्वान् लोग सत्य का अनुष्ठान कर बिजुली आदि पदार्थों को उपयोग में लाके समर्थ होते हैं उसी प्रकार मनुष्यों को समृद्धियुक्त होना चाहिये ॥ ४९ ॥

तं पत्नीभिरित्यस्य परमेष्ठी ऋषिः । अग्निर्देवता ।
भुरिगार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

विद्वद्भिः कथं भवितव्यमित्याह ॥
विद्वानों को कैसा होना चाहिये यह वि० ॥

तं पत्नीभिरनु गच्छेम देवाः पुत्रैर्भ्रातृभिरुत वा हिरण्यैः । नाकं गृभ्णानाः सुकृतस्य लोके तृतीये पृष्ठे अधि रोचने दिवः ॥ ५० ॥

तम् । पत्नीभिः । अनु । गच्छेम । देवाः । पुत्रैः । भ्रातृभिरिति भ्रातृऽभिः । उत । वा । हिरण्यैः । नाकम् । गृभ्णानाः । सुकृतस्येति सुऽकृतस्य । लोके । तृतीये । पृष्ठे । अधि । रोचने । दिवः ॥ ५० ॥

पदार्थः—(तम्) अग्निम् (पत्नीभिः) स्वस्वस्त्रीभिः (अनु) (गच्छेम) (देवाः) विद्वांसः (पुत्रैः) वृद्धावस्थाजन्यदुःखात्त्रातृभिः (भ्रातृभिः) बन्धुभिः (उत) (वा) अन्यैरनुक्तैः सम्बन्धिभिः (हिरण्यैः) सुवर्णादिभिः (नाकम्) आनन्दम् (गृभ्णानाः) गृह्णन्तः (सुकृतस्य) सुष्ठुकृतस्य वेदोक्तकर्मणः (लोके) द्रष्टव्ये स्थाने (तृतीये) विज्ञानजे (पृष्ठे) ज्ञीप्सिते (अधि) उपरिभागे (रोचने) रुचिकरे (दिवः) द्योतनकर्मणः ॥ ५० ॥

अन्वयः—हे देवा विद्वांसो यथा यूयं तं गृभ्णाना दिवः सुकृतस्याधि रोचने तृतीये पृष्ठे लोके वर्त्तमानाः पत्नीभिः पुत्रै-र्भ्रातृभिरुत वा हिरण्यैः सह नाकं गच्छत तथैतैः सहिता वयम-नुगच्छेम ॥ ५० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा विद्वांसः स्वस्त्रीपुत्रभ्रातृ-दुहितृमातृपितृभृत्यपार्श्वस्थान् विद्यासुशिक्षाभ्यां धार्मिकान् पुरुषा-र्थिनः कृत्वा सन्तुष्टा भवन्ति तथैव सर्वैरप्यनुवर्त्यम् ॥ ५० ॥

पदार्थः—हे (देवाः) विद्वान् लोगो जैसे तुम लोग (तम्) उस पूर्वोक्त अग्नि को (गृभ्णानाः) ग्रहण करते हुए (दिवः) प्रकाशयुक्त (सुकृतस्य) सुन्दर वेदोक्त कर्म (अधि) में वा (रोचने) रुचिकारक (तृतीये) विज्ञान से हुए (पृष्ठे) जानने को इष्ट (लोके) विचारने वा देखने योग्य स्थान में वर्त्तमान (पत्नीभिः) अपनी २ स्त्रियों (पुत्रैः) वृद्धावस्था में हुए दुःख से रक्षक पुत्रों (भ्रातृभिः) बन्धुओं (उत, वा) और अन्य सम्बन्धियों तथा (हिरण्यैः) सुवर्णादि के साथ (नाकम्) आनन्द को प्राप्त होते हो वैसे इन सब के सहित हम लोग भी (अनु, गच्छेम) अनुगत हों ॥ ५० ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे विद्वान् लोग अपनी स्त्री पुत्र, भाई, कन्या, माता, पिता, सेवक और परोसियों को विद्या और अच्छी शिक्षा से धर्मात्मा पुरुषार्थी करके सन्तोषी होते हैं वैसे ही सब मनुष्यों को होना चाहिये ॥ ५० ॥

आवाच इत्यस्य परमेष्ठी ऋषिः । अग्निर्देवता । स्वराड्ब्राह्मी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

ईश्वरवद्राज्ञा किं कार्य्यमित्याह ॥

ईश्वर के तुल्य राजा को क्या करना चाहिये यह वि० ॥

आ वाचो मध्यमरुहद् भुरण्युरयमग्निः सत्पं-

तिश्चेकितानः । पृष्ठे पृथिव्या निहितो दविद्युतद-
धस्पदं कृणुतां ये पृतन्यवः ॥ ५१ ॥

आ । वाचः । मध्यम् । अरुहत् । भुरण्युः ।
अयम् । अग्निः । सत्पतिरिति सत्ऽपतिः । चेकिता-
नः । पृष्ठे । पृथिव्याः । निहित इति निऽहितः ।
दविद्युतत् । अधस्पदम् अधःपदमित्यधःऽपदम् ।
कृणुताम् । ये । पृतन्यवः ॥ ५१ ॥

पदार्थः—(आ) (वाचः) (मध्यम्) मध्ये भवम् (अरुहत्) रोहति (भुरण्युः) पोषकः (अयम्) (अग्निः) विद्वान् (सत्पतिः) सतां पालकः (चेकितानः) विज्ञानयुक्तः (पृष्ठे) उपरिभागे (पृथिव्याः) भूमेः (निहितः) नितरां धृतः (दविद्युतत्) प्रकाशयति (अधस्पदम्) नीचाधिकारम् (कृणुताम्) करोतु (ये) (पृतन्यवः) युद्धायात्मनः पृतनां सेनामिच्छवः ॥ ५१ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् चेकितानः सत्पतिर्भवान् वाचो मध्यं प्राप्य यथाऽयं भुरण्युरग्निः पृथिव्याः पृष्ठे निहितो दविद्युतदारुहत्तेन ये पृतन्यवस्तानधस्पदं कृणुताम् ॥ ५१ ॥

भावार्थः—विद्वांसो राजानो यथेश्वरो ब्रह्माण्डस्य मध्ये सूर्य्यं निधाय सर्वान् सुखेनोपकरोति तथैव राज्यमध्ये विद्याबले धृत्वा शत्रून् जित्वा प्रजास्थान् मनुष्यानुपकुर्य्युः ॥ ५१ ॥

पदार्थः—हे विद्वान् पुरुष (चेकितानः) विज्ञानयुक्त (सत्पतिः) श्रेष्ठों के रक्षक आप (वाचः) वाणी के (मध्यम्) बीच हुए उपदेश को प्राप्त हो के जैसे (अयम्) यह (भुरण्युः) पुष्टिकर्त्ता (अग्निः) विद्वान् (पृथिव्याः) भूमि के (पृष्ठे) ऊपर (निहितः) निरन्तर स्थिर किया (दविद्युतत्) उपदेश से सब को प्रकाशित करता । और धर्म पर (आ, रुहत्) आरूढ होता है उस के साथ (ये) जो लोग (पृतन्यवः) युद्ध के लिये सेना की इच्छा करते हैं उन को (अधस्पदम्) अपने अधिकार से च्युत जैसे हों वैसा (कृणुताम्) कीजिये ॥ ५१ ॥

भावार्थः—विद्वान् मनुष्यों को चाहिये कि जैसे ईश्वर ब्रह्माण्ड में सूर्यलोक को स्थापन करके सब को सुख पहुंचाता है । वैसे ही राज्य में विद्या और बल को धारण कर शत्रुओं को जीत के प्रजा के मनुष्यों का सुख से उपकार करें ॥ ५१ ॥

अयमग्निरित्यस्य परमेष्ठी ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

धार्मिकजनवदितरैर्वर्तितव्यमित्याह ॥

धर्मात्माओं के तुल्य अन्यलोगों को वर्तना चाहिये यह वि० ॥

अयमग्निर्वीरतमो वयोधाः सहस्रियो द्योततामप्रयुच्छन् । विभ्राजमानः सरिरस्य मध्य उप प्र याहि दिव्यानि धाम ॥ ५२ ॥

अयम् । अग्निः । वीरतमइति वीरऽतमः । वयोधा इति वयःऽधाः । सहस्रियः । द्योतताम् । अप्रयुच्छन्नित्यप्रऽयुच्छन् । विभ्राजमान इति विऽभ्राजमानः । सरिरस्य । मध्ये । उप । प्र । याहि । दिव्यानि । धाम ॥ ५२ ॥

पदार्थः—(अयम्) (अग्निः) पावक इव सेनापतिः (वीरतमः) वेति स्वबलेन शत्रुबलं व्याप्नोति सोऽतिशयितः (वयोधाः) यः सर्वेषां जीवनं दधाति सः (सहस्रियः) सहस्रेणासङ्ख्यातेन योद्धृसमूहेन सम्मितस्तुल्यः (द्योतताम्) प्रकाशताम् (अप्रयुच्छन्) अप्रमाद्यन् (विभ्राजमानः) विशेषेण विद्यान्यायाभ्यां देदीप्यमानः (सरिरस्य) अन्तरिक्षस्य (मध्ये) (उप) (प्र) (याहि) प्राप्नुहि (दिव्यानि) (धाम) जन्मकर्मस्थानानि ॥ ५२ ॥

अन्वयः—योऽयं वीरतमो वयोधाः सहस्रियः सरिरस्य मध्ये विभ्राजमानोऽप्रयुच्छन्नग्निरिव स भवान् द्योतताम् । दिव्यानि धाम धामानि त्वमुपप्रयाहि ॥ ५२ ॥

भावार्थः—मनुष्या धार्मिकैर्जनैः सहोषित्वा प्रमादं विहाय जितेन्द्रियत्वेन जीवनं वर्धयित्वा विद्याधर्मानुष्ठानेन पवित्रा भूत्वा परोपकारिणः सन्तु ॥ ५२ ॥

पदार्थः—जो (अयम्) यह (वीरतमः) अपने बल सें शत्रुओं को अत्यन्त व्याप्त होने तथा (वयोधाः) सब के जीवन को धारण करने वाला (सहस्रियः) असंख्य योद्धाजनों के समान योद्धा (सरिरस्य) आकाश के (मध्ये) बीच (विभ्राजमानः) विशेष करके विद्या और न्याय से प्रकाशित सो (अप्रयुच्छन्) प्रमादरहित होते हुए (अग्निः) अग्नि के तुल्य सेनापति आप (द्योतताम्) प्रकाशित हूजिये और (दिव्यानि) अच्छे (धाम) जन्म कर्म और स्थानों को (उप,प्र,याहि) प्राप्तहूजिये ॥ ५२ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि धर्मात्मा जनों के साथ निवास कर प्रमाद को छोड़ और जितेन्द्रियता से अवस्था बढ़ा के विद्या और धर्म के अनुष्ठान से पवित्र होके परोपकारी होवें ॥ ५२ ॥

संप्रच्यवध्वमित्यस्य परमेष्ठी ऋषिः । अग्निर्देवता ।
भुरिगार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

कथं विवाहं कृत्वा किं कुर्य्यातामित्याह ॥

स्त्री पुरुष कैसे विवाह करके क्या करें यह वि० ॥

सम्प्रच्यवध्वमुप सम्प्रयाताग्ने पथो देवयानान् कृणुध्वम् । पुनः कृण्वाना पितरा युवानाऽन्वाताꣳसीत् त्वयि तन्तुमेतम् ॥ ५३ ॥

सम्प्रच्यवध्वमिति सम्ऽप्रच्यवध्वम् । उप । सम्प्रयातेति सम्ऽप्रयात । अग्ने । पथः । देवयानानिति देवऽयानान् । कृणुध्वम् । पुनरिति पुनः । कृण्वाना । पितरा । युवाना । अन्वाताꣳसीदित्यनुऽआताꣳसीत् । त्वयि । तन्तुम् । एतम् ॥ ५३ ॥

पदार्थः—(संप्रच्यवध्वम्) सम्यग्गच्छत (उप) (संप्रयात) सम्यक् प्राप्नुत (अग्ने) विद्वन् (पथः) मार्गान् (देवयानान्) देवा धार्मिका यान्ति येषु तान् (कृणुध्वम्) कुरुत (पुनः) (कृण्वाना) कुर्वन्तौ (पितरा) पालकौ मातापितरौ (युवाना) पूर्णयुवावस्थास्थौ । अत्र सर्वत्र विभक्तेराकारादेशः (अन्वातांसीत्) पश्चात् समन्तात्तनुताम् । अत्र वचनव्यत्ययेन द्विवचनस्थान एकवचनम् (त्वयि) पितामहे विद्यमाने सति (तन्तुम्) सन्तानम् (एतम्) गर्भाधानादिरीत्या यथोक्तम् ॥ ५३ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं विद्या उपसम्प्रयात देवयानान् पथः सम्प्रच्यवध्वं धर्मं कृणुध्वं हे अग्ने त्वयि पितामहे विद्यमाने सति पितरा ब्रह्मचर्य्यं कृण्वाना युवाना भूत्वा स्वयंवरं विवाहं कृत्वा पुनरेतं तन्तुमन्वातांसीत् ॥ ५३ ॥

भावार्थः—कुमारा धर्म्येण सेवितब्रह्मचर्य्येण पूर्णां विद्या अधीत्य स्वयं धार्मिका भूत्वा पूर्णयुवावस्थायां प्राप्तायां कन्यानां पुरुषा पुरुषाणां च कन्याः परीक्षां कृत्वाऽत्यन्तप्रीत्याऽऽकर्षितहृदयाः स्वेच्छया विवाहं विधाय धर्मेण सन्तानानुत्पाद्य सेवया मातापितरौ च सन्तोष्याप्तानां विदुषां मार्गं सततमन्वायुः यथा सरलान् धर्ममार्गान्कुर्य्युस्तथैव भूमि जलान्तरिक्षमार्गानपिनिष्पादयेरन् ॥ ५३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुम लोग विद्याओं को (उपसंप्रयात) अच्छे प्रकार प्राप्त होओ (देवयानान्) धार्मिकों के (पथः) मार्गों से (संप्रच्यवध्वम्) सम्यक् चलो धर्म को (कृणुध्वम्) करो हे (अग्ने) विद्वान् पितामह (त्वयि) तुम्हारे बने रहते ही (पितरा) रक्षा करने वाले माता पिता तुम्हारे पुत्र आदि ब्रह्मचर्य्य को (कृण्वाना) करते हुए (युवाना) पूर्ण युवावस्था को प्राप्त हो और स्वयंवर विवाह कर (पुनः) पश्चात् (एतम्) गर्भाधानादिरीति से यथोक्त (तन्तुम्) सन्तान को (अन्वातांसीत्) अनुकूल उत्पन्न करें ॥ ५३ ॥

भावार्थः—कुमार स्त्री पुरुष धर्म युक्त सेवन किये ब्रह्मचर्य्य से पूर्ण विद्या पढ़ आप धार्मिक हो पूर्ण युवावस्था की प्राप्ति में कन्याओं की पुरुष और पुरुषों की कन्या परीक्षा कर अत्यन्तप्रीति के साथ चित्त से परस्पर आकर्षित होके अपनी इच्छा से विवाह कर धर्मानुकूल सन्तानों को उत्पन्न और सेवा से अपने माता पिता का संतोष कर के आप्त विद्वानों के मार्ग से निरन्तर चलें और जैसे धर्म के मार्गों को सरल करें वैसे ही भूमि जल और अन्तरिक्ष के मार्गों को भी बनावें ॥ ५३ ॥

उद्बुध्यस्वेत्यस्य परमेष्ठी ऋषिः । अग्निर्देवता ।
आर्षी त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर वही पूर्वोक्त वि० ॥

उद्बुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहि त्वमिष्टापूर्त्ते सꣳसृजेथामयं च । अस्मिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् विश्वे देवा यजमानश्च सीदत ॥ ५४ ॥

उत् । बुध्यस्व । अग्ने । प्रति । जागृहि । त्वम् । इष्टापूर्त्ते इतीष्टाऽपूर्त्ते । सम् । सृजेथाम् । अयम् । च । अस्मिन् । सधस्थ इति सधऽस्थे । अधि । उत्तरस्मिन्नित्युत्ऽतरस्मिन् । विश्वे । देवाः । यजमानः । च । सीदत ॥ ५४ ॥

पदार्थः—(उत) उत्कृष्टरीत्या (बुध्यस्व) जानीहि (अग्ने) विद्यया सुप्रकाशिते स्त्रि पुरुष वा (प्रति) (जागृहि) अविद्यानिद्रां त्यक्त्वा विद्यया चेत (त्वम्) स्त्री (इष्टापूर्त्ते) इष्टं सुखं विद्वत्सत्करणमीश्वराराधनं सत्संगतिकरणं सत्यविद्यादिदानं च पूर्त्तं पूर्णं बलं ब्रह्मचर्यं विद्यालंकरणं पूर्णं यौवनं पूर्णं साधानोपसाधनं च ते (सम्) सम्यक् (सृजेथाम्) निष्पादयेतम् । अत्र व्यत्ययेनात्मनेपदम् (अयम्) पुरुषः (च) (अस्मिन्) वर्तमाने

(सधस्थे) सहस्थाने (अधि) उपरि (उत्तरस्मिन्) आगामिनि (विश्वे) सर्वे (देवाः) विद्वांसः (यजमानः) पुरुषः (च) स्त्री (सीदत) अवस्थिता भवत ॥ ५४ ॥

अन्वयः—हे अग्ने त्वमुद्बुध्यस्व सर्वान् प्रति जागृहि त्वमयं चास्मिन्त्सधस्थ उत्तरस्मिँश्च सदेष्टापूर्त्ते संसृजेथाम् । विश्वे देवा यजमानश्चैतस्मिन्नधि सीदत । ५४ ॥

भावार्थः—यथाऽग्नियजमानौ सुखं पूर्णां सामग्रीं च साध्नुतस्तथा कृतविवाहाः स्त्रीपुरुषा अस्मिन् जगति समाचरन्तु । यदा विवाहाय दृढप्रीती स्त्रीपुरुषौ भवेतां तदा विदुष आहूयैतेषां सन्निधौ वेदोक्ताः प्रतिज्ञाः कृत्वा पतिः पत्नी च भवेताम् ॥ ५४ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) अच्छी विद्या से प्रकाशित स्त्री वा पुरुष तू (उद्बुध्यस्व) अच्छे प्रकार ज्ञान को प्राप्त हो सब के प्रति (प्रति, जागृहि) अविद्या रूप निद्रा को छोड़ के विद्या से चेतन हो (त्वम्) तू स्त्री (च) और (अयम्) यह पुरुष दोनों (अस्मिन्) इस वर्त्तमान (सधस्थे) एक स्थान में और (उत्तरस्मिन्) आगामि समय में सदा (इष्टापूर्त्ते) इष्ट सुख विद्वानों का सत्कार, ईश्वर का आराधन, अच्छा सङ्ग करना और सत्य विद्या आदि का दान देना, यह इष्ट और पूर्ण-बल, ब्रह्मचर्य, विद्या की शोभा, पूर्णयुवा अवस्था, साधन और उपसाधन यह सब पूर्त्त इन दोनों को (सं, सृजेथाम्) सिद्ध किया करो (विश्वे) सब (देवाः) विद्वान् लोग (च) और (यजमानः) यज्ञ करने वाले पुरुष तू इस एक स्थान में (अधि, सीदत) उन्नति पूर्वक स्थिर होओ ॥ ५४ ॥

भावार्थः—जैसे अग्नि सुगंधादि के होम से इष्ट सुख देता और यज्ञकर्त्ता जन यज्ञ की सामग्री पूरी करता है वैसे उत्तम विवाह किये स्त्री पुरुष इस जगत् में आचरण किया करें । जब विवाह के लिये दृढ़प्रीति वाले स्त्री पुरुष हों तब विद्वानों को बुला के उन के समीप वेदोक्त प्रतिज्ञा करके पति और पत्नी बनें ॥ ५४ ॥

येन वहसीत्यस्य परमेष्ठी ऋषिः । अग्निर्देवता ।
निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर वही वि० ॥

येन वहसि सहस्रं येनाग्ने सर्ववेदसम् । तेनेमं यज्ञं नो नय स्वर्देवेषु गन्तवे ॥ ५५ ॥

येन । वहसि । सहस्रम् । येन । अग्ने । सर्ववेदसमिति सर्वऽवेदसम् । तेन । इमम् । यज्ञम् । नः । नय । स्वः । देवेषु । गन्तवे ॥ ५५ ॥

पदार्थः—(येन) प्रतिज्ञातेन कर्मणा (वहसि) (सहस्रम्) असंख्यं गृहाश्रमव्यवहारम् (येन) विज्ञानेन (अग्ने) विद्वन् विदुषि वा (सर्ववेदसम्) सर्वैर्वेदैरुक्तं कर्म (तेन) (इमम्) गृहाश्रमम् (यज्ञं) संगन्तव्यम् (नः) अस्मान् (नय) (स्वः) सुखम् (देवेषु) विद्वत्सु (गन्तवे) गन्तुं प्राप्तुम् ॥ ५५ ॥

अन्वयः—हे अग्ने त्वं देवेषु स्वर्गन्तवे येन सहस्रं वहसि येन सर्ववेदसं वहसि तेनेमं यज्ञं नोऽस्मान्नय ॥ ५५ ॥

भावार्थः—विवाहप्रतिज्ञास्वियमपि प्रतिज्ञा कारयितव्या । हे स्त्रीपुरुषौ युवां यथास्वहितायाचरतं तथास्माकं मातापित्राचार्यातिथीनां सुखायापि सततं वर्त्तेयाथामिति ॥ ५५ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वान् पुरुष विदुषि स्त्री वा तू (देवेषु) विद्वानों में (स्वः) सुख को (गन्तवे) प्राप्त होने के लिये (येन) जिस प्रतिज्ञा किये कर्म से (सहस्रम्) गृहाश्रम के असंख्य व्यवहारों को (वहसि) प्राप्त होते हो तथा (येन) जिस विज्ञान से (सर्ववेदसम्) सब वेदों में कहे कर्म को यथावत् करते हो (तेन) उस से (इमम्) इस गृहाश्रमरूप (यज्ञम्) संगति के योग्य यज्ञ को (नः) हम को (नय) प्राप्त कीजिये ॥ ५५ ॥

भावार्थः—विवाह की प्रतिज्ञाओं में यह भी प्रतिज्ञा करानी चाहिये कि हे स्त्रीपुरुषो तुम दोनों जैसे अपने हित के लिये आचरण करो वैसे हम माता पिता आचार्य्य और अतिथियों के सुख के लिये भी निरन्तर वर्त्ताव करो ॥ ५५ ॥

अयन्त इत्यस्य परमेष्ठी ऋषिः । अग्निर्देवता ।

निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर वही वि० ॥

अयं ते योनिर्ऋत्वियो यतो जातो अरोचथाः ।
तञ्जानन्नग्न आ रोहाथा नो वर्धया रयिम् ॥ ५६ ॥

अयम् । ते । योनिः । ऋत्वियः । यतः । जातः । अरोचथाः । तम् । जानन् । अग्ने । आ । रोह । अथ । नः । वर्धय । रयिम् ॥ ५६ ॥

पदार्थः—(अयम्) (ते) तव (योनिः) गृहम् (ऋत्विय) ऋतुः प्राप्तोऽस्य सः (यतः) यस्य विद्याध्ययनस्याध्यापनस्य च सकाशात् (जातः) जाता च (अरोचथाः) प्रदीप्येथाः (तम्) (जानन्) जानन्ती च (अग्ने) विद्वन् विदुषि च (आ) (रोह) (अथ) आनन्तर्य्ये । निपातस्य चेति दीर्घः (नः) अस्माकम् (वर्धय) अन्येषामपीति दीर्घः (रयिम्) संपत्तिम् ॥ ५६ ॥

अन्वयः—हे अग्ने योऽयं ते तव ऋत्वियो योनिरास्ति यतो जातो जाता त्वं चारोचथास्तं जानन् जानन्ती चारोहाथ नो रयिं वर्धय ॥ ५६ ॥

भावार्थः—विवाहे स्त्री पुरुषाभ्यामियमपि द्वितीया प्रतिज्ञा कारयितव्या । येन ब्रह्मचर्य्येण यया विद्यया च युवां स्त्रीपुरुषौ कृतकृत्यौ भवथस्तत्तां च सदैव प्रचारयतम् । पुरुषार्थेन धनादिकं च वर्धयित्वैतत् सन्मार्गे वीतम् । इत्येतत् सर्वं हेमन्तस्य ऋतोर्व्याख्यानं समाप्तम् ॥ ५६ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वन् वा विदुषि (अयम्) यह (ते) तेरा (ऋत्वियः) ऋतु अर्थात् समय को प्राप्त हुआ (योनिः) घर है (यतः) जिस विद्या के पठन पाठन से (जातः) प्रसिद्ध हुआ वा हुई तू (अरोचथाः) प्रकाशित हो (तम्) उस को (जानन्) जानता वा जानती हुई (आ, रोह) घर्म पर आरूढ़ हो (अथ) इस के पश्चात् (नः) हमारी (रयिम्) संपत्ति को (वर्धय) बढ़ाया कर ॥ ५६ ॥

भावार्थः—स्त्री पुरुषों से विवाह में यह भी दूसरी प्रतिज्ञा करानी चाहिये कि जिस ब्रह्मचर्य और जिस विद्या के साथ तुम दोनों स्त्री पुरुष कृतकृत्य होते हो

उस २ को सदैव प्रचारित किया करो । और पुरुषार्थ से धनादि पदार्थ को बढ़ा के उस को अच्छे मार्ग में खर्च किया करो । यह सब हेमन्त ऋतु का व्याख्यान पूरा हुआ ॥ ५६ ॥

तपश्चेत्यस्य परमेष्ठी ऋषिः । शिशिरर्त्तुर्देवता ।
स्वाड्उत्कृतिश्छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

अथ शिशिरस्य ऋतोर्वर्णनमाह ॥
अब अगले मन्त्र में शिशिर ऋतु का वर्णन किया है ॥

तपश्च तपस्यश्च शैशिरावृतू अग्नेरन्तःश्लेषोऽसि कल्पेतां द्यावापृथिवी कल्पन्तामाप ओषधयः कल्पन्तामग्नयः पृथङ्मम ज्यैष्ठ्याय सव्रताः । ये अग्नयः समनसोऽन्तरा द्यावापृथिवी इमे शैशिरावृतू अभिकल्पमाना इन्द्रमिव देवा अभिसंविशन्तु तया देवतयाङ्गिरस्वद्ध्रुवे सीदतम् ॥ ५७ ॥

तपः । च । तपस्यः । च । शैशिरौ । ऋतू इत्यृतू । अग्नेः । अन्तःश्लेष इत्यन्तःऽश्लेषः । असि । कल्पेताम् । द्यावापृथिवी इति द्यावापृथिवी । कल्पन्ताम् । आपः । ओषधयः । कल्पन्ताम् । अग्नयः । पृथक् । मम । ज्यैष्ठ्याय । सव्रता इति सऽव्रताः । ये । अग्नयः । समनस इति सऽमनसः ।

अन्तरा। द्यावापृथिवी इति द्यावापृथिवी। इमे इतीमे। शैशिरौ। ऋतू इत्यृतू। अभिकल्पमाना इत्यभिऽकल्पमानाः। इन्द्रमिवेतीन्द्रम्ऽइव। देवाः। अभिसंविशन्त्वित्यभिसम्ऽविशन्तु। तया। देवतया। अङ्गिरस्वत्। ध्रुवे इति ध्रुवे। सीदतम् ॥ ५७ ॥

पदार्थः—(तपः) यस्तापहेतुः स माघो मासः (च) (तपस्यः) तपो धर्मो विद्यतेऽस्मिन् स फाल्गुनो मासः (च) (शैशिरौ) शिशिरर्त्तौ भवौ (ऋतू) स्वलिङ्गप्रापकौ (अग्नेः) (अन्तःश्लेषः) मध्यप्रवेशः (असि) (कल्पेताम्) (द्यावापृथिवी) (कल्पन्ताम्) (आपः) (ओषधयः) (कल्पन्ताम्) (अग्नयः) पावकाः (पृथक्) (मम) (ज्यैष्ठ्याय)(सव्रताः) समाननियमाः (ये) (अग्नयः) (समनसः) समानमनोनिमित्ताः (अन्तरा) मध्ये (द्यावापृथिवी) प्रकाशभूमी (इमे) (शैशिरौ) शिशिरऋतु संपादकौ (ऋतू) (अभिकल्पमानाः) संपादयन्तः (इन्द्रमिव) ऐश्वर्य्यमिव (देवाः) विद्वांसः (अभिसंविशन्तु) (तया) (देवतया) पूज्यतमया ब्राह्मण्या सह (अङ्गिरस्वत्) प्राणवत् (ध्रुवे) दृढे (सीदतम्) सीदतः ॥ ५७ ॥

अन्वयः—हे ईश्वर मम ज्यैष्ठ्याय तपश्च तपस्यश्च शैशिरावृतू सुखकारकौ भवतः। त्वं ययोरग्नेरन्तःश्लेषोऽसि ताभ्यां द्यावापृथिवी कल्पेतामाप ओषधयश्च कल्पन्ताम्। सव्रता अग्नयः पृथक् कल्पन्तां ये समनसोऽग्नय इमे द्यावापृथिवी अन्तरा शैशिरावृतू अभिकल्पमानाः सन्ति तानिन्द्रमिव देवा अभिसंविशन्तु हे स्त्री पुरुषौ

युवां तया देवतया सहाङ्गिरस्वद् वर्त्तमानौ ध्रुवे द्यावापृथिवी इव सीदतम् ॥ ५७ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—मनुष्यैः प्रत्यृतुसुखमीश्वरादेव याचनीयम् । ईश्वरस्य विद्युदन्तःप्रविष्टत्वात्सर्वे पदार्थाः स्वस्वनियमेन समर्था भवन्ति विद्वांसः सर्वपदार्थगत विद्युदग्नीनां गुणदोषान् विजानन्तु स्त्रीपुरुषौ गृहाश्रमे स्थिरमती शैशिरंसुखं भुञ्जाताम् ॥५७ ॥

पदार्थः—हे ईश्वर (मम) मेरी (ज्यैष्ठ्याय) ज्यैष्ठ्यता के लिये (तपः) ताप बढ़ाने का हेतु माघ महीना (च) और (तपस्यः) तापवाला फाल्गुन मास (च) ये दोनों (शैशिरौ) शिशिर ऋतु में प्रख्यात (ऋतू) अपने चिह्नों को प्राप्त करने वाले सुखदायी होते हैं आप जिन के (अग्नेः) अग्नि के भी (अन्तःश्लेषः) मध्य में प्रविष्ट (असि) हैं उन दोनों से (द्यावापृथिवी) आकाश भूमी (कल्पेताम्) समर्थ हों (आपः) जल (ओषधयः) ओषधियां (कल्पन्ताम्) समर्थ हों (सव्रताः) एक प्रकार के नियमों में वर्त्तमान (अग्नयः) विद्युत् आदि अग्नि (पृथक्) अलग २ (कल्पन्ताम्) समर्थ होवें (ये) जो (समनसः) एक प्रकार के मन के निमित्तवाले हैं वे (अग्नयः) विद्युत् आदि अग्नि (इमे) इन (द्यावापृथिवी) आकाश भूमि के (अन्तरा) बीच में होने वाले (शैशिरौ) शिशिर ऋतु के साधक (ऋतू) माघ फाल्गुन महिनों को (अभिकल्पमानाः) समर्थ करते हैं । उन अग्नियों को (इन्द्रमिव) ऐश्वर्य के तुल्य (देवाः) विद्वान् लोग (अभिसंविशन्तु) ज्ञान पूर्वक प्रवेश करें । हे स्त्री पुरुषो तुम दोनों (तया) उस (देवतया) पूजा के योग्य सर्वत्र व्याप्त जगदीश्वर देवता के साथ (अङ्गिरस्वत्) प्राण के समान वर्त्तमान इन आकाश भूमि के तुल्य (ध्रुवे) दृढ (सीदतम्) स्थिर हो ओ ॥ ५७ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—मनुष्यों को चाहिये कि सब ऋतुओं में ईश्वर से ही सुख चाहें ईश्वर विद्युत् अग्नि के भी बीच व्याप्त है इस कारण सब पदार्थ अपने २ नियम से कार्य में समर्थ होते हैं विद्वान् लोग सब वस्तुओं में व्याप्त बिजुली रूप अग्नि ओं के गुण दोष जानें स्त्री पुरुष गृहाश्रम में स्थिर बुद्धि हो के शिशिर ऋतु के सुख को भोगें ॥ ५७ ॥

परमेष्ठीत्यस्य परमेष्ठी ऋषिः । विदुषी देवता ।
भुरिग्ब्राह्मी बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

स्त्रियां किं कार्यमित्याह ॥

स्त्री को क्या करना चाहिये यह वि० ॥

परमेष्ठी त्वां सादयतु दिवस्पृष्ठे ज्योतिष्मतीम् । विश्वस्मै प्राणायापानाय व्यानाय विश्वं ज्योतिर्यच्छ । सूर्यस्तेऽधिपतिस्तया देवतयाऽङ्गिरस्वद् ध्रुवा सीद ॥ ५८ ॥

परमेष्ठी । परमेस्थीति परमेऽस्थी । त्वा । सादयतु । दिवः । पृष्ठे । ज्योतिष्मतीम् । विश्वस्मै । प्राणाय । अपानायेत्यपऽआनाय । व्यानायेति विऽआनाय । विश्वम् । ज्योतिः । यच्छ । सूर्यः । ते । अधिपतिरित्यधिऽपतिः । तया । देवतया । अङ्गिरस्वत् । ध्रुवा । सीद ॥ ५८ ॥

पदार्थः—(परमेष्ठी) परम आकाशेऽभिव्याप्य स्थितः (त्वा) (सादयतु) स्थापयतु (दिवः) प्रकाशस्य (पृष्ठे) उपरि (ज्योतिष्मतीम्) प्रशस्तानि ज्योतींषि ज्ञानानि विद्यन्तेऽस्यां ताम्

(विश्वस्मै) सर्वस्मै (प्राणाय) (अपानाय) (व्यानाय)
(विश्वम्) सर्वम् (ज्योतिः) प्रकाशम् (यच्छ) (सूर्य्यः)
सूर्य्य इव वर्त्तमानः (ते) तव (अधिपतिः) स्वामी (तया)
पत्याख्यया (देवतया) दिव्यगुणयुक्तया (अङ्गिरस्वत्) (ध्रुवा)
दृढा (सीद) स्थिरा भव ॥ ५८ ॥

अन्वयः—हे स्त्रि परमेष्ठी ज्योतिष्मतीं त्वा दिवस्पृष्ठे विश्व-
स्मै प्राणायापानाय व्यानाय सादयतु त्वं विश्वं ज्योतिः सर्वाभ्यः
स्त्रीभ्यो यच्छ यस्यास्ते तव सूर्य्यइवाधिपतिरस्ति तया देवतया
सह वर्त्तमानाऽङ्गिरस्वद् ध्रुवा सीद ॥ ५८ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलु०—येन परमेश्वरेण यः शरदृतर-
चितस्तस्योपासनापुरस्सरं तं युक्त्या सेवित्वा स्त्रीपुरुषाः सुखं
सदा वर्धयन्तु ॥ ५८ ॥

पदार्थः—हे स्त्रि (परमेष्ठी) महान् आकाश में व्याप्त होकर स्थित पर-
मेश्वर (ज्योतिष्मतीम्) प्रशस्तज्ञानयुक्त (त्वा) तुझ को (दिवः) प्रकाश के
(पृष्ठे) उत्तम भाग में (विश्वस्मै) सब (प्राणाय) प्राण (अपानाय) अपान और
(व्यानाय) व्यान आदि की यथार्थ क्रिया होने के लिये (सादयतु) स्थित करे ।
तू सब स्त्रियों के लिये (विश्वम्) समस्त (ज्योतिः) ज्ञान के प्रकाश को (यच्छ)
दिया कर जिस (ते) तेरा (सूर्यः) सूर्य के समान तेजस्वी (अधिपतिः)
स्वामी है (तया) उस (देवतया) अच्छे गुणोंवाले पति के साथ वर्त्तमान (अ-
ङ्गिरस्वत्) सूर्य के समान (ध्रुवा) दृढ़ता से (सीद) स्थिर हो ॥ ५८ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमा तथा वाचकलु०—जिस परमेश्वर ने जो
शरद् ऋतु बनाया है उस की उपासना पूर्वक इस ऋतु को युक्ति से सेवन करके
स्त्री पुरुष सदा सुख बढ़ाया करें ॥ ५८ ॥

लोकंपृणेत्यस्य परमेष्ठीऋषिः । इन्द्राग्नी देवते ।
विराडनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर वही वि० ॥

लोकं पृण छिद्रं पृणाथो सीद ध्रुवा त्वम् । इन्द्राग्नी त्वा बृहस्पतिरस्मिन् योनावसीषदन्॥५९॥

लोकम् । पृण । छिद्रम् । पृण । अथोइत्यथो । सीद । ध्रुवा । त्वम् । इन्द्राग्नी इतीन्द्राग्नी । त्वा । बृहस्पतिः । अस्मिन् । योनौ । असीषदन्नित्यसीसदन् ॥ ५९ ॥

पदार्थः—(लोकम्) इमं परं च (पृण) सुखय (छिद्रम्) (पृण) पिपूर्द्धि (अथो) (सीद) (ध्रुवा) निश्चला (त्वम्) (इन्द्राग्नी) इन्द्रः परमैश्वर्य्यश्चाग्निर्विज्ञाता च तौ (त्वा) त्वाम् (बृहस्पतिः) अध्यापकः (अस्मिन्) (योनौ) गृहाश्रमे (असीषदन्) सादयन्तु ॥ ५९ ॥

अन्वयः—हे स्त्रि त्वं लोकं पृण छिद्रं पृण ध्रुवा सीदाथो इन्द्राग्नी बृहस्पतिश्चास्मिन् योनौ त्वाऽसीषदन् ॥ ५९ ॥

भावार्थः—सुदक्षया स्त्रिया गृहकृत्यसाधनानि पूर्णानि कृत्वा कार्य्याणि साधनीयानि विदुषां विदुषीणां च गृहाश्रमकृत्येषु प्रीतिर्यथा स्यात्तथोपदेष्टव्यम् ॥ ५९ ॥

पदार्थः—हे स्त्रि (त्वम्) तू इस (लोकम्) लोक तथा परलोक को (पृण) सुखयुक्त कर (छिद्रम्) अपनी न्यूनता को (पृण) पूरी कर और (ध्रुवा) निश्चलता से (सीद) घर में बैठ (अथो) इस के अनन्तर (इन्द्राग्नी) उत्तम धनी ज्ञानी तथा (बृहस्पतिः) अध्यापक (अस्मिन्) इस (योनौ) गृहाश्रम में (त्वा) तुझ को (असीषदन्) स्थापित करें ॥ ५९ ॥

भावार्थः—अच्छी चतुर स्त्री को चाहिये कि घर के कार्यों के साधनों को पूरे करके सब कार्यों को सिद्ध करें। जैसे विद्वान् स्त्री और विद्वान् पुरुषों की गृहाश्रम के कर्त्तव्य कर्मों में प्रीति हो वैसा उपदेश किया करे ॥ ५९ ॥

ता अस्येत्यस्य प्रियमेधा ऋषिः । आपो देवताः ।
विराडनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

अथ राजप्रजाधर्ममाह ॥
अब राजा प्रजा का धर्म अगले मन्त्र में कहा है ॥

ताऽअस्य सूददोहसः सोमꣳ श्रीणन्ति पृश्नयः ।
जन्मन्देवानां विशस्त्रिष्वा रोचने दिवः ॥ ६० ॥

ताः । अस्य । सूददोहस इति सूदऽदोहसः । सोमम् । श्रीणन्ति । पृश्नयः । जन्मन् । देवानाम् । विशः । त्रिषु । आ । रोचने दिवः ॥ ६० ॥

पदार्थः—(ताः) (अस्य) सभाध्यक्षस्य (सूददोहसः) सूदाः पाककर्त्तारो दोहसः प्रपूरकाश्च यासु ताः (सोमम्) सोमवल्याद्योषधिरसान्वितं पाकम् (श्रीणन्ति) पचन्ति (पृश्नयः) प्रष्टव्याः

(जन्मन्) जन्मनि (देवानाम्) विदुषाम् (विशः) या विशन्ति (त्रिषु) वेदरीत्या कर्मोपासनाज्ञानेषु (आ) (रोचने) प्रकाशने (दिवः) द्योतनात्मकस्य परमात्मनः ॥ ६० ॥

अन्वयः—या विद्यासुशिक्षान्विता देवानां जन्मन् पृश्नयः सूददोहसस्त्रिषु दिवो रोचने च प्रवर्त्तमाना विशः सन्ति ता अस्य सोममाश्रीणन्ति ॥ ६० ॥

भावार्थः—प्रजापतिभिः सर्वाः प्रजाः विद्यासुशिक्षाग्रहणे नियोजनीयाः प्राजाश्च नियुञ्जन्तु । नह्येतेन विना कर्मोपासनाज्ञानेश्वराणां यथार्थो बोधो भवितुमर्हति ॥ ६० ॥

पदार्थः—जो विद्या और अच्छी शिक्षा से युक्त [देवानाम्] विद्वानों के [जन्मन्] जन्म विषय में [पृश्नयः] पूछने हारीं [सूददोहसः] रसोया और कार्य्यों के पूर्ण करने वाले पुरुषों से युक्त [त्रिषु] वेदरीति से कर्म उपासना और ज्ञानों तथा [दिवः] सब के अन्तः प्रकाशक परमात्मा के [रोचने] प्रकाश में वर्त्तमान [विषः] प्रजा हैं [ताः] वे [अस्य] इस सभाध्यक्ष राजा के [सोमम्] सोमवल्ली आदि ओषधियों के रसों से युक्त भोजनीय पदार्थों को [आ] सब ओर से [श्रीणन्ति] पकाती हैं ॥ ६० ॥

भावार्थः—प्रजापालक पुरुषों को चाहिये कि सब प्रजाओं को विद्या और अच्छी शिक्षा के ग्रहण में नियुक्त करें और प्रजा भी स्वयं नियुक्त हों इस के विना कर्म उपासना ज्ञान और ईश्वर का यथार्थ बोध कभी नहीं हो सकता ॥ ६० ॥

इन्द्रं विश्वा इत्यस्य मधुच्छन्दा ऋषिः । इन्द्रो देवता ।

निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर वही वि० ॥

इन्द्रं विश्वा॑ अवीवृधन् समु॒द्रव्य॑चसं॒ गिर॑: । र॒थीत॑मꣳ र॒थीनां॒ वाजा॑नाꣳ सत्प॑तिं॒ पति॑म् ॥ ६१ ॥

इन्द्रम् । विश्वाः । अवीवृधन् । समुद्रव्यचसमिति समुद्रऽव्यचसम् । गिरः । रथीतममम् । रथितममिति रथिऽतमम् । रथीनाम् । रथिनामिति रथिऽनाम् । वाजानाम् । सत्पतिमिति सत्ऽपतिम् । पतिम् ॥ ६१ ॥

पदार्थः—(इन्द्रम्) परमैश्वर्ययुक्तं सभेशम् (विश्वाः) अखिलाः (अवीवृधन्) वर्धयन्तु (समुद्रव्यचसम्) समुद्रस्यान्तरिक्षस्य व्यचो व्याप्तिर्यस्य तम् (गिरः) विद्यासुशिक्षान्विता वाण्यः (रथीतमम्) अतिशयितो रथी । अत्र ईद्रथिनः । ८ । २ । १७ । इति वार्त्तिकेन ईकारादेशः । (रथीनाम्) शूरवीराणां मध्ये अतान्येषामिति दीर्घः (वाजानाम्) विज्ञानवताम् (सत्पतिम्) सतां व्यवहाराणां विदुषां वा पालकम् (पतिम्) स्वामिनम् ॥६१॥

अन्वयः—विश्वागिरः समुद्रव्यचसं रथीनां वाजानां सत्पतिं प्रजानां पतिमिन्द्रमवीवृधन् ॥ ६१ ॥

भावार्थः—राजप्रजाजना राजधर्मयुक्तमीश्वरमिव वर्त्तमानं न्यायाधीशं सभापतिं सततं प्रोत्साहयन्तु । एवं सभापतिरेतांश्च ॥६१॥

पदार्थः—(विश्वाः) सब (गिरः) विद्या और शिक्षा से युक्त वाणी (समुद्रव्यचसम्) आकाश के तुल्य व्याप्तिवाले (रथीनाम्) शूर वीरों में (रथीतमम्) उत्तम शूरवीर (वाजानाम्) विज्ञानी पुरुषों के (सत्पतिम्) सत्यव्यवहारों और विद्वानों के रक्षक तथा प्रजाओं के (पतिम्) स्वामी (इन्द्रम्) परमसंपत्तियुक्त सभापति राजा को (अवीवृधन्) बढ़ावें ॥ ६१ ॥

भावार्थः—राज और प्रजा के जन राज धर्म से युक्त ईश्वर के समान वर्त्तमान न्यायाधीश सभापति को निरन्तरउत्साह देवें ऐसे ही सभापति इन प्रजा और राज के पुरुषों को भी उत्साही करें ॥ ६१ ॥

प्रोथदश्वइत्यस्य वसिष्ठ ऋषिः। अग्निर्देवता।
विराट्त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः। स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर भी वही वि० ॥

प्रोथदश्वो न यवसेऽविष्यन्यदा महः संवरणाद्व्यस्थात्। आदस्यवातो अनु वाति शोचिरध स्म ते व्रजनं कृष्णमस्ति ॥ ६२ ॥

प्रोथत्। अश्वः। न। यवसे। अविष्यन्। यदा। महः। संवरणादिति सम्ऽवरणात्। वि। अस्थात्। आत्। अस्य। वातः। अनु। वाति। शोचिः। अध। स्म। ते। व्रजनम्। कृष्णम्। अस्ति ॥ ६२ ॥

पदार्थः—(प्रोथत्) पर्य्याप्नुयात् (अश्वः) वाजी (न) इव (यवसे) बुसाद्याय (अविष्यन्) रक्षणादिकं कुर्वन् (यदा) (महः) महतः (संवरणात्) आच्छादनात् (वि) (अस्थात्) तिष्ठेत् (आत्) (अस्य) (वातः) गन्ता (अनु) (वाति) गच्छति (शोचिः) प्रकाशः (अध) अथ (स्म) एव (ते) तव (व्रजनम्) गमनम् (कृष्णम्) कर्षकम् (अस्ति) ॥ ६२ ॥

अन्वयः—हे राजन् भवान् यवसेऽश्वो न प्रजाः प्रोथत् । यदा महः संवरणादविष्यन् व्यस्थादादस्य ते तव वृजनं कृष्णं शोचिरस्ति । अध स्मास्य तव वातोऽनुवाति ॥ ६२ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यथा पालनात्तुरंगाः पुष्टा भूत्वा कार्य्यसिद्धिक्षमा भवन्ति तथैव न्यायेन संपालिताः प्रजाः सन्तुष्टा भूत्वा राज्यं वर्धयन्ति ॥ ६२ ॥

पदार्थः—हे राजन् आप (यवसे) भूसाआदि के लिये (अश्वः घोड़े के (न) समान प्रजाओं को (प्रोथत्) समर्थ कीजिये (यदा) जब (महः) बड़े (संवरणात्) आच्छादन से (अविष्यन्) रक्षा आदि करते हुए (व्यस्थात्) स्थित होवें (आत्) पुनः (अस्य) इस (ते) आप का (वृजनम्) चलने तथा (कृष्णम्) आकर्षण करने वाला (शोचिः) प्रकाश (अस्ति) है (अध) इस के पश्चात् (स्म) ही आप का (वातः) चलने वाला भृत्य (अनु, वाति) पीछे चलता हैं ॥ ६२ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—जैसे रक्षा करने से घोड़े पुष्ट होकर कार्य्य सिद्ध करने में समर्थ होते हैं वैसे ही न्याय से रक्षा की हुई प्रजा सन्तुष्ट हो कर राज्य को बढ़ाती हैं ॥ ६२ ॥

आयोष्ट्वेत्यस्य वसिष्ठ ऋषिः । विदुषी देवता ।
विराट् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

विदुष्या किं कर्त्तव्यमित्याह ॥
विदुषी स्त्री को क्या करना चाहिये यह वि० ॥

आयोष्ट्वा सदने सादयाम्यवतश्छायायांᳬ समुद्रस्य हृदये । रश्मीवतीं भास्वतीमा या द्यां भास्या पृथिवीमोर्वन्तरिक्षम् ॥ ६३ ॥

आयो।त्वा।सदने।सादयामि।अवतः।छायायाम्।समुद्रस्य।हृदये।रश्मीवतीम्।रश्मिवतीमिति रश्मिऽवतीम्।भास्वतीम्।आ।या।द्याम्।भासि।आ।पृथिवीम्।आ।उरु।अन्तरिक्षम्॥६३॥

पदार्थः—(आयोः) न्यायानुगामिनो दीर्घजीवितस्य (त्वा) त्वाम् (सदने) स्थाने (सादयामि) (अवतः) रक्षणादि कुर्वतः (छायायाम्) आश्रये (समुद्रस्य) (हृदये) मध्ये (रश्मीवतीम्) प्रशस्तविद्याप्रकाशयुक्ताम् । अन्येषामपीति दीर्घः (भास्वतीम्) देदीप्यमानाम् (आ) (या) (द्याम्) प्रकाशम् (भासि) दीपयसि (आ) (पृथिवीम्) भूमिम् (आ) (उरु) (अन्तरिक्षम्) आकाशम् ॥ ६३ ॥

अन्वयः—हे स्त्रि या त्वं द्यां पृथिवीमन्तरिक्षमुर्वाभासि तां रश्मीवतीं भास्वतीं त्वा त्वामायोः सदनेऽवतश्छायायामा सादयामि समुद्रस्य हृदयेऽहमासादयामि ॥ ६३ ॥

भावार्थः—हे स्त्रि सम्यक्पालकस्य पत्युः सदने तदाश्रये समुद्रवद्गम्भीरां हृद्यां त्वां स्थापयामि त्वं गृहाश्रमधर्मं प्रकाश्य पत्यादीन् सुखय त्वां चैते सुखयन्तु ॥ ६३ ॥

पदार्थः—हे स्त्रि (या) जो तू (द्याम्) प्रकाश (पृथिवीम्) भूमि और (अन्तरिक्षम्) आकाश को (उरु) बहुत (आ, भासि) प्रकाशित करती है उस (रश्मीवतीम्) शुद्ध विद्या के प्रकाश से युक्त (भास्वतीम्) शोभा को प्राप्त हुई (त्वा) तुझ को (आयोः) न्यायानुकूल चलने वाले चिरंजीवि पुरुष के (सदने)

स्थान में और (अवतः) रक्षा आदि करते हुए के (छायायाम्) आश्रय में (आ, सादयामि) अच्छे प्रकार स्थापित तथा (समुद्रस्य) अन्तरिक्ष के (हृदये) बीच (आ) शुद्ध प्रकार से मैं स्थित कराता हूं ॥ ६३ ॥

भावार्थः—हे स्त्रि अच्छे प्रकार पालने हारे पति के आश्रयरूप स्थान में समुद्र के तुल्य चंचलता रहित गम्भीरतायुक्त प्यारी तुझ को स्थित करता हूं तू गृहाश्रम के धर्म का प्रकाश कर पति आदि को सुखी रख और तुझ को भी पति आदि सुखी रक्खें ॥ ६३ ॥

परमेष्ठीत्यस्य वसिष्ठ ऋषिः। परमात्मा देवता।
आकृतिश्छन्दः। पञ्चमः स्वरः ॥

दम्पतीभ्यां कथं भवितव्यमित्याह ॥

स्त्री पुरुष परस्पर कैसे हों यह वि० ॥

परमेष्ठी त्वा सादयतु दिवस्पृष्ठे व्यचस्वतीं प्रथस्वतीं दिवं यच्छ दिवं दृꣳह दिवं मा हिꣳसीः। विश्वस्मै प्राणायापानाय व्यानायोदानाय प्रतिष्ठायै चरित्राय। सूर्यस्त्वाऽभिपातु मह्या स्वस्त्या छर्दिषा शन्तमेन तया देवतयाऽङ्गिरस्वद् ध्रुवे सीदतम् ॥ ६४ ॥

परमेष्ठी। परमेस्थीति परमेऽस्थी। त्वा। सादयतु। दिवः। पृष्ठे। व्यचस्वतीम्। प्रथस्वतीम्। दिवम्। यच्छ। दिवम्। दृꣳह। दिवम्। मा।

हिꣳसीः । विश्वस्मै । प्राणाय । अपानायेत्यपऽआनाय । व्यानायेति विऽआनाय । उदानायेत्युत्ऽआनाय । प्रतिष्ठायै । प्रतिस्थाया इति प्रतिऽस्थायै । चरित्राय । सूर्य्यः । त्वा । अभि । पातु । मह्या । स्वस्त्या । छर्दिषा । शन्तमेनेति शम्ऽतमेन । तया । देवतया । अङ्गिरस्वत् । ध्रुवे । सीदतम् ॥ ६४ ॥

पदार्थः—(परमेष्ठी) परमात्मा (त्वा) त्वां सतीं स्त्रियम् (सादयतु) (दिवः) कमनीयस्य गृहस्थव्यवहारस्य (पृष्ठे) आधारे (व्यचस्वतीम्) (प्रशस्तविद्याव्यापिकाम्) (प्रथस्वतीम्) बहुः प्रथः प्रख्यातिः प्रशंसा विद्यते यस्यां ताम् (दिवम्) न्यायप्रकाशम् (यच्छ) देहि (दिवम्) विद्यासूर्यम् (दृंह) (दिवम्) धर्मप्रकाशम् (मा) (हिंसीः) हिंस्याः (विश्वस्मै) समग्राय (प्राणाय) जीवनसुखाय (अपानाय) दुःखनिवृत्तये (व्यानाय) विविधविद्याव्याप्तये (उदानाय) उत्कृष्टबलाय (प्रतिष्ठायै) सर्वत्रसत्काराय (चरित्राय) सत्कर्मानुष्ठानाय (सूर्यः) चराचरात्मेश्वरः (त्वा) त्वाम् (अभि) सर्वतः (पातु) रक्षतु (मह्या) महत्या (स्वस्त्या) सत्क्रियया (छर्दिषा) सत्यासत्यदीप्तेन (शन्तमेन) अतिशयसुखेन (तया) (देवतया) (अङ्गिरस्वत्) (ध्रुवे) पुरुषः स्त्री च (सीदतम्) ॥ ६४ ॥

अन्वयः—हे स्त्रि परमेष्ठी विश्वस्मै प्राणायापानाय व्याना-योदानाय प्रतिष्ठायै चरित्राय दिवस्पृष्ठे प्रथस्वतीं व्यचस्वतीं यां त्वा त्वां सादयतु सा त्वं दिवं यच्छ दिवं दृंह दिवं मा हिंसीः सूर्यो मह्या स्वस्त्या शन्तमेन छर्दिषा त्वाऽभिपातु सपतिस्त्वं च तया देवतयाऽङ्गिरस्वद् ध्रुवे सीदतम् ॥ ६४ ॥

भावार्थः—परमेश्वर आज्ञापयति यथा शिशिरर्त्तुः सुखप्रदो भवति तथा स्त्रीपुरुषौ परस्परं संतुष्टौ भूत्वा सर्वाण्युत्तमानि कर्मा-ण्यनुष्ठाय दुष्टानि त्यक्त्वा परमेश्वरोपासनया च सततं प्रमोदे-ताम् ॥ ६४ ॥

पदार्थः—हे स्त्रि [परमेष्ठी] परमात्मा [विश्वस्मै] समग्र [प्राणाय] जीवन के सुख [अपानाय] दुःखनिवृत्ति [व्यानाय] नाना विद्याओं की व्याप्ति [उदानाय] उत्तम बल [प्रतिष्ठायै] सर्वत्र सत्कार और [चरित्राय] श्रेष्ठ कर्मों के अनुष्ठान के लिये [दिवः] कमनीय गृहस्थ व्यवहार के [पृष्ठे] आधार में [प्रथस्वतीम्] बहुत प्रसिद्ध प्रशंसा वाली [व्यचस्वतीम्] प्रशंसित विद्या में व्याप्त जिस [त्वा] तुझ को [सादयतु] स्थापित करे सो तू [दिवम्] न्याय के प्रकाश को [यच्छ] दिया कर [दिवम्] विद्या रूप सूर्य को [दृंह] दृढ कर [दिवम्] धर्म के प्रकाश को [मा, हिंसीः] मत नष्ट कर [सूर्यः] चराचर जगत् का स्वामी ईश्वर [मह्या] बड़े अच्छे [स्वस्त्या] सत्कार [शन्तमेन] अतिशय सुख और [छर्दिषा] सत्यासत्य के प्रकाश से [त्वा] तुझ को [अभिपातु] सब ओर से रक्षा करे वह तेरा पति और तू दोनों [तया] उस [देवतया] परमेश्वर देवता के साथ [अङ्गिरस्वत्] प्राण के तुल्य [ध्रुवे] निश्चल [सीदतम्] स्थिर रहो ॥ ६४ ॥

भावार्थः—परमेश्वर आज्ञा करता है कि जैसे शिशिर ऋतु सुखदायी होता है वैसे स्त्रीपुरुष परस्पर संतोषी हों सब उत्तम कर्मों का अनुष्ठान कर और दुष्ट कर्मों को छोड़ के परमेश्वर की उपासना से निरन्तर आनन्द किया करें ॥ ६४ ॥

सहस्रस्येत्यस्य मधुच्छन्दा ऋषिः । विद्वान् देवता ।
विराडनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
पुनर्मनुष्यैः किं कर्त्तव्यमित्याह ॥
फिर मनुष्यों को क्या करना चाहिये यह वि० ॥

सहस्रस्य प्रमासि सहस्रस्य प्रतिमासि सहस्रस्योन्मासि साहस्रोऽसि सहस्राय त्वा ॥६५॥

सहस्रस्य । प्रमेति प्रऽमा । असि । सहस्रस्य । प्रतिमेति प्रतिऽमा । असि । सहस्रस्य । उन्मेत्युत्ऽमा । असि । साहस्रः । असि । सहस्राय । त्वा ॥ ६५ ॥

पदार्थः-(सहस्रस्य) असंख्यपदार्थयुक्तस्य जगतः (प्रमा) प्रमाणं यथार्थविज्ञानम् (असि) (सहस्रस्य) असंख्य पदार्थविशेषस्य (प्रतिमा) प्रतिमीयन्ते परिमीयन्ते सर्वे पदार्था यया सा (असि) (सहस्रस्य) असंख्यास्य स्थूलवस्तुनः (उन्मा) ऊर्ध्वं मिनोति यया तुलया तद्वत् (असि) (साहस्रः) सहस्रमसंख्याताः पदार्था विद्या वा विद्यन्ते यस्य सः (असि) (सहस्राय) असंख्यप्रयोजनाय (त्वा) त्वाम् ॥ ६५ ॥

अन्वयः-हे विद्वन् विदुषि वा यतस्त्वं सहस्रस्य प्रमेवासि सहस्रस्य प्रतिमेवासि सहस्रस्योन्मेवासि साहस्रोऽसि तस्मात्सहस्राय त्वा त्वां परमेष्ठी सत्ये व्यवहारे सादयतु ॥ ६५ ॥

भावार्थः-अत्र वाचकलु०-पूर्वमन्त्रात्परमेष्ठीसादयत्विति पदद्वयमनुवर्त्तते । मनुष्याणां त्रिभिः साधनैर्व्यवहाराः सिध्यन्ति ।

एकं प्रमा यद्यथार्थविज्ञानम् । द्वितीया प्रतिमा यानि परिमाणसाधनानि पदार्थतोलनार्थानि तृतीयसुन्मा तुलादिकं चेति ॥ ६५ ॥

इति शिशिरर्त्तोर्वर्णनम् । अत्रर्तुविद्याप्रतिपादनादेतदर्थस्य पूर्वाध्यायार्थेन सह संगतिरस्तीति वेद्यम् ॥

पदार्थः—हे विद्वन् पुरुष विदुषी स्त्रि वा जिस कारण तू [सहस्रस्य] असंख्यात पदार्थों से युक्त जगत् के [प्रमा] प्रमाण यथार्थ ज्ञान के तुल्य [असि] है [सहस्रस्य] असंख्य विशेष पदार्थों के [प्रतिमा] तोलनसाधन के तुल्य [असि] है [सहस्रस्य] असंख्य स्थूल वस्तुओं के [उन्मा] तोलने की तुला के समान [असि] है [साहस्रः] असंख्य पदार्थ और विद्याओं से युक्त [असि] है इस कारण [सहस्राय] असंख्यात प्रयोजनों के लिये [त्वा] तुझ को परमात्मा व्यवहार में स्थित करे ॥ ६५ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—यहां पूर्वमन्त्र से परमेष्ठी, सादयतु इन दो पदों की अनुवृत्ति आती है । तीन साधनों से मनुष्यों के व्यवहार सिद्ध होते हैं । एक तो यथार्थविज्ञान दूसरा पदार्थ तोलने के लिये तोल के साधन बाट और तीसरा तराजू आदि । यह शिशिर ऋतु का वर्णन पूरा हुआ ॥ ६५ ॥

इस अध्याय में ऋतुविद्या का प्रतिपादन होने से इस अध्याय के अर्थ की पूर्व अध्याय के अर्थ के साथ संगति जाननी चाहिये ।

इति श्रीमद्विद्वद्वरपरमहंसपरिव्राजकाचार्याणां परमविदुषां
श्रीयुतविरजानन्दसरस्वतीस्वामिनां शिष्येण श्रीमत्पर-
महंसपरिव्राजकाचार्येण श्रीयुतदयानन्दसरस्वती
स्वामिना विरचिते संस्कृतार्य्यभाषाभ्यां
विभूषिते सुप्रमाणयुक्ते यजुर्वेदभाष्ये
पञ्चदशोऽध्यायः सम्पूर्णः ॥ १५ ॥

ओ३म्

अथ षोडशोऽध्याय आरभ्यते ॥

विश्वा॑नि देव सवितर्दुरि॒तानि॒ परा॑सुव । यद्भ॒द्रं तन्न॒ आसु॑व ॥ १ ॥

नमस्त इत्यस्य परमेष्ठी कुत्स ऋषिः । रुद्रो देवता ।
आर्षी गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

अथ राजधर्म उपदिश्यते ॥

अब सोलहवें अध्याय का आरम्भ करते हैं ॥
इस के प्रथम मंत्र में राज धर्म का उपदेश किया है ॥

नम॑स्ते रुद्र म॒न्यव॑ऽ उ॒तोत॒ इष॑वे॒ नम॑ः । बा॒हु-भ्या॑मु॒त ते॒ नम॑ः ॥ १ ॥

नम॑ः । ते॒ । रु॒द्र॒ । म॒न्यवे॑ । उ॒तोऽइत्यु॒तो । ते॒ । इष॑वे । नम॑ः । बा॒हुभ्या॒मिति॑ बा॒हुऽभ्या॑म् । उ॒त । ते॒ । नम॑ः ॥ १ ॥

पदार्थः-(नमः) वज्रम् । नम इति वज्रना० निघं० २ । २० (ते) तवोपरि (रुद्र) दुष्टानां शत्रूणां रोदयितः । कतमे ते रुद्रा इति दशेमे पुरुषे प्राणा एकादश आत्मा । एकादश रुद्राः कस्मा-

देते रुद्रा यदस्मान्मर्त्याच्छरीरादुत्क्रामन्त्यथ रोदयन्ति यत्तद्रोदयन्ति तस्माद्रुद्राः । इति शतपथब्राह्मणे । रोदेर्णिलुक् च । अनेनोणादि गणसूत्रेण रोदिधातो रक् प्रत्ययो णिलुक् च (मन्यवे)· क्रोधयुक्ताय वीराय (उतो) अपि (ते) तव (इषवे) इष्णात्यभीक्ष्णं हिनस्ति शत्रून् येन तस्मै (नमः) अन्नम् । नम इत्यन्नना० निघं० २ । ७ (बाहुभ्याम्) भुजाभ्याम् (उत) अपि (ते) तव (नमः) वज्रम् ॥ १ ॥

अन्वयः—हे रुद्र ते मन्यवे नमोस्तु । उतो इषवे ते नमोऽस्तु । उत ते बाहुभ्यां नमोऽस्तु ॥ १ ॥

भावार्थः—ये राज्यं चिकीर्षेयुस्ते बाहुबलं युद्धशिक्षाशस्त्रास्त्राणि च संपादयेयुः ॥ १ ॥

पदार्थः—हे (रुद्र) दुष्टशत्रुओं को रुलाने हारे राजन् (ते) तेरे (मन्यवे) क्रोधयुक्त वीर पुरुष के लिये (नमः) वज्र प्राप्त हो (उतो) और (इषवे) शत्रुओं को मारने हारे (ते) तेरे लिये (नमः) अन्न प्राप्त हो (उत) और (ते) तेरे (बाहुभ्याम्) भुजाओं से (नमः) वज्र शत्रुओं को प्राप्त हो ॥ १ ॥

भावार्थः—जो राज्य किया चाहें वे हाथ पांव का बल, युद्ध की शिक्षा तथा शस्त्र और अस्त्रों का संग्रह करें ॥ १ ॥

या त इत्यस्य परमेष्ठी वा कुत्स ऋषिः । रुद्रो देवता ।
आर्षी स्वराडनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

अथ शिक्षकशिष्यव्यवहारमाह ॥

अब शिक्षक और शिष्य का व्यवहार अगले मंत्र में क० ॥

या ते रुद्र शिवा तनूरघोराऽपापकाशिनी । तया नस्तन्वा शन्तमया गिरिशन्ताभि चाकशीहि ॥२॥

या । ते । रुद्र । शिवा । तनूः । अघोरा । अपापकाशिनीत्यपापऽकाशिनी । तया । नः । तन्वा । शन्तमयेति शम्ऽतमया । गिरिशन्तेति गिरिऽशन्त । अभि । चाकशीहि ॥ २ ॥

पदार्थः—(या) (ते) तव (रुद्र) दुष्टानां भयंकर श्रेष्ठानां सुखकर (शिवा) कल्याणकारिणी (तनूः) शरीरं विस्तृतोपदेशनीतिर्वा (अघोरा) अविद्यमानो घोर उपद्रवो यया सा (अपापकाशिनी) अपापान्सत्यधर्मान् काशितुं शीलमस्याः सा (तया) (नः) अस्मान् (तन्वा) विस्तृतया (शन्तमया) अतिसयेन सुखप्रापिकया (गिरिशन्त) यो गिरिणा मेघेन सत्योपदेशेन वा शं सुखं तनोति तत्सम्बुद्धौ । गिरिरिति मेघना० निघं० १ । १० । (अभि) सर्वतः (चाकशीहि) भृशं कक्षव पुनः पुनः शाधि । अयं कशधातोर्यङ्लुगन्तः प्रयोगः । वा छन्दसीति प्रित्वादीट् ॥ २ ॥

अन्वयः—हे गिरिशन्त रुद्र या ते तवाघोराऽपापकाशिनी शिवा तनूरस्ति तया शन्तमया तन्वा नस्त्वमभिचाकशीहि ॥ २ ॥

भावार्थः—शिक्षकाः शिष्येभ्यः धर्म्यां नीतिं शिक्षित्वा निष्पापान् कल्याणाचरणान् सम्पादयन्तु ॥ २ ॥

पदार्थः—हे (गिरिशन्त) मेघ वा सत्य उपदेश से सुख पहुंचाने वाले (रुद्र) दुष्टों को भय और श्रेष्ठों के लिये सुखकारी शिक्षक विद्वन् (या) जो (ते) आप की (अघोरा) घोर उपद्रव से रहित (अपापकाशिनी) सत्य धर्मों को प्रकाशित करने हारी (शिवा) कल्याण कारिणी (तनूः) देह वा विस्तृत उप-

देश रूप नीति है (तया) उस (शन्तमया) अत्यन्त सुख प्राप्ति कराने वाली (तन्वा) देह वा विस्तृत उपदेश की नीति से (नः) हम लोगों को आप (अभि, चाकशीहि) सब ओर से शीघ्र शिक्षा कीजिये ॥ २ ॥

भावार्थः—शिक्षक लोग शिष्यों के लिये धर्मयुक्त नीति की शिक्षा दे और पापों से पृथक् करके कल्याण रूपी कर्मों के आचरण में नियुक्त करें ॥ २ ॥

यामिषुमित्यस्य परमेष्ठी वा कुत्स ऋषिः । रुद्रो देवता । विराडार्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

अथ राजपुरुषैः किं कर्त्तव्यमित्याह ॥

अब राज पुरुषों को क्या करना चाहिये यह वि० ॥

यामिषुं गिरिशन्त हस्ते बिभर्ष्यस्तवे । शिवां गिरित्र तां कुरु मा हिंꣳसीः पुरुषं जगत् ॥ ३ ॥

याम् । इषुम् । गिरिशन्तेति गिरिऽशन्त । हस्ते । बिभर्षि । अस्तवे । शिवाम् । गिरित्रेति गिरिऽत्र । ताम् । कुरु । मा । हिꣳसीः । पुरुषम् । जगत् ॥ ३ ॥

पदार्थः—(याम्) (इषुम्) बाणावलिम् (गिरिशन्त) गिरिणा मेघेन शं तनोति तत्सम्बुद्धौ (हस्ते) (बिभर्षि) धरसि (अस्तवे) असितुं प्रक्षेप्तुम् । अत्र अस धातोस्तुमर्थे तवेन् प्रत्ययः (शिवाम्) मङ्गलकारिणम् (गिरित्र) गिरीन् विद्योपदेशकान् मेघान् वा त्रायते रक्षति तत्सम्बुद्धौ (ताम्) (कुरु) (मा) निषेधे (हिंसीः) हिंस्याः (पुरुषम्) पुरुषार्थयुक्तम् (जगत्) संसारम् ॥ ३ ॥

अन्वयः—हे गिरिषन्त सेनापते यतस्त्वमस्तवे यामिषुं हस्ते बिभर्षि। अतस्तां शिवां कुरु। हे गिरित्र त्वं पुरुषं जगन्मा हिंसीः॥ ३॥

भावार्थः—राजपुरुषैः युद्धविद्यां बुध्वा शस्त्राणि धृत्वा मनुष्यादयः श्रेष्ठाः प्राणिनो नो हिंसनीयाः किन्तु मङ्गलाचारेण रक्षणीयाः॥ ३॥

पदार्थः—हे (गिरिशन्त) मेघ द्वारा सुख पहुंचाने वाले सेनापति जिस कारण तू (अस्तवे) फेंकने के लिये (याम्) जिस (इषुम्) बाण को (हस्ते) हाथ में (बिभर्षि) धारण करता है इस लिये (ताम्) उस को (शिवाम्) मङ्गलकारी (कुरु) कर हे (गिरित्र) विद्या के उपदेशकों वा मेघों की रक्षा करने हारे राजपुरुष तू (पुरुषम्) पुरुषार्थयुक्त मनुष्यादि (जगत) संसार को (मा) मत (हिंसीः) मार॥ ३॥

भावार्थः—राजपुरुषों को चाहिये कि युद्ध विद्या को जान और शस्त्र अस्त्रों को धारण करके मनुष्यादि श्रेष्ठ प्राणियों को क्लेश न देवें वा न मारें किन्तु मंगलरूप आचरण से सब की रक्षा करें॥ ३॥

शिवेनेत्यस्य परमेष्ठी ऋषिः। रुद्रो देवता।
निचृदार्ष्यनुष्टुप् छन्दः। गान्धारः स्वरः॥

अथ चिकित्सककृत्यमाह॥

अब वैद्य का कृत्य अगले मंत्र में कहा है॥

शिवेन वचसा त्वा गिरिशाच्छा वदामसि।
यथा नः सर्वमिज्जगदयक्ष्मꣳ सुमना असत्॥ ४॥

शिवेन। वचसा। त्वा। गिरिशेति गिरिऽश।

अच्छ । वदामसि । यथा । नः । सर्वम् । इत् ।
जगत् अयक्ष्मम् सुमना इतिं सुऽमनाः । असत् ॥ ४ ॥

पदार्थः—(शिवेन) कल्याणकारकेण (वचसा) वचनेन (त्वा) त्वाम् (गिरिश) यो गिरिषु पर्वतेषु मेघेषु वा शेते तत्सम्बुद्धौ (अच्छ) सम्यक् । निपातस्य चेति दीर्घः (वदामसि) वदेम (यथा) (नः) अस्माकं (सर्वम्) (इत्) एव (जगत्) मनुष्यादिकं जङ्गमं राज्यम् (अयक्ष्मम्) यक्ष्मादिरोगरहितम् (सुमनाः) शोभनम् मनो यस्य सः (असत्) स्यात् ॥ ४ ॥

अन्वयः—हे गिरिश रुद्र वैद्यराज सुमनास्त्वं यथा नः सर्वं जगदयक्ष्ममसत् तथेच्छिवेन वचसा त्वा वयमच्छवदामसि ॥ ४ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यो वैद्यकशास्त्रमधीत्य पर्वतादिषु स्थिता ओषधीरपो वा सुपरीक्ष्य सर्वेषां कल्याणाय निष्कपटित्वेन रोगान् निवार्य्य प्रियस्वरूपया वाचा वर्त्तेत तं वैद्यं सर्वे सत्कुर्युः ॥ ४ ॥

पदार्थः—हे (गिरिश) पर्वत वा मेघों में सोने वाले रोगनाशक वैद्यराज तू (सुमनाः) प्रसन्न चित्त हो कर आप (यथा) जैसे (नः) हमारा (सर्वम्) सब (जगत्) मनुष्यादि जङ्गम और स्थावर राज्य (अयक्ष्मम्) क्षयी आदि राज रोगों से रहित (असत्) हो वैसे (इत्) ही (शिवेन) कल्याणकारी (वचसा) वचन से (त्वा) तुझ को हम लोग (अच्छवदामसि) अच्छा कहते हैं ॥ ४ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—जो पुरुष वैद्यकशास्त्र को पढ़ पर्वतादि स्थानों की ओषधियों वा जलों की परीक्षा कर और सब के कल्याण के लिये निष्कपटता से रोगों को निवृत्त कर के प्रिय वाणी से वर्त्ते उस वैद्य का सब लोग सत्कार करें ॥ ४ ॥

अध्यवोचदित्यस्य बृहस्पतिर्ऋषिः । एकरुद्रो देवता ।
भुरिगार्षी बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर वही वि० ॥

अध्यवोचदधिवक्ता प्रथमो दैव्यो भिषक्। अहींश्च सर्वाञ्जम्भयन्त्सर्वाश्च यातुधान्योऽधराचीः परा सुव ॥ ५ ॥

अधि । अवोचत् । अधिवक्तेत्यधिऽवक्ता । प्रथमः । दैव्यः । भिषक् । अहीन् । च । सर्वान् । जम्भयन् । सर्वाः । च । यातुधान्यइति यातुऽधान्यः । अधराचीः । परा । सुव ॥ ५ ॥

पदार्थः—(अधि) (अवोचत) उपदिशेत् (अधिवक्ता) सर्वेषामुपर्यधिष्ठातृत्वेन वर्त्तमानः सन् वैद्यकशास्त्रस्याध्यापकः (प्रथमः) आदिमः (दैव्यः) देवेषु विद्वत्सु भवः (भिषक्) निदानादिविज्ञानेन रोगनिवारकः (अहीन्) सर्पवत् प्राणान्तकान् रोगान् (च) (सर्वान्) अखिलान् (जम्भयन्) औषधैर्निवारयन् (सर्वाः) (च) (यातुधान्यः) रोगकारिण्यो व्यभिचारिण्यश्च स्त्रियः (अधराचीः) या अधरान् नीचानञ्चन्ति ताः (परा) दूरे (सुव) प्रक्षिप ॥ ५ ॥

अन्वयः—हे रुद्र यः प्रथमो दैव्योऽधिवक्ता भिषग्भवान्

सर्वानहीन् रोगांश्च जम्भयन्नध्यवोचत् स त्वं याश्च सर्वा यातुधान्योऽधराचीः सन्ति ताश्चँ परासुव ॥ ५ ॥

भावार्थः—राजादिसभासदः सर्वेषामधिष्ठातारं मुख्यं धार्मिकं लब्धसर्वपरीक्षं वैद्यं राज्ये सेनायां च नियोज्य बलसुखनाशकान् रोगान् व्यभिचारिणो जनान् व्यभिचारिणीः स्त्रीश्च निवारयेयुः॥५॥

पदार्थः—हे रुद्र रोगनाशक वैद्य जो (प्रथमः) मुख्य (दैव्यः) विद्वानों में प्रसिद्ध (अधिवक्ता) सब से उत्तम कक्षा के वैद्यक शास्त्र को पढ़ाने तथा (भिषक्) निदान आदि को जान के रोगों को निवृत्त करने वाले आप (सर्वान्) सब (अहीन्) सर्प के तुल्य प्राणान्त करने हारे रोगों को (च) निश्चय से (जम्भयन्) ओषधियों से हटाते हुए (अध्यवोचत्) अधिक उपदेश करें सो आप जो (सर्वाः) सब (अधराचीः) नीच गति को पहुंचाने वाली (यातुधान्यः) रोगकारिणी ओषधी वा व्यभिचारिणी स्त्रियां हैं उन को (परा) दूर (सुव) कीजिये ॥५॥

भावार्थः—राजादि सभासद् लोग सब के अधिष्ठाता मुख्य धर्मात्मा जिस ने सब रोगों वा ओषधियों की परीक्षा ली हो उस वैद्य को राज्य और सेना में रख के बल और सुख के नाशक रोगों तथा व्यभिचारिणी स्त्री और पुरुषों को निवृत्त करावें ॥ ५ ॥

असावित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । रुद्रो देवता ।
निचृदार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥
पुनः स एव राजधर्मः प्रोच्यते ॥
फिर भी वही राज धर्म का वि० ॥

असौ यस्ताम्रोऽअरुण उत बभ्रुः सुमङ्गलः । ये चैनँ रुद्रा अभितो दिक्षु श्रिताः सहस्रशोऽवैषाँ हेड ईमहे ॥ ६ ॥

असौ । यः । ताम्रः । अरुणः । उत । बभ्रुः । सुमङ्गलइतिं सुऽमङ्गलः । ये । च । एनम् । रुद्राः । अभितः । दिक्षु । श्रिताः । सहस्रशइतिं सहस्रऽशः । अवं । एषाम् । हेडः । ईमहे ॥ ६ ॥

पदार्थः—(असौ) श्रुतविषयः (यः) (ताम्रः) ताम्रमिव कठिनाङ्गः । अत्र अमितम्योर्दीर्घश्च । उ० २ । १६ । अनेनायं सिद्धः (अरुणः) अग्निरिव तीव्रतेजाः (उत) अपि (बभ्रुः) पिङ्गधूम्रवर्णः (सुमङ्गलः) शोभनानि कल्याणकराणि कर्माणि यस्य सः (ये) (च) (एनम्) राजानम् (रुद्राः) शत्रूणां रोदयितारः शूरवीराः (अभितः) सर्वतः (दिक्षु) पूर्वादिषु (श्रिताः) सेवमानाः (सहस्रशः (असंख्याता बहवः (अव) निषेधे (एषाम्) वीराणाम् (हेडः) अनादरकर्त्ता (ईमहे) याचामहे ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या योऽसौ ताम्रो हेडोऽरुणो बभ्रुरुत सुमङ्गलो भवेत् । ये च सहस्रशो रुद्रा अभितो दिक्ष्वेनं श्रिताः स्युरेषामाश्रयेण वयमवेमहे ॥ ६ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या यो राजा ऽग्निवद्दुष्टदाहकश्चन्द्रवच्छ्रेष्ठाह्लादको न्यायकारी शुभलक्षणो येऽस्येदृशा भृत्या राज्ये सर्वत्र वसन्तु विचरन्तु वा समीपे वर्त्तन्ताम् । तेषां सत्कारेण तैर्दुष्टानां तिरस्कारं यूयं कारयत ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे प्रजास्थ मनुष्यो (यः) जो (असौ) वह (ताम्रः) ताम्रवत् दृढाङ्गयुक्त (हेडः) शत्रुओं का अनादर करने हारा (अरुणः) सुन्दर गौराङ्ग (बभ्रुः) किञ्चित् पीला वा धुमेलावर्ण युक्त (उत) और (सुमङ्गलः) सुन्दर कल्याणकारी

राजा हो (च) और (ये) जो (सहस्रशः) हजारहां (रुद्राः) दुष्ट कर्म करने वालों को रुलाने हारे (अभितः) चारो ओर (दिक्षु) पूर्वादि दिशाओं में (एनम्) इस राजा के (श्रिताः) आश्रम से वसते हों (एषाम्) इन वीरों का आश्रय लेके हम लोग (अवेमहे) विरुद्धाचरण की इच्छा नहीं करते हैं ॥ ६ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो जो राजा अग्नि के समान दुष्टों को भस्म करता चन्द्र के तुल्य श्रेष्ठों को सुख देता न्यायकारी शुभलक्षणयुक्त और जो इस के तुल्य भृत्य राज्य में सर्वत्र वसें विचरें वा समीप में रहें उन का सत्कार करके उन से दुष्टों का अपमान तुम लोग कराया करो ॥ ६ ॥

असौ य इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । रुद्रो देवता ।
विराडार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी वही वि० ॥

असौ योऽवसर्पति नीलग्रीवो विलोहितः । उतैनं गोपा अदृश्रन्नदृश्रन्नुदहार्य्युः स दृष्टो मृडयाति नः ॥ ७ ॥

असौ । यः । अवसर्पतीत्यवऽसर्पति । नीलग्रीव इति नीलऽग्रीवः । विलोहितइति विऽलोहितः । उत । एनम् । गोपाः । अदृश्रन् । अदृश्रन् । उदहार्य्य इत्युदऽहार्य्यः । सः । दृष्टः । मृडयाति । नः ॥ ७ ॥

पदार्थः—(असौ) (यः) (अवसर्पति) दुष्टेभ्यो विरुद्धं गच्छति (नीलग्रीवः) नीलमणियुक्ता ग्रीवा यस्य सः (विलोहितः)

विविधैः शुभगुणकर्मस्वभावैरोहितो रुद्रः (उत) (एनम्) (गोपाः) रक्षका भृत्याः (अदृश्रन्) समीक्षेरन् (अदृश्रन्) पश्येयुः (उदहार्य्यः) या उदकं हरन्ति ताः (सः) (दृष्टः)सः समीक्षितः (मृडयाति) सुखयतु (नः) अस्मान् सज्जनान् ॥ ७ ॥

अन्वयः—योऽसौ नीलग्रीवो विलोहितो रुद्रः सेनेशोऽवसर्पति यमेनं गोपा अदृश्रन्नुताप्युदहार्य्योऽदृश्रन् स दृष्टः सन् नोऽस्मान् मृडयाति ॥ ७ ॥

भावार्थः—यो दुष्टानां विरोधि श्रेष्ठप्रियो दर्शनीयः सेनापतिः सर्वाः सेना रञ्जयेत् स शत्रून् विजेतुं शक्नुयात् ॥ ७ ॥

पदार्थः—(यः) जो (असौ) वह (नीलग्रीवः) नीलमणियों की माला पहिने (विलोहितः) विविध प्रकार के शुभ गुण कर्म और स्वभाव से युक्त श्रेष्ठ (रुद्रः) शत्रुओं का हिंसक सेनापति (अवसर्पति) दुष्टों से विरुद्ध चलता है । जिस (एनम्) इस को (गोपाः) रक्षक भृत्य (अदृश्रन्) देखें (उत) और (उदहार्य्यः) जल लाने वाली कहारी स्त्रियां (अदृश्रन्) देखें (सः) वह सेनापति (दृष्टः) देखा हुआ (नः) हम सब धार्मिकों को (मृडयाति) सुखी करे ॥ ७ ॥

भावार्थः—जो दुष्टों का विरोधी श्रेष्ठों का प्रिय दर्शनीय सेनापति सब सेनाओं को प्रसन्न करे वह शत्रुओं को जीत सके ॥ ७ ॥

नमोऽस्त्वित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । रुद्रो देवता ।
निचृदार्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः । स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी वही वि० ॥

नमो॑ऽस्तु नील॑ग्रीवाय सहस्राक्षाय॑ मी॒ढुषे॑ ।
अथो॒ ये अ॑स्य॒ सत्वा॑नो॒ऽहं तेभ्यो॑ऽकरं॒ नमः॑ ॥ ८ ॥

नमः । अस्तु । नीलग्रीवायेति नीलऽग्रीवाय । सहस्राक्षायेति सहस्रऽअक्षाय । मीढुषे । अथोऽइत्यथो । ये । अस्य । सत्वानः । अहम् । तेभ्यः । अकरम् । नमः ॥ ८ ॥

पदार्थः—(नमः) अन्नम् (अस्तु) भवतु (नीलग्रीवाय) शुद्धकण्ठस्वराय (सहस्राक्षाय) सहस्रेषु भृत्येष्वक्षिणी यस्य तस्मै (मीढुषे) वीर्यवते (अथो) अनन्तरम् (ये) (अस्य) सेनापतेरधिकारे (सत्वानः) सत्वगुणबलोपेताः (अहम्) प्रजासेनापालनाधिकारेऽधिकृतोऽमात्यः (तेभ्यः) (अकरम्) कुर्याम् (नमः) पुष्कलमन्नादिकम् ॥ ८ ॥

अन्वयः—नीलग्रीवाय सहस्राक्षाय मीढुषे सेनापतयेमद्दत्तं नमोऽस्तु । अथो येऽस्य सत्वानः सन्ति तेभ्योऽपि नमोऽहमकरं निष्पादयेयम् ॥ ८ ॥

भावार्थः—सभापत्यादिभिरन्नाद्येन यादृशः सत्कारः सेनापतेः क्रियेत तादृगेव सेनास्थाना भृत्यानामपि कर्त्तव्यः ॥ ८ ॥

पदार्थः—(नीलग्रीवाय) जिस का कण्ठ और स्वर शुद्ध हो उस (सहस्राक्षाय) हजारहों भृत्यों के कार्य देखने वाले (मीढुषे) पराक्रमयुक्त सेनापति के लिये मेरा दिया (नमः) अन्न (अस्तु) प्राप्त हो (अथो) इस के अनन्तर (ये) जो (अस्य) इस सेनापति के अधिकार में (सत्वानः) सत्व गुण तथा बल से युक्त पुरुष हैं (तेभ्यः) उन के लिये भी (अहम्) मैं (नमः) अन्नादि पदार्थों को (अकरम्) सिद्ध करूं ॥ ८ ॥

भावार्थः—सभापति आदि राज पुरुषों को चाहिये कि अन्नादि पदार्थों से जैसा सत्कार सेनापति का करें वैसाही सेना के भृत्यों का भी करें ॥ ८ ॥

प्रमुञ्चेत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । रुद्रो देवता ।
भुरिगार्ष्युष्णिक् छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

पुनस्तदेवाह ॥

फिर भी वही वि० ॥

ब्राह्मणों वा ब्राह्मणादि क्षत्रियादि कों का निरन्तर सत्कार करें सब लोग इसी वेदोक्त प्रमाण से सर्वत्र शिष्टाचार में इसी वाक्य का प्रयोग करके परस्पर एक दूसरे का सत्कार करने से प्रसन्न होवें ॥ ३२ ॥

नमः सोभ्यायेत्यस्य कुत्स ऋषिः । रुद्रा देवताः ।

आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर वही वि० ॥

नमः सोभ्याय च प्रतिसर्याय च नमो याम्याय च क्षेम्याय च नमः श्लोक्याय चावसान्याय च नमऽउर्वर्याय च खल्याय च ॥ ३३ ॥

नमः । सोभ्याय । च । प्रतिसर्यायेति प्रतिऽसर्याय । च । नमः । याम्याय । च । क्षेम्याय । च । नमः । श्लोक्याय । च । अवसान्यायेत्यवऽसान्याय । च । नमः । उर्वर्याय । च । खल्याय । च ॥ ३३ ॥

पदार्थः—(नमः) अन्नम् (सोभ्याय) सोमेऽवैश्वर्ययुक्तेषु भवाय (च) (प्रतिसर्याय) ये प्रतीते धर्मे सरन्ति तेषु भवाय (च) (नमः) सत्करणम् (याम्याय) यो यमेषु न्यायकारिषु साधुस्तस्मै । अत्रान्येषामपीति दीर्घः (च) (क्षेम्याय) क्षेमेषु रक्षकेषु साधुस्तस्मै (च) (नमः) सत्करणम् (श्लोक्याय) श्लोके वेदवाण्यां साधवे । श्लोक इति वाङ्ना० निघं० १ । ११ (च) (अवसान्याय) अवसानव्यवहारे साधवे (च) (नमः) सत्करणम् (उर्वर्याय) उरूणां महतामर्याय स्वामिने (च) (खल्याय) खले संचयाधिकरणे साधवे (च) ॥ ३३ ॥

अन्वयः—हे मनुष्याः सोभ्याय च प्रतिसर्याय च नमो याम्याय च क्षेम्याय च नमः श्लोक्याय चावसान्याय च नम उर्वर्याय च खल्याय च नमः प्रयोज्य दत्त्वा चैतान् भवन्त आनन्दयन्तु ॥ ३३ ॥

भावार्थः—अत्रानेकैश्चकारैरन्येऽप्युपयोगिनोऽर्थाः संग्राह्याः सत्कर्त्तव्याश्च प्रजास्थैर्न्यायाधीशादीनां न्यायाधीशाद्यैः प्रजास्थाना च सत्कारः पत्न्याद्यैर्भर्त्रादयो भर्त्राद्यैः पत्न्यादयश्च प्रसादनीयाः॥३३॥

पदार्थः—हे मनुष्यो (सोभ्याय) ऐश्वर्ययुक्तों में प्रसिद्ध (च) और (प्रतिसर्याय) धर्मात्माओं में उत्पन्न हुए (च) तथा धनी धर्मात्मों को (नमः) अन्न दे (याम्याय) न्यायकारियों में उत्तम (च) और (क्षेम्याय) रक्षा करने वालों में चतुर (च) और न्यायाधीशादि को (नमः) अन्न दे और (श्लोक्याय) वेदवाणी में प्रवीण (च) और (अवसान्याय) कार्यसमाप्तिव्यवहार में कुशल (च) तथा आरम्भ करने में उत्तम पुरुष का (नमः) सत्कार (उर्वर्याय) महान् पुरुषों के स्वामी (च) और (खल्याय) अच्छे अन्नादि पदार्थों के संचय करने में प्रवीण (च) और व्यय करने में विचक्षण पुरुष का (नमः) सत्कार करके इन सब को आप लोग आनन्दित करो ॥ ३३ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में अनेक चकारों से और भी उपयोगी अर्थ लेना और उन का सत्कार करना चाहिये प्रजास्थपुरुष न्यायाधीशों, न्यायाधीश प्रजास्थों का सत्कार पतिआदि स्त्री आदि की और स्त्री आदि पति आदि पुरुषों की प्रसन्नता करें ॥ ३३ ॥

नमो वन्यायेत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । रुद्रा देवताः ।
स्वराडार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

राजपुरुषैः कथं भवितव्यमित्याह ॥

राज पुरुषों को कैसा होना चाहिये यह वि० ॥

नमो वन्याय च कक्ष्याय च नमः श्रवाय च

प्रतिश्रवाय च नम आशुषेणाय चाशुरथाय च नमः शूराय चावभेदिने च ॥ ३४ ॥

नमः । वन्याय । च । कक्ष्याय । च । नमः । श्रवाय । च । प्रतिश्रवायेति प्रतिऽश्रवाय । च । नमः । आशुषेणाय । आशुसेनायेत्याशुऽसेनाय । च । आशुरथायेत्याशुऽरथाय । च । नमः । शूराय । च । अवभेदिन इत्यवऽभेदिने । च ॥ ३४ ॥

पदार्थः—(नमः) अन्नम् (वन्याय) वने जङ्गले भवाय (च) (कक्ष्याय) कक्षासु भवाय (च) (नमः) सत्करणम् (श्रवाय) श्रोत्रे श्रवणहेतवे वा (च) (प्रतिश्रवाय) यः प्रतिशृणोति प्रतिजानीते तस्मै (च) (नमः) अन्नदानम् (आशुषेणाय) आशु शीघ्रगामिनी सेना यस्य तस्मै (च) (आशुरथाय) आशु शीघ्रगामिनो रथा यानानि यस्य तस्मै (च) (नमः) सत्कारम् (शूराय) शत्रूणां हिंसकाय (च) अवभेदिने) शत्रूनवभेत्तुं विदारयितुं शीलाय (च) ॥ ३४ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ये वन्याय च कक्ष्याय च नमः श्रवाय च प्रतिश्रवाय च नम आशुषेणाय चाशुरथाय च नमः शूराय चावभेदिने च नमः प्रदद्युः कुर्युस्ते सर्वत्र विजयिनो भवन्तु ॥ ३४ ॥

भावार्थः—राजपुरुषैः वनकक्षास्थाध्येतध्यापकबलिष्ठसेनातूर्णगामियानरथवीरदूतानन्नधनादिना सत्कारेण प्रोत्साह्य सदा विजयिभिर्भवितव्यम् ॥ ३४ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जो लोग (वन्याय) जङ्गल में रहने (च) और (कक्ष्याय) वन के समीप कक्षाओं में (च) तथा गुफा आदि में रहने वालों को (नमः) अन्न देवें । (श्रवाय) सुनने वा सुनाने के हेतु (च) और (प्रतिश्रवाय) प्रतिज्ञा करने (च) तथा प्रतिज्ञा को पूरी करने हारे का (नमः) सत्कार करें । (आशुषेणाय) शीघ्रगामिनी सेना वाले (च) और (आशुरथाय) शीघ्र चलने हारे रथों के स्वामी (च) तथा सारथि आदि को (नमः) अन्न देवें । (शूराय) शत्रुओं को मारने (च) और (अवभेदिने) शत्रुओं को छिन्न भिन्न करने वाले (च) तथा दूतादि का (नमः) सत्कार करें उन का सर्वत्र विजय होवे ॥३४ ॥

भावा:—राजपुरुषों को चाहिये कि बन तथा कक्षाओं में रहनेवाले अध्येता और अध्यापकों, बलिष्ठ सेनाओं, शीघ्र चलने हारे यानों में बैठने वाले बीरों और दूतों को अन्न धनादि से सत्कार पूर्वक उत्साह देके सदा विजय को प्राप्त हों ॥३४॥

नमो बिल्मिन इत्यस्य कुत्स ऋषिः । रुद्रा देवताः ।
स्वराडार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
योद्धृणां रक्षा कथं कार्येत्याह ॥
योद्धाओं की रक्षा कैसे करना चाहिये यह वि० ॥

नमो बिल्मिने च कवचिने च नमो वर्मिणे च वरूथिने च नमः श्रुताय च श्रुतसेनाय च नमो दुन्दुभ्याय चाहनन्याय च ॥ ३५ ॥

नमः । बिल्मिने । च । कवचिने । च । नमः । वर्मिणे । च । वरूथिने । च । नमः । श्रुताय । च । श्रुतसेनायेति श्रुतऽसेनाय । च । नमः । दुन्दुभ्याय । च । आहनन्यायेत्याऽहनन्याय । च ॥३५॥

पदार्थः—(नमः) सत्करणम् (बिल्मिने) प्रशस्तं बिल्मं

धारणं वा विद्यते यस्य तस्मै (च) (कवचिने) सम्बद्धं कवचं शरीररक्षासाधनं विद्यते यस्य तस्मै (च) (नमः) अन्नादिदानम् (वर्मिणे) बहूनि वर्माणि शरीररक्षासाधनानि विद्यन्ते यस्य तस्मै (च) (वरूथिने) प्रशस्तानि वरूथानि गृहाणि विद्यन्ते यस्य तस्मै । वरूथमिति गृहना० निघं० ३ । ४ (च) (नमः) सत्करणम् (श्रुताय) यः शुभगुणेषु श्रूयते तस्मै (च) (श्रुतसेनाय) श्रुता प्रख्याता सेना यस्य तस्मै (च) (नमः) सत्करणम् (दुन्दुभ्याय) दुन्दुभिषु वादित्रेषु साधवे (च) (आहनन्याय) वीररसाय वादित्रवादनेषु साधवे (च) ॥ ३५ ॥

अन्वयः—हे राजप्रजाजनाध्यक्षा भवन्तो बिल्मिने च कवचिने च नमो वर्मिणे च वरूथिने च नमः श्रुताय च श्रुतसेनाय च नमो दुन्दुभ्याय चाहनन्याय च नमः कुर्युर्यद्युर्यतो युष्माकं पराजयः कदापि न स्यात् ॥ ३५ ॥

भावार्थः—राजप्रजाजनैर्योद्धृणां सर्वतो रक्षा सर्वतः सुखप्रदानि गृहाणि भोज्यपेयानि वस्तूनि प्रशंसित जनानां सङ्गोऽत्युत्तमानि वादित्राणि च दत्वा स्वाभीष्टानि साधनीयानि ॥ ३५ ॥

पदार्थः—हे राजन् और प्रजा के अध्यक्ष पुरुषो आप लोग [बिल्मिने] प्रशंसित साधारण वा पोषण करने [च] और [कवचिने] शरीर के रक्षक कवच को धारण करने [च] तथा उन के सहाय कारियों का [नमः] सत्कार करें [वर्मिणे] शरीर रक्षा के बहुत साधनों से युक्त [च] और [वरूथिने] प्रशंसित घरों वाले [च] तथा घर आदि के रक्षकों को [नमः] अन्नादि देवें [श्रुताय] शुभ गुणों में प्रख्यात [च] और [श्रुतसेनाय] प्रख्यात सेना वाले [च] तथा सेनास्थों का [नमः] सत्कार [च] और [दुन्दुभ्याय] बाजे बजाने में चतुर बजन्तरी [च] तथा [आहनन्याय] वीरों को युद्ध में उत्साह बढ़ने के बाजे बजाने में कुशल पुरुष का [नमः] सत्कार कीजिये जिस से तुम्हारा पराजय कभी न हो ॥ ३५ ॥

भावार्थः—राजा और प्रजा के पुरुषों को चाहिये कि योद्धा लोगों की सब प्रकार रक्षा, सब के सुखदायी घर, खाने पीने के योग्य पदार्थ, प्रशंसित पुरुषों का संग और अत्युत्तम बाजे आदि दे के अपने अभीष्ट कार्यों को सिद्ध करें ॥ ३५ ॥

नमो धृष्णव इत्यस्य कुत्स ऋषिः । रुद्रा देवताः ।

स्वराडार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर वही वि० ॥

नमो धृष्णवे च प्रमृशाय च नमो निषङ्गिणे चेषुधिमते च नमस्तीक्ष्णेषवे चायुधिने च नमः स्वायुधाय च सुधन्वने च ॥ ३६ ॥

नमः । धृष्णवे । च । प्रमृशायेति प्रऽमृशाय । च । नमः । निषङ्गिणे । च । इषुधिमतऽइतीषुधिऽमते । च । नमः । तीक्ष्णेषवऽइति तीक्ष्णऽइषवे । च । आयुधिने । च । नमः । स्वायुधायेति सुऽआयुधाय । च । सुधन्वनऽइति सुऽधन्वने । च ॥ ३६ ॥

पदार्थः—(नमः) अन्नादिदानम् (धृष्णवे) यो धृष्णोति दृढो निर्भयो भवति (च) (प्रमृशाय) प्रकृष्टविचारशीलाय (च) मृदुस्वभावजनाय (नमः) सत्करणम् (निषङ्गिणे) बहवो निषङ्गाः शस्त्रसमूहा विद्यन्ते यस्य तस्मै (च) (इषुधिमते) प्रशस्तशस्त्रास्त्रकोशाय (च)(नमः) सत्करणम् (तीक्ष्णेषवे)

तीक्ष्णास्तीव्रा इषवोऽस्त्रशस्त्राणि यस्य तस्मै (च) (आयुधिने) ये शतघ्न्यादिभिः समन्ताद्युध्यन्ते ते प्रशस्ता विद्यन्ते यस्य तस्मै (च) (नमः) अन्नदानम् (स्वायुधाय) शोभनानि आयुधानि यस्य तस्मै (च) (सुधन्वने) शोभनानि धन्वानि धनूंषि यस्य तस्मै (च) तेषां रक्षकाय ॥ ३६ ॥

अन्वयः—ये राजप्रजाजनाध्यक्षा धृष्णवे च प्रमृशाय च नमो निषङ्गिणे चेषुधिमते च नमस्तीक्ष्णेषवे चायुधिने च नमः स्वायुधाय च सुधन्वने च नमः प्रदद्युः कुर्युश्च ते सदा विजयिनो भवन्तु ॥ ३६ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्यत्किंचित्कर्म कार्य्यं तत्सुविचारेण दृढोत्साहेनेति नहि शरीरात्मबलमन्तरेण शस्त्रप्रहरणं शत्रुविजयश्च कर्त्तुं शक्यते तस्मात्सततं सेना वर्द्धनीया ॥ ३६ ॥

पदार्थः—जो राज और प्रजा के अधिकारी लोग (धृष्णवे) दृढ (च) और (प्रमृशाय) उत्तम विचार शील (च) तथा कोमल स्वभाव वाले पुरुष को (नमः) अन्न देवें (निषङ्गिणे) बहुत शस्त्रों वाले (च) और (इषुधिमते) प्रशंसित शस्त्र अस्त्र और कोश वाले का (च) भी (नमः) सत्कार और (तीक्ष्णेषवे) तीक्ष्ण शस्त्र अस्त्रों से युक्त (च) और (आयुधिने) अच्छे प्रकार तोप आदि से लड़ने वाले वीरों से युक्त अध्यक्ष पुरुष का (च) भी (नमः) सत्कार करें (स्वायुधाय) सुन्दर आयुधों वाले (च) और (सुधन्वने) अच्छे धनुषों से युक्त (च) तथा उन के रक्षकों को (नमः) अन्न देवें वे सदा विजय को प्राप्त होवें ॥ ३६ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि जो कुछ कर्म करें सो अच्छे प्रकार विचार और दृढ उत्साह से करें क्योंकि शरीर और आत्मा के बल के बिना शस्त्रों का चलाना और शत्रुओं का जीतना कभी नहीं कर सकते इसलिये निरन्तर सेना की उन्नति करें ॥ ३६ ॥

नमः श्रुतायेत्यस्य कुत्स ऋषिः । रुद्रा देवताः ।
निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

मनुष्यैरुदकेन कथमुपकर्त्तव्यमित्याह ॥

मनुष्य लोग जल से कैसे उपकार लेवें यह वि० ॥

नमः स्रुत्याय च पथ्याय च नमः काट्याय च नीप्याय च नमः कुल्याय च सरस्याय च नमो नादेयाय च वैशन्ताय च ॥ ३७ ॥

नमः । स्रुत्याय । च । पथ्याय । च । नमः । काट्याय । च । नीप्याय । च । नमः । कुल्याय । च । सरस्याय । च । नमः । नादेयाय । च । वैशन्ताय । च ॥ ३७ ॥

पदार्थः—(नमः) अन्नदानम् (स्रुत्याय) स्रुतौ प्रस्रवणे भवाय (च) (पथ्याय) पथि भवाय गन्तुकाय (च) मार्गादि शोधकाय (नमः) सत्करणम् (काट्याय) काटेषु कूपेषु भवाय । काट इति कूपना० निघं० ३ । २३ (च) (नीप्याय) नितरामापो यस्मिन् स नीपस्तत्र भवाय (च) तत्सहायिने (नमः) सत्करणम् (कुल्याय) कुल्यासु नदीषु भवाय । कुल्या इति नदीना० निघं० १ । १३ (च) (सरस्याय) सरसि तडागे भवाय (च) (नमः) अन्नादिदानम् (नादेयाय) नदीषु भवाय (च) (वैशन्ताय) वेशन्तेषु क्षुद्रेषु जलाशयेषु भवाय (च) ॥ ३७ ॥

अन्वयः—मनुष्यैः स्रुत्याय च पथ्याय च नमः काट्याय च

नीप्याय च नमः कुल्याय च सरस्याय नमश्च नादेयाय च वैशन्ताय च नमो दत्वा दया प्रकाशनीया ॥ ३७ ॥

भावार्थः—मनुष्यैः स्रोतसां मार्गाणां कूपानां जलप्रायदेशानां महदल्प सरसां च जलं चालयित्वा यत्र कुत्र बद्ध्वा क्षेत्रादिषु पुष्कलान्यन्नफलवृक्षलतागुल्मादीनि संवर्धनीयानि ॥ ३७ ॥

पदार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि [स्रुत्याय] स्रोता नाले आदि में रहने [च] और [पथ्याय] मार्ग में चलने [च] तथा मार्गादि को शोधने वाले को [नमः] अन्न दे [काट्याय] कूप आदि में प्रसिद्ध [च] और [नीप्याय] बड़े जलाशय में होने [च] तथा उस के सहायी का [नमः] सत्कार [कुल्याय] नहरों का प्रबन्ध करने [च] और [सरस्याय] तलाव के काम में प्रसिद्ध होने वाले का [नमः] सत्कार [च] और [नादेयाय] नदियों के तट पर रहने [च] और [वैशन्ताय] छोटे २ जलाशयों के जीवों को [च] और वापी आदि के प्राणियों को [नमः] अन्नादि देके दया प्रकाशित करें ॥ ३७ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि नदियों के मार्गों बंबों कूपों जल प्रायः देशों बड़े और छोटे तलावों के जल को चला जहां कहीं बांध और खेत आदि में छोड़ के पुष्कल अन्न फल वृक्ष लता गुल्म आदि को अच्छे प्रकार बढ़ावें ॥ ३७ ॥

नमः कूप्यायेत्यस्य कुत्स ऋषिः । रुद्रा देवताः ।
भुरिगार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर वही वि० ॥

नमः कूप्याय चावट्याय च नमो वीध्र्याय चातप्याय च नमो मेघ्याय च विद्युत्याय च नमो वर्ष्याय चावर्ष्याय च ॥ ३८ ॥

नमः । कूप्याय । च । अवट्याय । च । नमः । वीध्र्यायेति वि॒ऽईध्र्याय । च । आतप्यायेत्याऽतप्याय । च । नमः । मेघ्याय । च । विद्युत्यायेति विऽद्युत्याय । च । नमः । वर्ष्याय । च । अवर्ष्याय । च ॥ ३८ ॥

पदार्थः—(नमः) अन्नादिकम् (कूप्याय) कूपे भवाय (च) (अवट्याय) अवटेषु गर्त्तेषु भवाय (च) जङ्गलेषु भवाय (नमः) सस्यादिकम् (वीध्र्याय) विविधेषु ईधेषु दीपनेषु भवाय । अत्र विपूर्वकादिन्धिधातोरौणादिको रक् प्रत्ययः (च) (आतप्याय) आतपेषु भवाय (च) कृष्यादेः प्रबन्धकर्त्रे (नमः) अन्नादिकम् (मेघ्याय) मेघेषु भवाय (च) (विद्युत्याय) विद्युति भवाय (च) अग्निविद्याविदे (नमः) सत्कारक्रियाम् (वर्ष्याय) वर्षासु भवाय (च) (अवर्ष्याय) अविद्यमानासु वर्षासु भवाय (च) ॥ ३८ ॥

अन्वयः—मनुष्याः कूप्याय चावट्याय च नमो वीध्र्याय चातप्याय च नमो मेघ्याय च विद्युत्याय च नमो वर्ष्याय चावर्ष्याय च नमो दत्वा कृत्वा चानन्दन्तु ॥ ३८ ॥

भावार्थः—यदि मनुष्याः कूपादिभ्यः कार्यसिद्धये भृत्यान् सत्कुर्युस्तर्ह्यनेकान्युत्तमानि कार्याणि कर्त्तुं शक्नुयुः ॥ ३८ ॥

पदार्थः—मनुष्य लोग (कूप्याय) कूप के (च) और (अवट्याय) गड्ढों (च) तथा जङ्गलों के जीवों को (नमः) अन्नादि दे (च) और (वीध्र्याय) विविध प्रकाशों में रहने (च) और (आतप्याय) घाम में रहने वाले वा (च) खेती आदि के प्रबन्ध करने वाले को (नमः) अन्न दे (मेघ्याय) मेघ में रहने (च)

और (विद्युत्याय) बिजुली से काम लेने वाले को (च) तथा अग्नि विद्या के जानने वाले को (नमः) अन्नादि दे (च) और (वर्ष्याय) वर्षा में रहने (च) तथा (अवर्ष्याय) वर्षा रहित देश में वसने वाले का (नमः) सत्कार करके आनन्दित होवें ॥ ३८ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य कूपादि से कार्य सिद्धि होने के लिये भृत्यों का सत्कार करें तो अनेक उत्तम २ कार्यों को सिद्ध कर सकें ॥ ३८ ॥

नमो वात्यायेत्यस्य कुत्स ऋषिः । रुद्रा देवताः ।
स्वराडार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

अथ मनुष्यैरन्येभ्यो जगत्स्थपदार्थेभ्यः कथमुपकारो ग्राह्य इत्यु०

अब मनुष्य जगत् के अन्य पदार्थों से कैसे उपकार लेवें इस वि० ॥

नमो वात्याय च रेष्म्याय च नमो वास्तव्याय च वास्तुपाय च नमः सोमाय च रुद्राय च नमस्ताम्राय चारुणाय च ॥ ३९ ॥

नमः । वात्याय । च । रेष्म्याय । च । नमः । वास्तव्याय । च । वास्तुपायेति वास्तुऽपाय । च । नमः । सोमाय । च । रुद्राय । च । नमः । ताम्राय । च । अरुणाय । च ॥ ३९ ॥

पदार्थः—(नमः) अन्नादिकम् (वात्याय) वायुविद्यायां भवाय (च) (रेष्म्याय) रेष्मेषु हिंसकेषु भवाय (च) (नमः) सत्करणम् (वास्तव्याय) वास्तुनि निवासस्थाने भवाय (च) (वास्तुपाय) वास्तूनि निवासस्थानानि पाति तस्मै (च) (नमः) अन्नादिकम् (सोमाय) ऐश्वर्य्योपपन्नाय (च) (रुद्राय) दुष्टानां रोदकाय (च) (नमः) सत्करणम् (ताम्राय) यस्ताम्यति ग्लायति तस्मै (च) (अरुणाय) प्रापकाय (च) ॥ ३९ ॥

अन्वयः—ये मनुष्या वात्याय च रेष्म्याय च नमो वास्तव्याय च वास्तुपाय च नमः सोमाय च रुद्राय च नमस्ताम्राय चारुणाय च नमो विदध्युस्ते श्रिया सम्पन्नाः स्युः ॥ ३९ ॥

भावार्थः—यदा मनुष्या वाय्वादिगुणान् विदित्वा व्यवहारेषु संप्रयुञ्जीरंस्तदानेकानि सुखानि लभेरन् ॥ ३९ ॥

पदार्थः—जो मनुष्य (वात्याय) वायु विद्या में कुशल (च) और (रेष्म्याय) मारने वालों में प्रसिद्ध को (च) भी (नमः) अन्नादि) देवें (च) तथा (वास्तव्याय) निवास के स्थानों में हुए (च) और (वास्तुपाय) निवासस्थान के रक्षक का (नमः) सत्कार करें (च) तथा (सोमाय) धनाढ्य (च) और (रुद्राय) दुष्टों को रोदन कराने हारे को (नमः) अन्नादि देवें (च) तथा (ताम्राय) बुरे कामों से ग्लानि करने (च) और (अरुणाय) अच्छे पदार्थों को प्राप्त कराने हारे का (नमः) सत्कार करें वे लक्ष्मी से सम्पन्न होवें ॥ ३९ ॥

भावार्थः—जब मनुष्य वायु आदि के गुणों को जान के व्यवहारों में लगावें तब अनेक सुखों को प्राप्त हों ॥ ३९ ॥

नमः शङ्गव इत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः । रुद्रा देवताः । भुरिगतिशक्करी छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

मनुष्यैः कथं संतोष्टव्यमित्याह ॥

मनुष्यों को कैसे संतोषी होना चाहिये यह वि० ॥

नमः॑ श॒ङ्गवे॑ च पशु॒पत॑ये च॒ नम॑ उ॒ग्राय॑ च भी॒मा॑य च॒ नमो॑ऽग्रेव॒धाय॑ च दूरेव॒धाय॑ च॒ नमो॑ ह॒न्त्रे च॒ हनी॑यसे च॒ नमो॑ वृ॒क्षेभ्यो॒ हरि॑केशेभ्यो॒ नम॑स्ता॒राय॑ ॥ ४० ॥

नमः । शङ्गव इति शम्ऽगवे । च । पशुपतयऽइति पशुऽपतये । च । नमः । उग्राय । च । भीमाय । च । नमः । अग्रेवधायेत्यग्रेऽवधाय । च । दूरेवधायेति दूरेऽवधाय । च । नमः । हन्त्रे । च । हनीयसे । च । नमः । वृक्षेभ्यः । हरिकेशेभ्यऽइति हरिऽकेशेभ्यः । नमः । ताराय ॥ ४० ॥

पदार्थः—(नमः) अन्नादिकम् (शङ्गवे) शं सुखं गच्छति प्राप्नोति तस्मै (च) (पशुपतये) गवादिपशूनां पालकाय (च) (नमः) सत्करणम् (उग्राय) तेजस्विने (च) (भीमाय) बिभेति यस्मात् तस्मै भयङ्कराय (च) (नमः) अन्नादिकम् (अग्रेवधाय) योऽग्रे पुरः शत्रून्बध्नाति हन्ति वा तस्मै (च) (दूरेवधाय योऽरीन्दूरे बध्नाति तस्मै (च) (नमः) अन्नादिदानम् (हन्त्रे) यो दुष्टान् हन्ति तस्मै (च) (हनीयसे) दुष्टानामतिशयेन हन्त्रे विनाशकाय (च) (नमः) सत्करणम् (वृक्षेभ्यः) ये शत्रून् वृश्चन्ति छिन्दन्ति तेभ्यः पादपेभ्यो वा (हरिकेशेभ्यः) हरयो हरिताः केशा येषां तेभ्यो युवभ्यो वा (नमः) अन्नादिकम् (ताराय) दुःखात्सन्तारकाय ॥ ४० ॥

अन्वयः—ये मनुष्याः शङ्गवे च पशुपतये च नम उग्राय च भीमाय च नमोऽग्रे बधाय च दूरेबधाय च नमो हन्त्रे च हनीयसे च नमो वृक्षेभ्यो हरिकेशेभ्यो नमस्ताराय नमो दद्युः कुर्युस्ते सुखिनः स्युः ॥ ४० ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्गवादिपशुपालनेन भयङ्करादि शान्तिकरणेन च संतोष्टव्यम् ॥ ४० ॥

पदार्थः—जो मनुष्य (शङ्गवे) सुख को प्राप्त होने (च) और (पशुपतये) गौ आदि पशुओं के रक्षा करने वाले को (च) और गौ आदि को भी (नमः) अन्नादि पदार्थ देवें (उग्राय) तेजस्वी (च) और (भीमाय) डर दिखाने वाले का (च) भी (नमः) सत्कार करें (अग्रेवधाय) पहिले शत्रुओं को बांधने हारे (च) और (दूरेवधाय) दूर पर शत्रुओं को बांधने वा मारने वाले को (च) भी (नमः) अन्नादि देवें (हन्त्रे) दुष्टों को मारने (च) और (हनीयसे) दुष्टों का अत्यन्त निर्मूल विनाश करने हारे को (च) भी (नमः) अन्नादि देवें (वृक्षेभ्यः) शत्रु को काटने वालों को वा वृक्षों का और (हरिकेशेभ्यः) हरे केशों वाले ज्वानों वा हरे पत्तों वाले वृक्षों का (नमः) सत्कार करें वा जलादि देवें और (ताराय) दुःख से पार करने वाले पुरुष को (नमः) अन्नादि देवें वे सुखी हों ॥ ४० ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि गौ आदि पशुओं के पालन और भयङ्कर जीवों की शान्ति करने से संतोष करें ॥ ४० ॥

नमः शम्भवायेत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः ।
रुद्रा देवताः । स्वराडार्षी बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

जनैः कथं स्वाभीष्टं साध्यमित्याह ॥

मनुष्यों को कैसे अपना अभीष्ट सिद्ध करना चाहिये यह वि० ॥

नमः॑ शम्भ॒वाय॑ च मयोभ॒वाय॑ च॒ नमः॑ शङ्क॒राय॑ च मयस्क॒राय॑ च॒ नमः॑ शि॒वाय॑ च शि॒वत॑राय च ॥ ४१ ॥

नमः॑ । श॒म्भ॒वायेति॑ शम्ऽभ॒वाय॑ । च॒ । म॒यो॒भ॒वायेति॑ मयः॑ऽभ॒वाय॑ । च॒ । नमः॑ । श॒ङ्क॒रायेति॑ शम्ऽक॒राय॑ । च॒ । म॒य॒स्क॒राय॑ । म॒यः॒क॒रायेति॑ मयःऽ-

क॒राय॑ । च॒ । नमः॑ । शि॒वाय॑ । च॒ । शि॒वत॑रा॒येति॑ शि॒वऽत॑राय । च॒ ॥ ४१ ॥

पदार्थः—(नमः) सत्करणम् (शम्भवाय) यः शं सुखं भावयति तस्मै परमेश्वराय सेनाधीशाय वा । अन्तर्भावितो एयर्थः (च) (मयोभवाय) मयः सुखं भवति यस्मात्तस्मै (च) (नमः) सत्कणम् (शङ्कराय) यः सर्वेषां सुखं करोति तस्मै (च) (मयस्कराय) यः सर्वेषां प्राणिनां मयः सुखं करोति तस्मै (च) (नमः) सत्करणम् (शिवाय) मङ्गलकारिणे (च) (शिवतराय) अतिशयेन मङ्गलस्वरूपाय (च) ॥ ४१ ॥

अन्वयः—ये मनुष्याः शम्भवाय च मयोभवाय च नमः शङ्कराय च मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च नमः कुर्वन्ति ते कल्याणमाप्नुवन्ति ॥ ४१ ॥

भावार्थः—मनुष्यैः प्रेम भक्त्या सर्वमङ्गलप्रदः परमेश्वर एवोपास्यो बलाध्यक्षश्चसत्कर्त्तव्यो यतः स्वाभीष्टानि सिध्येयुः ॥ ४१ ॥

पदार्थः—जो मनुष्य (शम्भवाय) सुख को प्राप्त करने हारे परमेश्वर (च) और (मयोभवाय) सुख प्राप्ति के हेतु विद्वान् (च) का भी (नमः) सत्कार (शङ्कराय) कल्याण करने (च) और (मयस्कराय) सब प्राणियों को सुख पहुंचाने वाले का (च) भी (नमः) सत्कार (शिवाय) मङ्गलकारी (च) और (शिवतराय) अत्यन्त मङ्गलस्वरूप पुरुष का (च) भी (नमः) सत्कार करते हैं वे कल्याण को प्राप्त होते हैं ॥ ४१ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि प्रेमभक्ति के साथ सब मङ्गलों के दाता परमेश्वर की ही उपासना और सेनाध्यक्ष का सत्कार करें जिस से अपने अभीष्ट कार्य्य सिद्ध हों ॥ ४१ ॥

नमः पार्यायेत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः । रुद्रा देवताः । निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर वही वि० ॥

नमः पार्याय चावार्याय च नमः प्रतरणाय चोत्तरणाय च नमस्तीर्थ्याय च कूल्याय च नमः शष्प्याय च फेन्याय च ॥ ४२ ॥

नमः । पार्याय । च । अवार्याय । च । नमः । प्रतरणायेति प्रऽतरणाय । च । उत्तरणायेत्युत्ऽतरणाय । च । नमः । तीर्थ्याय । च । कूल्याय । च । नमः । शष्प्याय । च । फेन्याय । च ॥ ४२ ॥

पदार्थः—(नमः) अन्नादि सत्करणम् (पार्याय) दुःखेभ्यः पारे वर्त्तमानाय (च) (अवार्याय) अवारे अर्वाचीने भागे भवाय (च) (नमः) सत्करणम् (प्रतरणाय) नौकादिना परतटादर्वाचीने तटे प्राप्ताय प्रापयित्रे वा (च) (उत्तरणाय) अर्वाचीनतटात्परतटं प्राप्नुवते प्रापयते वा (च) (नमः) अन्नम् (तीर्थ्याय) तीर्थेषु वेदविद्याध्यापकेषु सत्यभाषणादिषु च साधवे (च) (कूल्याय) कूलेषु समुद्रनद्यादितटेषु साधवे (च) (नमः) अन्नादिदानम् (शष्प्याय) शष्पेषु तृणादिषु साधवे (च) (फेन्याय) फेनेषु बुद्बुदाकारेषु साधवे (च) ॥ ४२ ॥

अन्वयः—ये मनुष्याः पार्य्याय चावार्याय च नमः प्रतरणाय

चोत्तरणाय च नमस्तीर्थ्याय च कूल्याय च नमः शष्प्याय च फेन्याय च नमः कुर्वन्तु प्रदद्युश्च ते सुखं प्राप्नुयुः ॥ ४२ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्यानेषु नौकादिषु सुशिक्षितान् कैवर्त्तकादीन् संस्थाप्य समुद्रादिपारावारौ गत्वागत्य देशदेशान्तर द्वीपद्वीपान्तर-व्यवहारेण धनं निष्पाद्याभीष्टं साधनीयम् ॥ ४२ ॥

पदार्थः—जो मनुष्य (पार्याय) दुःखों से पार हुए (च) और (अवार्याय) इधर के भाग में हुए का (च) भी (नमः) सत्कार (च) तथा (प्रतरणाय) उस तट से नौकादि द्वारा इस पार पहुंचे वा पहुंचाने (च) और (उत्तरणाय) इस पार से उस पार पहुंचने वा पहुंचाने वाले का (नमः) सत्कार करें (तीर्थ्याय) वेद विद्या के पढ़ाने वालों और सत्यभाषणादि कामों में प्रवीण (च) और (कूल्याय) समुद्र तथा नदी आदि के तटों पर रहने वाले को (च) भी (नमः) अन्न देवें (शष्प्याय) तृण आदि कार्यों में साधु (च) और (फेन्याय) फेन बुद्बुदादि के कार्य्यों में प्रवीण पुरुष को (च) भी नमः अन्नादि देवें वे कल्याण को प्राप्त होवें ॥ ४२ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि नौकादि यानों में शिक्षित मल्लाह आदि को रख समुद्रादि के इस पार उस पार जा आके देश देशान्तर और द्वीपद्वीपान्तरों में व्यवहार से धन की उन्नति करके अपना अभीष्ट सिद्ध करें ॥ ४२ ॥

नमः सिकत्यायेत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः ।
रुद्रा देवताः । जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥
पुनर्मनुष्यैः किं कर्त्तव्यमित्याह ॥
फिर मनुष्यों को क्या करना चाहिये यह वि० ॥

नमः॑ सिक॒त्या॑य च प्रवा॒ह्या॑य च॒ नमः॒ किꣳशि॒लाय॑ च क्षय॒णाय॑ च॒ नमः॑ कप॒र्दिने॑ च पुल॒स्तये॑ च॒ नमः॒ इरि॒ण्या॑य च प्रप॒थ्या॑य च ॥ ४३ ॥

नमः । सिकत्याय । च । प्रवाह्यायेति प्रऽवाह्याय । च । नमः । किᳬशिलाय । च । क्षयणाय । च । नमः । कपर्दिने । च । पुलस्तये । च । नमः । इरिण्याय । च । प्रपथ्यायेति प्रऽपथ्याय । च ॥ ४३ ॥

पदार्थः—(नमः) अन्नम् (सिकत्याय) सिकतासु साधवे (च) (प्रवाह्याय) ये प्रवोढुं योग्यास्तेषु साधवे (च) (नमः) (किंशिलाय) किं कुत्सितः शिलो वृत्तिर्यस्य तस्मै (च) (क्षयणाय) निवासे वर्त्तमानाय (च) (नमः) अन्नम् (कपर्दिने) जटायुक्ताय जनाय (च) (पुलस्तये) महाकायक्षेप्त्रे । अत्र पुल महत्त्वे धातोर्बाहुलकादौणादिकः कस्तिः प्रत्ययः (च) (नमः) सत्करणम् (इरिण्याय) इरिणऊषरभूमौ साधवे (च) (प्रपथ्याय) प्रकृष्टेषु धर्मपथिषु साधवे (च) ॥ ४३ ॥

अन्वयः—ये मनुष्याः सिकत्याय च प्रवाह्याय च नमः किंशिलाय च क्षयणाय च नमः कपर्दिने च पुलस्तये च नम इरिण्याय च प्रपथ्याय च नमो दद्युः कुर्युस्ते सर्वप्रिया जायेरन् ॥ ४३ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्भूगर्भविद्यया सिकतादिषु भवान् सुवर्णादीन् धातून् निःसार्य महदैश्वर्यमुन्नीयानाथाः पालनीयाः ॥ ४३ ॥

पदार्थः—जो मनुष्य (सिकत्याय) बालू से पदार्थ निकालने में चतुर (च) और (प्रवाह्याय) बैल आदि के चलाने वालों में प्रवीण को (च) भी (नमः)

अन्न (किंशिलाय) शिलावृत्ति करने (च) और (क्षयणाय) निवासस्थान में रहने वाले को (च) भी (नमः) अन्न (कपर्दिने) जटाधारी (च) और (पुलस्तये) बड़े २ शरीरों को फेंकने वाले को (च) भी (नमः) अन्न देवें (इरिण्याय) ऊसर भूमि से अति उपकार लेने वाले (च) और (प्रपथ्याय) उत्तम धर्म के मार्गों में प्रवीण पुरुष का (च) भी (नमः) सत्कार करें वे सब के प्रिय होवें ॥ ४३ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि भूगर्भविद्यानुसार बालू मट्टी आदि से सुवर्णादि धातुओं को निकाल बहुत ऐश्वर्य को बढ़ा के अनाथों का पालन करें ॥४३॥

नमो व्रज्यायेत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः । रुद्रा देवताः । आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

कीदृशा जनाः सुखिनो भवन्तीत्युपदिश्यते ॥

कैसे मनुष्य सुखी होते हैं यह वि० ॥

नमो व्रज्याय च गोष्ठ्याय च नमस्तल्प्याय च गेह्याय च नमो हृदय्याय च निवेष्प्याय च नमः काट्याय च गह्वरेष्ठाय च ॥ ४४ ॥

नमः । व्रज्याय । च । गोष्ठ्याय । गोस्थ्यायेति गोऽस्थ्याय । च । नमः । तल्प्याय । च । गेह्याय । च । नमः । हृदय्याय । च । निवेष्प्यायेति निऽवेष्प्याय । च । नमः । काट्याय । च । गह्वरेष्ठाय । च ॥ ४४ ॥

पदार्थः—(नमः) अन्नादिदानम् (व्रज्याय) व्रजेषु क्रियासु भवाय (च) (गोष्ठ्याय) गोष्ठेषु गवां स्थानेषु साधवे (च) (नमः) अन्नम् (तल्प्याय) तल्पे शयने साधवे (च)

(गेह्याय) गेहे नितरां भवाय (च) (नमः) सत्कृतिम् (हृ-दय्याय) हृदये साधवे (च) (निवेष्याय) नितरां व्याप्तौ साधवे (च) (नमः) अन्नादिदानम् (काट्याय) कटेष्वावरणेषु भवाय (च) (गह्वरेष्ठाय) गह्वरेषु गहनेषु तिष्ठति तत्र सु-साधवे (च) ॥ ४४ ॥

अन्वयः—ये मनुष्या व्रज्याय च गोष्ठ्याय च नमस्तल्प्याय च गेह्याय च नमो हृदय्याय च निवेष्याय च नमः काट्याय च गह्वरेष्ठाय च नमो दद्युस्ते सुखं भजेरन् ॥ ४४ ॥

भावार्थः—ये मनुष्या मेघ वृष्टिजन्यतृणादि रक्षणेन गवा-दीन् वर्द्धयेयुस्ते पुष्कलं भोगं लभेरन् ॥ ४४ ॥

पदार्थः—जो मनुष्य (व्रज्याय) क्रियाओं में प्रसिद्ध (च) और (गोष्ठ्याय) गौ आदि के स्थानों के उत्तम प्रबन्ध कर्त्ता को (च) भी (नमः) अन्नादि देवें (तल्प्याय) खट्वादि के निर्माण में प्रवीण (च) और (गेह्याय) घर में रहने वाले को (च) भी (नमः) अन्न देवें (हृदय्याय) हृदय के विचार में कुशल (च) और (निवेष्याय) विषयों में निरन्तर व्याप्त होने में प्रवीण पुरुष का (च) भी (नमः) सत्कार करें (काट्याय) आच्छादित गुप्त पदार्थों को प्रकट करने (च) और (गह्वरेष्ठाय) गहन अतिकठिन गिरि कन्दराओं में उत्तम रहने वाले पुरुष को (च) भी (नमः) अन्नादि देवें वे सुख को प्राप्त होवें ॥ ४४ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य मेघ से उत्पन्न वर्षा और वर्षा से उत्पन्न हुए तृण आदि की रक्षा से गौ आदि पशुओं को बढ़ावें वे पुष्कल भोग को प्राप्त होवें ॥ ४४ ॥

नमः शुष्क्यायेत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः । रुद्रा देवताः । निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तैः किं कार्यमित्याह ॥

फिर उन मनुष्यों को क्या करना चाहिये यह वि० ॥

नमः शुष्क्याय च हरित्याय च नमः पांसव्याय च रजस्याय च नमो लोप्याय चोलप्याय च नम ऊर्व्याय च सूर्व्याय च ॥ ४५ ॥

नमः । शुष्क्याय । च । हरित्याय । च । नमः । पांसव्याय । च । रजस्याय । च । नमः । लोप्याय । च । उलप्याय । च । नमः । ऊर्व्याय । च । सूर्व्यायेति सुऽऊर्व्याय । च ॥ ४५ ॥

पदार्थः—(नमः) जलादिकम् (शुष्क्याय) शुष्केषु नीरसेषु भवाय (च) (हरित्याय) हरितेषु सरसेषु आर्द्रेषु भवाय (च) (नमः) मान्यम् (पांसव्याय) पांसुषु धूलिषु भवाय (च) (रजस्याय) रजःसु लोकेषु परमाणुषु वा भवाय (च) (नमः) मानम् (लोप्याय) लोपेषु छेदनेषु साधवे (च) (उलप्याय) उलपेउत्क्षेपणे साधवे । अत्रोलधातोरौणादिको डपन् प्रत्ययः (च) (नमः) सत्क्रियाम् (ऊर्व्याय) ऊर्वौ हिंसायां साधवे (च) (सूर्व्याय) सुष्ठु ऊर्वौ भवाय (च) ॥४५॥

अन्वयः—ये मनुष्याः शुष्क्याय हरित्याय च नमः पांसव्याय च रजस्याय च नमो लोप्याय चोलप्याय च नम ऊर्व्याय च सूर्व्याय च नमो दद्युः कुर्युस्तेषां कार्याणि सिध्येयुः ॥ ४५ ॥

भावार्थ—मनुष्याः शोषणहरितत्वादिकारकान् वायून् विज्ञाय कार्य्यसिद्धिं कुर्युः ॥ ४५ ॥

पदार्थः—जो मनुष्य (शुष्क्याय) नीरस पदार्थों में रहने (च) और (हरित्याय) सरस पदार्थों में प्रसिद्ध को (च) भी (नमः) जलादि देवें (पांसव्याय) धूलि में रहने (च) और (रजस्याय) लोक लोकान्तरों में रहने वाले का (च) भी (नमः) मान करें (लोप्याय) छेदन करने में प्रवीण (च) और (उलप्याय) फेंकने में कुशल पुरुष का (च) भी (नमः) मान करें (ऊर्व्याय) मारने में प्रसिद्ध (च) और (सूर्व्याय) सुन्दरता से ताड़ना करने वाले का (च) भी (नमः) सत्कार करें उन के सब कार्य सिद्ध होवें ॥ ४५ ॥

भावार्थः—मनुष्य सुखाने और हरापन आदि करने वाले वायुओं को जान के अपने कार्य सिद्ध करें ॥ ४५ ॥

नमः पर्णायेत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः । रुद्रा देवताः । स्वराट् प्रकृतिश्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्त देवाह ॥

फिर वही वि० ॥

नमः पर्णाय च पर्णशदाय च नम उद्गुरमाणाय चाभिघ्नते च नम आखिदते च प्रखिदते च नम इषुकृद्भ्यो धनुष्कृद्भ्यश्च वो नमो नमो वः किरिकेभ्यो देवानाꣳ हृदयेभ्यो नमो विचिन्वत्केभ्यो नमो विक्षिणत्केभ्यो नम आनिर्हतेभ्यः ॥४६॥

नमः । पर्णाय । च । पर्णशदायेति पर्णऽशदाय । च । नमः । उद्गुरमाणायेत्युत्ऽगुरमाणाय । च । अभिघ्नतइत्यभिऽघ्नते । च । नमः । आखिदतइत्याऽखिदते । च । प्रखिदत इति प्रऽखिदते । च । नमः । इषुकृद्भ्य इतीषुकृत्ऽभ्यः । धनुष्कृद्भ्यः । धनुःऽकृद्-

द्भ्य इति धनुःकृत्ऽभ्यः । च । वः । नमः । नमः । वः । किरिकेभ्यः । देवानाम् । हृदयेभ्यः । नमः । विचिन्वत्केभ्य इति विऽचिन्वत्केभ्यः । नमः । विक्षिणत्केभ्य इति विऽक्षिणत्केभ्यः । नमः । आनिर्हतेभ्य इत्यानिःऽहतेभ्यः ॥ ४६ ॥

पदार्थः—(नमः) अन्नम् (पर्णाय) यः प्रतिपालयति तस्मै (च) (पर्णशदाय) यः पर्णानि शीयते छिनत्ति तस्मै (च) (नमः) (उद्गुरमाणाय) य उत्कृष्टतया गुरत उद्यच्छत्युद्यमं करोति तस्मै (च) (अभिघ्नते) य आभिमुख्येन हन्ति तस्मै (च) (नमः) सत्करणम् (आखिदते) आसमन्ताद्दीनायैश्वर्योपक्षीणाय (च) (प्रखिदते) प्रकृष्टतया क्षीणाय (च) (नमः) अन्नादिदानम् (इषुकृद्भ्यः) बाणनिर्मापकेभ्यः (धनुष्कृद्भ्यः) धनुषां निर्मातृभ्यः (च) (वः) युष्मभ्यम् (नमः) मान्यम् (नमः) अन्नादिदानम् (वः) युष्मभ्यम् (किरिकेभ्यः) विक्षेपकेभ्यः (देवानाम्) विदुषाम् (हृदयेभ्यः) हृद्यवद्वर्त्तमानेभ्यः (नमः) सत्करणम् (विचिन्वत्केभ्यः) ये विचिन्वन्ति तेभ्यः (नमः) सत्कारम् (विक्षिणत्केभ्यः) ये शत्रून् विक्षयन्ति तेभ्यः (नमः) सत्कारम् (आनिर्हतेभ्यः) ये समन्तान्निर्हतास्तेभ्यः ॥ ४६ ॥

अन्वयः—ये मनुष्याः पर्णाय च पर्णशदाय च नम उद्गुरमाणाय चाभिघ्नते च नम आखिदते च प्रखिदते च नम इषुकृद्भ्यो नमो धनुष्कृद्भ्यश्च वो नमो देवानां हृदयेभ्यः किरिकेभ्यो वो नमो विचिन्वत्केभ्यो नमो विक्षिणत्केभ्यो नम आनिर्हतेभ्यो नमो दद्युः कुर्युश्च ते सर्वत आढ्या जायन्ते ॥ ४६ ॥

भावार्थः—मनुष्यैः सर्वौषधिभ्योऽन्नादिकं संगृह्यानाथमनुष्यादिप्राणिभ्यो दत्वा आनन्दयितव्याः ॥ ४६ ॥

पदार्थः—जो मनुष्य (पर्णाय) प्रत्युपकार से रक्षक को (च) और (पर्णशदाय) पत्तों को काटने वाले को (च) भी (नमः) अन्न (उद्गुरमाणाय) उत्तम प्रकार से उद्यम करने (च) और (अभिघ्नते) सन्मुख होके दुष्टों को मारने वाले को (च) भी (नमः) अन्न देवें (आखिदते) दीन निर्धनी (च) और (प्रखिदते) अति दरिद्री जन का (च) भी (नमः) सत्कार करें (इषुकृद्भ्यः) बाणों को बनाने वाले को (नमः) अन्नादि देवें (च) और (धनुष्कृद्भ्यः) धनुष् बनाने वाले (वः) तुम लोगों का (नमः) सत्कार करें (देवानाम्) विद्वानों को (हृदयेभ्यः) अपने आत्मा के समान प्रिय (किरिकेभ्यः) बाण आदि शस्त्र फेंकने वाले (वः) तुम लोगों को (नमः) अन्नादि देवें (विचिन्वत्केभ्यः) शुभ गुणों वा पदार्थों का संचय करने वालों का (नमः) सत्कार (विक्षिणत्केभ्यः) शत्रुओं के नाशक जनों का (नमः) सत्कार और (आनिर्हतेभ्यः) अच्छे प्रकार पराजय को प्राप्त हुए लोगों का (नमः) सत्कार करें वे सब ओर से धनी होते हैं ॥ ४६ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि सब ओषधियों से अन्नादि उत्तम पदार्थों का ग्रहण कर अनाथ मनुष्यादि प्राणियों को देके सब को आनन्दित करें ॥ ४६ ॥

द्रापे इत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः । रुद्रा देवताः । भुरिगार्षी बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर वही वि० ॥

द्रापेऽअन्धसस्पते दरिद्र नीललोहित । आसां प्रजानामेषां पशूनां मा भेर्मा रोङ्मो च नः किं चनाममत् ॥ ४७ ॥

द्रापे॑ । अन्ध॑सः । प॒ते॒ । दरि॑द्र । नील॑लोहि॒तेति॒ नील॑ऽलोहित । आ॒साम् । प्र॒जाना॒मिति॑ प्र॒ऽजाना॑म् । ए॒षाम् । प॒शू॒नाम् । मा । भेः॒ । मा । रो॒क् । मोऽइति॒ मो । च॒ । नः॒ । किम् । च॒न । आ॒म॒म॒त् ॥४७॥

पदार्थः—(द्रापे) यो द्रः कुत्साया गतेः पाति रक्षति तत्संबुद्धौ (अन्धसः) अन्नादेः (पते) स्वामी (दरिद्र) यो दरिद्राति तत्सम्बुद्धौ (नीललोहित) यो नीलान् वर्णान् रोहयति तत्सम्बुद्धौ (आसाम्) प्रत्यक्षाणाम् (प्रजानाम्) मनुष्यादीनाम् (एषाम्) (पशूनाम्) गवादीनाम् (मा) (भेः) माभयं प्रापयेः (मा) (रोक्) रोगं कुर्याः (मो) (च) (नः) अस्मान् (किम्) (चन) (आममत्) अमरोगे । अमागमः । लङि रूपम् ॥ ४७ ॥

अन्वयः—हे द्रापे अन्धसस्पते दरिद्र नीललोहित राजप्रजाजन त्वमासां प्रजानामेषां पशूनां च सकाशान्मा भेः । मा रोक् नोऽस्मान् किंचन मो आममत् ॥ ४७ ॥

भावार्थः—य आढ्यास्ते दरिद्रान् पालयेयुर्ये राजप्रजाजनास्ते प्रजापशुहिंसनं कदापि मा कुर्युर्यतः सर्वेषां सुखं वर्द्धेत ॥ ४७ ॥

पदार्थः—हे (द्रापे) निन्दित गति से रक्षक (अन्धसः) अन्न आदि के (पते) स्वामी (दरिद्र) दरिद्रता को प्राप्त हुए (नीललोहित) नीलवर्णयुक्त पदार्थों का सेवन करने हारे राजा वा प्रजा के पुरुष तू (आसाम्) इन प्रत्यक्ष (प्रजानाम्) मनुष्यादि (च) और (एषाम्) इन (पशूनाम्) गौ आदि पशुओं के

रक्षक होके इन से (मा) (भेः) मत भय को प्राप्त कर (मा) (रोक्) मत रोग को प्राप्त कर (नः) हम को और अन्य (किम्) किसी को (चन) भी (मो) (आममत) रोगी करे ॥ ४७ ॥

भावार्थः—जो धनाढ्य हैं वे दरिद्रों का पालन करें तथा जो राजा और प्रजा के पुरुष हैं वे प्रजा के पशुओं को कभी न मारें जिस से प्रजा में सब प्रकार सब का सुख बढ़ै ॥ ४७ ॥

इमा रुद्रायेत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः । रुद्रा देवताः । आर्षी जगतीछन्दः । निषादः स्वरः ॥

विद्वद्भिः किं कार्यमित्युच्यते ॥

विद्वानों को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

इमा रुद्राय तवसे कपर्दिने क्षयद्वीराय प्र भरामहे मतीः । यथा शमसद्द्विपदे चतुष्पदे विश्वं पुष्टं ग्रामेऽअस्मिन्ननातुरम् ॥ ४८ ॥

इमाः । रुद्राय । तवसे । कपर्दिने । क्षयद्वीरायेति क्षयत्ऽवीराय । प्र । भरामहे । मतीः । यथा । शम् । असत् । द्विपद इति द्विऽपदे । चतुष्पदे । चतुःपद इति चतुःऽपदे ॥ विश्वम् । पुष्टम् । ग्रामे । अस्मिन् । अनातुरम् ॥ ४८ ॥

पदार्थः—(इमाः) प्रजाः (रुद्राय) शत्रुरोदकाय (तवसे) बलिष्ठाय (कपर्दिने) कृतब्रह्मचर्याय (क्षयद्वीराय) क्षयन्तो दु-

ष्टनाशका वीरा यस्य तस्मै (प्र) (भरामहे) धरामहे (म-तीः) मेधाविनः । मतय इति मेधाविना॰ निघं॰ ३ । १५ (यथा) (शम्) सुखम् (असत्) भवेत् (द्विपदे) मनुष्याद्याय (चतुष्पदे) गवाद्याय (विश्वम्) सर्वं जगत् (पुष्टम्) रोगरहितत्वेन बलिष्ठम् (ग्रामे) ब्रह्माण्ड समूहे (अस्मिन्) वर्त्तमाने(अनातुरम्) अदुःखितम् ॥ ४८ ॥

अन्वयः—हे वीर रुद्र यथाऽस्मिन् ग्रामेऽनातुरं पुष्टं विश्वं शमसत् तथा वयं द्विपदे चतुष्पदे तवसे कपर्दिने क्षयद्वीराय रुद्राय चेमा मतीः प्रभरामहे तथा त्वमस्मै प्रभर ॥ ४८ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु॰—विद्वद्भिर्यथा प्रजासु स्त्रीपुरुषा धीमन्तः स्युस्तथाऽनुष्ठाय मनुष्यपश्वादियुक्तं राज्यं रोगरहितं पुष्टिमत् सुखि सततं सम्पादनीयम् ॥ ४८ ॥

पदार्थः—हे शत्रुरोदक वीरपुरुष (यथा) जैसे (अस्मिन्) इस (ग्रामे) ब्रह्माण्ड समूह में (अनातुरम्) दुःखरहित (पुष्टम्) रोग रहित होने से बलवान् (विश्वम्) सब जगत् (शम्) सुखी (असत्) हो वैसे हम लोग (द्विपदे) मनुष्यादि (चतुष्पदे) गौ आदि (तवसे) बली (कपर्दिने) ब्रह्मचर्य को सेवन किये (क्षयद्वीराय) दुष्टों के नाशक वीरों से युक्त (रुद्राय) पापी को रुलाने हारे सेनापति के लिये (इमाः) इन (मतीः) बुद्धिमानों का (प्रभरामहे) अच्छे प्रकार धारण पोषण करते हैं वैसे तू भी उस को धारण कर ॥ ४८ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु॰—विद्वानों को चाहिये कि जैसे प्रजाओं में स्त्रीपुरुष बुद्धिमान् हों वैसा अनुष्ठान कर मनुष्य पश्वादियुक्त राज्य को रोगरहित पुष्टियुक्त और निरन्तर सुखी करें ॥ ४८ ॥

याते रुद्र इत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः ।
रुद्रा देवताः । आर्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

**याते॑ रुद्र शि॒वा त॒नूः शि॒वा वि॒श्वाहा॑ भे॒षजी ।
शि॒वा रु॒तस्य॑ भेष॒जी तया॑ नो मृड जी॒वसे॑ ॥४९॥**

या । ते॒ । रु॒द्र॒ । शि॒वा । त॒नूः । शि॒वा । वि॒श्वाहा॑ । भे॒षजी । शि॒वा । रु॒तस्य॑ । भे॒षजी । तया॑ । नः॒ । मृ॒ड । जी॒वसे॑ ॥ ४९ ॥

पदार्थः—(या) (ते) तव (रुद्र) राजवैद्य (शिवा) कल्याणकारिणी (तनूः) शरीरं विस्तृता नीतिर्वा (शिवा) प्रियदर्शना (विश्वाहा) सर्वाणि दिनानि (भेषजी) औषधानीव रोगनिवारिका (शिवा) सुखप्रदा (रुतस्य) रुग्णस्य । अत्र पृषोदरादित्वाज्जलोपः (भेषजी) आधिविनाशिनी (तया) (नः) अस्मान् (मृड) सुखय (जीवसे) जीवितुम् ॥ ४९ ॥

अन्वयः—हे रुद्र त्वं या ते शिवा तनूः शिवा भेषजी रुतस्य शिवा भेषज्यस्ति तया जीवसे विश्वाहा नो मृड ॥ ४९ ॥

भावार्थः—राजवैद्यादिविद्वद्भिर्धर्मनीत्यौषधिदानेन हस्तक्रियाकौशलेन शस्त्रैश्छित्त्वा भित्त्वा च रोगेभ्यो निवार्य सर्वाः सेनाः प्रजाश्च रञ्जनीयाः ॥ ४९ ॥

पदार्थः—हे (रुद्र) राजा के वैद्य तू (या) जो (ते) तेरी (शिवा) कल्याण करने वाली (तनूः) देह वा विस्तार युक्त नीति (शिवा) देखने में प्रिय (भेषजी) ओषधियों के तुल्य रोग नाशक और (रुतस्य) रोगी को (शिवा) सुखदायी (भेषजी) पीड़ा हरने वाली है (तया) उससे (जीवसे) जीने के लिये (विश्वाहा) सब दिन (नः) हम को (मृड) सुखी कर ॥ ४९ ॥

भावार्थः—राजा के वैद्य आदि विद्वानों को चाहिये कि धर्म की नीति, ओषधि के दान, हस्त क्रिया की कुशलता और शस्त्रों से छेदन, भेदन करके रोगों से बचा के सब सेना और प्रजाओं को प्रसन्न करें ॥ ४९ ॥

परि न इत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः । रुद्रा देवताः । आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

राजपुरुषैः किं कार्यमित्याह ॥

राज पुरुषों को क्या करना चाहिये यह वि० ॥

परि॑ नो रु॒द्रस्य॑ हे॒तिर्वृ॑णक्तु॒ परि॑ त्वे॒षस्य॑ दु॒र्म॒तिर॑घा॒योः । अव॑ स्थि॒रा म॒घव॑द्भ्यस्तनुष्व॒ मीढ्व॑स्तो॒काय॒ तन॑याय मृड ॥ ५० ॥

परि॑ । नः॒ । रु॒द्रस्य॑ । हे॒तिः । वृ॒ण॒क्तु॒ । परि॑ । त्वे॒षस्य॑ । दु॒र्म॒तिरिति॑ दुःऽम॒तिः । अ॒घा॒योः । अ॒घा॒योरित्य॑घऽयोः । अव॑ । स्थि॒रा । म॒घव॑द्भ्य॒ इति॑ म॒घव॑त्ऽभ्यः । त॒नु॒ष्व॒ । मीढ्वः॑ । तो॒काय॑ । तन॑याय । मृ॒ड॒ ॥ ५० ॥

पदार्थः—(परि) सर्वतः (नः) अस्मान् (रुद्रस्य) सभेशस्य (हेतिः) वज्रः (वृणक्तु) पृथक् करोतु (परि) (त्वेषस्य)

क्रोधादिना प्रदीप्तस्य (दुर्मतिः) दुष्टबुद्धिः (अघायोः) आत्मनोऽघमिच्छोर्दुष्टाचारिणः (अत्र) (स्थिरा) निश्चला (मघवद्भ्यः) पूजितधनेभ्यः (तनुष्व) विस्तृणु (मीढ्वः) सुखसेचक (तोकाय) सद्यो जाताय बालकाय (तनयाय) कुमाराय (मृड) आनन्दय ॥ ५० ॥

अन्वयः—हे मीढ्वो भवान् यो रुद्रस्य हेतिस्तेन त्वेषस्याघायोः सकाशान्नः परिवृणक्तु या दुर्मतिर्भवेत्तस्याश्चास्मान्परिवृणक्तु या च मघवद्भ्यः प्राप्ता स्थिरा मतिरस्ति तां तोकाय तनयाय परि तनुष्वैतया सर्वान् सततमवमृड ॥ ५० ॥

भावार्थः—राजपुरुषाणां तदेव धर्म्यं सामर्थ्यं येन प्रजा रक्षणं दुष्टानां हिंसनं च स्यात्ततः सद्वैद्याः सर्वेषामारोग्यं स्वातन्त्र्यसुखोन्नतिं च कुर्युर्येन सर्वे सुखिनो भवेयुः ॥ ५० ॥

पदार्थः—हे (मीढ्वः) सुख वर्षाने हारे राजपुरुष आप जो (रुद्रस्य) सभापति राजा का (हेतिः) वज्र है उस से (त्वेषस्य) क्रोधादिप्रज्वलित (अघायोः) अपने आत्मा से दुष्टाचार करने हारे पुरुष के सम्बन्ध से (नः) हम लोगों को (परि, वृणक्तु) सब प्रकार पृथक् कीजिये । जो (दुर्मतिः) दुष्टबुद्धि है उस से भी हम को बचाइये और जो (मघवद्भ्यः) प्रशंसित धनवालों से प्राप्त हुई (स्थिरा) स्थिरबुद्धि है उस को (तोकाय) शीघ्र उत्पन्न हुए बालक (तनयाय कुमार पुरुष के लिये (परि, तनुष्व) सब ओर से विस्तृत करिये और इस बुद्धि से सब को निरन्तर (अव, मृड) सुखी कीजिये ॥ ५० ॥

भावार्थः—राजपुरुषों का धर्मयुक्त पुरुषार्थ वही है कि जिस से प्रजा की रक्षा और दुष्टों का मारना हो इस से श्रेष्ठ वैद्य लोग सब को आरोग्य और स्वतन्त्रता के सुख की उन्नति करें जिस से सब सुखी हों ॥ ५० ॥

मीढुष्टम इत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः। रुद्रा देवताः। निचृदार्षी यवमध्या त्रिष्टुप्छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

सभाध्यक्षादिभिः किं कार्यमित्याह ॥

सभाध्यक्षादिकों को क्या करना चाहिये यह वि० ॥

मीढुष्टम शिवतम शिवो नः सुमना भव। परमे वृक्ष आयुधन्निधाय कृत्तिं वसान आ चर पिनाकम्बिभ्रदा गहि ॥ ५१ ॥

मीढुष्टम। मीढुस्तमेति मीढुःऽतम। शिवतमेति शिवऽतम। शिवः। नः। सुमना इति सुऽमनाः। भव। परमे। वृक्षे। आयुधम्। निधायेति निऽधाय। कृत्तिम्। वसानः। आ। चर। पिनाकम्। बिभ्रत्। आ। गहि ॥ ५१ ॥

पदार्थः—(मीढुष्टम) योऽतिशयेन मीढ्वान् वीर्य्यवाँस्तत्सम्बुद्धौ (शिवतम) अतिशयेन कल्याणकारिन् (शिवः) सुखकारी (नः) अस्मभ्यम् (सुमनाः) शोभनं मनो यस्य सः (भव) (परमे) प्रकृष्टे (वृक्षे) व्रश्चनीये छेदनीये शत्रुसैन्ये (आयुधम्) असिभुशुण्डीशतघ्न्यादिकम् (निधाय) धृत्वा (कृत्तिम्) मृगचर्मादिमयीम् (वसानः) शरीरमाच्छादयन् (आ)(चर) (पिनाकम्) पाति रक्षति आत्मानं येन तद्धनुर्वर्मादिकम्। पातेर्नुक् चेति पातेराकः प्रत्ययः। उ० ४। १५। (बिभ्रत्) धरन् (आ) (गहि) आगच्छ ॥ ५१ ॥

अन्वयः—हे मीढुष्टम शिवतम सभासेनेश त्वं नः सुमनाः शिवो भव । आयुधं निधाय कृत्तिं वसानः पिनाकं बिभ्रत्सन्नस्माकं रक्षणायागहि परमे वृक्ष आचर ॥ ५१ ॥

भावार्थः—सभासेनेशादयः स्वप्रजासु मङ्गलाचारिणो दुष्टेषु चाग्निरिव दाहकाः स्युर्येन सर्वे धर्मपथं विहायाधर्मं कदापि नाचरेयुः ॥ ५१ ॥

पदार्थः—हे (मीढुष्टम) अत्यन्तपराक्रमयुक्त (शिवतम) अति कल्याणकारी सभा वा सेना के पति आप (नः) हमारे लिये (सुमनाः) प्रसन्न चित्त से (शिवः) सुखकारी (भव) हूजिये (आयुधम्) खड्ग भुशुण्डी और शतघ्नी आदि शस्त्रों का (निधाय) ग्रहण कर (कृत्तिम्) मृगचर्मादि की अङ्गरखी को (वसानः) शरीर में पहिने (पिनाकम्) आत्मा के रक्षक धनुष् वा बखतर आदि को (बिभ्रत्) धारण किये हुए हम लोगों की रक्षा के लिये (आगहि) आइये (परमे) प्रबल (वृक्षे) काटने योग्य शत्रु की सेना में (आचर) अच्छे प्रकार प्राप्त हूजिये ॥ ५१ ॥

भावार्थः—सभा और सेना के अध्यक्ष आदि लोग अपनी प्रजाओं में मंगलाचारी और दुष्टों में अग्नि के तुल्य तेजस्वी दाहक हों जिस से सब लोग धर्ममार्ग को छोड़ के अधर्म का आचरण कभी न करें ॥ ५१ ॥

विकिरिद्रेत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः ।
रुद्रा देवताः । आर्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

प्रजाजना राजजनैः सह कथं वर्त्तेरन्नित्युपदिश्यते ॥

प्रजा के पुरुष राजपुरुषों के साथ कैसे वर्तें यह वि० ॥

विकिरिद्र विलोहित नमस्ते अस्तु भगवः ।
यास्ते सहस्रꣳ हेतयोऽन्यमस्मन्निवपन्तु ताः ॥५२॥

विकिरिद्रेति विऽकिरिद्र । विलोहितेति विऽलोहित । नमः । ते । अस्तु । भगवऽइति भगऽवः । याः । ते । सहस्रम् । हेतयः । अन्यम् । अस्मत् । नि । वपन्तु । ताः ॥ ५२ ॥

पदार्थः—(विकिरिद्र) विशेषेण किरिः सूकर इव द्रायति शेते विशिष्टं किरिं द्राति निन्दति वा तत्संबुद्धौ (विलोहित) विविधान् पदार्थानारूढस्तत्सम्बुद्धौ (नमः) सत्कारः (ते) तुभ्यम् (अस्तु) (भगवः) ऐश्वर्यसम्पन्न (याः) (ते) तव (सहस्रम्) असंख्याताः (हेतयः) वृद्धयो वज्रा वा (अन्यम्) इतरम् (अस्मत्) अस्माकं सकाशात् (नि) (वपन्तु) छिन्दन्तु (ताः) ॥५२॥

अन्वयः—हे विकिरिद्र विलोहित भगवन्सभेश राजँस्ते नमोऽस्तु येन ते तव याः सहस्रं हेतयः सन्ति । ता अस्मदन्यं निवपन्तु ॥ ५२ ॥

भावार्थः—प्रजाजना राजजनान् प्रत्येवमुच्युर्या युष्माकमुन्नतयः शस्त्रास्त्राणि च सन्ति ता अस्मान् सुखे स्थापयन्त्वितरानस्मच्छत्रून् निवारयन्तु ॥ ५२ ॥

पदार्थः—हे (विकिरिद्र) विशेष कर सूअर के समान सोने वा उत्तम सूअर की निन्दा करने वाले (विलोहित) विविध पदार्थों को आरूढ (भगवः) ऐश्वर्ययुक्त सभापते राजन् (ते) आप को (नमः) सत्कार प्राप्त (अस्तु) हो जिस से (ते) आप के (याः) जो (सहस्रम्) असंख्यात प्रकार की (हेतयः) उन्नति वा वज्रादि शस्त्र हैं (ताः) वे (अस्मत्) हम से (अन्यम्) भिन्न दूसरे शत्रु को (निवपन्तु) निरन्तर छेदन करें ॥ ५२ ॥

भावार्थः—प्रजा के लोग राज पुरुषों से ऐसे कहें कि जो आप लोगों की उन्नति और शस्त्र अस्त्र हैं वे हम लोगों को सुख में स्थिर करें और इतर हमारे शत्रुओं का निवारण करें ॥ ५२ ॥

सहस्राणीत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः । रुद्रा देवताः । निचृदार्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

राजजनैः किं कार्यमित्याह ॥

राज पुरुषों को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

सहस्राणि सहस्रशो बाह्वोस्तव हेतयः । तासामीशानो भगवः पराचीना मुखा कृधि ॥ ५३ ॥

सहस्राणि । सहस्रशऽइति सहस्रऽशः । बाह्वोः । तव । हेतयः । तासाम् । ईशानः । भगवऽइति भगवः । पराचीना । मुखा । कृधि ॥ ५३ ॥

पदार्थः—(सहस्राणि) (सहस्रशः) असंख्याताः (बाह्वोः) भुजयोः सम्बन्धिन्यः (तव) (हेतयः) प्रबला वज्रगतयः (तासाम्) (ईशानः) ईशनशीलः (भगवः) भाग्यवन् (पराचीना) पराचीनानि दूरीभूतानि (मुखा) मुखानि (कृधि) कुरु ॥ ५३ ॥

अन्वयः—हे भगवो यास्तव बाह्वोः सहस्राणि हेतयः सन्ति तासामीशानः सन् सहस्रशः शत्रूणां मुखा पराचीना कृधि ॥५३॥

भावार्थः—राज पुरुषैः बाहुबलेन राज्यं प्राप्यासंख्यशूरवीराः सेनाः संपाद्य सर्वे शत्रवः पराङ्मुखाः कार्याः ॥ ५३ ॥

पदार्थः—हे (भगवः) भाग्यशील सेनापते जो (तव) आप के (बाह्वोः) भुजाओं की संबन्धिनी (सहस्राणि) असंख्य (हेतयः) बज्रों की प्रबल गति हैं (तासाम्) उन के (ईशानः) स्वामी पन को प्राप्त आप (सहस्रशः) हजारहों शत्रुओं के (मुखा) मुख (पराचीना) पीछे फेर के दूर (कृधि) कीजिये ॥५३॥

भावार्थः—राज पुरुषों को उचित है कि बाहुबल से राज्य को प्राप्त हो और असंख्य शूरवीर पुरुषों की सेनाओं को रख के सब शत्रुओं के मुख फेरें ॥५३॥

असंख्यातेत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः । रुद्रा देवताः । विराडार्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

मनुष्यैः कथमुपकारो ग्राह्य इत्युच्यते ॥

मनुष्य लोग कैसे उपकार ग्रहण करें यह वि० ॥

असँख्याता सहस्राणि ये रुद्राऽअधि भूम्याम् ।
तेषाँ सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि ॥ ५४ ॥

असँख्यातेत्यसम्ऽख्याता । सहस्राणि । ये । रुद्राः । अधि । भूम्याम् । तेषाम् । सहस्रयोजनऽइति सहस्रऽयोजने । अव । धन्वानि । तन्मसि ॥ ५४॥

पदार्थः—(असंख्याता) संख्यारहितानि (सहस्राणि) (ये) (रुद्राः) सजीवाऽजीवाः प्राणादयो वायवः (अधि) उपरिभावे (भूम्याम्) पृथिव्याम् (तेषाम्) (सहस्रयोजने) सहस्राण्यसंख्यानि चतुःक्रोशपरिमितानि यस्मिन् देशे तस्मिन् (अव) अर्वागर्थे (धन्वानि) धनूंषि (तन्मसि) विस्तारयेम॥५४॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा वयं ये असंख्याता सहस्राणि रुद्रा भूम्यामधि सन्ति तेषां सकाशात्सहस्रयोजने धन्वान्यव तन्मसि तथा यूयमपि तनुत ॥ ५४ ॥

भावार्थः—मनुष्यैः प्रतिशरीरं विभक्ता असंख्या भूमिसम्बन्धिनो जीवावायवश्च वेद्यास्तैरुपकारो ग्राह्यस्तेषां कर्त्तव्यश्च॥५४॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे हम लोग (ये) जो (असंख्याता) संख्या रहित (सहस्राणि) हजारहां (रुद्राः) जीवों के सम्बन्धी वा पृथक् प्राणादि वायु (भूम्याम्) पृथिवी (अधि) पर हैं (तेषाम्) उन के सम्बन्ध से (सहस्रयोजने) असंख्य चार कोश के योजनों वाले देश में (धन्वानि) धनुषों का (अव, तन्मसि) विस्तार करें वैसे तुम लोग भी विस्तार करो ॥ ५४ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि प्रति शरीर में विभाग को प्राप्त हुए पृथिवी के सम्बन्धी असंख्य जीवों और वायुओं को जानें उन से उपकार लें और उन के कर्त्तव्य को भी ग्रहण करें ॥ ५४ ॥

अस्मिन्नित्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः । रुद्रा देवताः । भुरिगार्ष्युष्णिक् छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

अस्मिन्म॑ह॒त्य॑र्ण॒वे॒॑ऽन्तरि॑क्षे भ॒वा अधि॑ । तेषा॑ᳬं॒ सहस्रयोज॒नेऽव॒ धन्वा॑नि तन्मसि ॥ ५५ ॥

अ॒स्मिन् । म॒ह॒ति । अ॒र्ण॒वे । अ॒न्तरि॑क्षे । भ॒वाः । अधि॑ । तेषा॑म् । स॒ह॒स्र॒यो॒ज॒न इति॑ सहस्र॒ऽयो॒ज॒ने । अव॑ । धन्वा॑नि । त॒न्म॒सि॒ ॥ ५५ ॥

पदार्थः—(अस्मिन्) (महति) व्यापकत्वादिमहागुणवि-

शिष्टे (अर्णवे) बहून्यर्णांसि जलानि विद्यन्ते यस्मिँस्तस्मिन्निव । अर्णइत्युदकनाम० निघं० १ । १२ । अर्णसो लोपश्चेति सलोपोवप्रत्ययश्च (अन्तरिक्षे) अन्तरिक्षय आकाशे (भवाः) वर्त्तमानाः (अधि) (तेषाम्०) इति पूर्ववत् ॥ ५५ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा वयं येऽस्मिन् महत्यर्णवेऽन्तरिक्षे भवा रुद्रा जीवा वायवश्च सन्ति तेषां प्रयोगं कृत्वा सहस्रयोजने धन्वान्यध्यवतन्मसि तथा यूयमपि कुरुत ॥ ५५ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्यथा भूमिस्थेभ्यो जीवेभ्यो वायुभ्यश्च कार्योपयोगः क्रियते तथाऽन्तरिक्षस्थेभ्योऽपि कर्त्तव्यः ॥ ५५ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे हम लोग जो (अस्मिन्) इस (महति) व्यापकता आदि बड़े बड़े गुणों से युक्त (अर्णवे) बहुत जलों वाले समुद्र के समान अगाध (अन्तरिक्षे) सब के बीच अविनाशी आकाश में (भवाः) वर्त्तमान जीव और वायु हैं (तेषाम्) उनको उपयोग में लाके (सहस्रयोजने) असंख्यात चार कोश के योजनों वाले देश में (धन्वानि) धनुषों वा अन्नादि धान्यों को (अध्यव, तन्मसि) अधिकता के साथ विस्तार करें वैसे तुम लोग भी करो ॥ ५५ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को योग्य है कि जैसे पृथिवी के जीव और वायुओं से कार्य सिद्ध करते हैं वैसे आकाशस्थों से भी किया करें ॥ ५५ ॥

नीलग्रीवा इत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः । बहुरुद्रा देवताः । निचृदार्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

नीलग्रीवाः शितिकण्ठा दिवꣳ रुद्रा उपश्रिताः ।
तेषाꣳ सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि ॥५६॥

नील॑ग्रीवा॒ इति॒ नील॑ऽग्रीवाः । शि॒ति॒क॒ण्ठा इति॑ शि॒ति॒ऽक॒ण्ठाः । दिव॑म् । रु॒द्राः । उप॑श्रिता॒ इत्युप॑ऽश्रिताः । तेषा॑म् । स॒ह॒स्र॒यो॒ज॒न इति॑ स॒ह॒स्र॒ऽयो॒ज॒ने । अव॑ । धन्वा॑नि । त॒न्म॒सि॒ ॥ ५६ ॥

पदार्थः—(नीलग्रीवाः) नीला ग्रीवा येषां ते (शितिकण्ठाः) शितयस्तीक्ष्णाः श्वेता वा कण्ठा येषां ते (दिवम्) सूर्य्यं विद्युदिव (रुद्राः) जीवा वायवो वा (उपश्रिताः) उपश्लेषतया श्रिताः कण्ठा येषां ते । तेषामिति पूर्ववत् ॥ ५६ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा वयं ये नीलग्रीवाः शितिकण्ठा दिवमुपश्रिता रुद्रा जीवा वा वायवः सन्ति तेषामुपयोगेन सहस्रयोजने धन्वान्यवतन्मसि तथा यूयमपि कुरुत ॥ ५६ ॥

भावार्थः—विद्वद्भिः वह्निस्थान् वायून् जीवान्वा विज्ञायोपयुज्य आग्नेयास्त्रादीनि निष्पादनीयानि ॥ ५६ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे हम लोग जो (नीलग्रीवाः) कण्ठ में नील वर्ण से युक्त (शितिकण्ठाः) तीक्ष्ण वा श्वेत कण्ठ वाले (दिवम्) सूर्य्य को बिजुली जैसे वैसे (उपश्रिताः) आश्रित (रुद्राः) जीव वा वायु हैं (तेषाम्) उन के उपयोग से (सहस्रयोजने) असंख्य योजन वाले देश में (धन्वानि) शस्त्रादि को (अव, तन्मसि) विस्तार करें वैसे तुम लोग भी करो ॥ ५६ ॥

भावार्थः—विद्वानों को चाहिये कि अग्निस्थ वायुओं और जीवों को जान और उपयोग में लाके आग्नेय आदि अस्त्रों को सिद्ध करें ॥ ५६ ॥

नीलग्रीवा इत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः । रुद्रा देवताः । निचृदार्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

नीलग्रीवाः शितिकण्ठाः शर्वा अधः क्षमाचराः । तेषाᳬं सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि ॥ ५७ ॥

नीलग्रीवा इति नीलऽग्रीवाः । शितिकण्ठा इति शितिऽकण्ठाः । शर्वाः । अधः । क्षमाचरा इति क्षमाऽचराः । तेषाम् । सहस्रयोजन इति सहस्रऽयोजने । अव । धन्वानि । तन्मसि ॥ ५७ ॥

पदार्थः—(नीलग्रीवाः) नीला ग्रीवा येषां ते (शितिकण्ठाः) शितिः श्वेतः कण्ठो येषां ते (शर्वाः) हिंसकाः (अधः) अधोगामिनः (क्षमाचराः) ये क्षमायां पृथिव्यां चरन्ति । तेषामिति पूर्ववत् ॥ ५७ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ये नीलग्रीवाः शितिकण्ठाः शर्वाः अधः क्षमाचराः सन्ति तेषां सहस्रयोजने दूरीकरणाय धन्वानि वयमवतन्मसि ॥ ५७ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—मनुष्यैर्ये वायवो भूमेरन्तरिक्षमन्तरिक्षाद् भूमिं च गच्छन्त्यागच्छन्ति तत्र ये तेजोभूम्यादितत्त्वानामवयवाश्चरन्ति तान् विज्ञायोपयुज्य कार्यं साध्यम् ॥ ५७ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जो (नीलग्रीवाः) नीली ग्रीवा वाले तथा (शितिकण्ठाः) काले कण्ठ वाले (शर्वाः) हिंसक जीव और (अधः) नीचे को वा (क्षमाचराः) पृथिवी में चलने वाले जीव हैं (तेषाम्) उन के (सहस्रयोजने) हजार योजन के देश में दूर करने के लिये (धन्वानि) धनुष्यों को हम लोग (अव, तन्मसि) विस्तृत करते हैं ॥ ५७ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र वाचकलु०—मनुष्यों को चाहिये कि जो वायु भूमि से आकाश और आकाश से भूमि को जाते आते हैं उन में जो अग्नि और पृथिवी आदि के अवयव रहते हैं उन को जान और उपयोग में लाके कार्य सिद्ध करें ॥५७॥

ये वृक्षेष्वित्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः । रुद्रा देवताः । निचृदार्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

मनुष्यैः सर्पादयो दुष्टा निवारणीया इत्याह ॥

मनुष्य लोग सर्पादि दुष्टों का निवारण करें इस वि० ॥

ये वृक्षेषु शष्पिञ्जरा नीलग्रीवा विलोहिताः । तेषाᳬ सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि ॥ ५८ ॥

ये । वृक्षेषु । शष्पिञ्जराः । नीलग्रीवा इति नीलऽग्रीवाः । विलोहिता इति विऽलोहिताः । तेषाम् । सहस्रयोजन इति सहस्रऽयोजने । अव । धन्वानि । तन्मसि ॥ ५८ ॥

पदार्थः—(ये) (वृक्षेषु) आम्रादिसमीपेषु (शष्पिञ्जराः) शष्पहिंसकः पिंजरो वर्णो येषां ते (नीलग्रीवाः) नीलवर्णानिगरणकर्मोपेताः (विलोहिताः) विविधरक्तवर्णाः तेषामिति पूर्ववत् ॥ ५८ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा वयं ये वृक्षेषु शष्पिञ्जरा नीलग्रीवा विलोहिताः सर्पादयः सन्ति तेषां सहस्रयोजने प्रक्षेपाय धन्वान्यव तन्मसि । तथा यूयमप्याचरत ॥ ५८ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्ये वृक्षादिषु वृद्धिजीवनाः सर्पादयो वर्त्तन्ते तेपि यथासामर्थ्यं निवारणीयाः ॥ ५८ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे हम लोग (ये) जो (वृक्षेषु) आम्रादि वृक्षों में (शष्पिञ्जराः) रूप दिखाने से भय के हेतु (नीलग्रीवाः) नीली ग्रीवा युक्त काट खाने वाले (विलोहिताः) अनेक प्रकार के काले आदि वर्णों से युक्त सर्प आदि हिंसक जीव हैं (तेषाम्) उन के (सहस्रयोजने) असंख्य योजन देश में निकाल देने के लिये (धन्वानि) धनुषों को (अवतन्मसि) विस्तृत करें वैसा आचरण तुम लोग भी करो ॥ ५८ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को योग्य है कि जो वृक्षादि में वृद्धि से जीने वाले सर्प हैं उन का भी यथाशक्ति निवारण करें ॥ ५८ ॥

ये भूतानामित्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः ।
रुद्रा देवताः । आर्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

जनैरध्यापनोपदेशौ कुतो ग्राह्यावित्याह ॥

मनुष्य लोग पढ़ाना और उपदेश किस से ग्रहण करें यह वि० ॥

ये भूतानामधिपतयो विशिखासः कपर्दिनः ।
तेषांᳬ सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि ॥ ५९ ॥

ये । भूतानाम् । अधिपतय इत्यधिऽपतयः । विशिखास इति विऽशिखासः । कपर्दिनः । तेषाम् । सहस्रयोजन इति सहस्रऽयोजने । अव । धन्वानि । तन्मसि ॥ ५९ ॥

पदार्थः—(ये) (भूतानाम्) प्राण्यप्राणिनाम् (अधिपतयः) अधिष्ठातारः पालकाः (विशिखासः) विगतशिखाः संन्यासिनः (कपर्दिनः) जटिला ब्रह्मचारिणः । तेषामिति पूर्ववत् ॥ ५९ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा ये भूतानामधिपतयो विशिखासः कपर्दिनः सन्न्यासिनो ब्रह्मचारिणः सन्ति तेषां हिताय सहस्रयोजने वयं परिभ्रमामो धन्वान्यवतन्मसि तथा हे राजपुरुषा यूयमपि पर्यटनं सदा कुरुत ॥ ५९ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्ये सूत्रात्मधनञ्जयादिवत् परिव्राजो ब्रह्मचारिणश्च सर्वेषां शरीरात्मपोषकाः सन्ति तदध्यापनोपदेशाभ्यां बुद्धिदेहपुष्टिः सम्पादनीया ॥ ५९ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे (ये) जो (भूतानाम्) प्राणी तथा अप्राणियों के (अधिपतयः) रक्षक स्वामी (विशिखासः) शिखारहित संन्यासी और (कपर्दिनः) जटाधारी ब्रह्मचारी लोग हैं (तेषाम्) उन के हितार्थ (सहस्रयोजने) हजार योजन के देश में हम लोग सर्वथा सर्वदा भ्रमण करते हैं और (धन्वानि) अविद्यादि दोषों के निवारणार्थ विद्यादि शस्त्रों का (अव, तन्मसि) विस्तार करते हैं वैसे हे राजपुरुषो तुम लोग भी सर्वत्र भ्रमण किया करो ॥ ५९ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को उचित है कि जो सूत्रात्मा और धनंजय वायु के समान सन्यासी और ब्रह्मचारी लोग सब के शरीर तथा आत्मा की पुष्टि करते हैं उन से पढ़ और उपदेश सुन कर सब लोग अपनी बुद्धि तथा शरीर की पुष्टि करें ॥ ५९ ॥

ये पथामित्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः । रुद्रा देवता निचृदार्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैः किं कार्यमित्याह ॥

फिर मनुष्यों को क्या करना चाहिये यह वि० ॥

ये पथां पथिरक्षय ऐलबृदा आयुर्युधः । तेषां सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि ॥ ६० ॥

ये । पथाम् । पथिरक्षय इति पथिऽरक्षयः । ऐलबृदाः । आयुर्युध इत्यायुः युधः । तेषाम् । सहस्रयोजन इति सहस्रऽयोजने । अव । धन्वानि । तन्मसि ॥ ६० ॥

पदार्थः—(ये) (पथाम्) मार्गाणाम् (पथिरक्षयः) ये पथिषु विचरतां जनानां रक्षयो रक्षकाः (ऐलबृदाः) इलाया पृथिव्या इमानि वस्तु जातानि ऐलानि तानि ये वर्धयन्ति ते । अत्र वर्णव्यत्ययेन धस्य दः । इगुपधलक्षणः कश्च (आयुर्युधः) ये आयुषा सह युध्यन्ते तेषामिति पूर्ववत् ॥ ६० ॥

अन्वयः—वयं ये पथां पथिरक्षय इव ऐलबृदा आयुर्युधो भृत्याः सन्ति तेषां सहस्रयोजने धन्वान्यवतन्मसि ॥ ६० ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्यथा राजजना अहर्निशं प्रजाजनान्यथावद्रक्षन्ति तथा पृथिवीं जीवनादिकं च वायवो रक्षन्तीति वेद्यम् ॥ ६० ॥

पदार्थः—हम लोग (ये) जो (पथाम्) मार्गों के सम्बन्धी तथा (पथिरक्षयः) मार्गों में विचरने वाले जनों के रक्षकों के तुल्य (ऐलबृदाः) पृथिवी

सम्बन्धी पदार्थों के वर्धक (आयुर्युधः) पूर्णायु वा अवस्था के साथ युद्ध करने हारे भृत्य हैं (तेषाम्) उन के (सहस्रयोजने) असंख्य योजन देश में (धन्वानि) धनुषों को (अव, तन्मसि) विस्तृत करते हैं ॥ ६० ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि जैसे राजपुरुष दिन रात प्रजाजनों की यथावत् रक्षा करते हैं वैसे पृथिवी और जीवनादि की रक्षा वायु करते हैं ऐसा जानें ॥ ६० ॥

ये तीर्थानीत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः । रुद्रा देवताः । निचृदार्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तदेवाह ॥

फिर उसी वि० ॥

ये तीर्थानि प्रचरन्ति सृकाहस्ता निषङ्गिणः । तेषांꣳ सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि ॥ ६१ ॥

ये । तीर्थानि । प्रचरन्तीति प्रऽचरन्ति । सृकाहस्ताऽइति सृकाऽहस्ताः । निषङ्गिणः । तेषाम् । सहस्रयोजन इति सहस्रऽयोजने । अव । धन्वानि । तन्मसि ॥ ६१ ॥

पदार्थः—(ये) (तीर्थानि) यानि वेदाचार्यसत्यभाषणब्रह्मचर्यादिसुनियमादीन्यविद्यादुःखेभ्यस्तारयन्ति यद्वा यैः समुद्रादिभ्यस्तारयन्ति तानि (प्रचरन्ति) (सृकाहस्ताः) सृका वज्राणि हस्तेषु येषां ते । सृक इति वज्रना० निघं० २। २० (निषङ्गिणः) प्रशस्तबाणकोशयुक्ताः । तेषामिति पूर्ववत् ॥ ६१ ॥

अन्वयः—वयं ये सृकाहस्ता निषङ्गिण इव तीर्थानि प्रचरन्ति तेषां सहस्रयोजने धन्वान्यव तन्मसि ॥ ६१ ॥

भावार्थः—मनुष्याणां द्विविधानि तीर्त्थानि वर्त्तन्ते तेष्वाद्यानि ब्रह्मचर्याचार्यसेवावेदाद्यध्ययनाध्यापनसत्सङ्गेश्वरोपासनासत्यभाषणादीनि दुःखसागराज्जनान् पारं नयन्ति । अपराणि यैः समुद्रादिजलाशयेभ्यः पारावारं गन्तुं शक्याश्चेति ॥ ६१ ॥

पदार्थः—हम लोग (ये) जो (सृकाहस्ताः) हाथों में वज्र धारण किये हुए (निषङ्गिणः) प्रशंसित बाण और कोश से युक्त जनों के समान (तीर्त्थानि) दुःखों से पार करने हारे वेद आचार्य सत्यभाषण और ब्रह्मचर्यादि अच्छे नियम अथवा जिन से समुद्रादिकों के पार करते हैं उन नौका आदि तीर्थों का (प्रचरन्ति) प्रचार करते हैं (तेषाम्) उन के (सहस्रयोजने) हजार योजन के देश में (धन्वानि) शस्त्रों को (अव, तन्मसि) विस्तृत करते हैं ॥ ६१ ॥

भावार्थः—मनुष्यों के दो प्रकार के तीर्थ हैं उन में पहिले तो वे जो ब्रह्मचर्य गुरू की सेवा वेदादि शास्त्रों का पढ़ना पढ़ाना सत्सङ्ग ईश्वर की उपासना और सत्यभाषण आदि दुःखसार से मनुष्यों को पार करते हैं और दूसरे वे जिन से समुद्रादि जलाशयों के इस पार उस पार जाने आने को समर्थ हों ॥ ६१ ॥

येऽन्नेष्वित्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः । रुद्रा देवताः । विराडार्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तदेवाह ॥

फिर उसी वि० ॥

येऽन्नेषु विविध्यन्ति पात्रेषु पिबतो जनान् । तेषांᳬ सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि ॥ ६२ ॥

ये । अन्नेषु । विविध्यन्तीति विऽविध्यन्ति । पात्रेषु । पिबतः । जनान् । तेषाम् । सहस्रयोजन इति सहस्रऽयोजने । अव । धन्वानि । तन्मसि ॥ ६२ ॥

पदार्थः—(ये) (अन्नेषु) अत्तव्येषु पदार्थेषु (विविध्यन्ति) वाणा इव साक्षतान् कुर्वन्ति (पात्रेषु) पानसाधनेषु (पिबतः) पानं कुर्वतः (जनान्) मनुष्यादिप्राणिनः । तेषामिति पूर्ववत्॥६२॥

अन्वयः—वयं येऽन्नेषु वर्त्तमानान् पात्रेषु पिबतो जनान् विविध्यन्ति तेषां प्रतीकाराय सहस्रयोजने धन्वान्यवतन्मसि ॥६२॥

भावार्थः—येऽन्नाहारं जलादिपानं कुर्वतो विषादिना घ्नन्ति तेभ्यः सर्वैर्दूरे वसनीयम् ॥ ६२॥

पदार्थः—हम लोग (ये) जो (अन्नेषु) खाने योग्य पदार्थों में वर्त्तमान (पात्रेषु) पात्रों में (पिबतः) पीते हुए (जनान्) मनुष्यादि प्राणियों को (विविध्यन्ति) बाण के तुल्य घायल करते हैं (तेषाम्) उन को हटाने के लिये (सहस्रयोजने) असंख्य योजन देश में (धन्वानि) धनुषों को (अव, तन्मसि) विस्तृत करते हैं ॥ ६२ ॥

भावार्थः—जो पुरुष अन्न को खाते और जलादि को पीते हुए जीवों को विष आदि से मार डालते हैं उन से सब लोग दूर बसें ॥ ६२ ॥

य एतावन्त इत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः । रुद्रा देवताः । भुरिगार्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तदेवाह ॥

फिर उसी वि० ॥

य एतावन्तश्च भूयांꣳसश्च दिशो रुद्रा वितस्थिरे। तेषांꣳसहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि ॥६३॥

ये । एतावन्तः । च । भूयांꣳसः । च । दिशः ।

रुद्राः । वितस्थिरऽइति विऽतास्थिरे । तेषाम् । सहस्रयोजन इति सहस्रऽयोजने । अव । धन्वानि । तन्मसि ॥ ६३ ॥

पदार्थः—(ये) (एतावन्तः) यावन्तो व्याख्याताः (च) (भूयांसः) तेभ्योऽप्यधिकाः (च) (दिशः) पूर्वाद्याः (रुद्राः) प्राणजीवाः (वितस्थिरे) विविधतया तिष्ठन्ति (तेषाम्) (सहस्रयोजने) एतत् संख्यापरिमिते देशे (अव) विरोधार्थे (धन्वानि) अन्तरिक्षावयवान् । धन्वेत्यन्तरिक्षना० निघण्टौः १ । ३ (सहस्रयोजने) (अव) (धन्वानि) (तन्मसि) ॥ ६३ ॥

अन्वयः—वयं य एतावन्तश्च भूयांसश्च रुद्रा दिशो वितस्थिरे तेषां सहस्रयोजने धन्वान्यवतन्मसि ॥ ६३ ॥

भावार्थः—ये मनुष्याः सर्वासु दिक्षु स्थितान् जीवान् वायून्वा यथावदुपयुञ्जते तेषां सर्वकार्याणि सिद्धानि भवन्ति ॥६३॥

पदार्थः—हम लोग (ये) जो (एतावन्तः) इतने व्याख्यात किये (च) और (रुद्राः) प्राण वा जीव (भूयांस) इन से भी अधिक (च) सब प्राण तथा जीव (दिशः) पूर्वादि दिशाओं में (वितस्थिरे) विविधप्रकार से स्थित हैं (तेषाम्) उन के (सहस्रयोजने) हजार योजन के देश में (धन्वानि) आकाश के अवयवों को (अव, तन्मसि) विरुद्ध विस्तृत करते हैं ॥ ६३ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य सब दिशाओं में स्थित जीवों वा वायुओं को यथावत् उपयोग में लाते हैं उन के सब कार्य सिद्ध होते हैं ॥ ६३ ॥

नमोस्तुरुद्रेभ्यइत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः । रुद्रा देवताः । निचृद्धृतिश्छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

पुनस्तदेवाह ॥

फिर भी वही वि०॥

नमोऽस्तु रुद्रेभ्यो ये दिवि येषां वर्षमिषवः । तेभ्यो दश प्राचीर्दश दक्षिणा दश प्रतीचीर्दशोदीचीर्दशोर्ध्वाः । तेभ्यो नमो अस्तु ते नोऽवन्तु ते नो मृडयन्तु ते यं द्विष्मो यश्च नो द्वेष्टि तमेषां जम्भे दध्मः ॥ ६४ ॥

नमः । अस्तु । रुद्रेभ्यः । ये । दिवि । येषाम् । वर्षम् । इषवः । तेभ्यः । दश । प्राचीः । दश । दक्षिणाः । दश । प्रतचीः । दश । उदीचीः । दश । ऊर्ध्वाः । तेभ्यः । नमः । अस्तु । ते । नः । अवन्तु । ते । नः । मृडयन्तु । ते । यम् । द्विष्मः । यः । च । नः । द्वेष्टि । तम् । एषाम् । जम्भे । दध्मः ॥ ६४ ॥

पदार्थः—(नमः) सत्क्रिया (अस्तु) भवतु (रुद्रेभ्यः) प्राणेभ्यइववर्त्तमानेभ्यः (ये) (दिवि) सूर्यप्रकाशादाविव विद्याविनये वर्त्तमाना वीराः (येषाम्) वर्षम् वृष्टिरिव (इषवः) बाणाः (तेभ्यः) (दश) (प्राचीः) पूर्वा दिशः (दश) (द-

क्षिणाः) (दश) (प्रतीचीः) पश्चिमा (दश) (उदीचीः) उत्तराः (दश) (ऊर्ध्वाः) उपरिस्थाः (तेभ्यः) (नमः) अन्नादिकम् (अस्तु) (ते) (नः) अस्मान् (अवन्तु) रक्षन्तु (ते) (नः) अस्मान् (मृडयन्तु) सुखयन्तु (ते)(यम्) (द्विष्मः) अप्रीतिं कुर्याम (यः) (च) (नः) अस्मान् (द्वेष्टि) न प्रीणयति (तम्) (एषाम्) वायूनाम् (जम्भे) मार्जारमुखे मूषक इव पीडायाम् (दध्मः) निःक्षिपाम ॥ ६४ ॥

अन्वयः—ये रुद्रादिविवर्त्तन्ते येषां वर्षमिषवस्तेभ्यो रुद्रेभ्योऽस्माकं नमोऽस्तु ये दश प्राचीर्दश दक्षिणा दश प्रतीचीर्दशोदीचीर्दशोर्ध्वाः प्राप्नुवन्ति तेभ्यो रुद्रेभ्योऽस्माकं नमोऽस्तु य एवंभूतास्ते नोऽवन्तु ते नो मृडयन्तु ते वयं यं द्विष्मो यश्च नो द्वेष्टि तमेषां जम्भे दध्मः ॥ ६४ ॥

भावार्थः—यथा वायूनां सकाशाद्वर्षा जायन्ते तथा ये सर्वत्राधिष्ठातारः स्युस्ते वीराः पूर्वादिषु दिक्ष्वस्माकं रक्षकाः सन्तु वयं यं विरोधिनं जानीमस्तं सर्वत आहत्य वायुवद्बन्धयेमेति ॥ ६४ ॥

पदार्थः—(ये) जो सर्वहितकारी (दिवि) सूर्यप्रकाशादि के तुल्य विद्या और विनय में वर्त्तमान हैं (येषाम्) जिन के (वर्षम्) वृष्टि के समान (इषवः) बाण हैं (तेभ्यः) उन (रुद्रेभ्यः) प्राणादि के तुल्य वर्त्तमान पुरुषों के लिये हम लोगों का किया (नमः) सत्कार (अस्तु) प्राप्त हो जो (दश) दश प्रकार (प्राचीः) पूर्व (दश) दश प्रकार (दक्षिणाः) दक्षिण (दश) दश प्रकार (प्रतीचीः) पश्चिम (दश) दश प्रकार (उदीचीः) उत्तर और (दश) दश प्रकार (ऊर्ध्वाः) ऊपर की दिशाओं को प्राप्त होते हैं (तेभ्यः) उन सर्वहितैषी राजपुरुषों के लिये हमारा (नमः) अन्नादि पदार्थ (अस्तु) प्राप्त हो जो ऐसे पुरुष हैं (ते) वे

हम लोग (यम्) जिस से (द्विष्मः) अप्रीति करें (च) और (यः) जो (नः) हम को (द्वेष्टि) दुःख दे (तम्) उस को (एषाम्) इन वायुओं की (जम्भे) बिलाव के मुख में मूषे के समान पीड़ा में (दध्मः) डालें ॥ ६४ ॥

भावार्थः—जैसे वायुओं के सम्बन्ध से वर्षा होती हैं वैसे जो सर्वत्र अधिष्ठित हों वे वीर पुरुष पूर्वादि दिशाओं में हमारे रक्षक हों हम लोग जिस को विरोधी जानें उस को सब ओर से घेर के वायु के समान बांधें ॥ ६४ ॥

नमोऽस्तु रुद्रेभ्य इत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः । रुद्रा देवताः । धृतिश्छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय० ॥

नमोऽस्तु रुद्रेभ्यो येऽन्तरिक्षे येषां वात इषवः । तेभ्यो दश प्राचीर्दश दक्षिणा दश प्रतीचीर्दशोदीचीर्दशोर्ध्वाः । तेभ्यो नमो अस्तु ते नोऽवन्तु ते नो मृडयन्तु ते यं द्विष्मो यश्च नो द्वेष्टि तमेषां जम्भे दध्मः ॥ ६५ ॥

नमः । अस्तु । रुद्रेभ्यः । ये । अन्तरिक्षे । येषाम् । वातः । इषवः । तेभ्यः । दश । प्राचीः । दश । दक्षिणाः । दश । प्रतीचीः । दश । उदीचीः । दश । ऊर्ध्वाः । तेभ्यः । नमः । अस्तु । ते । नः । अवन्तु । ते । नः । मृडयन्तु । ते । यम् । द्विष्मः । यः । च । नः । द्वेष्टि । तम् । एषाम् । जम्भे । दध्मः ॥ ६५ ॥

पदार्थः—(नमः) (अस्तु) (रुद्रेभ्यः) (ये) (अन्तरिक्षे) आकाशे (येषाम्) (वातः) (इषवः) (तेभ्यः०) इति पूर्ववत् ॥ ६५ ॥

अन्वयः—ये विमानादिषु स्थित्वाऽन्तरिक्षे विचरन्ति येषां वात इवेषवः सन्ति तेभ्यो रुद्रेभ्योऽस्माकं नमोऽस्तु ये दश प्राचीर्दश दक्षिणा दश प्रतीचीर्दशोदीचीर्दशोर्ध्वाः आशा व्याप्तवन्तस्तेभ्यो नमोऽस्तु ते नोऽवन्तु ते नो मृडयन्तु ते वयं च यं द्विष्मो यश्च नो द्वेष्टि तमेषां जम्भे वशे दध्मः ॥ ६५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—ये मनुष्या आकाशस्थान् शुद्धान् शिल्पिनः सेवन्ते तानेते सर्वतो बलयित्वा शिल्पविद्याः शिक्षेरन् ॥६५॥

पदार्थः—(ये) जो विमानादि यानों में बैठ के (अन्तरिक्षे) आकाश में विचरते हैं (येषाम्) जिन के (वातः) वायु के तुल्य (इषवः) बाण हैं (तेभ्यः) उन (रुद्रेभ्यः) प्राणादि के तुल्य वर्त्तमान पुरुषों के लिये हमारा किया (नमः) सत्कार (अस्तु) प्राप्त हो जो (दश) दश प्रकार (प्राचीः) पूर्व (दश)दश प्रकार (दक्षिणाः) दक्षिण (दश) दश प्रकार (प्रतीचीः) पश्चिम (दश) दश प्रकार (उदीचीः) उत्तर और (दश) दश प्रकार (ऊर्ध्वाः) ऊपर की दिशाओं में व्याप्त हुए हैं (तेभ्यः) उन सर्वहितैषियों को (नमः) अन्नादि पदार्थ (अस्तु) प्राप्त हो जो ऐसे पुरुष हैं (ते) वे (नः) हमारी (अवन्तु) रक्षा करें (ते) वे (नः) हम को (मृडयन्तु) सुखी करें (ते) वे और हम लोग (यम्) जिस से (द्विष्मः) अप्रीति करें (च) और (यः) जो (नः) हम को (द्वेष्टि) दुःख दे (तम्) उस को (एषाम्) इन वायुओं की (जम्भे) बिलाड़ के मुख में मूषे के समान पीड़ा में (दध्मः) डालें ॥ ६५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जो मनुष्य आकाश में रहने वाले शुद्ध कारीगरों का सेवन करते हैं उन को ये सब ओर से बलवान् करके शिल्प विद्या की शिक्षा करें ॥ ६५ ॥

नमोस्तु रुद्रेभ्य इत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्वा देवा ऋषयः ।
रुद्रा देवताः । धृतिश्छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

नमोऽस्तु रुद्रेभ्यो ये पृथिव्यां येषामन्नमिषवः । तेभ्यो दश प्राचीर्दश दक्षिणा दश प्रतीचीर्दशोदीचीर्दशोर्ध्वाः । तेभ्यो नमो अस्तु ते नोऽवन्तु ते नो मृडयन्तु ते यं द्विष्मो यश्च नो द्वेष्टि तमेषां जम्भे दध्मः ॥ ६६ ॥

नमः । अस्तु । रुद्रेभ्यः । ये । पृथिव्याम् । येषाम् । अन्नम् । इषवः । तेभ्यः । दश । प्राचीः । दश । दक्षिणाः । दश । प्रतीचीः । दश । उदीचीः । दश । ऊर्ध्वाः । तेभ्यः । नमः । अस्तु । ते । नः । अवन्तु । ते । नः । मृडयन्तु । ते । यम् । द्विष्मः । यः । च । नः । द्वेष्टि । तम् । एषाम् । जम्भे । दध्मः ॥ ६६ ॥

पदार्थः—(नमः) (अस्तु) (रुद्रेभ्यः) (ये) (पृथिव्याम्) विस्तृतायां भूमौ (येषाम्) (अन्नम्) तण्डुलादिकमत्तव्यमिव (इषवः) शस्त्रास्त्राणि । तेभ्य इति पूर्ववत् ॥ ६६ ॥

अन्वयः—ये भूविमानादिषु स्थित्वा पृथिव्यां विचरन्ति येषामन्नमिषवस्तेभ्यो रुद्रेभ्योऽस्माकं नमोऽस्तु ये दश प्राचीर्दश दक्षिणा

दश प्रतीचीर्दशोदीचीर्दशोर्ध्वा व्याप्तवन्तः सन्ति तेभ्योऽस्माकं नमोऽस्तु ते नः सर्वतोऽवन्तु ते नो मृडयन्तु ते वयं च यं द्विष्मो यश्च नो द्वेष्टि तमेषां जम्भे दध्मः ॥ ६६ ॥

भावार्थः—ये पृथिव्यामन्नार्थिनस्तान् संपोष्य वर्द्धनीयाः॥६६॥

अस्मिन्नध्याये वायुजीवेश्वरवीरगुणकृत्यवर्णनादेतदर्थस्य पूर्वाध्यायोक्तार्थेन सह सङ्गतिरस्तीति वेद्यम् ॥

पदार्थः—(ये) जो भूविमान आदि में बैठ के (पृथिव्याम्) विस्तृत भूमि में विचरते हैं (येषाम्) जिन के (अन्नम्) खाने योग्य तण्डुलादि (इषवः) बाणरूप हैं (तेभ्यः) उन (रुद्रेभ्यः) प्राणादि के तुल्य वर्त्तमान पुरुषों के लिये हम लोगों का किया (नमः) सत्कार (अस्तु) प्राप्त हो जो (दश) दश प्रकार (प्राचीः) पूर्व (दश) दश प्रकार (दक्षिणाः) दक्षिण (दश) दश प्रकार (प्रतीचीः) पश्चिम (दश) दश प्रकार (उदीचीः) उत्तर और (दश) दश प्रकार (ऊर्ध्वाः) ऊपर की दिशाओं को व्याप्त होते हैं (तेभ्यः) उन सर्वहितैषी राजपुरुषों के लिये हमारा (नमः) अन्नादि पदार्थ (अस्तु) प्राप्त हो जो ऐसे पुरुष हैं (ते) वे (नः) हमारी सब ओर से (अवन्तु) रक्षा करें (ते) वे (नः) हम को (मृडयन्तु) सुखी करें (ते) वे और हम लोग (यम्) जिस को (द्विष्मः) अप्रसन्न करें (च) और (यः) जो (नः) हम को (द्वेष्टि) दुःख दे (तम्) उस को (एषाम्) इन वायुओं की (जम्भे) बिलाड़ी के मुख में मूषे के तुल्य पीड़ा में (दध्मः) डालें ॥ ६६ ॥

भावार्थः—जो पृथिवी पर अन्नार्थी पुरुष हैं उन का अच्छे प्रकार पोषण कर उन्नति करनी चाहिये ॥ ६६ ॥

इस अध्याय में वायु जीव ईश्वर और वीरपुरुष के गुण यथा कृत्यका वर्णनहोने से इस अध्यायकेअर्थ की पूर्व अध्याय में कहे अर्थ के साथ संगति जाननीचाहिये॥६६॥

इति श्रीमद्विद्वद्वरपरमहंसपरिव्राजकाचार्य्याणां परम विदुषां श्रीयुत विरजानन्द सरस्वती स्वामिनां शिष्येण श्रीमत्परहंस परिव्राजकाचार्य्येणश्रीयुत दयानन्द सरस्वतीस्वामिना विरचिते संस्कृतार्यभाषाभ्यां समन्विते सुप्रमाणयुक्ते यजुर्वेदभाष्ये षोडशोऽध्यायः समाप्तिमगात् ॥

ओ३म्

अथ सप्तदशोऽध्याय आरभ्यते ॥

विश्वा॑नि देव सवितर्दुरि॒ता॑नि॒ परा॑ सुव । यद्भ॒द्रं तन्न॒ आसु॑व ॥ १ ॥

अश्मन्नूर्जमित्यस्य मेधातिथिर्ऋषिः । मरुतो देवताः । अतिशक्वरी छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

अथ वृष्टिविद्योपदिश्यते ॥

अब सत्रहवें अध्याय का आरम्भ किया जाता है इस के पहिले मन्त्र में वर्षा की विद्या का उपदेश किया है ॥

अश्म॒न्नूर्जं॒ पर्व॑ते शिश्रिया॒णाम॒द्भ्य ओष॑धीभ्यो॒ वन॒स्पति॑भ्यो॒ अधि॒ सम्भृ॑तं॒ पयः॑ । तान्न॒ इष॒मूर्जं॑ धत्त मरुतः सꣳरराणाः । अश्मँ॑स्ते॒ क्षुन्मयि॑ त॒ऽ-ऊर्ग्यन्द्वि॒ष्मस्तं ते॒ शुगृ॑च्छतु ॥ १ ॥

अश्मन् । ऊर्जम् । पर्वते । शिश्रियाणाम् । अद्भ्य इत्यत्ऽभ्यः । ओषधीभ्यः । वनस्पतिभ्य इति वनस्पतिऽभ्यः । अधि । सम्भृतमिति सम्ऽभृतम् । पयः । ताम् । नः । इषम् । ऊर्जम् । धत्त । मरुतः । सꣳरराणाऽइति सम्ऽरराणाः । अश्मन् । ते । क्षुत् । मयि । ते । ऊर्क् । यम् । द्विष्मः । तम् । ते । शुक् । ऋच्छतु ॥ १ ॥

पदार्थः—(अश्मन्) अश्मनि मेघे । अश्मेति मेघना० निघं० १ । १० (ऊर्जम्) पराक्रमम् (पर्वते) पर्वताकारे (शिश्रियाणाम्) मेघावयवानां मध्ये स्थितां विद्युतम् (अद्भ्यः) जलाशयेभ्यः (ओषधीभ्यः) यवादिभ्यः (वनस्पतिभ्यः) अश्वत्थादिभ्यः (अधि) (सम्भृतम्) सम्यग् धृतं (पयः) रसयुक्तं जलम् (ताम्) (नः) अस्मभ्यम् (इषम्) अन्नम् (ऊर्जम्) पराक्रमम् (धत्त) धरत (मरुतः) वायव इव क्रियाकुशला मनुष्याः (संरराणाः) सम्यग् रान्ति ददति ते (अश्मन्) अश्मनि (ते) तव (क्षुत्) बुभुक्षा (मयि) (ते) तव (ऊर्क्) पराक्रमोऽन्नं वा (यम्) दुष्टम् (द्विष्मः) न प्रसादयेम (तम्) (ते) तव (शुक्) शोकः (ऋच्छतु) प्राप्नोतु ॥ १ ॥

अन्वयः—हे संरराणा मरुतो यूयं पर्वतेऽश्मन् शिश्रियाणामूर्जं नोऽधिधत्ताद्भ्य ओषधीभ्यो वनस्पतिभ्यः सम्भृतं पयइषमूर्जं च ताञ्च धत्त । हे मनुष्य तेऽश्मन्नूर्ग् वर्त्तते सा मय्यस्तु या ते क्षुत् सा मयि भवतु यं वयं द्विष्मस्तं ते शुगृच्छतु ॥ १ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्यथा सूर्यो जलाशयौषध्यादिभ्यो रसं हृत्वा मेघमण्डले संस्थाप्य पुनर्वर्षयति ततोऽन्नादिकं जायते तदशनेन क्षुन्निवृत्त्या बलोन्नतिस्तया दुष्टानां निवृत्तिस्तया सज्जनानां शोकनाशो भवति तथा समानसुखदुःखसेवनाः सुहृदो भूत्वा परस्परेषां दुःखं विनाश्य सुखं सततमुन्नेयम् ॥ १ ॥

पदार्थः—हे (संरराणाः) सम्यक् दानशील (मरुतः) वायुओं के तुल्य क्रिया करने में कुशल मनुष्यो तुम लोग (पर्वते) पहाड़ के समान आकार वाले (अश्मन्) मेघ के (शिश्रियाणाम्) अवयवों में स्थिर बिजुली तथा (ऊर्जम्) पराक्रम और अन्न को (नः) हमारे लिये (अधि, धत्त) अधिकता से धारण करो और (अद्भ्यः) जलाशयों (ओषधिभ्यः) जौ आदि ओषधियों और (वनस्पतिभ्यः) पीपल आदि वनस्पतियों से (सम्भृतम्) सम्यक् धारण किये (पयः) रसयुक्त जल (इषम्) अन्न (ऊर्जम्) पराक्रम और (ताम्) उस पूर्वोक्त विद्युत् को धारण करो । हे मनुष्य जो (ते) तेरा (अश्मन्) मेघविषय में (ऊर्क्) रस वा पराक्रम है सो (मयि) मुझ में तथा जो (ते) तेरी (क्षुत्) भूख है वह मुझ में भी हो अर्थात् समान सुख दुःख मान के हम लोग एक दूसरे के सहायक हों और (यम्) जिस दुष्ट को हम लोग (द्विष्मः) द्वेषः करें (तम्) उस को (ते) तेरा (शुक्) शोक (ऋच्छतु) प्राप्त हो ॥ १ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि जैसे सूर्य्य जलाशय और ओषध्यादि से रस का हरण कर मेघमण्डल में स्थापित करके पुनः वर्षाता है उस से अन्नादि पदार्थ होते हैं उस के भोजन से क्षुधा की निवृत्ति क्षुधा की निवृत्ति से बल की बढ़ती उससे दुष्टों की निवृत्ति और दुष्टों की निवृत्ति से सज्जनों के शोक का नाश होता है वैसे अपने समान दूसरों का सुख दुःख मान सब के मित्र होके एक दूसरे के दुःख का विनाश कर के सुख की निरन्तर उन्नति करें ॥ १ ॥

इमाम इत्यस्य मेधातिथिर्ऋषिः । अग्निर्देवता ।
निचृद्विकृतिश्छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

अथेष्टकादिचयनदृष्टान्तेन गणित विद्योपदिश्यते ॥
अब इष्ट का आदि के दृष्टान्त से गणित विद्या का उप० ॥

इमा मे॑ऽअग्न॒ इष्ट॑का धे॒नवः॑ स॒न्त्वेका॑ च॒ दश॑ च॒ दश॑ च श॒तं च॑ श॒तं च॑ स॒हस्रं॑ च स॒हस्रं॒ चायु॑तं॒ चायु॑तं च नि॒युतं॑ च नि॒युतं॑ च प्र॒युत॒ञ्चार्बु॑दं च॒ न्यर्बुदं च समु॒द्रश्च॒ मध्यं॒ चान्त॑श्च परा॒र्द्धश्चै॒ता मे॑ऽअग्न॒ इष्ट॑का धे॒नवः॑ सन्त्व॒मुत्रा॒मुष्मिँ॑ल्लो॒के ॥ २ ॥

इ॒माः । मे॒ । अ॒ग्ने॒ । इष्ट॑काः । धे॒नवः॑ । स॒न्तु॒ । एका॑ । च॒ । दश॑ । च॒ । दश॑ । च॒ । श॒तम् । च॒ । श॒तम् । च॒ । स॒हस्र॑म् । च॒ । स॒हस्र॑म् । च॒ । अ॒युत॑म् । च॒ । अ॒युत॑म् । च॒ । नि॒युत॒मिति॑ नि॒ऽयुत॑म् । च॒ । नि॒युत॒मिति॑ नि॒ऽयुत॑म् ।

च । प्रयुतमिति प्रऽयुतम् । च । अर्बुदम् । च । न्यर्बुदमिति निऽअर्बुदम् । च । समुद्रः । च । मध्यम् । च । अन्तः । च । परार्द्धः । च । एताः । मे । अग्ने । इष्टकाः । धेनवः । सन्तु । अमुत्र । अमुष्मिन् । लोके ॥ २ ॥

पदार्थः—(इमाः) वक्ष्यमाणाः (मे) मम (अग्ने) विद्वन् (इष्टकाः) इष्टसुखं साधिकाः (धेनवः) दुग्धदात्र्यो गाव इव (सन्तु) (एका) (च) (दश) (च) (दश) (च) (शतम्) (च) (शतम्) (च) (सहस्रम्) (च) (सहस्रम्) (च) (अयुतम्) दश सहस्राणि (च) (अयुतम्) (च) (नियुतम्) लक्षम् (च) (नियुतम्) (च) (प्रयुतम्) दश लक्षाणि प्रयुतमिति कोटेरप्युपलक्षकम् (च) (अर्बुदम्) दश कोटयः (च) (न्यर्बुदम्) अब्जम् । न्यर्बुदमिति खर्ब निखर्ब महापद्म शङ्कुसंख्यानामप्युपलक्षकम् (च) (समुद्रः) (च) (मध्यम्) (च) (अन्तः) (च) (परार्द्धः) (च) (एताः) (मे) मम (अग्ने) (इष्टकाः) (धेनवः) (सन्तु) (अमुत्र) परस्मिन् जन्मनि (अमुष्मिन्) परस्मिन् (लोके) द्रष्टव्ये ॥ २ ॥

अन्वयः—हे अग्ने विद्वन् या मे ममेमा इष्टका धेनवइव सन्तु तास्तवापि भवन्तु या एका च दश च दश च शतं च शतं च सहस्रं च सहस्रं चायुतं चायुतं च नियुतं च नियुतं च प्रयुतं चार्बुदं च न्यर्बुदं च समुद्रश्च मध्यं चान्तश्च परार्द्धश्चैता मे अग्न इष्टका धेनव इवामुत्रामुष्मिँल्लोकेऽस्मिन् परजन्मनि वा सन्तु ॥ २ ॥

भावार्थः—यथा सुसेविता गावो दुग्धादिदानेन सर्वान् सन्तो-

षयन्ति तथैव येषां सञ्चिता इष्टका वृष्टिहेतुका भूत्वा वृष्ट्यादिद्वारा सर्वानानन्दयन्ति मनुष्यैरेका संख्या दशवारं गुणिता सती दश संज्ञां लभते दश दशवारं संख्याता शतं शतं दशवारं संख्यातं सहस्रं सहस्रं दशवारं संख्यातमयुतमयुतं दशवारं संख्यातं नियुतं नियुतं दशवारं सख्यातं प्रयुतं प्रयुतं दशवारं संख्यातं कोटिः कोटिर्दशवारं संख्याता दश कोटयस्ता दशवारं संख्याता खर्वः खर्वो दशवारं संख्यातोनिखर्वोनिखर्वोदशवारं संख्यातोमहापद्मो महापद्मो दशवारं संख्यातः शङ्कुः शङ्कुर्दशवारं संख्यातःसमुद्रः समुद्रो दशवारं सख्यातो मध्यं मध्यं दशवारं संख्यातमन्तरन्तो दशवारं संख्यातः परार्द्ध एताः संख्या उक्ता उक्तैरनेकैश्चकारैरन्या अपि अङ्कबीजरेखा प्रभृतयो यथावद् विज्ञेया यथास्मिँल्लोक इमाः संख्याः सन्ति तथान्येष्वपि लोकेषु वर्त्तन्ते यथाभिस्संख्याभिः संख्याता इष्टकाः सुशिल्पिभिश्चिता गृहाकारा भूत्वा शीतोष्णवर्षावाय्वादिभ्यो मनुष्यान् रक्षित्वाऽऽनन्दयन्ति तथैवाहुतयो जलवाय्वोषधीभिः संहत्य सर्वान्प्राणिन आनन्दयन्ति ॥ २ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वन् पुरुष जैसे (मे) मेरी (इमाः) ये (इष्टकाः) इष्ट सुख को सिद्ध करने हारी यज्ञ की सामग्री (धेनवः) दुग्ध देने वाली गौओं के समान (सन्तु) होवें आप के लिये भी वैसी हों जो (एका) एक (च) दशगुणा (दश) दश (च) और (दश) दश (च) दश गुणा (शतम्) सौ (च) और (शतम्) सौ (च) दश गुणा (सहस्रम्) हजार (च) और सहस्रम्) हजार (च) दश गुणा (अयुतम्) दश हजार (च) और (अयुतम्) दश हजार (च) दश गुणा (नियुतम्) लाख (च) और (नियुतम्) लाख (च) दश गुणा (प्रयुतम्) दश लाख (च) इस का दश गुणा क्रोड़ इसका दश गुणा (अर्बुदम्) दशक्रोड़ इस का द० (न्यर्बुदम्) अर्ब (च) इस का दश गुणा खर्ब इस का दश गुणा निखर्ब इस का दश गुणा महापद्म इस का दश गुणा शङ्कु इसका दश गुणा (समुद्रः) समुद्र (च) इसका दश गुणा (मध्यम्) मध्य (च) इसका दश गुणा (अन्तः) अन्त और (च) इसका दश गुणा (परार्द्धश्च) परार्द्ध (एताः) ये (मे) मेरी (अग्ने) हे विद्वन् (इष्टकाः) वेदी की ईंटें (धेनवः) गौओं के तुल्य (अमुष्मिन्) परोक्ष (लोके) देखने योग्य (अमुत्र) अगले जन्म में (सन्तु) हों वैसा प्रयत्न कीजिये ॥ २ ॥

भावार्थः—जैसे अच्छे प्रकार सेवन की हुई गौ दुग्ध आदि के दान से सब को प्रसन्न करती हैं वैसे ही वेदी में चयन की हुई ईंटें वर्षा की हेतु हो के वर्षादि के द्वारा सब को सुखी करती हैं मनुष्यों को चाहिये कि एक १ संख्या को दशवार गुणने से १० दश दश को दश वार गुणने से सौ १०० उस को दश वार गुणने से हजार १००० उस को द० गु० से दश हजार १०००० उस को द० गु० से लाख १००००० उस को द० गु० से दश लाख १०००००० इस को दश गु० से क्रोड़ १००००००० इस को द० गु० से दश क्रोड़ १०००००००० इस को द० गु० से अर्ब १००००००००० इस को द० गु० से दश अर्ब १०००००००००० इस को द० गु० से खर्ब १००००००००००० इस को द० गु० से दश खर्ब १०००००००००००० इस को द० गु० से नील १००००००००००००० इस को द० गु० से दश नील १०००००००००००००० इस को द० गु० से एक पद्म १००००००००००००००० इस को द० गु० से दश पद्म १०००००००००००००००० इस को द० गु० से एक शङ्ख १००००००००००००००००० इस को दशवार गुणने से दश शङ्ख १०००००००००००००००००० इन संख्याओं की संज्ञा पड़ती हैं ये इतनी संख्या तो कहीं परन्तु अनेक प्रकारों के होने से और भी अङ्कगणित बीजगणित और रेखागणित आदि की संख्याओं को यथावत् समझें जैसे इस भूलोक में ये संख्या हैं वैसे अन्य लोकों में भी हैं जैसे यहां इन संख्याओं से गणना की और अच्छे कारीगरों ने चिनी हुई ईंटें घर के आकार हो शीत, उष्ण, वर्षा और वायु आदि से मनुष्यादि की रक्षा कर आनन्दित करती हैं वैसे ही अग्नि में छोड़ी हुई आहुतियां जल वायु और ओषधियों के साथ मिल के सब को आनन्दित करती हैं ॥ २ ॥

ऋतव इत्यस्य मेधातिथिर्ऋषिः । अग्निर्देवता ।
विराडार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

स्त्रियः पत्यादिभिः सह कथं वर्त्तेरन्नित्याह ॥

स्त्री लोग पति आदि के साथ कैसे वर्त्तें इस वि० ॥

ऋतवं: स्थ ऋतावृधं ऋतुष्ठाः स्थं ऋतावृधं: । घृतश्च्युतौ मधुश्च्युतौ विराजो नामं कामदुघा अक्षीयमाणाः ॥ ३ ॥

ऋतवं: । स्थ । ऋतावृधं: । ऋतवृधऽइत्यृंतऽवृधं: । ऋतुष्ठः । ऋतुस्थाऽइत्यृंतुऽस्थाः । स्थ ।

ऋताऽवृधः । ऋतवृध इत्यृतऽवृधः । घृतश्च्युत इति घृतऽश्च्युतः । मधुश्च्युत इति मधुऽश्च्युतः । विराज इति विऽराजः । नाम । कामदुघा इति कामऽदुघाः । अक्षीयमाणाः ॥ ३ ॥

पदार्थः—(ऋतवः) यथा वसन्तादयस्तथा (स्थ) भवत (ऋतावृधः) या ऋतेन जलेन नद्य इव सत्येन वर्द्धन्ते ताः । अन्येषामपि दृश्यत इति दीर्घः (ऋतुष्ठाः) या ऋतुषु वसन्तादिषु तिष्ठन्ति ताः (स्थ) भवत (ऋतावृधः) या ऋतं सत्यं वर्धयन्ति ताः (घृतश्च्युतः) घृतमाज्यं श्च्युतं निस्सृतं याभ्यस्ताः (मधुश्च्युतः) या मधुनो मधुरात् रसात् प्राप्ताः (विराजः) विविधैर्गुणैराजमानाः प्रकाशमानाः (नाम) प्रसिद्धाः (कामदुघाः) याः कामान् दुहन्ति प्रपिपुरति ताः (अक्षीयमाणाः) क्षेतुमनर्हाः ॥ ३ ॥

अन्वयः—हे स्त्रियो या यूयं ऋतवः स्थ या ऋतावृध ऋतुष्ठा ऋतावृधः स्थ याश्च यूयं घृतश्च्युतोमधुश्च्युतोऽक्षीयमाणा विराजः कामदुघा नाम धेनव इव स्थ ता अस्मान्सुखयत ॥ ३ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा ऋतवो गावश्च स्वस्वसमयानुकूलतया सर्वान् प्राणिनः सुखयन्ति तथैव सत्यस्त्रियः प्रतिसमयं स्वपत्यादीन् सर्वान् संतर्प्यानन्दयन्तु ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे स्त्रियो जो तुम लोग (ऋतवः) वसन्तादि ऋतुओं के समान (स्थ) हो तथा जो (ऋतावृधः) उदक से नदियों के तुल्य सत्य के साथ उन्नति को प्राप्त होने वा (ऋतुष्ठाः) वसन्तादि ऋतुओं में स्थित होने और (ऋतावृधः) सत्य को बढ़ाने वाली (स्थ) हो और जो तुम (घृतश्च्युतः) जिन से घी निकले उन (मधुश्च्युतः) मधुर रस से प्राप्त हुई (अक्षीयमाणाः) रक्षा करने योग्य (विराजः) विविध प्रकार के गुणों से प्रकाशमान तथा (कामदुघाः) कामनाओं को पूरण करने हारी (नाम) प्रसिद्ध गौओं के सदृश होवे तुम लोग हम लोगों को सुखी करो ॥ ३ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे ऋतु और गौ अपने २ समय पर अनुकूलता से सब प्राणियों को सुखी करती हैं वैसे ही अच्छी स्त्रियां सब समय में अपने पति आदि सब पुरुषों को तृप्त कर आनन्दित करें ॥ ३ ॥

समुद्रस्येत्यस्य मेधातिथिर्ऋषिः । अग्निर्देवता ।

भुरिगार्षी गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

सभापतिना किं कार्यमित्युपदिश्यते ॥

सभापति को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

समुद्रस्य त्वावकयाग्ने परि व्ययामसि । पावको अस्मभ्यꣳ शिवो भव ॥ ४ ॥

समुद्रस्य । त्वा । अवकया । अग्ने । परि । व्ययामसि । पावकः । अस्मभ्यम् । शिवः । भव ॥ ४ ॥

पदार्थः—(समुद्रस्य) अन्तरिक्षस्य मध्ये (त्वा) त्वाम् (अवकया) यया अवन्ति रक्षन्ति तया क्रियया (अग्ने) अग्निवद् वर्त्तमान सभापते (परि) सर्वतः (व्ययामसि) प्राप्ताः स्मः (पावकः) पवित्रकारकः (अस्मभ्यम्) (शिवः) मङ्गलकारी (भव) ॥ ४ ॥

अन्वयः—हे अग्ने यथा वयं समुद्रस्यावकया सह वर्त्तमानं त्वा परिव्ययामसि तथा पावकस्त्वमस्मभ्यं शिवो भव ॥ ४ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा मनुष्या समुद्रस्थान् जन्तून् रक्षित्वा सुखयन्ति तथा धार्मिको रक्षकः सभेशः स्वकीयाः प्रजाः संरक्ष्य सततं सुखयेत् ॥ ४ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) अग्नि के तुल्य तेजस्वी सभापते जैसे हम लोग (समुद्रस्य) आकाश के बीच (अवकया) जिस से रक्षा करते हैं उस क्रिया के साथ वर्त्तमान (त्वा) आप को (परि, व्ययामसि) सब ओर से प्राप्त होते हैं वैसे (पावकः) पवित्र कर्त्ता आप (अस्मभ्यम्) हमारे लिये (शिवः) मंगलकारी (भव) हूजिये ॥ ४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे मनुष्य लोग समुद्र के जीवों की रक्षा कर सुखी करते हैं वैसे धर्मात्मा रक्षक सभापति अपनी प्रजाओं की रक्षा कर निरन्तर सुखी करे ॥ ४ ॥

हिमस्येत्यस्य मेधातिथिर्ऋषिः । अग्निर्देवता ।

भुरिगार्षी गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तदेवाह ॥

फिर उसी वि० ॥

हिमस्यं त्वा जुरायुणाऽग्ने परिं व्ययामसि ।
पावको अस्मभ्यंᳬ शिवो भंव ॥ ५ ॥

हिमस्यं । त्वा । जुरायुंणा । अग्नें । परिं । व्ययामसि । पावकः । अस्मभ्यम् । शिवः । भव ॥ ५ ॥

पदार्थः—(हिमस्य) शीतस्य (त्वा) ताम् (जरायुणा) जरामेति येन जरायुस्तेन वस्त्रेणाग्निना वा (अग्ने) अग्निवत् तेजस्विन् (परि) सर्वतः (व्ययामसि) संवृणोमि (पावकः) पवित्रः (अस्मभ्यम्) (शिवः) मङ्गलमयः (भव) ॥ ५ ॥

अन्वयः—हे अग्ने सभेश वयं हिमस्य जरायुणा त्वा परिव्ययामसि पावकस्त्वमस्मभ्यं शिवो भव ॥ ५ ॥

भावार्थः—हे सभेश यथाग्निर्वस्त्रं वा शीतातुरान् प्राणिनः शैत्याद् वियोज्य प्रसादयति तथैव त्वदाश्रिता वयं दुःखान्मुक्ताः सन्तः सुखभाजिनः स्याम ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) अग्नि के तुल्य तेजस्विन् सभापते हमलोग (हिमस्य) शीतल को (जरायुणा) जीर्ण करने वाले वस्त्र वा अग्नि से (त्वा) आप को (परि, व्ययामसि) सब प्रकार आच्छादित करते हैं वैसे (पावकः) पवित्र स्वरूप आप (अस्मभ्यम्) हमारे लिये (शिवः) मङ्गलमय (भव) हूजिये ॥ ५ ॥

भावार्थः—हे सभापते जैसे अग्नि वा वस्त्र शीत से पीड़ित प्राणियों को जाड़े से छुड़ा के प्रसन्न करता है वैसे ही आप का आश्रय किये हुए हम लोग दुःख से छूटे हुए सुख सेवने वाले होवें ॥ ५ ॥

उपज्मन्नित्यस्य मेधातिथिर्ऋषिः । अग्निर्देवता ।

आर्षी त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ दम्पती कथं वर्त्तेयातामित्युपदिश्यते ॥

अब स्त्री पुरुष आपस में कैसे वर्त्तें इस वि० ॥

उप ज्मन्नुप वेतसेऽवं तर नदीष्वा । अग्ने पित्तमपामसि मण्डूकि ताभिरागहि सेमं नो यज्ञं पावकवर्णꣳ शिवं कृधि ॥ ६ ॥

उप । ज्मन् । उप । वेतसे । अव । तर । नदीषु । आ । अग्ने । पित्तम् । अपाम् । असि । मण्डूकि । ताभिः । आ । गहि । सा । इमम् । नः । यज्ञम् । पावकवर्णमिति पावकऽवर्णम् । शिवम् । कृधि ॥ ६ ॥

पदार्थः—(उप) (ज्मन्) ज्मनि भूमौ । अत्र सुपां सुलुगिति सप्तम्येकवचनस्य लुक् । ज्मेति पृथिवीना० निघं० १ । १ (उप) (वेतसे) पदार्थविस्तारे (अव) (तर) (नदीषु) (आ) (अग्ने) वह्निरिव तेजस्विनि विदुषि (पित्तम्) तेजः (अपाम्) प्राणानां जलानां वा (असि) अस्ति (मण्डूकि) सुभूषिते (ताभिः) अद्भिः प्राणैर्वा (आ) (गहि) आगच्छ (सा) (इमम्) (नः) अस्माकम् (यज्ञम्) गृहाश्रमाख्यम् (पावकवर्णम्) अग्निवत्प्रकाशमानम् (शिवम्) कल्याणकारकम् (कृधि) कुरु ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे अग्ने वह्निरिव विदुषि मण्डूकि स्त्रि त्वं ज्मन् नदीषु वेतसेऽवतर यथाऽग्निरपां पित्तमसि तथा त्वं ताभिरुपागहि सा त्वं न इमं पावकवर्णं यज्ञं शिवमुपाकृधि ॥ ६ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—स्त्रीपुरुषौ गृहाश्रमे प्रयत्नेन सर्वाणि कार्याणि संसाध्य शुद्धाचरणेन कल्याणं प्राप्नुयाताम् ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) अग्नि के तुल्य तेजस्विनी विदुषि (मण्डूकि) अच्छे प्रकार अलङ्कारों से शोभित विदुषि स्त्रि तू (ज्मन्) पृथिवी पर (नदीषु) नदीयों तथा (वेतसे) पदार्थों के विस्तार में (अव, तर) पार हो जैसे अग्नि (अपाम्) प्राण वा जलों के (पित्तम्) तेज का रूप (असि) है वैसे तू (ताभिः) उन जल वा प्राणों के साथ (उप, आ, गहि) हम को समीप प्राप्त हो (सा) सो तू (नः) हमारे (इमम्) इस (पावकवर्णम्) अग्नि के तुल्य प्रकाशमान (यज्ञम्) गृहाश्रमरूप यज्ञ को (शिवम्) कल्याणकारी (उप, आ, कृधि) अच्छे प्रकार कर ॥ ६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—स्त्री और पुरुष गृहाश्रम में प्रयत्न के साथ सब कार्य्यों को सिद्ध कर शुद्ध आचरण के सहित कल्याण को प्राप्त हों ॥ ६ ॥

अपामिदमित्यस्य मेधातिथिर्ऋषिः । अग्निर्देवता ।
आर्षी बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

गृहस्थेन किं कार्यमित्याह ॥

गृहस्थ को क्या करना चाहिये यह वि० ॥

अपामिदं न्ययन॑ꣳसमुद्रस्य॑ निवेश॑नम् । अन्याँस्ते॑ अस्मत्त॑पन्तु हेतय॑ः पाव॒को अस्मभ्य॑ꣳशिवो भ॑व ॥ ७ ॥

अपाम् । इदम् । न्यय॑नमिति॑ नि॒ऽअय॑नम् । स॒मुद्रस्य॑ । नि॒वेश॑न॒मिति॑ नि॒ऽवेश॑नम् । अ॒न्यान् । ते॒ । अ॒स्मत् । त॒प॒न्तु॒ । हे॒तय॑ः । पा॒व॒कः । अ॒स्मभ्य॑म् । शि॒वः । भ॒व॒ ॥ ७ ॥

पदार्थः—(अपाम्) जलानां प्राणानां वा (इदम्) अन्तरिक्षम् (न्ययनम्) निश्चितमयनं स्थानम् (समुद्रस्य) सागरस्य (निवेशनम्) निविशन्ति यस्मिंस्तत् (अन्यान्) (ते) तव (अस्मत्) अस्माकं सकाशात् (तपन्तु) दुःखयन्तु (हेतयः) वज्रा वृद्धयो वा (पावकः) पवित्रकारी (अस्मभ्यम्) (शिवः) सुखप्रदः (भव) ॥ ७ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् यदिदमपां न्ययनमस्ति तस्य समुद्रस्य निवेशनमिव गृहाश्रमं प्राप्य पावकः संस्त्वमस्मभ्यं शिवो भव ते हेतयोऽस्मदन्यांस्तपन्तु ॥ ७ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—मनुष्या यथाऽपामाधारः सागरः समुद्रस्याधिष्ठानं भूमिर्भूमेरधिष्ठानमन्तरिक्षं तथा गार्हपत्यपदार्थानामाधारं गृहं निर्माय मंगलमाचर्य श्रेष्ठपालनं दस्युताडनञ्च कुर्वन्तु ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् पुरुष जो (इदम्) यह आकाश (अपाम्) जलों वा प्राणों का (न्ययनम्) निश्चित स्थान है उस आकाशस्थ (समुद्रस्य) समुद्र की (निवेशनम्) स्थिति के तुल्य गृहाश्रम को प्राप्त हो के (पावकः) पवित्र कर्म करने हारे होते हुए आप (अस्मभ्यम्) हमारे लिये (शिवः) मंगलकारी (भव) हूजिये (ते) आपके (हेतयः) वज्र वा उन्नति (अस्मत्) हम लोगों से (अन्यान्) अन्य दुष्टों को (तपन्तु) दुखी करें ॥ ७ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—मनुष्य लोग जैसे जलों का आधार समुद्र सागर का आधार भूमि उस का आधार आकाश है वैसे गृहस्थी के पदार्थों के आधार घर को बना और मंगलरूप आचरण कर के श्रेष्ठों की रक्षा किया तथा डाकुओं को पीड़ा दिया करें ॥ ७ ॥

अग्ने पावकेत्यस्य वसुयुर्ऋषिः । अग्निर्देवता ।

आर्षी गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

आप्तैर्विद्वद्भिः किं कार्य्यमित्याह ॥

आप्त विद्वानों को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

अग्ने पावक रोचिषा मन्द्रया देव जिह्वया ।
आ देवान्वक्षि यक्षि च ॥ ८ ॥

अग्ने । पावक । रोचिषा । मन्द्रया । देव । जिह्वया । आ । देवान् । वक्षि । यक्षि । च ॥ ८ ॥

पदार्थः—(अग्ने) विद्याप्रकाशकोपदेशक (पावक) जनान्तःकरणशोधक (रोचिषा) प्रकाशेन (मन्द्रया) आनन्दसाधिकया (देव) कमनीय (जिह्वया) सत्यप्रियया वाचा (आ) (देवान्) विदुषो दिव्यगुणान् वा (वक्षि) उपदिशासि (यक्षि) संगच्छसे । अत्र बहुलं छन्दसीति शपो लुक् (च) ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे पावक देवाग्ने त्वं मन्द्रया जिह्वया रोचिषा देवानावक्षि यक्षि च ॥ ८ ॥

भावार्थः—यथा सूर्यः स्वप्रकाशेन सर्वं जगद्रोचयति तथैवाप्तोपदेशकाः सर्वाञ्जनान् प्रीणीयुः ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे (पावक) मनुष्यों के हृदयों को शुद्ध करने वाले (देव) सुन्दर (अग्ने) विद्या का प्रकाश वा उपदेश करने हारे पुरुष आप (मन्द्रया) आनन्द को सिद्ध करने हारी (जिह्वया) सत्य प्रिय वाणी वा (रोचिषा) प्रकाश से (देवान्) विद्वान् वा दिव्य गुणों को (आ, वक्षि) उपदेश करते (च) और (यक्षि) समागम करते हो ॥ ८ ॥

भावार्थः—जैसे सूर्य अपने प्रकाश से सब जगत् को प्रसन्न करता हैं वैसे आप्त उपदेशक विद्वान् सब प्राणियों को प्रसन्न करें ॥ ८ ॥

स न इत्यस्य मेधातिथिर्ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदार्षी गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तदेवाह ॥

फिर उसी वि० ॥

स नः॑ पावक दीदि॒वोऽग्ने॑ दे॒वाँ २॥ इ॒हाव॑ह । उप॑ य॒ज्ञꣳ ह॒विश्च॑ नः ॥ ९ ॥

स: । न: । पावक । दीदिव इति दीदिऽव: । अग्ने । देवान् । इह । आ । वह । उप । यज्ञम् । हवि: । च । न: ॥ ९ ॥

पदार्थः—(सः) विद्वान् (नः) अस्मभ्यम् (पावक) पवित्र (दीदिवः) तेजस्विन् शत्रुदाहक वा । दीदयतिर्ज्वलतिकर्मा० निघं० १।१६ अत्र तुजादीनामित्यभ्यासस्य दीर्घः (अग्ने) सत्यासत्यविभाजक (देवान्) विदुषः (इह) (आ) (वह) (उप) (यज्ञम्) गृहाश्रमम् (हविः) हुतं द्रव्यम् (च) (नः) अस्मभ्यम् ॥ ९ ॥

अन्वयः—हे पावक दीदिवोऽग्ने स त्वं यथाऽयमग्निर्नोहविरावहति तथेह यज्ञं देवांश्च न उपावह ॥ ९ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा सूर्य्यादिरूपेणायमग्नि सर्वेभ्यो रसमूर्ध्वं नीत्वा वर्षयित्वा दिव्यानि सुखानि जनयति तथैव विद्वांसो विद्यारसमुन्नतं कृत्वा सर्वाणि सुखानि जनयेयुः ॥ ९ ॥

पदार्थः—हे (पावक) पवित्र (दीदिवः) तेजस्विन् वा शत्रुदाहक (अग्ने) सत्यासत्य का विभाग करने हारे विद्वान् (सः) पूर्वोक्त गुण वाले आप जैसे यह अग्नि (नः) हमारे लिये अच्छे गुणों वाले (हविः) हवन किये सुगन्धित द्रव्य को प्राप्त करता है वैसे (इह) इस संसार में (यज्ञम्) गृहाश्रम (च) और (देवान्) विद्वानों को (नः) हम लोगों के लिये (उप, आ, वह) अच्छे प्रकार समीप प्राप्त करें ॥ ९ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे यह अग्नि अपने सूर्य्यादि रूप से सब पदार्थों से रस को ऊपर लेजा और वर्षा के उत्तम सुखों को प्रकट करता है वैसे ही विद्वान् लोग विद्यारूप रस को उन्नति दे के सब सुखों को उत्पन्न करें ॥ ९ ॥

पावकयेत्यस्य भारद्वाज ऋषिः । अग्निर्देवता ।
निचृदार्षी जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

सेनापतिना कथम्भवितव्यमित्युपदिश्यते ॥

सेनापति को कैसा होना चाहिये यह वि० ॥

पावकया यश्चितयन्त्या कृपा क्षामन् रुरुच उषसो न भानुना । तूर्वन्न यामन्नेतशस्य नू रण आ यो घृणे न ततृषाणो अजरः ॥ १० ॥

पावकया । यः । चितयन्त्या । कृपा । क्षामन् । रुरुचे । उषसः । न । भानुना । तूर्वन् । न । यामन् । एतशस्य । नु । रणे । आ । यः । घृणे । न । ततृषाणः । अजरः ॥ १० ॥

पदार्थः—(पावकया) पवित्रकारिकया (यः) (चितयन्त्या) चेतनतायाः कर्त्र्या (कृपा) सामर्थ्येन (क्षामन्) क्षामनि राज्यभूमौ । क्षामेति पृथिवीना० निघं० १ । १ । (रुरुचे) रोचते (उषसः) प्रभाताः (न) इव (भानुना) दीप्त्या (तूर्वन्) हिंसन् (न) इव (यामन्) यामनि मार्गे प्रहरे वा (एतशस्य) अश्वस्य संबन्धीनिबलानि । एतश इत्यश्वना० निघं० १ । १४ । (नु) क्षिप्रम् । अत्र ऋचितुनु० इति दीर्घः (रणे) (आ) (यः) (घृणे) प्रदीप्ते (न) इव (ततृषाणः) पिपासितः (अजरः) जराराहितः ॥ १० ॥

अन्वयः—यः पावकया चितयन्त्या कृपा । सह वर्त्तमानः सेनापतिर्भानुनोषसो न क्षामन्रुरुचे या वा यामन्नेतशस्य नु तूर्वन् न घृणे रणे ततृषाणो नाजर आरुरुचे स राज्यङ्कर्तुमर्हति ॥ १० ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यथा सूर्यश्चन्द्रश्च दीप्त्या सुशोभेते तथैवोत्तमया स्त्रिया सुपतिः सेनया सेनापतिश्च सुप्रकाशते ॥ १० ॥

पदार्थः—(यः) जो (पावकया) पवित्रकरने और (चितयन्त्या) चेतनता कराने हारी (कृपा) शक्ति के साथ वर्त्तमान सेनापति जैसे (भानुना) दीप्ति से (उषसः) प्रभात समय शोभित होते हैं (न) वैसे (क्षामन्) राज्यभूमि में (रुरुचे) शोभित होता वा (यः) जो (यामन्) मार्ग वा प्रहर में जैसे (एतशस्य) घोड़े के बलों को (नु) शीघ्र (तूर्वन) मारता है (न) वैसे (घृणे) प्रदीप्त (रणे) युद्ध में (ततृषाणः) प्यासे के (न) समान (अजरः) अजर अजेय ज्वान निर्भय (आ) अच्छे प्रकार होता वह राज्य करने को योग्य होता है ॥ १० ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—जैसे सूर्य्य और चन्द्रमा अपनी दीप्ति से शोभित होते हैं वैसे ही सती स्त्री के साथ उत्तम पति और उत्तम सेना से सेनापति अच्छे प्रकार प्रकाशित होता है ॥ १० ॥

नमस्ते हरस इत्यस्य लोपामुद्रा ऋषिः । अग्निर्देवता ।
भुरिगार्षी बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

न्यायाधीशेन कथं भवितव्यमित्याह ॥
न्यायाधीश को कैसा होना चाहिये इस वि० ॥

नमस्ते हरसे शोचिषे नमस्ते अस्त्वर्चिषे । अन्यांस्ते अस्मत्तपन्तु हेतयः पावको अस्मभ्यꣳ शिवो भव ॥ ११ ॥

नमः । ते । हरसे । शोचिषे । नमः । ते । अस्तु । अर्चिषे । अन्यान् । ते । अस्मत् । तपन्तु । हेतयः । पावकः । अस्मभ्यम् । शिवः । भव ॥ ११ ॥

पदार्थः—(नमः) सत्करणम् (ते) तुभ्यम् (हरसे) यो दुःखं हरति तस्मै (शोचिषे) पवित्राय (नमः) (ते) (अस्तु) (अर्चिषे) पूज्याय (अन्यान्) भिन्नान् शत्रून् (ते) तव (अस्मत्) (तपन्तु) सन्तापयन्तु (हेतयः) वज्रादिशस्त्रास्त्रयुक्ताः सेनाः (पावकः) शोधकः (अस्मभ्यम्) (शिवः) न्यायकारी (भव) ॥ ११ ॥

अन्वयः—हे सभापते ते हरसेऽस्मत्कृतं नमोऽस्तु शोचिषेऽर्चिषे तेऽस्मात्प्रयुक्तं नमोऽस्तु यास्ते हेतयस्ता अस्मदन्याँस्तपन्तु पावकस्त्वमस्मभ्यं शिवो भव ॥ ११ ॥

भावार्थः—मनुष्यैः पवित्रान् जनान्न्यायाधीशान् कृत्वा दुष्टान् निवार्य्य सत्यो न्यायः प्रकाशयितव्यः ॥ ११ ॥

पदार्थः—हे सभापते (हरसे) दुःख हरने वाले (ते) तेरे लिये हमारा किया (नमः) सत्कार हो तथा (शोचिषे) पवित्र (अर्चिषे) सत्कार के योग्य (ते) तेरे लिये हमारा कहा (नमः) नमस्कार (अस्तु) हो जो (ते) तेरी (हेतयः) वज्रादि शस्त्रों से युक्त सेना हैं वे (अस्मत्) हम लोगों से भिन्न (अन्याम्) अन्य शत्रुओं को (तपन्तु) दुःखी करें (पावकः) शुद्धि करने हारे आप (अस्मभ्यम्) हमारे लिये (शिवः) न्यायकारी (भव) हूजिये ॥ ११ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि अन्तःकरण के शुद्ध मनुष्यों को न्यायाधीश बनाकर और दुष्टों की निवृत्ति करके सत्य न्याय का प्रकाश करें ॥ ११ ॥

नृषद इत्यस्य लोपामुद्रा ऋषिः । अग्निर्देवता ।
निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तदेवाह ॥
फिर उसी वि० ॥

नृषदे वेडप्सुषदे वेड्बर्हिषदे वेड्वनसदे वेट् स्वर्विदे वेट् ॥ १२ ॥

नृषदे । नृसद इति नृऽसदे । वेट् । अप्सुषदे । अप्सुसदऽइत्यप्सुऽसदे । वेट् । बर्हिषदे । बर्हिसदऽइति बर्हिऽसदे । वेट् । वनसद इति वनऽसदे । वेट् । स्वर्विद इति स्वःऽविदे । वेट् ॥ १२ ॥

पदार्थः—(नृषदे) यो नायकेषु सीदति तस्मै (वेट्) यो न्यायासने विशति सः । अत्र विशधातोरन्येभ्योपि दृश्यन्त इति विच् प्रत्ययः (अप्सुषदे) यो जलेषु नौकादिषु सीदति तस्मै (वेट्) (बर्हिषदे) यः प्रजाया वर्धके व्यवहारे तिष्ठति तस्मै (वेट्) अधिष्ठाता (वनसदे) यो वनेषु सीदति तस्मै (वेट्) (स्वर्विदे) यः सुखं वेत्तिः तस्मै (वेट्) ॥ १२ ॥

अन्वयः—हे सभेश त्वं नृषदे वेड् भवाप्सुषदे वेड् भव । बर्हिषदे वेड् भव वनसदे वेड् भव स्वर्विदे च वेड् भव ॥ १२ ॥

भावार्थः—यस्मिन् देशे न्यायाधीशनौयायिप्रजावर्द्धकारण्यस्थनायकसुखप्रापका विद्वांसो वर्त्तन्ते तत्रैव सर्वाणि सुखानि वर्द्धन्ते ॥ १२ ॥

पदार्थः—हे सभापति आप (नृषदे) नायकों में स्थिर पुरुष होने के लिये (वेट्) न्यायासन पर बैठने (अप्सुषदे) जलों के बीच नौकादि में स्थिर होने वाले के लिये (वेट्) न्याय गद्दी पर बैठने (बर्हिषदे) प्रजा को बढ़ाने हारे व्यवहार में स्थिर होने के लिये (वेट्) अधिष्ठाता होने (वनसदे) वनों में रहने वाले के लिये (वेट्) न्याय में प्रवेश करने और (स्वर्विदे) सुख को जानने हारे के लिये (वेट्) उत्साह में प्रवेश करने वाले हूजिये ॥ १२ ॥

भावार्थः—जिस देश में न्यायाधीश, नौकाओं के चलाने, प्रजा को बढ़ाने, बन में रहने, सेनादि के नायक और सुख पहुंचाने हारे विद्वान् होते है वहीं सब सुखों की वृद्धि होती है ॥ १२ ॥

ये देवा इत्यस्य लोपामुद्रा ऋषिः । प्राणो देवता ।
निचृदार्षी जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

अथ संन्यासिभिः किं कार्य्यमित्याह ॥

अब संन्यासियों को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

ये देवा देवानां यज्ञिया यज्ञियानाᳬं संवत्सरीणमुप भागमासते । अहुतादो हविषो यज्ञेऽअस्मिन्त्स्वयम्पिबन्तु मधुनो घृतस्य ॥ १३ ॥

ये । देवाः । देवानाम् । यज्ञियाः । यज्ञियानाम् । संवत्सरीणम् । उप । भागम् । आसते । अहुता-

दुइस्यंहुतऽअर्दः । हुविषः । युज्ञे । अस्मिन् । स्वयम् । पिबन्तु । मधुनः । घृतस्य ॥ १३ ॥

पदार्थः—(ये) (देवाः) विद्वांसः (देवानाम्) विदुषाम् (यज्ञियाः) ये यज्ञमर्हन्ति ते (यज्ञियानाम्) यज्ञसम्पादनकुशलानाम् (संवत्सरीणम्) यः संवत्सरं भृतस्तम् । संपरिपूर्वात् खच । अ० । ५ । १ । १२ । इति भृतार्थे खः (उप) (भागम्) सेवनीयम् (आसते) (अहुतादः) येऽहुतमदन्ति ते (हविषः) होतव्यस्य (यज्ञे) संगन्तव्ये (अस्मिन्) (स्वयम्) (पिबन्तु) (मधुनः) क्षौद्रस्य (घृतस्य) आज्यस्य जलस्य वा ॥ १३ ॥

अन्वयः—ये देवानां मध्येऽहुतादो देवा यज्ञियानां मध्ये यज्ञिया विद्वांसः संवत्सरीणं भागमुपासते तेऽस्मिन् यज्ञे मधुनो घृतस्य हविषो भागं स्वयं पिबन्तु ॥ १३ ॥

भावार्थः—येऽस्मिन् संसारेऽनग्नयोऽर्थादाहवनीयगार्हपत्यदक्षिणाग्निसम्बन्धिबाह्यकर्माणि विहायान्तरग्नयः संन्यासिनः सन्ति ते होममकुर्वन्तो भुञ्जानाः सर्वत्र विहृत्य सर्वान् जनान् वेदार्थान् बोधयेयुः ॥ १३ ॥

पदार्थः—(ये) जो (देवानाम्) विद्वानों में (अहुतादः) विना हवन किये हुए पदार्थ का भोजन करने हारे (देवाः) विद्वान् (यज्ञियानाम्) वा यज्ञ करने में कुशल पुरुषों में (यज्ञियाः) योगाभ्यासादि यज्ञ के योग्य विद्वान् लोग (संवत्सरीणम्) वर्ष भर पुष्ट किये (भागम्) सेवने योग्य उत्तम परमात्मा की (उपासते) उपासना करते हैं वे (अस्मिन्) इस (यज्ञे) समागमरूप यज्ञ में (मधुनः) सहत (घृतस्य) जल और (हविषः) हवन के योग्य पदार्थों के भाग को (स्वयम्) अपने आप (पिबन्तु) सेवन करें ॥ १३ ॥

भावार्थः—जो विद्वान् लोग इस संसार में अग्निक्रिया से रहित अर्थात् आहवनीय गार्हपत्य और दक्षिणाग्नि संबन्धी बाह्य कर्मों को छोड़ के आभ्यन्तर अग्नि को धारण करने वाले संन्यासी हैं वे होम को नहीं किये भोजन करते हुए सर्वत्र विचर के सब मनुष्यों को वेदार्थ का उपदेश किया करें ॥ १३ ॥

ये इत्यस्य लोपामुद्रा ऋषिः । प्राणो देवता ।

आर्षी जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

अथोत्तमा विद्वांसः कीदृशा भवन्तीत्याह ॥

अब उत्तम विद्वान् लोग कैसे होते हैं यह वि० ॥

ये देवा देवेष्वधि देवत्वमायन्ये ब्रह्मणः पुरएतारो अस्य । येभ्यो न ऋते पवते धाम किं चन न ते दिवो न पृथिव्या अधिस्नुषु ॥ १४ ॥

ये । देवाः । देवेषु । अधि । देवत्वमिति देवऽत्वम् । आयन् । ये । ब्रह्मणः । पुरएतार इति पुरःऽएतारः । अस्य । येभ्यः । न । ऋते । पवते । धाम । किम् । चन । न । ते । दिवः । न । पृथिव्याः । अधि । स्नुषु ॥ १४ ॥

पदार्थः—(ये) (देवाः) पूर्णविद्वांसः (देवेषु) विद्वत्सु (अधि) उपरिविराजमानाः (देवत्वम्) विदुषां कर्म भावं वा (आयन्) प्राप्नुवन्ति (ये) (ब्रह्मणः) परमेश्वरस्य (पुरएतारः) पूर्वं प्राप्तारः (अस्य) (येभ्यः) (न) निषेधे (ऋते) विना

(पवते) पवित्रीभवति (धाम) दधति सुखानि यस्मिंस्तत् (किम्) (चन) (न) (ते) विद्वांसः (दिवः) सूर्यस्य (न) (पृथिव्याः) भूमेः (अधि) (स्नुषु) प्रान्तेषु ॥ १४ ॥

अन्वयः—ये देवा देवेष्वधि देवत्वमायन् येऽस्य ब्रह्मणः पुरएतारः सन्ति येभ्य ऋते किं चन धाम न पवते ते न दिवः स्नुषु न च पृथिव्याः अधि स्नुष्वायन् नाधिवसन्तीति यावत् ॥१४॥

भावार्थः—येऽत्र जगति विद्वत्तमा योगाधिराजा याथातथ्येन परमेश्वरं जानन्ति तेनिखिलजनशोधकाः सन्तो जीवन्मुक्तिदशायां परोपकारमाचरन्तो विदेहमुक्तिदशायां न सूर्यलोके नच पृथिव्यां नियतं वसन्ति किन्तु ब्रह्मणि स्थित्वाऽव्याहतगत्या सर्वत्राभिविहरन्ति ॥ १४ ॥

पदार्थः—(ये) जो (देवाः) पूर्णविद्वान् (देवेषु, अधि) विद्वानों में सब से उत्तम कक्षा में विराजमान (देवत्वम्) अपने गुण कर्म और स्वभाव को (आयन्) प्राप्त होते हैं और (ये) जो (अस्य) इस (ब्रह्मणः) परमेश्वर को (पुरएतारः) पहिले प्राप्त होने वाले हैं (येभ्यः) जिन के (ऋते) विना (किम्) (चन) कोई भी (धाम) सुख का स्थान (न) नहीं (पवते) पवित्र होता (ते) वे विद्वान् लोग (न) न (दिवः) सूर्यलोक के प्रदेशों और (न) न (पृथिव्याः) पृथिवी के (अधि, स्नुषु) किसी भाग में अधिक वसते हैं ॥ १४ ॥

भावार्थः—जो इस जगत् में उत्तम विद्वान् योगीराज यथार्थता से परमेश्वर को जानते हैं वे संपूर्ण प्राणियों को शुद्ध करनें और जीवन्मुक्तिदशा में परोपकार करते हुए विदेहमुक्ति अवस्था में न सूर्य्यलोक और न पृथिवी पर नियम से वसते हैं किन्तु ईश्वर में स्थिर हो के अव्याहतगति से सर्वत्र विचरा करते हैं ॥ १४ ॥

प्राणदा इत्यस्य लोपामुन्द्रा ऋषिः । अग्निर्देवता ।
विराडार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

विद्वद्राजानौ कीदृशौ स्यातामित्याह ॥
विद्वान् और राजा कैसे हों यह वि० ॥

प्राणदा अपानदा व्यानदा वर्चोदा वरिवोदाः । अन्याँस्तेऽअस्मत्तपन्तु हेतयः पावकोऽअस्मभ्यꣳ शिवो भव ॥ १९ ॥

प्राणदाऽइति प्राणऽदाः । अपानदाऽइत्यपानऽदाः । व्यानऽदा इति व्यानऽदाः । वर्चोदाऽइति वर्चःऽदाः । वरिवोदाऽइति वरिवःऽदाः । अन्यान् । ते । अस्मत् । तपन्तु । हेतयः । पावकः । अस्मभ्यम् । शिवः । भव ॥ १९ ॥

पदार्थः—(प्राणदाः) याः प्राणं जीवनं बलं च ददति ताः (अपानदाः) या अपानं दुःखदूरीकरणसाधनं प्रयच्छन्ति ताः (व्यानदाः) या व्याप्तिविज्ञानं ददति (वर्चोदाः) सकलविद्याध्ययनप्रदाः (वरिवोदाः) सत्यधर्मविद्वत्सेवाप्रापिकाः (अन्यान्) (ते) तव (अस्मत्) (तपन्तु) (हेतयः) वज्रवद्वर्त्तमाना शस्त्रास्त्रोन्नतयः (पावकः) शुद्धिप्रचारकः (अस्मभ्यम्) (शिवः) (भव) ॥ १९ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् राजन् ते तव या अस्मभ्यं प्राणदा

अपानदा व्यानदा वर्चोदा वरिवोदा हेतयो भूत्वाऽस्मदन्यांस्तपन्तु ताभिः पावकः संस्त्वमस्मभ्यं शिवो भव ॥ १५ ॥

भावार्थः—स एव राजा यो न्यायस्य वर्द्धकः स्यात् स एव विद्वान् यो विद्यया न्यायस्य विज्ञापको भवेत् न स राजा यः प्रजाः पीडयेत् न स विद्वान् योऽन्यान् विदुषो न कुर्य्यात् न ताः प्रजा या नीतिज्ञं राजानं न सेवेरन् ॥ १५ ॥

पदार्थः—हे विद्वान् राजन् (ते) आप की जो उन्नति वा शस्त्रादि (अस्मभ्यम्) हम लोगों के लिये (प्राणदाः) जीवन तथा बल को देने वा (अपानदाः) दुःख दूर करने के साधन को देने वा (व्यानदाः) व्याप्ति और विज्ञान को देने (वर्चोदाः) सब विद्याओं के पढ़ने का हेतु को देने और (वरिवोदाः) सत्य धर्म्म और विद्वानों की सेवा को व्याप्त कराने वाली (हेतयः) वज्रादि शस्त्रों की उन्नतियां (अस्मत्) हम से (अन्यान्) अन्य दुष्ट शत्रुओं को (तपन्तु) दुःखी करें उन के सहित (पावकः) शुद्धि का प्रचार करते हुए आप हम लोगों के लिये (शिवः) मंगलकारी (भव) हूजिये ॥ १५ ॥

भावार्थः—वही राजा है जो न्याय को बढ़ानें वाला हो और वही विद्वान् है जो विद्या से न्याय को जनाने वाला हो और वह राजा नहीं जो कि प्रजा को पीड़ा दे और वह विद्वान् भी नहीं जो दूसरों को विद्वान् न करे और वे प्रजा जन भी नहीं जो नीतियुक्त राजा की सेवा न करें ॥ १५ ॥

अग्निरित्यस्य भारद्वाज ऋषिः । अग्निर्देवता ।
निचृदार्षी गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥
विद्वान् कीदृशो भवेदित्याह ॥
विद्वान् कैसा हो इस वि० ॥

अग्निस्तिग्मेन शोचिषा यासद्विश्वन्न्यत्रिणम् ।
अग्निर्नो वनते रयिम् ॥ १६ ॥

अ॒ग्निः । ति॒ग्मेन॑ । शो॒चिषा॑ । यास॑त् । विश्व॑म् । नि । अ॒त्रिण॑म् । अ॒ग्निः । नः॒ । व॒न॒ते॒ । र॒यिम् ॥ १६ ॥

पदार्थः-(अग्निः) विद्युत् (तिग्मेन) तीव्रेण (शोचिषा) प्रकाशेन (यासत्) प्राप्नोति (विश्वम्) सर्वम् (नि) (अत्रिणम्) अत्तुं भोक्तुं योग्यम् (अग्निः) (नः) अस्मभ्यम् (वनते) विभजति (रयिम्) द्रव्यम् ॥ १६ ॥

अन्वयः-हे विद्वन् यथाऽग्निस्तिग्मेन शोचिषा विश्वमत्रिणं यासत् यथाग्निर्विद्युन्नोरयिं निवनते तथा त्वामस्मदर्थं भव ॥ १६ ॥

भावार्थः-अत्र वाचकलु०-विद्वद्भिर्यथा पावकः स्वतेजसा शुष्कमशुष्कं तृणादिकं दहति तथाऽस्माकं सर्वान्दोषान्दग्ध्वा गुणाः प्रापणीयाः । यथा विद्युत् सर्वान् पदार्थान्सेवते तथास्मभ्यं सर्वां विद्यां सेवयित्वा वयमविद्यायाः पृथक्करणीयाः ॥ १६ ॥

पदार्थः-हे विद्वान् पुरुष जैसे (अग्निः) अग्नि (तिग्मेन) तीव्र (शोचिषा) प्रकाश से (अत्रिणम्) भोगने योग्य (विश्वम्) सब को (यासत्) प्राप्त होता है कि जैसे (अग्निः) विद्युत् अग्नि (नः) हमारे लिये (रयिम्) धन को (नि, वनते) निरन्तर विभाग कर्त्ता है वैसे हमारे लिये आप भी हूजिये ॥ १६ ॥

भावार्थः-इस मन्त्र में वाचकलु०-विद्वानों को चाहिये कि जैसे अग्नि अपने तेज से सूखे गीले सब तृणादि को जला देता है वैसे हमारे सब दोषों को भस्म कर गुणों को प्राप्त करें जैसे बिजुली सब पदार्थों का सेवन करती है वैसे हम को सब विद्या का सेवन करा के अविद्या से पृथक् किया करें ॥ १६ ॥

य इमा इत्यस्य भुवनपुत्रो विश्वकर्मा ऋषिः । विश्वकर्मा देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथेश्वरः कीदृशोऽस्तीत्युपदिश्यते ॥

अब ईश्वर कैसा है इस वि० ॥

य इमा विश्वा भुवनानि जुह्वदृषिर्होता न्यसीदत्पिता नः । स आशिषा द्रविणमिच्छमानः प्रथमच्छदवराँ२॥ऽआविवेश ॥ १७ ॥

यः । इमा । विश्वा । भुवनानि । जुह्वत् । ऋषिः । होता । नि । असीदत् । पिता । नः । सः । आशिषेत्याऽशिषा । द्रविणम् । इच्छमानः । प्रथमच्छदिति प्रथमऽछत् । अवरान् । आ । विवेश ॥ १७ ॥

पदार्थः—(यः) (इमा) इमानि (विश्वा) विश्वानि (भुवनानि) (जुह्वत्) आददत् (ऋषिः) ज्ञाता (होता) दाताऽऽदाता वा (नि) (असीदत्) सीदति (पिता) पालकः (नः) अस्माकम् (सः) (आशिषा) आशीर्वादेन (द्रविणम्) धनम् (इच्छमानः) अत्र व्यत्ययेनात्मनेपदम् (प्रथमच्छत्) यः प्रथमान् विस्तृतान् छादयति (अवरान्) अर्वाचीनानाकाशादीन् (आ) समन्तात् (विवेश) विष्टोऽस्ति ॥ १७ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या य ऋषिर्होता नः पिता परमेश्वर इमा विश्वा भुवनानि न्यसीदत्सर्वाँल्लोकान् जुह्वत् स आशिषा द्रविणमिच्छमानः प्रथमच्छदवरानाविवेशेति यूयं विजानीत ॥ १७ ॥

भावार्थः—सर्वे मनुष्या यः सकलस्य जगतो रचको धारकः पालको विनाशकः सर्वेभ्यो जीवेभ्यः सर्ववस्तुप्रदः परमेश्वरः स्वव्याप्त्याकाशादिषु प्रविष्टोऽस्ति तमेव सततमुपासीरन् ॥ १७ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो (यः) जो (ऋषिः) ज्ञानस्वरूप (होता) सब पदार्थों को देने वा ग्रहण करने हारा (नः) हम लोगों का (पिता) रक्षक परमेश्वर (इमा) इन (विश्वा) सब (भुवनानि) लोकों को व्याप्त होके (न्यसीदत्) निरन्तर स्थित है और जो सब लोकों का (जुह्वत्) धारण कर्त्ता है (सः) वह (आशिषा) आशीर्वाद से हमारे लिये (द्रविणम्) धन को (इच्छमानः) चाहता और (प्रथमच्छत्) विस्तृत पदार्थों को आच्छादित करता हुआ (अवरान्) पूर्ण आकाशादि को (आविवेश) अच्छे प्रकार व्याप्त हो रहा है यह तुम जानो ॥ १७ ॥

भावार्थः—सब मनुष्य लोग जो सब जगत् को रचने धारण करने पालने तथा विनाश करने और सब जीवों के लिये सब पदार्थों को देने वाला परमेश्वर अपनी व्याप्ति से आकाशादि में व्याप्त हो रहा है उसी की उपासना करें ॥ १७ ॥

किंस्विदित्यस्य भुवनपुत्रो विश्वकर्मा ऋषिः । विश्वकर्मा देवता । भुरिगार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तदेवाह ॥

फिर उसी वि० ॥

कि॒ꣳस्वि॑दासीदधि॒ष्ठान॑मा॒रम्भ॑णं कत॒मत्स्वि॑त्क॒थासी॑त् । यतो॒ भूमिं॑ ज॒नय॑न्वि॒श्वक॑र्मा॒ वि द्यामौर्णो॑न्महि॒ना वि॒श्वच॑क्षाः ॥ १८ ॥

किम्। स्वित्। आसीत्। अधिष्ठानम्। अधिस्थानमित्यधिऽस्थानम्। आरम्भणमित्याऽरम्भणम्। कतमत्। स्वित्। कथा। आसीत्। यतः। भूमिम्। जनयन्। विश्वकर्मेति विश्वऽकर्मा। वि। द्याम्। और्णोत्। महिना। विश्वचक्षाऽइति विश्वऽचक्षाः ॥ १८ ॥

पदार्थः—(किम्) प्रश्ने (स्वित्) वितर्के (आसीत्) (अधिष्ठानम्) अधितिष्ठन्ति यस्मिंस्तत् (आरम्भणम्) आरभते यस्मात्तत् (कतमत्) बहूनामुपादानानां मध्ये किमिति प्रश्ने (स्वित्) (कथा) केन प्रकारेण (आसीत्) अस्ति (यतः) (भूमिम्) (जनयन्) उत्पादयन् (विश्वकर्मा) विश्वान्यखिलानि कर्माणि यस्य परमेश्वरस्य सः (वि) विविधतया (द्याम्) सूर्यादिलोकम् (और्णोत्) ऊर्णुत आच्छादयति (महिना) स्वस्य महिम्ना। अत्र छान्दसो वर्णलोप इति मकारलोपः (विश्वचक्षाः) यो विश्वं सर्वं जगच्चष्टे पश्यति सः ॥१८॥

अन्वयः—हे विद्वन्नस्य जगतोऽधिष्ठानं किं स्विदासीत्। आरम्भणं कतमत् कथा स्विदासीत्। यतो विश्वकर्मा विश्वचक्षा जगदीश्वरो भूमिं द्यां च जनयन् महिना व्यौर्णोत् ॥ १८ ॥

भावार्थः—हे जना युष्माभिरिदं जगत् क्व वसति किमारम्भणं चास्य किमर्थं जायतइति प्रश्नस्येदमुत्तरम्। यो जगदीश्वरः

कार्य्यरूपं जगदुत्पाद्य स्वव्याप्त्या सर्वमाच्छाद्य सर्वज्ञतया सर्वं पश्यति सोऽधिष्ठानमारम्भणं चास्ति सर्वशक्तिमान् रचनादिसामर्थ्ययुक्तोऽस्ति जीवेभ्यः पापपुण्यफलदानाय भोजयितुं सर्वं रचितवानिति वेद्यम् ॥ १८ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् पुरुष इस जगत् का (अधिष्ठानम्) आधार (किं, स्वित्) क्या आश्चर्यरूप (आसीत्) है तथा (आरम्भणम्) इस कार्य जगत् की रचना का आरम्भ कारण (कतमत्) बहुत उपादानों में क्या और वह (कथा) किस प्रकार से (स्वित्) तर्क के साथ (आसीत्) है कि (यतः) जिस से (विश्वकर्मा) सब सत्कर्मों वाला (विश्वचक्षाः) सब जगत् का द्रष्टा जगदीश्वर (भूमिम्) पृथिवी और (द्याम्) सूर्यादि लोक को (जनयन्) उत्पन्न करता हुआ (महिना) अपनी महिमा से (व्यौर्णोत्) विविध प्रकार से आच्छादित करता है ॥ १८ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो तुम को यह जगत् कहां बसता क्या इस का कारण और किस लिये उत्पन्न होता है इन प्रश्नों का उत्तर यह है कि जो जगदीश्वर कार्य जगत् को उत्पन्न तथा अपनी व्याप्ति से सब का आच्छादन करके सर्वज्ञता से सब को देखता है वह इस जगत् का आधार और निमित्त कारण है वह सर्वशक्तिमान् रचना आदि के सामर्थ्य से युक्त है जीवों को पाप पुण्य का फल देने भोगवाने के लिये इस सब संसार को रचा है ऐसा जानना चाहिये ॥ १८ ॥

विश्वत इत्यस्य भुवनपुत्रो विश्वकर्मा ऋषिः । विश्वकर्मा देवता । भुरिगार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तदेवाह ॥

फिर उसी वि० ॥

विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुखो विश्वतोबाहुरुत विश्वतस्पात् । सं बाहुभ्यां धमति सं पतत्रैर्द्यावाभूमी जनयन्देव एकः ॥ १९ ॥

विश्वतंश्चक्षुरिति विश्वतःऽचक्षुः । उत । विश्वतोमुख इति विश्वतःऽमुखः । विश्वतोबाहुरिति विश्वतःऽबाहुः । उत । विश्वतस्पात् । विश्वतःपादिति विश्वतःऽपात् । सम् । बाहुभ्यामिति बाहुऽभ्याम् । धमति । सम् । पतत्रैः । द्यावाभूमीइति द्यावाभूमी । जनयन् । देवः । एकः ॥ १९ ॥

पदार्थः—(विश्वतश्चक्षुः) विश्वतः सर्वस्मिञ्जगति चक्षुः दर्शनं यस्य सः (उत) अपि (विश्वतोमुखः) विश्वतः सर्वतो मुखमुपदेशनमस्य सः (विश्वतोबाहुः) सर्वतो बाहुर्बलं वीर्यं वा यस्य सः (उत) अपि (विश्वतस्पात्) विश्वतः सर्वत्र पात् गतिर्व्याप्तिर्यस्य सः (सम्) सम्यक् (बाहुभ्याम्) अनन्ताभ्यां बलवीर्य्याभ्याम् (धमति) प्राप्नोति । धमतीति गतिकर्मा० निघं० २ । १४ (सम्) (पतत्रैः) पतनशीलैः परमाण्वादिभिः (द्यावाभूमी) सूर्य्यपृथिवीलोकौ (जनयन्) कार्य्यरूपेण प्रकटयन् सन् (देवः) स्वप्रकाशः (एकः) अद्वितीयोऽसहायः ॥ १९ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं यो विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुखो विश्वतोबाहुरुत विश्वतस्पादेको देवः पतत्रैर्द्यावाभूमी संजनयन् सन् बाहुभ्यां सर्वं जगत्संधमति तमेवेष्टमुपास्यमभिरक्षकं परमेश्वरं जानीत ॥ १९ ॥

भावार्थः—यस्सूक्ष्मात्सूक्ष्मो महतो महान् निराकारोऽनन्तसामर्थ्यः सर्वत्राभिव्याप्तो देवोऽद्वितीयः परमात्मास्ति सएवाति सूक्ष्मात्कारणात्स्थूलं कार्यं रचयितुं विनाशयितुं वा समर्थो वर्त्तते । यएतस्योपासनं विहायान्य मुपास्ते कस्तस्मादन्यो जगति दुर्भगोऽस्ति ॥ १९ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुम लोग जो (विश्वतश्चक्षुः) सब संसार को देखने (उत) और (विश्वतोमुखः) सब ओर से सब को उपदेश करने हारा (विश्वतोबाहुः) सब प्रकार से अनन्त बल तथा पराक्रम से युक्त (उत) और (विश्वतस्पात्) सर्वत्र व्याप्ति वाला (एकः) अद्वितीय सहायरहित (देवः) अपने आप प्रकाशस्वरूप (पतत्रैः) क्रियाशील परमाणु आदि से (द्यावाभूमी) सूर्य्य और पृथिवी लोक को (सं, जनयन्) कार्य्यरूप प्रकट करता हुआ (बाहुभ्याम्) अनन्तबल पराक्रम से सब जगत् को (सं, धमति) सम्यक् प्राप्त हो रहा है उसी परमेश्वर को अपना सब ओर से रक्षक उपास्य देव जानो ॥ १९ ॥

भावार्थः—जो सूक्ष्म से सूक्ष्म बड़े से बड़ा, निराकार, अनन्त सामर्थ्य वाला सर्वत्र अभिव्याप्त प्रकाशस्वरूप अद्वितीय परमात्मा है वही अति सूक्ष्मकारण से स्थूल कार्य रूप जगत् के रचने और विनाश करने को समर्थ है । जो पुरुष इस को छोड़ अन्य की उपासना करता है उस से अन्य जगत् में भाग्यहीन कौन पुरुष है ? ॥ १९ ॥

किंस्विदित्यस्य भुवनपुत्रो विश्वकर्मा ऋषिः । विश्वकर्मा देवता । स्वराडार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तदेवाह ॥

फिर उसी वि० ॥

किं स्विद्वनं क उ स वृक्ष आस यतो द्यावापृथिवी निष्टतक्षुः । मनीषिणो मनसा पृच्छतेदु तद्यदध्यतिष्ठद् भुवनानि धारयन् ॥ २० ॥

किम् । स्वित् । वनम् । कः । ऊँऽइत्यूँ । सः । वृक्षः । आस । यतः । द्यावापृथिवी इति द्यावापृथिवी । निष्टतक्षुः । निस्ततक्षुरिति निःऽततक्षुः । मनीषिणः । मनसा । पृच्छत । इत् । ऊँऽइत्यूँ । तत् । यत् । अध्यतिष्ठदित्यधिऽअतिष्ठत् । भुवनानि । धारयन् ॥ २० ॥

पदार्थः—(किम्) (स्वित्) (वनम्) संभजनीयं कारणवनम् (कः) (उ) वितर्के (सः) परोक्षे (वृक्षः) यो वृश्च्यते छिद्यते स संसारः (आस) आस्ति (यतः) यस्य प्रकृत्याख्यकारणस्य सकाशात् (द्यावापृथिवी) विस्तृतौ सूर्यभूमिलोकौ (निष्टतक्षुः) नितरां ततक्ष । अत्र वचनव्यत्ययः (मनीषिणः) मनस ईषिणो योगिनः (मनसा) विज्ञानेन (पृच्छत) (इत्) एव (उ) प्रसिद्धौ (तत्) सः (यत्) यः (अध्यतिष्ठत्) अधिष्ठातृत्वेन वर्त्तते (भुवनानि) भवन्ति भूतानि येषु ताँल्लोकान् (धारयन्) वायुविद्युत् सूर्यादिना धारणं कारयन् ॥ २० ॥

अन्वयः—हे मनीषिणो यूयं मनसा विदुषः प्रति किं स्विद्वनं क उ स वृक्ष आसेति पृच्छत यतो द्यावापृथिवी को निष्टतक्षुः । यद्यो भुवनानि धारयन्नध्यतिष्ठत् तदिदु ब्रह्म विजानीतेत्युत्तरम् ॥ २० ॥

भावार्थः—अत्र पादत्रयेण प्रश्नः पादैकेनोत्तरम् । वृक्ष शब्देन कार्यं वनशब्देन कारणं चोच्यते यथा सर्ववस्तूनि पृथिवी पृथिवीं सूर्यः सूर्यं विद्युद्विद्युतं वायुश्च धरति तथैवैतान् जगदीश्वरो दधाति ॥ २० ॥

पदार्थः—(प्रश्न) हे (मनीषिणः) मन का निग्रह करने वाले योगी जनो तुम लोग (मनसा) विज्ञान के साथ विद्वानों के प्रति (किं, स्वित्) क्या (वनम्) सेवने योग्य कारणरूप वन तथा (कः) कौन (उ) वितर्क के साथ (सः) वह (वृक्ष) छिद्यमान अनित्य कार्यरूप संसार (आस) है ऐसा (पृच्छत) पूंछो। कि (यतः) जिस से (द्यावापृथिवी) विस्तारयुक्त सूर्य्य और भूमि आदि लोकों को किस ने (निष्टतक्षुः) भिन्न २ बनाया है। (उत्तर) (यत्) जो (भुवनानि) प्राणियों के रहने के स्थान लोक लोकान्तरों को (धारयन्) वायु विद्युत् और सूर्य्यादि से धारण कराता हुआ (अध्यतिष्ठत्) अधिष्ठाता है (तत्) (इत्) उसी (उ) प्रसिद्ध ब्रह्म को इस सब का कर्त्ता जानो ॥ २० ॥

भावार्थः—इस मन्त्र के तीन पादों से प्रश्न और अंत्य के एक पाद से उत्तर दिया है। वृक्ष शब्द से कार्य और वन शब्द से कारण का ग्रहण है जैसे सब पदार्थों को पृथिवी, पृथिवी को सूर्य, सूर्य को विद्युत और बिजुली को वायु धारण करता है वैसे ही इन सब को ईश्वर धारण करता है ॥ २० ॥

या त इत्यस्य भुवनपुत्रो विश्वकर्मा ऋषिः। विश्वकर्मा देवता। आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

या ते धामा॑नि पर॒माणि॒ याऽव॒मा या म॑ध्य॒मा विश्वकर्मन्नु॒तेमा। शिक्षा॒ सखि॑भ्यो ह॒विषि॑ स्वधावः स्व॒यं य॑जस्व त॒न्वं॑ वृधा॒नः ॥ २१ ॥

या। ते। धामा॑नि। प॒रमाणि॑। या। अ॒व॒मा। या। म॒ध्य॒मा। वि॒श्व॒क॒र्म॒न्निति॑ विश्वऽकर्मन्। उ॒त। इ॒मा। शि॒क्ष॒। सखि॑भ्य॒ऽइति॒ सखि॑ऽभ्यः।

हविषि । स्वधाव॒ऽइति॒ स्वधाऽवः । स्वयम् । यज-स्व । तन्व॑म् । वृधानः ॥ २१ ॥

पदार्थः—(या) यानि । अत्र शेर्लुक् (ते) तव परमात्मनः (धामानि) दधति पदार्थान् येषु यैर्वा तानि जन्मस्थाननामानि (परमाणि) उत्तमानि (या) यानि (अवमा) कनिष्ठानि (या) यानि (मध्यमा) मध्यमानि मध्यस्थानि (विश्वकर्मन्) समग्रोत्तमकर्मकारिन् (उत) (इमा) इमानि (शिक्ष) शुभगुणानुपदिश । अत्र द्व्यचोतस्तिङ इति दीर्घः (सखिभ्यः) मित्रेभ्यः (हविषि) दातुमादातुमर्हे व्यवहारे (स्वधावः) वह्वन्नयुक्त (स्वयम्) आज्ञापालकेभ्यः (यजस्व) संगच्छस्व (तन्वम्) शरीरम् (वृधानः) वृद्धं कुर्वन् ॥ २१ ॥

अन्वयः—हे स्वधावो विश्वकर्मन् जगदीश्वर ते सृष्टौ या परमाणि याऽवमा या मध्यमा धामानि सन्ति तानीमा हविषि स्वयं यजस्व । उताप्यस्माकं तन्वं वृधानोऽस्मभ्यं सखिभ्यः शिक्ष ॥२१॥

भावार्थः—यथेहेश्वरेण निकृष्टमध्यमोत्तमानि वस्तूनि स्थानानि च रचितानि तथैव सभापत्यादिभिस्त्रिविधानि स्थानानि रचयित्वा वस्तूनि प्राप्य ब्रह्मचर्येण शरीरबलं वर्धयित्वा मित्राणि सुशिक्ष्यैश्वर्ययुक्तैर्भवितव्यम् ॥ २१ ॥

पदार्थः—हे (स्वधावः) बहुत अन्न से युक्त (विश्वकर्मन्) सब उत्तम कर्म करने वाले जगदीश्वर (ते) आप की सृष्टि में (या) जो (परमाणि) उत्तम (या) जो (अवमा) निकृष्ट (या) जो (मध्यमा) मध्य कक्षा के (धामानि) सब पदार्थों के आधारभूत जन्म स्थान तथा नाम हैं (इमा) इन सब को (हविषि)

देने लेने योग्य व्यवहार में (स्वयम्) आप (यजस्व) संगत कीजिये (उत) और हमारे (तन्वम्) शरीर की (वृधानः) उन्नति करते हुए (सखिभ्यः) आप की आज्ञापालक हम मित्रों के लिये (शिक्ष) शुभ गुणों का उपदेश कीजिये ॥ २१ ॥

भावार्थः—जैसे इस संसार में ईश्वर ने निकृष्ट मध्यम और उत्तम वस्तु तथा स्थान रचे हैं वैसे ही सभापति आदि को चाहिये कि तीन प्रकार के स्थान रच वस्तुओं को प्राप्त हो ब्रह्मचर्य से शरीर का बल बढ़ा और मित्रों को अच्छी शिक्षा देके ऐश्वर्ययुक्त होवें ॥ २१ ॥

विश्वकर्मन्नित्यस्य भुवनपुत्रो विश्वकर्मा ऋषिः । विश्वकर्मा देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

विश्वकर्मन् हविषा वावृधानः स्वयं यजस्व पृथिवीमुत द्याम् । मुह्यन्त्वन्येऽअभितः सपत्ना इहास्माकं मघवा सूरिरस्तु ॥ २२ ॥

विश्वकर्मन्निति विश्वऽकर्मन् । हविषा । वावृधानः । वावृधान इति ववृधानः । स्वयम् । यजस्व । पृथिवीम् । उत । द्याम् । मुह्यन्तु । अन्ये । अभितः । सपत्ना इति सऽपत्नाः । इह । अस्माकम् । मघवेति मघऽवा । सूरिः । अस्तु ॥ २२ ॥

पदार्थः—(विश्वकर्मन्) अखिलोत्तमकर्मकारिन् (हविषा)

हवनेनोत्तमगुणादानेन (वावृधानः) वर्धमानः सन् (स्वयम्) (यजस्व) संगतं कुरु (पृथिवीम्) (उत) अपि (द्याम्) सूर्यादिलोकम् (मुह्यन्तु) (अन्ये) (अभितः) सर्वतः (सपत्नाः) शत्रवः (इह) (अस्माकम्) (मघवा) पूजितधनयुक्तः (सूरिः) विद्वान् (अस्तु) ॥ २२ ॥

अन्वयः—हे विश्वकर्मन् हविषा वावृधानः सन् यथेश्वरः पृथिवीमुत द्यां संगमयति तथा त्वंस्वयं यजस्वेह मघवा सूरिरस्तु यतोऽस्माकमन्ये सपत्ना अभितो मुह्यन्तु ॥ २२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—ये मनुष्या ईश्वरेण यस्मै प्रयोजनाय यद् वस्तु रचितं तत्तथाविज्ञायोपकुर्वन्ति तेषां दारिद्र्यालस्यादिदोषक्षयाच्छत्रवः प्रलीयन्ते ते स्वयं च विद्वांसो जायन्ते ॥ २२ ॥

पदार्थः—हे (विश्वकर्मन्) संपूर्ण उत्तम कर्म करने हारे सभापति (हविषा) उत्तम गुणों के ग्रहण से (वावृधानः) उन्नति को प्राप्त हुआ जैसे ईश्वर (पृथिवीम्) भूमि (उत) और (द्याम्) सूर्यादि लोक को संगत करता है वैसे आप (स्वयम्) आप ही (यजस्व) सब से समागम कीजिये (इह) इस जगत् में (मघवा) प्रशंसित धनवान् पुरुष (सूरिः) विद्वान् (अस्तु) हो जिस से (अस्माकम्) हमारे (अन्ये) और (सपत्नाः) शत्रुजन (अभितः) सब ओर से (मुह्यन्तु) मोह को प्राप्त हों ॥ २२ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जो मनुष्य ईश्वर ने जिस प्रयोजन के लिये जो पदार्थ रचा है उस को वैसा जान के उपकार लेते हैं उन की दरिद्रता और आलस्यादि दोषों का नाश होने से शत्रुओं का प्रलय होता और वे आप भी विद्वान् हो जाते हैं ॥ २२ ॥

वाचस्पतिमित्यस्य भुवनपुत्रो विश्वकर्मा ऋषिः । विश्वकर्मा देवता । भुरिगार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

किंभूतो जनो राज्याधिकारे नियोज्य इत्याह ॥

कैसा पुरुष राज्य के अधिकार पर नियुक्त करना चाहिये इस वि० ॥

वाचस्पतिं विश्वकर्माणमूतये मनोजुवं वाजे अद्या हुवेम । स नो विश्वानि हवनानि जोषद्विश्वशम्भूरवसे साधुकर्मा ॥ २३ ॥

वाचः । पतिम् । विश्वकर्माणमिति विश्वऽकर्माणम् । ऊतये । मनोजुवमिति मनःऽजुवम् । वाजे । अद्य । हुवेम । सः । नः । विश्वानि । हवनानि । जोषत् । विश्वशम्भूरिति विश्वऽशम्भूः । अवसे । साधुकर्मेति साधुऽकर्मा ॥ २३ ॥

पदार्थः—(वाचस्पतिम्) वाचो वेदवाण्याः पालकम् (विश्वकर्माणम्) अखिलेषु कर्मसुकुशलम् (ऊतये) रक्षणाद्याय (मनोजुवम्) मनोवद्वेगवन्तम् (वाजे) संग्रामादौ कर्मणि (अद्य) अस्मिन् दिने । अत्र संहितायामिति दीर्घः (हुवेम) स्वीकुर्याम (सः) (नः) अस्माकम् (विश्वानि) सर्वाणि (हवनानि) ग्राह्याणि कर्माणि (जोषत्) जुषताम् । अत्र व्यत्ययेन परस्मैपदम् (विश्वशम्भूः) विश्वस्मै शं सुखं भावुकः (अवसे) रक्षणाद्याय (साधुकर्मा) धर्म्यकर्मानुष्ठाता ॥ २३ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या वयमूतये यं वाचस्पतिं मनोजुवं वि-

श्वकर्माणं महात्मानं वाजे हुवेम स विश्वशम्भूः साधुकर्मा नो-वसेऽद्य विश्वानि हवनानि जोषञ्जुषताम् ॥ २३ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्येन ब्रह्मचर्येणाखिला विद्याधीता यो धार्मिकोऽनलसो भूत्वा पक्षपातं विहायोत्तमानि कर्माणि सेवते पूर्णशरीरात्मबलः स सर्वस्याः प्रजाया रक्षणे सर्वाधिपतीराजा विधेयः ॥ २३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो हम लोग (ऊतये) रक्षा आदि के लिये जिस (वाचस्पतिम्) वेदवाणी के रक्षक (मनोजुवम्) मन के समान वेगवान् (विश्वकर्माणम्) सब कर्मों में कुशल महात्मा पुरुष को (वाजे) संग्राम आदि कर्म में (हुवेम) बुलावें (सः) वह (विश्वशम्भूः) सब के लिये सुखप्रापक (साधुकर्मा) धर्मयुक्त कर्मों का सेवन करने हारा विद्वान् (नः) हमारी (अवसे) रक्षा आदि के लिये (अद्य) आज (विश्वानि) सब (हवनानि) ग्रहण करने योग्य कर्मों को (जोषत्) सेवन करे ॥ २३ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि जिस ने ब्रह्मचर्य नियम के साथ सब विद्या पढ़ीं हों जो धर्मात्मा आलस्य और पक्षपात को छोड़ के उत्तम कर्मों का सेवन करता तथा शरीर और आत्मा के बल से पूरा हो उस को सब प्रजा की रक्षा करने में अधिपति राजा बनावें ॥ २३ ॥

विश्वकर्मन्नित्यस्य भुवनपुत्रो विश्वकर्मा ऋषिः । विश्वकर्मा देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

मनुष्यैः कीदृशो राजा मन्तव्य इत्याह ॥

मनुष्यों को कैसा पुरुष राजा मानना चाहिये इस वि० ॥

विश्वकर्मन् हविषा वर्द्धनेन त्रातारमिन्द्रमकृणोरवध्यम् । तस्मै विशः समनमन्त पूर्वीरयमुग्रो विहव्यो यथाऽसत् ॥ २४ ॥

विश्वकर्मन्निति विश्वऽकर्मन् । हविषा । वर्द्धनेन । त्रातारम् । इन्द्रम् । अकृणोः । अवध्यम् । तस्मै । विशः । सम् । अनमन्त । पूर्वीः । अयम् । उग्रः । विहव्य इति विऽहव्यः । यथा । असत् ॥ २४ ॥

पदार्थः—(विश्वकर्मन्) अखिलशुभकर्मसेविन् (हविषा) आदातव्येन (वर्द्धनेन) (त्रातारम्) रक्षकम् (इन्द्रम्) परमैश्वर्यवन्तं पुरुषम् (अकृणोः) कुरु (अवध्यरम्) हन्तुमयोग्यम् (तस्मै) (विशः) प्रजाः (सम्) एकीभावे (अनमन्त) नमन्तु (पूर्वीः) पूर्वैर्न्यायाधीशैः प्रापिताः (अयम्) (उग्रः) हिंसने तीव्रः (विहव्यः) विविधैः साधनैरादातुमर्हैः (यथा) (असत्) भवेत् ॥ २४ ॥

अन्वयः—हे विश्वकर्मन् सर्वसभेश त्वं हविषा वर्द्धनेन यमवध्यं त्रातारमिन्द्रं राजकार्ये सम्मतिप्रदं मंत्रिणमकृणोस्तस्मै पूर्वीर्विशः समनमन्त यथाऽयमुग्रो विहव्योऽसत् तथा विधेहि ॥ २४ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—सर्वसभाधिष्ठात्रा सहिताः सभासदस्तस्मै राज्याधिकारं दद्युः । य पक्षपाती न स्यात् । पितृवत् प्रजा न पालयेयुस्ते प्रजाभिर्नोमन्तव्या ये च पुत्रमिव न्यायेन प्रजा पालयेयुस्तदनुकूलास्सततं स्युः ॥ २४ ॥

पदार्थः—हे (विश्वकर्मन्) संपूर्ण शुभ कर्मों का सेवन करने हारे सब सभाओं के पति राजा आप (हविषा) ग्रहण करने योग्य (वर्द्धनेन) वृद्धि से

जिस (अवध्यम्) मारने के अयोग्य (त्रातारम्) रक्षक (इन्द्रम्) उत्तम सम्पत्ति वाले पुरुष को राजकार्य में सम्मति दाता मन्त्री (अकृणोः) करो (तस्मै) उस के लिये (पूर्वीः) पहिले न्यायाधीशों ने प्राप्त कराई (विशः) प्रजाओं को (समनमन्त) अच्छे प्रकार नम्र करो (यथा) जैसे (अयम्) यह मन्त्री (उग्रः) मारने में तीक्ष्ण (विहव्यः) विविध प्रकार के साधनों से स्वीकार करने योग्य (असत्) होवे वैसा कीजिये ॥ २४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालंकार है—सब सभाओं के अधिष्ठाता के सहित सब सभासद उस पुरुष को राज्य का अधिकार देवें कि जो पक्षपाती न हो जो पिता के समान प्रजाओं की रक्षा न करें उन को प्रजा लोग भी कभी न मानें और जो पुत्र के तुल्य प्रजा की न्याय से रक्षा करें उन के अनुकूल प्रजा निरन्तर हों ॥ २४ ॥

चक्षुष इत्यस्य भुवनपुत्रो विश्वकर्मा ऋषिः । विश्वकर्मा देवता । आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

चक्षुषः पिता मनसा हि धीरो घृतमेने अजनन्नम्नमाने । यदेदन्ता अदहन्त पूर्व आदिद् द्यावापृथिवी अप्रथेताम् ॥ २५ ॥

चक्षुषः । पिता । मनसा । हि । धीरः । घृतम् । एनेऽइत्येने । अजनत् । नम्नमानेऽइति नम्नमाने । यदा । इत् । अन्ताः । अदहन्त । पूर्वे । आत् । इत् । द्यावापृथिवी । अप्रथेताम् ॥ २५ ॥

पदार्थः-(चक्षुषः) न्यायदर्शकस्य (पिता) पालकः (मनसा) योगाभ्यासेन शान्तान्तःकरणेन (हि) खलु (धीरः) धैर्य्यवान् (घृतम्) आज्यम् (एने) राजप्रजादले (अजनत्) प्रकटयेत् (नम्नमाने) ये नम्र इवाचरतस्ते । अत्राचारे क्विप् व्यत्ययेनात्मनेपदम् (यदा) (इत्) एव (अन्ताः) अन्तावयवाः अददृहन्त) वर्द्धेरन् । अत्र दृहधातोर्लङि झादेशे कृते शपः श्लुस्ततो द्वित्वम् (पूर्वे) प्रथमतो वर्त्तमाने (आत्) अनन्तरम् (इत्) (द्यावापृथिवी) प्रकाशभूमी इव संगते (अप्रथेताम्) प्रख्याते भवेताम् ॥ २५ ॥

अन्वयः—हे प्रजाजना भवन्तो यश्चक्षुषः पिता मनसा हि धीरो घृतमजनत् तमधिकृत्य एने नम्नमाने पूर्वे द्यावापृथिवी अप्रथेतामिव यदेदन्ताइवाददृहन्त तदाऽऽदिस्थिरराज्या भवेयु ॥ २५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यदा मनुष्या राजप्रजाव्यवहार एकसम्मतयो भूत्वा सदैव प्रयतेरंस्तदा सूर्यपृथिवीवत्स्थिरसुखा भवेयुः ॥ २५ ॥

पदार्थः—हे प्रजा के पुरुषो आप लोग जो (चक्षुषः) न्यायदिखाने वाले उपदेशक का (पिता) रक्षक (मनसा) योगाभ्यास से शान्त अन्तःकरण (हि) ही से (धीरः) धीरजवान् (घृतम्) घी को (अजनत्) प्रकट करता है उस को अधिकार देके (एने) राज और प्रजा के दल (नम्नमाने) नम्र के तुल्य आचरण करते हुए (पूर्वे) पहिले से वर्त्तमान (द्यावापृथिवी) प्रकाश और पृथिवी के समान मिले हुए जैसे (अप्रथेताम्) प्रख्यात होवें वैसे (इत्) ही (यदा) जब (अन्ताः) अन्त्य के अवयवों के तुल्य (अददृहन्त) वृद्धि को प्राप्त हों तब (आत्) उस के पश्चात् (इत्) ही स्थिरराज्य वाले होओ ॥ २५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जब मनुष्य राज और प्रजा के व्यवहार में एक सम्मति हो कर सदा प्रयत्न करें तभी सूर्य और पृथिवी के तुल्य स्थिर सुख वाले होवें ॥ २५ ॥

विश्वकर्मेत्यस्य भुवनपुत्रो विश्वकर्मा ऋषिः । विश्वकर्मा देवता । भुरिगार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ परमेश्वरः कीदृशोऽस्तीत्युपदिश्यते ॥

अब अगले मन्त्र में परमेश्वर कैसा है यह वि० ॥

विश्वकर्म्मा विमना आद्विहाया धाता विधाता परमोत सन्दृक् । तेषामिष्टानि समिषा मदन्ति यत्रा सप्तऋषीन् परऽएकमाहुः ॥ २६ ॥

विश्वकर्मेति विश्वऽकर्मा । विमनाऽइति विऽमनाः । आत् । विहाया इति विऽहायाः । धाता । विधातेति विऽधाता । परमा । उत । सन्दृगिति समऽदृक् । तेषाम् । इष्टानि । सम् । इषा । मदन्ति । यत्र । सप्तऽऋषीनिति सप्तऽऋषीन् । परः । एकम् । आहुः ॥ २६ ॥

पदार्थः—(विश्वकर्मा) विश्वं सर्वं जगत् कर्म क्रियमाणं यस्य सः (विमनाः) विविधं मनो विज्ञानं यस्य सः (आत्) आनन्तर्ये (विहायाः) विविधेषु पदार्थेषु व्याप्तः ओहाङ् गतावित्यस्मादसुन् णित्कार्यं च (धाता) धर्त्ता पोषको वा

(विधाता) निर्माता (परमा) परमाणि श्रेष्ठानि (उत) अपि (सन्दृक्) यः सम्यक् पश्यति (तेषाम्) इष्टानि सुखसाधकानि कर्माणि (सम्) (इषा) इच्छया (मदन्ति) हर्षन्ति (यत्र) अत्र ऋचितुनुघेति दीर्घः (सप्तऋषीन्) सप्तप्राणादीन्। प्राणादयः पञ्च सूत्रात्मा धनञ्जयश्चेति (परः) सर्वोत्तमः (एकम्) अद्वितीयम् (आहुः) कथयन्ति ॥ २६ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या विश्वकर्मा यो विमना विहाया धाता विधाता संदृक् परोऽस्ति यमेकमाहुराद् यत्र सप्तऋषीन्प्राप्यैषा जीवाः संमदन्त्युत यस्तेषां परमेष्टानि साध्नोति तं परमेश्वरं यूयमुपाध्वम् ॥ २६ ॥

भावार्थः—मनुष्यैः सर्वस्य जगतः स्रष्टा धर्त्ता पालको नाशकोऽद्वितीयः परमेश्वर एवेष्टसाधनायोपासनीयः ॥ २६ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो (विश्वकर्मा) जिस का समस्त जगत् का बनाना क्रियमाण काम और जो (विमनाः) अनेक प्रकार के विज्ञान से युक्त (विहायाः) विविध प्रकार के पदार्थों में व्याप्त (धाता) सब का धारण पोषण करने (विधाता) और रचने वाला (संदृक्) अच्छे प्रकार सब को देखता (परः) और सब से उत्तम है तथा जिस को (एकम्) अद्वितीय (आहुः) कहते, अर्थात् जिस में दूसरा कहने में नहीं आता (आत्) और (यत्र) जिस में (सप्तऋषीन्) पांच प्राण सूत्रात्मा और धनञ्जय इन सात को प्राप्त हो कर (इषा) इच्छा से जीव (सं,मदन्ति) अच्छे प्रकार आनन्द को प्राप्त होते (उत्) और जो (तेषाम्) उन जीवों के (परमा) उत्तम (इष्टानि) सुख सिद्ध करने वाले कामों को सिद्ध करता है उस परमेश्वर की तुम लोग उपासना करो ॥ २६ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि सब जगत् का बनाने धारण, पालन, और नाश करने हारा एक अर्थात् जिस का दूसरा कोई सहायक नहीं हो सकता उसी परमेश्वर की उपासना अपने चाहे हुए काम के सिद्ध करने के लिये करना चाहिये ॥ २६ ॥

यो न इत्यस्य भुवनपुत्रो विश्वकर्मर्षिः । विश्वकर्मा देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

यो नः पिता जनिता यो विधाता धामानि वेद भुवनानि विश्वा । यो देवानां नामधा एक एव तꣳ सम्प्रश्नं भुवना यन्त्यन्या ॥ २७ ॥

यः । नः । पिता । जनिता । यः । विधातेति विऽधाता । धामानि । वेद । भुवनानि । विश्वा । यः । देवानाम् । नामधाऽइति नामऽधाः । एकः । एव । तम् । सम्प्रश्नमिति सम्ऽप्रश्नम् । भुवना । यन्ति । अन्या ॥ २७ ॥

पदार्थः—(यः) (नः) अस्माकम् (पिता) पालकः (जनिता) सर्वेषां पदार्थानां प्रादुर्भावयिता (यः) (विधाता) कर्मानुसारेण फलप्रदाता जगन्निर्माता (धामानि) जन्मस्थाननामानि (वेद) जानाति (भुवनानि) सर्वपदार्थाधिकरणानि (विश्वा) सर्वाणि (यः) (देवानाम्) विदुषां पृथिव्यादीनां वा (नामधाः) यः स्वविद्यया नामानि दधाति (एकः) अद्वितीयोऽसहायः (एव) (तम्) (सम्प्रश्नम्) सम्यक् पृच्छन्ति यस्मिँस्तम् (भुवना) लोकस्थ पदार्थान् (यन्ति) प्राप्नुवन्ति गच्छन्ति वा (अन्या) अन्यानि भुवनस्थानि ॥ २७ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यो नः पिता जनिता यो विधाता विश्वा भुवनानि धामानि वेद यो देवानां नामधा एक एवास्ति यमन्या भुवना यन्ति सम्प्रश्नं तं यूयं जानीत ॥ २७ ॥

भावार्थः—यः सर्वस्य विश्वस्य पितृवत् पालकः सर्वज्ञोऽद्वितीयः परमेश्वरो वर्त्तते तस्य तत् सृष्टेश्च विज्ञानेनैव सर्वे मनुष्याः परस्परं मिलित्वा प्रश्नोत्तराणि कुर्वन्तु ॥ २७ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो (यः) जो (नः) हमारा (पिता) पालन और (जनिता) सब पदार्थों का उत्पादन करने हारा तथा (यः) जो (विधाता) कर्मों के अनुसार फल देने तथा जगत् का निर्माण करने वाला (विश्वा) समस्त (भुवनानि) लोकों और (धामानि) जन्म स्थान वा नाम को (वेद) जानता (यः) जो (देवानाम्) विद्वानों वा पृथिवी आदि पदार्थों का (नामधाः) अपनी विद्या से नाम धरने वाला (एकः) एक अर्थात् असहाय (एव) ही है जिस को (अन्या) और (भुवना) लोकस्थ पदार्थ (यन्ति) प्राप्त होते जाते हैं (संप्रश्नम्) जिस के निमित्त अच्छे प्रकार पूछना हो (तम्) उस को तुम लोग जानो ॥ २७ ॥

भावार्थः—जो पिता के तुल्य समस्त विश्व का पालने और सब को जानने हारा एक परमेश्वर है उस के और उस की सृष्टि के विज्ञान से ही सब मनुष्य परस्पर मिल के प्रश्न और उत्तर करें ॥ २७ ॥

त आयजन्त इत्यस्य भुवनपुत्रो विश्वकर्मा ऋषिः । विश्वकर्मा देवता । भुरिगार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

त आयजन्त द्रविणꣳ समस्मा ऋषयः पूर्वे जरितारो न भूना । असूर्त्ते सूर्त्ते रजसि निषत्ते ये भूतानि समकृण्वन्निमानि ॥ २८ ॥

ते । आ । अयजन्त । द्रविणम् । सम् । अस्मै । ऋषयः । पूर्वे । जरितारः । न । भूना । असूर्ते । सूर्ते । रजंसि । निषत्ते । निसत्त इति निऽसत्ते । ये । भूतानि । समकृण्वन्निति सम्ऽअकृण्वन् । इमानि ॥ २८ ॥

पदार्थः—(ते) (आ) (अयजन्त) संगच्छेरन् (द्रविणम्) श्रियम् (सम्) (अस्मै) अस्येश्वरस्याज्ञापालनाय (ऋषयः) वेदवेत्तारः (पूर्वे) पूर्णविद्यया सर्वस्य पोषकाः (जरितारः) स्तावकाः (न) इव (भूना) भूमना । अत्र पृषोदरादित्वान्मकारलोपः (असूर्ते) अप्राप्ते परोक्षे । अत्र सृधातोः क्तान्तं निपातनम् । न सत्तनिषत्तेत्यनेन । निपात्यते अ० ८ । २ । ६१ (सूर्ते) प्राप्ते प्रत्यक्षे (रजसि) लोके (निषत्ते) स्थिते स्थापिते वा (ये) (भूतानि) (समकृण्वन्) सम्यक् शिक्षितान् कुर्युः (इमानि) प्रत्यक्षविषयाणि ॥ २८ ॥

अन्वयः—ये पूर्वे जरितारो न ऋषयो भूना सूर्ते सूर्ते निषत्ते रजसीमानि भूतानि साक्षात्समकृण्वन् तेऽस्मै द्रविणं समायजन्त ॥ २८ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यथा विद्वांसोऽत्र जगति परेशाज्ञापालनाय सृष्ट्यनुक्रमेण तत्त्वं जानन्ति तथैवान्य आचरन्तु । यथा धार्मिका धर्माचरणेन धनमुपार्जन्ति तथैव सर्वउपार्जन्तु ॥ २८ ॥

पदार्थः—(ये) जो (पूर्वे) पूर्ण विद्या से सब की पुष्टि (जरितारः) और स्तुति करने वाले के (न) समान (ऋषयः) वेदार्थ के जानने वाले (भूना) बहुत से (असूर्त्ते) परोक्ष अर्थात् अप्राप्त हुए वा (सूर्त्ते) प्रत्यक्ष अर्थात् पाये हुए (निषत्ते) स्थित वा स्थापित किये हुए (रजसि) लोक में (इमानि) इन प्रत्यक्ष (भूतानि) प्राणियों को (समकृण्वन्) अच्छे प्रकार शिक्षित करते हैं (ते) वे (अस्मै) इस ईश्वर की आज्ञा पालने के लिये (द्रविणम्) धन को (सम्, आ, यजन्त) अच्छे प्रकार संगत करें ॥ २८ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—जैसे विद्वान् लोग इस जगत् में परमात्मा की आज्ञापालने के लिये सृष्टिक्रम से तत्त्वों को जानते हैं वैसे ही अन्य लोग आचरण करें जैसे धार्मिक जन धर्म्म के आचरण से धन को इकट्ठा करते हैं वैसे ही सब लोग उपार्जन करें ॥ २८ ॥

परो दिवेत्यस्य भुवनपुत्रो विश्वकर्मा ऋषिः । विश्वकर्मा देवता । आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

परो दिवा पर एना पृथिव्या परो देवेभिरसुरैर्यदस्ति । कꣳस्विद्गर्भं प्रथमं दध्रऽआपो यत्र देवाः समपश्यन्त पूर्वे ॥ २९ ॥

परः । दिवा । परः । एना । पृथिव्या । परः । देवेभिः । असुरैः । यत् । अस्ति । कम् । स्वित् । गर्भम् । प्रथमम् । दध्रे । आपः । यत्र । देवाः । समपश्यन्तेति सम्ऽअपश्यन्त । पूर्वे ॥ २९ ॥

पदार्थः—(परः) प्रकृष्टः (दिवा) सूर्य्यादिना (परः) (एना) एनया (पृथिव्या) (परः) (देवेभिः) विद्वद्भिर्दिव्याभिः प्रकाशयुक्ताभिः प्रजाभिर्वा (असुरैः) अविद्वद्भिः । अन्तकरूपाभिः प्रजाभिर्वा (यत्) (अस्ति) (कम्) (स्वित्) (गर्भम्) ग्रहीतुं योग्यं वस्तु (प्रथमम्) विस्तृतम् (दध्रे) दधिरे (आपः) प्राणाः (यत्र) (देवाः) विद्वांसो जनाः (समपश्यन्त) सम्यक्पश्यन्ति (पूर्वे) अधीतपूर्णविद्याः ॥ २९ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या य एना दिवा परः पृथिव्या परो देवेभिरसुरैः परोऽस्ति यत्रापः कं स्वित् प्रथमं गर्भं दध्रे यत्पूर्वे देवाः समपश्यन्त तद्ब्रह्मेति यूयं विजानीत ॥ २९ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्यत् सर्वेभ्यः सूक्ष्मं महत् परं सर्वधर्तृ विद्वद्विषयमनादिचेतनमस्ति तदेव ब्रह्मोपासनीयं नेतरत् ॥ २९ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जो (एना) इस (दिवा) सूर्य्य आदि लोकों से (परः) परे अर्थात् अत्युत्तम (पृथिव्या) पृथिवी आदि लोकों से (परः) परे (देवेभिः) विद्वान् वा दिव्य प्रकाशित प्रजाओं और (असुरैः) अविद्वान् तथा कालरूप प्रजाओं से (परः) परे (अस्ति) है (यत्र) जिस में आपः प्राण (कं,स्वित्) किसी (प्रथमम्) विस्तृत (गर्भम्) ग्रहण करने योग्य पदार्थ को (दध्रे) धारण करते हुए वा (यत्) जिस को (पूर्वे) पूर्णविद्या के अध्ययन करने वाले (देवाः) विद्वान् लोग (समपश्यन्त) अच्छे प्रकार ज्ञानचक्षु से देखते हैं वह ब्रह्म है यह तुम लोग जानो ॥ २९ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि जो सब से सूक्ष्म बड़ा अतिश्रेष्ठ सब का धारण कर्त्ता, विद्वानों का विषय अर्थात् समस्त विद्याओं का समाधानरूप अनादि और चेतन मात्र है वही ब्रह्म उपासना करने के योग्य है अन्य नहीं ॥ २९ ॥

तमिदित्यस्य भुवनपुत्रो विश्वकर्मर्षिः । विश्वकर्मा देवता । आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

तमिद्गर्भम्प्रथमन्दध्रऽआपो यत्र देवाः समगच्छन्त विश्वे । अजस्य नाभावध्येकमर्पितं यस्मिन्विश्वानि भुवनानि तस्थुः ॥ ३० ॥

तम् । इत् । गर्भम् । प्रथमम् । दध्रे । आपः । यत्र । देवाः । समगच्छन्तेति सम्ऽअगच्छन्त । विश्वे । अजस्य । नाभौ । अधि । एकम् । अर्पितम् । यस्मिन् । विश्वानि । भुवनानि । तस्थुः ॥ ३० ॥

पदार्थः—(तम्) (इत) एव (गर्भम्) सर्वलोकानामुत्पत्तिस्थानं प्रकृत्याख्यम् (प्रथमम्) विस्तृतमनादि (दध्रे) दधिरे (आपः) कारणाख्याः प्राणा जीवा वा (यत्र) यस्मिन् ब्रह्मणि (देवाः) दिव्यात्मान्तःकरणा योगविदः (समगच्छन्त) सम्यक् प्राप्नुवन्ति (विश्वे) सर्वे (अजस्य) अनुत्पन्नस्यानादेर्जीवस्याव्यक्तस्य च (नाभौ) मध्ये (अधि) अधिष्ठातृत्वेन सर्वोपरिविराजमानम् (एकं) स्वयं सिद्धम् (अर्पितम्) प्रापितं स्थितम् (यस्मिन्) (विश्वानि) अखिलानि (भुवनानि) लोकजातान्यधिकरणानि (तस्थुः) तिष्ठन्ति ॥ ३० ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यत्रापः प्रथमं गर्भं दध्रे यस्मिन् विश्वे देवाः समगच्छन्त यदजस्य नाभावध्येकमर्पितं यस्मिन्विश्वानि भुवनानि तस्थुस्तमिदेव परमात्मानं यूयं बुध्यध्वम् ॥ ३० ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्यो जगत् आधारो योगिभिर्गम्योऽन्तर्यामी स्वयं स्वाधारः सर्वत्रव्याप्तोऽस्ति स एव सर्वैः सेवनीयः ॥ ३० ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो (यत्र) जिस ब्रह्म में (आपः) कारण मात्र प्राण वा जीव (प्रथमम्) विस्तारयुक्त अनादि (गर्भम्) सब लोकों की उत्पत्ति का स्थान प्रकृति को (दध्रे) धारण करते हुए वा जिस में (विश्वे) सब (देवाः) दिव्य आत्मा और अन्तःकरणयुक्त योगीजन (समगच्छन्त) प्राप्त होते हैं वा जो (अजस्य) अनुत्पन्न अनादि जीव वा अव्यक्त कारण समूह के (नाभौ) मध्य में (अधि) अधिष्ठातृपन से सब के ऊपर विराजमान (एकम्) आपही सिद्ध (अर्पितम्) स्थित (यस्मिन्) जिस में (विश्वानि) समस्त (भुवनानि) लोकोत्पन्न द्रव्य (तस्थुः) स्थिर होते हैं तुम लोग (तमित्) उसी को परमात्मा जानो ॥ ३० ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि जो जगत् का आधार योगियों को प्राप्त होने योग्य अन्तर्यामी आप अपना आधार सब में व्याप्त है उसी का सेवन सब लोग करें ॥ ३० ॥

न तं विदाथेत्यस्य भुवनपुत्रो विश्वकर्मर्षिः । विश्वकर्मा देवता । भुरिगार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

न तं वि॑दाथ॒ य इ॒मा ज॒जाना॒न्यद्यु॒ष्माक॒मन्त॑रं बभूव । नी॒हा॒रेण॒ प्रावृ॑ता जल्प्या॑चासु॒तृप॑ उक्थ॒शास॑श्चरन्ति ॥ ३१ ॥

न । तम् । विदाथ । यः । इमा । जजान । अन्यत् । युष्माकम् । अन्तरम् । बभूव । नीहारेण । प्रावृताः । जल्प्याः । च । असुतृपऽइत्यसुऽतृपः । उक्थशासः । उक्थशासऽइत्युक्थऽशासः । चरन्ति ॥ ३१ ॥

पदार्थः—(नः) निषेधे (तम्) परमात्मानम् (विदाथ) जानीथ । लेट्प्रयोग (यः) (इमा) इमानि भूतानि (जजान) जनयति (अन्यत्) कार्यकारणजीवेभ्यो भिन्नं ब्रह्म (युष्माकम्) अधार्मिकाणामविदुषाम् (अन्तरम्) मध्ये स्थितमपि दूरस्थमिव (बभूव) भवति (नीहारेण) धूमाकारेण कुहकेनेवाज्ञानेन (प्रावृताः) प्रकृष्टतयाऽऽवृता आच्छन्नाः सन्तः (जल्प्या) जल्पेषु सत्यासत्यवादानुवादेषु भवाः । अत्र सुपां सुलुगिति विभक्तेराकारादेशः (च) (असुतृपः) येऽसुषु प्राणेषु तृप्यन्ति ते (उक्थशासः) ये योगाभ्यासं विहाय उक्थानि वचनानि शंसन्ति तेऽर्थात् शब्दार्थयोः खण्डने रताः (चरन्ति) व्यवहरन्ति ॥३१॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथाऽब्रह्मविदो जना नीहारेण चाज्ञानेप्रवृता जल्प्या असुतृपश्चोक्थशासश्चरन्ति तथाभूता यूयं तं न विदाथ य इमा जजान यद्ब्रह्म युष्माकं सकाशादन्यदन्तरं बभूव तदतिसूक्ष्ममात्मन आत्मभूतं न विदाथ ॥ ३१ ॥

भावार्थः— ये ब्रह्मचर्य्यादिव्रताचारविद्यायोगाभ्यासधर्मानुष्ठानसत्संगपुरुषार्थरहितास्तेऽज्ञानान्धकारावृताः सन्तोः ब्रह्म ज्ञातुं न शक्नुवन्ति । यद् ब्रह्म जीवादिभ्यो भिन्नमन्तर्यामि सकलनियन्तृ सर्वत्र व्याप्तमस्ति तज् ज्ञातुं पवित्रात्मान एवार्हन्ति नेतरे ॥ ३१ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे ब्रह्म के न जानने वाले पुरुष (नीहारेण) धूम के आकार कुहर के समान अज्ञानरूप अन्धकार से (प्रावृताः) अच्छे प्रकार ढके हुए (जल्प्या) थोड़े सत्य असत्य वादानुवाद में स्थिर रहने वाले (असुतृपः) प्राणपोषक (च) और (उक्थशासः) योगाभ्यास को छोड़ शब्द अर्थ संबन्ध के खण्डन मंडन में रमण करते हुए (चरन्ति) विचरते हैं वैसे हुए तुम लोग (तम्) उस परमात्मा को (नः) नहीं (विदाथ) जानते हो (यः) जो (इमा) इन प्रजाओं को (जजान) उत्पन्न करता और जो ब्रह्म (युष्माकम्) तुम अधर्मी अज्ञानियों के सकाश से (अन्यत्) अर्थात् कार्यकारण रूप जगत् और जीवों से भिन्न (अन्तरम्) तथा सभों में स्थित भी दूरस्थ (बभूव) होता है उस अतिसूक्ष्म आत्मा के आत्मा अर्थात् परमात्मा को नहीं जानते हो ॥ ३१ ॥

भावार्थः—जो पुरुष ब्रह्मचर्य्य आदि व्रत, आचार, विद्या, योगाभ्यास, धर्म के अनुष्ठान सत्सङ्ग और पुरुषार्थ से रहित हैं वे अज्ञान रूप अन्धकार में दबे हुए ब्रह्म को नहीं जान सकते जो ब्रह्म जीवों से पृथक् अन्तर्यामी सब का नियन्ता और सर्वत्रव्याप्त है उस के जानने को जिनका आत्मा पवित्र है वे ही योग्य होते हैं अन्य नहीं ॥ ३१ ॥

विश्वकर्मेत्यस्य भुवनपुत्रो विश्वकर्मर्षिः । विश्वकर्मा देवता । स्वराडार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

विश्वकर्मा ह्यजनिष्ट देव आदिद्गन्धर्वोऽअभवद् द्वितीयः । तृतीयः पिता जनितौषधीनामपां गर्भं व्यदधात्पुरुत्रा ॥ ३२ ॥

विश्वऽकर्मा । हि । अजनिष्ट । देवः । आत् । इत् । गन्धर्वः । अभवत् । द्वितीयः । तृतीयः । पिता ।

जनिता । ओषधीनाम् । अपाम् । गर्भम् । वि । अद-धात् । पुरुत्रेति पुरुऽत्रा ॥ ३२ ॥

पदार्थः—(विश्वकर्मा) विश्वानि सर्वाणि शुभानि कर्माणि यस्य सः (हि) खलु (अजनिष्ट) जनितवान् (देवः) दिव्यस्वरूपः (आत्) (इत्) (गन्धर्वः) गां पृथिवीं धरति स सूर्यः सूत्रात्मा वायुर्वा (अभवत्) भवति (द्वितीयः) द्वयोः संख्यापूरको धनञ्जयः (तृतीयः) त्रयाणां संख्यापूरकः प्राणादिस्वरूपः (पिता) पालकः (जनिताः) प्रसिद्धिकर्त्ताऽपां धर्त्ता पर्जन्यः (ओषधीनाम्) यवादीनाम् (अपाम्) जलानां प्राणानां वा (गर्भम्) धारणम् (वि) (अदधात्) दधाति (पुरुत्रा) यः पुरून् बहून् त्रायते सः ॥ ३२ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या अत्र जगति विश्वकर्मा देवो वायुरादिम इद्भवदादनन्तरं गन्धर्वोऽजनिष्टौषधीनामपां पिता हि द्वितीयो यो गर्भं व्यदधात् स पुरुत्रा जनिता पर्जन्यः तृतीयोऽभवदिति भवन्तो विदन्तु ॥ ३२ ॥

भावार्थः—सर्वैर्मनुष्यैरिह सकलकर्मसेवका जीवाः प्रथमा विद्युदग्निसूर्यवायवः पृथिव्यादिधारका द्वितीयास्तृतीयाः पर्जन्यादयस्तेषां जीवा अजा अन्ये सर्वे जातास्तेऽपि कारणरूपेण नित्याश्चेति वेद्यम् ॥ ३२ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो इस जगत् में (विश्वकर्मा) जिस के समस्त शुभ काम हैं वह (देवः) दिव्यस्वरूप वायु प्रथम (इत्) ही (अभवत्) होता है (आत्) इस के अनन्तर (गन्धर्वः) जो पृथिवी को धारण करता है वह सूर्य वा

सूत्रात्मा वायु (अजनिष्ट) उत्पन्न और (ओषधीनाम्) यव आदि ओषधियों (अपाम्) जलों और प्राणों का (पिता) पालन करने हारा (हि) ही (द्वितीयः) दूसरा अर्थात् धनञ्जय तथा जो प्राणों के (गर्भम्) गर्भ अर्थात् धारण को (व्यदधात्) विधान करता है वह (पुरुत्रा) बहुतों का रक्षक (जनिता) जलों का धारण करने हारा मेघ (तृतीयः) तीसरा उत्पन्न होता है इस विषय को आप लोग जानो ॥ ३२ ॥

भावार्थः—सब मनुष्यों को योग्य है कि इस संसार में सब कार्मों के सेवन करने हारे जीव पहिले बिजुली अग्नि वायु और सूर्य पृथिवी आदि लोकों के धारण करने हारे हैं वे दूसरे और मेघ आदि तीसरे हैं उन में पहिले जीव अज अर्थात् उत्पन्न नहीं होते और दूसरे तीसरे उत्पन्न हुए हैं परन्तु वे भी कारणरूप से नित्य हैं ऐसा जानें ॥ ३२ ॥

आशुः शिशानइत्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ सेनापति कृत्यमुपदिश्यते ॥
अब सेनापति के कृत्य का उपदेश अ० ॥

आशुः शिशानो वृषभो न भीमो घनाघनः क्षोभणश्चर्षणीनाम् । सं क्रन्दनोऽनिमिषऽ एकवीरः शतꣳ सेनाऽ अजयत्साकमिन्द्रः ॥ ३३ ॥

आशुः । शिशानः । वृषभः । न । भीमः । घनाघनः । क्षोभणः । चर्षणीनाम् । संक्रन्दन इति सम्ऽक्रन्दनः । अनिमिषऽ इत्यनिऽमिषः । एकवीरऽइत्येकऽवीरः । शतम । सेनाः । अजयत् । साकम् । इन्द्रः ॥ ३३ ॥

पदार्थः—(आशुः) शीघ्रकारी (शिशानः) तनूकर्त्ता (वृषभः) बलीवर्दः (न) इव (भीमः) भयंकरः (घनाघनः) अतिशयेन शत्रून् घातुकः । हन्तेर्घत्वं चेति वार्त्तिकेनाचि प्रत्यये घत्वमभ्यासस्यागागमश्च (क्षोभणः) क्षोभकर्त्ता संचालयिता (चर्षणीनाम्) मनुष्याणां तत्सम्बन्धिसेनानां वा । चर्षणय इति मनुष्यना०निघं०२ । ३ (संक्रन्दनः) सम्यक् शत्रूणां रोदयिता (अनिमिषः) अहर्निशं प्रयतमानः (एकवीरः) एकश्चासौ वीरश्च (शतम्) असंख्याः (सेनाः) सिन्वन्ति बध्नाति शत्रून् याभिस्ताः (अजयत्) जयति (साकम्) सार्द्धम् (इन्द्रः) शत्रूणां विदारयिता सेनेशः ॥ ३३ ॥

अन्वयः—हे विद्वांसो मनुष्यायूयं यश्चर्षणीनामाशुः शिशानो वृषभो न भीमो घनाघनः क्षोभणः संक्रन्दनोऽनिमिष एकवीर इन्द्रोऽस्माभिः साकं शतं सेना अजयत् तमेव सेनाधीशं कुरुत ॥ ३३ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्यो धनुर्वेदविद्गादिविन्निर्भयस्सर्वविद्यो बलिष्ठो धार्म्मिकः स्वराज्यानुरागी जितेन्द्रियोऽरीणां विजेता स्वसेनायाः शिक्षणे योधने च कुशलो वीरो भवेत् स सेनाधीशाधिकारे स्थापनीयः ॥ ३३ ॥

पदार्थः—हे विद्वान् मनुष्यो तुम लोग जो (चर्षणीनाम्) सब मनुष्यों वा उन की सम्बन्धिनी सेनाओं में (आशुः) शीघ्रकारी (शिशानः) पदार्थों को सूक्ष्म करने वाला (वृषभः) बलवान् बैल के (न) समान (भीमः) भयंकर (घनाघनः) अत्यन्त आवश्यकता के साथ शत्रुओं का नाश करने (क्षोभणः) उन को कंपाने

(संक्रन्दनः) अच्छे प्रकार शत्रुओं को रुलाने और (अनिमिषः) रात्रि दिन प्रयत्न करने हारा (एकवीरः) अकेला वीर (इन्द्रः) शत्रुओं को विदीर्ण करने वाला सेना का अधिपति पुरुष हम लोगों के (साकम्) साथ (शतम्) अनेकों (सेनाः) उन सेनाओं को जिन से शत्रुओं को बांधते हैं (अजयत) जीतता है उसी को सेनाधीश करो ॥ ३३ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि जो धनुर्वेद और ऋग्वेदादि शास्त्रों का जानने वाला निर्भय सब विद्याओं में कुशल अति बलवान् धार्म्मिक अपने स्वामी के राज्य में प्रीति करने वाला जितेन्द्रिय शत्रुओं का जीतने हारा तथा अपनी सेना को सिखाने और युद्ध कराने में कुशल वीर पुरुष हो उस को सेनापति के अधिकार पर नियुक्त करें ॥ ३३ ॥

संक्रन्दनेनेत्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
स्वराडार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर भी उसी वि० ॥

सं॒क्रन्द॑नेनानिमि॒षेण॑ जि॒ष्णुना॑ युत्का॒रेण॑ दु॒श्च्य॒व॒नेन॑ धृ॒ष्णुना॑ । तदिन्द्रे॑ण जयत॒ तत्स॑हध्वं॒ युधो॑ नर॒ इषु॑हस्तेन॒ वृष्णा॑ ॥ ३४ ॥

सं॒क्रन्द॑ने॒नेति॑ सम्ऽक्रन्द॑नेन । अ॒नि॒मि॒षेणेत्य॑निऽमि॒षेण॑ । जि॒ष्णुना॑ । यु॒त्का॒रेणेति॑ यु॒त्ऽका॒रेण॑ । दु॒श्च्य॒व॒नेनेति॑ दुःऽच्य॒व॒नेन॑ । धृ॒ष्णुना॑ । तत् । इन्द्रे॑ण । ज॒य॒त॒ । तत् । स॒ह॒ध्व॒म् । युधः॑ । न॒रः॒ । इषु॑ह॒स्ते॒नेतीषु॑ऽहस्तेन । वृष्णा॑ ॥ ३४ ॥

पदार्थः—(संक्रन्दनेन) सम्यग् दुष्टानां रोदयित्रा (अनिमिषेण) निरन्तरं प्रयतमानेन (जिष्णुना) जयशीलेन (युत्कारेण) यो व्यूहैर्युतो मिश्रितानमिश्रितान् भृत्यान् करोति तेन (दुश्च्यवनेन) यः शत्रुभिर्दुःखेन कृच्छ्रेण च्यवते तेन (धृष्णुना) दृढोत्साहेन (तत्) तेन पूर्वोक्तेन (इन्द्रेण) परमैश्वर्य्यकारकेण (जयत) (तत्) शत्रुसैन्यं युद्धजन्यं दुःखं वा (सहध्वम्) (युधः) ये युध्यन्ते ते (नरः) नायकाः (इषुहस्तेन) इषवः शस्त्राणि हस्तयोर्यस्य तेन (वृष्णा) वीर्यवता ॥ ३४ ॥

अन्वयः—हे युधो नरो यूयमनिमिषेण दुश्च्यवनेन धृष्णुना युत्कारेण वृष्णेषुहस्तेन संक्रन्दनेन जिष्णुना तत्तेनेन्द्रेण सह वर्त्तमानाः सन्तः शत्रून् जयत तच्छत्रुसैन्यवेगं सहध्वम् ॥ ३४ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या यूयं युद्धविद्याकुशलं सर्वशुभलक्षणान्वितं बलपराक्रमाढ्यं जनं सेनाधिष्ठातारं कृत्वा तेन सहाधार्मिकान् शत्रून् जित्वा निष्कण्टकं चक्रवर्त्ति राज्यं संभुङ्ग्ध्वम् ॥ ३४ ॥

पदार्थः—हे (युधः) युद्ध करने हारे (नरः) मनुष्यो तुम (अनिमिषेण) निरन्तर प्रयत्न करते हुए (दुश्च्यवनेन) शत्रुओं को कष्ट प्राप्त करने वाले (धृष्णुना) दृढ उत्साही (युत्कारेण) विविध प्रकार की रचनाओं से योद्धाओं को मिलाने और न मिलाने हारे (वृष्णा) बलवान् (इषुहस्तेन) बाण आदि शस्त्रों को हाथ में रखने (संक्रन्दनेन) और दुष्टों को अत्यन्त रुलाने हारे (जिष्णुना) जयशील शत्रुओं को जीतने और वा (इन्द्रेण) परम ऐश्वर्य करने हारे (तत्) उस पूर्वोक्त सेनापति आदि के साथ वर्त्तमान हुए शत्रुओं को (जयत) जीतो और (तत्) उस शत्रु की सेना के वेग वा युद्ध से हुए दुःख को (सहध्वम्) सहो ॥ ३४ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो तुम लोग युद्धविद्या में कुशल सर्व शुभ लक्षण और बल पराक्रम युक्त मनुष्य को सेनापति करके उस के साथ अधार्मिक शत्रुओं को जीत के निष्कंटक चक्रवर्त्ति राज्य भोगो ॥ ३४ ॥

स इषुहस्तैरित्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । इन्द्रो देवता ।

आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

स इषुहस्तैः स निषङ्गिभिर्वशी सꣳस्रष्टा स युध इन्द्रो गणेन । सꣳसृष्टजित्सोमपा बाहुशर्ध्युग्रधन्वा प्रतिहिताभिरस्ता ॥ ३५ ॥

सः । इषुहस्तैरितीषुऽहस्तैः । सः । निषङ्गिभिरिति निषङ्गिऽभिः । वशी । सꣳस्रष्टेति सम्ऽस्रष्टा । सः । युधः । इन्द्रः । गणेन । सꣳसृष्टजिदिति सꣳसृष्टऽजित् । सोमपा इति सोमऽपाः । बाहुशर्द्धीति बाहुऽशर्द्धी । उग्रधन्वेत्युग्रऽधन्वा । प्रतिहिताभिरिति प्रतिऽहिताभिः । अस्ता ॥ ३५ ॥

पदार्थः—(सः) सेनापतिः (इषुहस्तैः) शस्त्रपाणिभिः सुशिक्षितैर्बलिष्ठैर्भृत्यैः(सः) (निषङ्गिभिः) निषङ्गाणि भुशुण्डी शतघ्न्याग्न्येयास्त्रादीनि बहूनि विद्यन्ते येषां तैः (वशी) जितेन्द्रियान्तःकरणः

(संस्रष्टा) श्रेष्ठानां मनुष्याणां शस्त्रास्त्राणां वा संसर्गस्य कर्त्ता (सः) (युधः) यो युध्यते सः (इन्द्रः) शत्रूणां दारयिता (गणेन) सुशिक्षितभृत्यसमूहेन सैन्येन वा (संसृष्टजित्) यः संसृष्टान् मिलिताञ्छत्रूञ्जयति सः (सोमपाः) यः सोममोषधिरसं पिबति सः (बाहुशर्द्धी) बाह्वोः शर्द्धो बलं यस्य सः (उग्रधन्वा) उग्रं धनुर्यस्य (प्रतिहिताभिः) प्रत्यक्षेण धृताभिः (अस्ता) शस्त्रास्त्राणां प्रक्षेप्ता ॥ ३५ ॥

अन्वयः—स सेनापतिरिषुहस्तैर्निषङ्गिभिः सह वर्त्तमानः स संस्रष्टा वशी संसृष्टजित् सोमपा बाहुशर्द्ध्युग्रधन्वा स युधोऽस्तेन्द्रो गणेन प्रतिहिताभिश्च सह वर्त्तमानः सन् शत्रूञ्जयतु ॥ ३५ ॥

भावार्थः—सर्वेशो राजा सर्वसेनाधिपतिर्वा सुशिक्षितवीरभृत्यसेनया सह वर्त्तमानो दुर्जयानपि शत्रूञ्जेतुं यथा शक्नुयात्तथा सर्वैर्विधेयमिति ॥ ३५ ॥

पदार्थः—(सः) वह सेनापति (इषुहस्तैः) शस्त्रों को हाथों में रखने हारे और अच्छे सिखाये हुए बलवान् (निषङ्गिभिः) जिन के भुशुंडी " बन्दूक " शतघ्नी " तोप " और आग्नेय आदि बहुत अस्त्र विद्यमान हैं उन भृत्यों के साथ वर्त्तमान (सः) वह (संस्रष्टा) श्रेष्ठ मनुष्यों तथा शस्त्र और अस्त्रों का सम्बन्ध करने वाला (वशी) अपने इन्द्रिय और अन्तःकरण को जीते हुए जो (संसृष्टजित्) प्राप्त शत्रुओं को जीतता (सोमपाः) बलिष्ठ ओषधियों के रस को पीता (बाहुशर्द्धी) भुजाओं में जिस के बल विद्यमान हो और (उग्रधन्वा) जिस का तीक्ष्ण धनुष है (सः) वह (युद्धः) युद्धशील (अस्ता) शस्त्र और अस्त्रों को अच्छे प्रकार फेंकने तथा (इन्द्रः) शत्रुओं को मारने वाला और (गणेन) अच्छे सीखे हुए भृत्यों वा सेना वीरों ने (प्रतिहिताभिः) प्रत्यक्षता से स्वीकार किई सेना के साथ वर्त्तमान होता हुआ जनों को जीते ॥ ३५ ॥

भावार्थः—सब का ईश राजा वा सब सेनाओं का अधिपति अच्छे सीखे हुए वीर भृत्यों की सेना के साथ वर्त्तमान दुःख से जीतने योग्य शत्रुओं को भी जीत सकें वैसे सब को करना चाहिये ॥ ३५ ॥

बृहस्पत इत्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर भी उसी वि० ॥

बृह॑स्पते॒ परि॑ दीया॒ रथे॑न र॒क्षो॒हामित्राँ॑ २॥ऽ अप॒बाध॑मानः । प्र॒भ॒ञ्जन्त्सेनाः॑ प्रमृ॒णो यु॒धा जय॑न्न॒स्माक॑मेध्यवि॒ता रथा॑नाम् ॥ ३६ ॥

बृह॑स्पते । परि॑ । दी॒य॒ । रथे॑न । र॒क्षो॒हेति॑ रक्षः॒ऽहा । अ॒मित्रा॑न् । अ॒प॒बाध॑मा॒न॒ऽइत्य॑प॒ऽबाध॑मानः । प्र॒भ॒ञ्जन्निति॑ प्र॒ऽभ॒ञ्जन् । सेनाः॑ । प्र॒मृ॒णऽइति॑ प्र॒ऽमृ॒णः । यु॒धा । जय॑न् । अ॒स्माक॑म् । ए॒धि॒ । अ॒वि॒ता । रथा॑नाम् ॥ ३६ ॥

पदार्थः—(बृहस्पते) बृहतां धार्मिकाणां वृद्धानां सेनानां वा पतिस्तत्संबुद्धौ (परि) सर्वतः (दीया) क्षिणुहि । अत्र द्व्यचोऽतस्तिङ इति दीर्घः । अत्र व्यत्ययेनात्मनेपदम् (रथेन) रमणीयेन यानसमूहेन (रक्षोहा) यो रक्षांसि दुष्टान् हन्ति सः (अमित्रान्) न विद्यन्ते मित्राण्येषां तान् (अपबाधमानः) अपवघाते सः (प्रभञ्जन्) यः प्रभग्नान् करोति सः (सेनाः) (प्रमृणः) ये

प्रकृष्टतया मृणन्ति हिंसन्ति तान् (युधा) युद्धे (जयन्) उत्कर्षं प्राप्नुवन् (अस्माकम्) (एधि) भव (अविता) रक्षिता (रथानाम्) रमणीयानां यानानाम् ॥ ३६ ॥

अन्वयः—हे बृहस्पते यो रक्षोहाऽमित्रानपबाधमानः प्रमृणः सेनाः प्रभञ्जस्त्वं रथेन युधा शत्रून् परिदीया स जयन्नस्माकं रथानामवितैधि ॥ ३६ ॥

भावार्थः—राजा सेनापतिं स्वसेनां च वर्द्धयन् शत्रुसेनां हिंसन धार्मिकीं प्रजां सततमुन्नयेत् ॥ ३६ ॥

पदार्थः—हे (बृहस्पते) धार्मिकों वृद्धों वा सेनाओं के रक्षक जन (रक्षोहा) जो दुष्टों को मारने (अमित्रान्) शत्रुओं को (अपबाधमानः) दूर करने (प्रमृणः) अच्छे प्रकार मारने और (सेनाः) उन की सेनाओं को (प्रभञ्जन्) भग्न करने वाला तू (रथेन) रथ समूह से (युधा) युद्ध में शत्रुओं को (परि,दीया) सब ओर से काटता है सो (जयन्) उत्कर्ष अर्थात् जय को प्राप्त होता हुआ (अस्माकम्) हम लोगों के (रथानाम्) रथों की (अविता) रक्षा करने वाला (एधि) हो ॥३६॥

भावार्थः—राजा सेनापति और अपनी सेना को उत्साह कराता तथा शत्रुसेना को मारता हुआ धर्मात्मा प्रजाजनों की निरन्तर उन्नति करे ॥ ३६ ॥

बलविज्ञाय इत्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । इन्द्रो देवता ।

आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

बलविज्ञायः स्थविरः प्रवीरः सहस्वान् वाजी

सह॑मान उ॒ग्रः । अ॒भिवी॑रो अ॒भिस॑त्वा सहो॒जा जैत्र॑मिन्द्र॒ रथ॒मा ति॑ष्ठ गो॒वित् ॥ ३७ ॥

ब॒ल॒वि॒ज्ञा॒यऽइति॑ बलऽवि॒ज्ञा॒यः । स्थवि॑रः । प्र॒वी॑र॒ इति॑ प्रऽवी॑रः । सह॑स्वान् । वा॒जी । सह॑मानः । उ॒ग्रः । अ॒भिवी॑र॒ऽ इत्य॒भिऽवी॑रः । अ॒भिस॒त्वेत्य॒भिऽस॑त्वा । स॒हो॒जाऽइति॑ सह॒ऽजाः । जैत्र॑म । इन्द्र॒ । रथ॑म् । आ । ति॒ष्ठ । गो॒विदिति॑ गो॒ऽवित् ॥ ३७ ॥

पदार्थः—(बलविज्ञायः) यो बलं बलयुक्तं सैन्यं कर्तुं जानाति सः (स्थविरः) वृद्धो विज्ञातराजधर्मव्यवहारः (प्रवीरः) प्रकृष्टश्चासौ वीरश्च (सहस्वान्) सहो बहु बलं विद्यते यस्य सः (वाजी) प्रशस्तो वाजः शास्त्रबोधो विद्यते यस्य सः (सहमानः) यः सुखदुःखादिकं सहते (उग्रः) दुष्टानां वधे तीव्रतेजाः (अभिवीरः) अभीष्टा वीरा यस्य सः (अभिसत्वा) अभितः सर्वतः सत्वानो युद्धविद्वांसो रक्षका भृत्या वा यस्य सः (सहोजाः) सहसा बलेन जातः प्रसिद्धः (जैत्रम्) जेतृभिः परिवृतं रथम् (इन्द्र) युद्धस्य परमसामग्रीसहित (रथम्) रमणीयं भूसमुद्राकाशयानम् (आ) (तिष्ठ) (गोवित्) यो गा वाचो धेनूः पृथिवीं वा विन्दति सः ॥ ३७ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र सेनापते बलविज्ञायः स्थविरः प्रवीरः सहस्वान् वाजी सहमान उग्रोऽभिवीरोऽभिसत्वा सहोजा गोवित्सँस्त्वं युद्धाय जैत्रं रथमातिष्ठ ॥ ३७ ॥

भावार्थः—सेनापतिः सेनावीरा वा यदा शत्रुभिः योद्धुमिच्छेयुस्तदा परस्परं सर्वतो रक्षां रक्षासाधनानि वा संगृह्य बुद्ध्युत्साहेन सह वर्त्तमाना अनलसाः सन्तः शत्रुविजयतत्परा भवेयुः ॥३७॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) युद्ध की उत्तम सामग्री युक्त सेनापति (बलविज्ञायः) जो अपनी सेना को बली करना जानता (स्थविरः) वृद्ध (प्रवीरः) उत्तम वीर (सहस्वान) अत्यन्त बलवान् (वाजी) जिस को प्रशंसित शास्त्र बोध है (सहमानः) जो सुख और दुःख को सहने तथा (उग्रः) दुष्टों के मारने में तीव्र तेज वाला (अभिवीरः) जिस के अभीष्ट अर्थात् तत्काल चाहे हुए काम के करने वाले वा (अभिसत्वा) सब ओर से युद्ध विद्या में कुशल रक्षा करने हारे वीर हैं (सहोजाः) बल से प्रसिद्ध (गोवित्) वाणी गौओं वा पृथिवी को प्राप्त होता हुआ ऐसा तू युद्ध के लिये (जैत्रम्) जीतने वाले वीरों से घेरे हुए (रथम्) पृथिवी समुद्र और आकाश में चलने वाले रथ को (आ, तिष्ठ) आकर स्थित हो अर्थात् उस में बैठ ॥ ३७ ॥

भावार्थः—सेनापति वा सेना के वीर जब शत्रुओं से युद्ध की इच्छा करें तब परस्पर सब ओर से रक्षा और रक्षा के साधनों को संग्रह कर विचार और उत्साह के साथ वर्त्तमान आलस्य रहित होते हुए शत्रुओं को जीतने में तत्पर हों ॥ ३७ ॥

गोत्रभिदमित्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
भुरिगार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

गोत्रभिदं गोविदं वज्रबाहुं जयन्तमज्म प्रमृणन्तमोजसा । इमं सजाता अनु वीरयध्वमिन्द्रं सखायो ऽअनु सं रभध्वम् ॥ ३८ ॥

गोत्रभिदमिति गोत्रऽभिदम् । गोविदमिति गोऽ-

विदम् । वज्रबाहुमिति वज्रऽबाहुम् । जयन्तम् । अज्म । प्रमृणन्तमिति प्रऽमृणन्तम् । ओजसा । इमम् । सजाताऽइति सऽजाताः । अनु । वीरयध्वम् । इन्द्रम् । सखायः । अनु । सम् । रभध्वम् ॥ ३८ ॥

पदार्थः—(गोत्रभिदम्) यः शत्रूणां गोत्राणि भिनत्ति तम् (गोविदम्) योऽरीणां गां भूमिं विन्दति तम् (वज्रबाहुम्) वज्राः शस्त्राणि बाह्वोर्यस्य तम् (जयन्तम्) शत्रून् पराजयमानम् (अज्म) अजन्ति प्रक्षिपन्ति शत्रून् येन यस्मिन् वा । अत्र सुपांसुलुगिति विभक्तेर्लुक् । अज्मेति संग्रामना० निघं० २ । १७ (प्रमृणन्तम्) प्रकृष्टतया शत्रून् हिंसन्तम् (ओजसा) स्वस्य शरीरबुद्धिबलेन सैन्येन वा (इमम्) (सजाताः) समानदेशे जाता उत्पन्नाः (अनु) पश्चादर्थे (वीरयध्वम्) विक्रमयध्वम् (इन्द्रम्) शत्रु दलविदारकम् (सखायः) परस्परस्य सहायिनः (अनु) सुहृदः सन्तः आनुकूल्ये (सम्) सम्यक् (रभध्वम्) युद्धारम्भं कुरुत ॥ ३८ ॥

अन्वयः—हे सजाताः सखायो यूयमोजसा गोत्रभिदं गोविदं वज्रबाहुं प्रमृणन्तमज्म जयन्तमिमिन्द्रं सेनापतिमनुवीरयध्वमनुसंरभध्वं च ॥ ३८ ॥

भावार्थः—सेनापतयो भृत्याश्च परस्परं सुहृदो भूत्वाऽन्योन्यमनुमोद्य युद्धारम्भविजयौ कृत्वा शत्रुराज्यं लब्ध्वा न्यायेन प्रजाः पालयित्वा सततं सुखिनः स्युः ॥ ३८ ॥

पदार्थः—हे (सजाताः) एक देश में उत्पन्न (सखायः) परस्पर सहाय करने वाले मित्रो तुम लोग (ओजसा) अपने शरीर और बुद्धि बल वा सेनाजनों से (गोत्रभिदम्) जोकि शत्रुओं के गोत्रों अर्थात् समुदायों को छिन्न भिन्न करता उन की जड़ काटता (गोविदम्) शत्रुओं की भूमि को लेलेता (वज्रबाहुम्) अपनी भुजाओं में शस्त्रों को रखता (प्रमृणन्तम्) अच्छे प्रकार शत्रुओं को मारता (अज्म) जिस से वा जिस में शत्रुजनों को पटकते हैं उस संग्राम में (जयन्तम्) वैरियों को जीत लेता और (इमम्, इन्द्रम्) उन को विदीर्ण करता है इस सेनापति को (अनु, वीरयध्वम्) प्रोत्साहित करो और (अनु, संरभध्वम्) अच्छे प्रकार युद्ध का आरम्भ करो ॥ ३८ ॥

भावार्थः—सेनापति आदि तथा सेना के भृत्य परस्पर मित्र होकर एक दूसरे का अनुमोदन करा युद्ध का आरम्भ और विजय कर शत्रुओं के राज्य को पा और न्याय से प्रजा को पालन करके निरन्तर सुखी हों ॥ ३८ ॥

अभिगोत्राणीत्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर भी उसी वि० ॥

अभि गोत्राणि सहसा गाहमानोऽदयो वीरः शतमन्युरिन्द्रः । दुश्च्यवनः पृतनाषाडयुध्योऽस्माकꣳ सेना अवतु प्र युत्सु ॥ ३९ ॥

अभि । गोत्राणि । सहसा । गाहमानः । अदयः । वीरः । शतमन्युरिति शतऽमन्युः । इन्द्रः । दुश्च्यवनऽ इति दुःऽच्यवनः । पृतनाऽषाट् । अयुध्यः । अस्माकम् । सेनाः । अवतु । प्र । युत्स्विति युत्ऽसु ॥ ३९ ॥

पदार्थः—(अभि) सर्वतः (गोत्राणि) शत्रुकुलानि (सहसा) बलेन (गाहमानः) विलोडनं कुर्वन् (अदयः) अविद्यमाना दया करुणा यस्य सः (वीरः) शत्रूणां दरिता (शतमन्युः) शतधा मन्युः क्रोधो यस्य सः (इन्द्रः) सेनेशः (दुश्च्यवनः) शत्रुभिर्दुःखेन च्योतुं योग्यः (पृतनाषाट्) यः पृतनां सहते (अयुध्यः) शत्रुभिर्योद्धुमयोग्यः (अस्माकम्) (सेनाः) (अवतु) रक्षतु (प्र) प्रयत्नेन (युत्सु) मिश्रितामिश्रितकरणेषु युद्धेषु ॥ ३९ ॥

अन्वयः—हे विद्वांसो यो युत्सु सहसा गोत्राणि प्रगाहमानोऽदयः शतमन्युर्दुश्च्यवनः पृतनाषाडयुध्यो वीरोऽस्माकं सेना अभ्यवतु स इन्द्रः सेनापतिर्भवत्वित्याज्ञापयत ॥ ३९ ॥

भावार्थः—धार्मिकेषु करुणाकरः दुष्टेषु निर्दयः सर्वाभिरक्षको नरो भवेत् स एव सेनापालनेऽधिकर्त्तव्यः ॥ ३९ ॥

पदार्थः—हे विद्वानो जो (युत्सु) जिन से अनेक पदार्थों का मेल अमेल करें उन युद्धों में (सहसा) बल से (गोत्राणि) शत्रुओं के कुलों को (प्र, गाहमानः) अच्छे यत्न से गाहता हुआ (अदयः) निर्दय (शतमन्युः) जिस को सैकड़ों प्रकार का क्रोध विद्यमान है (दुश्च्यवनः) जो दुःख से शत्रुओं के गिराने योग्य (पृतनाषाट्) शत्रु की सेना को सहता है (अयुध्यः) और जो शत्रुओं के युद्ध करने योग्य नहीं है (वीरः) तथा शत्रुओं का विदीरण करता है वह (अस्माकम्) हमारी (सेनाः) सेनाओं को (अभि, अवतु) सब ओर से पाले और (इन्द्रः) सेनाधिपति हो ऐसी आज्ञा तुम देओ ॥ ३९ ॥

भावार्थः—जो धार्मिकजनों में करुणा करने वाला और दुष्टों में दयारहित सब ओर से सब की रक्षा करने वाला मनुष्य हो वही सेना के पालने में अधिकारी करने योग्य है ॥ ३९ ॥

इन्द्र आसामित्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । इन्द्रो देवताः ।
विराडार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

इन्द्र॑ आसां ने॒ता बृह॒स्पति॒र्दक्षि॑णा य॒ज्ञः पु॒रऽ ए॑तु॒ सोम॑: । दे॒व॒से॒नाना॑मभिभञ्जती॒नां जय॑न्तीनां म॒रुतो॑ य॒न्त्वग्र॑म् ॥ ४० ॥

इन्द्र॑: । आ॒साम् । ने॒ता । बृह॒स्पति॑: । दक्षि॑णा । य॒ज्ञः । पु॒रः । ए॒तु॒ । सोम॑: । दे॒व॒से॒नाना॒मिति॑ देव॒ऽसे॒नाना॑म् । अ॒भि॒भ॒ञ्ज॒ती॒नामित्य॑भिऽभञ्जती॒नाम् । जय॑न्तीनाम् । म॒रुत॑: । य॒न्तु॒ । अग्र॑म् ॥४०॥

पदार्थः—(इन्द्रः) परमैश्वर्ययुक्तः सेनापतिः शिक्षकः (आसाम्) प्रत्यक्षाणाम् (नेता) नायकः (बृहस्पतिः) बृहतामधिकाराणामध्यक्षः (दक्षिणा) दक्षिणस्यां दिशि (यज्ञः) संगन्ता (पुरः) पूर्वम् (एतु) गच्छतु (सोमः) सेनाप्रेरकः (देवसेनानाम्) विदुषां सेनानाम् (अभिभञ्जतीनाम्) शत्रुसेनानामभितो मर्दनमाचरन्तीनाम् (जयन्तीनाम्) शत्रुविजयेनोत्कर्षन्तीनाम् (मरुतः) वायुवद् बलिष्ठाः शूरवीराः (यन्तु) गच्छन्तु (अग्रम्) ॥ ४० ॥

अन्वयः—युद्धेऽभिभञ्जतीनां जयन्तीनामासां देवसेनानां नेतेन्द्रः पश्चाद्यज्ञः पुरो बृहस्पतिर्दक्षिणा सोम उत्तरस्यां चैतु मरुतोऽग्रं यन्तु ॥ ४० ॥

भावार्थः—यदा राजपुरुषाः शत्रुभिर्युयुत्सेयुस्तदा सर्वासु दिक्ष्वध्यक्षान् शूरवीरानग्रतो भीरूनन्तःसंस्थाप्य भोजनाच्छादनवाहनास्त्रशस्त्रयोगेन युध्येरन् । तत्र विद्वत्सेनाधीना मूर्खसेनाः कार्याः । ता विद्वांसो वक्तृत्वेनोत्साहयेयुरध्यक्षाश्च पद्मव्यूहादिभिर्योधयेयुः ॥ ४० ॥

पदार्थः—युद्ध में (अभिभंञ्जतीनाम्) शत्रुओं की सेनाओं को सब ओर से मारती (जयन्तीनाम्) और शत्रुओं को जीतने से उत्साह को प्राप्त होती हुई (आसाम्) इन (देवसेनानाम्) विद्वानों की सेनाओं का (नेता) नायक (इन्द्रः) उत्तम ऐश्वर्य वाला शिक्षक सेनापति पीछे (यज्ञः) सब को मिलने वाला (पुरः) प्रथम (बृहस्पतिः) सब अधिकारियों का अधिपति (दक्षिणा) दाहिनी ओर और (सोमः) सेना को प्रेरणा अर्थात् उत्साह देने वाला बाईं ओर (एतु) चले तथा (मरुतः) पवनों के समान वेग वाले बली शूरवीर (अग्रम्) आगे को (यन्तु) जावें ॥ ४० ।

भावार्थः—जब राज पुरुष शत्रुओं के साथ युद्ध किया चाहें तब सब दिशाओं में अध्यक्ष तथा शूरवीरों को आगे और डरपने वालों को बीच में ठीक स्थापन कर भोजन आच्छादन वाहन अस्त्र और शस्त्रों के योग से युद्ध करें और वहां विद्वानों की सेना के आधीन मूर्खों की सेना करनी चाहिये उन सेनाओं को विद्वान् लोग अच्छे उपदेश से उत्साह देवें और सेनाध्यक्षादि पद्मव्यूह आदि बांध के युद्ध करावें ॥ ४० ॥

इन्द्रस्येत्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

इन्द्रस्य वृष्णो वरुणस्य राज्ञ आदित्यानाम्मरुतᳬ शर्द्ध उग्रम् । महामनसां भुवन च्यवानां घोषो देवानां जयतामुदस्थात् ॥ ४१ ॥

इन्द्रस्य । वृष्णः । वरुणस्य । राज्ञः । आदित्यानाम् । मरुताम् । शर्द्धः । उग्रम् । महामनसामिति महाऽमनसाम् । भुवनच्यवानामिति भुवनऽच्यवानाम् । घोषः । देवानाम् । जयताम् । उत् । अस्थात् ॥ ४१ ॥

पदार्थः—(इन्द्रस्य) सेनापतेः (वृष्णः) वीर्यवतः (वरुणस्य) सर्वोत्कृष्टस्य (राज्ञः) न्यायविनयादिभिः प्रकाशमानस्य सर्वाधिष्ठातुः (आदित्यानाम्) कृताष्टाचत्वारिंशद्वर्षप्रमितब्रह्मचर्य्याणाम् (मरुताम्) पूर्णविद्याबलयुक्तानां पुरुषाणाम् (शर्द्धः) बलं सैन्यम् (उग्रम्) शत्रुभिः सोढुमशक्यम् (महामनसाम्) महान्ति मनांसि विज्ञानानि येषां तेषाम् (भुवनच्यवानाम्) ये भुवनान्युत्तमानि गृहाणि च्यवन्ते प्राप्नुवन्ति तेषाम् (घोषः) शौर्योत्साहजनको विविधवादित्रस्वरालापशब्दः (देवानाम्) विदुषाम् (जयताम्) शत्रून् विजेतुं समर्थानाम् (उत्) (अस्थात्) उत्तिष्ठतु ॥ ४१ ॥

अन्वयः—वृष्ण इन्द्रस्य वरुणस्य राज्ञो भुवनच्यवानां महामनसां जयतामादित्यानां मरुतां देवानामुग्रं शर्द्धो घोषो युद्धारम्भात् पूर्वमुदस्थात् ॥ ४१ ॥

भावार्थः—सेनाध्यक्षैः शिक्षासमये युद्धसमये च मनोहरै-

निर्भयादिभावजनकैः शब्दितैर्वादित्रैर्वीरा हर्षणीयाः। ये दीर्घब्रह्मचर्येणाधिकविद्यया शरीरात्मबलास्तएव युद्धसेनास्वधिकर्त्तव्याः॥४१॥

पदार्थः—(वृष्णः) वीर्य्यवान् (इन्द्रस्य) सेनापति (वरुणस्य) सब से उत्तम (राज्ञः) न्याय और विनय आदि गुणों से प्रकाशमान सब के अधिपति राजा के (भुवनच्यवानाम्) जो उत्तम घरों को प्राप्त होते (महामनसाम्) बड़े २ विचार वाले वा (जयताम्) शत्रुओं के जीतने को समर्थ (आदित्यानाम्) जिन्हों ने ४८ वर्ष तक ब्रह्मचर्य्य किया हो (मरुताम्) और जो पूर्ण विद्या बल युक्त हैं उन (देवानाम्) विद्वान् पुरुषों का (उग्रम्) जो शत्रुओं को असह्य (शर्द्धः) बल (घोषः) शूरता और उत्साह उत्पन्न करने वाला विचित्र बाजों का स्वरालाप शब्द है वह युद्ध के आरम्भ से पहिले (उदस्थात्) उठे ॥ ४१ ॥

भावार्थः—सेनाध्यक्षों को चाहिये कि शिक्षा और युद्ध के समय मनोहर वीरभाव को उत्पन्न करने वाले अच्छे बाजों के बजाए हुए शब्दों से वीरों को हर्षित करावें तथा जो बहुत काल पर्यन्त ब्रह्मचर्य और अधिकविद्या से शरीर और आत्मबलयुक्त हैं वे ही योद्धाओं की सेनाओं के अधिकारी करने योग्य हैं ॥ ४१ ॥

उद्धर्षयेत्यस्याप्रतिरथ ऋषिः। इन्द्रो देवता।
विराडार्षी त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

उद्धर्षय मघवन्नायुधान्युत्सत्वनां मामकानां मनांꣳसि। उद्वृत्रहन् वाजिनां वाजिनान्युद्रथानां जयतां यन्तु घोषाः ॥ ४२ ॥

उत्। हर्षय। मघवन्निति मघऽवन्। आयुधानि। उत्। सत्वनाम्। मामकानाम्। मनांꣳसि।

उत्। वृत्रहन्निति वृत्रऽहन्। वाजिनाम् वाजिनानि।
उत्। रथानाम्। जयताम्। यन्तु। घोषाः ॥ ४२ ॥

पदार्थः—(उत्) (हर्षय) उत्कर्षय (मघवन्) प्रशस्तानि मघानि धनानि विद्यन्ते यस्य तत्सम्बुद्धौ (आयुधानि) समन्ताद्युध्यन्ते यैस्तानि (उत्) (सत्वनाम्) सेनायां सीदतां प्राणिनाम् (मामकानाम्) मदीयानां वीराणाम् (मनांसि) अन्तःकरणानि (उत्) (वृत्रहन्) मेघहन्तासूर्य इव शत्रु हन्तः सेनापते (वाजिनाम्) तुरङ्गाणाम् (वाजिनानि) शीघ्रगमनानि (उत्) (रथानाम्) (जयताम्) (यन्तु) गच्छन्तु (घोषाः) शब्दाः ॥ ४२ ॥

अन्वयः—सेनास्था जनाः स्वाधीशमेवं ब्रूयुः हे वृत्रहन् मघवँस्त्वं मामकानां सत्वनामायुधान्युद्धर्षय । मामकानां सत्वनां मनांस्युद्धर्षय । मामकानां वाजिनां वाजिनान्युद्धर्षय भवत्कृपातो मामकानां जयतां रथानाम् घोषा उद्यन्तु ॥ ४२ ॥

भावार्थः—सेनापतिभिः शिक्षकैश्च योद्धृणां चित्तानि नित्यं हर्षणीयानि । सेनाङ्गानि सम्यगुन्नीय शत्रवो जेतव्याश्च ॥ ४२ ॥

पदार्थः—सेना के पुरुष अपने स्वामी से ऐसे कहें कि हे (वृत्रहन्) मेघ को सूर्य के समान शत्रुओं को छिन्न भिन्न करने वाले (मघवन्) प्रशंसित धनयुक्त सेनापति आप (मामकानाम्) हम लोगों के (सत्वनाम्) सेनास्थवीर पुरुषों के (आयुधानि) जिन से अच्छे प्रकार युद्ध करते हैं उन शस्त्रों का (उद्धर्षय) उत्कर्ष कीजिये । हमारे सेनास्थ जनों के (मनांसि) मनों को (उत्) उत्तम हर्षयुक्त कीजिये हमारे (वाजिनाम्) घोड़ों के (वाजिनानि) शीघ्र चालों को (उत) बढ़ाइये ।

तथा आप की कृपा से हमारे (जयताम्) विजय कराने वाले (रथानाम्) रथों के (घोषाः) शब्द (उदयन्तु) उठें ॥ ४२ ॥

भावार्थः—सेनापति और शिक्षक जनों को चाहिये कि योद्धाओं के चित्तों को नित्य हर्षित करें और सेना के अङ्गों की अच्छे प्रकार उन्नति देकर शत्रुओं को जीतें ॥ ४२ ॥

अस्माकमित्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

अस्माकमिन्द्रः समृतेषु ध्वजेष्वस्माकं याऽइषवस्ता जयन्तु । अस्माकं वीरा उत्तरे भवन्त्वस्माँ२॥ऽउं देवाऽअवता हवेषु ॥ ४३ ॥

अस्माकम् । इन्द्रः । समृतेष्विति सम्ऽऋतेषु । ध्वजेषु । अस्माकम् । याः । इषवः । ताः । जयन्तु । अस्माकम् । वीराः । उत्तरऽइत्युत्ऽतरे । भवन्तु । अस्मान् । ऊँऽइत्यूँ । देवाः । अवत । हवेषु ॥ ४३ ॥

पदार्थः-(अस्माकम्) (इन्द्रः) ऐश्वर्यकारकः सेनेशः (समृतेषु) सम्यक् सत्यन्यायप्रकाशकचिन्हेषु (ध्वजेषु) स्ववीरप्रतीतये रथाद्युपरिस्थापितेषु विजातीयचिन्हेषु (अस्माकम्) (याः) (इषवः) प्राप्ताः सेनाः (ताः) (जयन्तु) विजयिन्यो भवन्तु (अस्माकम्) (वीराः) (उत्तरे) विजयानन्तरसमये

कुशला विद्यमानजीवनाः (भवन्तु) (अस्मान्) (उ) वितर्के (देवाः) विजिगीषवः (अवत) रक्षत (हवेषु) ह्वयन्ति स्पर्द्धन्ते परस्परं येषु संग्रामेषु तेषु ॥ ४३ ॥

अन्वयः—हे देवा विद्वांसो यूयमस्माकं समृतेषु ध्वजेष्वधोदेशे य इन्द्रोऽस्माकं या इषवः स ताश्च हवेषु जयन्त्वस्माकं वीरा उत्तरे भवन्तु । अस्मानु सर्वत्रावत ॥ ४३ ॥

भावार्थः—सेनाजनैः सेनापत्यादिभिः स्वस्वरथादिषु भिन्नंभिन्नं चिन्हं संस्थापनीयम् । यतोऽस्यायं रथादिरिति सर्वे जानीयुः । यथा वीराणामश्वानां चाधिकः क्षयो नस्यात्तथानुष्ठातव्यम् । कुतः परस्परस्यपराक्रमात्क्षयेण ध्रुवो विजयो न भवतीति विज्ञेयम् ॥४३॥

पदार्थः—हे (देवाः) विजय चाहनें वाले विद्वानो तुम (अस्माकम्) हम लोगों के (समृतेषु) अच्छे प्रकार सत्य न्याय प्रकाश करने हारे चिन्ह जिन में हों उन (ध्वजेषु) अपने वीर जनों के निश्चय के लिये रथ आदि यानों के ऊपर एक दूसरे से भिन्न स्थापित किये हुए ध्वजा आदि चिन्हों में नीचे अर्थात् उन की छाया में वर्त्तमान जो (इन्द्रः) ऐश्वर्य्य करने वाला सेना का ईश और (अस्माकम्) हम लोगों की (याः) जो (इषवः) प्राप्त सेना हैं वह इन्द्र और (ताः) वे सेना (हवेषु) जिन में ईर्षा से शत्रुओं को बुलावें उन संग्रामों में (जयन्तु) जीतें (अस्माकम्) हमारे (वीराः) वीर जन (उत्तरे) विजय के पीछे जीवनयुक्त (भवन्तु) हों (अस्मान्) हम लोगों की (उ) सब जगह युद्ध समय में (अवत) रक्षा करो ॥ ४३॥

भावार्थः—सेनाजन और सेनापति आदि को चाहिये कि अपने २ रथ आदि में भिन्न २ चिन्ह को स्थापन करें जिस से यह इस का रथ आदि है ऐसा सब जानें और जैसे अश्व तथा वीरों का अधिक विनाश न हो वैसा ढंग करें क्योंकि परस्पर के पराक्रम के क्षय होने से निश्चल विजय नहीं होता यह जानें॥४३॥

अमीषामित्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
स्वराडार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

अमीषां चित्तं प्रतिलोभयन्ती गृहाणाङ्गान्यप्वे परेहि । अभि प्रेहि निर्दह हृत्सु शोकैरन्धेनामित्रास्तमसा सचन्ताम् ॥ ४४ ॥

अमीषाम् । चित्तम् । प्रतिलोभयन्तीति प्रतिऽलोभयन्ती । गृहाण । अङ्गानि । अप्वे । परा । इहि । अभि । प्र । इहि । निः । दह । हृत्स्विति हृत्ऽसु । शोकैः । अन्धेन । अमित्राः । तमसा । सचन्ताम् ॥ ४४ ॥

पदार्थः—(अमीषाम्) परोक्षाणाम् (चित्तम्) स्वान्तम् (प्रतिलोभयन्ती) प्रत्यक्षे मोहयन्ती (गृहाण) (अङ्गानि) सेनावयवान् (अप्वे) यापवाति शत्रुप्राणान् हिंनस्ति तत्सम्बुद्धौ । अपपूर्वाद्वातेरन्येभ्योऽपि दृश्यत इति क्विप् अकारलोपश्छान्दसः । (परा) (इहि) दूरंगच्छ (अभि) (प्र) (इहि) अभिप्रायं दर्शय (निर्दह) नितरां भस्मीकुरु (हृत्सु) हृदयेषु (शोकैः) (अन्धेन) आवरकेण (अमित्राः) शत्रवः (तमसा) रात्र्यन्धकारेण (सचन्ताम्) संयुञ्जन्तु ॥ ४४ ॥

अन्वयः—हे अप्वे शूरवीरे राजस्त्रि क्षत्रिये अमीषां चित्तं प्रतिलोभयन्ती या स्वसेनाऽस्ति तस्या अङ्गानि त्वं गृहाण । अधर्मात् परेहि स्वसेनामभिप्रेहि शत्रून् निर्दह यत इमेऽमित्रा हृत्सु-शोकैरन्धेन तमसा सह सचन्तां संयुक्तास्तिष्ठन्तु ॥ ४४ ॥

भावार्थः—सभापत्यादिभिर्यथाऽतिप्रशंसिता हृष्टपुष्टा साङ्गोपाङ्गा पुरुषसेना स्वीकार्या तथा स्त्री सेनाच । यत्राऽव्यभिचारिण्यस्त्रियस्तिष्ठेयुस्तया सेनया शत्रवो वशे स्थापनीयाः ॥ ४४ ॥

पदार्थः—हे (अप्वे) शत्रुओं के प्राणों को दूर करने हारी राणी क्षत्रिया वीर स्त्री (अमीषाम्) उन सेनाओं के (चित्तम्) चित्त को (प्रतिलोभयन्ती) प्रत्यक्ष में लुभाने वाली जो अपनी सेना है उस के (अङ्गानि) अङ्गों को तू (गृहाण) ग्रहण कर अधर्म्म से (परेहि) दूर हो अपनी सेना को (अभि, प्रेहि) अपना अभिप्राय दिखा और शत्रुओं को (निर्दह) निरन्तर जला जिस से ये (अमित्राः) शत्रु जन (हृत्सु) अपने हृदयों में (शोकैः) शोकों से (अन्धेन) आच्छादित हुए (तमसा) रात्रि के अन्धकार के साथ (सचन्ताम्) संयुक्त रहें ॥ ४४ ॥

भावार्थः—सभापति आदि को योग्य है कि जैसे अतिप्रशंसित हृष्ट पुष्ट अङ्ग उपाङ्गादियुक्त शूरवीर पुरुषों की सेना का स्वीकार करें वैसे शूरवीर स्त्रियों की भी सेना स्वीकार करें और जिस स्त्री सेना में अव्यभिचारिणी स्त्री रहें और उस सेना से शत्रुओं को वश में स्थापन करें ॥ ४४ ॥

अवसृष्टेत्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । इषुर्देवता ।

आर्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

अवसृष्टा परा पत शरव्ये ब्रह्मसꣳशिते । गच्छाऽमित्रान् प्र पद्यस्व मामीषां कञ्चनोच्छिषः ॥४५॥

अवंसृष्टेत्यवंऽसृष्टा । परा । पत । शरव्ये । ब्रह्मसंशितऽइति ब्रह्मऽसंशिते । गच्छं । अमित्रान् । प्र । पद्यस्व । मा । अमीषाम् । कम् । चन । उत् । शिषः ॥ ४५ ॥

पदार्थः—(अवसृष्टा) प्रेरिता (परा) (पत) याहि (शरव्ये) शरेषु बाणेषु साध्वी स्त्री तत्सम्बुद्धौ (ब्रह्मसंशिते) ब्रह्मभिश्चतुर्वेदविद्भिः प्रशंसिते शिक्षया सम्यक् तीक्ष्णीकृते (गच्छ) (अमित्रान्) शत्रून् (प्र) (पद्यस्व) प्राप्नुहि (मा) निषेधे (अमीषाम्) दूरस्थानां विरोधिनाम् (कम्) (चन) कंचिदपि (उत्) (शिषः) ऊर्द्ध्वं शिष्टं त्यजेत् ॥ ४५ ॥

अन्वयः—हे शरव्ये ब्रह्मसंशिते सेनानीपत्नि त्वमवसृष्टा सती परापतामित्रान् गच्छ तेषां हननेन विजयं प्रपद्यस्वामीषां शत्रूणां मध्ये कंचन मोच्छिषो हननेन विना कंचिदपि मा त्यजेः॥४५॥

भावार्थः—सभापत्यादिभिः यथा युद्धविद्यया पुरुषाः शिक्षणीयास्तथा स्त्रियश्च यथा वीरपुरुषा युद्धं कुर्युस्तथा स्त्रियोऽपि कुर्वन्तु ये शत्रवो युद्धे हताः स्युस्तदवशिष्टाश्च शाश्वते बन्धने कारागृहे स्थापनीयाः ॥ ४५ ॥

पदार्थः—हे (शरव्ये) बाण विद्या में कुशल (ब्रह्मसंशिते) वेदवेत्ता विद्वान् से प्रशंसा और शिक्षा पाए हुए सेनाधिपति की स्त्री तू (अवसृष्टा) प्रेरणा को प्राप्त हुई (परा, पत) दूर जा (अमित्रान्) शत्रुओं को (गच्छ) प्राप्त हो और उन के मारने से विजय को (प्र, पद्यस्व) प्राप्त हो (अमीषाम्) उन दूरदेश में ठहरे हुए शत्रुओं में से मारने के विना (कं, चन) किसी को (मा) (उच्छिषः) मत छोड़ ॥ ४५ ॥

भावार्थः—सभापति आदि को चाहिये कि जैसे युद्ध विद्या से पुरुषों को शिक्षा करें वैसे स्त्रियों को भी शिक्षा करें जैसे वीरपुरुष युद्ध करें वैसे स्त्री भी करें जो युद्ध में मारे जावें उन से शेष अर्थात् बचे हुए कातरों को निरन्तर कारागार में स्थापन करें ॥ ४५ ॥

प्रेताजयतेत्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । योद्धा देवता ।
विराडार्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर भी उसी वि० ॥

प्रेता जयंता नरऽइन्द्रो वः शर्म्म यच्छतु । उग्रा वंः सन्तु बाहवोऽनाधृष्या यथाऽसंथ ॥ ४६ ॥

प्र । इत । जयंत । नरः । इन्द्रः । वः । शर्म्म । यच्छतु । उग्राः । वः । सन्तु । बाहवंः । अनाधृष्याः । यथा । असंथ ॥ ४६ ॥

पदार्थः—(प्र) (इत) शत्रून् प्राप्नुत । अत्र द्व्यचोऽतस्तिङ इति दीर्घः (जयत) विजयध्वम् । अत्रान्येषामपि दृश्यत इति दीर्घः (नरः) नायकाः (इन्द्रः) शत्रूणां दारयिता सेनापतिः (वः) युष्मभ्यम् (शर्म) गृहम् (यच्छतु) ददातु (उग्राः) दृढाः (वः) युष्माकम् (सन्तु) (बाहवः) भुजाः (अनाधृष्याः) शत्रुभिर्धर्षितुमयोग्याः (यथा) (असथ) भवत ॥ ४६ ॥

अन्वयः—हे नरो यूयं यथा शत्रूनित जयत इन्द्रो वः शर्म प्रयच्छतु वो बाहव उग्राः सन्तु । अनाधृष्या असथ तथा प्रयतध्वम् ॥ ४६ ॥

भावार्थः-अत्रोपमालं०-ये शत्रूणां विजेतारो वीरास्स्युस्तान् सेनापतिर्धनान्नगृहवस्त्रादिभिः सततं सत्कुर्यात् सेनास्था जनाश्च यथा बलिष्ठाः स्युस्तथा व्यवहरेयुः ॥ ४६ ॥

पदार्थः—हे (नरः) अनेक प्रकार के व्यवहारों को प्राप्त करने वाले मनुष्यो तुम (यथा) जैसे शत्रु जनों को (इत) प्राप्त होओ और उन्हें (जयत) जीतो तथा (इन्द्रः) शत्रुओं को विदीर्ण करने वाला सेनापति (वः) तुम लोगों के लिये (शर्म्म) घर (प्र, यच्छतु) देवे (वः) तुह्मारी (बाहवः) भुजा (उग्राः) दृढ़ (सन्तु) हों और (अनाधृष्याः) शत्रुओं से न धमकाने योग्य (असथ) होओ वैसा अगल करो ॥ ४६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—जो शत्रुओं को जीतने वाले वीर हों उन का सेनापति धन अन्न गृह और वस्त्रादिकों से निरन्तर सत्कार करे तथा सेनास्थ जन जैसे बली हों वैसा व्यवहार अर्थात् व्यायाम और शस्त्र अस्त्रों का चलाना सीखें ॥ ४६ ॥

असौ येत्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । मरुतो देवताः । निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

असौ या सेना मरुतः परेषामभ्यैति न ऽओजसा स्पर्द्धमाना । तां गूहत तमसापव्रतेन यथामीऽअन्योऽअन्यन्न जानन् ॥ ४७ ॥

असौ । या । सेना । मरुतः । परेषाम् । अभि । आ । एति । नः । ओजसा । स्पर्द्धमाना । ताम् ।

गूहत । तमसा । अपव्रतेनेत्यपऽव्रतेन । यथा । अमी-ऽइत्यमी । अन्यः । अन्यम् । न । जानन् ॥ ४७ ॥

पदार्थः—(असौ) (या) (सेना) (मरुतः) ऋत्विजो विद्वांसः (परेषाम्) शत्रूणाम् (अभि) आभिमुख्ये (आ) सर्वतः (एति) प्राप्नोति (नः) अस्माकम् (ओजसा) बलेन (स्पर्द्धमाना) ईर्ष्यन्ती (ताम्) (गहत) संवृणुत (तमसा) अन्धकारेण शतघ्न्याद्युत्थधूमेन मेघपर्वताकारेणास्त्रादिधूमेन वा (अपव्रतेन) अनियमेन परुषकर्मणा (यथा) (अमी) (अन्यः) (अन्यम्) (न) निषधे (जानन्) ॥४७॥

अन्वयः—हे मरुतो यूयं यासौ परेषां स्पर्द्धमाना सेनौजसा नोऽस्मानभ्यैति तामपव्रतेन तमसा गूहत । अमी शत्रुसेनास्था जना यथा अन्योऽन्यं न जानन् तथा विक्रमध्वम् ॥ ४७ ॥

भावार्थः—यदा युद्धाय शत्रुसेनासु प्राप्तासु युद्धमाचरेत् तदा सर्वतःशस्त्रास्त्र प्रहारोत्थधूमधूल्यादिना ता आच्छाद्य यथैते परस्परमापि न जानीयुस्तथा सेनापत्यादिभिर्विधेयम् ॥ ४७ ॥

पदार्थः—हे (मरुतः) ऋतु २ में यज्ञ करने वाले विद्वानो तुम (या) जो (असौ) वह (परेषाम्) शत्रुओं की (स्पर्द्धमाना) ईर्षा करती हुई (सेना) सेना (ओजसा) बल से (नः) हम लोगों के (अभि, आ, एति) सन्मुख सब ओर से प्राप्त होती है (ताम्) उसको (अपव्रतेन) छेदन रूप कठोर कर्म्म से और (तमसा) तोप आदि शस्त्रों के उठे हुए धूम वा मेघ पहाड़ के आकार जो अस्त्र का धूम होता है उस से (गूहत) ढांपो (अमी) ये शत्रु सेनास्थ जन (यथा)

जैसे (अन्यः, अन्यम्) परस्पर एक दूसरे को (न) न (जानन्) जानें वैसा पराक्रम करो ॥ ४७ ॥

भावार्थः—जब युद्ध के लिये प्राप्त हुई शत्रुओं की सेनाओं में होते युद्ध करे तब सब ओर से शस्त्र और अस्त्रों के प्रहार से उठी धूम धूली आदि से उस को ढांपकर जैसे ये शत्रुजन परस्पर अपने दूसरे को न जानें वैसा ढंग सेनापति आदि को करना चाहिये ॥ ४७ ॥

यत्र वाणा इत्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । इन्द्रबृहस्पत्यादयो देवताः । पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

यत्र॑ बा॒णाः स॒म्पत॑न्ति कु॒मा॒रा वि॑शि॒खाऽइ॑व । तन्न॒ऽ इन्द्रो॒ बृह॒स्पति॒रदि॑ति॒ः शर्म॑ यच्छतु वि॒श्वाहा॒ शर्म॑ यच्छतु ॥ ४८ ॥

यत्र॑ । बा॒णाः॑ । संप॒तन्तीति॑ स॒म्ऽपत॑न्ति । कु॒मा॒राः । वि॒शि॒खाऽइ॒वेति॑ वि॒शि॒खाःऽइ॑व । तत् । न॒ः । इन्द्रः॑ । बृह॒स्पति॑ः । अदि॑तिः । शर्म॑ । य॒च्छ॒तु । वि॒श्वाहा॑ । शर्म॑ । य॒च्छ॒तु ॥ ४८ ॥

पदार्थः—(यत्र) यस्मिन् संग्रामे (बाणाः) ये बणन्ति शब्दायन्ते ते शस्त्रास्त्रसमूहाः (संपतन्ति) (कुमाराः) अतिचपला वेगवन्तो बालकाः (विशिखाइव) यथा विगतशिखा विविधशिखा वा (तत्) तत्र (नः) अस्मभ्यम् (इन्द्रः) सेनापतिः

(बृहस्पतिः) बृहत्याः सभायाः सेनाया वा पालकः (अदितिः) अखण्डिता सभासदलङ्कृता सभा (शर्म) शरणं सुखम् (यच्छतु (विश्वाहा) सर्वाण्यहानि दिनानि (शर्म) सुखसाधकं गृहम् (यच्छतु) ददातु ॥ ४८ ॥

अन्वयः—यत्र संग्रामे विशिखाकुमाराइव बाणाः संपतन्ति तद्बृहस्पतिरिन्द्रः शर्मयच्छत्वदितिश्च विश्वाहा नः शर्म यच्छतु ॥४८॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यथा बालका इतस्ततो धावन्ति तथा युद्धसमये योद्धारोऽपि चेष्टन्ताम् । ये युद्धे क्षताः क्षीणाः श्रान्ताः क्लान्ताश्छिन्नभिन्नांगा मूर्छिताश्च भवेयुस्तान् युद्धभूमेः सद्य उत्थाप्य सुखालयं नीत्वौषधादीनि कृत्वा स्वस्थान् कुर्युः । ये च म्रियेरँस्तान्विधिवद्दहेयुः । राजजनास्तेषां मातृ पितृस्त्रीबालकादीनां सदा रक्षां कुर्युः ॥ ४८ ॥

पदार्थः—(यत्र) जिस संग्राम में (विशिखाइव) बिना चोटी के वा बहुत चोटियों वाले (कुमाराः) बालकों के समान (बाणाः) बाण आदि शस्त्र अस्त्रों के समूह (संपतन्ति) अच्छे प्रकार गिरते हैं (तत्) वहां (बृहस्पतिः) बड़ी सभा वा सेना का पालने वाला (इन्द्रः) सेनापति (शर्म) आश्रय वा सुख को (यच्छतु) देवे और (अदितिः) नित्य समासदों से शोभायमान सभा (विश्वाहा) सब दिन (नः) हम लोगों के लिये (शर्म) सुख सिद्ध करने वाले घर को (यच्छतु) देवे ॥४८॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—जैसे बालक इधर उधर दौड़ते हैं वैसे युद्ध के समय में योद्धा लोग भी चेष्टा करें जो युद्ध में घायल, क्षीण, थके, पसीजे, छिदे, भिदे कटे, फटे अंग वाले और मूर्छित हों उनको युद्धभूमि से शीघ्र उठा सुखालय (सफाखाने) में पहुंचा औषध पट्टी कर स्वस्थ करें और जो मरजावें उन को विधि से दाह दें राजजन उन के माता पिता स्त्री और बालकों की सदा रक्षा करें ॥४८॥

मर्माणीत्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । सोमवरुणदेवा देवताः ।
आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

मर्माणि ते वर्मणा छादयामि सोमस्त्वा राजामृते नानु वस्ताम् । उरोर्वरीयो वरुणस्ते कृणोतु जयन्तं त्वानु देवा मदन्तु ॥ ४९ ॥

मर्माणि । ते । वर्म्मणा । छादयामि । सोमः । त्वा । राजा । अमृतेन । अनु । वस्ताम् । उरोः । वरीयः । वरुणः । ते । कृणोतु । जयन्तम् । त्वा । अनु । देवाः । मदन्तु ॥ ४९ ॥

पदार्थः—(मर्म्माणि) यानि ताडितानि सन्ति सद्यो मरणजनकान्यङ्गानि (ते) तव (वर्मणा) देहरक्षकेन (छादयामि) अपवृणोमि (सोमः) सोम्यगुणैश्वर्य्यसंपन्नः (त्वा) त्वाम् (राजा) विद्यान्यायविनयादिभिः प्रकाशमानः (अमृतेन) सर्वरोगनिवारकेणामृतात्मकेनौषधेन (अनु) पश्चात् (वस्ताम्) आच्छादयताम् (उरोः) बहुगुणैश्वर्यात् (वरीयः) अतिशयितं बह्वैश्वर्यम् (वरुणः) सर्वत उत्कृष्टः (ते) तुभ्यम् (कृणोतु) (जयन्तम्) दुष्टान् पराजयन्तम् (त्वा) त्वाम् (अनु) (देवाः) विद्वांसः (मदन्तु) उत्साहयन्तु ॥ ४९ ॥

अन्वयः—हे योद्धः शूरवीर अहं ते मर्म्माणि वर्मणा छादयामि । अयं सोमो राजाऽमृतेन त्वानुवस्ताम् । वरुणस्त उरोर्वरीयः कृणोतु जयन्तं त्वा देवा अनु मदन्तु ॥ ४९ ॥

भावार्थः—सेनापत्यादिभिः सर्वेषां योद्धृणां शरीरादिरक्षणं सर्वतः कृत्वैते सततं प्रोत्साहनीया अनुमोदनीयाश्च यतो विश्वतो विजयं लभेरन् ॥ ४९ ॥

पदार्थः—हे युद्ध करने वाले शूरवीर मैं (ते) तेरे (मर्माणि) मर्मस्थलों अर्थात् जो ताड़ना किये हुए शीघ्र मरण उत्पन्न करने वाले शरीर के अङ्ग हैं उन को (वर्मणा) देह की रक्षा करने हारे कवच से (छादयामि) ढांपता हूं । यह (सोमः) शान्ति आदि गुणों से युक्त (राजा) और विद्या न्याय तथा विनय आदि गुणों से प्रकाशमान राजा (अमृतेन) समस्त रोगों के दूर करने वाली अमृतरूप ओषधि से (त्वा) मुझ को (अनु, वस्ताम्) पीछे ढांपे (वरुणः) सब से उत्तम गुणों वाला राजा (ते) तेरे (उरोः) बहुत गुण और ऐश्वर्य से भी (वरीयः) अत्यन्त ऐश्वर्य को (कृणोतु) करे तथा (जयन्तम्) दुष्टों को पराजित करते हुए (त्वा) तुझे (देवाः) विद्वान् लोग (अनु, मदन्तु) अनुमोदित करें अर्थात् उत्साह देवें ॥ ४९ ॥

भावार्थः—सेनापति आदि को चाहिये कि सब युद्ध कर्त्ताओं के शरीर आदि की रक्षा सब ओर से करके इन को निरन्तर उत्साहित और अनुमोदित करें जिस से निश्चय करके सब से विजय को पावें ॥ ४९ ॥

उदेन मित्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । अग्निर्देवता ।
विराडार्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर भी उसी वि० ॥

उदेनमुत्तरां नयाग्ने घृतेनाहुत । रायस्पोषेण सꣳ सृज प्रजया च बहुं कृधि ॥ ५० ॥

उत् । एनम् । उत्तरामित्युत्ऽतराम् । नय । अग्ने । घृतेन । आहुतेत्याऽहुत । रायः । पोषेण । सम् । सृज । प्रजयेति प्रऽजया । च । बहुम् । कृधि ॥५०॥

पदार्थः—(उत) (एनम्) विजेतारम् (उत्तराम्) उत्कृष्टतया तरन्ति यया सेनया तां प्राप्तविजयाम् (नय) (अग्ने) प्रकाशमय (घृतेन) आज्येन (आहुत) तृप्तिं प्राप्त (रायः) राज्यश्रियः (पोषेण) पोषणेन (सम्) सम्यक् (सृज) योजय (प्रजया) बहुसन्तानैः (च) (बहुम्) अधिकंकर्म (कृधि) कुरु ॥ ५० ॥

अन्वयः—हे घृतेनाहुताग्ने सेनापते त्वमेनमुत्तरामुन्नय रायस्पोषेण संसृज प्रजया च बहुं कृधि ॥ ५० ॥

भावार्थः—यः सेनाधिकारी भृत्यो वा धर्म्येण युद्धेन दुष्टान् विजयेत तं सभासेनापतयो धनादिना बहुधा सत्कुर्युः ॥ ५० ॥

पदार्थः—हे (घृतेन, आहुत) घृत से तृप्ति को प्राप्त हुए (अग्ने) प्रकाशयुक्त सेनापति तू (एनम्) इस जीतने वाले वीर को (उत्तराम्) जिस से उत्तमता से संग्राम को तरें विजय को प्राप्त हुई उस सेना को (उत, नय) उत्तम अधिकार में पहुंचा (रायः, पोषेण) राज लक्ष्मी की पुष्टि से (सम्, सृज) अच्छे प्रकार युक्त कर (च) और (प्रजया) बहुत संतानों से (बहुम्) अधिकता को प्राप्त (कृधि) कर ॥ ५० ॥

भावार्थः—जो सेना का अधिकारी वा भृत्यधर्मयुक्त युद्ध से दुष्टों को जीते उस का सभा सेना के पति धनादिकों से बहुत प्रकार सत्कार करें ॥ ५० ॥

इन्द्रेममित्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
आर्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर भी उसी वि० ॥

इन्द्रेमं प्र॑त॒रां न॑य सजा॒ताना॑मसद्व॒शी । समे॑नं॒ वर्च॑सा सृज दे॒वानां॑ भाग॒दा अ॑सत् ॥ ५१ ॥

इन्द्र॑ । इ॒मम् । प्र॒त॒रामिति॑ प्रऽत॒राम् । न॒य॒ । स॒जा॒ताना॒मिति॑ सऽजा॒ताना॑म् । अ॒स॒त् । व॒शी । सम् । ए॒न॒म् । वर्च॑सा । सृ॒ज॒ । दे॒वाना॑म् । भा॒ग॒दा॒ऽइति॑ भा॒ग॒ऽदाः । अ॒स॒त् ॥ ५१ ॥

पदार्थः—(इन्द्र) सुखानां धारक (इमम्) विजयमानम् (प्रतराम्) प्रतरन्त्युल्लङ्घयन्ति शत्रुबलानि यया नीत्या ताम् (नय) प्रापय (सजातानाम्) समानजन्मनाम् (असत्) भवेत् (वशी) जितेन्द्रियः (सम्) सम्यक् (एनम्) (वर्चसा) विद्याप्रकाशेन (सृज) युङ्ग्धि (देवानाम्) विदुषां योद्धॄणां मध्ये (भागदाः) अंशप्रदः (असत्) ॥ ५१ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र त्वं सजातानां देवानामिमं प्रतरां नय यतोऽयं वश्यसत् । एनं वर्चसा संसृज यतोऽयं भागदा असत् ॥ ५१ ॥

भावार्थः—युद्धे भृत्याः शत्रूणां यान् पदार्थान् प्राप्नुयुः । तान् सर्वान् सभापती राजा न स्वीकुर्यात् । किन्तु तेषां मध्याद् यथायोग्यं सत्काराय योद्धृभ्यो षोडशांशं प्रदद्याद्यावतः पदार्थान् भृत्याः प्रा-

भृत्युस्तावतां षोडशांशं राज्ञे प्रदद्युः। यदि सर्वे सभेशादयो जितेन्द्रियाः स्युस्तर्ह्येतेषां कदापि पराजयो न स्यात् यदि सभेशः स्वहितं चिकीर्षेत्तर्हि योद्धृणामंशं स्वयं न स्वीकुर्यात् ॥ ५१ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) सुखों के धारण करने हारे सेनापति तू (सजातानाम्) समान अवस्था वाले (देवानाम्) विद्वान् योद्धाओं के बीच (इमम्) विजय को प्राप्त होते हुए इस वीरजन को (प्रतराम्) जिस से शत्रुओं के बलों को हटावें उस नीति को (नय) प्राप्त कर जिस से यह (वशी) इन्द्रियों का जीतने वाला (असत्) हो और (एनम्) इस को (वर्चसा) विद्या के प्रकाश से (सं, सृज) संसर्ग करा जिस से यह (भागदाः) अगले २ यथायोग्य भागों का देने वाला (असत्) हो ॥५१॥

भावार्थः—युद्ध में भृत्यजन शत्रुओं के जिन पदार्थों को पावें उन सभों को सभापति राजा स्वीकार न करे किन्तु उन में से यथायोग्य सत्कार के लिये योद्धाओं को सोलहवां भाग देवे वे भृत्यजन जितना कुछ भाग पावें उस का सोलहवां भाग राजा के लिये देवें जो सब सभापति आदि जितेन्द्रिय हो तो उन का कभी पराजय न हो जो सभापति अपने हित को किया चाहे तो लड़ने हारे भृत्यों का भाग आप न लेवे ॥५१॥

यस्य कुर्म इत्यस्याप्रतिरथ ऋषिः। अग्निर्देवता।
निचृदार्ष्यनुष्टुप् छन्दः। गान्धारः स्वरः ॥

अथ पुरोहितर्त्विग्यजमानकृत्यमाह ॥

अथ पुरोहित ऋत्विज् और यजमान के कृत्य को अगले० ॥

यस्यं कुर्मो गृहे हुविस्तमग्ने वर्द्धया त्वम्।
तस्मैं देवा अधिब्रुवन्नयं च ब्रह्मणस्पतिः ॥ ५२ ॥

यस्यं। कुर्म्मः। गृहे। हविः। तम्। अग्ने। वर्द्धय। त्वम्। तस्मैं। देवाः। अधि। ब्रुवन्। अयम्। च। ब्रह्मणः। पतिः ॥ ५२ ॥

पदार्थः—(यस्य) राज्ञः (कुर्मः) सम्पादयामः (गृहे) (हविः) होमम् (तम्) (अग्ने) विद्वन् पुरोहित (वर्द्धय) अत्रान्येषामपीति दीर्घः (त्वम्) (तस्मै) तं यजमानम्। अत्र व्यत्ययेन चतुर्थी (देवाः) दिव्यगुणा ऋत्विजः (अधि) (ब्रुवन्) अधिकं ब्रुवन्तु । लेट्प्रयोगोऽयम् (अयम्) (च) (ब्रह्मणः) वेदस्य (पतिः) पालको यजमानः ॥ ५२ ॥

अन्वयः—हे अग्ने वयं यस्य गृहे हविष्कुर्मस्तं त्वं वर्धय देवास्तस्मा अधि ब्रुवन्। अयं ब्रह्मणस्पतिश्च तानधिब्रवीतु ॥ ५२ ॥

भावार्थः—पुरोहितस्य तत् कर्मास्ति यतो यजमानस्योन्नतिस्स्याद्यो यस्य यादृशं यावच्च कर्म कुर्यात् तस्मै तादृशं तावदेव मासिकं वेतनं देयम् । सर्वे विद्वांसः सर्वान् प्रति सत्यमुपदिशेयू राजा च ॥ ५२ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वान् पुरोहित हम लोग (यस्य) जिस राजा के (गृहे) घर में (हविः) होम (कुर्मः) करें (तम्) उस को (त्वम्) तू (वर्द्धय) बढ़ा अर्थात् उत्साह दे तथा (देवाः) दिव्य २ गुण वाले ऋत्विज् लोग (तस्मै) उस को (अधि, ब्रुवन्) अधिक उपदेश करें (च) और (अयम्) यह (ब्रह्मणः) वेदों का (पतिः) पालन करने हारा यजमान भी उन को शिक्षा देवे ॥ ५२ ॥

भावार्थः—पुरोहित का यह काम है कि जिस से यजमान की उन्नति हो और जो जिस का जितना जैसा काम करे उस को उसी ढंग उतना ही नियम किया हुआ मासिक धन देना चाहिये सब विद्वान् जन सब के प्रति सत्य का उपदेश करें और राजा भी सत्योपदेश करे ॥ ५२ ॥

उदु त्वेत्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । अग्निर्देवता । विराडा-
र्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

अथ सभापतिविषयमाह ॥

अब सभापति के विषय को अग० ॥

उदु त्वा विश्वे देवा अग्ने भरन्तु चित्तिभिः ।
स नो भव शिवस्त्वꣳ सुप्रतीको विभावसुः ॥५३॥

उत् । ऊँऽइत्यूँ । त्वा । विश्वे । देवाः । अग्ने ।
भरन्तु । चित्तिभिरिति चित्तिऽभिः । सः । नः । भव ।
शिवः । त्वम् । सुप्रतीकऽ इति सुऽप्रतीकः । वि-
भावसुरिति विभाऽवसुः ॥ ५३ ॥

पदार्थः—(उत) (उ) (त्वा) त्वाम् (विश्वे) सर्वे (देवाः) विद्वांसः (अग्ने) विद्वन् (भरन्तु) धरन्तु (चित्तिभिः) संज्ञानैः (सः) (नः) अस्मभ्यम् (भव) (शिवः) मङ्गलकारी (त्वम्) (सुप्रतीकः) सुष्ठु प्रतीकं प्रतीतिकरं ज्ञानं यस्य (विभावसुः) यो विविधासु भासु विद्याप्रकाशेषु वा वसति सः ॥ ५३ ॥

अन्वयः—हे अग्ने सभेश यं त्वा विश्वे देवाश्चित्तिभिरुद्भरन्तु स उ त्वं नः शिवः सुप्रतीको विभावसुर्भव ॥ ५३ ॥

भावार्थः—ये येभ्यो विद्यां दद्युस्ते तेषां सेवकाः स्युः ॥ ५३ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वान् सभापति जिस (त्वा) तुझे (विश्वे) सब (देवाः) विद्वान् जन (चित्तिभिः) अच्छे २ ज्ञानों से (उद्धरन्तु) उत्कृष्टता पूर्वक धारण और उद्धार करें अर्थात् अपनी शिक्षा से तेरे अज्ञान को दूर करें (सः,उ) सोई (त्वम्) तू (नः) हम लोगों के लिये (शिवः) मंगल करने हारा (सुप्रतीकः) अच्छी प्रतीति करने वाले ज्ञान से युक्त (विभावसुः) तथा विविध प्रकार के विद्यासिद्धान्तों में स्थिर (भव) हो ॥ ५३ ॥

भावार्थः—जो जिन को विद्या देवें वे विद्या लेने वाले उन के सेवक हों ॥५३॥

पञ्चदिश इत्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । दिग् देवता ।
स्वराडार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ स्त्रीपुरुषकृत्यमाह
अब स्त्री पुरुष के कृत्य को अगले मन्त्र में कहा है ॥

पञ्च दिशो दैवीर्यज्ञमवन्तु देवीरपामतिं दुर्मतिं बाधमानाः । रायस्पोषे यज्ञपतिमाभजन्ती रायस्पोषेऽअधि यज्ञोऽअस्थात् ॥ ५४ ॥

पञ्च । दिशः । दैवीः । यज्ञम् । अवन्तु । देवीः । अप । अमतिम् । दुर्मतिमिति दुःऽमतिम् । बाधमानाः । रायः । पोषे । यज्ञपतिमिति यज्ञऽपतिम् । आभजन्तीरित्याऽभजन्तीः । रायः । पोषे । अधि । यज्ञः । अस्थात् ॥ ५४ ॥

पदार्थः—(पञ्च) पूर्वादिचतस्रो मध्यस्था चैका (दिशः) आशाः (दैवीः) देवानामिमाः (यज्ञम्) सङ्गन्तव्यं सत्कर्त्तव्यं वा गृहाश्रमम् (अवन्तु) कामयन्ताम् (देवीः) दिव्या विदुष्यो

ब्रह्मचारिण्यः स्त्रियः (अप) (अमतिम्) अज्ञानम् (दुर्मतिम्) दुष्टां प्रज्ञाम् (बाधमानाः) निस्सारयन्त्यः (रायः) धनस्य (पोषे) पोषणे (यज्ञपतिम्) राज्यपालकम् (आभजन्तीः) समन्तात् सेवमानाः (रायः) श्रियः (पोषे) पुष्टौ (अधि) (यज्ञः) गृहाश्रमः (अस्थात्) तिष्ठेत् ॥ ५४ ॥

अन्वयः—अपामतिं दुर्मतिं बाधमाना देवीर्देवीः पञ्च दिशइव विस्तृता रायस्पोषे यज्ञपतिं स्वामिनमाभजन्तीर्यज्ञमवन्तु यतोऽयं यज्ञो रायस्पोषेऽध्यस्थादधितिष्ठेत् ॥ ५४ ॥

भावार्थः—अत्र लुप्तोपमालं०—यत्र गृहाश्रमे धार्मिका विद्वांसः प्रशंसिता विदुष्यस्त्रियश्च सन्ति तत्र दुर्व्यसनानि न जायन्ते । यदि सर्वासु दिक्षु प्रशंसिताः प्रजा भवेयुस्तर्हि राज्ञः समीपेऽन्येभ्योऽधिकैश्वर्य्यं स्यात् ॥ ५४ ॥

पदार्थः—(अप, अमतिम्) अत्यन्त अज्ञान और (दुर्मतिम्) दुष्ट बुद्धि को (बाधमानाः) अलग करती हुई (देवीः) विद्वानों की ये (देवीः) दिव्य गुण वाली पंडिता ब्रह्मचारिणी स्त्री (पञ्च, दिशः) पूर्व आदि चार और एक मध्यस्थ पांच दिशाओं के तुल्य अलग २ कामों में बढ़ी हुई (रायः, पोषे) धन की पुष्टि करने के निमित्त (यज्ञपतिम्) गृह कृत्य वा राज्यपालन करने वाले अपने स्वामी को (आभजन्तीः) सब प्रकार सेवन करती हुई (यज्ञम्) संगति करने योग्य गृहाश्रम को (अवन्तु) चाहें । जिस से यह (यज्ञः) गृहाश्रम (रायः, पोषे) धन की पुष्टाई में (अधि, अस्थात्) अधिकता से स्थिर हो ॥ ५४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में लुप्तोपमालं०—जिस गृहाश्रम में धार्मिक विद्वान् और प्रशंसायुक्त पण्डिता स्त्री होती हैं वहां दुष्ट काम नहीं होते जो सब दिशाओं में प्रशंसित प्रजा होवें तो राजा के समीप औरों से अधिक ऐश्वर्य्य होवे ॥ ५४ ॥

समिद्ध इत्यस्याप्रतिरथः ऋषिः । अग्निर्देवता ।
भुरिगार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

यज्ञः कथं कर्त्तव्य इत्युपदिश्यते ॥
यज्ञ कैसे करना चाहिये इस वि० ॥

समिद्धे अग्नावधि मामहान उक्थपत्र ईड्यो गृभीतः । तप्तं घर्म्मं परिगृह्यायजन्तोर्जा यद्यज्ञमयजन्त देवाः ॥ ५५ ॥

समिद्ध इति सम्ऽइद्धे । अग्नौ । अधि । मामहानः । ममहानऽइति ममहानः । उक्थपत्रऽइत्युक्थऽपत्रः । ईड्यः । गृभीतः । तप्तम् । घर्म्मम् । परिगृह्येति परिऽगृह्य । अयजन्त । ऊर्जा । यत् । यज्ञम् । अयजन्त । देवाः ॥ ५५ ॥

पदार्थः—(समिद्धे) सम्यक् प्रदीप्ते (अग्नौ) पावके (अधि) (मामहानः) अतिशयेन महान् पूजनीयः (उक्थपत्रः) उक्थानि वक्तुं योग्यानि वेदस्तोत्राणि पत्राणि विद्यागमकानि यस्य सः (ईड्यः) ईडितुं स्तोतुमध्येषितुं योग्यः (गृभीतः) गृहीतः (तप्तम्) तापान्वितम् (घर्मम्) अग्निहोत्रादिकं यज्ञम् । घर्म इति यज्ञनाम० निघं० ३ । १७ । (परिगृह्य) सर्वतो गृहीत्वा (अजयन्त) यजन्तु (ऊर्जा) बलेन (यत्) यम् (यज्ञम्) अग्निहोत्रादिकम् (अयजन्त) यजन्ते (देवाः) विद्वांसः ॥ ५५ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं यथा देवा समिद्धेऽग्नौ यद्यं यज्ञमयजन्त तथा योऽधिमामहान उक्थपत्र ईड्यो गृभीतोऽस्ति तं तप्तं घर्ममूर्जा परिगृह्यायजन्त ॥ ५५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—मनुष्यैर्जगदुपकाराय यथा विद्वांसोऽग्निहोत्रादिकं यज्ञमनुतिष्ठन्ति तथाऽयमनुष्ठातव्यः ॥ ५५ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुम लोग जैसे (देवाः) विद्वान् जन (समिद्धे) अच्छे जलते हुए (अग्नौ) अग्नि में (यत्) जिस (यज्ञम्) अग्नि होत्र आदि यज्ञ को (अयजन्त) करते हैं वैसे जो (अधि, मामहानः) अधिक और अत्यन्त सत्कार करने योग्य (उक्थपत्रः) जिस के कहने योग्य विद्यायुक्त वेद के स्तोत्र हैं (ईड्यः) जो स्तुति करने तथा चाहने योग्य (गृभीतः) वा जिस को सज्जनों ने ग्रहण कियाँ है उस (तप्तम्) ताप युक्त (घर्मम्) अग्निहोत्र आदि यज्ञ को (ऊर्जा) बल से (परिगृह्य) ग्रहण करके (अयजन्त) किया करो ॥ ५५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—मनुष्यों को चाहिये कि संसार के उपकार के लिये जैसे विद्वान् लोग अग्निहोत्र आदि यज्ञ का आचरण करते हैं वैसे अनुष्ठान किया करें ॥ ५५ ॥

दैव्यायेत्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । अग्निर्देवता ।
विराडार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

अथ यज्ञः कथं कर्त्तव्य इत्याह ॥

अब यज्ञ कैसे करना चाहिये यह वि० ॥

दैव्याय धर्त्रे जोष्ट्रे देवश्रीः श्रीमनाः शतपयाः । परिगृह्य देवा यज्ञमायन् देवा देवेभ्योऽअध्वर्यन्तोऽ अस्थुः ॥ ५६ ॥

दैव्याय । धर्त्रे । जोष्ट्रे । देवश्रीरिति देवऽश्रीः । श्रीमनाऽइति श्रीऽमनाः । शतपयाऽइति शत-

ऽपंयाः । परिगृह्येति परिऽगृह्य । देवाः । यज्ञम् । आयन् । देवाः । देवेभ्यः । अध्वर्यन्तः । अस्थुः ॥५६॥

पदार्थः—(दैव्याय) दिव्येषु गुणेषु भवाय (धर्त्रे) धारणशीलाय (जोष्ट्रे) जुषमाणाय (देवश्रीः) श्रीयते या सा श्रीर्देवेषु विद्यते यस्य सः (श्रीमनाः) श्रियि मनो यस्य सः (शतपयाः) शतानि पयांसि दुग्धादीनि वस्तूनि यस्य सः (परिगृह्य) (देवाः) कामयमानाः (यज्ञम्) संगन्तव्यं गृहाश्रममग्निहोत्रादिकं वा (आयन्) प्राप्नुवन्तु (देवाः) विद्यादातारः (देवेभ्यः) विद्वद्भ्यः (अध्वर्यन्तः) आत्मनोऽध्वरमिच्छन्तः (अस्थुः) तिष्ठेयुः ॥ ५६ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथाऽध्वर्यन्तो देवा विद्वांसो देवेभ्यो यज्ञेऽस्थुर्यथा दैव्याय धर्त्रे जोष्ट्रे होत्रे देवश्रीः श्रीमनाः शतपया यजमानो वर्त्तते तथा देवा यूयं विद्याः परिगृह्य यज्ञमायन् ॥ ५६॥

भावार्थः—मनुष्यैः श्रीप्राप्तय उद्योगः सदैव कर्त्तव्यो यथा विद्वांसो धनलब्धये प्रयतेरंस्तद्वदनुप्रयतितव्यम् ॥ ५६ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे (अध्वर्यन्तः) अपने को यज्ञ की इच्छा करनेवाले (देवाः) विद्या के दाता विद्वान् लोग (देवेभ्यः) विद्वानों की प्रसन्नता के लिये गृहाश्रम वा अग्निहोत्रादि यज्ञ में (अस्थुः) स्थिर हों वा जैसे (दैव्याय) अच्छे २ गुणों में प्रसिद्ध हुए (धर्त्रे) धारण शील (जोष्ट्रे) तथा प्रीति करनेवाले होता के लिये (देवश्रीः) जो सेवन की जाती वह विद्यारूपलक्ष्मी विद्वानों में जिस की विद्यमान हो (श्रीमनाः) जिस का कि लक्ष्मी में मन (शतपयाः) और जिस के सैकड़ों दूधआदि वस्तु हैं वह यजमान वर्त्तमान है वैसे (देवाः) विद्या के दाता तुम लोग विद्या को (परिगृह्य) ग्रहण करके (यज्ञम्) प्राप्त करने योग्य गृहाश्रम वा अग्निहोत्र आदि को (आयन्) प्राप्त होओ ॥ ५६ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि धनप्राप्ति के लिये सदैव उद्योग करें जैसे विद्वान् लोग धनप्राप्ति के लिये प्रयत्न करें वैसे उन के अनुकूल अन्य मनुष्यों को भी यत्न करना चाहिये ॥ ५६ ॥

वीतमित्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । यज्ञो देवता ।
निचृदार्षी बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर भी उसी विषय को अगले० ॥

वीतꣳ हविः शमितꣳ शमिता यजध्यै तुरीयो यज्ञो यत्र हव्यमेति । ततो वाका आशिषो नो जुषन्ताम् ॥ ५७ ॥

वीतम् । हविः । शमितम् । शमिता । यजध्यै । तुरीयः । यज्ञः । यत्र । हव्यम् । एति । ततः । वाकाः । आशिषऽइत्याऽशिषः । नः । जुषन्ताम् ॥ ५७ ॥

पदार्थः—(वीतम्) गमनशीलम् (हविः) होतव्यम् (शमितम्) उपशान्तम् (शमिता) उपशमादिगुणयुक्ता (यजध्यै) यष्टुम् (तुरीयः) चतुर्थः (यज्ञः) संगन्तव्यः (यत्र) (हव्यम्) (एति) गच्छति (ततः) तस्मात् (वाकाः) उच्यन्ते यास्ताः (आशिषः) इच्छासिद्धयः (नः) अस्मान् (जुषन्ताम्) सेवन्ताम् ॥ ५७ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यः शमिता यजध्यै वीतं शमितं हविरग्नौ प्रक्षिपति यस्तुरीयो यज्ञोऽस्ति यत्र हव्यमेति ततो वाका आशिषश्च नो जुषन्तामितीच्छत ॥ ५७ ॥

भावार्थः—अग्निहोत्रादौ चत्वारः पदार्थाः सन्ति पुष्कलं पुष्टिसुगन्धिमिष्टगुणयुक्तं रोगनाशकं हविः, तच्छोधनं, यज्ञकर्त्ता, वेद्यग्न्यादिकं चेति यथावद्धुतः पदार्थ आकाशं गत्वा पुनरावृत्येष्टसाधको भवतीति मनुष्यैर्मन्तव्यम् ॥ ५७ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जो (शमिता) शान्ति आदि गुणों से युक्त गृहाश्रमी (यजध्यै) यज्ञ करने के लिये (वीतम्) गमनशील (शमितम्) दुर्गुणों की शान्ति कराने वाले (हविः) होम करने योग्य पदार्थ को अग्नि में छोड़ता है जो (तुरीयः) चौथा (यज्ञः) प्राप्त करने योग्य यज्ञ है तथा (यत्र) जहां (हव्यम्) होम करने योग्य पदार्थ (एति) प्राप्त होता है (ततः) उन सभों से (वाकाः) जो कही जाती हैं वे (आशिषः) इच्छासिद्धि (नः) हम लोगों को (जुषन्ताम्) सेवन करें ऐसी इच्छा करो ॥ ५७ ॥

भावार्थः—अग्निहोत्र आदि यज्ञ में चार पदार्थ होते हैं अर्थात् बहुत सा-पुष्टि सुगन्धि मिष्ट और रोगविनाश करने वाला होम का पदार्थ, उस का शोधन, यज्ञ का करने वाला, तथा वेदी आग लकड़ी आदि । यथाविधि से हवन किया हुआ पदार्थ आकाश को जा कर फिर वहां से पवन वा जल के द्वारा आ कर इच्छा की सिद्धि करने वाला होता है ऐसा मनुष्यों को जानना चाहिये ॥ ५७ ॥

सूर्यरश्मिरित्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । अग्निर्देवता ।

आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ सूर्य्यलोकस्वरूपमाह ॥

अब अगले मन्त्र में सूर्य्यलोक के स्वरूप का कथन किया है ॥

सूर्यरश्मिर्हरिकेशः पुरस्तात्सविता ज्योतिरुदयाँ२॥ऽअजस्रम् । तस्य पूषा प्रसवे याति विद्वान्त्सम्पश्यन्विश्वा भुवनानि गोपाः ॥ ५८ ॥

सूर्यरश्मिरिति सूर्य्यऽरश्मिः । हरिकेश इति हरिऽकेशः । पुरस्तात् । सविता । ज्योतिः । उत् । अयान् । अजस्रम् । तस्य । पूषा । प्रसव इति प्रऽसवे । याति । विद्वान् । संपश्यन्निति सम्ऽपश्यन् । विश्वा । भुवनानि । गोपाः ॥ ५८ ॥

पदार्थः—(सूर्यरश्मिः) (हरिकेशः) हरितवर्णः (पुरस्तात्) प्रथमतः (सविता) सूर्य्यलोकेयः (ज्योतिः) द्युतिम् (उत्) (अयान्) (अजस्रम्) निरन्तरम् (तस्य) (पूषा) पुष्टिकर्त्ता (प्रसवे) प्रसूते जगति (याति) प्राप्नोति (विद्वान्) विद्यायुक्तः (संपश्यन्) सम्यक् प्रेक्षमाणः (विश्वा) सर्वान् (भुवनानि) लोकान् (गोपाः) पृथिव्यादयो जगद्रक्षकाः ॥ ५८ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यः पुरस्तात् सविता ज्योतिः प्रयच्छति यस्मिन् हरिकेशः सूर्यरश्मिर्वर्तते यः प्रसवेऽजस्रं पूषाऽस्ति यं विद्वान् संपश्यन् सन् तद्विद्यां याति तस्य सकाशाद्गोपा विश्वा भुवनान्युदयान् स सूर्यमंडलोऽतिप्रकाशमय इति यूयं वित्त ॥५८॥

भावार्थः—योऽयं सूर्यलोकस्तत्प्रकाशे शुक्लहरितादयोऽनेके किरणाः सन्ति ये सर्वाँल्लोकानभिरक्षन्ति । अतएव सर्वस्य सर्वथा सर्वदा रक्षणं भवतीति वेद्यम् ॥ ५८ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जो (पुरस्तात्) पहिले से (सविता) सूर्यलोक (ज्योतिः) प्रकाश को देता है जिस से (हरिकेशः) हरे रंग वाली (सूर्य्यरश्मिः) सूर्य्य की किरण वर्त्तमान हैं जो (प्रसवे) उत्पन्न हुए जगत् में (अजस्रम्) निरन्तर

(पूषा) पुष्टि करने वाला है जिस को (विद्वान्) विद्यायुक्त पुरुष (संपश्यन्) अच्छे प्रकार देखता हुआ उस की विद्या को (याति) प्राप्त होता है (तस्य) उस के सकाश से (गोपाः) संसार की रक्षा करने वाले पृथिवी आदि लोक और तारागण भी (विश्वा) समस्त (भुवनानि) लोक लोकान्तरों को (उद्यान्) प्रकाशित करते हैं वह सूर्य्यमण्डल अतिप्रकाशमय है यह तुम जानो ॥ ५८ ॥

भावार्थः—जो यह सूर्य्यलोक है उस के प्रकाश में श्वेत और हरी रंग विरङ्ग अनेक किरणें हैं जो सब लोकों की रक्षा करते हैं इसी से सब की सब प्रकार से सदा रक्षा होती है यह जानने योग्य है ॥ ५८ ॥

विमानइत्यस्य विश्वावसुर्ऋषिः । आदित्यो देवता ।

आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथेश्वरेण किमर्थः सूर्यो निर्मित इत्युपदिश्यते ॥

अब ईश्वर ने किस लिये सूर्य का निर्माण किया है इस वि० ॥

विमा॒न ए॒ष दि॒वो मध्यं॑ऽआस्तऽआपप्रि॒वान्रोद॑सीऽअ॒न्तरि॑क्षम् । स वि॒श्वाची॑र॒भिच॑ष्टे घृ॒ताची॑र॒न्त॒रा पूर्व॒मप॑रं च के॒तुम् ॥ ५९ ॥

वि॒मान॒ इति॑ वि॒ऽमानः॑ । ए॒षः । दि॒वः । मध्ये॑ । आ॒स्ते॒ । आ॒प॒प्रि॒वानित्या॑ऽपप्रि॒वान् । रोद॑सी॒ इति॒ रोद॑सी । अ॒न्तरि॑क्षम् । सः । वि॒श्वाचीः॑ । अ॒भि । च॒ष्टे॒ । घृ॒ताचीः॑ । अ॒न्त॒रा । पूर्व॑म् । अप॑रम् । च॒ । के॒तुम् ॥ ५९ ॥

पदार्थः—(विमानः) विमानमिव स्थितः (एषः) सूर्यः (दिवः) प्रकाशस्थ (मध्ये) (आस्ते) तिष्ठति (आ-

पप्रिवान्) स्वतेजसा व्याप्तवान् (रोदसी) प्रकाशभूमी (अन्तरिक्षम्) अवकाशम् (सः) (विश्वाचीः) या विश्वमञ्चन्ति प्राप्नुवन्ति ता द्युतीः (अभि) (चष्टे) पश्यति । चष्ट इति पश्यतिकर्मा निघं० ३ । ११ (घृताचीः) या घृतमुदकमञ्चन्ति ताः (अन्तरा) द्वयोर्मध्ये (पूर्वम्) (अपरम्) (च) (केतुम्) प्रज्ञापकं तेजः ॥ ५९ ॥

अन्वयः—विद्वान् य एष दिवो मध्ये विमानो रोदसी अन्तरिक्षमापप्रिवान् सन्नास्ते स विश्वाचीर्घृताचीर्द्युतीर्विस्तारयति पूर्वमपरमन्तरा च केतुमभिचष्टे तं विजानीयात् ॥ ५९ ॥

भावार्थः—यः सूर्यलोको ब्रह्माण्डमध्ये स्थितः सन् स्वप्रकाशेन सर्वमभिव्याप्नोति स सर्वाभिकर्षको वर्त्तत इति मनुष्यैर्वेद्यम् ॥ ५९ ॥

पदार्थः—विद्यामान् पुरुष जो (एषः) यह सूर्य्यमण्डल (दिवः) प्रकाश के (मध्ये) बीच में (विमानः) विमान अर्थात् जो आकाशादि मार्गों में आश्चर्य्य रूप चलने हारा है उस के समान और (रोदसी) प्रकाश भूमि और (अन्तरिक्षम्) अवकाश को (आपप्रिवान्) अपने तेज से व्याप्त हुआ (आस्ते) स्थिर हो रहा है (सः) वह (विश्वाचीः) जो संसार को प्राप्त होती अर्थात् अपने उदय से प्रकाशित करतीं वा (घृताचीः) जल को प्राप्त कराती हैं उन अपनी द्युतिओं अर्थात् प्रकाशों को विस्तृत करता है (पूर्वम्) आगे दिन (अपरम्) पीछे रात्रि (च) और (अन्तरा) दोनों के बीच में (केतुम्) सब लोकों के प्रकाशक तेज को (अभिचष्टे) देखता है उसे जाने ॥ ५९ ॥

भावार्थः—जो सूर्य्यलोक ब्रह्माण्ड के बीच स्थित हुआ अपने प्रकाश से सब को व्याप्त हो रहा है वह सब का अच्छा आकर्षण करने वाला है ऐसा मनुष्यों को जानना चाहिये ॥ ५ ॥

उक्षा इत्यस्याप्रतिरथ ऋषिः । आदित्यो देवता ।

निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

उक्षा संमुद्रोऽअंरुणः सुपर्णः पूर्वंस्य योनिं पितुरा विवेश । मध्ये दिवो निहितः पृश्निरश्मा वि चंक्रमे रजंसस्पात्यन्तौं ॥ ६० ॥

उक्षा । समुद्रः । अरुणः । सुपर्ण इतिं सुऽपर्णः । पूर्वंस्य । योनिम् । पितुः । आ । विवेश । मध्ये । दिवः । निहिंतऽइति निऽहिंतः । पृश्निः । अश्मा । वि । चक्रमे । रजंसः । पाति । अन्तौं ॥ ६० ॥

पदार्थः—(उक्षा) वृष्ट्या सेचकः (समुद्रः) सम्यग् द्रवन्त्यापो यस्मात्सः (अरुणः) आरक्तः (सुपर्णः) शोभनानि पर्णानि पालनानि यस्मात् (पूर्वस्य) पूर्णस्य (योनिम्) कारणम् (पितुः) उत्पादिकाया विद्युतः (आ) (विवेश) प्रविशति (मध्ये) (दिवः) प्रकाशमयस्य (निहितः) ईश्वरेण स्थापितः (पृश्निः) विचित्रवर्णः सूर्यः (अश्मा) अश्नुते व्याप्नोति स मेघः । अश्मेति मेघना० निघं० १ । १० (वि) (चक्रमे) विविधतया क्रमते (रजसः) लोकान् (पाति) रक्षति (अन्तौ) बन्धने ॥ ६० ॥

अन्वयः—हे मनुष्या य ईश्वरेण दिवो मध्ये निहित उक्षा

समुद्रोऽरुणः सुपर्णः पृश्निरश्मा मेघश्च रजसोऽन्तौ विचक्रमे पाति च पूर्वस्य पितुर्योनिमाविवेश स सम्यगुपयोक्तव्यः ॥ ६० ॥

भावार्थः—मनुष्यैरीश्वरस्यानेके धन्यवादा वाच्याः कुतोयेन स्वविज्ञापनाय जगत्पालननिमित्तः सूर्यादिदृष्टान्तः प्रदर्शितः स कथं न सर्वशक्तिमान् भवेत् ॥ ६० ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जो परमेश्वर ने (दिवः) प्रकाश के (मध्ये) बीच में (निहितः) स्थापित किया हुआ (उक्षा) वृष्टि जल से सींचने वाला (समुद्रः) जिस से कि अच्छे प्रकार जल गिरते हैं (अरुणः) जो लाल रंग वाला (सुपर्णः) तथा जिस से कि अच्छी पालना होती है (पृश्निः) वह विचित्र रंग वाला सूर्य रूप तेज और (अश्मा) मेघ (रजसः) लोकों को (अन्तौ) बन्धन के निमित्त (वि, चक्रमे) अनेक प्रकार घूमता तथा (पाति) रक्षा करता है (पूर्वस्य) तथा जो पूर्ण (पितुः) इस सूर्य्यमण्डल के तेज उत्पन्न करने वाला बिजुलीरूप अग्नि है उस के (योनिम्) कारण में (आ, विवेश) प्रवेश करता है वह सूर्य्य और मेघ अच्छे प्रकार उपयोग करने योग्य है ॥ ६० ॥

भावार्थः—मनुष्यों को ईश्वर के अनेक धन्यवाद कहने चाहिये क्योंकि जिस ईश्वर ने अपने जनाने के लिये जगत् की रक्षा का कारणरूप सूर्य्य आदि दृष्टान्त दिखाया है वह कैसे न सर्वशक्तिमान् हो ॥ ६० ॥

इन्द्रं विश्वेत्यस्य मधुच्छन्दाः सुतजेता ऋषिः । इन्द्रो देवता । निचृदार्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनर्जगत्स्रष्टुरीश्वरस्य गुणानाह ॥

फिर जगत् बनाने वाले ईश्वर के गुणों को अग० ॥

इन्द्रं विश्वा अवीवृधन्त्समुद्रव्यचसं गिरः । रथीतमꣳ रथीनां वाजानाꣳ सत्पतिं पतिम् ॥ ६१ ॥

इन्द्रम् । विश्वाः । अवीवृधन् । समुद्रव्यचसमिति समुद्रऽव्यचसम् । गिरः । रथीतममिति रथिऽतमम् । रथीनाम् । रथिनामिति रथिनाम् । वाजानाम् । सत्पतिमिति सत्ऽपतिम् । पतिम् ॥ ६१ ॥

पदार्थः–(इन्द्रम्) परमात्मानम् (विश्वाः) सर्वाः (अवीवृधन्) वर्धयन्तु (समुद्रव्यचसम्) समुद्रस्यान्तरिक्षस्य व्यचा-व्याप्तिरिव व्याप्तिर्यस्य तम् (गिरः) वाचः (रथीतमम्) प्रशस्ता रथा सुखहेतवः पदार्था विद्यन्ते यस्मिन्सोऽतिशयितस्तम् (रथीनाम्) प्रशस्तरथयुक्तानाम् (वाजानाम्) ज्ञानादिगुणयुक्तानां जीवानाम् (सत्पतिम्) सदविनाशी चासौ पतिः पालकश्च यद्वा सतामविनाशिनां कारणानां जीवानां च पालकस्तम् (पतिम्) स्वामिनम् ॥ ६१ ॥

अन्वयः–हे मनुष्या यूयं यं समुद्रव्यचसं रथीनां रथीतमं वाजानां पतिं सत्पतिमिन्द्रं परमात्मानं विश्वा गिरोऽवीवृधँस्तं सततमुपाध्वम् ॥ ६१ ॥

भावार्थः–सर्वैर्मनुष्यैर्यं सर्वे वेदाः प्रशंसन्ति यं योगिन उपासते यं प्राप्य मुक्ता आनन्दं भुञ्जते सएव उपास्य इष्टोदेवो-मन्तव्यः ॥ ६१ ॥

पदार्थः–हे मनुष्यो तुम जिस (समुद्रव्यचसम्) अन्तरिक्ष की व्याप्ति के समान व्याप्ति वाले (रथीनाम्) प्रशंसा युक्त सुख के हेतु पदार्थ वालों में (रथीतमम्)

अत्यन्त प्रशंसित सुख के हेतु पदार्थों से युक्त (वाजानाम्) ज्ञानी आदि गुणी जनों के (पतिम्) स्वामी (सत्पतिम्) विनाशरहित वा विनाशरहित कारण और जीवों के पालने हारे (इन्द्रम्) परमात्मा को (विश्वाः) समस्त (गिरः) वाणी (अवीवृधन्) बढ़ाती अर्थात् विस्तार से कहती हैं उस परमात्मा की निरन्तर उपासना करो ॥ ६१ ॥

भावार्थः—सब मनुष्यों को चाहिये कि सब वेद जिस की प्रशंसा करते योगी जन जिस की उपासना करते और मुक्त पुरुष जिस को प्राप्त हो कर आनन्द भोगते हैं उसी को उपासना के योग्य इष्ट देव मानें ॥ ६१ ॥

देवहूरित्यस्य विधृतिर्ऋषिः । यज्ञो देवता । विराडार्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनरीश्वरः कीदृशोऽस्तीत्याह ॥

फिर ईश्वर कैसा है यह अगले मन्त्र में कहा है ॥

देवहूर्यज्ञ आ चं वक्षत्सुम्नहूर्यज्ञ आ चं वक्षत्।
यक्षदग्निर्देवो देवाँ२॥ ऽआ चं वक्षत् ॥ ६२॥

देवहूरिति देवऽहूः । यज्ञः । आ । च । वक्षत् । सुम्नहूरिति सुम्नऽहूः । यज्ञः । आ । च । वक्षत् । यक्षत् । अग्निः । देवः । देवान् । आ । च । वक्षत् ॥ ६२ ॥

पदार्थः—(देवहूः) देवान् विदुष आह्वयति सः (यज्ञः) पूजनीयः (आ) (च) (वक्षत्) प्रापयेत् (सुम्नहूः) यः सुम्नानि सुखान्याह्वयति सः (यज्ञः) संगन्तव्यः (आ) (च) (वक्षत्) (यक्षत्) यजेद्दद्यात् (अग्निः) स्वयंप्रकाशः (देवः) सकलसुखदातेश्वरः (देवान् दिव्यान्) गुणान् भोगान् वा (आ) (च) (वक्षत्) प्रापयेत् ॥ ६२ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यो देवहूर्यज्ञ ईश्वरोऽस्मान् सत्यमावक्षत् । चादसत्यादुद्धरेत् । यः सुम्नहूर्यज्ञोऽस्मभ्यं सुखान्यावक्षत् । दुःखानि च नाशयेत् योऽग्निर्देवोऽस्मान् देवान् यक्षदावक्षच्च तं भवन्तः सततं सेवन्ताम् ॥ ६२ ॥

भावार्थः—आप्तैर्विद्वद्भिरुपास्यते यश्च सुखस्वरूपो मङ्गलप्रदः परमेश्वरोऽस्ति तं समाधियोगेन मनुष्या उपासीरन् ॥६२॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जो (देवहूः) विद्वानों को बुलाने वाला (यज्ञः) पूजा करने योग्य ईश्वर हम लोगों को सत्य (आ, वक्षत्) उपदेश करे (च) और असत्य से हमारा उद्धार करे वा जो (सुम्नहूः) सुखों को बुलाने वाला (यज्ञः) पूजन करने योग्य ईश्वर हम लोगों के लिये सुखों को (आ, वक्षत्) प्राप्त करे (च) और दुःखों का विनाश करे वा जो (अग्निः) आप प्रकाशमान (देवः) समस्त सुख का देने वाला ईश्वर हम लोगों को (देवान्) उत्तम गुणों वा भोगों को (यक्षत) देवे (च) और (आ, वक्षत) पहुंचावे अर्थात् कार्य्यान्तर से प्राप्त करे उस को आप लोग निरन्तर सेवो ॥ ६२ ॥

भावार्थः—जो उत्तम शास्त्र जानने वाले विद्वानों से उपासना किया जाता तथा जो सुखस्वरूप और मङ्गल कार्य्यों का देना वाला परमेश्वर है उस की समाधियोग से मनुष्य उपासना करें ॥ ६२ ॥

वाजेत्यस्य विधृतिर्ऋषिः । इन्द्रो देवता । विराडार्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वर ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

वाजस्य मा प्रसव उद्ग्राभेणोदग्रभीत् । अधा सपत्नानिन्द्रो मे निग्राभेणाधराँ२॥ऽअकः ॥ ६३ ॥

वाजस्य। मा। प्रसव इति प्रऽसवः। उद्ग्राभेणेत्युत्ऽग्राभेण। उत्। अग्रभीत्। अध। सपत्नानिति सऽपत्नान्। इन्द्रः। मे। निग्राभेणेति निऽग्राभेण। अधरान्। अकरित्यकः ॥ ६३ ॥

पदार्थः—(वाजस्य) विज्ञानस्य (मा) माम् (प्रसवः) उत्पादकः (उद्ग्राभेण) उत्कृष्टतया गृह्णाति येन तेन (उत्) (अग्रभीत्) (अध) अथ। अत्र निपातस्य चेति दीर्घः (सपत्नान्) शत्रून् (इन्द्रः) पतिः (मे) मम (निग्राभेण) निग्रहेण (अधरान्) अधःपतितान् (अकः) कुर्यात् ॥ ६३ ॥

अन्वय—हे मनुष्या यथेन्द्रो वाजस्य प्रसवो मा मामुद्ग्राभेणोदग्रभीत्। तथाऽधाऽथ यो मे मम सपत्नान् निग्राभेणाधरानकस्तं यूयमपि सेनापतिं कुरुत ॥ ६३ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथेश्वरस्तथा ये मनुष्या पालनाय धार्मिकान् मनुष्यान् संगृह्णन्ति ताडनाय दुष्टांश्च निग्रह्णन्ति तएव राज्यं कर्त्तुं शक्नुवन्ति ॥ ६३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे (इन्द्रः) पालन करने वाला (वाजस्य) विशेष ज्ञान का (प्रसवः) उत्पन्न करने वाला ईश्वर (मा) मुझे (उद्ग्राभेण) अच्छे ग्रहण करने के साधन (उद्, अग्रभीत्) ग्रहण करे वैसे जो (अध) इस के पीछे उस के अनुसार पालना करने और विशेषज्ञान शिखाने वाला पुरुष (मे) मेरे (सपत्नान्) शत्रुओं को (निग्राभेण) पराजय से (अधरान्) नीचे गिराया (अकः) करे उस को तुम लोग भी सेनापति करो ॥ ६३ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे ईश्वर पालना करे वैसे जो मनुष्य पालना के लिये धार्मिक मनुष्यों को अच्छे प्रकार ग्रहण करते और दण्ड देने के लिये दुष्टों को निग्रह अर्थात् नीचा दिखाते हैं वे ही राज्य कर सकते हैं ॥ ६३ ॥

उद्ग्राभमित्यस्य विधृतिर्ऋषिः । इन्द्राग्नी देवते ।

आर्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनरग्रेराजधर्म उपदिश्यते ॥

फिर अगले मन्त्र में राजधर्म का उप० ॥

उद्ग्राभं च निग्राभं च ब्रह्म देवा अवीवृधन् ।
अधा सपत्नानिन्द्राग्नी मे विषूचीनान्व्यस्यताम् ॥६४॥

उद्ग्राभमित्युत्ऽग्राभम् । च । निग्राभमिति निऽग्राभम् । च । ब्रह्म । देवाः । अवीवृधन् । अध । सपत्नानिति सऽपत्नान् । इन्द्राग्नीऽइतीन्द्राग्नी । मे । विषूचीनान् । वि । अस्यताम् ॥ ६४ ॥

पदार्थः—(उद्ग्राभम्) उत्कृष्टतया ग्रहणम् (च) (निग्राभम्) निग्रहम् (च) (ब्रह्म) धनम् (देवाः) विद्वांसः (अवीवृधन्) वर्धयन्तु (अध) अथ । अत्र निपातस्य-चेति दीर्घः (सपत्नान्) अरीन् (इन्द्राग्नी) विद्युत्पावकाविव सेनापती (मे) मम (विषूचीनान्) विरुद्धमाचरतः (वि) (अस्यताम्) ॥ ६४ ॥

अन्वयः—देवा उद्ग्राभं च निग्राभं च कृत्वा ब्रह्मावीवृधन् ।

अथाथ सेनापती इन्द्राग्नी इव मे विषूचीनान्सपत्नान् व्यस्यता-मुत्क्षिपताम् ॥ ६४ ॥

भावार्थः—ये मनुष्याः सज्जनान् सत्कृत्य दुष्टान् निहत्य ब्रह्म वर्द्धयित्वा निष्कण्टकं राज्यं संपादयन्ति तएव प्रशंसिताः । यो राजा राष्ट्रवासिनः सज्जनान् सत्कृत्य दुष्टान्निरस्यैश्वर्यं वर्धयति तस्यैव सभासेनापती शत्रुनाशं कर्त्तुं शक्नुयाताम् ॥ ६४ ॥

पदार्थः—(देवाः) विद्वान् जन (उद्ग्राभम्) अत्यन्त उत्साह से ग्रहण (च) और (निग्राभं, च) त्याग भी करके (ब्रह्म) धन को (अवीवृधन्) बढ़ावें (अध) इस के अनन्तर (इन्द्राग्नी) बिजुली और आग के समान दो सेनापति (मे) मेरे (विषूचीनान्) विरोधभाव को वर्त्तने वाले (सपत्नान्) वैरियों को (व्य-स्यताम्) अच्छे प्रकार उठा २ के पटकें ॥ ६४ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य सज्जनों का सत्कार और दुष्टों को पीट मार धन को बढ़ा निष्कण्टक राज्य का सम्पादन करते हैं वेही प्रशंसित होते हैं जो राजा राज्य में बसने हारे सज्जनों का सत्कार और दुष्टों का निरादर करके अपने तथा प्रजा के ऐश्वर्य को बढ़ाता है उसी के सभा और सेना की रक्षा करने वाले जन शत्रुओं का नाश कर सकें ॥ ६४ ॥

क्रमध्वमित्यस्य विधृतिर्ऋषिः । अग्निर्देवता ।
विराडार्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

क्रमध्वमग्निना नाकमुख्यꣳ हस्तेषु बिभ्रतः ।
दिवस्पृष्ठꣳ स्वर्गत्वा मिश्रा देवेभिराध्वम् ॥ ६५ ॥

क्रमध्वम् । अग्निना । नाकम् । उख्यम् । हस्तेषु । बिभ्रतः । दिवः । पृष्ठम् । स्वः । गत्वा । मिश्राः । देवेभिः । आध्वम् ॥ ६५ ॥

पदार्थः—(क्रमध्वम्) पराक्रमं कुरुत (अग्निना) विद्युता (नाकम्) अविद्यमानदुःखम् (उख्यम्) उखायां संस्कृतं भक्ष्यमोदनादिकम् । अत्र शूलोखाद्यत् । अ० ४ । २ । १७ अनेन संस्कृतं भक्षा इत्यर्थे यत् (हस्तेषु) (बिभ्रतः) धरन्तः (दिवः) न्यायविनयादिप्रकाशजातस्य (पृष्ठम्) ज्ञीप्सितम् (स्वः) सुखम् (गत्वा) प्राप्य (मिश्राः) मिलिताः (देवेभिः) विद्वद्भिः (आध्वम्) उपविशत ॥ ६५ ॥

अन्वयः—हे वीरा यूयमग्निना नाकमुख्यं च हस्तेषु बिभ्रतो धरन्तः क्रमध्वं देवेभिर्मिश्राः सन्तो दिवस्पृष्ठं स्वर्गत्वाध्वम् ॥ ६५ ॥

भावार्थः—राजपुरुषा विद्वद्भिः सह संप्रयोगेणाग्नेयास्त्रादिना शत्रुषु पराक्रमन्तां स्थिरं सुखं प्राप्य पुनः पुनः प्रयतेरन् ॥ ६५ ॥

पदार्थः—हे वीरो तुम (अग्निना) बिजुली से (नाकम्) अत्यन्तसुख और (उख्यम्) पात्र में पकाये हुए चावल दाल तर्कारी कढ़ी आदि भोजन को (हस्तेषु) हाथों में (बिभ्रतः) धारण किये हुए (क्रमध्वम्) पराक्रम करो (देवेभिः) विद्वानों से (मिश्राः) मिले हुए (दिवः) न्याय और विनय आदि गुणों के प्रकाश से उत्पन्न हुए दिव्य (पृष्ठम्) चाहे हुए (स्वः) सुख को (गत्वा) प्राप्त हो कर (आध्वम्) स्थित हो ओ ॥ ६५ ॥

भावार्थः—राजपुरुष विद्वानों के साथ सम्बन्ध कर आग्नेय आदि अस्त्रों से शत्रुओं में पराक्रम करें तथा स्थिर सुख को पाकर वारम्वार अच्छा यत्न करें ॥ ६५ ॥

प्राचीमित्यस्य विधृतिर्ऋषिः । अग्निर्देवता ।
निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी विषय को अगले मं० ॥

प्राचीमनु प्रदिशं प्रेहि विद्वानग्नेरग्ने पुरोऽअग्निर्भवेह । विश्वा आशा दीद्यानो वि भाह्यूर्जं नो धेहि द्विपदे चतुष्पदे ॥ ६६ ॥

प्राचीम् । अनु । प्रदिशमिति प्रऽदिशम् । प्र । इहि । विद्वान् । अग्नेः । अग्ने । पुरोऽअग्निरिति पुरःऽअग्निः । भव । इह । विश्वाः । आशाः । दीद्यानः । वि । भाहि । ऊर्जम् । नः । धेहि । द्विऽपदे । चतुष्पदे । चतुःपदऽइति चतुःऽपदे ॥ ६६ ॥

पदार्थः—(प्राचीम्) पूर्वाम् (अनु) (प्रदिशम्) प्रकृष्टां दिशम् (प्र) (इहि) प्राप्नुहि (विद्वान्) (अग्नेः) आग्नेयास्त्रादियोगात् (अग्ने) शत्रुदाहक (पुरोऽग्निः) अग्रगन्ता पावक इव (भव) (इह) अस्मिन् राज्यकर्मणि (विश्वाः) अखिलाः (आशाः) दिशः। आशा इति दिङ्ना० निघं० १ । ६ (दीद्यानः) देदीप्यमानः सूर्यइव (वि, भाहि) प्रकाशय (ऊर्जम्) अन्नादिकम् (नः) अस्माकम् (धेहि) (द्विपदे) मनुष्याद्याय (चतुष्पदे) गवाद्याय ॥ ६६ ॥

अन्वयः—हे अग्ने सभेश त्वं प्राचीं प्रदिशमनुप्रेहि त्वमिहाग्नेः पुरोऽग्निरिव विद्वान् भव । विश्वा आशा दीद्यानः सन् नोऽस्माकं द्विपदे चतुष्पदे ऊर्ज्जं धेहि विद्याविनयपराक्रमैरभयं विभाहि ॥ ६६ ॥

भावार्थः—ये पूर्णेन ब्रह्मचर्येण सर्वा विद्या अभ्यस्य युद्धविद्यां विदित्वा सर्वासु दिक्षु स्तूयन्ते ते मनुष्याणां पश्वादीनां च भक्ष्यभोज्यमुन्नीय रक्षां विधायानन्दिता भवन्तु ॥ ६६ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) शत्रुओं के जलाने हारे सभापति तू (प्राचीम्) पूर्व (प्रदिशम्) दिशा की ओर को (अनु, प्र, इहि) अनुकूलता से प्राप्त हो (इह) इस राज्य कर्म में (अग्नेः) आग्नेय अस्त्र आदि के योग से (पुरोऽग्निः) अग्नि के तुल्य अग्रगामी (विद्वान्) कार्य्य के जनाने वाले विद्वान् (भव) होओ (विश्वाः) समस्त (आशाः) दिशाओं को (दीद्यानः) निरन्तर प्रकाशित करते हुए सूर्य्य के समान हम लोगों के (द्विपदे) मनुष्यादि और (चतुष्पदे) गौ आदि पशुओं के लिये (ऊर्ज्जम्) अन्नादि पदार्थ को (धेहि) धारण कर तथा विद्या विनय और पराक्रम से अभय का (वि, भाहि) प्रकाश कर ॥ ६६ ॥

भावार्थः—जो पूर्ण ब्रह्मचर्य्य से समस्त विद्याओं का अभ्यास कर युद्ध विद्याओं को जान सब दिशाओं में स्तुति को प्राप्त होते हैं वे मनुष्यों और पशुओं के खाने योग्य पदार्थों की उन्नति और रक्षा का विधान कर आनन्दयुक्त होते हैं ॥ ६६ ॥

पृथिव्या इत्यस्य विधृतिर्ऋषिः । अग्निर्देवता ।
पिपीलिकामध्या बृहतीछन्दः । मध्यमः स्वरः ॥
पुनर्योगिगुणा उपदिश्यन्ते ॥

फिर योगियों के गुणों का उपदेश अगले० ॥

पृ॒थि॒व्या अ॒हमुद॒न्तरि॑क्ष॒मारु॑हम॒न्तरि॑क्षा॒द्दिव॒मारु॑हम् । दि॒वो नाक॑स्य पृ॒ष्ठात्स्व॒र्ज्योति॑रगाम॒हम् ॥ ६७ ॥

पृथिव्याः । अहम् । उत् । अन्तरिक्षम् । आ । अरुहम् । अन्तरिक्षात् । दिवम् । आ । अरुहम् । दिवः । नाकस्य । पृष्ठात् । स्वः । ज्योतिः । अगाम् । अहम् ॥ ६७ ॥

पदार्थः—(पृथिव्याः) भूमेर्मध्ये (अहम्) (उत्) (अन्तरिक्षम्) आकाशम् (आ) (अरुहम्) रोहेयम् (अन्तरिक्षात्) आकाशात् (दिवम्) प्रकाशमानं सूर्यम् (आ) (अरुहम्) समन्ताद्रोहेयम् (दिवः) द्योतमानस्य (नाकस्य) सुखनिमित्तस्य (पृष्ठात्) समीपात् (स्वः) सुखम् (ज्योतिः) ज्ञानप्रकाशम् (अगाम्) प्राप्नुयाम् (अहम्) ॥ ६७ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा कृतयोगाङ्गानुष्ठानसंयमसिद्धोऽहं पृथिव्या अन्तरिक्षमुदारुहमन्तरिक्षाद्दिवमारुहं नाकस्य दिवः पृष्ठात् स्वर्ज्योतिश्चाहमगां तथा यूयमप्याचरत ॥ ६७ ॥

भावार्थः—यदा मनुष्यः स्वात्मना सह परमात्मानं युङ्क्ते तदाऽणिमादयः सिद्धयः प्रादुर्भवन्ति ततोऽव्याहतगत्याभीष्टानि स्थानानि गन्तु शक्नोति नान्यथा ॥ ६७ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे किये हुए योग के अङ्गों के अनुष्ठान संयम सिद्ध अर्थात् धारणा, ध्यान और समाधि में परिपूर्ण (अहम्) मैं (पृथिव्याः) पृथिवी के बीच (अन्तरिक्षम्) आकाश को (उत्, आ, अरुहम्) उठजाऊं, वा (अन्तरिक्षात्) आकाश से (दिवम्) प्रकाशमान सूर्यलोक को (आ, अरुहम्) चढ़ि जाऊं वा (नाकस्य) सुख कराने हारे (दिवः) प्रकाशमान उस सूर्यलोक के (पृष्ठात्) समीप से (स्वः) अत्यन्त सुख और (ज्योतिः) ज्ञान के प्रकाश को (अहम्) मैं (अगाम्) प्राप्त होऊं वैसा तुम भी आचरण करो ॥ ६७ ॥

भावार्थः—जब मनुष्य अपने आत्मा के साथ परमात्मा के योग को प्राप्त होता है तब अणिमादिसिद्धि उत्पन्न होती है उस के पीछे कहीं से न रुकने वाली गति से अभीष्ट स्थानों को जा सकता है अन्यथा नहीं ॥ ६७ ॥

स्वर्यन्त इत्यस्य विधृतिर्ऋषिः । अग्निर्देवता ।

निचृदार्ष्यनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में० ॥

स्वर्यन्तो नापेक्षन्तऽआ द्यांᳬ रोहन्ति रोदसी । यज्ञं ये विश्वतोधारᳬ सुविद्वाᳬसो वितेनिरे ॥ ६८ ॥

स्वः । यन्तः । न । अप । ईक्षन्ते । आ । द्याम् । रोहन्ति । रोदसी इति रोदसी । यज्ञम् । ये । विश्वतो धारमिति विश्वतःऽधारम् । सुविद्वाᳬसऽइति सुऽविद्वाᳬसः । वितेनिरऽइति विऽतेनिरे ॥ ६८ ॥

पदार्थः—(स्वः) सुखम् (यन्तः) उपयन्तः (न) इव (अप) (ईक्षन्ते) समालोकन्ते (आ) समन्तात् (द्याम्) प्रकाशमयीं योगविद्याम् (रोहन्ति) (रोदसी) द्यावापृथिव्यौ (यज्ञम्) संगन्तव्यम् (ये) (विश्वतोधारम्) विश्वतः सर्वतो धाराः सुशिक्षिता वाचो यस्मिंस्तम् (सुविद्वांसः) शोभनाश्च ते योगिनः (वितेनिरे) विस्तृतं कुर्वन्ति ॥ ६८ ॥

अन्वयः—ये सुविद्वांसो यन्तो न स्वरपेक्षन्ते रोदसी आरोहन्ति द्यां विश्वतोधारं यज्ञं वितेनिरे तेऽक्षयं सुखं लभन्ते ॥६८॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यथा सारथिरश्वान्सुशिक्ष्याभीष्टे मार्गे चालयित्वा सुखेनाभीष्टं स्थानं सद्यो गच्छति तथैव शोभना विद्वांसो योगिनो जितेन्द्रिया भूत्वा संयमेन स्वेष्टं परमात्मानं प्राप्यानन्दं विस्तारयन्ति ॥ ६८ ॥

पदार्थः—(ये) जो (सुविद्वांसः) अच्छे पण्डित योगी जनः (यन्तः) योगाभ्यास के पूर्ण नियम करते हुओं के (न) समान (स्वः) अत्यन्त सुख की (अप, ईक्षते) अपेक्षा करते हैं वा (रोदसी) आकाश और पृथिवी को (आ, रोहन्ति) चढ़ि जाते अर्थात् लोकान्तरों में इच्छा पूर्वक चले जाते वा (द्याम्) प्रकाशमय योग विद्या और (विश्वतोधारम्) सब ओर से सुशिक्षायुक्त वाणी हैं जिस में (यज्ञम्) प्राप्त करने योग्य उस यज्ञादि कर्म का (वितेनिरे) विस्तार करते हैं वे अविनाशी सुख को प्राप्त होते हैं ॥ ६८ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—जैसे सारथि घोड़ों को अच्छे प्रकार शिक्षा और अभीष्ट मार्ग में चला कर सुख से अभीष्ट स्थान को शीघ्र जाता है वैसे ही अच्छे विद्वान् योगी जन जितेन्द्रिय हो कर नियम से अपने को अभीष्ट परमात्मा को पा कर आनन्द का विस्तार करते हैं ॥ ६८ ॥

अग्न इत्यस्य विधृतिर्ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिगार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनर्विद्वद्व्यवहार उपदिश्यते ॥

फिर विद्वान् के व्यवहार का उप० ॥

अग्ने प्रेहि॑ प्रथमो दे॑वय॒तां चक्षु॑र्दे॒वाना॑मु॒त मर्त्या॑नाम् । इय॑क्षमाणा॒ भृगु॑भिः स॒जोषा॒ः स्व॒र्यन्तु॒ यज॑मानाः स्व॒स्ति ॥ ६९ ॥

अग्ने । प्र । इहि । प्रथमः । देवयतामिति देवऽयताम् । चक्षुः । देवानाम् । उत । मर्त्यानाम् । इयक्षमाणाः । भृगुभिरिति भृगुऽभिः । सजोषा इति सऽजोषाः । स्वः । यन्तु । यजमानाः । स्वस्ति ॥६९॥

पदार्थः—(अग्ने) विद्वन् (प्र) (इहि) प्राप्नुहि (प्रथमः) आदिमः (देवयताम्) कामयमानानाम् (चक्षुः) दर्शकम् (देवानाम्) विदुषाम् (उत) अपि (मर्त्यानाम्) अविदुषाम् (इयक्षमाणाः) यज्ञं चिकीर्षमाणाः (भृगुभिः) परिपक्वविज्ञानैर्विपश्चिद्भिः (सजोषाः) समानप्रीतिसेवनाः (स्वः) सुखम् (यन्तु)प्राप्नुवन्तु (यजमानाः) सर्वेभ्यः सुखदातारः (स्वस्ति) कल्याणम् ॥ ६९ ॥

अन्वयः—हे अग्ने देवयतां मध्ये प्रथमः पूर्वं प्रेहि यतो देवानामुत मर्त्यानां त्वं चक्षुरसि यथेयक्षमाणाः सजोषा यजमाना भृगुभिः सह स्वस्ति स्वर्यन्तु तथा त्वमपि भव ॥ ६९ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या विद्वद्भिरविद्वद्भिश्च सह प्रीत्योपदेशेन यूयं सुखं प्राप्नुत ॥ ६९ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वान् (देवयताम्) कामना करते हुए जनों के बीच तू (प्रथमः) पहिले (प्रेहि) प्राप्त हो जिस से (देवानाम्) विद्वान् (उत) और (मर्त्यानाम) अविद्वानों का तू व्यवहार देखने वाला है जिस से (इयक्षमाणाः) यज्ञ की इच्छा करने वाले (सजोषाः) एक सी प्रीतियुक्त (यजमानाः) सब को सुख देने हारे जन (भृगुभिः) परिपूर्ण विज्ञान वाले विद्वानों के साथ (स्वस्ति)

सामान्य सुख और (स्वः) अत्यन्त सुख को (यन्तु) प्राप्त हों वैसा तू भी हो ॥ ६९ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो विद्वान् और अविद्वानों के साथ प्रीति से बात चीत करके सुख को तुम लोग प्राप्त होओ ॥ ६९ ॥

नक्तोषासेत्यस्य कुत्स ऋषिः । अग्निर्देवता ।

आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैः कथं वर्त्तितव्यमित्याह ॥

फिर मनुष्यों को कैसे वर्त्तना चाहिये यह वि० ॥

नक्तोषासा समनसा विरूपे धापयेते शिशुमेकꣳसमीची । द्यावाक्षामा रुक्मोऽअन्तर्विभाति देवा अग्निं धारयन् द्रविणोदाः ॥ ७० ॥

नक्तोषासां । नक्तोषसेति नक्तोषसां । समनसेति सऽमनसा । विरूपेऽइति विऽरूपे । धापयेते इति धापयेते । शिशुम् । एकम् । समीचीऽइति सम्ऽईची । द्यावाक्षामां । रुक्मः । अन्तः । वि । भाति । देवाः । अग्निम् । धारयन् । द्रविणोदा इति द्रविणःऽदाः ॥ ७० ॥

पदार्थः—(नक्तोषासा) रात्र्युषसाविव (समनसा) समानं मनोविज्ञानं ययोस्ते (विरूपे) विरुद्धस्वरूपे (धापयेते) पाययतः (शिशुम्) बालकमिव वर्त्तमानं जगत् (एकम्) असहायम् (समीची) ये एकीभावमिच्छन्तस्ते (द्यावाक्षामा) (रुक्मः) देदीप्यमानोऽग्निः (अन्तः) मध्ये (वि, भाति) विशेषेण प्रकाशते (देवाः) विद्वांसः (अग्निम्) (धारयन्) अधारयन् । अत्राडभावः (द्रविणोदाः) द्रव्यप्रदातारः ॥ ७० ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं यथा समनसा समीची विरूपेमातृधात्र्यौ वैकं शिशुमिव नक्तोषासा जगद्धापयेते यथा वा द्यावाक्षामान्तो रुक्मो विभाति द्रविणोदा देवा तमग्निं धारयँस्तथा वर्त्तध्वम् ॥ ७० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—मनुष्यैर्जगति यथा रात्र्युषसौविरुद्धैरूपैर्वर्त्तेते यथा च विद्युत् सर्वपदार्थेषु व्याप्ता यथा वा द्यावाभूमी अति सहनशीले वर्त्तेते तद्वत् विवेचकैः शुभगुणेषु व्यापकैर्भूत्वा पुत्र वज्जगत्पालनीयम् ॥ ७० ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुम जैसे (समनसा) एक से विज्ञान युक्त (समीची) एकता चाहती हुई (विरूपे) अलग २ रूप वाली धाय और माता दोनों (एकम्) एक (शिशुम्) बालक को दुग्ध पिलाती हैं वैसे (नक्तोषासा) रात्रि और प्रातःकाल की वेला जगत् को (धापयेते) दुग्ध सा पिलता हैं अर्थात् अति आनन्द देती हैं वा जैसे (रुक्मः) प्रकाशमान अग्नि (द्यावाक्षामा, अन्तः) ब्रह्माण्ड के बीच में (वि, भाति) विशेष कर के प्रकाश करता है उस (अग्निम्) को (द्रविणोदाः) द्रव्य के देने वाले (देवाः) शास्त्र पढे हुए जन (धारयन्) धारण करते हैं वैसे वर्त्ताव वर्त्तो ॥ ७० ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—मनुष्यों को चाहिये कि जैसे संसार में रात्रि और प्रातःसमय की वेला अलग रूपों से वर्त्तमान और जैसे बिजुली अग्नि सर्व

पदार्थों में व्याप्त वा जैसे प्रकाश और भूमि अतिसहनशील हैं वैसे अत्यन्त विवेचना करने और शुभगुणों में व्यापक होने वाले होकर पुत्र के तुल्य संसार को पालें ॥७०॥

अग्न इत्यस्य कुत्स ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिगार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनर्योगिकर्मफलमुपदिश्यते ॥
फिर योगी के कर्मों के फलों का उप० ॥

अग्ने॑ सहस्राक्ष शतमूर्द्धञ्छ॒तं ते॑ प्रा॒णाः स॒हस्रं॑ व्या॒नाः । त्व॒ᳬ सा॑ह॒स्रस्य॑ रा॒यऽई॑शिषे॒ तस्मै॑ ते विधेम॒ वाजा॑य॒ स्वाहा॑ ॥ ७१ ॥

अग्ने॑ । स॒ह॒स्रा॒क्षेति॑ सहस्रऽअक्ष । श॒त॒मू॒र्द्ध॒न्निति॑ शतऽमूर्धन् । श॒तम् । ते॒ । प्रा॒णाः । स॒ह॒स्रम् । व्या॒नाऽइति॑ विऽआ॒नाः । त्वम् । सा॒ह॒स्रस्य॑ । रा॒यः । ई॒शि॒षे॒ । तस्मै॑ । ते॒ । वि॒धे॒म॒ । वाजा॑य । स्वाहा॑ ॥ ७१ ॥

पदार्थः-(अग्ने) पावकइव प्रकाशमय (सहस्राक्ष) सहस्रेष्वसंख्यातेषु व्यवहारेष्वक्षिविज्ञानं यस्य तत्सम्बुद्धौ (शतमूर्द्धन्) शतेष्वसंख्यातेषु मूर्द्धा मस्तकं यस्य तत्सम्बुद्धौ (शतम्) असंख्याताः (ते) तव (प्राणाः) जीवसाधनाः (सहस्रम्) असंख्याः (व्यानाः) चेष्टानिमित्ताः सर्वशरीरस्था वायवः (त्वम्) (साहस्रस्य) सहस्राणामसंख्यातानामिदमधिकरणं जगत् तस्य (रायः) धनस्य (ईशिषे) ईशोऽसि (तस्मै) (ते) तुभ्यम् (विधेम) परिचरेम (वाजाय) विज्ञानवते (स्वाहा) सत्यया वाचा ॥ ७१ ॥

अन्वयः—हे सहस्राक्ष शतमूर्द्धन्नग्ने योगिराज यस्य ते शतं प्राणाः सहस्रं व्यानाः सन्ति यस्त्वं साहस्रस्य राय ईशिषे तस्मै वाजाय ते वयं स्वाहा विधेम ॥ ७१ ॥

भावार्थः—यो योगी तप आदि साधनैर्योगबलं प्राप्यासंख्यप्राणिशरीराणि प्रविश्यानेकनेत्रादिभिरङ्गैर्दर्शनादिकार्याणि कर्त्तुं शक्नोति । अनेकेषां पदार्थानां धनानां च स्वामी भवति सोऽस्माभिरवश्यं परिचरणीयः ॥ ७१ ॥

पदार्थः—हे (सहस्राक्ष) हजारहों व्यवहारों में अपना विशेषज्ञान वा (शतमूर्द्धन्) सैकड़ों प्राणियों में मस्तक वाले (अग्ने) अग्नि के समान प्रकाशमान योगिराज जिस (ते) आप के (शतम्) सैकड़ों (प्राणाः) जीवन के साधन (सहस्रम्) (व्यानाः) सब क्रियाओं के निमित्त शरीरस्थ वायु तथा जो (त्वम्) आप (साहस्रस्य) हजारहों जीव और पदार्थों का आधार जो जगत् उस के (रायः) धन के (ईशिषे) स्वामी हैं (तस्मै) उस (वाजाय) विशेषज्ञानवाले (ते) आप के लिये हम लोग (स्वाहा) सत्यवाणी से (विधेम) सत्कारपूर्वक व्यवहार करें ॥७१॥

भावार्थः—जो योगी पुरुष तप, स्वाध्याय और ईश्वरप्रणिधान आदि योग के साधनों से योग (धारण, ध्यान, समाधिरूप संयम) के बल को प्राप्त हो और अनेक प्राणियों के शरीरों में प्रवेश करके अनेक शिर नेत्र आदि अंगों से देखने आदि कार्यों को कर सकता है । अनेक पदार्थों वा धनों का स्वामी भी हो सकता है । उस का हम लोगों को अवश्य सेवन करना चाहिये ॥ ७१ ॥

सुपर्ण इत्यस्य कुत्स ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदार्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनर्विद्वान् कीदृशः स्यादित्याह ॥

फिर विद्वान् कैसा हो यह वि० ॥

सुपर्णोऽसि गरुत्मान्पृष्ठे पृथिव्याः सीद । भासान्तरिक्षमा पृण ज्योतिषा दिवमुत्तभान तेजसा दिश उद्दृꣳह ॥ ७२ ॥

सुपर्णः । असि । गरुत्मानिति गरुत्मान् । पृष्ठे । पृथिव्याः । सीद । भासा । अन्तरिक्षम् । आ । पृण । ज्योतिषा । दिवम् । उत् । स्तभान । तेजसा । दिशः । उत् । दृꣳह ॥ ७२ ॥

पदार्थः—(सुपर्णः) शोभनानि पर्णानि पूर्णानि शुभलक्षणानि यस्य सः (असि) (गरुत्मान्) गुर्वात्मा (पृष्ठे) उपरि (पृथिव्याः) (सीद) (भासा) प्रकाशेन (अन्तरिक्षम्) आकाशम् (आ) समन्तात् (पृण) सुखय (ज्योतिषा) न्यायप्रकाशेन (दिवम्) प्रकाशमयम् (उत्) ऊर्ध्वम् (स्तभान) (तेजसा) तीक्ष्णी करणेन (दिशः) (उत्) (दृंह) उद्धर्षय ॥७२॥

अन्वयः—हे विद्वान् योगिँस्त्वं भासा सुपर्णो गरुत्मानसि यथा सवितान्तरिक्षस्य मध्ये वर्त्तते तथा पृथिव्याः पृष्ठे सीद वायुरिव प्रजा आपृण सविता ज्योतिषा दिवमन्तरिक्षमिव राज्यमुत्तभान । अग्निस्तेजसा दिशइव प्रजा उद्दृंह ॥ ७२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यदा मनुष्यो रागद्वेषरहितः परोपकारीश्वर इव प्राणिभिः सह वर्त्तेत तदा सिद्धिं लभेत ॥ ७२ ॥

पदार्थः—हे विद्वान् योगीजन आप (भासा) प्रकाश से (सुपर्णः) अच्छे २ पूर्ण शुभ लक्षणों से युक्त और (गुरुत्मान्) बड़े मन तथा आत्मा के बल से युक्त (असि) हैं अतिप्रकाशमान आकाश में वर्त्तमान सूर्यमण्डल के तुल्य

(पृथिव्याः) पृथिवी के (पृष्ठे) ऊपर (सीद) स्थिर हो वा वायु के तुल्य प्रजा को (आ, पृण) सुख दे । वा जैसे सूर्य (ज्योतिषा) अपने प्रकाश से (दिवम्) प्रकाशमय (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष को वैसे तू राजनीति के प्रकाश से राज्य को (उत्, स्तभान) उन्नति पहुंचा वा जैसे आग अपने (तेजसा) अतितीक्ष्ण तेज से (दिशः) दिशाओं को वैसे अपने तीक्ष्ण तेज से प्रजा जनों को (उद्, दृंह) उन्नति दे ॥ ७२ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जब मनुष्य राग अर्थात् प्रीति और द्वेष वैर से रहित परोपकारी होकर ईश्वर के समान सब प्राणियों के साथ वर्त्तें तब सब सिद्धि को प्राप्त होवें ॥ ७२ ॥

आजुह्वानेत्यस्य कुत्स ऋषिः । अग्निर्देवता ।

आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनर्विद्वांसः कीदृशाः स्युरित्याह ॥

फिर विद्वान् गुणी जन कैसे हों यह वि० ॥

आजुह्वा॑नः सु॒प्रती॑कः पु॒रस्ता॒दग्ने॒ स्वं योनि॒मा सी॑द साधु॒या । अ॒स्मिन्त्स॒धस्थे॒ऽअध्युत्त॑रस्मि॒न् विश्वे॑ देवा॒ यज॑मानश्च सीदत ॥ ७३ ॥

आजुह्वा॒न॒ऽइत्या॒जु॒ऽह्वा॑नः । सु॒प्र॒तीक॒ऽइति॑ सु॒ऽप्रती॑कः । पु॒रस्ता॑त् । अग्ने॑ । स्वम् । योनि॑म् । आ । सी॒द॒ । सा॒धु॒येति॑ सा॒धु॒ऽया । अ॒स्मिन् । स॒धस्थ॑ इति॑ स॒धऽस्थे॑ । अधि॑ । उत्त॑रस्मिन् । विश्वे॑ । दे॒वाः॒ । यज॑मानः । च॒ । सी॒द॒त॒ ॥ ७३ ॥

पदार्थः—(आजुह्वानः) सत्कारेणाहूतः (सुप्रतीकः) प्राप्तशुभगुणः (पुरस्तात्) प्रथमतः (अग्ने) योगाभ्यासेन प्रकाशितात्मन् (स्वम्) स्वकीयम् (योनिम्) परमात्माख्यं गृहम् (आ) (सीद) समन्तात् स्थिरो भव (साधुया) श्रेष्ठैः कर्मभिः (अस्मिन्) (सधस्थे) सहस्थाने (अधि) उपरिभावे (उत्तरस्मिन्) (विश्वे) सर्वे (देवाः) दिव्यात्मानो योगिनः (यजमानः) योगप्रद आचार्यः (च) (सीदत) ॥ ७३ ॥

अन्वयः—हे अग्ने पुरस्तादाजुह्वानः सुप्रतीको यजमान स्त्वं साधुयास्मिन् सधस्थे स्वं योनिमासीद। हे विश्वे देवा यूयं साधुयोत्तरस्मिन् सधस्थे चाधि सीदत ॥ ७३ ॥

भावार्थः—ये साधूनि कर्माणि कृत्वा कृतयोगाभ्यासस्य विदुषः सङ्गप्रीतिभ्यां परस्परं संवादं कुर्वन्ति ते सर्वाधिष्ठानमीशं प्राप्य सिद्धा जायन्ते ॥ ७३ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) योगाभ्यास से प्रकाशित आत्मा युक्त (पुरस्तात्) प्रथम से (आजुह्वानः) सत्कार के साथ बुलाये (सुप्रतीकः) शुभगुणों को प्राप्त हुए (यजमानः) योगविद्या के देने वाले आचार्य्य आप (साधुया) श्रेष्ठ कर्मों से (अस्मिन्) इस (सधस्थे) एक साथ के स्थान में (स्वम्) अपने (योनिम्) परमात्मा रूप घर में (आ, सीद) स्थिर हो (च) और हे (विश्वे) सब (देवाः) दिव्य आत्मा वाले योगी जनो आप लोग श्रेष्ठ कामों से (उत्तरस्मिन्) उत्तर समय एक साथ सत्य सिद्धान्त पर (अधि, सीदत) अधिक स्थित होओ ॥ ७३ ॥

भावार्थः—जो अच्छे कामों को करके योगाभ्यास करने वाले विद्वान् के सङ्ग और प्रीति से परस्पर संवाद करते हैं वे सब के अधिष्ठान परमात्मा को प्राप्त होकर सिद्ध होते हैं ॥ ७३ ॥

ताᳬंसवितुरित्यस्य कण्व ऋषिः । सविता देवता ।
निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ क ईश्वरं प्राप्तुं शक्नोतीत्याह ॥
अब कौन ईश्वर को पा सकता है यह वि० ॥

ताᳬंसवितुर्वरेण्यस्य चित्रामाहं वृणे सुमतिं विश्वजन्याम् । यामस्य कण्वो अदुहत्प्रपीनाᳬंसहस्रधाराम्पयसा महीङ्गाम् ॥ ७४ ॥

ताम् । सवितुः । वरेण्यस्य । चित्राम् । आ । अहम् । वृणे । सुमतिमितिसुऽमतिम् । विश्वजन्याम् । याम् । अस्य । कण्वः । अदुहत् । प्रपीनामितिप्रऽपीनाम् । सहस्रधारामितिसहस्रऽधाराम् । पयसा । महीम् । गाम् ॥ ७४ ॥

पदार्थः—(ताम्) वक्ष्यमाणाम् (सवितुः) योगैश्वर्य्यसंप्रदस्येश्वरस्य (वरेण्यस्य) वरितुमर्हस्य (चित्राम्) अद्भुतविषयाम् (आ) (अहम्) (वृणे) स्वीकुर्वे (सुमतिम्) शोभनां यथाविषयां प्रज्ञाम् (विश्वजन्याम्) या विश्वमखिलं जगज्जनयति प्रकटयति ताम् (याम्) (अस्य) (कण्वः) मेधावी (अदुहत्) परिपूरयति (प्रपीनाम्) प्रवृद्धाम् (सहस्रधाराम्) सहस्रमसंख्यानर्थान् धरति तां सर्वज्ञानप्रदाम् (पयसा) अन्नादिना (महीम्) महतीम् (गाम्) वाचम् । गौरिति वाङ्ना० निघं० १। ११ ॥ ७४ ॥

अन्वयः—यथा कण्वोऽस्य वरेण्यस्य सवितुरीश्वरस्य यां चित्रां विश्वजन्यां प्रपीनां सहस्रधारां सुमतिं पयसा महीं गां चादुहत् । तथा तामहमावृणे ॥ ७४ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा मेधावी जगदीश्वरस्य विद्यां प्राप्यैधते तथैवैतां लब्ध्वाऽन्येनापि विद्यायोगवृद्धये भवितव्यम् ॥ ७४ ॥

पदार्थः—जैसे (कण्वः) बुद्धिमान् पुरुष (अस्य) इस (वरेण्यस्य) स्वीकार करने योग्य (सवितुः) योग के ऐश्वर्य के देने हारे ईश्वर की (याम्) जिस (चित्राम्) अद्भुत आश्चर्यरूप वा (विश्वजन्याम्) समस्त जगत् को उत्पन्न करती (प्रपीनाम्) अति उन्नति के साथ बढ़ती (सहस्रधाराम्) हजारह पदार्थों को धारण करने हारी (सुमतिम्) और यथातथ्य विषय को प्रकाशित करती हुई उत्तम बुद्धि तथा (पयसा) अन्न आदि पदार्थों के साथ (महीम्) बड़ी (गाम्) वाणी को (अदुहत्) परिपूर्ण करता अर्थात् क्रम से जान अपने ज्ञान विषयक करता है वैसे (ताम्) उस को (अहम्) मैं (आ, वृणे) अच्छे प्रकार स्वीकार करता हूं ॥ ७४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे मेधावी जन जगदीश्वर की विद्या को पा कर वृद्धि को प्राप्त होता है वैसे ही इस को प्राप्त हो कर और सामान्य जन को भी विद्या और योगवृद्धि के लिये उद्युक्त होना चाहिये ॥ ७४ ॥

विधेमेत्यस्य गृत्स ऋषिः । अग्निर्देवता ।
आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

विधेम ते परमे जन्मन्नग्ने विधेम स्तोमैरवरे सधस्थे । यस्माद्योनेरुदारिथा यजे तम् प्र त्वे हवीꣳषि जुहुरे समिद्धे ॥ ७५ ॥

विधेम । ते । परमे । जन्मन् । अग्ने । विधेम । स्तोमैः । अवरे । सधस्थ इति सधऽस्थे । यस्मात् । योनेः । उदारिथेत्युत्ऽआरिथ । यजे । तम् । प्र । त्वे इति त्वे । हवींꣳषि । जुहुरे । समिद्धऽइति सम्ऽइद्धे ॥ ७५ ॥

पदार्थः— (विधेम) परिचरेम (ते) तव (परमे) सर्वोत्कृष्टे योगसंस्कारजे (जन्मन्) जन्मनि । अत्र सुपां सुलुगिति ङेर्लुक् (अग्ने) योगसंस्कारेण दुष्टकर्मदाहक (विधेम) सेवेमहि (स्तोमैः) स्तुतिभिः (अवरे) अर्वाचीने (सधस्थे) सहस्थाने (यस्मात्) (योनेः) स्थानात् (उदारिथ) उत्कृष्टैः साधनैः प्राप्नुहि । अत्रान्येषामपीति दीर्घः (यजे) संगच्छे (तम्) (प्र) (त्वे) त्वयि (हवींषि) होतव्यानि (जुहुरे) जुह्वति (समिद्धे) सम्यक् प्रदीप्ते ॥ ७५ ॥

अन्वयः—हे अग्ने योगिन ते तव परमे जन्मन् त्वे वर्त्तमानेऽवरे सधस्थे वर्त्तमाना वयं स्तोमैर्विधेम त्वमस्मान् यस्माद्योनेरुदारिथ तं योनिमहं प्रयजे यथा होतारः समिद्धेऽग्नौ हवींषि जुहुरे तथा योगाग्नौ दुःखसमूहस्य होमं विधेम ॥ ७५ ॥

भावार्थः—इह यस्य योगसंस्कारयुक्तस्य जीवस्य पवित्रापचितं जन्म जायते स संस्कारबलात योगजिज्ञासुरेव भवति ये तं सेवन्ते तेऽपि योगजिज्ञासवो सर्वएतेऽग्निरिन्धनानीव सर्वामशुद्धिं योगेन दहन्ति ॥ ७५ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) योगी जन (ते) तेरे (परमे) सब से अतिउत्तम योग के संस्कार से उत्पन्न हुए पूर्व (जन्मन्) जन्म में वा (त्वे) तेरे वर्त्तमान ज-न्म में (अवरे) न्यून (सधस्थे) एक साथ स्थान में वर्त्तमान हम लोग (स्तोमैः) स्तुतियों से (विधेम) सत्कार पूर्वक तेरी सेवा करें तू हम लोगों को (यस्मात्) जिस (योनेः) स्थान से (उदारिथ) अच्छे २ साधनों के सहित प्राप्त हो (तम्) उस स्थान को मैं (प्र, यजे) अच्छे प्रकार प्राप्त होऊं और जैसे होम करने वाले लोग (समिद्धे) अच्छे प्रकार जलते हुए अग्नि में (हवींषि) होम करने योग्य वस्तुओं को (जुहरे) होमते हैं वैसे योगाग्नि में हम लोग दुःखों के होम का (वि-धेम) विधान करें ॥ ७५ ॥

भावार्थः—इस संसार में योग के संस्कार से युक्त जिस जीव का पवित्र भाव से जन्म होता है वह संस्कार की प्रबलता से योग ही के जानने की चाहना क-रने वाला होता है और उसका जो सेवन करते हैं वे भी योग की चाहना करने वा-ले होते हैं उक्त सब योगीजन जैसे अग्नि इन्धन को जलाता है वैसे समस्त दुःख अ-शुद्धि भाव को योग से जलाते हैं ॥ ७५ ॥

प्रेद्ध इत्यस्य वसिष्ठ ऋषिः । अग्निर्देवता ।

आर्ष्युष्णिक् छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

प्रेद्धोऽग्ने दीदिहि पुरो नोऽजस्रया सूर्म्या यवि-ष्ठ । त्वाᳪं शश्वन्तऽउप यन्ति वाजाः ॥ ७६ ॥

प्रेद्ध इति प्रऽइद्धः । अग्ने । दीदिहि । पुरः । नः । अजस्रया । सूर्म्या । यविष्ठः । त्वाम् । शश्वन्तः । उप । यन्ति । वाजाः ॥ ७६ ॥

पदार्थः—(प्रेद्धः) प्रकृष्टतया प्रदीप्तः (अग्ने) अग्निरिव दुःखदाहक योगिन् (दीदिहि) कामयस्व (पुरः) प्रथमम् (नः) अस्मान् (अजस्रया) अनुपक्षीणया (सूर्म्या) ऐश्वर्येण (यविष्ठ) अतिशयेन युवन् (त्वाम्) (शश्वन्तः) निरन्तरं वर्त्तमानाः (उप, यन्ति) प्राप्नुवन्तु (वाजाः) विज्ञानवन्तो जनाः ॥ ७६ ॥

अन्वयः—हे यविष्ठाग्ने त्वं पुरः प्रेद्धः सन्नजस्रया सूर्म्या नोऽस्मान् दीदिहि शश्वन्तो वाजास्त्वामुपयन्ति ॥ ७६ ॥

भावार्थः—यदा मनुष्याः शुद्धात्मानो भूत्वाऽन्यानुपकुर्वन्ति तदा तेऽपि सर्वत्रोपकृता भवन्ति ॥ ७६ ॥

पदार्थ:—हे (यविष्ठ) अत्यन्त तरुण (अग्ने) आग के समान दुःखों के विनाश करने हारे योगी जन आप (पुरः) पहिले (प्रेद्धः) अच्छे तेज से प्रकाशमान हुए (अजस्रया) नाशरहित निरन्तर (सूर्म्या) ऐश्वर्य्य के प्रवाह से (नः) हम लोगों को (दीदिहि) चाहें (शश्वन्तः) निरन्तर वर्त्तमान (वाजाः) विशेषज्ञान वाले जन (त्वाम्) आप को (उप, यन्ति) प्राप्त होवें ॥ ७६ ॥

भावार्थ:—जब मनुष्य शुद्धात्मा होकर औरों का उपकार करते हैं तब वे भी सर्वत्र उपकारयुक्त होते हैं ॥ ७६ ॥

अग्ने तमित्यस्य परमेष्ठी ऋषिः । अग्निर्देवता ।
आर्षी गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

अग्ने तमद्याश्वन्न स्तोमैः क्रतुन्न भद्रꣳ हृदिस्पृशम् । ऋध्यामा तऽओहैः ॥ ७७ ॥

अग्ने । तम् । अद्य । अश्वम् । न । स्तोमैः । क्रतुम् । न । भद्रम् । हृदिऽस्पृशम् । ऋध्याम । ते । ओहैः ॥ ७७ ॥

पदार्थः—(अग्ने) विद्वन् (तम्) पूर्वमन्त्रोक्तम् (अद्य) (अश्वम्) तुरङ्गम् (न) इव (स्तोमैः) स्तुतिभिः (क्रतुम्) प्रज्ञानम् (न) इव (भद्रम्) भजनीयं कल्याणकरम् (हृदिस्पृशम्) यो हृदये स्पृशति तम् (ऋध्याम) वर्धेम । अत्रान्येषामिति दीर्घः (ते) तव (ओहैः) रक्षणादिभिः ॥ ७७ ॥

अन्वयः—हे अग्ने विद्युत्सदृशपराक्रमिन्नश्वं न क्रतुं न भद्रं हृदिस्पृशं तंत्वां स्तोमैरद्य प्राप्य ते तवौहैर्वयं सततमृध्याम ॥७७॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यथा शरीरस्थेन विद्युदादिना वृद्धिवेगौ प्रज्ञासुखानि च वर्धेरँस्तथा विद्वच्छिक्षारक्षादिभिर्मनुष्यादयो वर्द्धन्ते ॥ ७७ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) बिजुली के समान पराक्रम वाले विद्वान् जो (अश्वम्) घोड़े के (न) समान वा (क्रतुम्) बुद्धि के (न) समान (भद्रम्) कल्याण और (हृदिस्पृशम् हृदय में स्पर्श करने वाला है (तम्) उस पूर्व मन्त्र में कहे तुझ को (स्तोमैः) स्तुतियों से (अद्य) आज प्राप्त हो कर (ते) आप के (ओहैः) पालन आदि गुणों से (ऋध्याम) वृद्धि को पावें ॥ ७७ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—जैसे शरीर आदि में स्थिर हुए बिजुली आदि से वृद्धि वेग और बुद्धि के सुख बढ़ें वैसे विद्वानों की शिखावट और पालन आदि से मनुष्य आदि सब वृद्धि को पाते हैं ॥ ७७ ॥

चित्तिमित्यस्य वसिष्ठ ऋषिः । विश्वकर्मा देवता ।

विराडतिजगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

चित्तिं जुहोमि मनसा घृतेन यथा देवाऽइहागमन्वीतिहोत्रा ऋतावृधः । पत्ये विश्वस्य भूमनो जुहोमि विश्वकर्मणे विश्वाहादाभ्यꣳ हविः ॥७८॥

चित्तिम् । जुहोमि । मनसा । घृतेन । यथा । देवाः । इह । आगमन्नित्याऽगमन् । वीतिऽहोत्राऽइति वीतिऽहोत्रा । ऋतावृधः । ऋतवृधऽइत्यृतऽवृधः । पत्ये । विश्वस्य । भूमनः । जुहोमि । विश्वकर्मणऽइति विश्वऽकर्मणे । विश्वाहा । अदाभ्यम् । हविः ॥ ७८ ॥

पदार्थः—(चित्तिम्) चिन्वन्ति यया ताम् (जुहोमि) गृह्णामि (मनसा) विज्ञानेन (घृतेन) आज्येन (यथा) (देवाः) कामयमाना विद्वांसः (इह) (आगमन्) आगच्छन्ति (वीतिहोत्राः) वीतिः सर्वतः प्रकाशितो होत्रा यज्ञो येषां ते (ऋतावृधः) ये ऋतेन सत्येन वर्धन्ते । अतान्येषामपीति पूर्वपदस्य दीर्घः (पत्ये) पालकाय (विश्वस्य) समग्रस्य जगतः (भूम-

नः) बहुरूपस्य (जुहोमि) ददामि (विश्वकर्मणे) विश्वं कर्म क्रियमाणं कृतं येन तस्मै (विश्वाहा) सर्वाणि दिनानि (अदाभ्यम्) अहिंसनीयम् (हविः) होतव्यं शुद्धं सुखकरं द्रव्यम् ॥ ७८ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथाऽहं मनसा घृतेन चित्तिं जुहोमि यथेह वीतिहोत्रा ऋतावृधो देवा भूमनो विश्वस्य विश्वकर्मणे पत्ये जगदीश्वरायादाभ्यं हविर्विश्वाहा होतुमागमन्नहं हविर्जुहोमि तथा यूयमप्याचरत ॥ ७८ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यथा काष्ठचितोऽग्निराज्येन वर्द्धते तथा विज्ञानेनाहं वर्द्धेय यथेश्वरोपासका विद्वांसश्च जगतः कल्याणाय प्रयतन्ते तथाहमपि प्रयतेय ॥ ७८ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो (यथा) जैसे मैं (मनसा) विज्ञान वा (घृतेन) घी से (चित्तिम्) जिस क्रिया से संचय करते हैं उस को (जुहोमि) ग्रहण करता हूं वा जैसे (इह) इस जगत् में (वीतिहोत्राः) सब ओर से प्रकाशमान जिन का यज्ञ है वे (ऋतावृधः) सत्य से बढ़ते और (देवाः) कामना करते हुए विद्वान् लोग (भूमनः) अनेक रूप वाले (विश्वस्य) समस्त संसार के (विश्वकर्म्मणे) सब के करने योग्य काम को जिस ने किया है उस (पत्ये) पालनेहारे जगदीश्वर के लिये (अदाभ्यम्) नष्ट न करने और (हविः) होमने योग्य सुख करने वाले पदार्थ का (विश्वाहा) सब दिनों होम करने को (आगमन्) आते हैं और मैं होमने योग्य पदार्थों को (जुहोमि) होमता हूं वैसे तुम लोग भी आचरण करो ॥७८॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—जैसे काष्ठों में चिना हुआ अग्नि घी से बढ़ता है वैसे विज्ञान से बढ़ूं वा जैसे ईश्वर की उपासना करने हारे विद्वान् संसार के कल्याण करने को प्रयत्न करते हैं वैसे मैं भी यत्न करूं ॥ ७८ ॥

सप्त त इत्यस्य सप्तऋषय ऋषयः । अग्निर्देवता आर्षी जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

सप्त तेऽअग्ने समिधः सप्त जिह्वाः सप्तऽऋषयः सप्त धाम प्रियाणि सप्त होत्राः सप्तधा त्वा यजन्ति सप्तयोनीरापृणस्व घृतेन स्वाहा ॥ ७९ ॥

सप्त । ते । अग्ने । समिध इति समऽइधः । सप्त । जिह्वाः । सप्त । ऋषयः । सप्त । धाम । प्रियाणि । सप्त । होत्राः । सप्तऽधा । त्वा । यजन्ति । सप्त । योनीः । आ । पृणस्व । घृतेन । स्वाहा ॥ ७९ ॥

पदार्थः—(सप्त) सप्त संख्याकानि गायत्र्यादीनि छन्दांसि (ते) तव (अग्ने) तेजस्विन् विद्वन् (समिधः) प्रदीपकाः (सप्त, जिह्वाः) काल्यादयः सप्त संख्याका ज्वालाः (सप्त, ऋषयः) प्राणादयः पञ्च देवदत्तधनंजयौ च (सप्त, धाम) जन्मनामस्थानधर्मार्थकाममोक्षाख्यानि धामानि (प्रियाणि) (सप्त, होत्राः) सप्त ऋत्विजः (सप्तधा) सप्तभिः प्रकारैः (त्वा) त्वाम् (यजन्ति) संगच्छन्ते (सप्त, योनीः) चितीः (आ) (पृणस्व) सुखीभव (घृतेन) आज्येन (स्वाहा) ॥ ७९ ॥

अन्वयः—हे अग्ने विद्वन् यथाग्नेः सप्त समिधः सप्त जिह्वाः

सप्तर्षयः सप्तप्रियाणि धाम सप्त होत्राश्च सन्ति तथा ते तव सन्तु यथा विद्वांसस्तमग्निं सप्तधा यजन्ति तथा त्वा यजन्तु यथाऽयमग्निर्घृतेन स्वाहा सप्त योनीरापृणते तथा त्वमापृणस्व ॥७९॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथेन्धनैरग्निर्वर्धते तथा विद्यादिशुभगुणैः सर्वे मनुष्या वर्धन्ताम् । यथा विद्वांसोऽग्नौ घृतादिकं हुत्वा जगदुपकुर्वन्ति तथा वयमपि कुर्याम ॥ ७९ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) तेजस्वी विद्वन् जैसे आग के (सप्त, समिधः) सात जलाने वाले (सप्त, जिह्वाः) वा सातकाली कराली आदि लपटरूप जीभ वा (सप्त, (ऋषयः) सात प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान, देवदत्त, धनञ्जय, वा (सप्त, धाम, प्रियाणि) सात पियारे धाम अर्थात् जन्म स्थान, नाम, धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष वा (सप्त, होत्रा) सात प्रकार के ऋतु २ में यज्ञ करने वाले हैं वैसे (ते) तेरे हों जैसे विद्वान् उस अग्नि को (सप्तधा) सात प्रकार से (यजन्ति) प्राप्त होते हैं वैसे (त्वा) तुझको प्राप्त होवें जैसे यह अग्नि (घृतेन) घी से और (स्वाहा) उत्तम वाणी से (सप्त, योनीः) सात संचयों को सुख से प्राप्त होता है वैसे से तू (आ, पृणस्व) सुख से प्राप्त हो ॥ ७९ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे ईंधन से अग्नि बढ़ता है वैसे विद्या आदि शुभगुणों से समस्त मनुष्य वृद्धि को प्राप्त होवें जैसे विद्वान् जन अग्नि में घी आदि को होम के जगत् का उपकार करते हैं वैसे हम लोग भी करें ॥ ७९ ॥

शुक्रज्योतिरित्यस्य सप्तऋषय ऋषयः । मरुतो देवताः ।
आर्ष्युष्णिक् छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

अथेश्वरः कीदृशोऽस्तीत्याह ॥
अब ईश्वर कैसा है यह वि० ॥

शुक्रज्योतिश्च चित्रज्योतिश्च सत्यज्योतिश्च ज्योतिष्माँश्च । शुक्रश्च ऋतपाश्चात्यंꣳहाः ॥८०॥

शुक्रज्योतिरिति शुक्रऽज्योतिः । च । चित्रज्योतिरिति चित्रऽज्योतिः । च । सत्यज्योतिरिति सत्यऽज्योतिः । च । ज्योतिष्मान् । च । शुक्रः । च । ऋतपा इत्यृतऽपाः । च । अत्यंहा इत्यतिऽअंहाः ॥ ८० ॥

पदार्थः—(शुक्रज्योतिः) शुक्रं शुद्धं ज्योतिर्यस्य सः (च) (चित्रज्योतिः) चित्रमद्भुतं ज्योतिर्यस्य सः (च) (सत्यज्योतिः) सत्यमविनाशि ज्योतिः प्रकाशो यस्य सः (च) (ज्योतिष्मान्) बहूनि ज्योतींषि प्रकाशा विद्यन्ते यस्य सः (च) (शुक्रः) शीघ्रकर्त्ता शुद्धस्वरूपो वा (च) (ऋतपाः) य ऋतं सत्यं पाति (च) (अत्यंहाः) अतिक्रान्तमंहो दुष्कृतं येन सः ॥ ८० ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा शुक्रज्योतिश्च चित्रज्योतिश्च सत्यज्योतिश्च ज्योतिष्माँश्च शुक्रश्चात्यंहा ऋतपाश्चेश्वरोऽस्ति तथा यूयं भवत ॥ ८० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथेह विद्युत्सूर्यादीन् प्रभाकरान् शुद्धिकरान् पदार्थान्निर्मायेश्वरेण जगच्छोध्यते तथैव शुचिसत्यविद्योपदेशक्रियाभिर्मनुष्यादयो विद्वद्भिः शोधनीयाः । अत्रानेकेषां चकाराणांपाठात्सर्वेषामुपरि प्रीत्यादयोऽपि विधेयाः ॥ ८० ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे (शुक्रज्योतिः) शुद्ध जिस का प्रकाश (च) और (चित्रज्योतिः) अद्भुत जिस का प्रकाश (च) और (सत्यज्योतिः) विनाशरहित जिस का प्रकाश (च) और (ज्योतिष्मान्) जिस के बहुत प्रकाश हैं (च) और (शुक्रः) शीघ्र करने वाला वा शुद्ध स्वरूप (च) और (अत्यंहाः) जिस ने दुष्ट काम को दूर किया (च) और (ऋतपाः) सत्य की रक्षा करने वाला ईश्वर है वैसे तुम लोग भी होओ ॥ ८० ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे इस जगत् में बिजुली वा सूर्य्य आदि प्रभा और शुद्धि के करने वाले पदार्थों को बना कर ईश्वर ने जगत् शुद्ध किया है वैसे ही शुद्धि सत्य और विद्या के उपदेश की क्रियाओं से विद्वान् जनों को मनुष्यादि शुद्ध करने चाहिये इस मन्त्र में अनेक चकारों के होने से यह भी ज्ञात होता है कि सब के ऊपर प्रीति आदि गुण भी विधान करने चाहिये ॥ ८० ॥

ईदृङ्चेत्यस्य सप्तऋषय ऋषयः । मरुतो देवता ।
आर्षी गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनर्विद्वान् कीदृशो भवेदित्याह ॥

फिर विद्वान् कैसा हो यह वि० ॥

ईदृङ् चान्यादृङ् चं सदृङ् च प्रतिसदृङ्च ।
मितश्च संमितश्च सभराः ॥ ८१ ॥

ईदृङ् । च । अन्यादृङ् । च । सदृङ् । सदृङिति सऽदृङ् । च । प्रतिसदृङिति प्रतिऽसदृङ् । च । मितः । च । सम्मितऽइति समऽमितः । च । सभराऽइति सऽभराः ॥ ८१ ॥

पदार्थः—(ईदृङ्) अन्येन तुल्यः (च) (अन्यादृङ्) अन्येन समानः (च) (सदृङ्) समानं पश्यति स सदृङ् (च) (प्रतिसदृङ्) तं तं प्रति सदृशं पयशति (च) (मितः) मानं प्राप्तः (च) (सम्मितः) सम्यक् (परिमितः) (च) (सभराः) समानं बिभूतीति सभराः ॥ ८१ ॥

अन्वयः—ये पुरुषा ईदृङ् चान्यादृङ् च सदृङ् च प्रतिसदृङ् च मितश्च संमितश्च सभराश्च वर्त्तन्ते ते व्यावहारिकीं कार्यसिद्धिं कर्त्तुं शक्नुवन्ति ॥ ८१ ॥

भावार्थः—यो मनुष्य ईश्वरतुल्य उत्तमस्तदनुकरणं कृत्वा सत्यं धरत्यसत्यं त्यजति स एव योग्योऽस्ति ॥ ८१ ॥

पदार्थः—जो पुरुष (ईदृङ्) इस के तुल्य (च) भी (अन्यादृङ्) और के समान (च) भी (सदृङ्) समान देखने वाला (च) भी (प्रतिसदृङ्) उस २ के प्रति सदृश देखने वाला (च) भी (मितः) मान को प्राप्त (च) भी (संमितः) अच्छे प्रकार परिमाण किया गया (च) और जो (सभराः) समान धारणा को करने वाले वर्त्तमान हैं वे व्यवहार संबंधी कार्य्यसिद्धि कर सकते हैं ॥ ८१ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य ईश्वर के तुल्य उत्तम और ईश्वर के समान काम को करके सत्य का धारण करता और असत्य का त्याग करता है वही योग्य है ॥ ८१ ॥

ऋतश्चेत्यस्य सप्तऋषय ऋषयः । मरुतो देवताः ।
आर्षी गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥
पुनरीश्वरः कीदृशोऽस्तीत्याह ॥
फिर ईश्वर कैसा है यह अगले मन्त्र में कहा है ॥

ऋतश्च सत्यश्च ध्रुवश्च धरुणश्च धर्त्ता च विधर्त्ता च विधारयः ॥ ८२ ॥

ऋतः । च । सत्यः । च । ध्रुवः । च । धरुणः । च । धर्त्ता । च । विधर्त्तेति विऽधर्त्ता । च । विधारयऽइति विऽधारयः ॥ ८२ ॥

पदार्थः—(ऋतः) सत्यज्ञानः (च) (सत्यः) सत्सु साधुः (च) (ध्रुवः) दृढनिश्चयः (च) (धरुणः) आधारः (च) (धर्त्ता) (च) (विधर्त्ता) (च) (विधारयः) यो विशेषेण धारयति सः ॥ ८२ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या य ऋतश्च सत्यश्च ध्रुवश्च धरुणश्च धर्त्ता च विधर्त्ता च विधारयः परमात्माऽस्ति तमेव सर्वे उपासीरन् ॥ ८२ ॥

भावार्थः—ये मनुष्या विद्योत्साहसत्सङ्गपुरुषार्थैः सत्यविज्ञाने धृत्वा सुशीलतां धरन्ति तएव सुखिनो भवितुमन्याँश्चकर्त्तुं शक्नुवन्ति ॥ ८२ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जो (ऋतः) सत्य का जानने वाला (च) भी (सत्यः) श्रेष्ठों में श्रेष्ठ (च) भी (ध्रुवः) दृढ़ निश्चय युक्त (च) भी (धरुणः) सब का आधार (च) भी (धर्त्ता) धारण करने वाला (च) भी (विधर्त्ता) विशेष कर के धारण करने वाला अर्थात् धारकों का धारक (च) भी और (विधारयः) विशेष करके सब व्यवहार का धारण कराने वाला परमात्मा है सब लोग उसी की उपासना करें ॥ ८२ ॥

भावार्थः जो मनुष्य विद्या उत्साह सज्जनों का संग और पुरुषार्थ से सत्य और विशेष ज्ञान का धारण कर अच्छे स्वभाव का धारण करते हैं वेही आप सुखी हो सकते और दूसरों को कर भी सकते हैं ॥ ८२ ॥

ऋतजिदित्यस्य सप्तऋषय ऋषयः । मरुतो देवताः ।
भुरिगार्ष्युष्णिक् छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥
अथ विद्वांसः कीदृशा भवेयुरित्युच्यते ॥
अब विद्वान् लोग कैसे हों यह वि० ॥

ऋतजिच्च सत्यजिच्च सेनजिच्च सुषेणश्च ।
अन्तिमित्रश्च दूरेऽअमित्रश्च गणः ॥ ८३ ॥

ऋतजिदित्यृतऽजित् । च । सत्यजिदिति सत्यऽजित् । च । सेनजिदिति सेनऽजित् । च ।

सुषेणः । सुसेनऽइति सुऽसेनः । च । अन्तिमित्रऽइत्यन्तिऽमित्रः । च । दूरेऽअमित्रऽइति दूरेऽअमित्र । च । गणः ॥ ८३ ॥

पदार्थः—(ऋतजित्) य ऋतं विज्ञानमुत्कर्षति सः (च) (सत्यंजित्) सत्यं कारणं धर्मं चोन्नयति (च) (सेनजित्) यः सेनां जयति सः (च) (सुषेणः) शोभना सेना यस्य सः (चः) (अन्तिमित्रः) अन्तौ समीपे मित्राः सहायकारिणो यस्य सः (च) (दूरेअमित्रः) दूरे अमित्राः शत्रवो यस्य सः (च) (गणः) गणनीयः ॥ ८३ ॥

अन्वयः—य ऋतजिच्च सत्यजिच्च सेनजिच्च सुषेणश्चान्तिमित्रश्च दूरेऽअमित्रश्च भवेत् स एव गणो गणनीयो जायते ॥ ८३ ॥

भावार्थः—ये मनुष्या विद्यासत्यादीनि कर्माण्युन्नयेयुर्मित्रसेविनः शत्रुद्वेषिणश्च भवेयुस्तएव लोके प्रशंसनीयाः स्युः ॥ ८३ ॥

पदार्थः—जो (ऋतजित्) विशेष ज्ञान को बढ़ाने हारा (च) और (सत्यजित्) कारण तथा धर्म को उन्नति देने वाला (च) और (सेनजित्) सेना को जीतने हारा (च) और (सुषेणः) सुन्दर सेना वाला (च) और (अन्तिमित्रः) समीप में सहाय करने हारे मित्र वाला (च) और (दूरेअमित्रः) शत्रु जिस से दूर भाग गये हों (च) और अन्य भी जो इस प्रकार का हो वह (गणः) गिनने योग्य होता है ॥ ८३ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य विद्या और सत्य आदि कामों की उन्नति करें तथा मित्रों की सेवा और शत्रुओं से वैर करें वेही लोक में प्रशंसा योग्य होते हैं ॥ ८३ ॥

ईदृक्षास इत्यस्य सप्तऋषय ऋषयः । मरुतो देवताः ।
निचृदार्षी जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

ईदृक्षास एतादृक्षास ऊ षु णः सदृक्षासः प्रतिसदृक्षास एतन । मितासंश्च सम्मितासो नोऽअद्य सभरसो मरुतो यज्ञेऽअस्मिन् ॥ ८४ ॥

ईदृक्षासः । एतादृक्षासः । ऊँऽइत्यूँ । सु । नः । सदृक्षास इति सऽदृक्षासः । प्रतिसदृक्षासऽइति प्रतिऽसदृक्षासः । आ । इतन । मितासः । च । सम्मितासऽइति सम्ऽमितासः । नः । अद्य । सभरसऽइति सऽभरसः । मरुतः । यज्ञे । अस्मिन् ॥८४॥

पदार्थः—(ईदृक्षासः) एतल्लक्षणसहिताः (एतादृक्षासः) एतैः पूर्वोक्तैरसदृशाः (उ) वितर्के (सु) सुष्ठु (नः) अस्मान् (सदृक्षासः) पक्षपातं विहाय समानदृष्टयः (प्रतिसदृक्षासः) आप्तसदृशाः (आ) (इतन) समन्तात्प्राप्नुत (मितासः) परिमितविज्ञानाः (च) (सम्मितासः) तुलावत् सत्यविवेचकाः (नः) अस्मान् (अद्य) (सभरसः) स्वसमानपोषकाः (मरुतः) ऋत्विजो विद्वांसः (यज्ञे) संगन्तव्ये व्यवहारे (अस्मिन्) ॥ ८४ ॥

अन्वयः—हे मरुतो विद्वांसो यईदृक्षास एतादृक्षासस्सदृक्षासः प्रतिसदृक्षासो नोऽस्मान् स्वेतन उ मितासः सम्मितासश्चास्मिन् यज्ञे सभरसो भवताऽद्य नो रक्षत तान् वयमपि सततं सत्कुर्याम ॥ ८४ ॥

भावार्थः—यदा धार्मिका विद्वांसः क्वापि मिलेयुर्यानुपागच्छेयुरध्यापयेयुः सुशिक्षेरंश्च तदेमे सर्वैः सत्कर्त्तव्याः ॥ ८४ ॥

पदार्थः—हे (मरुतः) ऋतु २ में यज्ञ करने वाले विद्वानो जो (ईदृक्षासः) इस लक्षण से युक्त (एतादृक्षासः) इन पहिले कहे हुओं के सदृश (सदृक्षासः) पक्षपात को छोड़ समान दृष्टि वाले (प्रतिसदृक्षासः) शास्त्रों को पढ़े हुए सत्य बोलने वाले धर्मात्माओं के सदृश हैं वे आप (नः) हमलोगों को (सु, आ, इतन) अच्छे प्रकार प्राप्त हों (उ) वा (मितासः) परिमाणयुक्त जानने योग्य (संमितासः) तुला के समान सत्य झूठ को पृथक् २ करने (च) और (अस्मिन्) इस (यज्ञे) यज्ञ में (सभरसः) अपने समान प्राणियों की पुष्टि पालना करने वाले हों वे (अद्य) आज (नः) हम लोगों की रक्षा करें और उन का हमलोग भी निरन्तर सत्कार करें ॥ ८४ ॥

भावार्थः—जब धार्मिक विद्वान् जन कहीं मिलें जिन के समीप आवें पढ़ावें और शिक्षा देवें तब वे उन सब लोगों को सत्कार करने योग्य हैं ॥ ८४ ॥

स्वतवानित्यस्य सप्तर्षय ऋषयः । चातुर्मास्या मरुतो देवताः । स्वराडार्षी गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्स विद्वान् कीदृशो भवेदित्याह ॥

फिर वह विद्वान् कैसा हो यह वि० ॥

स्वतवाँश्च प्रघासी च सांतपनश्च गृहमेधी च । क्रीडी च शाकी चोज्जेषी ॥ ८५ ॥

स्वतवानिति स्वऽतवान् । च । प्रघासीति प्रऽघासी । च । सान्तपनऽइति साम्ऽतपनः । च । गृहमेधीति गृहमेधी । च । क्रीडी । च । शाकी । च । उज्जेषीत्युत्ऽजेषी ॥ ८५ ॥

पदार्थः—(स्वतवान्) यः स्वान् तौति वर्द्धयति सः । अत्र तु धातोरौणादिक आनिः प्रत्ययः (च) (प्रघासी) बहवः प्रकृष्टा घासा भोज्यानि विद्यन्ते यस्य सः (च) (सान्तपनः) सम्यक् शत्रून् तापयति तस्यायम् (च) (गृहमेधि) प्रशस्तो गृहे मेधः संगमोऽस्यास्तीति सः (च) (क्रीडी (च) अवश्यं क्रीडितुं शीलः (शाकी) अवश्यं शक्तुं शीलः (च) (उज्जेषी) उत्कृष्टतया जेतुंशीलः ॥ ८५ ॥

अन्वयः—यः स्वतवांश्च प्रघासी च सान्तपनश्च गृहमेधी च क्रीडी च शाकी च भवेत् स उज्जेषी स्यात् ॥ ८५ ॥

भावार्थः—यो बहुबलान्नसामर्थ्यो गृहस्थो भवति स सर्वत्र विजयमाप्नोति ॥ ८५ ॥

पदार्थः—जो (स्वतवान्) अपनों की वृद्धि कराने वाला (च) और (प्रघासी) जिस के बहुत भोजन करने योग्य पदार्थ विद्यमान हैं ऐसा (च) और (सान्तपनः) अच्छे प्रकार शत्रुजनों को तपाने (च) और (गृहमेधी) जिस का प्रशंसायुक्त घर में संग ऐसा (च) और (क्रीडी) अवश्य खेलने के स्वभाव वाला (च) और (शाकी) अवश्य शक्ति रखने का स्वभाव वाला (च) भी हो वह (उज्जेषी) मन से अत्यन्त जीतने वाला हो ॥ ८५ ॥

भावार्थः—जो बहुत बल और अन्न के सामर्थ्य से युक्त गृहस्थ होता है वह सब जगह विजय को प्राप्त होता है ॥ ८५ ॥

इन्द्रमित्यस्य सप्तऋषय ऋषयः । मरुतो देवताः ।
निचृच्छक्वरी छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुना राजप्रजाः कथं परस्परं वर्तेरन्नित्याह ॥

फिर राजा और प्रजा कैसे परस्पर वर्त्तें यह वि० ॥

इन्द्रं दैवीर्विशो मरुतोऽनुवर्त्मानोऽभवन्यथेन्द्रं दैवीर्विशो मरुतोऽनुवर्त्मानोऽभवन् । एवमिमं यजमानं दैवीश्च विशो मानुषीश्चानुवर्त्मानो भवन्तु ॥ ८६ ॥

इन्द्रम् । दैवीः । विशः । मरुतः । अनुवर्त्मान इत्यनुऽवर्त्मानः । अभवन् । यथा । इन्द्रम् । दैवीः । विशः । मरुतः । अनुवर्त्मान इत्यनुऽवर्त्मानः । अभवन । एवम् । इमम् । यजमानम् । दैवीः । च । विशः । मानुषीः । च । अनुवर्त्मानऽइत्यनुऽवर्त्मानः । भवन्तु ॥ ८६ ॥

पदार्थः—(इन्द्रम्) परमैश्वर्ययुक्तं धार्मिकं राजानम् (दैवीः) देवानां विदुषामिमाः (विशः) प्रजाः (मरुतः) ऋत्विजो विद्वांसः (अनुवर्त्मानः) अनुकूलो वर्त्मा मार्गो येषां ते

(अभवन्) भवन्तु (यथा) येन प्रकारेण (इन्द्रम्) अखि-
लैश्वर्यं परमेश्वरम् (दैवीः) (विशः) (मरुतः) प्राणाइव
प्रियाः (अनुवर्त्मानः) अनुकूलाचरणाः (अभवन्) (एवम्)
(इमम्) (यजमानम्) विद्यासुशिक्षाभ्यां सुखदातारम् (दैवीः)
(च) (विशः) (मानुषीः) मानुषाणामविदुषामिमाः (च)
(अनुवर्त्मानः) (भवन्तुः) ॥ ८६ ॥

अन्वयः—हे राजँस्त्वं तथा वर्त्तस्व यथेमा दैवीर्विशो मरु-
तश्चेन्द्रमनुवर्त्मानोऽभवन् यथा मरुतो दैवीर्दिव्या विशश्चेन्द्र म-
नुवर्त्मानोऽभवन् । एवं दैवीश्च विशो मानुषीश्च विश इमं यजमा
नमनुवर्त्मानो भवन्तु ॥ ८६ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलु०—यथा प्रजा राजादीनां रा-
जपुरुषाणामनुकूला वर्त्तेरंस्तथैतेऽपि प्रजानुकूला वर्त्तन्ताम् ।
यथाऽध्यापकोपदेशकाः सर्वेषां सुखाय प्रयतेरंस्तथैव सर्व एतेषां
सुखाय प्रयतन्ताम् ॥ ८६ ॥

पदार्थः—हे राजन् आप वैसे अपना वर्त्ताव कीजिये (यथा) जैसे
(दैवीः) विद्वान् जनों के ये (विशः) प्रजाजन (मरुतः) ऋतु २ में यज्ञ कराने
वाले विद्वान् (इन्द्रम्) परमैश्वर्य्ययुक्त राजा के (अनुवर्त्मानः) अनुकूल मार्ग से
चलने वाले (अभवन्) होवें वा जैसे (मरुतः) प्राण के समान प्यारे (दैवीः)
शास्त्र जानने वाले दिव्य (विशः) प्रजाजन (इन्द्रम्) समस्त ऐश्वर्य्ययुक्त परमेश्वर
के (अनुवर्त्मानः) अनुकूल आचरण करने हारे (अभवन्) हों (एवम्) ऐसे
(दैवीः) शास्त्र पढ़े हुए (च) और (मानुषीः) मूर्ख (च) ये दोनों (विशः)
प्रजाजन (इमम्) इस (यजमानम्) विद्या और अच्छी शिक्षा से सुख देने हारे सज्जन
के (अनुवर्त्मानः) अनुकूल आचरण करने वाले (भवन्तु) हों ॥ ८६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमा और वाचकलु०—जैसे प्रजा जन राजा आदि राजपुरुषों के अनुकूल वर्त्तें वैसे ये लोग भी प्रजाजनों के अनुकूल वर्त्तें जैसे अध्यापन और उपदेश करने वाले सब के सुख के लिये प्रयत्न करें वैसे सब लोग इन के सुख के लिये प्रयत्न करें ॥ ८६ ॥

इममित्यस्य सप्तर्षय ऋषयः । अग्निर्देवता ।

आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैः कथं वर्त्तितव्यमित्याह ॥

फिर मनुष्यों को कैसे वर्त्तना चाहिये यह वि० ॥

इमꣳ स्तनमूर्जस्वन्तं धयापां प्रपीनमग्ने सरिरस्य मध्ये । उत्सं जुषस्व मधुमन्तमर्वन्त्समुद्रियꣳ सदनमा विशस्व ॥ ८७ ॥

इमम् । स्तनम् । ऊर्जस्वन्तम् । धय । अपाम् । प्रपीनमिति प्रऽपीनम् । अग्ने । सरिरस्य । मध्ये । उत्सम् । जुषस्व । मधुमन्तमिति मधुऽमन्तम् । अर्वन् । समुद्रियम् । सदनम् । आ । विशस्व ॥ ८७ ॥

पदार्थः—(इमम्) (स्तनम्) दुग्धाधारम् (ऊर्जस्वन्तम्) प्रशस्तबलकारकम् (धय) पिब (अपाम्) जलानाम् (प्रपीनम्) प्रकृष्टतया स्थूलम् (अग्ने) पावकइव वर्त्तमान (सरिरस्य) बहोः । सरिरमितिबहुना० निघं० ३ । १ । (मध्ये) (उत्सम्) उन्दन्ति येन तं कूपम् । उत्समिति कूपना० निघं० ३ । २ ३ (जुषस्व) सेवस्व (मधुमन्तम्) प्रशस्तं मधु माधुर्यं विद्यते यस्मिं-

स्तम् (अर्वन्) अश्वइव वर्त्तयन् (समुद्रियम्) सागरे भवम् (सदनम्) सीदन्ति गच्छन्ति यत्तत् (आ) (विशस्व) अत्र व्यत्ययेनात्मनेपदम् ॥ ८७ ॥

अन्वयः—हे अग्ने पालक त्वं प्रपीनं स्तनमिवेममूर्जस्वन्तमपां रसं धय सरिरस्य मध्ये मधुमन्तमुत्सं जुषस्व । हे अर्वंस्त्वं समुद्रियं सदनमा विशस्व ॥ ८७ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा बालका वत्साश्च स्तनदुग्धं पीत्वा वर्द्धन्ते यथाऽश्वः शीघ्रं धावति तथा मनुष्या युक्ताहारविहारेण वर्धमाना वेगेन गच्छन्तु यथाऽद्भिः पूर्णे समुद्रे नौकायां स्थित्वा गच्छन्तः सुखेन पारावारे यान्ति तथैव सुसाधनैर्व्यवहारस्य पारावारौ प्राप्नुवन्तु ॥ ८७ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) अग्नि के समान वर्त्तमान पुरुष तू (प्रपीनम्) अच्छे दूध से भरे हुए (स्तनम्) स्तन के समान (इमम्) इस (ऊर्जस्वन्तम्) प्रशंसित बल करते हुए (अपाम्) जलों के रस को (धय) पी (सरिरस्य) बहुतों के (मध्ये) बीच में (मधुमन्तम्) प्रशंसित मधुरतादि गुणयुक्त (उत्सम्) जिस से पदार्थ गीले होते हैं उस कूप को (जुषस्व) सेवन कर वा हे (अर्वन्) घोड़ों के समान वर्त्ताव रखने हारे जन तू (समुद्रियम्) समुद्र में हुए स्थान कि (सदनम्) जिस में जाते हैं उस में (आ, विशस्व) अच्छे प्रकार प्रवेश कर ॥ ८७ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे बालक और बछड़े स्तन के दूध को पी के बढ़ते हैं वा जैसे घोड़ा शीघ्र दौड़ता है वैसे मनुष्य यथायोग्य भोजन और शयनादि आराम से बढ़े हुए वेग से चलें जैसे जलों से भरे हुए समुद्र के बीच नौका में स्थित हो कर जाते हुए सुखपूर्वक पारावार अर्थात् इस पार से उस पार पहुंचते हैं वैसे ही अच्छे साधनों से व्यवहार के पार और अवार को प्राप्त होवें ॥ ८७ ॥

घृतमित्यस्य गृत्समद ऋषिः । अग्निर्देवता ।
निचदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैरग्निः क क्वान्वेषणीय इत्याह ॥
फिर मनुष्यों को अग्नि कहां २ खोजना चाहिये इस वि० ॥

घृतं मिमिक्षे घृतमस्य योनिर्घृते श्रितोघृतम्वं स्य धाम । अनुष्वधमावह मादयस्व स्वाहाकृतं वृषभ वक्षि हव्यम् ॥ ८८ ॥

घृतम् । मिमिक्षे । घृतम् । अस्य । योनिः । घृते । श्रितः । घृतम् । ऊँ इत्यूँ । अस्य । धाम । अनुष्वधम् । अनुस्वधमित्यनुऽस्वधम् । आ । वह । मादयस्व । स्वाहाकृतमिति स्वाहाऽकृतम् । वृषभ । वक्षि । हव्यम् ॥ ८८ ॥

पदार्थः—(घृतम्) उदकम् (मिमिक्षे) सिञ्चतुमिच्छ (घृतम्) जलम् (अस्य) (योनिः) गृहम् (घृते) (श्रितः) (घृतम्) उदकम् (उ) वितर्के (अस्य) पावकस्य (धाम) अधिकरणम् (अनुष्वधम्) स्वधान्तस्यानुकूलम् (आ) (वह) प्रापय (मादयस्व) हर्षयस्व (स्वाहाकृतम्) वेदवाणीनिष्पादितम् (वृषभ) यो वर्षति तत्सम्बुद्धौ (वक्षि) कामयसे प्राप्नोषि वा (हव्यम्) होतुमादातु मर्हम् ॥ ८८ ॥

अन्वयः—हे समुद्रयायिन् त्वं घृतं मिमिक्षे उ अस्याग्नेर्घृतं

योनिरस्ति यो घृते श्रितो घृतमस्य धाम तमग्निमनुष्वधमावह हे वृषभ त्वं यतः स्वाहाकृतं हव्यं वक्षि तेनास्मान् मादयस्व ॥८८॥

भावार्थः—यावानग्निर्जलेऽस्ति तावान् जलाधिकरण उच्यते यथाऽज्येन वह्निर्वर्धते तथा जलेन सर्वे पदार्था वर्धन्ते । अन्नमनुकूलमाज्यं चानन्दकारि जायते तस्मात्सर्वैरेतत्कमनीयम् ॥ ८८ ॥

पदार्थः—हे समुद्र में जाने वाले मनुष्य आप (घृतम्) जल को (मिमिक्षे) सींचना चाहो (उ) वा (अस्य) इस आग का (घृतम्) घी (योनिः) घर है जो (घृते) घी में (श्रितः) आश्रय को प्राप्त हो रहा है वा (घृतम्) जल (अस्य) इस आग का (धाम) धाम अर्थात् ठहरने का स्थान है उस अग्नि को तू (अनुष्वधम्) अन्न की अनुकूलता को (आ, वह) पहुंचा हे (वृषभः) वर्षाने वाले जन तू जिस कारण (स्वाहाकृतम्) वेदवाणी से सिद्ध किये (हव्यम्) लेने योग्य पदार्थ को (वक्षि) चाहता वा प्राप्त होता है इस लिये हम लोगों को (मादयस्व) आनन्दित कर ॥ ८८ ॥

भावार्थः—जितना अग्नि जल में है उतना जलाधिकरण अर्थात् जल में रहने वाला कहाता है जैसे घी से अग्नि बढ़ता है वैसे जल से सब पदार्थ बढ़ते हैं और अन्न के अनुकूल घी आनन्द कराने वाला होता है इस से उक्त व्यवहार की चाहना सब लोगों को करनी चाहिये ॥ ८८ ॥

समुद्रादित्यस्य वामदेव ऋषिः । अग्निर्देवता ।
निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैः कथं वर्त्तितव्य मित्याह ॥

फिर मनुष्यों को कैसे वर्त्ताव रखना चाहिये इस वि० ॥

समुद्रादूर्मिर्मधुमाँ २ ॥ ऽउदारदुपा॒ᳬशुना सममृतत्वमा नट् । घृतस्य नाम गुह्यं यदस्ति जिह्वा देवानाममृतस्य नाभिः ॥ ८९ ॥

समुद्रात् । ऊर्मिः । मधुमानिति मधुऽमान् । उत् । आरत् । उप । अंशुना । सम् । अमृतत्वमित्यमृतत्वम् । आनट् । घृतस्य । नाम । गुह्यम् । यत् । अस्ति । जिह्वा । देवानाम् । अमृतस्य । नाभिः ॥ ८९ ॥

पदार्थः—(समुद्रात्) अन्तरिक्षात् (ऊर्मिः) तरङ्गः (मधुमान्) मधुरगुणयुक्तः (उत्) (आरत्) ऊर्ध्वं प्राप्नोति (उप) (अंशुना) किरणसमूहेन (सम्) (अमृतत्वम्) अमृतस्य भावम् (आनट्) समन्ताद्व्याप्नोति (घृतस्य) जलस्य (नाम) संज्ञा (गुह्यम्) रहस्यम् (यत्) (अस्ति) (जिह्वा) वाणी (देवानाम्) विदुषाम् (अमृतस्य) मोक्षस्य (नाभिः) स्तम्भनं स्थिरीकरणं प्रबन्धनम् ॥ ८९ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या भवन्तो यत्समुद्रादंशुना मधुमानूर्मिरुदारत् समममृतत्वमुपानट् यद् घृतस्य गुह्यं नामास्ति या देवानां जिह्वाऽमृतस्य नाभिरस्ति तत्सर्वं सेवन्ताम् ॥ ८९ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या यथाऽग्निर्मिलितयोर्जलभूम्योर्विभागेन मेघमण्डलं प्राप्य मधुरं जलं संपादयति यत्कारणाख्यमपां नाम तद् गुह्यमस्ति मोक्षश्चैतत्सर्वमुपदेशे नैव लभ्यमिति वेद्यम् ॥ ८९ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो आप लोग जो (समुद्रात्) अन्तरिक्ष से (अंशुना)

किरणसमूह के साथ (मधुमान्) मिठास लिये हुए (ऊर्मिः) जलतरङ्ग (उदारत्) ऊपर को पहुंचे वह (समम‍ृतत्वम्) अच्छे प्रकार अमृतरूप स्वाद के (उपानट्) समीप में व्याप्त हो अर्थात् अतिस्वाद को प्राप्त होवे (यत्) जो (घृतस्य) जल का (गुह्यम्) गुप्त (नाम) नाम (अस्ति) है और जो (देवानाम्) विद्वानों की (जिह्वा) वाणी (अमृतस्य) मोक्ष का (नाभिः) प्रबन्ध करने वाली है इस सब का सेवन करो ॥ ८९ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो जैसे अग्नि मिले हुए जल और भूमि के विभाग से अर्थात् उन में से जल पृथक् कर मेघमंडल को प्राप्त करा उस को भी मीठा कर देता है (तथा) जो जलों का कारणरूप नाम है वह गुप्त अर्थात् कारणरूप जल अत्यन्त छिपे हुए और जो मोक्ष है यह सब विद्वानों के उपदेश से ही मिलता है ऐसा जानना चाहिये ॥ ८९ ॥

वयमित्यस्य वामदेव ऋषिः । अग्निर्देवता । विराडार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

व॒यं नाम॒ प्र ब्र॑वामा घृ॒तस्या॒स्मिन् य॒ज्ञे धा॑रयामा॒ नमो॑भिः । उप॑ ब्र॒ह्मा शृ॑णवच्छ॒स्यमा॑नं॒ चतुः॑शृङ्गोऽवमीद् गौ॒र ए॒तत् ॥ ९० ॥

व॒यम् । नाम॑ । प्र । ब्र॒वा॒म॒ । घृ॒तस्य॑ । अ॒स्मिन् । य॒ज्ञे । धा॒र॒या॒म॒ । नमो॑भि॒रिति॒ नमः॑ऽभिः । उप॑ । ब्र॒ह्मा । शृ॒ण॒व॒त् । श॒स्यमा॑नम् । चतुः॑शृङ्ग॒ऽइति॒ चतुः॑ऽशृङ्गः । अ॒व॒मी॒त् । गौ॒रः । ए॒तत् ॥ ९० ॥

पदार्थः—(वयम्) (नाम) पदार्थानां संज्ञाम् (प्र, ब्रवाम) उपदिशेम (घृतस्य) आज्यस्य जलस्य वा (अस्मिन्) (यज्ञे) गृहाश्रम व्यवहारे (धारयाम) अत्रान्येषामपीति दीर्घः (नमोभिः) अन्नादिभिः (उप) (ब्रह्मा) चतुर्वेदवित् (शृणवत्) शृणुयात् (शस्यमानम्) प्रशंसितं सत् (चतुः शृङ्गः) चत्वारो वेदाः शृङ्गवदुत्तमा यस्य सः (अवमीत्) उपदिशेत् (गौरः) यो वेदविद्या वाचि रमते स एव (एतत्) ॥ ९० ॥

अन्वयः—यश्चतुः शृङ्गो गौरो ब्रह्माऽवमीदुपशृणवत्तद्घृतस्य शस्यमानं गुह्यं नामास्त्येतद्वयमन्यान् प्रति प्रब्रवामास्मिन् यज्ञे नमोभिर्धारयाम च ॥ ९० ॥

भावार्थः—मनुष्या मनुष्यदेहं प्राप्य सर्वेषां पदार्थानां नामान्यर्थांश्चाध्यापकेभ्यः श्रुत्वान्येभ्यो ब्रूयुः । एतैः सृष्टिस्थैः पदार्थैः सर्वाणि कार्याणि च साधयेयुः ॥ ९० ॥

पदार्थः—जिस को (चतुः शृङ्गः) जिस के चारों वेद सींगों के समान उत्तम हैं वह (गौरः) वेदवाणी में रमण करने वा वेदवाणी को देने और (ब्रह्मा) चारों वेदों को जानने वाला विद्वान् (अवमीत्) उपदेश करे वा (उप, शृणवत्) समीप में सुने वह (घृतस्य) घी वा जल का (शस्यमानम्) प्रशंसित हुआ गुप्त (नाम) नाम है (एतत्) इस को (वयम्) हम लोग औरों के प्रति (प्र, ब्रवाम) उपदेश करें और (अस्मिन्) इस (यज्ञे) गृहाश्रम व्यवहार में (नमोभिः) अन्न आदि पदार्थों के साथ (धारयाम) धारण करें ॥ ९० ॥

भावार्थः—मनुष्य लोग मनुष्य देह को पाकर सब पदार्थों के नाम और अर्थों को पढ़ाने वालों से सुन कर औरों के लिये कहें और इस सृष्टि में स्थित पदार्थों से समस्त कामों की सिद्धि करावें ॥ ९० ॥

चत्वारीत्यस्य वामदेव ऋषिः । यज्ञ पुरुषो देवता ।
विराडार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ यज्ञादिगुणानाह ॥

अब यज्ञ के गुणों वा शब्दशास्त्र के गुणों को अगले० ॥

चत्वारि शृङ्गा त्रयोऽअस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासोऽअस्य । त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महो देवो मर्त्याँ २॥ऽआविवेश ॥ ९१ ॥

चत्वारि । शृङ्गा । त्रयः । अस्य । पादाः । द्वेऽइति द्वे । शीर्षेऽइति शीर्षे । सप्त । हस्तासः । अस्य । त्रिधा । बद्धः । वृषभः । रोरवीति । महः । देवः । मर्त्यान् । आ । विवेश ॥ ९१ ॥

पदार्थः—(चत्वारि) (शृङ्गा) शृङ्गाणीव चत्वारो वेदा नामाख्यातोपसर्गनिपाता वा (त्रयः) प्रातर्मध्यसायं सवनानि भूतभविष्यद्वर्त्तमानाः काला वा (अस्य) यज्ञस्य शब्दस्य वा (पादाः) अधिगमसाधनानि (द्वे) (शीर्षे) शिरसी प्रायणीयोदयनीये । नित्यः कार्यश्च शब्दात्मानौ वा (सप्त) एतत्संख्याकानि गायत्र्यादीनि छन्दांसि विभक्तयो वा (हस्तासः) हस्तेन्द्रियमिव (अस्य) (त्रिधा) त्रिभिः प्रकारैर्मन्त्रब्राह्मणकल्पैः । उरसि कण्ठे शिरसि वा (बद्धः) (वृषभः) सुखानामभिवर्षकः

(रोरवीति) ऋग्वेदादिना सवनक्रमेण वा शब्दायते (महः) महान् (देवः) संगमनीयः प्रकाशको वा (मर्त्यान्) मनुष्यान् (आ, विवेश) आविशति । अत्राहुर्नैरुक्ताः :—चत्वारि शृङ्गेति वेदा वा एत उक्तास्त्रयोऽस्य पादा इति सवनानि त्रीणि द्वे शीर्षे प्रायणीयोदयनीये सप्तहस्तासः सप्त छन्दांसि त्रिधा बद्धस्त्रेधाबद्धो मन्त्रब्राह्मणकल्पैर्वृषभो रोरवीति । रोरवणमस्य सवनक्रमेण ऋग्भिर्यजुर्भिःसामभिर्यदेनमृग्भिः शंसन्ति यजुर्भिर्यजन्ति सामभिः स्तुवन्ति । महोदेव इत्येष हि महान् देवो यद्यज्ञो मर्त्यां आ विवेशेत्येष हि मनुष्यानाविशति यजनाय । निरु० अ० १३ । खं० ७ । पक्षान्तरं पतञ्जलिमुनिरेवमाह :—चत्वारि शृङ्गाणि चत्वारि पदजातानि नामाख्यातोपसर्गनिपाताश्च । त्रयो अस्य पादाः । त्रयः काला भूतभविष्यद्वर्त्तमानाः । द्वे शीर्षे द्वौ शब्दात्मानौ नित्यः कार्य्यश्च । सप्तहस्तासो अस्य । सप्तविभक्तयः । त्रिधा बद्धः त्रिषु स्थानेषु बद्ध उरसि कण्ठे शिरसीति । वृषभो वर्षणात् रोरवीति शब्दं करोति कुत एतत् । रौतिः शब्दकर्मा । महादेवो मर्त्यां आविवेशेति । महान्देवः शब्दो मर्त्या मरणधर्माणो मनुष्यास्तानाविवेश । महाभा० अ० १ । पा० १ । आ० १ ॥ ९१ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं यस्यास्य त्रयः पादाश्चत्वारि शृङ्गा द्वे शीर्षे यस्यास्य सप्त हस्तासः सन्ति यस्त्रिधा बद्धो महो देवो वृषभो यज्ञः शब्दो वा रोरवीति मर्त्यानाविवेश तमनुष्ठायाभ्यस्य च सुखिनो विद्वांसो भवत ॥ ९१ ॥

भावार्थः—अत्रोभयोक्त्या रूपकः श्लेषाऽलङ्कारश्च । ये मनुष्या यज्ञविद्यां शब्दविद्यां च जानन्ति ते महाशया विद्वांसो भवन्ति ॥ ९१ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुम जिस (अस्य) इस के (त्रयः) प्रातः सवन मध्यन्दिन सवन और सायंसवन ये तीन (पादाः) प्राप्ति के साधन (चत्वारि) चार वेद (शृङ्गा) सींग (द्वे) दो (शीर्षे) अस्तकाल और उदयकाल शिर वा जिस (अस्य) इस के (सप्त, हस्तासः) गायत्री आदि छन्द सात हाथ हैं वा जो (त्रिधा) मन्त्र ब्राह्मण और कल्प इन तीन प्रकारों से (बद्धः) बंधा हुआ (महः) बड़ा (देवः) प्राप्त करने योग्य (वृषभः) सुखों को सब ओर से वर्षाने वाला यज्ञ (रोरवीति) प्रातः, मध्य और सायं सवन क्रम से शब्द करता हुआ (मर्त्यान्) मनुष्यों को (आ, विवेश) अच्छे प्रकार प्रवेश करता है उस का अनुष्ठान करके सुखी होओ ॥ ९१ ॥

द्वितीयपक्ष—हे मनुष्यो तुम जिस (अस्य) इस के (त्रयः) भूत भविष्यत् और वर्त्तमान तीन काल (पादाः) पग (चत्वारि) नाम आख्यात उपसर्ग और निपात चार (शृङ्गा) सींग (द्वे) दो (शीर्षे) नित्य और कार्य शिर वा जिस (अस्य) इस के (सप्त, हस्तासः) प्रथमा आदि सात विभक्ति सात हाथ वा जो (त्रिधा, बद्धः) हृदय कण्ठ और शिर इन तीन स्थानों में बंधा हुआ (महः) बड़ा (देवः) शुद्ध अशुद्ध का प्रकाशक (वृषभः) सुखों का वर्षाने वाला शब्दशास्त्र (रोरवीति) ऋक् यजुः साम और अथर्ववेद से शब्द करता हुआ (मर्त्यान्) मनुष्यों को (आ, विवेश) प्रवेश करता है उस का अभ्यास करके विद्वान् होओ ॥ ९१ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उभयोक्ति अर्थात् उपमान के न्यूनाधिक धर्मों के कथन से रूपक और श्लेषालंकार है—जो मनुष्य यज्ञ विद्या और शब्दविद्या को जानते हैं वे महाशय विद्वान् होते हैं ॥ ९१ ॥

त्रिधेत्यस्य वामदेव ऋषिः । यज्ञपुरुषो देवता ।

आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ मनुष्यैः कथं वर्त्तितव्यमित्याह ॥

अब मनुष्यों को कैसे वर्त्तना चाहिये यह वि० ॥

त्रिधा हितं पणिभिर्गुह्यमानं गवि देवासो घृतमन्वविन्दन् । इन्द्र एकꣳ सूर्य एकञ्जजान वेनादेकꣳ स्वधया निष्टतक्षुः ॥ ९२ ॥

त्रिधा । हितम् । पणिभिरिति पणिऽभिः । गुह्यमानम् । गवि । देवासः । घृतम् । अनु । अविन्दन् । इन्द्रः । एकम् । सूर्यः । एकम् । जजान । वेनात् । एकम् । स्वधया । निः । ततक्षुः ॥ १२ ॥

पदार्थः—(त्रिधा) त्रिभिः प्रकारैः (हितम्) स्थितम् (पणिभिः) व्यवहारज्ञैः स्तावकैः (गुह्यमानम्) रहसि स्थितम् (गवि) वाचि (देवासः) विद्वांसः (घृतम्) प्रदीप्तं विज्ञानम् (अनु) (अविन्दन्) लभन्ते (इन्द्रः) विद्युत् (एकम्) (सूर्यः) सविता (एकम्) (जजान) जनयति (वेनात्) कमनीयात् मेधाविनः । वेन इति मेधाविना० निघं० ३।१५ (एकम्) विज्ञानम् (स्वधया) स्वेन धारितया क्रियया (निः) नितराम् (ततक्षुः) तनूकुर्य्युः ॥ १२ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा देवासः पणिभिस्त्रिधा हितं गवि गुह्यमानं घृतमन्वविन्दन् यदीन्द्र एकं सूर्यएकंजजान वेनाच्च स्वधयैकं निष्टतक्षुस्तथा यूयमप्याचरत ॥ १२ ॥

भावार्थः—त्रिप्रकारकं स्थूलसूक्ष्मकारणविज्ञापकं तं विद्युत्सूर्यप्रकाशमिव प्रकाशितमाप्तेभ्योये मनुष्याः प्राप्नुयुस्ते स्वकीयं ज्ञानं व्याप्तं कुर्युः ॥ १२ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे (देवासः) विद्वान् जन (पणिभिः) व्यवहार के ज्ञाता स्तुति करने वालों ने (त्रिधा) तीन प्रकार से (हितम्) स्थित किये और (गवि) वाणी में (गुह्यमानम्) छिपे हुए (घृतम्) प्रकाशित ज्ञान को (अनु,

अविन्दन्) खोजने के पीछे पाते हैं (इन्द्रः) बिजुली जिस (एकम्) एक विज्ञान और (सूर्यः) सूर्य (एकम्) एक विज्ञान को (जजान) उत्पन्न करते तथा (वेनात्) अतिसुन्दर मनोहर बुद्धिमान् से तथा (स्वधया) आप धारण की हुई क्रिया से (एकम्) अद्वितीय विज्ञान को (निः) निरन्तर (ततक्षुः) अतितीक्ष्ण सूक्ष्म करते हैं वैसे तुम लोग भी आचरण करो ॥ ९२ ॥

भावार्थ—तीन प्रकार के स्थूल सूक्ष्म और कारण के ज्ञान कराने हारे बिजुली तथा सूर्य के प्रकाश के तुल्य प्रकाशित बोध को आप्त अर्थात् उत्तमशास्त्रज्ञ विद्वानों से जो मनुष्य प्राप्त हों वे अपने ज्ञान को व्याप्त करें ॥ ९२ ॥

एता इत्यस्य वामदेव ऋषिः । यज्ञपुरुषो देवता ।
निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वर ॥

पुनर्मनुष्यैः कीदृशी वाक् प्रयोज्येत्याह ॥
फिर मनुष्यों को कैसी वाणी का प्रयोग करना चाहिये यह वि० ॥

एता अर्षन्ति हृद्यात्समुद्राच्छतव्रजा रिपुणा नावचक्षे । घृतस्य धारा अभि चाकशीमि हिरण्ययो वेतसो मध्य आसाम् ॥ ९३ ॥

एताः । अर्षन्ति । हृद्यात् । समुद्रात् । शतव्रजाऽइति शतऽव्रजाः । रिपुणा । न । अवचक्षऽइत्यवऽचक्षे । घृतस्य । धाराः । अभि । चाकशीमि । हिरण्ययः । वेतसः । मध्ये । आसाम् ॥ ९३ ॥

पदार्थः—(एताः) (अर्षन्ति) गच्छन्ति निस्सरन्ति (हृद्यात्) हृदये भवात् (समुद्रात्) अन्तरिक्षात् (शतव्रजाः) शतमसंख्याता व्रजा मार्गा यासां ताः (रिपुणा) शत्रुणा स्तेनेन रिपुरिति स्तेनना० निघं० ३ । २४ (न) निषेधे (अवचक्षे) अवख्यातव्याः (घृतस्य) आज्यस्य (धाराः) (अभि) (चाकशीमि) सर्वतोऽनुशास्मि (हिरण्ययः) तेजःस्वरूपः (वेतसः) कमनीयः (मध्ये) (आसाम्) वेदधर्मयुक्तवाणीनाम् ॥ ९३ ॥

अन्वयः—या रिपुणा नावचक्षे शतव्रजा एता वाचो हृद्यात्समुद्रादर्षन्त्यासां मध्ये या अग्नौ घृतस्य धाराइव जनेषु पतिताः प्रकाशन्ते ता हिरण्ययो वेतसोऽहमभिचाकशीमि ॥ ९३ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथोपदेशका विद्वांसो याः पवित्रा विज्ञानयुक्ता अनेकमार्गा शत्रुभिरखण्ड्या घृतस्य प्रवाहोऽग्निमिव श्रोतॄन् प्रसादयन्ति ता वाचः प्राप्नुवन्ति तथा सर्वे मनुष्याः प्रयत्नेनैताः प्राप्नुयुः ॥ ९३ ॥

पदार्थः—जो (रिपुणा) शत्रु चोर से (न, अवचक्षे) न काटने योग्य (शतव्रजाः) सैकड़ों जिन के मार्ग हैं (एताः) वे वाणी (हृद्यात्, समुद्रात्) हृदयाकाश से (अर्षन्ति) निकलती हैं (आसाम्) इन वैदिक धर्मयुक्त वाणियों के (मध्ये) बीच जो अग्नि में (घृतस्य) घी की (धाराः) धाराओं के समान मनुष्यों में गिरी हुई प्रकाशित होती हैं उन की (हिरण्ययः) तेजस्वी (वेतसः) अतिसुन्दर मैं (अभि, चाकशीमि) सब ओर से शिक्षा करता हूं ॥ ९३ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे उपदेशक विद्वान् लोग जो वाणी पवित्र विज्ञानयुक्त अनेक मार्गोंवाली शत्रुओं से अखण्ड्य और घी का प्रवाह अग्नि को जैसे उत्तेजित करता है वैसे श्रोताओं को प्रसन्न करने वाली हैं उन वाणियों को प्राप्त होते हैं वैसे सब मनुष्य अच्छे यत्न से इन को प्राप्त होवें ॥ ९३ ॥

सम्यगित्यस्य वामदेव ऋषिः । यज्ञपुरुषो देवता ।
निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

सम्यक् स्रवन्ति सरितो न धेनाऽ अन्तर्हृदा मनसा पूयमानाः । एतेऽअर्षन्त्यूर्मयो घृतस्य मृगाऽइव क्षिपणोरीषमाणाः ॥ ९४ ॥

सम्यक् । स्रवन्ति । सरितः । न । धेनाः । अन्तः । हृदा । मनसा । पूयमानाः । एते । अर्षन्ति । ऊर्मयः । घृतस्य । मृगाःऽइव । क्षिपणोः । ईषमाणाः ॥ ९४ ॥

पदार्थः-(सम्यक्) (स्रवन्ति) चरन्ति (सरितः) नद्यः । सरितइति नदीना० निघं० १ । १३ (न) इव (धेनाः) वाचः । धेनेति वाङ्ना० निघं १ । ११ (अन्तः) शरीरान्तर्व्यवस्थितेन (हृदा) विषयहाकरकेण (मनसा) शुद्धान्तःकरणेन (पूयमानाः) पवित्राः सत्यः (एते) (अर्षन्ति) गच्छन्ति प्राप्नुवन्ति (ऊर्मयः) तरङ्गाः (घृतस्य) प्रकाशितस्य विज्ञानस्य (मृगाइव) (क्षिपणोः) हिंसकस्य भयात् (ईषमाणाः) भयात्पलायमानाः ॥ ९४ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या या अन्तर्हृदा मनसा पूयमाना धेनाः सरितो न सम्यक् स्रवन्ति ता ये चैते घृतस्योर्मयः क्षिपणोरीषमाणा-मृगाइवार्षन्ति तांश्च यूयं विजानीत ॥ ९४ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलु०—यथा नद्यः समुद्रान् गच्छन्ति तथैवान्तरिक्षस्थाच्छब्द समुद्राद्वाचो विचरन्ति । यथा समुद्रस्य तरङ्गाश्चलन्ति यथा च व्याघ्राद्भीता मृगा धावन्ति तथैव सर्वेषां प्राणिनां शरीरस्थेन विज्ञानेन पवित्राः सत्यो वाण्यः प्रचरन्ति ये शास्त्राभ्याससत्यवचनादिभिर्वाचः पवित्रयन्ति त एव शुद्धा जायन्ते ॥ ९४ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जो (अन्तः, हृदा) शरीर के बीच में (मनसा) शुद्ध अन्तःकरण से (पूयमानाः) पवित्र हुई (धेनाः) वाणी (सरितः) नदियों के (न) समान (सम्यक्) अच्छे प्रकार (स्रवन्ति) प्रवृत्त होती हैं उन को जो (एते) ये वाणी के द्वारा (घृतस्य) प्रकाशित आन्तरिक ज्ञान की (ऊर्मयः) लहरें (क्षिपणोः) हिंसक जन के भय से (ईषमाणाः) भागते हुए (मृगाइव) हरिणों के तुल्य (अर्षन्ति) उठती तथा सब को प्राप्त होती हैं उन को भी तुम लोग जानो ॥ ९४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में दो उपमा और वाचकलु०—जैसे नदी समुद्रों को जाती हैं वैसे ही आकाशस्थ शब्द समुद्र से आकाश का शब्द गुण है इस से वाणी विचरती हैं तथा जैसे समुद्र की तरङ्गें चलती हैं वा जैसे बहेलिये से डरपे हुए मृग इधर उधर भागते हैं वैसे ही सब प्राणियों की शरीरस्थ विज्ञान से पवित्र हुई वाणी प्रचार को प्राप्त होती हैं जो लोग शास्त्र के अभ्यास और सत्य वचन आदि से वाणियों को पवित्र करते हैं वे ही शुद्ध होते हैं ॥ ९४ ॥

सिन्धोरित्यस्य वामदेव ऋषिः । यज्ञपुरुषो देवता ।
आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

सिन्धोरिव प्राध्वने शूघनासो वातप्रमियः पतय-

न्ति यह्वाः । घृतस्य धारां अरुपो न वाजीकाष्ठा भिन्दन्नूर्मिभिः पिन्वमानः ॥ ९५ ॥

सिन्धोरिवेति सिन्धोःऽइव । प्राध्वन इति प्रऽअध्वने । शूघनासः । वातप्रमिय इति वातऽप्रमियः । पतयन्ति । यह्वाः । घृतस्य । धाराः । अरुपः । न । वाजी । काष्ठाः । भिन्दन् । ऊर्मिभिरित्यूर्मिऽभिः । पिन्वमानः ॥ ९५ ॥

पदार्थः—(सिन्धोरिव) नद्या इव (प्राध्वने) प्रकृष्टश्चासावध्वा च तस्मिन् । सप्तम्यर्थे चतुर्थी (शूघनासः) क्षिप्रगमनाः शूघनास इति क्षिप्रना० निघं० २ । १५ (वातप्रमियः) वातेन प्रमातुं ज्ञातुं योग्याः (पतयन्ति) पतन्ति गच्छन्ति चुरादित्वात् स्वार्थेणिच् (यह्वाः) महत्यः । यह्व इति महन्ना० निघं० ३ । ३ (घृतस्य) विज्ञानस्य (धाराः) वाचः (अरुषः) यश्चच्छत्यध्वानं सः (न) इव (वाजी) वेगवानश्वः (काष्ठाः) संग्राम प्रदेशान् । काष्ठा इति संग्रामना० निघं० २ । १७ (भिन्दन्) विदारयन् (ऊर्मिभिः) शत्रुभेदनोत्थश्रमस्वेदोदकैः (पिन्वमानः) सिञ्चन् ॥ ९५ ॥

अन्वयः—हे मनुष्याः प्राध्वने सिन्धोरिव शूघनासो वातप्रमियः काष्ठा भिन्दन्नूर्मिभिर्भूमिं पिन्वमानोऽरुषो वाजी नद्या यह्वा घृतस्य धाराः पतयन्ति ता यूयं विजानीत ॥ ९५ ॥

भावार्थः—अत्राप्युपमालङ्कारः—ये नदीवत् कार्यसिद्धये तूर्णगामिनोऽश्ववद् वेगवन्तः सर्वासु दिक्षु प्रवृत्तकीर्त्तियोजनाः परोपकारायोपदेशेन महान्ति दुःखानि सहन्ते ते तेषां श्रोतारश्च जगत्स्वामिनो भवन्ति नेतरे ॥ ९५ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो (प्राध्वने) जल चलने के उत्तम मार्ग में (सिन्धोरिव) नदी की जैसे (शूघनासः) शीघ्र चलने हारी (वातप्रमियः) वायु से जानने योग्य लहरें गिरें और (न) जैसे (काष्ठाः) संग्राम के प्रदेशों को (भिन्दन्) विदीर्ण करता तथा (ऊर्मिभिः) शत्रुओं को मारने के श्रम से उठे पसीने रूप जल से पृथिवी को (पिन्वमानः) सींचता हुआ (अरुषः) चालाक (वाजी) वेगवान् घोड़ा गिरे वैसे जो (यह्वाः) बड़ी गंभीर (घृतस्य) विज्ञान की (धाराः) वाणी (पतयन्ति) उपदेशक के मुख से निकल के श्रोताओं पर गिरतीं हैं उन को तुम जानो ॥ ९५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में भी दो उपमालं०—जो नदी के समान कार्य सिद्धि के लिये शीघ्र धावने वाले वा घोड़े के समान वेग वाले जन जिन की सब दिशाओं में कीर्ति प्र र्त्तमान हो रही है और परोपकार के लिये उपदेश से बड़े २ दुःख सहते हैं वे तथा उन के श्रोताजन संसार के स्वामी होते हैं और नहीं ॥ ९५ ॥

अभिप्रवन्तेत्यस्य वामदेव ऋषिः । यज्ञपुरुषो देवता ।
निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तदेवाह ॥
फिर वही वि० ॥

अभिप्रवन्त समनेव योषाः कल्याण्यः स्मयमानासोऽअग्निम् । घृतस्य धाराः समिधो नसन्त ता जुषाणो हर्यति जातवेदाः ॥ ९६ ॥

अभि । प्रवन्त । समनेवेति समनाऽइव । योषाः । कल्याण्यः । स्मयमानासः । अग्निम् । घृतस्य । धाराः । समिधऽइति समऽइधः । नसन्त । ताः । जुषाणः । हर्यति । जातवेदाः ॥ ९६ ॥

पदार्थः—(अभि) (प्रवन्त) गच्छन्ति । लङ्यडभावः । (समनेव) समानं मनो यासां ता इव । सुपां सुलुगिति विभक्तेर्डादेशः (योषाः) स्त्रियः (कल्याण्यः) कल्याणाचरणशीलाः (स्मयमानासः) किञ्चिद्धासेन प्रसन्नताकारिण्यः (अग्निम्) तेजस्विनं विद्वांसम् (घृतस्य) शुद्धस्य ज्ञानस्य (धाराः) वाचः (समिधः) शब्दार्थसंबन्धैः सम्यग् दीपिताः (नसन्त) प्राप्नुवन्ति । नसत इति गतिकर्मा निघं० २।१४ (ताः) (जुषाणः) सेवमानः (हर्यति) कामयते । हर्यतीति कान्तिकर्मा० निघं० २।६ (जातवेदाः) जातं वेदो विज्ञानं यस्य सः ॥ ९६ ॥

अन्वयः—स्मयमानासः कल्याण्यः समनेव योषा याः समिधो घृतस्य धारा अग्निमभिप्रवन्त नसन्त च ता जुषाणो जातवेदा हर्यति ॥ ९६ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यथा प्रसन्नचित्ता हर्षं प्राप्ताः सौभाग्यवत्यः स्त्रियः स्वस्वपतीन् प्राप्नुवन्ति तथैव विद्या विज्ञानाभरणभूषिता वाचो विद्वांसं प्राप्नुवन्ति ॥ ९६ ॥

पदार्थः—(स्मयमानासः) किञ्चित् हंसने से प्रसन्नता करने (कल्याण्यः) कल्याण के लिये आचरण करने तथा (समनेव, योषाः) एक से चित्त वाली

स्त्रियां जैसे पतियों को प्राप्त हों वैसे जो (समिधः) शब्द अर्थ और सम्बन्धों से सम्यक् प्रकाशित (घृतस्य) शुद्ध ज्ञान की (धाराः) वाणी (अग्निम्) तेजस्वी विद्वान् को (अभि, प्रनन्त) सब ओर से पहुंचतीं और (नसन्त) प्राप्त होती हैं (ताः) उन वाणियों का (जुषाणः) सेवन करता हुआ (जातवेदाः) ज्ञानी विद्वान् (हर्यति) कान्ति को प्राप्त होता है ॥ ९६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—जैसे प्रसन्नचित्त आनन्द को प्राप्त सौभाग्यवती स्त्रियाँ अपने २ पतियों को प्राप्त होती हैं वैसे ही विद्या तथा विज्ञानरूप आभूषण से शोभित वाणी विद्वान् पुरुष को प्राप्त होती हैं ॥ ९६ ॥

कन्या इवेत्यस्य वामदेव ऋषिः । यज्ञपुरुषो देवता ।
निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

कुन्याइव वहतुमेतवाउँ अञ्ज्यञ्जानाऽअभि चांकशीमि । यत्र सोमः सूयते यत्र यज्ञो घृतस्य धारा अभि तत्पवन्ते ॥ ९७ ॥

कुन्याऽइवेति कुन्याःऽइव । वहतुम् । एतवै । ऊँऽइत्यूँ । अञ्जि । अञ्जानाः । अभि । चाकशीमि । यत्र । सोमः । सूयते । यत्र । यज्ञः । घृतस्य । धाराः । अभि । तत् । पवन्ते ॥ ९७ ॥

पदार्थः—(कन्याइव) कुमार्य्यइव (वहतुम्) वहति प्राप्नोति स्त्रियमिति वहतुर्भर्त्ता तम् (एतवै) एतुं प्राप्तुम् (उ) वितर्के (अञ्जि) कमनीयरूपम् (अञ्जानाः) ज्ञापयन्तः (अभि) (चाकशीमि) पुनः पुनः प्राप्नोमि (यत्र) (सोमः) ऐश्वर्यसमूहः (सूयते) उत्पद्यते (यत्र) (यज्ञः) (घृतस्य) विज्ञानस्य (धाराः) (अभि) सर्वतः (तत्) (पवन्ते) पवित्रीभवन्ति ॥ १७ ॥

अन्वयः—अञ्ज्यञ्जाना वहतुमेतवै कन्याइव यत्र सोमः सूयते उ यत्र च यज्ञस्तत्र घृतस्य धारा अभिपवन्ते ता अहमभिचाकशीमि ॥ १७ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालङ्कारः—यथा कन्याः स्वयंवरविधानेन स्वाभीष्टान् पतीन् स्वीकृत्य शोभन्ते तथा ऐश्वर्य्योत्पत्त्यवसरे यज्ञसमृद्धौ च विदुषां वाचः पवित्रास्सत्यः शोभन्ते ॥ १७ ॥

पदार्थः—(अञ्जि) चाहने योग्य रूप को (अञ्जानाः) प्रकट करती हुई (वहतुम्) प्राप्त होने वाले पति को (एतवै) प्राप्त होने के लिए (कन्याइव) जैसे कन्या शोभित होती हैं वैसे (यत्र) जहां (सोमः) बहुत ऐश्वर्य्य (सूयते) उत्पन्न होता (उ) और (यत्र) जहां (यज्ञः) यज्ञ होता है (तत्) वहां जो (घृतस्य) ज्ञान की (धाराः) वाणी (अभि, पवन्ते) सब ओर से पवित्र होती हैं उन को मैं (अभिचाकशीमि) अच्छे प्रकार वारवार प्राप्त होता हूं ॥ १७ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालङ्कार है जैसे कन्या स्वयंवर के विधान से अपनी इच्छा के अनुकूल पतियों का स्वीकार करके शोभित होती हैं वैसे ऐश्वर्य्य उत्पन्न होने के अवसर और यज्ञ सिद्धि में विद्वानों की वाणी पवित्र हुई शोभायमान होती हैं ॥ १७ ॥

अभ्यर्षतेत्यस्य वामदेव ऋषिः । यज्ञपुरुषो देवता ।
आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
विवाहितैः स्त्रीपुरुषैः किं कार्यमित्याह ॥
विवाहित स्त्री पुरुषों को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

अभ्यर्षत सुष्टुतिं गव्यमाजिमस्मासु भद्रा द्रविणानि धत्त । इमं यज्ञं नयत देवता नो घृतस्य धारा मधुमत्पवन्ते ॥ ९८ ॥

अभि । अर्षत । सुष्टुतिम् । सुस्तुतिमिति सुऽस्तुतिम् । गव्यम् । आजिम् । अस्मासु । भद्रा । द्रविणानि । धत्त । इमम् । यज्ञम् । नयत । देवता । नः । घृतस्य । धाराः । मधुमदिति मधुऽमत् । पवन्ते ॥ ९८ ॥

पदार्थः—(मृगः) मृगेन्द्रः सिंहः (न) इव (भीमः) बिभेत्यस्मात् सः (कुचरः) यः कुत्सितां गतिं चरति सः (गिरिष्ठाः) यो गिरौ तिष्ठति सः (परावतः) दूरदेशात् (आ) समन्तात् (जगन्थ) गच्छ । अत्र पुरुषव्यत्ययः । अन्येषामपीति दीर्घश्च (परस्याः) शत्रूणां सेनाया उपरि (सृकम्) वज्रतुल्यं शस्त्रम् । सृकइति वज्रना० निघं० २ । २० (संशाय) सम्यक् सूक्ष्मबलान् कृत्वा (पविम्) पुनातु दुष्टान् दण्डयित्वा येन तम् (इन्द्र) सेनाध्यक्ष (तिग्मम्) तीक्ष्णी कृतम् (वि) (शत्रून्) (ताढि) आजहि (वि) (मृधः) (नुदस्व) ॥ ७१ ॥

अन्वयः—हे इन्द्रः त्वं कुचरो गिरिष्ठा भीमो मृगो न परावत आजगन्थ परस्यास्तिग्मं पविं सृकं संशाय शत्रून् वि ताढि मृधो विनुदस्व च ॥ ७१ ॥

भावार्थः—ये सेनापुरुषाः सिंहवत् पराक्रम्य तीक्ष्णैः शस्त्रैः शत्रुसेनाङ्गानि छित्त्वा संग्रामान् विजयन्ते तेऽतुलां प्रशंसां प्राप्नुवन्ति नेतरे क्षुद्राशया भीरवः ॥ ७१ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) सेनाओं के पति तू (कुचरः) कुटिल चाल चलता (गिरिष्ठाः) पर्वतों में रहता (भीमः) भयंकर (मृगः) सिंह के (न) समान (परावतः) दूर देशस्थ शत्रुओं को (आ, जगन्थ) चारों ओर से घेरे (परस्याः) शत्रु की सेना पर (तिग्मम्) अतितीव्र (पविम्) दुष्टों को दण्ड से पवित्र करने हारे (सृकम्) वज्र के तुल्य शस्त्र को (संशाय) सम्यक् तीव्र करके (शत्रून्) शत्रुओं को (वि, ताढि) ताड़ित कर और (मृधः) संग्रामों को (वि, नुदस्व) जीत कर अच्छे कर्मों में प्रेरित कर ॥ ७१ ॥

भावार्थः—जो सेना के पुरुष सिंह के समान पराक्रम कर तीक्ष्ण शस्त्रों से शत्रुओं के सेनाङ्गों का छेदन कर संग्रामों को जीतते हैं वे अतुल प्रशंसा को प्राप्त होते हैं इतर क्षुद्राशय मनुष्य विजय सुख को प्राप्त कभी नहीं हो सकते ॥ ७१ ॥

वैश्वानरो न इत्यस्य विश्वामित्र ऋषिः । अग्निर्देवता ।
आर्षी गायत्री छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

वैश्वानरो न ऊतयऽआ प्र यातु परावतः । अग्निर्नः सुष्टुतीरुप ॥ ७२ ॥

वैश्वानरः । नः । ऊतये । आ । प्र । यातु । प॒रावत॒ऽइति॑ परा॒ऽवतः॑ । अ॒ग्निः । नः॒ । सु॒ष्टु॒तीः । सु॒स्तु॒तीरिति॑ सु॒ऽस्तु॒तीः उप॑ ॥ ७२ ॥

पदार्थः—(वैश्वानरः) विश्वेषु नरेषु यो राजते स एव (नः) अस्माकम् (ऊतये) रक्षाद्याय (आ) (प्र) (यातु) प्राप्नोतु (परावतः) दूरदेशात् (अग्निः) सूर्यः (नः) अस्माकम् (सुष्टुतीः) या शोभनास्तुतयस्ताः (उप) ॥ ७२ ॥

अन्वयः—हे सेनेशसभेश यथा वैश्वानरोऽग्निः सूर्यः परावतः सर्वान् पदार्थान् प्राप्नोति तथा भवानूतये न आ प्र यातु यथाऽग्निर्विद्युत् संहितास्ति तथा त्वं नः सुष्टुतीरुपशृणु ॥ ७२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यः सूर्यवद्दूरस्थोऽपि न्यायेन सर्वान् पदार्थान् प्रकाशयति यथा च दूरस्थोऽपि सद्गुणाढ्यो जनः प्रशस्यते तथा राजपुरुषैर्भवितव्यम् ॥ ७२ ॥

पदार्थ:—हे सेना सभा के पति जैसे (वैश्वानरः) संपूर्ण नरों में विराजमान (अग्निः) सूर्य रूप अग्नि (परावतः) दूरदेशस्थ सब पदार्थों को प्राप्त होता है वैसे आप (ऊतये) रक्षादि के लिये (नः) हमारे समीप (आ, प्र, यातु) अच्छे प्रकार प्राप्त हूजिये जैसे बिजुली सब में व्यापक होकर समीपस्थ रहती है वैसे (नः) हमारी (सुष्टुतीः) उत्तम स्तुतियों को (उप) अच्छे प्रकार सुनिये ॥ ७२ ॥

भावार्थ:—इस मंत्र में वाचकलु०—जो पुरुष सूर्य्य के समान दूरस्थ होकर भी न्याय से सब व्यवहारों को प्रकाशित कर देता है और जैसे दूरस्थ सत्यगुणों से युक्त सत्पुरुष प्रशंसित होता है वैसे ही राजपुरुषों को होना चाहिये ॥ ७२ ॥

पृष्टोदिवीत्यस्य कुत्स ऋषिः । अग्निर्देवता ।

आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

पृष्टो दिवि पृष्टोऽअग्निः पृथिव्यां पृष्टो विश्वा ओषधीराविवेश । वैश्वानरः सहसा । पृष्टो अग्निः स नो दिवा स रिषस्पातु नक्तम् ॥ ७३ ॥

पृष्टः । दिवि । पृष्टः । अग्निः । पृथिव्याम् । पृष्टः । विश्वाः । ओषधीः । आ । विवेश । वैश्वानरः । सहसा । पृष्टः । अग्निः । सः । नः । दिवा । सः । रिषः । पातु । नक्तम् ॥ ७३ ॥

पदार्थः—(पृष्टः) ज्ञातुमिष्टः (दिवि) सूर्ये (पृष्टः) (अग्निः) प्रसिद्धः पावकः (पृथिव्याम्) (पृष्टः) (विश्वाः) अखिलाः (ओषधीः) सोमयवाद्याः (आ) (विवेश) प्रविष्टोऽस्ति (वैश्वानरः) विश्वस्य नेता सएव (सहसा) बलेन (पृष्टः) (अग्निः) विद्युत् (सः) (नः) अस्मान् (दिवा) दिवसे (सः) (रिषः) हिंसकात् (पातु) रक्षतु (नक्तम्) रात्रौ ॥ ७३ ॥

अन्वयः—मनुष्यैर्यो दिवि पृष्टोऽग्निः पृथिव्यां पृष्टोऽग्निर्जले वायौ च पृष्टोऽग्निः सहसा वैश्वानरः पृष्टोऽग्निर्विश्वाश्रोषधीराविवेश स दिवा स च नक्तं यथा पाति तथा सेनेशो भवान्नोऽस्मान् रिषः सततम् पातु ॥ ७३ ॥

भावार्थः—ये मनुष्या आकाशस्थं सूर्यं पृथिवीस्थं ज्वलितं सर्वपदार्थव्यापिनं विद्युदग्निं च विद्वद्भ्यो निश्चित्य कार्येषु संयुञ्जते ते शत्रुभ्यो निर्भया जायन्ते ॥ ७३ ॥

पदार्थः—मनुष्यों से कि जो (दिवि) प्रकाशस्वरूप सूर्य (पृष्टः) जानने के योग्य (अग्निः) अग्नि (पृथिव्याम्) पृथिवी में (पृष्टः) जानने को इष्ट अग्नि तथा जल और वायु में (पृष्टः) जानने के योग्य पावक (सहसा) बलादि गुणों से युक्त (वैश्वानरः) विश्व में प्रकाशमान (पृष्टः) जानने के योग्य (अग्निः) बिजुली रूप अग्नि (विश्वाः) समग्र (ओषधीः) ओषधियों में (आ, विवेश) प्रविष्ट हो-रहा है (सः) सो अग्नि (दिवा) दिन और (सः) वह अग्नि (नक्तम्) रात्रि में जैसे रक्षा करता वैसे सेना के पति आप (नः) हम को (रिषः) हिंसक जन से निरन्तर (पातु) रक्षा करें ॥ ७३ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य आकाशस्थ सूर्य और पृथिवी में प्रकाशमान सब प-दार्थों में व्यापक विद्युद्रूप अग्नि को विद्वानों से निश्चय कर कार्यों में संयुक्त करते हैं वे शत्रुओं से निर्भय होते हैं ॥ ७३ ॥

अश्यामेत्यस्य भरद्वाज ऋषिः । अग्निर्देवता ।

निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ प्रजाराजजनैरितरेतरं किं कार्यमित्याह ॥

अब प्रजा और राजपुरुषों को परस्पर क्या करना चाहिये इस वि० ॥

अश्याम तं काममग्ने तवोती अश्याम रयिꣳ र-

यिवः सुवीरम् । अश्याम वाजमभि वाजयन्तोऽश्याम द्युम्नमजराजरं ते ॥ ७४ ॥

अश्याम । तम् । कामम् । अग्ने । तव । ऊती । अश्याम । रयिम् । रयिवऽइति रयिऽवः । सुवीरमिति सुऽवीरम् । अश्याम । वाजम् । अभि । वाजयन्तः । अश्याम । द्युम्नम् । अजर । अजरम् । ते ॥ ७४ ॥

पदार्थः—(अश्याम) प्राप्नुयाम (तम्) (कामम्) (अग्ने) युद्धविद्यावित्सेनेश (तव) (ऊती) रक्षाख्यया क्रियया । अत्र सुपां सुलुगिति पूर्वसवर्णः (अश्याम) (रयिम्) राज्यश्रियम् (रयिवः) प्रशस्ता रययो विद्यन्ते यस्य तत्सम्बुद्धौ । अत्र छन्दसीर इति मस्य वः (सुवीरम्) शोभना वीराः प्राप्यन्ते यस्मात्तम् (अश्याम) (वाजम्) सङ्ग्रामविजयम् (अभि) वाजयन्तः संग्रामयन्तो योधयन्तः (अश्याम) (द्युम्नम्) यशो धनं वा (अजर) जरादोषरहित (अजरम्) जरादोषरहितम् (ते) तव ॥ ७४ ॥

अन्वयः—हे अग्ने वयं तवोती तं काममश्याम हे रयिवः सुवीरंरयिमश्याम वाजयन्तो वयंवाजमभ्यश्याम हे अजर तेऽजरं द्युम्नमश्याम ॥ ७४ ॥

भावार्थः—प्रजास्थैर्मनुष्यैराजपुरुषरक्षया राजपुरुषैः प्रजाजनरक्षणेन च परस्परं सर्वे कामा प्राप्तव्याः ॥ ७४ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) युद्ध विद्या के जानने हारे सेनापति हम लोग (तव)

तेरी (ऊती) रक्षा आदि की क्रिया से (तम्) उस (कामम्) कामना को (अश्याम) प्राप्त हों हे (रयिवः) प्रशस्त धन युक्त (सुवीरम्) अच्छे वीर प्राप्त होते हैं जिस से उस (रयिम्) धन को (अश्याम) प्राप्त हों (वाजयन्तः) संग्राम करते कराते हुए हम लोग (वाजम्) संग्राम में विजय को (अभ्यश्याम) अच्छे प्रकार प्राप्त हों हे (अजर) वृद्धापन से रहित सेनापते हम लोग (ते) तेरे प्रताप से (अजरम्) अक्षय (द्युम्नम्) धन और कीर्त्ति को (अश्याम) प्राप्त हों ॥ ७४ ॥

भावार्थः—प्रजा के मनुष्यों को योग्य है कि राजपुरुषों की रक्षा से और राज पुरुष प्रजाजन की रक्षा से परस्पर सब इष्ट कामों को प्राप्त हों ॥ ७४ ॥

वयमित्यस्योत्कील ऋषिः । अग्निर्देवता ।

आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुरुषार्थेन किं साध्यमित्याह ॥

पुरुषार्थ से क्या सिद्ध करना चाहिये इस वि० ॥

वयं ते अद्य ररिमा हि काममुत्तानहस्ता नमसोपसद्य । यजिष्ठेन मनसा यक्षि देवानस्रेधता मन्मना विप्रोऽअग्ने ॥ ७५ ॥

वयम् । ते । अद्य । ररिम । हि । कामम् । उत्तानहस्ताऽइत्युत्तानऽहस्ताः । नमसा । उपसद्येत्युपऽसद्य । यजिष्ठेन । मनसा । यक्षि । देवान् । अस्रेधता । मन्मना । विप्रः । अग्ने ॥ ७५ ॥

पदार्थः—(वयम्) (ते) तव (अद्य) अस्मिन्दिने (ररिम) दद्मः । रादानेलिट् । अन्येषामपि दृश्यतइति दीर्घः । (हि) खलु (कामम्) (उत्तानहस्ताः) उत्तानावूर्ध्वगतावभयदातारौ हस्तौ येषां ते (नमसा) सत्कारेण (उपसद्य) सामीप्यं

प्राप्य (यजिष्ठेन) अतिशयेन यष्टृ संगन्तृ तेन (मनसा) विज्ञानेन (यक्षि) यजसि (देवान्) विदुषः (अस्रेधता) इतस्ततो गमनरहितेन स्थिरेण (मन्मना) येन मन्यते विजानाति तेन (विप्रः) मेधावी (अग्ने) विद्वन् ॥ ७५ ॥

अन्वयः—हे अग्ने उत्तानहस्ता वयं तेनमसोपसद्याद्य कामं हि ररिम यथा विप्रोऽस्रेधता मन्मना यजिष्ठेन मनसा देवान् यजति संगच्छते यथा च त्वं यक्षि तथा वयमपि यजेम ॥ ७५ ॥

भावार्थः—ये मनुष्याः पुरुषार्थेनालंकामाः स्युस्ते विद्वत्संगेनैतत् प्राप्तुं शक्नुयुः ॥ ७५ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वन् (उत्तानहस्ताः) उत्कृष्टता से अभय देने हारे हस्तयुक्त (वयम्) हम लोग (ते) आप के (नमसा) सत्कार से (उपसद्य) समीप प्राप्त हो के (अद्य) आज ही (कामम्) कामना को (हि) निश्चय (ररिम्) देते हैं जैसे (विप्रः) बुद्धिमान् (अस्रेधता) इधर उधर गमन अर्थात् चंचलता रहित स्थिर (मन्मना) बल और (यजिष्ठेन) अतिशय करके संयम युक्त (मनसा) चित्त से (देवान्) विद्वानों और शुभ गुणों को प्राप्त होता है और जैसे तू (यक्षि) शुभ कर्मों में युक्त हो हम भी वैसे ही संगत होवें ॥ ७५ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य पुरुषार्थ से पूर्ण कामना वाले हों वे विद्वानों के संग से इस विषय को प्राप्त होने को समर्थ होवें ॥ ७५ ॥

धामच्छदग्निरित्यस्योत्कील ऋषिः । विश्वे देवा देवताः ।

निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

अथ सर्वविद्वत्कर्त्तव्यमाह ॥

अब सब विद्वानों को जो करना चाहिये इस वि० ॥

धा॒म॒च्छद॒ग्निरिन्द्रो॑ ब्र॒ह्मा दे॒वो बृह॒स्पतिः॑ ।
सचे॑तसो॒ विश्वे॑ दे॒वा य॒ज्ञं प्राव॑न्तु नः शु॒भे ॥ ७६ ॥

धा॒म॒च्छदि॒ति॑ धाम॒ऽछत्। अ॒ग्निः। इन्द्रः॑। ब्र॒ह्मा। दे॒वः। बृह॒स्पतिः॑। सचे॑तस॒ इति॒ स॒ऽचे॑तसः। विश्वे॑। दे॒वाः। य॒ज्ञम। प्र। अ॒वन्तु। नः॒। शु॒भे॥ ७६॥

पदार्थः—(धामच्छत्) यो धामानि छादयति संवृणोति सः (अग्निः) विद्वान् (इन्द्रः) परमैश्वर्यवान् (ब्रह्मा) चतुर्वेदवित् (देवः) विद्यादाता (बृहस्पतिः) अध्यापकः (सचेतसः) ये चेतसा प्रज्ञया सह वर्त्तन्ते (विश्वे) सर्वे (देवाः) विद्वांसः (यज्ञम्) उक्तम् (प्र) (अवन्तु) कामयन्ताम् (नः) अस्माकम् (शुभे) कल्याणाय ॥ ७६ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या देवो धामच्छदग्निरिन्द्रो ब्रह्मा बृहस्पतिश्चेमे सचेतसो विश्वे देवा नः शुभे यज्ञं प्रावन्तु ॥ ७६ ॥

भावार्थः—सर्वे विद्वांसः सर्वेषां सुखाय सततं सत्योपदेशान् कुर्वन्तु ॥ ७६ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो (देव) विद्वान् (धामच्छत्) जन्म स्थान नाम का विस्तार करने हारे (अग्निः) पावक (इन्द्रः) विद्युत् के समान अमात्य और राजा (ब्रह्मा) चारों वेदों का जानने हारा (बृहस्पतिः) वेद वाणी का पठन पाठन से पालन करने हारा (सचेतसः) विज्ञान वाले (विश्वे, देवाः) सब विद्वान् लोग (नः) हमारे (शुभे) कल्याण के लिये (यज्ञम्) विज्ञान योग रूप क्रिया को (प्र, अवन्तु) अच्छे प्रकार कामना करें ॥ ७६ ॥

भावार्थः—सब विद्वान् लोग सब मनुष्यादि प्राणियों के कल्याणार्थ निरन्तर सत्य उपदेश करें ॥ ७६ ॥

त्वमित्यस्योशना ऋषिः । विश्वे देवा देवताः ।
निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

अथ सभेशसेनेशयोः कर्त्तव्यमाह ॥

अब सभापति तथा सेनापति के कर्त्तव्य को अगले मं० ॥

त्वं यविष्ठ दाशुषो नॄँ:पाहि शृणुधी गिरः ।
रक्षा तोकमुत त्मना ॥ ७७ ॥

त्वम् । यविष्ठ । दाशुषः । नॄन् । पाहि । शृ-
णुधि । गिरः । रक्ष । तोकम् । उत । त्मना ॥ ७७ ॥

पदार्थः—(त्वम्) सभेश (यविष्ठ) अतिशयेन युवन् (दाशुषः) विद्यादातॄन् (नॄन्) अध्यापकान्मनुष्यान् (पाहि) (शृणुधि) अत्रान्येषामपि दृश्यत इति दीर्घः (गिरः) विदुषां विद्यासुशिक्षिता वाचः (रक्ष) अत्रद्व्यचोऽतस्तिङ इति दीर्घः (तोकम्) पुत्रादिकम् (उत) (त्मना) आत्मना ॥ ७७ ॥

अन्वयः—हे यविष्ठ राजन् त्वं दाशुषो नॄन्पाह्येतेषां गिरः शृणुधि यो वीरो युद्धे म्रियेत तस्य तोकं त्मना रक्षोतापि स्त्रियादिकं च ॥ ७७ ॥

भावार्थः—सभेशसेनेशयोर्हे कर्मणी अवश्यं कर्त्तव्ये स्त एकं विदुषां पालनम् तदुपदेशश्रवणञ्च द्वितीयं युद्धे हतानामपत्यस्त्र्यादिपालनञ्चैव समाचरतां पुरुषाणां सदैव विजयः श्रीः सुखानि च भवन्तीति विद्वद्भिर्ध्येयम् ॥ ७७ ॥

अत्र गणितविद्याराजप्रजापठकपाठककर्मादिवर्णनादेतदध्यायोक्तार्थानां पूर्वाध्यायोक्तार्थैः सह संगतिरस्तीति वोध्यम् ॥

पदार्थः—हे (यविष्ठ) पूर्णयुवावस्था को प्राप्त राजन् (त्वम्) तू (दाशुषः) विद्या दाता (नॄन्) मनुष्यों की (पाहि) रक्षा कर और इन की (गिरः) विद्या शिक्षा युक्त वाणियों को (शृणुधि) सुन जो वीर पुरुष युद्ध में मरजावे उस के (तोकम्) छोटे सन्तानों की (उत) और स्त्री आदि की भी (त्मना) आत्मा से (रक्ष) रक्षा कर ॥ ७७ ॥

भावार्थः—सभा और सेना के अधिष्ठाताओं को दो कर्म अवश्य कर्त्तव्य हैं एक विद्वानों का पालन और उन के उपदेश का श्रवण दूसरा युद्ध में मरे हुओं के सन्तान स्त्री आदि का पालन, ऐसे आचरण करने वाले पुरुषों का सदैव विजय धन और सुख की वृद्धि होती है ॥ ७७ ॥

इस अठारहवें अध्याय में गणितविद्या राजा प्रजा और पढ़ने पढ़ाने हारे पुरुषों के कर्म आदि के वर्णन से इस अध्याय में कहे हुए अर्थों की पूर्व अध्याय में कहे हुए अर्थों के साथ सङ्गति है यह जानना चाहिये ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य्याणां परमविदुषां श्रीविरजानन्दसरस्वतीस्वामिनां शिष्येण श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य्येण श्रीदयानन्द सरस्वती स्वामिना निर्मिते संस्कृतार्य्यभाषाभ्यां समन्विते सुप्रमाणयुक्ते यजुर्वेदभाष्येऽष्टादशोऽध्यायः सम्पूर्णः ॥ १८ ॥

ओ३म्

अथैकोनविंशोऽध्याय आरभ्यते ॥

विश्वा॑नि देव सवितर्दुरि॒तानि॒ परा॑सुव । यद्भ॒द्रं तन्न॒ आसु॑व ॥ १ ॥

स्वाद्वीमित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । सोमो देवता ।

निचृच्छक्वरी छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

मनुष्यैर्धर्मार्थकाममोक्षसिद्धये किं कर्त्तव्यमित्याह ॥

अब उन्नीशवें अध्याय का आरम्भ है इस के प्रथम मन्त्र में मनुष्यों को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की सिद्धि के लिये क्या करना चाहिये इस वि० ॥

स्वा॒द्वीं त्वा॑ स्वा॒दुना॑ ती॒व्रां ती॒व्रेणा॒मृता॑म॒मृते॑न॒ मधु॑मती॒म्मधु॑मता सृ॒जामि॒ स॒ᳬ᳖सोमे॑न॒ सोमो॑ऽस्य॒श्विभ्यां॑ पच्यस्व॒ सर॑स्वत्यै पच्य॒स्वेन्द्रा॑य सु॒त्राम्णे॑ पच्यस्व ॥ १ ॥

स्वाद्वीम् । त्वा । स्वादुना । तीव्राम् । तीव्रेण । अमृताम् । अमृतेन । मधुमतीमिति मधुऽमतीम् । मधुमतेति मधुऽमता । सृजामि । सम् । सोमेन । सोमः । असि । अश्विभ्यामित्यश्विऽभ्याम् । पच्यस्व । सरस्वत्यै । पच्यस्व । इन्द्राय । सुत्राम्णऽइति सुऽत्राम्णे । पच्यस्व ॥ १ ॥

पदार्थः—(स्वाद्वीम्) सुस्वादुयुक्ताम् (त्वा) त्वाम् (स्वादुना) मधुरादिना (तीव्राम्) तीक्ष्णस्वभावाम् (तीव्रेण) आशुकारिगुणेन (अमृताम्) अमृतात्मिकाम् (अमृतेन) सर्वरोगप्रहारकेण गुणेन (मधुमतीम्) प्रशस्तमधुरगुणयुक्ताम् (मधुमता) स्वादिष्ठगुणेन (सृजामि) निष्पादयामि (सम्) (सोमेन) सोमलताद्योषधिसमूहेन (सोमः) ऐश्वर्य्ययुक्तः (असि) (अश्विभ्याम्) व्याप्तविद्याभ्यां स्त्रीपुरुषाभ्याम् (पच्यस्व) परिपक्वां कुरु (सरस्वत्यै) विद्यासुशिक्षितवाणीयुक्तायै स्त्रियै (पच्यस्व) (इन्द्राय) ऐश्वर्य्ययुक्ताय पुरुषाय (सुत्राम्णः) यः सर्वान् दुःखेभ्यः सुष्ठु त्रायते तस्मै (पच्यस्व) ॥ १ ॥

अन्वयः—हे वैद्य यस्त्वं सोमोऽसि तं त्वौषधीविद्यायां संसृजामि यथाऽहं यां स्वादुना सह स्वाद्वीं तीव्रेण सह तीव्राममृतेन सहाऽमृतां मधुमता सोमेन सह मधुमतीमोषधीं संसृजामि तथैतां त्वमश्विभ्यां पच्यस्व सरस्वत्यै पच्यस्व सुत्राम्णा इन्द्राय पच्यस्व ॥ १ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्वैद्यकशास्त्ररीत्याऽनेकानि मधुरादिप्रशस्तस्वादयुक्तान्यौषधानि निर्माय तत्सेवनेनारोग्यं सम्पाद्य धर्मार्थकाममोक्षसिद्धये सततं प्रयतितव्यम् ॥ १ ॥

पदार्थः—हे वैद्यराज जो तू (सोमः) सोम के सदृश ऐश्वर्य युक्त (असि) है उस (त्वा) तुझ को ओषधिओं की विद्या में (सं,सृजामि) अच्छे प्रकार उत्तम शिक्षायुक्त करता हूं जैसे मैं जिस (स्वाद्वना) मधुर रसादि के साथ (स्वाद्वीम्) सुस्वादयुक्त (तीव्रेण) शीघ्रकारी तीक्ष्ण स्वभाव सहित (तीव्राम्) तीक्ष्ण स्वभावयुक्त को (अमृतेन) सर्वरोगापहारीगुण के साथ (अमृताम्) नाशरहित (मधुमता) स्वादिष्ट गुण युक्त (सोमेन) सोमलता आदि से (मधुमतीम्) प्रशस्त मीठे गुणों से युक्त ओषधी को सम्यक् सिद्ध करता हूं वैसे तू इसको (अश्विभ्याम्) विद्या युक्त स्त्री पुरुषों सहित (पच्यस्व) पका (सरस्वत्यै) उत्तम शिक्षित वाणी से युक्त स्त्री के अर्थ (पच्यस्व) पका (सुत्राम्णे) सब को दुःख से अच्छे प्रकार बचाने वाले (इन्द्राय) ऐश्वर्य युक्त पुरुष के लिये (पच्यस्व) पका ॥ १ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को योग्य है कि वैद्यक शास्त्र की रीति से अनेक मधुरादि प्रशंसित स्वदायुक्त अत्युत्तम ओषधों को सिद्ध कर उन के सेवन से आरोग्य को प्राप्त होकर धर्मार्थ काम मोक्ष की सिद्धि के लिये निरन्तर प्रयत्न किया करें॥१॥

परीत इत्यस्य भारद्वाज ऋषिः । सोमो देवता ।
स्वराडनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

परीतो षिञ्चता सुतꣳ सोमो य उत्तमꣳ हविः । दधन्वान् यो नर्योऽअप्स्वन्तरा सुषाव सोममद्रिभिः ॥ २ ॥

परि । इत: । सिञ्चत । सुतम् । सोमः । यः । उत्तममित्युत्ऽतमम् । हविः । दधन्वान् । यः । नर्य्यः । अप्स्वित्यप्ऽसु । अन्तः । आ । सुषाव । सुषावेति सुऽसाव । सोमम् । अद्रिभिरित्यद्रिऽभिः ॥२॥

पदार्थः-(परि) सर्वतः (इतः) प्राप्तः (सिञ्चत) अन्येषामपीति दीर्घः (सुतम्) निष्पन्नम् (सोमः) प्रेरको विद्वान् (यः) (उत्तमम्) (हविः) अत्तुमर्हम् (दधन्वान्) धरन् सन् (यः) (नर्यः) नरेषु साधुः (अप्सु) जलेषु (अन्तः) मध्ये (आ) (सुषाव) निष्पादयेत् (सोमम्) ओषधीसारम् (अद्रिभिः) मेघैः ॥ २ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या य उत्तमं हविः सोम इतः स्याद्यो नर्यो दधन्वानप्स्वन्तरासुषाव तमद्रिभिः सुतं सोमं यूयं परिसिञ्चत ॥ २ ॥

भावार्थः—मनुष्यै रुत्तमा ओषधीर्जले संस्थाप्य मथित्वाऽऽसर्वं निस्सार्यानेन यथायोग्यं जाठराग्निं सेवित्वा बलारोग्ये वर्द्धनीये ॥ २ ॥

पदार्थः—हे मनुष्य लोगो (यः) जो (उत्तमं) उत्तम श्रेष्ठ (हविः) खाने योग्य अन्न (सोमः) प्रेरणा करने हारा विद्वान् (इतः) प्राप्त होवे (यः) जो (नर्यः) मनुष्यों में उत्तम (दधन्वान्) धारण करता हुआ (अप्सु) जलों के (अन्तः) मध्य में (आसुषाव) सिद्ध करे उस (अद्रिभिः) मेघों में (सुतम्) उत्पन्न हुए (सोमम्) ओषधि गण को तुम लोग (परिसिञ्चत) सब ओर से सींच के बढ़ाओ ॥२॥

भावार्थः—मनुष्यों को योग्य है कि उत्तम ओषधियों को जल में डाल मंथन कर सार रस को निकाल इस से यथायोग्य जाठराग्नि को सेवन करके बल और आरोग्यता को बढ़ाया करें ॥ २ ॥

वायोरित्यस्य आभूतिर्ऋषिः । सोमो देवता ।

भुरिक् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

वायोः पूतः पवित्रेण प्रत्यङ्सोमोऽअतिद्रुतः । इन्द्रस्ययुज्यः सखा । वायोः पूतः पवित्रेण प्राङ्सोमोऽअतिद्रुतः इन्द्रस्य युज्यः सखा ॥ ३ ॥

वायोः । पूतः । पवित्रेण । प्रत्यङ् । सोमः । अतिद्रुत इत्यतिऽद्रुतः । इन्द्रस्य । युज्यः । सखा । वायोः । पूतः । पवित्रेण । प्राङ् । सोमः । अतिद्रुतऽइत्यतिद्रुतः । इन्द्रस्य । युज्यः । सखा ॥ ३ ॥

पदार्थः—(वायोः) पवनात् (पूतः) शुद्धः (पवित्रेण) शुद्धिकरेण (प्रत्यङ्) यः प्रत्यक्षमञ्चति प्राप्नोति सः (सोमः) सोमलताद्योषधिगणः (अतिद्रुतः) योऽतिद्रवति सः (इन्द्रस्य) इन्द्रियस्वामिनो जीवस्य (युज्यः) युक्तः (सखा) मित्रमिव (वायोः) शुद्धाच्छुद्धिनिमित्तात् (पूतः) निर्मलः (पवित्रेण) शुद्धिकरेण कर्मणा (प्राङ्) प्रकृष्टतयाऽञ्चति सः (सोमः) निष्पादितौषधिरसः (अतिद्रुतः) अत्यन्तं शीघ्रकारी (इन्द्रस्य) परमैश्वर्ययुक्तस्य राज्ञः (युज्य.) समाधातुमर्हः (सखा) सुहृदिव॥३॥

अन्वयः—हे मनुष्या यः सोमः प्राङतिद्रुतो वायोः पवित्रेण पूत इन्द्रस्य युज्यः सखेवास्ति यश्च सोमः प्रत्यङ्ङतिद्रुतो वायोः पवित्रेण पूत इन्द्रस्य युज्यः सखेवास्ति तं यूयं सततं सेवध्वम् ॥ ३ ॥

भावार्थः—या ओषधयः शुद्धे स्थले जले वायौ चोत्पद्यन्ते पूर्वापरान् रोगान् शीघ्रं निस्तारयन्ति च ता मनुष्यैर्मित्रवत्सदा सेवनीयाः ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्य लोगो जो (सोमः) सोमलतादि ओषधियों का गुण (प्राङ्) जो प्रकृष्टता से (अतिद्रुतः) शीघ्रगामी (वायोः) वायु से (पवित्रेण) शुद्ध करने वाले कर्म से (पूतः) पवित्र (इन्द्रस्य) इन्द्रियों के अधिष्ठाता जीव का (युज्यः) योग्य (सखा) मित्र के समान रहता है और जो (सोमः) सिद्ध किया हुआ ओषधियों का रस (प्रत्यङ्) प्रत्यक्ष शरीरों से युक्त हो के (अतिद्रुतः) अत्यन्त वेग वाला (वायोः) वायु से (पवित्रेण) पवित्रता कर के (पूतः) शुद्ध और (इन्द्रस्य) परमैश्वर्ययुक्तराजा का (युज्यः) अति योग्य (सखा) मित्र के समान है उस का तुम निरन्तर सेवन किया करो ॥ ३ ॥

भावार्थः—जो ओषधी शुद्ध स्थल जल और वायु में उत्पन्न होती और पूर्व और पश्चात् होने वाले रोगों का शीघ्र निवारण करती हैं उन का मनुष्य लोग मित्र के समान सदा सेवन करें ॥ ३ ॥

पुनातीत्यस्य आभूतिर्ऋषिः । सोमो देवता ।
आर्षी गायत्रीच्छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

पुनाति ते परिस्रुत॑ꣳ सोम॑ꣳ सूर्य्य॑स्य दुहि॒ता ।
वारे॑ण शश्व॑ता तना॑ ॥ ४ ॥

पुनाति । ते । परिस्रुतमिति परिऽस्रुतम् । सोमम् । सूर्य्यस्य । दुहिता । वारेण । शश्वता । तना ॥४॥

पदार्थः—(पुनाति) पवित्रीकरोति (ते) तव (परिस्रुतम्) सर्वतः प्राप्तम् (सोमम्) ओषधिरसम् (सूर्य्यस्य) (दुहिता) पुत्रीवोषा (वारेण) वरणीयेन (शश्वता) सनातनेन गुणेन (तना) विस्तृतेन प्रकाशेन ॥ ४ ॥

अन्वयः—हे मनुष्य या तना सूर्यस्य दुहितेवोषा शश्वता वारेण ते परिस्रुतं सोमं पुनाति तस्यां त्वमोषधिरसं सेवस्व ॥ ४ ॥

भावार्थः—ये मनुष्याः सूर्योदयात्प्राक्छौचं विधाय यथानुकूलमौषधं सेवन्ते तेऽरोगा भूत्वा सुखिनो जायन्ते ॥ ४ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जो (तना) विस्तीर्णप्रकाश से (सूर्यस्य) सूर्य की (दुहिता) कन्या के समान उषा (शश्वता) अनादि रूप (वारेण) ग्रहण करने योग्य स्वरूप से (ते) तेरे (परिस्रुतम्) सब ओर से प्राप्त (सोमम्) ओषधियों के रस को (पुनाति) पवित्र करती है उस में तू ओषधियों के रस का सेवन कर ॥ ४ ॥

भावार्थः— जो मनुष्य सूर्योदय से पूर्व शौचकर्म कर के यथानुकूल ओषधी का सेवन करते हैं वे रोगरहित हो कर सुखी होते हैं ॥ ४ ॥

ब्रह्मेत्यस्याभूतिर्ऋषिः । सोमो देवता ।

निचृज्जगतीच्छन्दः । निषादः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

ब्रह्म क्षत्रं पवते तेज इन्द्रियꣳ सुरया सोमः

सुत आसुतो मदाय । शुक्रेण देव देवताः पिपृग्धि रसेनान्नं यजमानाय धेहि ॥ ५ ॥

ब्रह्म । क्षत्रम् । पवते । तेजः । इन्द्रियम् । सुरया । सोमः । सुतः । आसुतइत्याऽसुतः । मदाय । शुक्रेण । देव । देवताः । पिपृग्धि । रसेन । अन्नम् । यजमानाय । धेहि ॥ ५ ॥

पदार्थः—(ब्रह्म) विद्वत्कुलम् (क्षत्रम्) न्यायकारिक्षत्रियकुलम् (पवते) पवित्रीकरोति (तेजः) प्रागल्भ्यम् (इन्द्रियम्) मनआदिकम् (सुरया) या सूयते सा सुरा तया (सोमः) ओषधिरसः (सुतः) संपादितः (आसुतः) समन्ताद्रोगनिवारणे सेवितः (मदाय) हर्षाय (शुक्रेण) आशुशुद्धिकरेण (देव) सुखप्रदातः (देवताः) देवा एव देवतास्ताः (पिपृग्धि) प्रीणीहि (रसेन) (अन्नम्) भोज्यम् (यजमानाय) सुखप्रदात्रे (धेहि) धर ॥५॥

अन्वयः—हे देव विद्वन् यः शुक्रेण मदाय सुरया सुत आसुतः सोमस्तेज इन्द्रियं ब्रह्म क्षत्रं च पवते तेन रसेनान्नं यजमानाय धेहि देवताः पिपृग्धि ॥ ५ ॥

भावार्थः—नात्र केनचिन्मनुष्येण नीरसमन्नमत्तव्यं सदा विद्याशौर्यबलबुद्धिवर्द्धनाय महौषधिसारास्सेवनीयाः ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे (देव) सुखदातः विद्वन् जो (शुक्रेण) शीघ्र शुद्ध करने हारे व्यवहार से (मदाय) आनन्द के लिये (सुरया) उत्पन्न होती हुई क्रिया से (सुतः) उत्पादित (आसुतः) अच्छे प्रकार रोगनिवारण के निमित्त सेवित (सोमः) ओषधियों का रस (तेजः) प्रगल्भता (इन्द्रियम्) मन आदि इन्द्रिय गण (ब्रह्म) ब्रह्मवित् कुल और (क्षत्रम्) न्यायकारी क्षत्रिय कुल को (पवते) पवित्र करता है उस (रसेन) रस से युक्त (अन्नम्) अन्न को (यजमानाय) धर्मात्मा जन के लिये (धेहि) धारण कर (देवताः) विद्वानों को (पिपृग्धि) प्रसन्न कर ॥ ५ ॥

भावार्थः—इस जगत् में किसी मनुष्य को योग्य नहीं है कि जो श्रेष्ठ रस के विना अन्न खावे सदा विद्या शूरवीरता बल और बुद्धि की वृद्धि के लिये महौषधियों के सारों का सेवन करना चाहिये ॥ ५ ॥

कुविदङ्गेत्यस्याऽऽभूतिर्ऋषिः । इन्द्रो देवता ।

विराट् प्रकृतिश्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

राजपुरुषैः किं कर्त्तव्यमित्याह ॥

राजपुरुषों को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

कुविदङ्ग यवमन्तो यवं चिद्यथा दान्त्यनुपूर्वं वियूय । इहेहैषां कृणुहि भोजनानि ये बर्हिषो नम उक्तिं यजन्ति । उपयामगृहीतोऽस्यश्विभ्यां त्वा सरस्वत्यै त्वेन्द्राय त्वा सुत्राम्णऽएष ते योनिस्तेजसे त्वा वीर्याय त्वा बलाय त्वा ॥ ६ ॥

कुवित् । अङ्ग । यवमन्तऽइति यवऽमन्तः । यवम् । चित् । यथा । दान्ति । अनुपूर्वमित्यनुऽपूर्वम् । वियूयेति विऽयूय । इहेहेतीहऽइह । एषाम् । कृणुहि । भोजनानि । ये । बर्हिषः । नमउक्तिमिति नमःऽउक्तिम् । यजन्ति । उपयामगृहीतऽइत्युपयामऽगृहीतः । असि । अश्विभ्यामित्याश्विऽभ्याम् । त्वा । सरस्वत्यै । त्वा । इन्द्राय । त्वा । सुत्राम्ण इति सुऽत्राम्णे । एषः । ते । योनिः । तेजसे । त्वा । वीर्याय । त्वा । बलाय । त्वा ॥६॥

पदार्थः—(कुवित्) बलम् । कुविदिति बलं ना० निघं० २ । १ (अङ्ग) मित्र (यवमन्तः) बहवो यवा विद्यन्ते येषां ते (यवम्) यवादिधान्यम् (चित्) अपि (यथा)(दान्ति) छिन्दन्ति (अनुपूर्वम्) अनुकूलम् प्रथमम् (वियूय) विभज्य (इहेह) अस्मिन् संसारे व्यवहारे च (एषाम्) कृषीबलानाम् (कृणुहि) कुरु (भोजनानि) पालनाव्यवहरणानि वा (ये) (बर्हिषः) अन्नादिप्रापकाः (नमउक्तिम्) नमसामन्नादीनामुक्तिं वृद्धय उपदेशम् (यजन्ति) ददति (उपयामगृहीतः) कर्षकादिभिः स्वीकृतः (असि) (अश्विभ्याम्) द्यावापृथिवीभ्याम् (त्वा) त्वाम् (सरस्वत्यै) कृषिकर्मप्रचारकायै वाचे (त्वा) (इन्द्राय) शत्रु विदारणाय (त्वा)

(सुत्राम्णे) सुष्ठुरक्षिणे (एषः) (ते) तव (योनिः) कारणम् (तेजसे) प्रागल्भ्याय (त्वा) (वीर्याय) पराक्रमाय (त्वा) (बलाय) (त्वा) ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे अङ्ग ये बर्हिषो यवमन्तः कृषीवला नमउक्तिं यजन्त्येषांपदार्थानामिहेह त्वं भोजनानि कृणुहि यथैते यवं चिद् वियूयानुपूर्वं दान्ति तथा त्वमेषां विभागेन कुवित् प्रापय यस्य ते तवैष योनिरस्ति तं त्वाऽश्विभ्यां त्वा सरस्वत्यै त्वेन्द्राय सुत्राम्णे त्वा तेजसे त्वा वीर्याय त्वा बलाय ये यजन्ति यैर्वा त्वमुपयामगृहीतोऽसि तैस्त्वं विहर ॥ ६ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—ये राजपुरुषाः कृष्यादिकर्मकर्तॄन् राज्ये करदातॄन् परिश्रमिणो जनाँश्च प्रीत्या रक्षन्त्युपदिशन्ति तेऽस्मिन् संसारे सौभाग्यवन्तो भवन्ति ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे (अङ्ग) मित्र (ये) जो (बर्हिषः) अन्नादि की प्राप्ति कराने वाले (यवमन्तः) यवादि धान्ययुक्त किसान लोग (नमउक्तिम्) अन्नादि की वृद्धि के लिये उपदेश (यजन्ति) देते हैं (एषाम्) उन के पदार्थों का (इहेह) इस संसार और इस व्यवहार में तू (भोजनानि) पालन वा भोजन आदि (कृणुहि) किया कर (यथा) जैसे ये किसान लोग (यवम्) यव को (चित्) भी (वियूय) बुषादि से पृथक् कर (अनुपूर्वम्) पूर्वापर की योग्यता से (दान्ति) काटते हैं वैसे तू इन के विभाग से (कुवित्) बड़ा बल प्राप्त कर जिस (ते) तेरी उन्नति का (एषः) यह (योनिः) कारण है उस (त्वा) तुझ को (अश्विभ्याम्) प्रकाश भूमि की विद्या के लिये (त्वा) तुझ को (सरस्वत्यै) कृषि कर्म प्रचार करने हारी उत्तम वाणी के लिये (त्वा) तुझ को (इन्द्राय) शत्रुओं के नाश करने वाले (सुत्राम्णे) अच्छे रक्षक के लिये (त्वा) तुझ को (तेजसे) प्रगल्भता के

लिये (त्वा) तुझ को (वीर्याय) पराक्रम के लिये (त्वा) तुझ को (बलाय) बल के लिये जो प्रसन्न करते हैं वा जिन से तू (उपयामगृहीतः) श्रेष्ठ व्यवहारों से स्वीकार किया हुआ (असि) है उन के साथ तू विहार कर ॥ ६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—जो राजपुरुष कृषि आदि कर्म करने राज्य में कर देने और परिश्रम करने वाले मनुष्यों को प्रीति से रखते और सत्य उपदेश करते हैं वे इस संसार में सौभाग्य वाले होते हैं ॥ ६ ॥

नानेत्यस्याऽऽभूतिर्ऋषिः । सोमो देवता ॥
विराड्जगतीच्छन्दः । निषादः स्वरः ॥

राजप्रजे कथं स्यातामित्युपदिश्यते ॥
राजा और प्रजा कैसे हों इस वि० ॥

नाना हि वां देवहितꣳ सदस्कृतं मा सꣳसृक्षाथां परमे व्योमन् । सुरा त्वमसि शुष्मिणी सोमऽएष मा मा हिꣳसीः स्वां योनिमाविशन्ती ॥७॥

नाना । हि । वाम् । देवहितमिति देवऽहितम् । सदः । कृतम् । मा । सम् । सृक्षाथाम् । परमे । व्योमन्निति विऽओमन् । सुरा । त्वम् । असि । शुष्मिणी । सोमः । एषः । मा । मा । हिꣳसीः । स्वाम् । योनिम् । आविशन्तीत्याऽविशन्ती ॥ ७ ॥

पदार्थः—(नाना) अनेकप्रकारेण (हि) किल (वाम्) युवाभ्याम् (देवहितम्) देवेभ्यः प्रियम् (सदः) स्थानम् (कृतम्) (मा) (सं, सृक्षाथाम्) संसर्गं कुरुतम् (परमे) उत्कृष्टे

(व्योमन्) व्योम्नि बुद्ध्यवकाशे (सुरा) सोमवल्ल्यादिलता अत्र षुञ् अभिषवे इत्यस्माद् धातोरौणादिकोरः प्रत्ययः (त्वम्) सा (असि) अस्ति (शुष्मिणी) बहुशुष्मबलं यस्यामस्ति सा (सोमः) महौषधिगण (एषः) (मा) (मा) माम् (हिंसीः) हिंस्याः (स्वाम्) स्वकीयाम् (योनिम्) कारणम् (आविशन्ती) समन्तात् प्रविशन्ती ॥ ७ ॥

अन्वयः—हे राजप्रजाजनौ नाना सदस्कृतं देवहितं वां प्राप्नोतु या हि स्वां योनिमाविशन्ती शुष्मिणी सुरास्ति त्वं परमे व्योमन् वर्तमानाऽसि तां युवां प्राप्नुतम् । मादकद्रव्याणि मासंसृक्षाथाम् । विद्वन् एष सोमोऽस्ति तं मा च त्वं माहिंसीः ॥ ७ ॥

भावार्थः—ये राजप्रजास्थमनुष्या बुद्धिबलारोग्यायुर्वर्द्धकानोषधिरसान् सततं सेवन्ते प्रमादकरांश्च त्यजन्ति तेऽत्र परत्र च धर्मार्थकाममोक्षसाधका भवन्ति ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे राजा और प्रजा के जनो (नाना) अनेक प्रकार (सदः, कृतम्) स्थान किया हुआ (देवहितम्) विद्वानों को प्रियाचरण (वाम्) तुम दोनों को प्राप्त होवे जो (हि) निश्चय से (स्वाम्) अपने (योनिम्) कारण को (आविशन्ती) अच्छा प्रवेश करती हुई (शुष्मिणी) बहुत बल करने वाली (सुरा) सोमवल्ली आदि की लता है (त्वम्) वह (परमे) उत्कृष्ट (व्योमन्) बुद्धिरूप अवकाश में वर्त्तमान (असि) है उस को तुम दोनों प्राप्त होओ और प्रमादकारी पदार्थों का (मा) मत (संसृक्षाथाम्) संग किया करो हे विद्वत्पुरुष जो (एषः) यह (सोमः) सोमादि ओषधिगण है उस को तथा (मा) मुझ को तू (मा) मत (हिंसी) नष्ट कर ॥७॥

भावार्थः—जो राजाप्रजा के संबन्धी मनुष्य बुद्धि, बल, आरोग्य और आयु

बढ़ाने हारे ओषधियों के रसों का सदा सेवन करते और प्रमादकारी पदार्थों का सेवन नहीं करते वे इस जन्म और पर जन्म में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को सिद्ध करने वाले होते हैं ॥ ७ ॥

उपयामगृहीत इत्यस्याऽऽभूतिर्ऋषिः । सोमो
देवता । पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैः किं कर्त्तव्यमित्युपदिश्यते ॥
फिर मनुष्यों को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

उपयामगृहीतोऽस्याश्विनं तेजः सारस्वतं वीर्यं मैन्द्रं बलम् । एष ते योनिर्मोदाय त्वाऽऽनन्दाय त्वा महसे त्वा ॥ ८ ॥

उपयामगृहीत इत्युपयामऽगृहीतः । असि । आश्विनम् । तेजः । सारस्वतम् । वीर्य्यम् । ऐन्द्रम् । बलम् । एषः । ते । योनिः । मोदाय । त्वा । आनन्दायेत्याऽनन्दाय । त्वा । महसे । त्वा ॥ ८ ॥

पदार्थः—(उपयामगृहीतः) उपगतैर्धर्म्यैर्यामैर्यमसम्बन्धिभिर्नियमैर्गृहीतः संयुतः (असि) (आश्विनम्) अश्विनोः सूर्याचन्द्रमसोरिदम् (तेजः) प्रकाशः (सारस्वतम्) सरस्वत्या वेदवाण्या इदम् (वीर्यम्) पराक्रमः (ऐन्द्रम्) इन्द्रस्य विद्युत इदम् (बलम्) (एषः) (ते) तव (योनिः) गृहम् (मोदाय) हर्षाय (त्वा) त्वाम् (आनन्दाय) परमसुखाय (त्वा) (महसे) महते सत्काराय (त्वा) ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे राजप्रजाजन यस्त्वमुपयामगृहीतोसि यस्य त एषयोनिरस्तितस्य त आश्विनमिव तेजःसारस्वतं वीर्यमैन्द्रमिव बलञ्चास्तु तं त्वा मोदाय त्वानन्दाय त्वा महसे च सर्वे स्वीकुर्वन्तु ॥ ८ ॥

भावार्थः—ये मनुष्याः सूर्य चन्द्रवत्तेजस्विनो विद्यापराक्रमा विद्युद्वलिष्ठा भूत्वा स्वयमानन्दिनोऽन्येभ्यो ह्यानन्दं प्रददति तेऽत्र परमानन्दभोगिनो भवन्ति ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे राजप्रजाजन जो तू (उपयामगृहीतः) प्राप्त धर्मयुक्त यम संबन्धी नियमों से संयुक्त (असि) है जिस (ते) तेरा (एषः) यह (योनिः) घर है उस तेरा जो (आश्विनम्) सूर्य और चन्द्रमा के रूप के समान (तेजः) तीक्ष्ण कोमल तेज (सारस्वतम्) विज्ञानयुक्त वाणी का (वीर्यम्) तेज (ऐन्द्रम्) बिजुली के समान (बलम्) बल हो उस (त्वा) तुझ को (मोदाय) हर्ष के लिये (त्वा) तुझ को (आनन्दाय) परम सुख के अर्थ (त्वा) तुझे (महसे) महापराक्रम के लिये सब मनुष्य स्वीकार करें ॥ ८ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य सूर्य चन्द्रमा के समान तेजस्वी विद्या पराक्रमवाले बिजुली के तुल्य अतिबलवान् होके आप आनन्दित हों और अन्य सब को आनन्द दिया करते हैं वे यहां परमानन्द को भोगते हैं ॥ ८ ॥

तेजोसीत्यस्य आभूतिर्ऋषिः । सोमो देवता ।
शक्करी च्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

तेजोऽसि तेजो मयि धेहि वीर्यमसि वीर्यं मयि धेहि बलमसि बलं मयि धेह्योजोऽस्योजो मयि धेहि मन्युरसि मन्युं मयि धेहि सहोऽसि सहो मयि धेहि ॥ ९ ॥

तेजः । असि । तेजः । मयि । धेहि । वीर्यम् । असि । वीर्यम् । मयि । धेहि । बलम् । असि । बलम् । मयि । धेहि । ओजः । असि । ओजः । मयि । धेहि । मन्युः । असि । मन्युम् । मयि । धेहि । सहः । असि । सहः । मयि । धेहि ॥ ९ ॥

पदार्थः—(तेजः) प्रागल्भ्यम् (असि) अस्ति । अत्र सर्वत्र पुरुषव्यत्ययः (तेजः) (मयि) (धेहि) (वीर्यम्) सर्वाङ्गस्फूर्तिः (असि) (वीर्यम्) (मयि) (धेहि) (बलम्) सर्वाङ्गदृढत्वम् (असि) (बलम्) (मयि) (धेहि) (ओजः) महाप्राणवत्त्वम् (असि) (ओजः) (मयि) (धेहि) (मन्युः) क्रोधः (असि) (मन्युम्) (मयि) (धेहि) (सहः) सहनम् (असि) (सहः) (मयि) (धेहि) ॥ ९ ॥

अन्वयः—हे शुभगुणकर राजन् यत्त्वयि तेजोऽस्यस्ति तत्तेजो मयि धेहि यत्त्वयि वीर्यमसि तद्वीर्यं मयि धेहि यत्त्वयि बलमसि तद्बलं मयि धेहि यत्त्वय्योजोऽसि तदोजो मयि धेहि यस्त्वयि मन्युरसि तम्मन्युं मयि धेहि यत्त्वयि सहोसि तत्सहो मयि धेहि ॥ ९ ॥

भावार्थः—सर्वान् मनुष्यान् प्रतीयमीश्वरस्याज्ञास्ति यान् शुभगुणकर्मस्वभावान् विद्वांसो धरेयुस्तानन्येष्वपि धारयेयुर्यथा दुष्टाचाराणामुपरि क्रोधं कुर्युस्तथा धार्मिकेषु प्रीतिं सततं कुर्युः ॥ ९ ॥

पदार्थः—हे सकल शुभ गुण कर राजन् जो तेरे में (तेजः) तेज (असि) है उस (तेजः) तेज को (मयि) मेरे में (धेहि) धारण कीजिये जो तेरे में (वीर्यम्) पराक्रम (असि) है उस (वीर्यम्) पराक्रम को (मयि) मुझ में (धेहि) धरिये जो तेरे में (बलम्) बल (असि) है उस (बलम्) बल को (मयि) मुझ में भी (धेहि) धरिये जो तेरे में (ओजः) प्राण का सामर्थ्य (असि) है उस (ओजः) सामर्थ्य को (मयि) मुझ में (धेहि) धरिये जो तुझ में (मन्युः) दुष्टों पर क्रोध (असि) है उस (मन्युम्) क्रोध को (मयि) मुझ में (धेहि) धरिये जो तुझ में (सहः) सहनशीलता (असि) है उस (सहः) सहनशीलता को (मयि) मुझ में भी (धेहि) धारण कीजिये ॥ ९ ॥

भावार्थः—सब मनुष्यों के प्रति ईश्वर की यह आज्ञा है कि जिन शुभ गुण कर्म स्वभावों को विद्वान् लोग धारण करें उन को औरों में भी धारण करावें और जैसे दुष्टाचारी मनुष्यों पर क्रोध करें वैसे धार्मिक मनुष्यों में प्रीति भी निरन्तर किया करें ॥ ९ ॥

या व्याघ्रमित्यस्य हैमवर्चिर्ऋषिः । सोमो देवता ।

आर्ष्युष्णिक् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनः स्त्रीपुरुषौ कथं वर्त्तेयातामित्याह ॥

फिर स्त्री पुरुष कैसे वर्त्तें इस वि० ॥

या व्या॒घ्रं विषू॑चिको॒भौ वृक॑ञ्च॒ रक्ष॑ति । श्ये॒नं प॑त॒त्रिण॑ꣳ सि॒ꣳह॑ꣳ सेमं पा॒त्वꣳह॑सः ॥ १० ॥

या । व्या॒घ्रम् । विषू॑चिका । उ॒भौ । वृक॑म् । च॒ । रक्ष॑ति । श्ये॒नम् । प॒त॒त्रिण॑म् । सि॒ꣳह॑म् । सा । इ॒मम् । पा॒तु॒ । अꣳह॑सः ॥ १० ॥

पदार्थः—(या) विदुषी स्त्री (व्याघ्रम्) यो विशेषेणाजिघ्रति तम् (विषूचिका) या विविधानर्थान् सूचयति सा (उभौ) (वृकम्) अजादीनां हन्तारम् (च) (रक्षति) (श्येनम्) यः शीघ्रं धावित्वान्यान् पक्षिणो हन्ति तम् (पतत्रिणम्) पतत्रः शीघ्रंगन्तुं बहुवेगो यस्यास्ति तम् (सिंहम्) यो हस्त्यादीनपि हिनस्ति तम् (सा) (इमम्) (पातु) रक्षतु (अंहसः) मिथ्याचारात् ॥ १० ॥

अन्वयः—या विषूचिका व्याघ्रं वृकमुभौ पतत्रिणं श्येनं सिंहं च हत्वा प्रजा रक्षति सेमं राजानमंहसः पातु ॥ १० ॥

भावार्थः—यथा शूरवीरो राजा स्वयं व्याघ्रादिकं हन्तुं न्यायेन प्रजा रक्षितुं स्वस्त्रियं प्रसादयितुं च शक्नोति तथैव राज्ञी भवेत् यथा सुप्रियाचारेण राज्ञी स्वपतिं प्रमादात् पृथक् कृत्य प्रसादयति तथैव राजापि तां सदा प्रसादयेत् ॥ १० ॥

पदार्थः—(या) जो (विषूचिका) विविध अर्थों की सूचना करने हारी राजा की राणी (व्याघ्रम्) जो कूद के मारता है उस बाघ और (वृकम्) बकरे आदि को मारने हारा भेड़िया (उभौ) इन दोनों को (पतत्रिणम्) शीघ्र चलने के लिये बहुवेग वाले और (श्येनम्) शीघ्र धावन करके अन्य पक्षियों को मारने हारे पक्षी और (सिंहम्) हस्ति आदि को (च) भी मारने वाले दुष्ट पशु को मार के प्रजा की (रक्षति) रक्षा करती है (सा) सो राणी (इमम्) इस राजा को (अंहसः) अपराध से (पातु) रक्षा करे ॥ १० ॥

भावार्थः—जैसे शूरवीर राजा स्वयं व्याघ्रादि को मारने न्याय से प्रजा की रक्षा करने और अपनी स्त्री को प्रसन्न करने को समर्थ होता है वैसे ही राजा की राणी भी होवे जैसे अच्छे प्रिय आचरण से राणी अपने पति राजा को प्रमाद से पृथक् करके प्रसन्न करती है वैसे राजा भी अपनी स्त्री को सदा प्रसन्न करे ॥ १० ॥

यदित्यस्य हैमवर्चिर्ऋषिः । अग्निर्देवता ।
शाक्करीच्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

सन्तानैः पितृभ्यां सह कथं वर्त्तितव्यमित्याह ॥

सन्तानों को अपने माता पिता के साथ कैसे वर्तना चाहिये यह वि० ॥

यदापिपेष मातरं पुत्रः प्रमुदितो धयन् । एतत्तदग्ने अनृणो भवाम्यहतौ पितरौ मया । सम्पृच स्थ सं मा भद्रेण पृङ्क्त वि पृच स्थ वि मा पाप्मना पृङ्क्त ॥ ११ ॥

यत् । आपिपेषेत्याऽपिपेष । मातरम् । पुत्रः । प्रमुदित इति प्रऽमुदितः । धयन् । एतत् । तत् । अग्ने । अनृणः । भवामि । अहतौ । पितरौ । मया । सम्पृच इति सम्ऽपृचः । स्थ । सम् । मा । भद्रेण । पृङ्क्त । विपृच इति विऽपृचः । स्थ । वि । मा । पाप्मना । पृङ्क्त ॥ ११ ॥

पदार्थः—(यत्) यः (आपिपेष) समन्तात् पिनष्टि (मातरम्) जननीम् (पुत्रः) (प्रमुदितः) प्रकृष्टत्वेन हर्षितः (धयन्) दुग्धं पिबन् (एतत्) वर्त्तमानं सुखम् (तत्) (अग्ने) विद्वन् (अनृणः) अविद्यमानं ऋणं यस्य सः (भवामि) (अहतौ) न हतौ हिंसितौ (पितरौ) माता पिता च द्वौ (मया) अपत्येन (संपृचः)

ये सम्पृचन्ति ते (स्थ) भवत (सम्) (मा) माम् (भद्रेण) भजनीयेन व्यवहारेण (पृङ्क्त) वध्नीत (विपृचः) ये वियुञ्जते वियुक्ता भवन्ति ते (स्थ) (वि) (मा) (पाप्मना) पापेन (पृङ्क्त) संसर्गं कुरुत ॥ ११ ॥

अन्वयः—हे अग्ने विद्वन् यद्यः प्रमुदितः पुत्रो दुग्धं धयन् मातरमापिपेष तेन पुत्रेणानृणो भवामि यतो मे पितरावहतौ मया भद्रेण सह वर्त्तमानौ च स्याताम् । हे मनुष्या यूयं संपचः स्थ मा भद्रेण स पृङ्क्त पाप्मना विपृचः स्थ माप्येतेन विपृङ्क्त तदेतत् सुखं प्रापयत ॥ ११ ॥

भावार्थः—यथा मातापितरौ पुत्रं पालयतस्तथा पुत्रेण मातापितरौ सेवनीयौ सर्वैरत्तेदं ध्येयं वयं मातापितरौ सेवित्वा पितृऋणान्मुक्ता भवेमेति यथा विद्वांसौ धार्मिकौ पितरौ स्वापत्यानि पापाचरणाद्वियोज्य धर्माचरणे प्रवर्त्तयेयुस्तथा सन्ताना अपि पितॄनेवं वर्त्तयेरन् ॥ ११ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वन् (यत्) जो (प्रमुदितः) अत्यन्त आनन्दयुक्त (पुत्रः) पुत्र दुग्ध को (धयन्) पीता हुआ (मातरम्) माता को (आपिपेष) सब ओर से पीड़ित करता है उस पुत्र से मैं (अनृणः) ऋणरहित (भवामि) होता हूं जिस से मेरे (पितरौ) माता पिता (अहतौ) हननरहित और (मया) मुझ से (भद्रेण) कल्याण के साथ वर्त्तमान हों । हे मनुष्यो तुम (संपृचः) सत्य सम्बन्धी (स्थ) हो (मा) मुझ को कल्याण के साथ (सं, पृङ्क्त) संयुक्त करो और (पप्माना) पाप से (विपृचः) पृथक् रहने हारे (स्थ) हो इस लिये (मा) मुझे भी इस पाप से (विपृङ्क्त) पृथक् कीजिये और (तदेतत्) पर जन्म तथा इस जन्म के सुख को प्राप्त कीजिये ॥ ११ ॥

भावार्थः—जैसे माता पिता पुत्र का पालन करते हैं वैसे पुत्र को माता पिता की सेवा करनी चाहिये सब मनुष्यों को इस जगत् में यह ध्यान देना चाहिये कि हम माता पिता का यथावत् सेवन करके पितृऋण से मुक्त होवें जैसे विद्वान् धार्मिक माता पिता अपने सन्तानों को पापरूप आचरण से पृथक् करके धर्माचरण में प्रवृत्त करें वैसे सन्तान भी अपने माता पिता को वर्त्ताव करावें ॥ ११ ॥

देवा यज्ञमित्यस्य हैमवर्चिर्ऋषिः । विद्वांसो देवता ।
भुरिगनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

मातापित्रपत्यानि परस्परं कथं वर्त्तेरन्नित्याह ॥

माता पिता और सन्तान परस्पर कैसे वर्तें यह वि० ॥

देवा यज्ञमतन्वत भेषजं भिषजाश्विना । वाचा सरस्वती भिषगिन्द्रायेन्द्रियाणि दधतः ॥ १२ ॥

देवाः । यज्ञम् । अतन्वत । भेषजम् । भिषजा । अश्विना । वाचा । सरस्वती । भिषक् । इन्द्राय । इन्द्रियाणि । दधतः ॥ १२ ॥

पदार्थः—(देवाः) विद्वांसः (यज्ञम्) सुखप्रदम् (अतन्वत) विस्तृतं कुरुत (भेषजम्) रोगप्रणाशकमोषधरूपम् (भिषजा) आयुर्वेदविदौ (अश्विना) आयुर्वेदांगव्यापिनौ (वाचा) तदानुकूल्यया वाण्या (सरस्वती) सरः प्रशस्त आयुर्वेदबोधो विद्यते यस्याः सा (भिषक्) चिकित्साद्यङ्गवित् (इन्द्राय) परमैश्वर्याय (इन्द्रियाणि) चक्षुरादीनि धनानि वा (दधतः) ॥ १२ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथेन्द्रियाणि दधतो भिषक् सरस्वती

भिषजाऽश्विना च देवा वाचेन्द्राय भेषजं यज्ञमतन्वत तथैव यूयं कुरुतः ॥ १२ ॥

भावार्थः—यावन्मनुष्याः पथ्यौषधिब्रह्मचर्य्यसेवनेन शरीरारोग्यबलबुद्धीर्न वर्धयन्ते तावत् सर्वाणि सुखानि प्राप्तुं न शक्नुवन्ति ॥ १२ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे (इन्द्रियाणि) उत्तम प्रकार विषय ग्राहक नेत्र आदि इन्द्रियों वा धनों को (दधतः) धारण करते हुए (भिषक्) चिकित्सा आदि वैद्यकशास्त्र के अङ्गों को जानने हारी (सरस्वती) प्रशस्त वैद्यकशास्त्र के ज्ञान से युक्त विदुषी स्त्री और (भिषजा) आयुर्वेद के जानने हारे (अश्विना) ओषधिविद्या में व्याप्तबुद्धि दो उत्तम विद्वान् वैद्य ये तीनों और (देवाः) उत्तम ज्ञानीजन (वाचा) वाणी से (इन्द्रियाय) परमैश्वर्य्य के लिये (भेषजम्) रोग विनाशक औषध रूप (यज्ञम्) सुख देने वाले यज्ञ को (अतन्वत) विस्तृत करें वैसे ही तुम लोग भी करो ॥ १२ ॥

भावार्थः—जब तक मनुष्य लोग पथ्य ओषधि और ब्रह्मचर्य के सेवन से शरीर के आरोग्य बल और बुद्धि को नहीं बढ़ाते तब तक सब सुखों के प्राप्त होने को समर्थ नहीं होते ॥ १२ ॥

दीक्षाया इत्यस्य हैमवर्चिर्ऋषिः । यज्ञो देवता ।

अनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

कीदृशा जनाः सुखिनो भवन्तीत्याह ॥

कैसे मनुष्य सुखी होते हैं इस वि० ॥

दीक्षायै रूपꣳ शष्पाणि प्रायणीयस्य तोक्मानि । क्रयस्य रूपꣳ सोमस्य लाजाः सोमाꣳशवो मधु ॥ १३ ॥

दीक्षायै । रूपम् । शष्पाणि । प्रायणीयस्य । प्रायनीयस्येतिप्रऽअयनीयस्य । तोक्मानि । क्रयस्य । रूपम् । सोमस्य । लाजाः । सोमाꣳशवऽइति सोमऽअꣳशवः । मधु ॥ १३ ॥

पदार्थः—(दीक्षायै) यज्ञसाधननियमपालनाय (रूपम्) (शष्पाणि) आहत्य संशोध्य ग्राह्याणि धान्यानि (प्रायणीयस्य) प्रकृष्टं सुखं यन्ति येन व्यवहारेण तत्र भवस्य (तोक्मानि) अपत्यानि तोक्मेत्यपत्यना० निघं० २ । २ (क्रयस्य) द्रव्यविक्रयस्य (रूपम्) (सोमस्य) ओषधीरसस्य (लाजाः) प्रफुल्लिता व्रीहयः (सोमांशवः) सोमस्यांशाः (मधु) क्षौद्रम् ॥ १३ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यानि प्रायणीयस्य दीक्षायै रूपं तोक्मानि क्रयस्य रूपं शष्पाणि सोमस्य लाजाः सोमांशवो मधु च सन्ति तानि यूयमतन्वत ॥ १३ ॥

भावार्थः—अत्रातन्वतेति क्रियापदं पूर्वमन्त्रादनुवर्त्तते । ये मनुष्या यज्ञाऽर्हाण्यपत्यानि वस्तूनि च सम्पादयन्ति तेऽत्र सुखं लभन्ते ॥ १३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जो (प्रायणीयस्य) जिस व्यवहार से उत्तम सुख को प्राप्त होते हैं उस में होने वाले की (दीक्षायै) यज्ञ के नियम रक्षा के लिये (रूपम्) सुन्दर रूप और (तोक्मानि) अपत्य (क्रयस्य) द्रव्यों के बेचने का (रूपम्) रूप (शष्पाणि) छांट फटक शुद्ध कर ग्रहण करने योग्य धान्य (सोमस्य) सोमलतादि के रसके सम्बन्धी (लाजाः) परिपक्क फूले हुए अन्न (सोमांशव) सोम के विभाग और (मधु) सहत हैं उन को तुम लोग विस्तृत करो ॥ १३ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में पूर्व मन्त्र से " अतन्वत " इस क्रिया पद की अनुवृत्ति आती है जो मनुष्य यज्ञ के योग्य सन्तान और पदार्थों को सिद्ध करते हैं वे इस संसार में सुख को प्राप्त होते हैं ॥ १३ ॥

आतिथ्यरूपमित्यस्य हैमवर्चिर्ऋषिः । आतिथ्यादयो लिङ्गोक्ता देवताः । अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

कीदृशा जना यशस्विनो भवन्तीत्याह ॥

कैसे जन कीर्ति वाले होते हैं यह वि० ॥

आतिथ्यरूपं मासरं महावीरस्य नग्नहुः । रूपमुपसदामेतत्तिस्रो रात्रीः सुरासुता ॥ १४ ॥

आतिथ्यरूपमित्यातिथ्यऽरूपम् । मासरम् । महावीरस्येति महाऽवीरस्य । नग्नहुः । रूपम् । उपसदामित्युपऽसदाम् । एतत् । तिस्रः । रात्रीः । सुरा । आसुतेत्याऽसुता ॥ १४ ॥

पदार्थः—(आतिथ्यरूपम्) अतिथीनां भावः कर्म्म वाऽऽतिथ्यं तद्रूपं च तत (मासरम्) येनाऽतिथयो मासेषु रमन्ते तत् (महावीरस्य) महांश्चासौ वीरश्च तस्य (नग्नहुः) यो नग्नान् जुहोत्यादत्ते (रूपम्) सुरूपकरणम् (उपसदाम्) य उपसीदन्ति तेषामतिथीनाम् (एतत्) (तिस्रः) (रात्रीः) (सुरा) सोमरसः (आसुता) समन्तान्निष्पादिता ॥ १४ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यानि मासरमातिथ्यरूपं महावीरस्य नग्नहूरूपमुपसदां तिस्रो रात्रीर्निवासनमेतद्रूपं सुता सुराऽऽसुता च सन्ति तानि यूयं गृह्णीत ॥ १४ ॥

भावार्थः—ये मनुष्या धार्मिकाणां विदुषामतिथीनांसत्कारसङ्गोपदेशान् वीराणां च मान्यं दरिद्रेभ्यो वस्त्रादिदानं स्वभृत्यानामुत्तमं निवासदानं सोमरससिद्धिं च सततं कुर्वन्ति ते यशस्विनो जायन्ते ॥ १४ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जो (मासरम्) जिस से अतिथि जन महीनों में रमण करते हैं ऐसे (आतिथ्यरूपम्) अतिथियों का होना वा उन का सत्कार रूप कर्म वा बड़े वीर (महावीरस्य) पुरुष का (नग्नहुः) जो नग्न अकिञ्चनों का धारण करता है वह (रूपम्) रूप वा (उपसदाम्) गृहस्थादि के समीप में भोजनादि के अर्थ ठहरने हारे अतिथियों का (तिस्रः) तीन (रात्रीः) रात्रियों में निवास कराना (एतत्) यह रूप वा (सुरा) सोम रस (आसुता) सब ओर से सिद्ध किई हुई क्रिया है उन सब का तुम लोग ग्रहण करो ॥ १४ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य धार्मिक विद्वान् अतिथियों के सत्कार संग और उपदेशों को और वीरों के मान्य तथा दरिद्रों को वस्त्रादि दान अपने भृत्यों को निवास देना और सोमरस की सिद्धि को सदा करते हैं वे कीर्त्तिमान् होते हैं ॥ १४ ॥

सोमस्येत्यस्य हैमवर्चिर्ऋषिः । सोमो देवता ।

अनुष्टुप् छन्दः । गन्धारः स्वरः ॥

कुमारीभिः किं कर्त्तव्यमित्याह ॥

कुमारी कन्याओं को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

सोम॑स्य रू॒पं क्री॒तस्य॑ परि॒स्रुत्परि॑षिच्यते ।
अ॒श्विभ्यां॑ दु॒ग्धं भे॑ष॒जमिन्द्रा॑यै॒न्द्र॒ꣳ सर॑स्वत्या ॥ १५ ॥

सोम॑स्य । रू॒पम् । क्री॒तस्य॑ । प॒रि॒स्रु॒दिति॑ प॒रि॒ऽस्रुत् । परि॑ । सि॒च्य॒ते॒ । अ॒श्विभ्या॒मित्य॒श्विऽभ्या॑म् । दु॒ग्धम् । भे॒ष॒जम् । इन्द्रा॑य । ऐ॒न्द्रम् । सर॑स्वत्या ॥ १५ ॥

पदार्थः—(सोमस्य) सोमलताद्योषधिसमूहस्य (रूपम्) उत्तमस्वरूपम् (क्रीतस्य) गृहीतस्य (परिस्रुत्) यः परितः सर्वतः स्रवतिप्राप्नोति स रसः (परि) सर्वतः (सिच्यते) (अश्विभ्याम्) वैदिकविद्याव्यापिभ्यां विद्वद्भ्याम् (दुग्धम्) गवादिभ्यः पयः (भेषजम्) सर्वौषधम् (इन्द्राय) ऐश्वर्य्येच्छुकाय (ऐन्द्रम्) इन्द्रो विद्युद्देवता यस्य तत् विज्ञानम् (सरस्वत्या) प्रशस्तविद्याविज्ञानयुक्तया पत्न्या ॥ १५ ॥

अन्वयः—हे स्त्रियो यथा सरस्वत्या विदुष्या क्रीतस्य सोमस्य परिस्रुद्रूपमश्विभ्यां दुग्धं भेषजमिन्द्रायैन्द्रं परिषिच्यते तथा यूयमप्याचरत ॥ १५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—सर्वाभिः कुमारीभिर्ब्रह्मचर्य्येण व्याकरणधर्म्मविद्यायुर्वेदादीनधीत्य स्वयंवरविवाहं कृत्वा प्रशस्तान्यौषधान्यौषधवदन्नव्यञ्जनानि च परिपच्य सुरसैः संयोज्य पत्यादीन् सम्भोज्य स्वयं च भुक्त्वा बलारोग्योन्नतिः सततं कार्या ॥१५॥

पदार्थः—हे स्त्री लोगो जैसे (सरस्वत्या) विदुषी स्त्री से (क्रीतस्य) ग्रहण किए हुए (सोमस्य) सोमादि ओषधि गण का (परिस्रुत्) सब ओर से प्राप्त होने वाला रस (रूपम्) सुस्वरूप और (अश्विभ्याम्) वैदिक विद्या में पूर्ण दो विद्वानों

के लिये (दुग्धम्) दुहा हुआ (भेषजम्) ओषधरूप दूध तथा (इन्द्राय) ऐश्वर्य चाहने वाले के लिये (ऐन्द्रम्) विद्युत् संबन्धी विशेष ज्ञान (परिषिच्यते) सब ओर से सिद्ध किया जाता है वैसे तुम भी आचरण करो ॥ १५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—सब कुमारियों को योग्य है कि ब्रह्मचर्य से व्याकरण, धर्मविद्या और आयुर्वेदादि को पढ़ स्वयंवर विवाह कर औषधियों को और औषधिवत् अन्न और दाल कढ़ी आदि को अच्छा पका उत्तम रसों से युक्त कर, पति आदि को भोजन करा तथा स्वयम् भोजन करके बल आरोग्य की सदा उन्नति किया करें ॥ १५ ॥

आसन्दीत्यस्य हैमवर्च्चिर्ऋषिः । यज्ञो देवता ।

भुरिगनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

मनुष्येण कथं कार्य्यं साध्यमित्युपदिश्यते ॥

मनुष्य को कैसे कार्य्य साधना चाहिये इस वि० ॥

आसन्दी रूपꣳ राजासन्द्यै वेद्यै कुम्भी सुराधानी । अन्तर उत्तरवेद्या रूपं कारोतरो भिषक् ॥ १६ ॥

आसन्दीत्याऽसन्दी । रूपम् । राजासन्द्या इति राजऽआसन्द्यै । वेद्यै । कुम्भी । सुराधानीति सुराऽधानी । अन्तरः । उत्तरवेद्या इत्युत्तरऽवेद्याः । रूपम् । कारोतरः । भिषक् ॥ १६ ॥

पदार्थः—(आसन्दी) समन्तात्सन्यते सेव्यते या सा । "सन्" धातोरौणादिको द प्रत्ययस्ततो ङीष् (रूपम्) सुक्रिया (राजासन्द्यै) राजानः सीदन्ति यस्यां तस्यै (वेद्यै) विदन्ति सुखानि

यथा तस्यै (कुम्भी) धान्यादि पदार्थाऽऽधारा (सुराधानी) सुरा-सोमरसो धीयते यस्यां सा गर्गरी (अन्तरः) येनानिति प्राणिति सः (उत्तरवेद्याः) उत्तरा चासौ वेदी च तस्याः (रूपम्) (कारोतरः) कर्मकारी (भिषक्) वैद्यः ॥ १६ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या युष्माभिर्यज्ञायासन्दी रूपं राजासन्द्यै वेद्यै कुम्भी सुराधान्युत्तरवेद्या अन्तरो रूपं कारोतरो भिषक् चैतानि संग्राह्याणि ॥ १६ ॥

भावार्थः—मनुष्यो यद्यत्कार्यं कर्त्तुमिच्छेत्तस्य तस्य सकल साधनानि सञ्चिनुयात् ॥ १६ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुम लोगों को योग्य है कि यज्ञ के लिये (आसन्दी) जो सब ओर से सेवन की जाती है वह (रूपम्) सुन्दर क्रिया (राजासन्द्यै) राजा लोग जिस में बैठते हैं उस (वेद्यै) सुख प्राप्ति कराने वाली वेदि के अर्थ (कुम्भी) धान्यादि पदार्थों का आधार (सुराधानीं) जिस में सोम रस धरा जाता है वह गगरी (अन्तरः) जिस से जीवन होता है वह अन्नादि पदार्थ (उत्तरवेद्याः) उत्तर की वेदी के (रूपम्) रूप को (कारोतरः) कर्मकारी और (भिषक्) वैद्य इन सब का संग्रह करो ॥ १६ ॥

भावार्थः—मनुष्य जिस २ कार्य के करने की इच्छा करे उस २ के समस्त साधनों का सञ्चय करे ॥ १६ ॥

वेद्यावेदिरित्यस्य हैमवर्चिर्ऋषिः । यज्ञो देवता ।

अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

केषां कार्य्याणि सिध्यन्तीत्याह ॥

किन जनों के कार्य्य सिद्ध होते हैं यह वि० ॥

वेद्या वेदिः समाप्यते बर्हिषा बर्हिरिन्द्रियम् ।
यूपेन यूप आप्यते प्रणीतोऽअग्निरग्निना ॥ १७ ॥

वेद्या । वेदिः । सम् । आप्यते । बर्हिषा । बर्हिः । इन्द्रियम् । यूपेन । यूपः । आप्यते । प्रणीतः । प्रनीत इति प्रऽनीतः । अग्निः । अग्निना ॥१७॥

पदार्थः—(वेद्या) यज्ञसामग्र्या (वेदिः) यज्ञभूमिः (सम्) सम्यक् (आप्यते) प्राप्यते (बर्हिषा) महता पुरुषार्थेन (बर्हि) वृद्धम् (इन्द्रियम्) धनम् (यूपेन) मिश्रितामिश्रितेन व्यवहारेण (यूपः) मिश्रितो व्यवहारयत्नोदयः (आप्यते) (प्रणीतः) प्रकृष्टतया सम्मिलितः (अग्निः) पावकः (अग्निना) विद्युदादिना ॥ १७ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा विद्वद्भिर्वेद्या वेदिर्बर्हिषा बर्हिरिन्द्रियं समाप्यते यूपेन यूपोऽग्निना प्रणीतोऽग्निराप्यते तथैव यूयं साधनैः साधनानि संमेल्य सर्वं सुखमाप्नुत ॥ १७ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—ये मनुष्याः साधकतमेन साधनेन साध्यं कार्य्यं साद्धुमिच्छन्ति तएव सिद्धसाध्या जायन्ते ॥ १७ ॥

पदार्थः— हे मनुष्यो जैसे विद्वान् लोगों (वेद्या) यज्ञ की सामग्री से (वेदिः) वेदि और (बर्हिषा) महान् पुरुषार्थ से (बर्हिः) बड़ा (इन्द्रियम्) धन (समाप्यते) अच्छी प्रकार प्राप्त किया जाता है (यूपेन) मिले हुए वा पृथक् २ व्यवहार से (यूपः) मिला हुआ व्यवहार के यत्न का प्रकाश और (अग्निना) बिजुली आदि अग्नि से (प्रणीतः) अच्छे प्रकार संमिलित (अग्निः) अग्नि (आप्यते) प्राप्त कराया जाता है । वैसे ही तुम लोग भी साधनों से साधन मिला कर सब सुखों को प्राप्त हो ॥ १७ ॥

भावार्थ—इस मन्त्र में वाचकलु०—जो मनुष्य उत्तम साधन से साध्य कार्य्य को सिद्ध करने की इच्छा करते हैं वेही साध्य की सिद्धि करने वाले होते हैं ॥१७॥

हविर्धानमित्यस्य हैमवर्चिर्ऋषिः । गृहपतिर्देवता ।
निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

स्त्रीपुरुषाभ्यां किं कार्य्यमित्याह ॥

स्त्री पुरुषों को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

हविर्धानं यद॒श्विनाग्नीध्रं यत्सर॑स्वती इन्द्रा॑यैन्द्रꣳ सद॑स्कृतं पत्नी॒शालं॒ गार्ह॑पत्यः ॥ १८ ॥

हविर्धानमिति॑ हविः॒ धान॑म् । यत् । अ॒श्विना॑ । आग्नी॑ध्रम् । यत् । सर॑स्वती । इन्द्रा॑य । ऐन्द्रम् । सद॑ः । कृतम् । प॒त्नी॒शाल॒मिति॑ पत्नी॒शाल॑म् । गार्ह॑पत्य॒ऽइति॒ गार्ह॑ऽपत्यः ॥ १८ ॥

पदार्थः—(हविर्धानम्) हवींषि ग्राह्याणि देयानि वा संस्कृतानि वस्तूनि धीयन्ते यस्मिन् (यत्) (अश्विना) स्त्री पुरुषौ (आग्नीध्रम्) अग्नीध ऋत्विजः शरणम् (यत्) (सरस्वती) विदुषी स्त्री (इन्द्राय) ऐश्वर्यसुखप्रदाय पत्ये (ऐन्द्रम्) इन्द्रस्यैश्वर्यस्येदम् (सदः) सीदन्ति यस्मिँस्तम् (कृतम्) निष्पन्नम् (पत्नीशालम्) पत्न्याः शाला पत्नीशालम् (गार्हपत्यः) गृहपतिना संयुक्तः ॥ १८ ॥

अन्वय—हे गृहस्था स्त्री पुरुषा यथा विद्वांसावश्विना यद्धविर्धानं कृतवन्तौ यच्च सरस्वती आग्नीध्रं कृतवती इन्द्रायैन्द्रं

सदः पत्नीशालं च विद्वद्भिः कृतं तदिदं सर्वं गार्हपत्यो धर्म एवास्ति तथा तत् सर्वं यूयमपि कुरुत ॥ १८ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—हे मनुष्या यथर्त्विजः सम्भारान् सञ्चित्य यज्ञमलङ्कुर्वन्ति तथा प्रीतियुक्तौ स्त्री पुरुषौ गृहकृत्यानि सततं साध्नुतम् ॥ १८ ॥

पदार्थः—हे गृहस्थ पुरुषो जैसे विद्वान् [अश्विना] स्त्री और पुरुष [यत्] जो [हविर्धानम्] देने वा लेने योग्य पदार्थों का धारण जिस में किया जाता वह और [यत्] जो [सरस्वती] विदुषी स्त्री [आग्नीध्रम्] ऋत्विज् का शरण करती हुई तथा विद्वानों ने [इन्द्राय] ऐश्वर्य से सुख देने हारे पति के लिये [ऐन्द्रम्] ऐश्वर्य के संबन्धी [सदः] जिस में स्थित होते हैं उस सभा और [पत्नीशालम्] पत्नी की शाला घर को [कृतम्] किया है सो यह सब [गार्हपत्यः] गृहस्थ का संयोगी धर्म ही है वैसे उस सब कर्त्तव्य को तुम भी करो ॥ १८ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—हे मनुष्यो जैसे ऋत्विज् लोग सामग्री का सञ्चय करके यज्ञ को शोभित करते हैं वैसे प्रीतियुक्त स्त्री पुरुष घर के कार्यों को नित्य सिद्ध किया करें ॥ १८ ॥

प्रैषेभिरित्यस्य हैमवर्चिर्ऋषिः । यज्ञो देवता ।
निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

कीदृशो विद्वान् सुखमाप्नोतीत्युच्यते ॥
कैसा विद्वान् सुख को प्राप्त होता है इस वि० ॥

प्रैषेभिः प्रैषानाप्नोत्याप्रीभिराप्रीर्यज्ञस्य । प्रयाजेभिरनुयाजान्वषट्कारेभिराहुतीः ॥ १९ ॥

प्रैषेभिरिति प्रऽएषेभिः । प्रैषानिति प्रऽएषान् । आप्नोति । आप्रीभिरित्याऽप्रीभिः । आप्रीरित्या-

ऽप्रीः । युज्ञस्यं । प्रयाजेभिरिति प्रयाजेभिः । अनुयाजानित्यनुऽयाजान् । वषट्कारेभिरिति वषट्कारेभिः । आहुतीरित्याहुतीः ॥ १९ ॥

पदार्थः—(प्रैषेभिः) प्रैषणकर्मभिः (प्रैषान्) प्रेषणीयान् भृत्यान् (आप्नोति) (आप्रीभिः) याः समन्तात् प्रीणन्ति ताभिः (आप्रीः) सर्वथा प्रीत्युत्पादिका परिचारिकाः (यज्ञस्य) (प्रयाजेभिः) प्रयजन्ति यैस्तैः (अनुयाजान्) अनुकूलान् यज्ञपदार्थान् (वषट्कारेभिः) कर्मभिः (आहुतीः) याः आहूयन्ते प्रदीयन्ते ताः ॥ १९ ॥

अन्वयः—यो विद्वान् प्रैषेभिः प्रैषानाप्रीभिराप्रीः प्रयाजेभिरनुयाजान् यज्ञस्य वषट्कारेभिराहुतीश्चाप्नोति स सुखी जायते ॥ १९ ॥

भावार्थः—यस्सुशिक्षितसेवकसेविकः साधनोपसाधनयुक्तः श्रेष्ठानि कार्य्याणि करोति स सर्वान् सुखयितुं शक्नोति ॥ १९ ॥

पदार्थः—जो विद्वान् (प्रैषेभिः) भेजने रूप कर्मों से (प्रैषान्) भेजने योग्य भृत्यों को (आप्रीभिः) सब ओर से प्रसन्नता करने हारी क्रियाओं से (आप्रीः) सर्वथा प्रीति उत्पन्न करने हारी परिचारिका स्त्रियों को (प्रयाजेभिः) उत्तम यज्ञ के कर्मों से (अनुयाजान्) अनुकूल यज्ञ पदार्थों को और (यज्ञस्य) यज्ञ की (वषट्कारेभिः) क्रियाओं से (आहुतीः) अग्नि में छोड़ने योग्य आहुतियों को प्राप्त होता है वह सुखी रहता है ॥ १९ ॥

भावार्थः—जो सुशिक्षितसेवकों तथा सेविकाओं वाला साधनों और उपसाधनों से युक्त श्रेष्ठ कार्यों को कर्त्ता है वह सब को सुखी करने में समर्थ होता है ॥ १९ ॥

पशुभिरित्यस्य हैमवर्चिर्ऋषिः । यजमानो देवता ।
भुरिगुष्णिक् छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

पुशुभिः॑ पुशूनाप्नोति पुरोडाशैर्हुवीᳬष्या । छन्दो॑भिः सामिधेनीर्युाज्याभिर्वषट्कारान् ॥ २० ॥

पुशुभिरिति॑ पुशुभिः॑ । पुशून् । आप्नोति । पुरोडाशैः॑ । हुवीᳬषि॑ । आ । छन्दो॑भिरिति छन्दः॑ऽभिः । सामिधेनीरिति॑ साम्ऽइधेनीः । युाज्याभिः॑ । वुषट्कारानिति॑ वषट्ऽकारान् ॥ २० ॥

पदार्थः—(पशुभिः) गवादिभिः (पशून्) गवादीन् (आप्नोति) (पुरोडाशैः) पचनक्रियासंस्कृतैः (हवींषि) होतुमर्हाणि वस्तूनि (आ) (छन्दोभिः) प्रज्ञापकैर्गायत्र्यादिभिः (सामिधेनीः) सम्यगिध्यन्ते याभिस्ताः सामिधेनीः (याज्याभिः) याभिः क्रियाभिरिज्यन्ते ताभिः (वषट्कारान्) ये वषट्धर्म्यां क्रियां कुर्वन्ति तान् ॥ २० ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा सद्गृहस्थः पशुभिः पशून् पुरोडाशैर्हवींषि छन्दोभिस्सामिधेनीर्याज्याभिर्वषट्कारानाप्नोति तथैतान् यूयमाप्नुत ॥ २० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—योऽत्र बहुपशुर्हविर्भुग्वेदवित्सत्क्रियो मनुष्यो भवेत् स प्रशंसामाप्नोति ॥ २० ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे सद्गृहस्थ (पशुभिः) गवादि पशुओं से (पशून्) गवादि पशुओं को (पुराडाशैः) पचन क्रियाओं से पकेहुए उत्तम पदार्थों से (हवींषि) हवन करने योग्य उत्तम पदार्थों को (छन्दोभिः) गायत्री आदि छन्दों की विद्या से (सामिधेनीः) जिन से अग्निप्रदीप्त हों उन सुन्दर समिधाओं को (याज्याभिः) यज्ञ की क्रियाओं से (वषट्कारान्) जो धर्मयुक्त क्रिया को करते हैं उन को (आ, आप्नोति) प्राप्त होता है वैसे इन को तुम भी प्राप्त होओ ॥ २० ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जो इस संसार में बहुत पशु वाला होम करके हुत शेष का भोक्ता वेदवित् और सत्यक्रिया का कर्त्ता मनुष्य होवे सो प्रशंसा को प्राप्त होता है ॥ २० ॥

धानाः करम्भइत्यस्य हैमवर्चिर्ऋषिः । सोमो देवता ।
अनुष्टुप्छन्दः । गान्धार स्वरः ॥
के पदार्था हविष्या इत्याह ॥
कौन पदार्थ होम के योग्य हैं इस वि० ॥

धानाः करम्भः सक्तवः परीवापः पयो दधि ।
सोमस्य रूपꣳ हविषऽआमिक्षा वाजिनम्मधु ॥२१॥

धानाः । करम्भः । सक्तवः । परीवाप ऽइति परिऽवापः । पयः । दधि । सोमस्य । रूपम् । हविः । आमिक्षा । वाजिनम् । मधु ॥ २१ ॥

पदार्थः—(धानाः) भृष्टयवादयः (करम्भः) करोति मथनं येन सः (सक्तवः) (परीवापः) परितः सर्वतो वापो बीजारोपणं यस्मिन् सः (पयः) दुग्धम् (दधि) (सोमस्य) अभिषोतुमर्हस्य (रूपम्) (हविषः) होतुमर्हस्य (आमिक्षा) दधिदुग्धमिष्टैर्निर्मिता (वाजिनम्) वाजः प्रशस्तान्यन्नानि विद्यन्ते येषु तेषामिदं सारं वस्तु (मधु) मधुरम् ॥ २१ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जैसे अच्छे वैद्य जन उत्तम २ वनस्पतियों से सार ग्रहण के लिये प्रयत्न करते हैं वैसे सब को प्रयत्न करना चाहिये॥६५॥

गोभिरित्यस्य विदर्भिर्ऋषिः। अश्विसरस्वतीन्द्रा देवताः। अनुष्टुप् छन्दः। गांधारः स्वरः॥

पुनस्तमेव विषयमाह॥
फिर उसी वि० ॥

गोभि॒र्न सोम॑मश्विना॒ मास॑रेण प॒रि॒स्रुता॑। सम॑धात॒ꣳ सर॑स्वत्या॒ स्वाहेन्द्रे॑ सु॒तं मधु॑ ॥ ६६ ॥

गोभिः॑। न। सोम॑म्। अ॒श्वि॒ना॒। मास॑रेण। प॒रि॒स्रुतेति॑ परि॒ऽस्रुता॑। सम्। अ॒धा॒त॒म्। सर॑स्वत्या। स्वाहा॑। इन्द्रे॑। सु॒तम्। मधु॑ ॥ ६६ ॥

पदार्थः—(गोभिः) धेनुभिः (न) इव (सोमम्) ओषधिरसम् (अश्विना) सुशिक्षितौ वैद्यौ (मासरेण) प्रमितेन मण्डेन। अत्र माङ् धातोरौणादिकः सरन् प्रत्ययः (परिस्रुता) सर्वतो मधुरादिरसयुक्तेन (सम्) (अधातम्) (सरस्वत्या) सुशिक्षा ज्ञानयुक्तया वाचा (स्वाहा) सत्यया क्रियया (इन्द्रे) सति परमैश्वर्ये (सुतम्) निष्पादितम् (मधु) मधुरादिगुणयुक्तम् ॥ ६६ ॥

अन्वयः—हे अश्विना परिस्रुता मासरेण सरस्व-

त्या स्वाहेन्द्रे गोभिर्दुग्धादि न सुतं मधु सोमं युवां समधातम् ॥ ६६ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०— वैद्याःश्रेष्ठया हस्तक्रियया सर्वौषधिरसं संगृह्णीयुः ॥ ६६ ॥

पदार्थः—हे (अश्विना) अच्छी शिक्षा पाए हुए वैद्यो (मासरेण) प्रमाण युक्त मांड़ (परिस्रुता) सब ओर से मधुर आदि रस से युक्त सरस्वत्या) अच्छी शिक्षा और ज्ञान से युक्त वाणी से और (स्वाहा) सत्यक्रिया से तथा (इन्द्र) परमैश्वर्य के होते (गोभिः) गौओं से दुग्ध आदि पदार्थों को जैसे (न) वैसे (मधु) मधुर आदि गुणों से युक्त (सुतम्) सिद्ध किये (सोमम्) ओषधियों के रस को तुम (समधातम्) अच्छे प्रकार धारण करो ॥ ६६ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—वैद्य लोग उत्तम हस्तक्रिया से सब ओषधियों के रस को ग्रहण करें ॥ ६६ ॥

अश्विनाहविरित्यस्य विदर्भिर्ऋषिः । अश्विसरस्वतीन्द्रा देवताः । भुरिगनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

अश्विना हविरिन्द्रियं नमुचेर्धिया सरस्वती । आ शुक्रमासुराद्वसु मघमिन्द्राय जभ्रिरे ॥ ६७ ॥

अश्विना । हविः । इन्द्रियम् । नमुचेः । धिया । सरस्वती । आ । शुक्रम् । आसुरात् । वसु । मघम् । इन्द्राय । जभ्रिरे ॥ ६७ ॥

पदार्थः—(अश्विना) सुवैद्यौ (हविः) आदातुमर्हम् (इन्द्रियम्) मनआदि (नमुचेः) अविनश्वरात्कारणादुत्पन्नात्कार्यात् (धिया) प्रज्ञया (सरस्वती) (आ) (शुक्रम्) वीर्यम् (आसुरात्) मेघात् (वसु) (मघम्) पूज्यम् (इन्द्राय) ऐश्वर्याय (जभ्रिरे) धरेयुः ॥ ६७ ॥

अन्वयः—अश्विना सरस्वती च धिया नमुचेर्हविरिन्द्रियमासुराच्छुक्रं मघं वस्विन्द्रायाजभ्रिरे ॥ ६७ ॥

भावार्थः—स्त्रीपुरुषैरैश्वर्यसुखप्राप्तय औषधानि संसेव्यानि ॥ ६७ ॥

पदार्थः—(अश्विना) अच्छे वैद्य और (सरस्वती) अच्छी शिक्षायुक्त स्त्री (धिया) बुद्धि से (नमुचेः) नाशरहित कारण से उत्पन्न हुए कार्य से (हविः) ग्रहण करने योग्य (इन्द्रियम्) मन को (आसुरात्) मेघ से (शुक्रम्) पराक्रम और (मघम्) पूज्य (वसु) धन को (इन्द्राय) ऐश्वर्य के लिये (आजभ्रिरे) धारण करें ॥ ६७ ॥

भावार्थः—स्त्री और पुरुषों को चाहिये कि ऐश्वर्य से सुख की प्राप्ति के लिये ओषधियों का सेवन किया करें ॥ ६७ ॥

यमित्यस्य विदर्भिर्ऋषिः । अश्विसरस्वतीन्द्रा देवताः । अनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

यमश्विना सरस्वती हविषेन्द्रमवर्-

द्धर्यन्। स बिभेद बलं मघं नमुचावासुरे सचा ॥ ६८ ॥

यम्। अश्विना। सरस्वती। हविषा। इन्द्रम्। अवर्द्धयन्। सः। बिभेद। बलम्। मघम्। नमुचौ। आसुरे। सचा ॥ ६८ ॥

पदार्थः—(यम्) (अश्विना) अध्यापकोपदेशकौ (सरस्वती) विदुषी स्त्री (हविषा) सुसंस्कृतहोमसामग्र्या (इन्द्रम्) ऐश्वर्यम् (अवर्द्धयन्) वर्द्धयन्तु (सः) (बिभेद) भिन्द्यात् (बलम्) (मघम्) परमपूज्यम् (नमुचौ) अविनाशिकारणे (आसुरे) असुरे मेघे भवे (सचा) संयुक्तौ ॥ ६८ ॥

अन्वयः—सचाऽश्विना सरस्वती च नमुचावासुरे हविषा यमिन्द्रमवर्द्धयन् स मघं बलं बिभेद ॥ ६८ ॥

भावार्थः—यद्योषधिरसं क्रियागुणैरुत्तमं कुर्युस्तर्हि स रोगहन्ता स्यात् ॥ ६८ ॥

पदार्थः—(सचा) संयोग किये हुए (अश्विना) अध्यापक और उपदेशक तथा (सरस्वती) विदुषी स्त्री (नमुचौ) नाशरहित कारण से उत्पन्न (आसुरे) मेघ में होने के निमित्त घरमें (हविषा) अच्छी बनाई हुई होम की सामग्री से (यम्) जिस (इन्द्रम्) ऐश्वर्य को (अवर्द्धयन्) बढ़ाते (सः) वह (मघम्) परमपूज्य (बलम्) बल का (बिभेद) भेदन करे ॥ ६८ ॥

भावार्थः—जो ओषधियों के रस को कर्त्तव्यता के गुणों से उत्तम करें वह रोग का नाश करने हारा होवे ॥ ६८ ॥

तमित्यस्य विदर्भिर्ऋषिः । अश्विसरस्वतीन्द्रा देवताः ।
निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

अथ विद्वद्विषयमाह ॥

अब विद्वानों के वि० ॥

तमिन्द्रं॑ प॒शव॒: स॒चाश्विनो॒भा सर॑स्वती । दधा॑ना अ॒भ्य॒नूषत ह॒विषा॑ य॒ज्ञ इ॑न्द्रि॒यैः ॥ ६९ ॥

तम् । इन्द्र॑म् । प॒शव॑: । स॒चा । अ॒श्विना॑ । उ॒भा । सर॑स्वती । दधा॑नाः । अ॒भि । अ॒नू॒षत॒ । ह॒विषा॑ । य॒ज्ञे । इ॒न्द्रि॒यैः ॥ ६९ ॥

पदार्थः—(तम्) (इन्द्रम्) बलादिगुणधारकं सोमम् (पशवः) गवादयः (सचा) विद्यासमवेतौ (अश्विना) वैद्यकविद्यानिपुणावध्यापकोपदेशकौ (उभा) द्वौ (सरस्वती) सत्यविज्ञानयुक्ता (दधानाः) धरन्तः (अभि) सर्वतः (अनूषत) प्रशंसत (हविषा) सामग्र्या (यज्ञे) इन्द्रियैः) धनैः ॥ ६९ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या सचाश्विनोभा इन्द्रियैर्यमिन्द्रं दध्याताम् तं सरस्वती दध्यात् यं च पशवो दध्युस्तं हविषा दधानाः सन्तो यज्ञेऽभ्यनूषत ॥ ६९ ॥

भावार्थः—ये धर्माचरणाद् धनेन धनं वर्द्धयन्ति ते प्रशंसां प्राप्नुवन्ति ॥ ६९ ॥

पदार्थः—हे मनुष्य लोगो (सत्या) विद्या से युक्त (अश्विना) वैद्यक विद्या में चतुर अध्यापक और उपदेशक (उभा) दोनों (इन्द्रियैः) धनों से जिस (इन्द्रम्) बल आदि गुणों के धारण करने हारे सोम को धारण करें (तम्) उस को (सरस्वती) सत्य विज्ञान से युक्त स्त्री धारण करे और जिस को (पशवः) गौ आदि पशु धारण करें उस को (हविषा) सामग्री से (दधानाः) धारण करते हुए जन (यज्ञे) यज्ञ में (अभ्यनूषत) सब ओर से प्रशंसा करें ॥ ६९ ॥

भावार्थः—जो लोग धर्म्म के आचरण से धन के साथ धन को बढ़ाते हैं वे प्रशंसा को प्राप्त होते हैं ॥ ६९ ॥

य इत्यस्य विदर्भिर्ऋषिः । इन्द्रसवितृवरुणा देवताः ।

अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

यऽइन्द्रऽइन्द्रियं दधुः सविता वरुणो भगः । स सुत्रामा हविष्पतिर्यजमानाय सश्चत ॥ ७० ॥

ये । इन्द्रे । इन्द्रियम् । दधुः । सविता । वरुणः । भगः । सः । सुत्रामेति सुऽत्रामा । हविष्पतिः । हविःपतिरिति हविःऽपतिः । यजमानाय । सश्चत ॥ ७० ॥

पदार्थः—(ये) (इन्द्रे) ऐश्वर्ये (इन्द्रियम्) धनम् (दधुः) (सविता) ऐश्वर्यमिच्छुकः (वरुणः) श्रेष्ठः (भगः) भजनीयः (सः) (सुत्रामा) सुष्ठुरक्षकः (हविष्पतिः) हविषां पालकः (यजमानाय) यज्ञाऽनुष्ठात्रे (सश्चत) भजतु । षच सेवने लोडर्थे लङ् सुमागमोऽडभावश्च छान्दसः ॥ ७० ॥

अन्वयः—हे विद्वन् य इन्द्र इन्द्रियं दधुस्ते सुखिनः स्युरतो यो भगो वरुणः सविता सुत्रामा हविष्पतिर्जनो यजमानायेन्द्रियं सश्चत सेवते स प्रतिष्ठां प्राप्नुयात् ॥ ७० ॥

भावार्थः—यथा पुरोहितो यजमानस्यैश्वर्यं वर्द्धयति तथा यजमानोपि पुरोहितस्य धनं वर्द्धयेत् ॥ ७० ॥

पदार्थः—हे विद्वन् (ये) जो लोग (इन्द्रे) ऐश्वर्य्य में (इन्द्रियम्) धन को (दधुः) धारण करें वे सुखी होवें । इस कारण जो (भगः) सेवा करने के योग्य (वरुणः) श्रेष्ठ (सविता) ऐश्वर्य्य की इच्छा से युक्त (सुत्रामा) अच्छे प्रकार रक्षक (हविष्पतिः) होम करने योग्य पदार्थों की रक्षा करने हारा मनुष्य (यजमानाय) यज्ञ करने हारे के लिये धन को (सश्चत) सेवे (सः) वह प्रतिष्ठा को प्राप्त होवे ॥ ७० ॥

भावार्थः—जैसे पुरोहित यजमान के ऐश्वर्य को बढ़ाता है वैसे यजमान भी पुरोहित के धन को बढ़ावे ॥ ७० ॥

सवितेत्यस्य विदर्भिर्ऋषिः । इन्द्रसवितृवरुणा देवताः ।
अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि०

सविता वरुणो दधद्यजमानाय दाशुषे । आदत्त नमुचेर्वसु सुत्रामा बलमिन्द्रियम् ॥ ७१ ॥

सविता । वरुणः । दधत् । यजमानाय । दाशुषे । आ । अदत्त । नमुचेः । वसु । सुत्रामेति सुऽत्रामा । बलम् । इन्द्रियम् ॥ ७१ ॥

पदार्थः--(सविता) प्रेरकः (वरुणः) उत्तमः (दधत्) धारणं कुर्वन् (यजमानाय) संगच्छमानाय (दाशुषे) दात्रे (आ) (अदत्त) आददात (नमुचेः) धर्ममत्यजतः (वसु) द्रव्यम् (सुत्रामा) सुष्ठुरक्षकः (बलम्) (इन्द्रियम्) सुशिक्षितं मनः ॥ ७१ ॥

अन्वयः—वरुणस्सविता सुत्रामा दाशुषे यजमानाय वसु दधत् सन् नमुचेर्बलमिन्द्रियमादत्त ॥ ७१ ॥

भावार्थः--दातारं संसेव्य ततः पदार्थान् प्राप्य यः सर्वस्य बलं वर्द्धयति स बलवाञ्जायते ॥ ७१ ॥

पदार्थः—(वरुणः) उत्तम (सविता) प्रेरक (सुत्रामा) और अच्छे प्रकार रक्षा करने हारा जन (दाशुषे) देने वाले (यजमानाय) यजमान के लिये (वसु) द्रव्य को (दधत्) धारण करता हुआ (नमुचेः) धर्म को नहीं छोड़ने वाले के (बलम्) बल और (इन्द्रियम्) अच्छी शिक्षा से युक्त मन का (आ, अदत्त) अच्छे प्रकार ग्रहण करे ॥ ७१ ॥

भावार्थः—देने वाले पुरुष की अच्छे प्रकार सेवा कर के उस से अच्छे पदार्थों को प्राप्त होकर जो सब के बल को बढ़ाता है वह बलवान् होता है ॥७१॥

वरुणइत्यस्यविदर्भिर्ऋषिः । इन्द्रसवितृवरुणा देवताः । अनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

वरु॑णः क्ष॒त्रमि॑न्द्रि॒यं भगे॑न सवि॒ता श्रिय॑म् । सु॒त्रामा॒ यश॑सा॒ बलं॒ दधा॑ना य॒ज्ञमा॑शत ॥ ७२ ॥

वरु॑णः । क्ष॒त्रम् । इ॒न्द्रि॒यम् । भगे॑न । स॒वि॒ता । श्रिय॑म् । सु॒त्रामेति॑ सु॒ऽत्रामा॑ । यश॑सा । बल॑म् । दधा॑नाः । य॒ज्ञम् । आ॒श॒त॒ ॥ ७२ ॥

पदार्थः—(वरुणः) उत्तमपुरुषः (क्षत्रम्) राज्यम् (इन्द्रियम्) मनआदिकम् (भगेन) ऐश्वर्येण (सविता) ऐश्वर्योत्पादकः (श्रियम्) राज्यलक्ष्मीम् (सुत्रामा) सुष्ठुत्राता (यशसा) कीर्त्या (बलम्) (दधानाः) (यज्ञम्) (आशत) व्याप्नुत ॥ ७२ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा वरुणः सविता सुत्रामा सूद्योगी सभेशो भगेन सह वर्त्तमानं क्षत्र मिन्द्रियं श्रियं यज्ञं च प्राप्नोति तथा यशसा बलं दधानाः सन्तो यूयमाशत ॥ ७२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—ऐश्वर्येण विना राज्यं राज्येन विना श्रीः श्रिया विनोपभोगाश्च न प्राप्यन्ते तस्मान्नित्यं पुरुषार्थेन वर्त्तितव्यम् ॥ ७२ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे (वरुणः) उत्तम पुरुष (सविता) ऐश्वर्योत्पादक (सुत्रामा) अच्छे प्रकार रक्षा करने हारा सभा का अध्यक्ष (भगेन) ऐश्वर्य्य के साथ वर्त्तमान (क्षत्रम्) राज्य और (इन्द्रियम्) मन आदि (श्रियम्) राज्यलक्ष्मी और (यज्ञम्) यज्ञ को प्राप्त होता है वैसे (यशसा) कीर्ति के साथ (बलम्) बल को (दधानाः) धारण करते हुए तुम (आगत) प्राप्त होओ ॥ ७२ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—ऐश्वर्य के विना राज्य राज्य के विना राज्यलक्ष्मी और राज्यलक्ष्मी के विना भोग प्राप्त नहीं होते इसलिये नित्य पुरुषार्थ करना चाहिये ॥ ७२ ॥

अश्विनेत्यस्य विदर्भिर्ऋषिः । अश्विसरस्वतीन्द्रा देवताः । निचृदनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

अश्विना गोभिरिन्द्रियमश्वेभिर्वीर्यं बलम् । हविषेन्द्रꣳ सरस्वती यजमानमवर्द्धयन् ॥ ७३ ॥

अश्विना । गोभिः । इन्द्रियम् । अश्वेभिः । वीर्य्यम् । बलम् । हविषा । इन्द्रम् । सरस्वती । यजमानम् । अवर्द्धयन् ॥ ७३ ॥

पदार्थः—(अश्विना) अध्यापकोपदेशकौ (गोभिः) सुशिक्षिताभिर्वाणीभिः पृथिवीधेनुभिर्वा (इन्द्रियम्) धनम् (अश्वेभिः) सुशिक्षितैस्तुरङ्गादिभिः (वीर्यम्) पराक्रम् (बलम्) (हविषा) उपादत्तेन पुरुषार्थेन (इन्द्रम्) ऐश्वर्ययुक्तम् (सरस्वती) सुशिक्षिता विदुषी स्त्री (यजमानम्) सत्यानुष्ठानस्य यज्ञस्य कर्त्तारम् (अवर्द्धयन् ॥ ७३ ॥

अन्वयः--अश्विना सरस्वती च गोभिरश्वेभिर्हविषेन्द्रियं वीर्यं बलमिन्द्रं यजमानमवर्द्धयन् ॥ ७३ ॥

भावार्थः--ये येषां समीपे निवसेयुस्तेषां योग्यतास्ति ते तान् सर्वैः शुभगुणकर्मभिरैश्वर्यादिना च समुन्नयेयुः ॥ ७३ ॥

पदार्थः—(अश्विना) अध्यापक उपदेशक और (सरस्वती) सुशिक्षा युक्त विदुषी स्त्री (गोभिः) अच्छे प्रकार शिक्षायुक्त वाणी वा पृथिवी और गौओं तथा (अश्वेभिः) अच्छे प्रकार शिक्षा पाये हुए घोड़ों और (हविषा) अंगीकार किये हुए पुरुषार्थ से (इन्द्रियम्) धन (वीर्यम्) पराक्रम (बलम्) बल और (इन्द्रम्) ऐश्वर्य युक्त (यजमानम्) सत्य अनुष्ठानरूप यज्ञ के करने हारे को (अवर्द्धयन्) बढ़ावें ॥ ७३ ॥

भावार्थः— जो लोग जिन के समीप रहें उन को योग्य है कि वे उन को सब अच्छे गुणकर्मों और ऐश्वर्य आदि से उन्नति को प्राप्त करें ॥ ७३ ॥

ता नासत्येत्यस्य विदर्भिर्ऋषिः । अश्विसरस्वतीन्द्रा देवताः । निचृदनुष्टुप् छन्दः । गांधारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

ता नासत्या सुपेशसा हिरण्यवर्त्तनी नरा । सरस्वती हविष्मतीन्द्र कर्मसु नोऽवत ॥ ७४ ॥

ता । नासत्या । सुपेशसेति सुऽपेशसा । हिरण्यवर्त्तनीऽइति हिरण्यऽवर्त्तनी । नरा । सरस्वती । हविष्मती । इन्द्र । कर्मस्विति कर्मऽसु । नः । अवत ॥ ७४ ॥

पदार्थः—(ता) तौ (नासत्या) असत्याचरणरहितौ (सुपेशसा) सुरूपौ (हिरण्यवर्त्तनी) यौ हिरण्यं सुवर्णं वर्त्तयतस्तौ (नराः) सर्वगुणानां नेतारौ (सरस्वती) विज्ञानवती (हविष्मती) प्रशस्तानि हवींष्यादातुमर्हाणि विद्यन्ते यस्याः सा (इन्द्र) ऐश्वर्यवन् (कर्मसु) (नः) अस्मान् (अवत) ॥ ७४ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र विद्वांस्ता नासत्या सुपेशसा हिरण्यवर्त्तनी नराऽध्यापकोपदेशकौ हविष्मती सरस्वती स्त्री त्वं च कर्मसु नोऽवत ॥ ७४ ॥

भावार्थः—यथा विद्वांसोऽध्यापनोपदेशैः सर्वान् दुष्टकर्मभ्यो निवर्त्य श्रेष्ठेषु कर्मसु प्रवर्त्य रक्षन्ति तथैवैते सर्वै रक्षणीयाः ॥ ७४ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) ऐश्वर्य वाले विद्वन् (ता) वे (नासत्या) असत्य आचरण से रहित (सुपेशसा) अच्छे रूप युक्त (हिरण्यवर्त्तनी) सुवर्ण का वर्त्ताव करने हारे (नरा) सर्वगुण प्रापक पढ़ाने और उपदेश करने वाले (हविष्मती) उत्तम ग्रहण करने योग्य पदार्थ जिस के विद्यमान वह (सरस्वती) विदुषी स्त्री और आप (कर्मसु) कर्मों में (नः) हमारी (अवत) रक्षा करो ॥ ७४ ॥

भावार्थः—जैसे विद्वान् पुरुष पढ़ने और उपदेश से सब को दुष्ट कर्मों से दूर करके अच्छे कर्मों में प्रवृत्त कर रक्षा करते हैं वैसे ही ये सब के रक्षा करने के योग्य हैं ॥ ७४ ॥

ताभिषजेत्यस्य विदर्भिर्ऋषिः । अश्विसरस्वतीन्द्रा-
देवताः । अनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

ता भिषजा सुकर्मणा सा सुदुघा स-
रस्वती । स वृत्रहा शतक्रतुरिन्द्राय
दधुरिन्द्रियम् ॥ ७५ ॥

ता । भिषजा । सुकर्मणेति सुऽकर्मणा । सा ।
सुदुघेति सुऽदुघा । सरस्वती । सः । वृत्रहेति वृ-
त्रऽहा । शतक्रतुः । इन्द्राय । दधुः । इन्द्रियम् ॥७५॥

पदार्थः—(ता) तौ (भिषजा) शरीरात्मरोग-
निवारकौ (सुकर्मणा) सुष्ठुधर्म्यया क्रियया (सा) (सु-
दुघा) कामान् या सुष्ठु दोग्धि प्रपूर्त्ति सा (सरस्वती) पू-
र्णविद्यायुक्ता (सः) (वृत्रहा) यो वृत्रं मेघं हन्ति स
सूर्यः (शतक्रतुः) अतुलप्रज्ञः (इन्द्राय) ऐश्वर्याय (दधुः)
दध्यासुः (इन्द्रियम्) धनम् ॥ ७५ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा ता भिषजा सुकर्मणा सा
सुदुघा सरस्वती स वृत्रहेव शतक्रतुश्चेन्द्रायेन्द्रियं दधुस्तथा
यूयमप्याचरत ॥ ७५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—अस्मिञ् जगति यथा
विद्वांसः श्रेष्ठाचारिवत्प्रयत्य विद्याधने समुन्नयन्ति तथा
सर्वे मनुष्याः कुर्य्युः ॥ ७५ ॥

पदार्थः—हे मनुष्य लोगो जैसे (ता) वे (भिषजा) शरीर और आत्मा के रोगों के निवारण करने हारे (सुकर्मणा) अच्छी धर्मयुक्त क्रिया से युक्त दो वैद्य (सा) वह (सुदुघा) अच्छे प्रकार इच्छा को पूरण करने हारी (सरस्वती) पूर्ण विद्या से युक्त स्त्री और (सः) वह (वृत्रहा) जो मेघ का नाश करता है उस सूर्य के समान (शतक्रतुः) अत्यन्त बुद्धिमान् (इन्द्राय) ऐश्वर्य्य के लिये (इन्द्रियम्) धन को (दधुः) धारण करें वैसे तुम भी आचरण करो ॥ ७५ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जगत् में जैसे विद्वान् लोग उत्तम आचरण वाले पुरुष के समान प्रयत्न करके विद्या और धन को बढ़ाते हैं वैसे सब मनुष्य करें ॥ ७५ ॥

युवमित्यस्य विदर्भिर्ऋषिः । अश्विसरस्वतीन्द्रा देवताः । विराडनुष्टुप् छन्दः ॥ गान्धारः स्वरः ॥

पुनः प्रकारान्तरेण विद्वद्विषयमाह ॥

फिर प्रकारान्तर से विद्वानों के वि० ॥

युवꣳ सुराममश्विना नमुचावासुरे सचा । विपिपानाः सरस्वतीन्द्रं कर्मस्वावत ॥ ७६ ॥

युवम् । सुरामम् । अश्विना । नमुचौ । आसुरे । सचा । विपिपाना इति विऽपिपानाः । सरस्वति । इन्द्रम् । कर्म्मस्विति कर्मऽसु । आवत ॥ ७६ ॥

पदार्थः—(युवम्) युवाम् (सुरामम्) सुष्ठुरम्यम् (अश्विना) रक्षादिकर्मव्यापिनौ (नमुचौ) प्रवाहेण नित्यस्वरूपे (आसुरे) असुरो मेघ एव तस्मिन् (सचा)

समवेताः (विपिपानाः) विविधरक्षादिकर्त्तारः । अत्र व्यत्ययेन लुग्विषये श्लुरात्मनेपदं च बहुलं छन्दसीतीत्वम् (सरस्वति) या प्रशस्तविज्ञानयुक्ता प्रजा तत्सम्बुद्धौ (इन्द्रम्) परमैश्वर्यम् (कर्मसु) (आवत) पालयत ॥७६॥

अन्वयः—हे अश्विना सचा युवं हे सरस्वती त्वं च यथा नमुचावासुरे कर्मसु सुराममिन्द्रमावत तथा विपिपाना अप्याचरत ॥ ७६ ॥

भावार्थः—ये पुरुषार्थेन महदैश्वर्यं प्राप्य धनं सुरक्ष्याऽऽनन्दं भुञ्जते ते सदैव वर्द्धन्ते ॥ ७६ ॥

पदार्थः—हे (अश्विना) पालन आदि कर्म करने हारे अध्यापक और उपदेशक (सचा) मिले हुए (युवम्) तुम दोनों और हे (सरस्वती) अतिश्रेष्ठ विज्ञान वाली प्रजा तू जैसे (नमुचौ प्रवाह से नित्यस्वरूप (आसुरे) मेघ में और (कर्मसु) कर्मों में (सुरामम्) अति सुन्दर (इन्द्रम्) परमैश्वर्य का (आवत) पालन करते हो वैसे (विपिपानाः) नाना प्रकार से रक्षा करने हारे होते हुए आचरण करो ॥ ७६ ॥

भावार्थः—जो लोग पुरुषार्थ से बड़े ऐश्वर्य को प्राप्त हो कर धन की रक्षा करके आनन्द को भोगते हैं वे सदा ही बढ़ते हैं ॥ ७६ ॥

पुत्रमित्यस्य विदर्भिर्ऋषिः । अश्विसरस्वतीन्द्रा देवताः । विराडनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनः प्रकारान्तरेण विद्वद्विषयमाह ॥

फिर प्रकारान्तर से विद्वानों के वि० ॥

पुत्रमिव पितरावश्विनोभेन्द्रावथुः काव्यैर्द॑ꣳसनाभिः । यत्सुरामं व्यपिबः शचीभिः सरस्वती त्वा मघवन्नभिष्णक् ॥ ७७ ॥

पुत्रमिवेति पुत्रम्ऽइव । पितरौ । अश्विना । उभा । इन्द्र । आवथुः । काव्यैः । दꣳसनाभिः । यत् । सुरामम् । वि । अपिबः । शचीभिः । सरस्वती । त्वा । मघवन्निति मघऽवन् । अभिष्णक् ॥७७॥

पदार्थः—(पुत्रमिव) (पितरौ) (अश्विनौ) अध्यापकोपदेशकौ (उभा) (इन्द्र) विद्यैश्वर्ययुक्त विद्वन् (आवथुः) रक्षताम् । पुरुषव्यत्ययः (काव्यैः) कविभिर्निर्मितैः (दंसनाभिः) कर्मभिः (यत्) (सुरामम्) सुष्ठु रमन्ते यस्मिन् तत् (वि) (अपिबः) पिबेः (शचीभिः) प्रज्ञाभिः (सरस्वती) सुशिक्षिता स्त्री (त्वा) त्वाम् (मघवन्) पूजितधनयुक्त (अभिष्णक्) उपसेवेत । अत्र भिष्णज् उपसेवायामित्यस्य कण्ड्वादेर्लेङि यको व्यत्ययेन लुक् ॥ ७७ ॥

अन्वयः—हे मघवन्निन्द्र त्वं शचीभिर्यत् सुरामं व्यपिबस्तत् सरस्वती त्वाभिष्णगुभाश्विना काव्यैर्दंसनाभिः पितरौ पुत्रमिवत्वामाऽवथुः ॥ ७७ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यथा मातापितरौ स्वसन्तानान् रक्षित्वा नित्यमुन्नयेतां तथाऽध्यापकोपदेशकाः शिष्यान् सुरक्ष्य विद्यया वर्द्धयेयुः ॥ ७७ ॥

पदार्थः—हे (मघवन्) उत्तम धन (इन्द्र) विद्या और ऐश्वर्य्य युक्त विद्वन् तू (शचीभिः) बुद्धियों के साथ (यत्) जिस से (सुरामम्) अति रमणीय महौषधि के रस को (व्यपिबः) पीता है इस से सरस्वती उत्तम शिक्षावती

स्त्री (त्वा) तुझ को (अभिष्णक्) समीप सेवन करे (उभा) दोनों (अश्विना) अध्यापक और उपदेशक (काव्यैः) कवियों के किये हुए (दंसनाभिः) कर्मों से जैसे (पितरौ) माता पिता (पुत्रमिव) पुत्र का पालन करते हैं वैसे तेरी (आवथुः) रक्षा करें ॥ ७७ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०— जैसे माता पिता अपने सन्तानों की रक्षा करके सदा बढ़ावें वैसे अध्यापक और उपदेशक शिष्य की रक्षा कर के विद्या से बढ़ावें ॥ ७७ ॥

यस्मिन्नित्यस्य विदर्भिर्ऋषिः । अग्निर्देवता ।

जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

यस्मिन्नश्वास ऋषभास उक्षणो वशा मेषा अवसृष्टास आहुताः । कीलालपे सोमपृष्ठाय वेधसे हृदा मतिं जनय चारुमग्नये ॥ ७८ ॥

यस्मिन् । अश्वासः । ऋषभासः । उक्षणः । वशाः । मेषाः । अवसृष्टास इत्यवऽसृष्टासः । आहुता इत्याऽहुताः । कीलालप इति कीलालऽपे । सोमपृष्ठायेति सोमऽपृष्ठाय वेधसे । हृदा । मतिम् । जनय । चारुम् । अग्नये ॥ ७८ ॥

पदार्थः—(यस्मिन्) व्यवहारे (अश्वासः) वाजिनः (ऋषभासः) वृषभाः (उक्षणः) सेक्तारः (वशाः) वन्ध्या गावः (मेषाः) अवयः (अवसृष्टासः) सुशिक्षिताः (आहुताः) समन्ताद्गृहीताः (कीलालपे) यः कीलालमन्नरसं पिबति तस्मै (सोमपृष्ठाय) सोमः पृष्ठो येन तस्मै (वेधसे) मेधाविने (हृदा) अन्तःकरणेन (मतिम्) बुद्धिम् (जनय) (चारुम्) श्रेष्ठाम् (अग्नये) अग्निवत्प्रकाशमानाय जनाय ॥ ७८ ॥

अन्वयः—हे विद्वन्नश्वास ऋषभास उक्षणो वशा मेषा अवसृष्टास आहुतास्सन्तो यस्मिन् कार्यकराः स्युस्तस्मिँस्त्वं हृदा सोमपृष्ठाय कीलालपे वेधसेऽग्नये चारु मतिं जनय ॥ ७८ ॥

भावार्थः—पशवोऽपि सुशिक्षितास्सन्त उत्तमानि कार्य्याणि कुर्वन्ति किं पुनर्विद्याशिक्षायुक्ता जनाः सर्वाण्युत्तमानि कार्याणि साद्धुन्नशक्नुवन्ति ॥ ७८ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् (अश्वासः) घोड़े और (ऋषभासः) उत्तम बैल तथा (उक्षणः) अति बली वीर्य के सेचन करने हारे बैल (वशाः) वन्ध्या गायें और (मेषाः) मेढ़ा (अवसृष्टासः) अच्छे प्रकार शिक्षा पाये और (आहुताः) सब ओर से ग्रहण किये हुए (यस्मिन्) जिस व्यवहार में काम करने हारे हों उस में तू (हृदा) अन्तःकरण से (सोमपृष्ठाय) सोम विद्या को पूछने और (कीलालपे) उत्तम अन्न के रस को पीने हारे (वेधसे) बुद्धिमान् (अग्नये) अग्नि के समान प्रकाशमान जन के लिये (चारुम्) अति उत्तम (मतिम्) बुद्धि को (जनय) प्रगट कर ॥ ७८ ॥

भावार्थः—पशु भी सुशिक्षापाये हुये उत्तम कार्य सिद्ध करते हैं क्या फिर विद्या की शिक्षा से युक्त मनुष्य लोग सब उत्तम कार्य सिद्ध नहीं कर सकते ? ॥ ७८ ॥

अहावीत्यस्य विदर्भिर्ऋषिः । अग्निर्देवता ।
भुरिक्पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

अहाव्यग्ने हविरास्ये ते स्रुचीव घृतं चम्वीव सोमः । वाजसनिᳬं रयिमस्मे सुवीरं प्रशस्तं धेहि यशसं बृहन्तम् ॥७९॥

अहावि । अग्ने । हविः । आस्ये । ते । स्रुचीवेति स्रुचिऽइव । घृतम् । चम्वीवेति चम्वीऽइव । सोमः । वाजसनिमिति वाजऽसनिम् । रयिम् । अस्मेऽइत्यस्मे । सुवीरमिति सुऽवीरम् । प्रशस्तमिति प्रऽशस्तम् । धेहि । यशसम् । बृहन्तम् ॥ ७९ ॥

पदार्थः—(अहावि) हूयते (अग्ने) विद्वन् (हविः) होतुमर्हम् (आस्ये) मुखे (ते) तव (स्रुचीव) यथा स्रुङ्मुखे (घृतम्) आज्यम् (चम्वीव) यथा चम्वौ यज्ञपात्रे (सोमः) ऐश्वर्यसम्पन्नः (वाजसनिम्) वाजस्य सनिर्विभागो यस्य तस्मिन् (रयिम्) राज्यश्रियम् (अस्मे) अस्मासु (सुवीरम्) शोभना वीरा यस्मात्तम् (प्रशस्तम्) उत्कृष्टम् (धेहि) (यशसम्) कीर्त्तिकरम् (बृहन्तम्) महान्तम् ॥ ७९ ॥

अन्वयः—हे अग्ने विद्वन्! येन त्वया सोमो हविस्त आस्ये घृतं स्रुचीव चर्व्वीव हविरह्वावि स त्वमस्मे प्रशस्तं सुवीरं वाजसनिं यशसं बृहन्तं रयिं धेहि ॥ ७९ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालंकारः—गृहस्थैस्तेषामेव भोजनादिना सत्कारः कर्त्तव्यो येऽध्यापनोपदेशसुकर्मानुष्ठानैर्जगति बलवीर्यकीर्त्तिधनविज्ञानानि वर्द्धयेयुः ॥ ७९ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) उत्तम विद्यायुक्त पुरुष जिस तूने (सोमः) ऐश्वर्य युक्त (हविः) होम करने योग्य वस्तु (ते) तेरे (आस्ये) मुख में (घृतम्, स्रुचीव) जैसे घृत स्रुच् के मुख में और (चर्व्वीव) जैसे यज्ञ के पात्र में होम के योग्य वस्तु वैसे (अह्वावि) होमा है वह तू (अस्मे) हम लोगों में (प्रशस्तम्) बहुत उत्तम (सुवीरम्) अच्छे वीर पुरुषों के उपयोगी और (वाजसनिम्) अन्न विज्ञान आदि गुणों का विभाग (यशसम्) कीर्त्ति करने हारी (बृहन्तम्) बड़ी (रयिम्) राज्यलक्ष्मी को (धेहि) धारण कर ॥ ७९ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उमालंकार है—गृहस्थ पुरुषों को चाहिये कि उन्हीं का भोजन आदि मे सत्कार करें जो लोग पढ़ाना उपदेश और अच्छे कर्मों के अनुष्ठान से जगत में बल,पराक्रम, यश, धन और विज्ञान को बढ़ावें ॥ ७९ ॥

अश्विनेत्यस्य विदर्भिर्ऋषिः । अश्विसरस्वतीन्द्रा देवताः। विराडनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

अश्विना तेजसा चक्षुः प्राणेन सरस्वती वीर्यम् । वाचेन्द्रो बलेनेन्द्राय दधुरिन्द्रियम् ॥ ८० ॥

अश्विना । तेजसा । चक्षुः । प्राणेन । सरस्वती । वीर्यम् । वाचा । इन्द्रः । बलेन । इन्द्राय । दधुः । इन्द्रियम् ॥ ८० ॥

पदार्थः--(अश्विना) अध्यापकोपदेशकौ (तेजसा) प्रकाशेन (चक्षुः) प्रत्यक्षं चक्षुः (प्राणेन) जीवनेन (सरस्वती) विद्यावती (वीर्यम्) पराक्रमम् (वाचा) वाण्या (इन्द्रः) सभेशः (बलेन) (इन्द्राय) जीवाय (दधुः) धरेयुः (इन्द्रियम्) इन्द्रस्य जीवस्य लिङ्गम् ॥ ८० ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा सरस्वती अश्विनेन्द्रश्चेन्द्राय प्राणेन वीर्यं तेजसा चक्षुर्वाचा बलेनेन्द्रियं दधुस्तथा धरन्तु ॥ ८० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—मनुष्या यथा यथा विद्वत्संगेन विद्यां वर्द्धयेयुस्तथा तथा विज्ञानरुचयः स्युः ॥ ८० ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे (सरस्वती) विद्यावती स्त्री (अश्विना) अध्यापक और उपदेशक और (इन्द्रः) सभा का अधिष्ठाता (इन्द्राय) जीव के लिये (प्राणेन) जीवन के साथ (वीर्यम्) पराक्रम और (तेजसा) प्रकाश से (चक्षुः) प्रत्यक्ष नेत्र (वाचा) वाणी और (बलेन) बल से (इन्द्रियम्) जीव के चिह्न को (दधुः) धारण करें वैसे तुम भी धारण करो ॥ ८० ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—मनुष्य लोग जैसे २ विद्वानों के संग से विद्या को बढ़ावें वैसे २ विज्ञान में रुचि वाले होवें ॥ ८० ॥

गोमदूष्विति गृत्समद ऋषिः । अश्विनौ देवते । विराड् गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

अथ विद्वद्विषये पश्वादिभिः पालनाविषयमाह ॥

अथ विद्वानों के विषयमें पशु आदिकों से पालना वि० ॥

गोमदूषु नासत्याश्वावद्यातमश्विना । वर्त्ती रुद्रा नृपाय्यम् ॥ ८१ ॥

गोमदिति गोऽमत् । ऊँऽइत्यूँ । सु । नासत्या । अश्वावत् । अश्ववदित्यश्वऽवत् । यातम् । अश्विना । वर्त्तिः । रुद्रा । नृपाय्यमिति नृऽपाय्यम् ॥ ८१ ॥

पदार्थः—(गोमत्) गावो विद्यन्ते यस्मिंस्तत् (उ) वितर्के (सु) (नासत्या) सत्यव्यवहारयुक्तौ (अश्वावत्) प्रशस्ततुरङ्गयुक्तम् । अत्र सोमाश्वेन्द्रिय० इति दीर्घः (यातम्) प्राप्नुतम् (अश्विना) विद्यावृद्धौ (वर्त्तिः) वर्त्तमानं मार्गम् (रुद्रा) दुष्टानां रोदयितारौ (नृपाय्यम्) नृणां पाय्यं मानम् ॥ ८१ ॥

अन्वयः—हे नासत्या रुद्राश्विना यथा युवां गोमद्वर्त्तिरु अश्वावन्नृपाय्यं सुयातं तथा वयमपि प्राप्नुयाम ॥ ८१ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—गोऽश्वहस्तिप्रभृतिभिः पालितैः पशुभिः स्वकीयमन्यदीयं च पालनं मनुष्यैः कार्य्यम् ॥ ८१ ॥

पदार्थः—हे (नासत्या) सत्य व्यवहार से युक्त (रुद्रा) दुष्टों को रोदन कराने हारे (अश्विना) विद्या से बढ़ेहुए लोगों तुम जैसे (गोमत्) गौ जिस में विद्यमान उस (वर्त्तिः) वर्त्तमान मार्ग (च) और (अश्वावत्) उत्तम घोड़ों से युक्त (नृपाय्यम्) मनुष्यों के मान के (सुयातम्) अच्छे प्रकार प्राप्त होओ वैसे हम लोग भी प्राप्त होवें ॥ ८१ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—गाय, घोड़ा, हाथी, आदि पालन किये पशुओं से अपनी और दूसरे की मनुष्यों को पालना करनी चाहिये ॥८१॥

नयदित्यस्य गृत्समद ऋषिः । अश्विनौ देवते ।
विराड्गायत्रीछन्दः । षड्जः स्वरः ॥
अथ राजधर्मविषयमाह ॥
अथ राजधर्म वि० ॥

न यत्परो नान्तर आदधर्षद्वृषण्वसू । दुःशंसो मर्त्यो रिपुः ॥ ८२ ॥

न । यत् । परः । न । अन्तरः । आदधर्षदित्याऽदधर्षत् । वृषण्वसूइति वृषण्ऽवसू । दुःशंस इति दुःऽशंसः । मर्त्यः । रिपुः ॥ ८२ ॥

पदार्थः—(न) (यत्) यस्मात् (परः) (न) (अन्तरः) मध्यस्थः (आदधर्षत्) आदधर्षीत्समन्तादधृष्णुयात् (वृषण्वसू) यौ वृष्णौ वासयतस्तौ (दुःशंसः) दुःखेन शासितुं योग्यः (मर्त्यः) मनुष्यः (रिपुः) शत्रुः ॥८२॥

अन्वयः—हे वृषण्वसू सभासेनेशौ युवां यत् यस्मा-द्दुःशंसः परो मर्त्यो रिपुर्न स्यात् नान्तरश्च योऽस्मानादध-र्षत् तं प्रयत्नतो वशं नयतम् ॥ ८२ ॥

भावार्थः—राजपुरुषैर्यः प्रबलो दुष्टतमः शत्रुर्भवेत्स प्रयत्नेन विजेतव्यः ॥ ८२ ॥

पदार्थः—हे (वृषण्वसू) श्रेष्ठों को वास कराने हारे सभा और सेना के पति तुम (यत्) जिससे (दुःशंसः) दुःख से स्तुति करने योग्य (परः) अन्य (मर्त्यः) मनुष्य (रिपुः) शत्रु (न) न हो और (न) न (अन्तरः) मध्यस्थ हो कि जो हम को (आदधर्षत्) सब ओर से धर्षण करे उस को अच्छे यत्न से बश में करो ॥ ८२ ॥

भावार्थः—राज पुरुषों को चाहिये कि जो अति बलवान अत्यंत दुष्ट शत्रु होवे उस को बड़े यत्न से जीतें ॥ ८३ ॥

तान इत्यस्य गृत्समदऋषिः । अश्विनौ देवते।
निचृद्गायत्रीछन्दः । षड्जः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि०

ता न॒ आ वो॑ढमश्विना र॒यिं पि॒शङ्ग॑सन्दृशम्। धिष्ण्या॑ वरिवो॒विद॑म्॥८३॥

ता । न॒ः । आ । वो॒ढम् । अ॒श्विना॒ । र॒यिम् । पि॒शङ्ग॑सन्दृशा॒मिति॒ पि॒शङ्ग॑ऽसंदृशम् । धिष्ण्या॑ । व॒रि॒वो॒वि॒द॒मिति॑ वरिवः॒ऽविद॑म् ॥ ८३ ॥

पदार्थः—(ता) तौ (नः) अस्मान् (आ) (वोढम्) वहतम् (अश्विना) सभासेनेशौ (रयिम्) धनम् पिशङ्गसंदृशम्) यः पिशङ्गवत्सुवर्णवत्सम्यग् दृश्यते सः (धिष्ण्या) धिषणया धिया (वरिवोविदम्) येन वरिवः परिचरणं विन्दन्ति तम् ॥ ८३ ॥

अन्वयः—हेऽश्विना धिष्ण्या ता युवां नो वरिवोविदं पिशङ्गसंदृशं रयिमावोढम् ॥ ८३ ॥

भावार्थः--सभासेनेशौ राज्यसुखाय सर्वमैश्वर्यं संपादनीयं येन सत्यधर्माचरणं वर्द्धेत ॥ ८३ ॥

पदार्थः—हे (अश्विना) सभा और सेना के पालने हारो (धिष्ण्या) जो बुद्धि के साथ वर्त्तमान (ता) वे तुम (नः) हम को (वरिवोविदम्) जिस से सेवन को प्राप्त हों और (पिशङ्गसंदृशम्) जो सुवर्ण के समान देखने में आता है उस (रयिम्) धन को (आ,वोढम् सब ओर से प्राप्त करो॥८३॥

भावार्थः—सभापति और सेनापतियों को चाहिये कि राज्य के सुख के लिये सब ऐश्वर्य्य को सिद्ध करें जिस से सत्यधर्म का आचरण बढ़े ॥८३॥

पावका न इत्यस्य मधुच्छन्दा ऋषिः । सरस्वती देवता गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ।

पुनरध्यापकोपदेशकविषयमाह

फिर अध्यापक और उपदेशक के वि० ॥

पावका नः सरस्वती वाजेभिर्वाजिनीवती । यज्ञं वष्टु धियावसुः ॥ ८४ ॥

पावका । नः । सरस्वती । वाजेभिः । वाजिनीवतीति वाजिनीऽवती । यज्ञम् । वष्टु । धियावसुरिति धियाऽवसुः ॥ ८४ ॥

पदार्थः—(पावका) पवित्रकारिका (नः) अस्माकम् (सरस्वती) सुसंस्कृता वाक् (वाजेभिः) विज्ञानादिभिर्गुणैः (वाजिनीवती) प्रशस्तविद्यायुक्ता (यज्ञम्) (वष्टु) (धियावसुः) धिया वसुर्धनं यस्याः । तृतीयाया अलुक्— ॥ ८४ ॥

अन्वयः—हे अध्यापकोपदेशकौ यथा वाजेभिर्वाऽजिनीवती पावका धियावसुः सरस्वती नो यज्ञं वष्टु तथा युवामस्मान् शिक्षेताम् ॥ ८४ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—मनुष्यैर्धार्मिकाणामध्यापकोपदेशकानां सकाशात् विद्यासुशिक्षे संगृह्य विज्ञानवृद्धिर्नित्यं कार्या ॥ ८४ ॥

पदार्थः—हे पढ़ाने वाले और उपदेशक लोगो जैसे (वाजेभिः) विज्ञान आदि गुणों से (वाजिनीवती) अच्छी उत्तम विद्या से युक्त (पावका) पवित्र करने हारी (धियावसुः) बुद्धि के साथ जिस से धन हो वह (सरस्वती) अच्छे संस्कार वाली वाणी (नः) हमारे (यज्ञम्) यज्ञ को (वष्टु) शोभित करे वैसे तुम लोग हम लोगों को शिक्षा करो ॥ ८४ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—मनुष्यों को चाहिये कि धर्मात्मा अध्यापक और उपदेशकों से विद्या और सुशिक्षा अच्छे प्रकार ग्रहण करके विज्ञान की वृद्धि सदा किया करें ॥ ८४ ॥

चोदयित्रीत्यस्य मधुच्छन्दा ऋषिः। सरस्वती देवता।
निचृद्गायत्री छन्दः। षड्जः स्वरः॥

अथ स्त्रीशिक्षाविषयमाह ॥

अब स्त्रियों की शिक्षा का वि० ॥

चोदयित्री सूनृतानां चेतन्ती सुमतीनाम्। यज्ञं दधे सरस्वती ॥ ८५ ॥

चोदयित्री। सूनृतानाम्। चेतन्ती। सुमतीनामिति सुऽमतीनाम्। यज्ञम्। दधे। सरस्वती ॥८५॥

पदार्थः—(चोदयित्री) प्रेरयित्री (सूनृतानाम्) सुशिक्षितानां वाणीनाम् (चेतन्ती) संज्ञापयन्ती (सुमतीनाम्) शोभनानां बुद्धीनाम् (यज्ञम्) (दधे) धरामि (सरस्वती) प्रशस्तविज्ञानयुक्ता ॥ ८५ ॥

अन्वयः—हे स्त्रियो यथा सूनृतानां चोदयित्री सुमतीनां चेतन्ती सरस्वती सत्यहं यज्ञं दधे तथायं युष्माभिरप्यनुष्ठेयः ॥ ८५ ॥

भावार्थः—या स्त्रीणां मध्ये विदुषी स्त्री स्यात्सा सर्वाः स्त्रियः सदा सुशिक्षेत यतः स्त्रीणां मध्ये विद्यावृद्धिः स्यात् ॥ ८५ ॥

पदार्थः—हे स्त्री लोगो जैसे (सूनृतानाम्) सुशिक्षा पाई हुई वाणियों को (चोदयित्री) प्रेरणा करने हारी (सुमतीनाम्) शुभ बुद्धियों को (चेतन्ती) अच्छे प्रकार ज्ञापन करती (सरस्वती) उत्तम विज्ञान से युक्त हुई मैं (यज्ञम्) यज्ञ को (दधे) धारण करती हूं वैसे यह यज्ञ तुम को भी करना चाहिये ॥ ८५ ॥

भावार्थः—जो स्त्रियों के बीच में विदुषी स्त्री हो वह सब स्त्रियों को सदा सुशिक्षा करे जिस से स्त्रियों में विद्या की वृद्धि हो ॥ ८५ ॥

महोअर्ण इत्यस्य मधुच्छन्दा ऋषिः । सरस्वती देवता गायत्रीच्छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

म॒हो अर्णः॒ सर॑स्वती॒ प्र चे॑तयति के॒तुना॑ । धियो॒ विश्वा॒ वि रा॑जति ॥ ८६ ॥

म॒हः । अर्णः॑ । सर॑स्वती । प्र । चे॒त॒य॒ति॒ । के॒तुना॑ । धियः॑ । विश्वा॑ । वि । रा॒ज॒ति॒ ॥ ८६ ॥

पदार्थः—(महः) महत् (अर्णः) अन्तरिक्षस्थं शब्दसमुद्रम् (सरस्वती) वाणी (प्र,चेतयति) प्रज्ञापयति (केतुना) प्रज्ञानेन (धियः) बुद्धयः (विश्वाः) सर्वाः (वि) (राजति) प्रकाशयति ॥ ८३ ॥

अन्वयः—हे स्त्रियो यथा सरस्वती केतुना महो अर्णः प्रचेतयति विश्वा धियो विराजति तथा विद्यासु यूयं प्रवृत्ता भवत ॥ ८६ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—कन्याभिर्ब्रह्मचर्येण विद्यासुशिक्षे पूर्णे संगृह्य बुद्धयो वर्द्धयितव्याः ॥ ८६ ॥

पदार्थः—हे स्त्री लोगों जैसे (सरस्वती) वाणी (केतुना) उत्तम ज्ञान से (महः) बड़े (अर्णः) आकाश में स्थित शब्द रूप समुद्र को (प्रचेतयति) उत्तम प्रकार से जतलाती है और (विश्वाः) सब (धियः) बुद्धियों को (वि, राजति) नाना प्रकार से प्रकाशित करती है वैसे विद्याओं में तुम प्रवृत्त होओ ॥ ८७ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—कन्याओं को चाहिये कि ब्रह्मचर्य्य से विद्या और सुशिक्षा को समग्र ग्रहण करके अपनी बुद्धियों को बढ़ावें ॥८६॥

इन्द्रायाहीत्यस्य मधुच्छन्दाऋषिः । इन्द्रो देवता ।
निचृद्गायत्रीछन्दः । षड्जः स्वरः ॥

अथ सामान्योपदेशविषयमाह ॥

अब सामान्य उपदेश वि० ॥

इन्द्रायाहि चित्रभानो सुता इमे त्वायवः । अण्वीभिस्तना पूतासः ॥८७॥

इन्द्र । आ । याहि । चित्रभानो इति चित्रऽभानो । सुताः । इमे । त्वायव इति त्वाऽयवः । अण्वीभिः । तना । पूतासः ॥ ८७ ॥

पदार्थः—(इन्द्र) सभेश (आ) (याहि) आगच्छ (चित्रभानो) चित्राभानवो विद्याप्रकाशा यस्य तत् संबुद्धौ (सुताः) निष्पादिताः (इमे) (त्वायवः) ये त्वां युवन्ति मिलन्ति ते (अण्वीभिः) अङ्गुलीभिः (तना) विस्तृतगुणेन (पूतासः) पवित्राः ॥ ८७ ॥

अन्वयः—हे चित्रभानो इन्द्र त्वं य इमे अण्वीभिस्सुतास्तना पूतासस्त्वायवः पदार्थाः सन्ति तानायाहि॥८७॥

भावार्थः—मनुष्याः सत्क्रियया पदार्थान् संशोध्य भुञ्जताम् ॥ ८७ ॥

पदार्थः—हे (चित्रभानो) चित्र विचित्र विद्या प्रकाशों वाले (इन्द्र) सभापति आप जो (इमे) ये (अण्वीभिः) अङ्गुलियों से (सुता) सिद्ध किए (तना) विस्तारयुक्त गुण से (पूतासः) पवित्र (त्वायवः) जो तुम को मिलते हैं उन पदार्थों को (आ, याहि) प्राप्त हूजिये॥ ८७ ॥

भावार्थः—मनुष्य लोग अच्छी क्रिया से पदार्थों को अच्छे प्रकार शुद्ध करके भोजनादि करें ॥ ८७ ॥

इन्द्रायाहिधियेत्यस्य मधुच्छन्दा ऋषिः । इन्द्रो देवता ।

गायत्रीच्छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनर्विद्वद्विषयमाह ॥

फिर विद्वद्विषय अगले मंत्र में कहते हैं ॥

इन्द्रायाहि धियेषितो विप्रजूतः सुतावतः । उप ब्रह्माणि वाघतः॥ ८८ ॥

इन्द्र । आ । याहि । धिया । इषितः । विप्रजूत ऽइति विप्रऽजूतः । सुतावतः । सुतवतऽइति सुतऽवतः । उप । ब्रह्माणि । वाघतः ॥ ८८ ॥

पदार्थः—(इन्द्र) विद्यैश्वर्ययुक्त (आ) (याहि) (धिया) प्रज्ञया (इषितः) प्रेरितः (विप्रजूतः) विप्रैर्मेधाविभिर्जूतः शिक्षितः (सुतावतः) निष्पादितवतः (उप) (ब्रह्माणि) अन्नानि धनानि वा (वाघतः) यश्शिक्षया वाचा हन्ति जानाति सः ॥ ८८ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र इषितो विप्रजूतो वाघतस्त्वं धिया सुतावतो ब्रह्माण्युपायाहि ॥ ८८ ॥

भावार्थः—विद्वांसो जिज्ञासून् जनान् संगत्यैतेषु विद्याकोशं स्थापयन्तु ॥ ८८ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र)विद्या और ऐश्वर्य से युक्त (इषितः) प्रेरित और (विप्रजूतः) बुद्धिमानों से शिक्षा पाके वेगयुक्त (वाघतः)शिक्षा पाई हुई वाणी से जानने हारा तू (धिया) सम्यक् बुद्धि से (सुतावतः) सिद्ध किये (ब्रह्माणि) अन्न और धनों को (उप आ, याहि) सब प्रकार से समीप प्राप्त हो ॥ ८८ ॥

भावार्थः—विद्वान् लोग जिज्ञासा वाले पुरुषों से मिल के उन में विद्या के निधि को स्थापित करें ॥ ८८ ॥

इन्द्रायाहि तूतुजान इत्यस्य मधुच्छन्दा ऋषिः । इन्द्रो देवता । गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

इन्द्रायाहि तूतुजान उप ब्रह्माणि हरिवः । सुते दधिष्व नश्चनः ॥ ८९ ॥

इन्द्र । आ । याहि । तूतुजानः । उप । ब्रह्माणि । हरिव इति हरिऽवः । सुते । दधिष्व । नः । चनः ॥ ८९ ॥

पदार्थः—(इन्द्र) विद्यैश्वर्यवर्द्धक (आ) (याहि) (तूतुजानः) क्षिप्रकारी तूतुजान इति क्षिप्रकारिना० निघं० २ । १५ (उप) ब्रह्माणि) धर्म्येण प्राप्तव्यानि (हरिवः) प्रशस्ता हरयोऽश्वा विद्यन्ते यस्य तत्सम्बुद्धौ (सुते) निष्पन्ने व्यवहारे (दधिष्व) धर (नः) अस्मान् (चनः) भोग्यमन्नम् ॥ ८९ ॥

अन्वयः—हे हरिव इन्द्र त्वमुपायाहि तूतुजानो नः सुते ब्रह्माणि चनश्च दधिष्व ॥ ८९ ॥

भावार्थः—विद्याधर्मवृद्धये केनाप्यालस्यं न कार्यम् ॥८९॥

पदार्थः—हे (हरिवः) अच्छे उत्तम घोड़ों वाले (इन्द्र) विद्या और ऐश्वर्य के बढ़ाने हारे विद्वन् आप (उपायाहि) निकट आइये (तूतुजानः) शीघ्र कार्य्यकारी हो के (नः) हमारे लिये (सुते) उत्पन्न हुए व्यवहार में (ब्रह्माणि) धर्म युक्त कर्म से प्राप्त होने योग्य धन और (च नः) भोग के योग्य अन्न को (दधिष्व) धारण कीजिये ॥ ८९ ॥

भावार्थः—विद्या और धर्म बढ़ाने के लिये किसी को आलस्य न करना चाहिये ॥ ८९ ॥

अश्विनेत्यस्य मधुच्छन्दा ऋषिः । अश्विसरस्वतीन्द्रा देवताः । निचृदनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

अश्विना पिबतां मधु सरस्वत्या सजोषसा । इन्द्रः सुत्रामा वृत्रहा जुषन्तांᳯसोम्यं मधु ॥ ९० ॥

अ॒श्विना॑ । पि॒बता॒म् । मधु॑ । सर॑स्वत्या । स॒जोष॒सेति॑ स॒ऽजोष॑सा । इन्द्रः॑ । सु॒त्रामेति॑ सु॒ऽत्रामा॑ । वृ॒त्र॒हेति॑ वृत्र॒ऽहा । जु॒षन्ता॑म् । सो॒म्यम् । मधु॑ ॥९०॥

पदार्थः—(अश्विना) अध्यापकोपदेशकौ (पिबताम्) (मधु) मधुरादिगुणयुक्तमन्नम् (सरस्वत्या) सुसंस्कृतया वाचा (सजोषसा) समानं जोषः सेवनं ययोस्तौ (इन्द्रः) ऐश्वर्यवान् (सुत्रामा) सुष्ठु रक्षकः (वृत्रहा) यो वृत्रं मेघं हन्ति ससूर्य्यस्तद्वद्वर्त्तमानः (जुषन्ताम्) सेवन्ताम् (सोम्यम्) सोमे सोमलताद्योषधिगणे भवम् (मधु) मधुरविज्ञानम् ॥ ९० ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा सजोषसाऽश्विना सरस्वत्या मधु पिबतां यथाचेन्द्रः सुत्रामा वृत्रहा च सोम्यं मधु जुषन्तां तथा युष्माभिरप्यनुष्ठेयम् ॥ ९० ॥

भावार्थः—अध्यापकोपदेशकाः स्वात्मवत्सर्वेषां विद्यासुखं वर्द्धितुमिच्छेयुर्यतः सर्वे सुखिनः स्युः ॥ ९० ॥

अत्र राजप्रजाधर्माङ्गाङ्गिगृहाश्रमव्यवहारब्रह्मक्षत्रसत्यव्रतदेवगुण प्रजारक्षकाऽभयपरस्परसंमतिस्त्रीगुणधनादिवृद्ध्यादिवर्णनादेतदर्थस्य पूर्वाध्यायोक्तार्थेन सह संगतिरस्तीति बोध्यम् ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे (सजोषसा) समान सेवन करने हारे (अश्विना) अध्यापक और उपदेशक (सरस्वत्या) अच्छे प्रकार संस्कार पाई हुई वाणी से (मधु) मधुर आदि गुण युक्त विज्ञान को (पिबताम्) पान

करें और जैसे (इन्द्रः) ऐश्वर्यवान् (सुत्रामा) अच्छे प्रकार रक्षा करने हारा (वृत्रहा) सूर्य के समान वर्त्ताव वर्त्तने वाला (सोम्यम्) सोमलता आदि ओषधिगण में हुए (मधु) मधुरादि गुण युक्त अन्न का (जुषन्ताम्) सेवन करें वैसे तुम लोगों को भी करना चाहिये ॥ ९० ॥

भावार्थः—अध्यापक और उपदेशक अपने जैसे सब लोगों के विद्या, और सुख बढ़ाने की इच्छा करें जिससे सब सुखी हों ॥ ९० ॥

इस अध्याय में राज प्रजा, धर्म्म के अंग और अंगि, गृहाश्रम का व्यवहार, ब्राह्मण, क्षत्रिय, सत्यव्रत, देवों के गुण, प्रजा के पालक, अभय, परस्पर संमति स्त्रियों के गुण धन आदि की वृद्धयादि पदार्थों का वर्णन होने से इस अध्याय के अर्थ की इस से प्रथम अध्याय में कहे अर्थ के साथ संगति है ऐसा जानना चाहिये ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्याणां परमविदुषां
श्रीयुतविरजानन्दसरस्वती स्वामिनां शिष्येण
परमहंसपरिव्राजकाचार्येण श्रीमद्दयानन्द
सरस्वतीस्वामिना निर्मिते सुप्रमाण
युक्ते संस्कृतार्यभाषाभ्यां विभूषिते
यजुर्वेदभाष्ये विंशतितमोऽध्यायः
पूर्त्तिमगात् ॥ २० ॥

समाप्ता चेयं पूर्वविंशतिः ॥

से कि व्यवहारों को यथायोग्य वर्त्ताव में लाता है और (ताभ्यः) उक्त उन ओषधियों के लिये (स्वाहा) सत्य क्रिया हो ॥ ३८ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य अग्नि के समान दुष्ट शत्रुओं के कुल को दुःखरूपी अग्नि में जलाने वाला और ओषधियों के समान आनन्द का करने वाला हो वही समस्त राज्य की रक्षा कर सकता है ॥ ३८ ॥

सथ्ंहित इत्यस्य देवा ऋषयः । सूर्यो देवता ।
भुरिगार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

स॒ꣳहि॒तो वि॒श्वसा॑मा॒ सूर्यो॑ गन्ध॒र्वस्तस्य॒ मरी॑चयो॒ऽप्स॒रस॑ आ॒युवो॒ नाम॑ । स न॑ इ॒दं ब्रह्म॑ क्ष॒त्रम्पा॑तु॒ तस्मै॒ स्वाहा॒ वाट् ता॒भ्यः॒ स्वाहा॑ ॥ ३९ ॥

स॒ꣳहि॒त इति॒ सम्ऽहि॒तः । वि॒श्वसा॒मेति॒ वि॒श्वऽसा॑मा । सूर्यः॑ । ग॒न्ध॒र्वः । तस्य॑ । मरी॑चयः । अ॒प्स॒रसः॑ । आ॒युवः॑ । नाम॑ । सः । नः॒ । इ॒दम् । ब्रह्म॑ । क्ष॒त्रम् । पा॒तु॒ । तस्मै॑ । स्वाहा॑ । वाट् । ता॒भ्यः॑ । स्वाहा॑ ॥ ३९ ॥

पदार्थः—(सꣳहितः) सर्वैर्भूतैर्द्रव्यैः सत्पुरुषैर्वा सह मिलितः (विश्वसामा) विश्वं सर्वं साम सन्निधौ समीपे यस्य सः (सूर्यः) सविता (गन्धर्वः) यो गां पृथिवीं धरति सः (तस्य) (मरीचयः)

किरणाः । मृकणिभ्यामीचिः उ० ४ । ७० (अप्सरसः) या अप्स्वन्तरिक्षे सरन्ति गच्छन्ति ताः (आयुवः) समन्तात् संयोजका वियोजकाश्च (नाम) ख्यातिः (सः) (नः) (इदम्) वर्त्तमानम् (ब्रह्म) विद्वत् कुलम् (क्षत्रम्) शूरवीर कुलम् (पातु) रक्षतु (तस्मै) (स्वाहा) सत्यां क्रियाम् (वाट्) वहनम् (ताभ्यः) अप्सरोभ्यः (स्वाहा) सुष्ठुक्रियया ॥ ३९ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् भवान् यः संहितो सूर्यो गन्धर्वोऽस्ति तस्य मरीचयोऽप्सरस आयुवो नाम सन्ति ताभ्यो विश्वसामा स्वाहा कार्यसिद्धिं करोतु यस्त्वं तस्मै स्वाहा प्रयुङ्क्ते स भवान् न इदं ब्रह्म क्षत्रं च वाट् पातु ॥ ३९ ॥

भावार्थः—मनुष्याः सूर्यकिरणान् युक्त्या सेवित्वा विद्याशौर्ये वर्द्धयित्वा स्वप्रयोजनं साधयेयुः ॥ ३९ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् आप जो (संहितः) सब मूर्तिमान् वस्तु वा सत्पुरुषों के साथ मिला हुआ (सूर्यः) सूर्य (गन्धर्वः) पृथिवी को धारण करने वाला है (तस्य) उस की (मरीचयः) किरणें (अप्सरसः) जो अन्तरिक्ष में जाती आती हैं वे (आयुवः) सब ओर से संयोग और वियोग करने वाली (नाम) प्रसिद्ध हैं अर्थात् जल आदि पदार्थों का संयोग करती और छोड़ती हैं (ताभ्यः) उन अन्तरिक्ष में जाने आने वाली किरणों के लिये (विश्वसामा) जिस के समीप सामवेद विद्यमान वह आप (स्वाहा) उत्तम क्रिया से कार्य सिद्धि करो जिस से वे यथायोग्य काम में आवें जो आप (तस्मै) उस सूर्य के लिये (स्वाहा) सत्य क्रिया को अच्छे प्रकार युक्त करते हो (सः) वह आप (नः) हमारे (इदम्) इस (ब्रह्म) विद्वानों और (क्षत्रम्) शूरवीरों के कुल तथा (वाट्) कामों के निर्वाह करने की (पातु) रक्षा करो ॥ ३९ ॥

भावार्थः—मनुष्य सूर्य की किरणों का युक्ति के साथ सेवन कर विद्या और शूरवीरता को बढ़ा के अपने प्रयोजन को सिद्ध करें ॥ ३९ ॥

सुषुम्णइत्यस्य देवा ऋषयः । चन्द्रमा देवता । निचृदार्षी जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैश्चन्द्रादिभ्य उपकारो ग्राह्यइत्याह ॥

फिर मनुष्यों को चन्द्र आदि लोकों से उपकार लेना चाहिये यह वि० ॥

सुषुम्णः सूर्य्यरश्मिश्चन्द्रमा गन्धर्वस्तस्य नक्षत्राण्यप्सरसो भेकुरयो नाम । स न इदं ब्रह्म क्षत्रम्पातु तस्मै स्वाहा वाट् ताभ्यः स्वाहा ॥४०॥

सुषुम्णः । सुसुम्नऽइति सुऽसुम्नः । सूर्यरश्मिरिति सूर्यऽरश्मिः । चद्रमाः । गन्धर्वः । तस्य । नक्षत्राणि । अप्सरसः । भेकुरयः । नाम । सः । नः । इदम् । ब्रह्म । क्षत्रम् । पातु । तस्मै । स्वाहा । वाट् । ताभ्यः । स्वाहा ॥ ४० ॥

पदार्थः—(सुषुम्णः) सु-शोभनं सुम्नं सुखं यस्मात्सः (सूर्यरश्मिः) सूर्यस्य रश्मयः किरणा दीप्तयो यस्मिन् सः (चन्द्रमाः) यस्सर्वान् चन्दत्याल्हादयति सः (गन्धर्वः) यो गाः सूर्यकिरणान्

धरति सः (तस्य) (नक्षत्राणि) अश्विन्यादीनि (अप्सरसः) आकाशगताः किरणाः (भेकुरयः) या भां दीप्तिं कुर्वन्ति ताः । पृषोदरादिनाऽभीष्टरूपसिद्धिः (नाम) प्रसिद्धिः (सः) (नः) अस्मभ्यम् (इदम्) (ब्रह्म) अध्यापककुलम् (क्षत्रम्) दुष्टनाशकं कुलम् (पातु) रक्षतु (तस्मै) (स्वाहा) (वाट्) (ताभ्यः) (स्वाहा) ॥ ४० ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यः सूर्यरश्मिः सुषुम्णो गन्धर्वश्चन्द्रमा अस्ति यास्तस्य नक्षत्राण्यप्सरसो भेकुरयो नाम सन्ति स यथा न इदं ब्रह्म क्षत्रं पातु तथा विधाय तस्मै वाट् स्वाहा ताभ्यः स्वाहा युष्माभिः संप्रयोज्या ॥ ४० ॥

भावार्थः—मनुष्यैश्चन्द्रादिभ्योऽपि तद्विद्यया सुखं साधनीयम् ॥ ४० ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जो [सूर्यरश्मिः] सूर्य की किरणों वाला [सुषुम्णः] जिस से उत्तम सुख होता [गन्धर्वः] और जो सूर्य की किरणों को धारण किये है वह [चन्द्रमाः] सब को आनन्द युक्त करने वाला चन्द्रलोक है [तस्य] उस के जो [नक्षत्राणि] अश्विनी आदि नक्षत्र और [अप्सरसः] आकाश में विद्यमान किरणें [भेकुरयः] प्रकाश को करने वाली [नाम] प्रसिद्ध हैं वे चन्द्र की अप्सरा हैं [सः] वह जैसे [नः] हम लोगों के [इदम्] इस [ब्रह्म] पढ़ाने वाले ब्राह्मण और [क्षत्रम्] दुष्टों के नाश करने हारे क्षत्रिय कुल की [पातु] रक्षा करे [तस्मै] उक्त उस प्रकार के चन्द्रलोक के लिये [वाट्] कार्य्य निर्वाह पूर्वक [स्वाहा] उत्तम क्रिया और [ताभ्यः] उन किरणों के लिये [स्वाहा] उत्तम क्रिया तुम लोगों को प्रयुक्त करनी चाहिये ॥ ४० ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चन्द्र आदि लोकों से भी उन की विद्या से सुख सिद्ध करना चाहिये ॥ ४० ॥

इषिर इत्यस्य देवा ऋषयः । वातो देवता ।

ब्राह्म्युष्णिक् छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैर्वातादिभ्य उपकारा ग्राह्या इत्याह ॥

फिर मनुष्यों को पवन आदि से उपकार लेने चाहिये यह वि० ॥

इषिरो विश्वव्यचा वातो गन्धर्वस्तस्यापोऽअप्सरस ऊर्जो नाम । स न इदं ब्रह्म क्षत्रं पातु तस्मै स्वाहा वाट् ताभ्यः स्वाहा ॥ ४१ ॥

इषिरः । विश्वव्यचाः । वातः । गन्धर्वः । तस्य । आपः । अप्सरसः । ऊर्जः । नाम । सः । नः । इदम् । ब्रह्म । क्षत्रम् । पातु । तस्मै । स्वाहा । वाट् । ताभ्यः । स्वाहा ॥ ४१ ॥

पदार्थः—(इषिरः) येनेच्छन्ति सः (विश्वव्यचाः) विश्वस्मिन् सर्वस्मिञ्जगति व्यचो व्याप्तिर्यस्य सः (वातः) वाति गच्छतीति (गन्धर्वः) यः पृथिवीं किरणांश्च धरति सः (तस्य) (आपः) जलानि प्राणा वा (अप्सरसः) य अन्तरिक्षे जलादौ च सरन्ति गच्छन्ति ताः (ऊर्जः) बलपराक्रमप्रदाः (नाम) संज्ञा (सः) (नः) अस्मभ्यम् (इदम्) (ब्रह्म) सर्वेषां सत्योपदेशेन वर्द्धकं ब्रह्मकुलम् (क्षत्रम्) विद्यावर्धकं राजकुलम् (पातु) रक्षतु (तस्मै) (स्वाहा) (वाट्) (ताभ्यः) (स्वाहा) ॥४१॥

अन्वयः—हे मनुष्या य इषिरो विश्वव्यचा गन्धर्वो वातोऽस्ति तस्य या आपोऽप्सरस ऊर्जो नाम वर्त्तन्ते यथा स न इदं ब्रह्म क्षत्रं च पातु तथा यूयमाचरत तस्मै स्वाहा वाट् ताभ्यः स्वाहा संप्रयुङ्ग्ध्वम् ॥ ४१ ॥

भावार्थः—शरीरे यावन्तश्चेष्टाबलपराक्रमा जायन्ते तावन्तो वायोः सकाशादेव जायन्ते वायव एव प्राणरूपा गन्धर्वाः सर्वधराः सन्तीति मनुष्यैर्वेद्यम् ॥ ४१ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जो (इषिरः) जिस से इच्छा करते (विश्वव्यचाः) वा जिस की सब संसार में व्याप्ति है वह (गन्धर्वः) पृथिवी और किरणों को धारण करता (वातः) सब जगह भ्रमण करने वाला पवन है (तस्य) उस के जो (आपः) जल और प्राण, अपान, उदान, समान, व्यान आदि भाग हैं वे (अप्सरसः) अन्तरिक्ष जल में जाने आने वाले और (ऊर्जः) बल पराक्रम के देने वाले (नाम) प्रसिद्ध हैं जैसे (सः) वह (नः) हम लोगों के लिये (इदम्) इस (ब्रह्म) सत्य के उपदेश से सब की वृद्धि करने वाले ब्राह्मण कुल तथा (क्षत्रम्) विद्या के बढ़ाने वाले राजकुल की (पातु) रक्षा करे वैसे तुम लोग भी आचरण करो (तस्मै) और उक्त पवन के लिये (स्वाहा) उत्तम क्रिया की (वाट्) प्राप्ति तथा (ताभ्यः) उन जल आदि के लिये (स्वाहा) उत्तम क्रिया वा उत्तम वाणी को युक्त करो ॥४१॥

भावार्थः—शरीर में जितनी चेष्टा और बल पराक्रम उत्पन्न होते हैं वे सब पवन से होते हैं और पवन ही प्राण रूप और जल गंधर्व अर्थात् सब को धारण करने वाले हैं यह मनुष्यों को जानना चाहिये ॥ ४१ ॥

भुज्युरित्यस्य देवा ऋषभः । यज्ञो देवता । आर्षी पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

मनुष्या यज्ञानुष्ठानं कुर्वन्त्वित्याह ॥

मनुष्य लोग यज्ञ का अनुष्ठान करें यह वि० ॥

भुज्युः सुपर्णो यज्ञो गन्धर्वस्तस्य दक्षिणा अ-

प्सुरसं स्तावा नाम स नं इदं ब्रह्मं क्षत्रं पातु तस्मै स्वाहा वाट् ताभ्यः स्वाहा ॥ ४२ ॥

भुज्युः । सुपर्णऽइति सुऽपुर्णः । यज्ञः । गन्धर्वः । तस्यं । दक्षिणाः । अप्सरसः । स्तावाः । नामं । सः । नः । इदम् । ब्रह्मं । क्षत्रम् । पातु । तस्मै । स्वाहा । वाट् । ताभ्यः । स्वाहा ॥ ४२ ॥

पदार्थः—(भुज्युः) भुज्यते सुखानि यस्मात्सः (सुपर्णः) शोभनानि पर्णानि पालनानि यस्मात्सः (यज्ञः) य इज्यते संगम्यते सः (गन्धर्वः) यो गां वाणीं धरति सः (तस्य) (दक्षिणाः) दक्षन्ते दीयन्ते सुपात्रेभ्यस्ताः (अप्सरसः) या अप्सु प्राणेषु सरन्ति प्राप्नुवन्ति ताः (स्तावाः) या स्तूयन्ते प्रशस्यन्ते ताः (नाम) प्रसिद्धौ (सः) (नः) अस्मभ्यम् (इदम्) (ब्रह्म) ब्राह्मणं विद्वांसम् (क्षत्रम्) चक्रवर्त्तिनं राजानम् (पातु) (तस्मै) (स्वाहा) (वाट्) (ताभ्यः) (स्वाहा) ॥ ४२ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यो भुज्युः सुपर्णो गन्धर्वो यज्ञोऽस्ति तस्य या दक्षिणा अप्सरसः स्तावा नाम सन्ति स यथा न इदं ब्रह्म क्षत्रं च पातु तथा यूयमप्यनुतिष्ठत तस्मै स्वाहा वाट् ताभ्यः स्वाहा च प्रयुङ्ग्ध्वम् ॥ ४२ ॥

भावार्थः—ये मनुष्या अग्निहोत्रादि यज्ञान् प्रत्यहं कुर्वन्ति ते सर्वस्य संसारस्य सुखानि वर्द्धयन्तीन्ति वोध्यम् ॥ ४२ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जो (भुज्युः) सुखों के भोगने और (सुपर्णः) उत्तम२ पालना का हेतु (गन्धर्वः) वाणी को धारण करने वाला (यज्ञः) संगति करने योग्य यज्ञ कर्म है (तस्य) उस की (दक्षिणाः) जो सुपात्र अच्छे २ धर्मात्मा विद्वानों को दक्षिणा दी जाती हैं वे (अप्सरसः) प्राणों में पहुंचने वाली (स्तावाः) जिन की प्रशंसा किई जाती है ऐसी (नाम) प्रसिद्ध हैं (सः) वह जैसे (नः) हमारे लिये (इदम्) इस (ब्रह्म) विद्वान् ब्राह्मण और (क्षत्रम्) चक्रवर्ती राजा की (पातु) रक्षा करे वैसा तुम लोग भी अनुष्ठान करो (तस्मै) उस के लिये (स्वाहा) उत्तम क्रिया की (वाट्) प्राप्ति (ताभ्यः) उक्त दक्षिणाओं के लिये (स्वाहा) उत्तम रीति से उत्तम क्रिया को संयुक्त करो ॥ ४२ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य अग्निहोत्र आदि यज्ञों को प्रतिदिन करते हैं वे समस्त संसार के सुखों को बढ़ाते हैं यह जानना चाहिये ॥ ४२ ॥

प्रजापतिरित्यस्य देवा ऋषयः । विश्वकर्मा देवता । विराडार्षी जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

पुनर्जनैः कथं भवितव्यमित्युपदिश्यते ॥

फिर मनुष्य कैसे हों इस वि० ॥

प्रजापतिर्विश्वकर्मा मनो गन्धर्वस्तस्यऽऋक्सामान्यप्सरस एष्टयो नाम । स न इदं ब्रह्म क्षत्रं पातु तस्मै स्वाहा वाट् ताभ्यः स्वाहा ॥ ४३ ॥

प्रजापतिरिति प्रजाऽपतिः । विश्वकर्मेति विश्वऽकर्म्मा । मनः । गन्धर्वः । तस्य । ऋक्सामानीत्यृक्ऽसामानि । अप्सरसः । एष्टयऽइत्याऽइष्टयः ।

नाम॑ । सः । नः । इदम् । ब्रह्म॑ । क्षत्रम् । पातु । तस्मै॑ । स्वाहा॑ । वाट् । ताभ्यः॑ । स्वाहा॑ ॥ ४३ ॥

पदार्थः—(प्रजापतिः) प्रजायाः स्वामी (विश्वकर्मा) विश्वानि सर्वाणि कर्माणि यस्य सः (मनः) ज्ञानसाधनमन्तःकरणम् (गन्धर्वः) येन वागादीन् धरति सः (तस्य) (ऋक्सामानि) ऋक् च सामानि च तानि (अप्सरसः) या अप्सु व्याप्येषु प्राणादि पदार्थेषु सरन्ति गच्छन्ति ताः (एष्टयः) समन्तादिष्टयो विद्वत्पूजा सत्संगो विद्यादानं च याभ्यस्ताः (नाम) संज्ञा (सः) (नः) (इदम्) (ब्रह्म) वेदम् (क्षत्रम्) धनुर्वेदम् (पातु) (तस्मै) (स्वाहा) (वाट्) (ताभ्यः) (स्वाहा) ॥ ४३ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं यो विश्वकर्मा प्रजापतिर्मनुष्योऽस्ति तस्य मनो गन्धर्वऋक्सामान्यप्सरस एष्टयो नाम सन्ति यथा स न इदं ब्रह्म क्षत्रं च पातु तथा तस्मै स्वाहा सत्या वाणी वाट् धर्मप्रापणं ताभ्यः स्वाहा सत्यया क्रिययोपकारं च कुरुत॥४३॥

भावार्थः—ये मनुष्याः पुरुषार्थिनो मनस्विनो वेदविदो जायन्ते तएव जगद्भूषणाः सन्तीति वेद्यम् ॥ ४३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो तुम जो (विश्वकर्मा) समस्त कामों का हेतु (प्रजापतिः) और जो प्रजा का पालने वाला स्वामी मनुष्य है (तस्य) उस के (गन्धर्वः) जिस से वाणी आदि को धारण करता है (मनः) ज्ञान की सिद्धि करने हारा मन (ऋक्सामानि) ऋग्वेद और सामवेद के मन्त्र, (अप्सरसः) हृदयाकाश में व्याप्त प्राण आदि पदार्थों में जाती हुई क्रिया (एष्टयः) जिन से विद्वानों का सत्कार सत्य का संग और विद्या का दान होता है ये सब